(एतत्) किं कारणमित्यस्योत्तरभूतं कारणजातम् (उद्गीथम्) उपरिष्टादुक्तम् (तस्मिन्) कारणजाते (त्रयम्) त्रयाणां समूहः। अस्तीति शेषः। किन्तत्त्रयमित्यपेक्षायामाह–(परमं ब्रह्म) एकम् (तु) च (सुप्रतिष्ठा) शोभना प्रतिष्ठा स्थिति र्यस्या यस्यां वा सा प्रकृतिर्द्वितीया (अक्षरं च) अविनाशि जीवात्मतत्त्वं चेति त्रयम्। (अत्र) एषु परब्रह्मप्रकृतिजीवात्मसु क्रमेणोक्तेषु (अन्तरम्) भेदम् (विदित्वा) ज्ञात्वा (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानिनः (ब्रह्मणि) विषये (लीनाः) श्लिष्टाइव यथा लता वृक्षं श्लिष्यति तदाधारेण तिष्ठति तथा (तत्पराः) ब्रह्मपरायणाः (योनिमुक्ताः) योनिभ्यो मनुष्यादिभ्योमुक्ताभवन्तीति शेषः॥

पूर्वोक्तस्वतन्त्रपरतन्त्रभेदभिन्नं सत्सच्चित्सच्चिदानन्दभेदभिन्नं वा कारणजातं निरूप्य तत्र भेदमन्तरं विदित्वा मुमुक्षवो मुक्तिं प्रतिपद्यन्ते॥

भा०–पूर्व ६ श्लोकों में सब कारणों और उन से बने संसारचक्र का वर्णन किया गया और जीवात्मा को कर्मानुसार इस चक्र में घूमना पड़ता है। अब इस संसारचक्र से निकलने का उपाय बताते हैं–

(एतत्) यह जो (उद्गीथम्) ऊपर कहा गया है (तस्मिन्) उस में (त्रयम्) तीन का समुदाय है (परमं ब्रह्म) परब्रह्म (तु) और (सुप्रतिष्ठा) प्रकृति (च) और (अक्षरम्) जीवात्मा (अत्र) इन में (अन्तरम्) भेद को (विदित्वा) जान कर (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानी लोग (ब्रह्मणि) ब्रह्म में (लीनाः) चिपटे हुवे (तत्पराः) उसी में लगे (योनिमुक्ताः) योनियों से छुटे [होजाते हैं]॥

पहले ६ श्लोकों में जो कारण कहे उन में तीन (ब्रह्म,प्रकृति, जीवात्मा) प्रधान हैं, इन में जो कुछ अन्तर है उस को जानकर ब्र॰ज्ञानी विवेक से मुक्ति को पाते हैं। अर्थात् मुझ में और परमात्मा में क्या और कितना अन्तर है तथा मुझ में और प्रकृति में वा प्रकृति और परमात्मा में कितना अन्तर है, जब यह जान लेता है तब पूर्ण आस्तिक,ईश्वरभक्त, ज्ञानी और विवेकी होकर मोक्ष को पाता है॥ ७॥

इदानीं प्रकृतिजीवात्मपरमात्मनां सम्बन्धमाह–

संयुक्तमेतत्क्षरमक्षरं च व्यक्ताव्यक्तं भरते विश्वमीशः। अनीशश्चात्मा बध्यते भोक्तृभावाज्ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः॥८

पदपाठः–संयुक्तम्२। एतत्२। क्षरम्२। अक्षरम्२। च अ०। व्यक्ताव्यक्तम्२। भरते क्रि०। विश्वम्२। ईशः१। अनीशः१। च अ०। आत्मा१। बध्यते क्रि०। भोक्तृभावात्५। ज्ञात्वा क्रि०। देवम्२। मुच्यते क्रि०। सर्वपाशैः३॥

(एतत्) पूर्वोक्तम् (क्षरम्) क्षरति विपरिणम्यतेऽवस्थान्तरं प्राप्नोति तत् प्रकृतितत्त्वम् (अक्षरञ्च) न क्षरति न विपरिणम्यते इत्यक्षरं जीवात्मतत्त्वं च (संयुक्तम्) भोक्तृभोग्यरूपेण परस्परं संमिलितम् (व्यक्ताव्यक्तम्) व्यक्तञ्चाव्यक्तं च, व्यक्तं विकारापन्नं प्रकृतितत्त्वम् अव्यक्तमविकृतं जीवात्मतत्त्वम् एतदुभयम् (विश्वम्) समस्तम् (ईशः) परमात्मा (भरते) धारयति। (च) परन्तु तेषु व्यक्ताऽव्यक्तपरमात्मस्वेकः (आत्मा) जीवात्मा (अनीशः) अल्पशक्तिमत्त्वादसमर्थः (भोक्तृभावात्) कर्मफलभोगपारतन्त्र्यात् (बध्यते) बन्धमाप्नोति। परन्तु (देवम्) परमात्मानम् (ज्ञात्वा) (सर्वपाशैः) निखिलबन्धैः (मुच्यते)॥

अत्र स्पष्टं प्रकृतिजीवात्मपरमात्मनां भिन्नस्वरूपाणां पार्थक्येन प्रतिपादनं तत्र प्रकृतेर्विकृतिमापन्नाया भोग्यत्वं जीवात्मनश्च भोक्तृत्वं परमात्मनश्च तयोर्धारकत्वं पालकत्वञ्चोक्तम्॥

अब जीव ब्रह्म और प्रकृति के परस्पर सम्बन्ध का निरूपण करते हैं–

(एतत्) इस (क्षरम्) प्रकृति (च) और (अक्षरम्) जीवात्मा (संयुक्तम्) मिले हुवे (व्यक्ताऽव्यक्तम्) प्रकट और अप्रकट (विश्वम्) सब को (ईशः) परमेश्वर (भरते) धारण करता है। (च) और (आत्मा) जीवात्मा (अनीशः) विवश (भोक्तृभावात्) भोक्ता होने से (बध्यते) बन्धन में पड़ता है। परन्तु (देवम्) परमेश्वर को (ज्ञात्वा) जान कर (सर्वपाशैः) सब बन्धनों से (मुच्यते) छूट जाता है॥

इस श्लोक में स्पष्ट प्रकृति जीव ईश्वर ये तीन पदार्थ भिन्न २ निरूपण किये हैं और उन में से प्रकृति का अव्यक्त–अप्रकट से प्रकट होना और जीवात्मा का अव्यक्त–अप्रकट ही रहना परन्तु प्रकृति के कार्य्यों से संयुक्त होना और परमात्मा का इन को धारण करना बताया गया है। साथ ही यह भी बताया है कि जीवात्मा शुभाशुभ कर्मों का भोक्ता, भोगने में परतन्त्र होने से बन्धता और परमात्मा के ज्ञान द्वारा मुक्ति पाता है॥ ८॥

त्रिभिः श्लोकैः पूर्वोक्तं दृढयति–

ज्ञाज्ञौ द्वावजावीशानीशावजा ह्येका भोक्तृभोगार्थयुक्ता ।
अनन्तश्चात्मा विश्वरूपो ह्यकर्त्ता त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतत् ॥९॥

पदपाठः–ज्ञाज्ञौ, द्वौ, अजौ, ईशानीशौ१। अजा १ । हि अ० । एका, भोक्तृभोगार्थयुक्ता १ । अनन्तः १। च अ०। आत्मा, विश्वरूपः १ । हि अ० । अकर्त्ता १ । त्रयम् २ । यदा अ० । विन्दते क्रि० । ब्रह्मम्, एतत् २ ॥

अन्वि०–(ईशानीशौ) समर्थाऽसमर्थौ सर्वशक्तिमदल्पशक्तिमन्तौ । ईशनीशावितिपाठे ह्रस्वत्वमार्षम् (ज्ञाज्ञौ) सर्वज्ञाऽल्पज्ञौ (अजौ) अजन्मानावनादी (द्वौ) जीवात्मपरमात्मानौ स्तः (हि) निश्चयेन (एका) (अजा) सनातनी प्रकृतिः (भोक्तृभोगार्थयुक्ता) भोक्ता जीवात्मा, भोगइन्द्रियैर्विषयाणां ग्रहणम्, अर्थाविषयाश्च तैर्युक्ता अस्ति । पूर्वोक्तयोर्द्वयोरजयोरात्मनोर्मध्ये एकः (अनन्तः) सर्वव्यापकः (आत्मा च) (विश्वरूपः) विश्वं समस्तं जगद्रूपयति सः (हि) तथापि (अकर्त्ता) न रागादिना किञ्चित्करोति किन्तुस्वभावेनैवैकरसेनविश्वं रूपयतिअर्थात्तत्सन्निधानमात्रतएव विश्वं रूपमाप्यद्यते नहि तेन काचिदपूर्वा तदेकरसत्वहापिका चेष्टा क्रियते। वक्ष्यति च –"न तस्य कार्यं करणं च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते। परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च" इति। एवं तस्य स्वाभाविक्या क्रियया कर्तृत्वं रागपूर्वकक्रियाद्यभावेन चाऽकर्तृत्वमप्यनुसन्धेयम् (यदा) यस्मिन्काले (एतत्त्रयम्) द्वौ अजावेकामजांचेति (ब्रह्मम्) ब्रह्मणइदं ब्राह्मं ह्रस्वत्वमार्षम् (विन्दते) लभते तदाकारणज्ञानमाप्नोतीति शेषः॥

अत्र जीवात्मपरमात्मनोः अजत्वमनादित्वं नित्यत्वं क्रमेणेशत्वानीशत्वे सर्वज्ञत्वाऽल्पज्ञत्वे च उक्ते, परमात्मनः सर्वव्यापकत्वमनन्तत्वं जगद्रूपयितृत्वं तथाप्येकरसत्वादपरिणामित्वादकर्तृत्वञ्चोक्तम्। प्रकृतेश्च भोक्तृभोगार्थयुक्तत्वेनेदमुच्यते यत्–जीवात्मा, प्राकृतपदार्थेषु ममतावत्वात्तद्युक्तो भवति देहादियुक्तो भवति, प्रकृतिश्च तेन भोक्त्रा जीवात्मना तत्कृतेन भोगेन स्वविषयैः प्राकृतैरर्थैश्च युज्यते इति । एतस्मिंस्त्रये परमात्मनो ब्रह्मणः स्वामित्वाज्जीवात्मप्रकृत्योश्च स्वत्वात्स्वस्वामिभावसम्बन्धस्तेन चेदं सर्वं ब्रह्मणइदं ब्राह्ममित्युच्यते ॥ शाङ्करभाष्यादिष्वत्र मूलतोविरुद्धाऽर्थोवर्णितः ॥ ९ ॥

भा०–अब ३ श्लोकों से उक्त ३ पदार्थों के परस्पर सम्बन्ध और स्वरूप को दृढता से वर्णन करते हैं:–

(ईशानीशौ) समर्थ और असमर्थ (ज्ञाज्ञौ) सर्वज्ञ और अल्पज्ञ (अजौ) अजन्मा (द्वौ) दो हैं। (हि) निश्चय (एका) एक (अजा) न जन्मनेवाली (भोक्तृभोगार्थयुक्ता) भोक्ता, भोग और अर्थों से युक्त होने वाली है। (च) और (अनन्तः) अनन्त (आत्मा) परमात्मा (विश्वरूपः) संसार को बनाता है (हि) तथापि (अकर्त्ता) कर्त्ता नहीं। (यदा) जब कि (एतत्) इस (त्रयम्) तीन के समुदाय (ब्रह्मम्) ब्रह्मसम्बन्धी को (विन्दते) प्राप्त होता है [तभी कारण का ज्ञान होता है]॥

यहां जो दो अज और एक अजा का वर्णन है उस में एक परमात्मा है जो सर्वज्ञ, अजन्मा, समर्थ अर्थात् सर्वशक्तिमान् है। दूसरा जीवात्मा—अल्पज्ञ, अजन्मा और असमर्थ अर्थात् अल्पशक्तिमान् है। तीसरी प्रकृति जो अजा अर्थात् अनादि है और भोक्ता जीवात्मा, भोग इन्द्रियों से विषयों का ग्रहण, अर्थ इन्द्रियों के विषय, इन से युक्त होती है अर्थात् प्रकृति से बने इन्द्रिय और उन के विषयों सहित जीवात्मा इस प्रकृति रूप वृक्ष के फल खाता है और यह प्रकृति विकृत होकर जीवात्मा भोक्ता से योग करती है। और इन तीनों में से एक अनन्त आत्मा अर्थात् परमात्मा विश्वरूप अर्थात् संसार का रचने वाला है जो प्रकृति से महत्तत्त्वादि को बना कर जीवात्माओं के कर्मानुसार उन्हें इस प्राकृत पदार्थों के समुदाय से जोड़ता है। यद्यपि वह जगत् का रचने वाला है तथापि अकर्त्ता है अर्थात् जीवात्मा की भान्ति रागद्वेषादि से शुभाशुभ कर्म करने वा उन के फलों का भोगने वाला नहीं है। परमात्मा को जगत् का कर्त्ता और अकर्त्ता भी इसलिये कहते हैं कि उस के बिना जगत् उत्पन्न नहीं होसक्ता किन्तु उस के सन्निधान से ही जगत् बनता है परन्तु तो भी वह राग से जगत् को नहीं बनाता किन्तु स्वभाव से ही बनाता है। संस्कृत भाष्य में लिखे (न तस्य कार्यं) प्रमाण से उस की क्रिया स्वाभाविक है अर्थात् ऐसी नहीं जिस से उस की एकरसता में भेद पड़े (जैसे सूर्य किसी वनस्पति को उगाता और किसी को सुखाता है परन्तु उगाने और सुखाने में सूर्य एकसा ही रहता है) तो जैसे लोक में किसी कार्य का कर्त्ता, जब उस कार्य को करता है तब उस समय के सा नहीं रहता जैसा कि न करने के समय था अर्थात् जब हम चलते हैं तब बैठने की अवस्था से कुछ भेद पड़ता है और जब बोलते हैं तब चुप रहने की अवस्था से कुछ भेद पड़ता है। इस प्रकार क्रिया करने में जैसी कुछ अवस्था हमारी बदलती है वैसी उस परमात्मा

को नहीं बदलती, वह एकसा ही रहता है। इसी से उस को अकर्त्ता भी कहते हैं। ये तीनों जीव ब्रह्म प्रकृति जब ज्ञात होते हैं तभी उस प्रश्न के उत्तर का ज्ञान होता है कि "कारण क्या है"। ये तीनों मिलकर "ब्रह्मम्" ब्राह्म अर्थात् ब्रह्म और उस के सम्बन्धी पदार्थ हैं। "ब्राह्मम्" की जगह "ब्रह्मम्" यह पाठ आर्षहै और "ईशानीशौ" की जगह "ईशनीशौ" भी। शाङ्करभाष्यादि में इस का मूलविरुद्ध अर्थ है ॥ ९ ॥

क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः क्षरात्मानावीशते
देव एकः। तस्याभिध्यानाद्योजनात्तत्त्वभा-
वाद्भूयश्चान्ते विश्वमायानिवृत्तिः ॥ १० ॥

पदपाठः-क्षरम्, प्रधानम्, अमृताक्षरम् १। हरः १। क्षरात्मानौ २। ईशते क्रि०। देवः, एकः १। तस्य ६। अभिध्यानात्, योजनात्, तत्त्वभावात् ५। भूयः, च अ०। अन्ते ७। विश्वमायानिवृत्तिः १ ॥

अन्वि०-(क्षरम्) क्षरति नश्यति अवस्थान्तरमापद्यते विपरिणमतीति क्षरम् (प्रधानम्) प्रकृतिनामकं तत्त्वम् एकम्, (अमृताक्षरम्) अमृतं च तदक्षरमऽविनाश्यऽविपरिणामि जीवात्मतत्त्वं द्वितीयम्, (हरः) हरति नाशयति प्रलयं करोति स हरः परमात्मा तृतीयः। तत्र (एकः) असहायः (देवः) दिव्यगुणयुक्तः परमात्मा (क्षरात्मानौ) क्षरंप्रधानमात्माजीवात्मा च तौ (ईशते) वशित्त्वेनाधितिष्ठति। (तस्य) परमात्मनः (अभिध्यानात्) सर्वतोभावेन चिन्तनात् (योजनात्) तत्र चित्तस्य योगात् (तत्त्वभावात्) वस्तुतोभक्त्या (भूयश्च) पुनश्च (अन्ते) अवसाने (विश्वमायानिवृत्तिः) विश्वाः समस्ता याः मायाः अविद्याः तासां निवृत्तिर्भवतीति शेषः ॥

प्रकृतिः परिणामिनी, आत्माऽपरिणामी, परमात्मा च तयोर्नियन्तास्ति। तस्मात्स्वनियन्तुः परमात्मनोध्यानात् तत्र योगाभ्यासेनैकाग्र्यात् परमात्मभक्तेश्चाऽविद्यानिवृत्तिर्भवति ततश्च मोक्षप्राप्तिरिति ॥

भा०-(क्षरम्) क्षीण होनेवाली (प्रधानम्) प्रकृति है (अमृताक्षरम्) अमर और नहीं क्षीण होने वाला [जीवात्मा] है (हरः) परमेश्वर (क्षरात्मानौ) प्रकृति और जीवात्मा के (एकः) एक (देवः) परमात्मा (ईशते) अधिकारिभाव से रहता है। (तस्य) उस के (अभिध्यानात्) सब ओर से ध्यान करने से (योजनात्) योग से (तत्त्वभावात्) ठीक २ भक्ति से (भूयश्च) फिर २ से (विश्वमायानिवृत्तिः) सब अविद्याओं की निवृत्ति होती है ॥

तात्पर्य यह है कि १-प्रकृति परिणामिनी (जिस की अवस्था बदले) है। २-जीवात्मा अपरिणामी है।३-सब का हरण नाश वा प्रलय करने वाला परमात्मा है वह इन जीव प्रकृति दोनों पर राज्य करता है। उसी के बारम्बार ध्यान,योग और भक्ति से जीवात्मा अविद्यादि क्लेशों से छूट कर मुक्ति पाता है॥१०॥

ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्युप्रहाणिः । तस्याभिध्यानात्तृतीयं देहभेदे विश्वैश्वर्यं केवल आप्तकामः ॥ ११ ॥

पदपाठः-ज्ञात्वा क्रि०। देवम् २। सर्वपाशापहानिः १। क्षीणैः, क्लेशैः ३। जन्ममृत्युप्रहाणिः१ । तस्य ६ । अभिध्यानात्५। तृतीयम्१। देहभेदे७। विश्वैश्वर्यम् १। केवलः, आप्तकामः १॥

अन्वि०- देवम् परमात्मानम् ज्ञात्वा) विज्ञाय(सर्वपाशापहानिः)सर्वेषां पाशानां बन्धनानामपहानिर्नाशउच्छेदः (क्लेशैः) अविद्यादिपञ्चभिः(क्षीणैः) नष्टैः (जन्ममृत्युप्रहाणिः जन्ममरणयोर्निवृत्तिः। यत (तृतीयम्) जीवप्रकृतिपरमात्मनां पदेषुतृतीयं परमात्मनः पदम् (विश्वैश्वर्यम्) सकलैश्वर्यवत् अस्ति (तस्य) तृतीयस्य (अभिध्यानात्) चिन्तनात् (देहभेदे) सति (केवलः) देहादिसङ्गरहितः (आप्तकामः) आप्ताः पूर्णाः कामा यस्य तथाभूतोभवति ॥

परमात्मज्ञानफलमुच्यतेऽत्र। तस्मिन्परमात्मनि ज्ञाते सर्वबन्धोच्छेदो जन्ममरणनिवृत्तिश्च जायते। सर्वतोभावेन तच्चिन्तनाद्देहभेदेसति अयंजीवात्मा केवलो भवति तदाकश्चित्कामः सङ्कल्पोऽप्राप्तोनावशिष्यते सर्वसङ्कल्पशान्तिर्जायते॥

भा०-(देवम्) परमात्मा को (ज्ञात्वा) जानकर (सर्वपाशापहानिः) सब बन्धन कट जाते हैं (क्लेशैः) क्लेशों के (क्षीणैः) क्षीण होने पर (जन्ममृत्युप्रहाणिः) जन्म मरण छूट जाता है (तृतीयम्) तीसरा जो (विश्वैश्वर्यम्) विश्व का ऐश्वर्य पद है (तस्य) उस के (अभिध्यानात्) सर्वथा चिन्तन से (देहभेदे) देह छूटने पर (केवलः) स्वच्छ हो जाता है(आप्तकामः)पूर्ण काम हो जाता है॥

परमात्मा के ज्ञान का फल कहते हैं कि उस के जानने से न कोई बन्धन रहता है,न जन्म और मृत्यु होते हैं। तब आत्मा, तृतीय अर्थात् जीव प्रकृति और ब्रह्म इन में तीसरे सकलसंसार के प्रभु का ध्यान करने से केवल स्वच्छ होजाता है,तब देह भी नहीं रहता, न कोई कामना शेष रहती है,सब पूर्ण हो जाती हैं॥ ११॥

पूर्वोक्तमुपसंहरति–

एतज्ज्ञेयं नित्यमेवात्मसंस्थं नातः परं वेदितव्यं हि किञ्चित् । भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत् ॥ १२ ॥

पदपाठः–एतत् ज्ञेयम् नित्यम् १ । एव अ० । आत्मसंस्थम् १ । न अ० । अतः ५ । परम्, वेदितव्यम् १ । हि अ० । किञ्चित् १ । भोक्ता २ । भोग्यम्, प्रेरितारम् २ । च । मत्वा क्रि० । सर्वम्, प्रोक्तम्, त्रिविधम्, ब्रह्मम्, एतत् १ ॥

अन्वि०–(एतत्) पूर्वोक्तम् (एव) हि (ज्ञेयम्) ज्ञातव्यं किं कारणमित्यस्योत्तरभूतं वेदितव्यम्। किम्भूतं (नित्यम्) आद्यन्तविवर्जितम् (आत्मसंस्थम्) आत्मनि स्वस्मिन्नेव संस्था यस्य तत् एतत्त्रयं न कस्यचित्कार्यमतएव न कस्मिंश्चित्कारणे संस्थामाप्नोति किन्तु प्रत्येकं स्वस्मिन्नेव संतिष्ठते । किमेतदिति पूर्वोक्तमुपसंहरन् स्मारयति–(भोक्ता) जीवात्मानं, प्रथमान्तमार्षम् (भोग्यम्) कार्य्यपरिणतं प्रधानम् (प्रेरितारञ्च) नियन्तारं परमात्मानं च (मत्वा) विज्ञाय (अतः) एतद्विज्ञानानन्तरम् (किञ्चित्, वेदितव्यं, न) अवशिष्यत इति शेषः । (एतत्, सर्वं, त्रिविधम्)(ब्रह्मम्) ब्राह्मं ब्रह्मसम्बन्धि कारणजातम् (प्रोक्तम्) वर्णितम् ॥

जगत्कारणजिज्ञासुना मुख्यतया कारणत्रयमेव वेदितव्यमस्ति । कालादीनाममुख्यतयाऽत्र वेदितव्यगणनायामगणनाऽनुसन्धेया ॥

भा०–(एतत्, एव) यही (ज्ञेयम्) जानने योग्य है। जो (नित्यम्) नित्य है (आत्मसंस्थम्) आप में स्थित है (भोक्ता) जीवात्मा (भोग्यम्) प्रकृति (च) और (प्रेरितारम्) नियन्ता को (मत्वा) जानकर (अतः) इस से (परम्) आगे (किञ्चित्) कुछ (वेदितव्यम्) जानने योग्य (न) नहीं रहता । (एतत्, सर्वं, त्रिविधम्) यह, सब, तीन प्रकार का (ब्रह्मम्) ब्रह्मसम्बन्धी कारणत्रय है ॥

इस में पूर्व ३ श्लोकों में कहे विषय का उपसंहार किया है कि जो जगत् का कारण जानना चाहे उस को इन तीन के अतिरिक्त मुख्य करके जानने को कुछ शेष नहीं है, किन्तु जगत्कारण यही तीन मुख्य हैं । अन्य कालादि मुख्य न होने से गणना में नहीं लाये गये ॥

ननु सर्वगतोपि परमात्मा कथं न सर्वैरनुभूयते तदनुभवे कश्चोपाय इत्याहाध्यायान्तैश्चतुर्भिः–

वह्नेर्यथा योनिगतस्य मूर्त्तिर्नदृश्यते नैव च लिङ्गनाशः ।
स भूय एवेन्धनयोनिगृह्यस्तद्वोभयं वै प्रणवेन देहे ॥ १३ ॥

पदपाठः-वह्नेः ६। यथा अ० । योनिगतस्य ६ । मूर्त्तिः १ । न अ० । दृश्यते क्रि० । न, एव, च अ० । लिङ्गनाशः १ । सः १।भूयः, एव अ० । इन्धनयोनिगृह्यः १ । तद्वा अ० । उभयम् १ । वै अ० । प्रणवेन ३ । देहे ७ ॥

अन्वितपदार्थः-(यथा) (वह्नेः) अग्नेः (योनिगतस्य) स्वोत्पत्तिस्थानकाष्ठादिगतस्य (मूर्त्तिः) स्वरूपम् (न दृश्यते) (च) परन्तु (लिङ्गनाशः) लिङ्गिनोऽग्नेर्लिङ्गस्य काष्ठमथनजन्योष्मणो नाशः (एव) अपि (न) । लिङ्गेन हेतुना लिङ्गिनो ज्ञानमुपपद्यते, तस्मादत्रापि अग्निर्लिङ्गी तस्य मूर्त्तिःप्रकाशःस्वरूपं सर्वैर्न दृश्यते परन्तुसंघर्षणेनोष्मा उद्भवति स एव चोष्माऽग्निसद्भावे लिङ्गं चिह्नम् तेन च नैतद्वक्तुं शक्यतेऽग्निर्नास्तीति । अग्निदिदृक्षुणा च तथा सति किमनुष्ठेयमित्याह-(सः) उक्तोग्निः (एव) हि (भूयः) पुनः (इन्धनयोनिगृह्यः) इन्धनेन काष्ठेन योनिनोत्पत्तिस्थानेन संघर्षितेन गृह्यते,तथाभूतः । अर्थादग्निदिदृक्षुणा काष्ठादिनिर्मथनं कार्य्यं तदानीं चाग्निप्रादुर्भावे तद्ग्रहणं सुकरम् । यथा लिङ्गलिङ्गिनोः सद्भावेऽपि निर्मथनोपायमावश्यकं (तद्वा) तद्वत्, इवार्थोवाशब्दः (उभयम्) लिङ्गं लिङ्गी चेत्युभयम् । दार्ष्टान्तमाह-(वै) निश्चयेन (देहे)शरीरे (प्रणवेन)ओङ्कारेण कृतजपेन भावितार्थेनोपायभूतेन परमात्मनः साक्षात्कार इति शेषः ॥

यथा काष्ठादिषु सर्वैर्नज्ञायतेऽग्निरस्तीति,ऊष्मादिना चिह्नेन च नेदमप्युच्यते नास्तीति । तथैव देहादिषु व्याप्तोपि परमात्मा न सर्वैर्ज्ञायते सूक्ष्मत्वात् परन्तु तदीयस्रष्टृत्वादिलक्षणैर्लिङ्गैर्नेदमपि वक्तुं शक्यं नास्ति स्रष्टा परमात्मेति। यथा चारणिभ्यां निर्मन्थनेनाग्नेः साक्षात्कारस्तथैवाधरारणिस्थानीये देहे उत्तरारणिस्थानीयेनोङ्कारेण भावितार्थेन परमात्मनः साक्षात्कारोभवति । तदेव स्पष्टयत्युत्तरेण ॥

भा०-यदि परमात्मा सर्वत्र है तो सब किसी को उस का साक्षात्कार क्यों नहीं होता और साक्षात्कार का क्या उपाय है सो बताते हैं-(यथा) जैसे (योनिगतस्य) अपने प्रादुर्भावस्थान में रहते हुवे (वह्नेः) अग्नि का (मूर्त्तिः) स्वरूप (न) नहीं (दृश्यते) दीखता (च) परन्तु (लिङ्गनाशः) चिह्न का नाश

(एव) भी (न) नहीं । (सः) वह (एव) ही (भूयः) फिर (इन्धनयोनिगृह्यः) इन्धन जो उस का उत्पत्तिस्थान है उसी से ग्रहण करने योग्य है । (तद्वा) वैसे ही (देहे) देह में (प्रणवेन) ओङ्कार से (वै) निश्चय (उभयम्) चिह्न और चिन्ह वाला दोनों को [जानो] ॥

तात्पर्य यह है कि जैसे अग्नि काष्ठादि में वर्त्तमान है परन्तु उस का चमकीला स्वरूप नहीं देख पड़ता तथापि काष्ठादि में अग्नि के चिन्ह का नाश भी नहीं है किन्तु घिसते हैं तो काष्ठ गरम होजाता है और काष्ठकी सूरत जो दीखती है यह भी अग्नि का चिह्न है । उसी अग्नि को दो काष्ठों के निर्मन्थन से देख सकते हैं। इसी प्रकार परमात्मा हमारे देहादि में है पर नहीं दीखता परन्तु उस के रचनादि चिह्न पाये जाते हैं। अब यदि कोई उस का साक्षात्कार चाहे तो देहरूपी *अधरारणि और ओङ्कार का अर्थ विचार पूर्वक जपरूपी उत्तरारणि की रगड़ से उस परमात्मा का साक्षात्कार अनुभव कर सक्ता है । यह उपाय है । इसी को अगले श्लोक में स्पष्ट कहा है॥१३॥

स्वदेहमरणिं कृत्वा प्रणवं चोत्तरारणिम् ।
ध्याननिर्मथनाभ्यासाद्देवं पश्येन्निगूढवत् ॥ १४ ॥

पदपाठः-स्वदेहम्, अरणिम् २। कृत्वा अ० । प्रणवम् २ । च अ० । उत्तरारणिम् २। ध्याननिर्मथनाभ्यासात् ५। देवम् २। पश्येत् क्रि०। निगूढवत् अ०॥

अन्वि०-परमात्मानं साक्षाच्चिकीर्षुर्जिज्ञासुः(स्वदेहम्)स्वस्य शरीरम्(अरणिम्) अधरारणिस्थानीयम् (प्रणवम्) ओङ्कारम् (च) (उत्तरारणिम्) (कृत्वा) प्रकल्प्य (ध्याननिर्मथनाभ्यासात्) ध्यानमेव निर्मथनं तस्याभ्यासात्पौनःपुन्यात् (निगूढवत्) प्रच्छन्नमिव स्थितम् (देवम्) परमात्मानम् (पश्येत्) साक्षात्कुर्यात् ॥

भा०-परमात्मा का साक्षात्कार चाहने वाला जिज्ञासु(स्वदेहम्) अपने देह को (अरणिम्) अधरारणि (च) और (प्रणवम्) ओङ्कार को (उत्तरारणिम्) उत्तरारणि (कृत्वा) कल्पना करके (ध्याननिर्मथनाभ्यासात्) ध्यान

* यज्ञ में अग्नि उत्पन्न करने के लिये दो काष्ठविशेष होते हैं जिन में से नीचे के काष्ठ को अधरारणि और ऊपर के को उत्तरारणि कहते हैं। ये दोनों अरणि मथकर अग्नि उत्पन्न करते हैं ॥

रूपी मथन के अभ्यास से (निगूढवत्) दुबके हुवे से (देवम्) परमात्मा को (पश्येत्) देखे ॥ १४ ॥

पुनर्दृष्टान्तान्तरैस्तदेवाह-

तिलेषु तैलं दधनीव सर्पिरापः स्रोतःस्वरणीषु चाग्निः । एवमात्माऽऽत्मनि गृह्यतेऽसौ सत्येनैनं तपसा योऽनुपश्यति॥१५॥

पदपाठः-तिलेषु ७। तैलम् १। दधनि ७। इव अ०। सर्पिः, आपः १। स्रोतःसु, अरणीषु ७। च अ०। अग्निः १। एवम् अ०। आत्मा १। आत्मनि ७। गृह्यते क्रि०। असौ १। सत्येन ३। एनम् २। तपसा ३। यः १। अनुपश्यति क्रि० ॥

अन्वि०-(तिलेषु) (तैलम्) तैलम् प्रविष्टं,(दधनि) (सर्पिः) घृतम्,(स्रोतस्सु) गिरिप्रस्रवणेषु (आपः) अन्तर्हितानि जलानि, (अरणीषु, च, अग्निः) काष्ठविशेषेषु च वह्निः (इव) यथाऽन्तर्हितोवर्त्तते (एवम्) तथैव (आत्मनि) स्वस्मिन् (असौ,आत्मा) अपरः परमात्मा (गृह्यते) साक्षात्क्रियते। किन्तु (यः,एनम्, सत्येन, तपसा, अनुपश्यति) यः पूर्वोक्तं परमात्मानं सत्येन दम्भादिरहितेन तपसाऽनुष्ठितेन जिज्ञासया साक्षात्करोति तेनैव, न सर्वैरित्यर्थः ॥

यथा तिलेषु तैलमस्ति परं पीडनं विना नोपलभ्यते, यथा च दधनि घृतमस्ति परं मन्थनमन्तरेण नोपलभ्यते, स्रोतस्सु प्रस्रवणेषु चापः सन्ति परं तद्देशखननं विना न दृश्यतेऽन्तर्जलमस्तीति, अरणीकाष्ठेषु च वर्त्तमानोप्यग्निर्निर्मथनाद्युपायमन्तरेण न प्रादुर्भवति। तथैवात्मनि स्थितोऽपि परमात्मा दम्भादिदोषरहितध्यानतपश्चर्यां विना नोपलभ्यते, कृते चोक्तोपाये उपलभ्यतएवेत्यर्थः ॥

भा०-फिर अन्य दृष्टान्तों से वही वर्णन करते हैं-(इव) जैसे (तिलेषु) तिलों में (तैलम्) तैल, (दधनि) दधि में (सर्पिः) घृत, (स्रोतस्सु) झरनों में (आपः) जल, (च) और (अरणीषु) काष्ठों में (अग्निः) अग्नि है। (एवम्) इसी प्रकार (आत्मनि) आत्मा में (असौ) यह दूसरा (आत्मा) परमात्मा (गृह्यते) साक्षात् किया जाता है। यह जो कोई (एनम्) पूर्वोक्त परमात्मा को (सत्येन, तपसा) सच्ची, तपश्चर्या से (अनुपश्यति) साक्षात् करता है ॥

अर्थात् जैसे तिलों में तैल है परन्तु पेलने से ही मिल सकता है,दही में घृत है पर बिलोने से ही मिल सक्ता है,पहाड़ के झरनों के भीतर जल छिपा

हुआ भरा है पर उन के तोड़ने से ही दीख सक्ता है, और काष्ठों में अग्नि है पर रगड़ने ही से प्रकट हो सक्ता है। इसी प्रकार इस हमारे आत्मा में वह परमात्मा है पर सच्चे प्रेम भक्ति ध्यानादि से ही प्राप्त हो सक्ता है, अन्यथा नहीं।१५।

उक्तमुपसंहरति–

सर्वव्यापिनमात्मानं क्षीरे सर्पिरिवार्पितम्।आत्मविद्यातपोमूलं तद्ब्रह्मोपनिषत्परम्। तद्ब्रह्मोपनिषत्परम्॥

इति श्वेताश्वतरोपनिषदि प्रथमोऽध्यायः॥

पदपाठः–सर्वव्यापिनम्, आत्मानम् २। क्षीरे ७। सर्पिः २। इव अ०। अर्पितम् २। आत्मविद्यातपोमूलम्, तत्, ब्रह्म, उपनिषत्परम्, तत्, ब्रह्म, उपनिषत्परम् १॥

अन्वितपदार्थः–(क्षीरे) दुग्धे (अर्पितम्) प्रच्छन्नम् (सर्पिरिव) घृतमिव (सर्वव्यापिनम्, आत्मानम्) अनुपश्यतीति पूर्वेण सम्बन्धः। किंभूतम्–(आत्मविद्यातपोमूलम्)आत्मविद्या अध्यात्मविद्यैव तपस्तस्य मूलमाधारभूतम् (तद्,उपनिषत्परम्, ब्रह्म) उपनिषदां परं तत्त्वम्, ब्रह्म प्रसिद्धम्॥ पुनः पाठोऽध्यायसमाप्तिसूचनाऽर्थः॥

अस्मिन्नध्याये एकेन कारणप्रश्नः,तदनन्तरं द्वितीयेन कालादीनां कारणत्वमाशङ्क्य,तृतीयेन तेषां पारतन्त्र्यं परमात्माधीनत्वञ्च, चतुर्थेन ब्रह्मचक्रवर्णनं, पञ्चमेन नदीरूपकवर्णनं, षष्ठेन जीवात्मनस्तत्र भ्रमणं सति परमात्मज्ञाने ततो मुक्तिश्च,सप्तमाद् द्वादशावधि प्रकृतिजीवात्मपरमात्मनां भेदः परमात्मनः प्राधान्यंच, त्रयोदशात् षोडशावधि वह्नितिलदुग्धदधिस्रोतसां दृष्टान्तैः परमात्मनोऽन्तरात्मनि निहितत्वेप्युपायमन्तरेणाऽप्राप्यत्वञ्चोक्तम्॥

॥*॥ इति तुलसीरामस्वामिकृते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये प्रथमोऽध्यायः॥*॥

भा०–पूर्वोक्त का उपसंहार करते हैं कि (क्षीरे) दुग्ध में (सर्पिः) घृत के (इव) समान (सर्वव्यापिनम्) सर्वव्यापी (आत्मानम्) परमात्मा को (अनुपश्यति–पूर्व श्लोक से) देखता है। जो (आत्मविद्यातपोमूलम्) अध्यात्मविद्यारूपी तप का मूल है (तत्) वह (उपनिषत्परम्) उपनिषद् का सार (ब्रह्म) ब्रह्म है॥

यहां "आत्मानम्" कह कर भी फिर "सर्वव्यापिनम्" विशेषण लगाया है जिस से स्पष्ट है कि आत्मा दो हैं, एक सर्वव्यापी दूसरा अल्पव्यापी। नहीं

तो "आत्मानम्" ही कहते "सर्वव्यापिनम्" कहने की आवश्यकता न रहती। "तद्ब्रह्मोपनिषत्परम्" यह दो वार अध्यायसमाप्ति की सूचनार्थ पढ़ा है॥१६॥

इस अध्याय के १ श्लोक में कारण का प्रश्न। २ में कालादि के कारणत्व में शङ्का करके। ३ में उन की परतन्त्रता और परमात्मा के आधीन होना। ४ में संसारचक्र और ५ में संसारनदी का वर्णन। ६ में जीवात्मा का उन में भ्रमण और परमात्मा के ज्ञान से मुक्ति। ७-१२ में प्रकृति जीवात्मा और परमात्मा का भेद और परमात्मा की प्रधानता। १३-१६ में अग्नि तिल दुग्ध दधि और झरने के दृष्टान्तों से परमात्मा का सर्वव्यापक होकर भी विना उपाय के न प्राप्त हो सकना वर्णन किया गया है॥

यह तुलसीरामस्वामिकृत श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्य में १ अध्याय हुवा॥

अथ द्वितीयोऽध्यायः॥

प्रथमाध्यायोपान्तिमे "सत्येनैनं तपसा योऽनुपश्यति" इत्युक्तं तस्मात्तस्य तपसोयोगाख्यस्य वर्णनमारभमाणो वेदमन्त्रैः पञ्चभिः क्वचित् केनचित्पाठान्तरेण क्वचिच्च याथातथ्यं वेदपाठेनैव मनसो निग्रहादिकमाह–

युञ्जानः प्रथमं मनस्तत्त्वाय सविता धियः।
अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरत्॥ १॥

पदपाठः–युञ्जानः १। प्रथमम् २। मनः २। तत्त्वाय अ०। सविता १। धियः २। अग्नेः ६। ज्योतिः २। निचाय्य अ०। पृथिव्याः ६। अधि अ०। आभरत् क्रि०॥

अन्वितपदार्थः–(सविता) इन्द्रियप्रेरको योगेच्छुः (प्रथमम्) आदौ (मनः) (युञ्जानः) युक्तं कुर्वाणःसन् (धियः) बुद्धीः(तत्त्वाय) प्रसार्य। तनु विस्तारे धातुस्तस्मात्–समानकर्तृकयोः पूर्वकाले [पाणिनीये ३। ४। २१] इति क्त्वा प्रत्ययः, व्यत्ययेनेडागमाभावः, अनुदात्तोपदेशवनतितनोत्यादीनामनुनासिकलोपोझलि क्ङिति [पा० ६। ४। ३७] इति नलोपः, क्त्वो यक् [पा० ७। १। ४७] इति यगागमः। (अग्नेः) प्रकाशस्वरूपस्य परमात्मनः (ज्योतिः) स्वरूपम् (निचाय्य) वेदादिषु श्रुतया रीत्या निश्चित्य (पृथिव्याः, अधि) पृथिव्यां हृदयदेशभूमौ (आऽभरत्) आहरेत्। हृग्रहोर्भश्छन्दसि हस्येति वक्तव्यमिति पस्पशाह्निकप्रदीपे।

इति हृधातोर्हस्य भः, लेट्प्रयोगः, इतश्चलोपः परस्मैपदेषु [पा० ३ । ४ । ९७] इति तिप इकारस्य लोपः । यद्वा आभरत् बिभृयात् धारयेत् ॥

अयमर्थः-सर्वेन्द्रियप्रेरको योगेच्छुः पुरुषः, प्रथमं मनोयुक्तमचञ्चलं कुर्यात्, तथासति बुद्धयः प्रसृता भवन्ति ज्ञानं वर्द्धत इत्यर्थः । तदा परमात्मनः स्वरूपं प्रवृद्धज्ञानेन यथाशक्ति निश्चित्य स्वहृदये धारयेत् । मनसएव सर्वानर्थमूलत्वात्तावन्मनसो निग्रहएवात्रोपदिष्टः । मनसि च निगृहीते तदधीनानीन्द्रियाणि स्वव्यापारान्निवर्त्तन्ते, निवृत्तेषु चेन्द्रियव्यापारेषु तद्द्वारा पूर्वं क्षरज्ज्ञानमवरुद्धं तेन च वृद्धं भवति । यथा निम्नगासु कुल्यासु प्रवहज्जलं नह्युच्चक्षेत्रेषु सिच्यमानं सम्भवति परन्तु प्रवाहनिरोधेनोच्चतां नीतं तदेव जलमुच्चक्षेत्रेष्वपि प्रापयितुं शक्यं भवति । तद्वदेव निम्नतरविषयेषु इन्द्रियच्छिद्रैःक्षरज्ज्ञानं न परमात्मानमत्युच्चतमं प्राप्तुं शक्नोति । परन्तु इन्द्रियच्छिद्रप्रवाहनिरोधेनोच्चतां नीतं तदेव ज्ञानं शक्नोति परमात्मप्राप्तय इति । यजुर्वेदे ११ अध्याये प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ पञ्चमाः इमे मन्त्राः परन्तु तत्राद्ये "धियः" इत्यस्य स्थाने धियमिति पाठः ॥

भा०-(सविता) जीवात्मा (प्रथमम्) प्रथम (मनः) मन को (युञ्जानः) ठीक करता हुवा (धियः) बुद्धियों को (तत्वाय) फैला कर (अग्नेः) प्रकाशक ईश्वर की (ज्योतिः)ज्योति को (निचाय्य) निश्चय करके (पृथिव्याः, अधि) हृदयभूमि में (आऽभरत्) धारण करे ॥

ये ५ मन्त्र यजुर्वेद के ११ वें अध्याय में प्रथम द्वितीय तृ० च० पञ्चम मन्त्र हैं परन्तु वहां १ में "धियम्" पाठ है और यहां "धियः" । इतना ही अन्तर है । मानो ऋषि लोग वेदमन्त्रों के प्रमाण से समझा रहे हैं, कहीं २ का पाठ तो ठीक वेदसंहितापाठ से मिला है और कहीं २ कुछ अन्तर है । पूर्वाध्याय के १५ वें श्लोक में कहा था कि "जो उस को सच्ची तपश्चर्या से देखता है" सो अब उस सच्ची तपश्चर्या योग के वर्णन का आरम्भ करते हुवे मन के निग्रह से आरम्भ करते हैं कि जीवात्मा जो इन्द्रियों का प्रेरक होने से 'सविता' कहा जाता है उस को चाहिये कि प्रथम मन को वश में करे। क्योंकि मन ही इन्द्रियों को विषयों में दौड़ा कर सब अनर्थ कराता है। जब मन रुकेगा तब बुद्धियां अर्थात् ज्ञान फैलेगा बढ़ेगा । जब ज्ञान फैलेगा तो योगी अपने हृदयाकाश में परमात्मा का ध्यान कर सकेगा । जैसे नीचा नहर का जल ऊंचे खेतों में नहीं जासक्ता परन्तु नहर के प्रवाह को रोकें तो वह जल ऊंचा होने

पर ऊंचे खेतों में पहुंच सक्ता है। इसी प्रकार मनुष्य के (अल्प) नीचे ज्ञान में परमात्मा जो अत्यन्त (सूक्ष्म होने से) उच्च है उस का ध्यान नहीं होसक्ता परन्तु जब ज्ञानरूपी जल के प्रवाह को जो इन्द्रियरूपी छिद्रों द्वारा विषयरूपी नीचाई में बहा जाता है उसे रोका जाय तो ज्ञान उच्चहोकर परमात्मा का ध्यान कर सके। अतएव मन रोक कर, ज्ञान बढ़ा कर,हृदय में ईश्वर का ध्यान करे॥ "स्वर्गाय" पद की सिद्धि व्याकरण से संस्कृतभाष्य में लिखी है वहां देख लेवें॥ १॥

युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे।
सुवर्गेयाय शक्त्या॥ २॥

पदपाठः–युक्तेन, मनसा ३। वयम् १। देवस्य, सवितुः ६। सवे ७। सुवर्गेयाय ४। शक्त्या ३॥

अन्वितपदार्थः–ते श्वेताश्वतरादयआहुः–(वयम्) (सवितुः, देवस्य, सवे) सर्वोत्पादकस्य परमात्मनो, देवस्य, सृष्टौ (सुवर्गेयाय) स्वर्ग्यायेति वक्तव्ये आर्षम्। मोक्षानन्दप्राप्तये (शक्त्या) यथाशक्ति (युक्तेन) वृत्तिभ्योनिरुद्धेन (मनसा), प्रयतामहे इति शेषः॥

अत्र मन्त्रेपि वेदसंहितायां "स्वर्ग्याय" इति पाठः, उपनिषदि च "सुवर्गेयाये" ति पाठान्तरम्। व्याख्यातोऽयं मन्त्रः शतपथब्राह्मणे–युक्तेनमनसा वयमिति मनएवैतदेतस्मै कर्मणे युङ्क्ते नह्ययुक्तेन मनसा किञ्चित्सम्प्रतिशक्नोति कर्त्तुम्। देवस्य सवितुः सव इति–देवेन सवित्रा प्रसूता इत्येतत्। स्वर्ग्याय शक्त्येति–यथैतेन कर्मणा स्वर्गं लोकमियादेवमेतदाह। शक्त्येति–शक्त्या हि स्वर्गं लोकमेतीति। श० ६। ३। १। योगशास्त्रेपि प्रथमसूत्रे "योगश्चित्तवृत्तिनिरोध" इत्येव सूचितम्॥

भा०–श्वेताश्वतरादि ऋषि कहते हैं कि (वयम्) हम (सवितुः) सर्वस्रष्टा (देवस्य) देव की (सवे) सृष्टि में (सुवर्गेयाय) मोक्ष के लिये (शक्त्या) यथाशक्ति (युक्तेन) वशीभूत (मनसा) मन से [प्रयत्न करते हैं]

इस मन्त्र के "सुवर्गेयाय" पद के स्थान में वेदसंहिता में "स्वर्ग्याय" पाठ है। इस मन्त्र की व्याख्या शतपथ ब्राह्मण में कर्मकाण्डविषयक इस प्रकार है–(युक्तेन मन०) मन ही इस कर्म में लगाता है, विना मन की एकाग्रता के अप्रति कोई कुछ नहीं करसक्ता (देवस्य सवि०) "सर्वोत्पादक" देव के उत्पन्न

किये इस " इत्यादि संस्कृतभाष्य में देखिये । तात्पर्य यह है कि मन को एकाग्रता बिना न तो कर्मकाण्ड ही अच्छे प्रकार बनता है और न ज्ञान या उपासना । योगदर्शन का भी प्रथम सूत्र यही कहता है कि "चित्त की वृत्तियों का रोकना योग है" ॥ २ ॥

ननु प्रबलं मन इन्द्रियाणि च कथं निरोद्धुं शक्यानि ? परमात्मनः साहाय्येनेत्याह–

युक्त्वाय मनसा देवान्सुवर्यतो धिया दिवम् ।
बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान् ॥ ३ ॥

पदपाठः–युक्त्वाय अ० । मनसा ३ । देवान् २ । सुवर्यतः २ । धिया ३ । दिवम् २ । ज्योतिः २ । बृहत् २ । करिष्यतः २ । सविता १ । प्रसुवाति क्रि० । तान् २ ॥

अन्वितपदार्थः–(धिया) बुद्धिबलेन (मनसा) मनसा सह वर्त्तमानानि (सुवर्यतः) स्वः स्वर्गो विषयसुखं तं यन्तीति स्वर्यतःसुखमनुधावन्ति (देवान्) द्योतनात्मकानि इन्द्रियाणि (युक्त्वाय) वशीकृत्य (दिवम्) आनन्दमयं (ज्योतिः) प्रकाशाख्यम् (बृहत्) प्रवृद्धम् (करिष्यतः) ये योगिनः करिष्यन्ति (तान्) (सविता) सर्वोत्पादकः कृपालुः परमात्मा (प्रसुवाति) प्रेरयति तत्साहाय्यं करोति ॥

अयंभावः–ये योगमिच्छवः परमात्मभक्ताः बुद्धिबलेन मन इन्द्रियाणि च वशीकृत्य यथाशक्ति स्वकीयं ज्ञानबलं वर्द्धयितुमिच्छन्ति तान् सविता सर्वपिता परमात्माऽनुग्रहेण प्रसुवाति स्वसाहाय्येन तत्र प्रेरयति यतस्ते कृतकृत्या भवेयुरिति । वेदसंहितायां " सविता " इति पाठः अत्र च तत्स्थाने "मनसेति", वेदसंहितायां " स्वर्यतः " अत्र च " सुवर्यतः " इति पाठान्तरम् । युक्त्वायेत्यस्य व्याकरणेन सिद्धिस्तत्त्वायेतिव्याख्यातपदस्यैव ज्ञातव्या । क्वचित्पाठे–सुवः,यतः इति च पृथक्पदं तत्स्वरार्थं तस्मिन्पक्षे सुवःस्वः सुखं तदुद्दिश्य यतः गच्छतः इतिव्याख्येयम् । प्रसुवाति इति लेट् प्रयोगः । षू प्रेरणे तुदादिः । लेटोऽडाटौ (पा० ३ । ४ । ९४) ॥

भा० प्रश्न–यदि इन्द्रियां और मन प्रबल हैं तो अल्पसामर्थ्य वाला जीवात्मा इन्हें कैसे रोके ? उत्तर–परमात्मा की सहायता से। यह कहते हैं–(धिया)

बुद्धि से (मनसा) मन सहित (सुवर्यतः) सुख पर भागती हुई (देवान्) इन्द्रियों को (युक्ताय) रोक कर (दिवम्) आनन्दमय (ज्योतिः) ज्योति को (बृहत्) जो बड़ा (करिष्यतः) करेंगे (तान्) उन्हें (सविता) सर्वपिता परमात्मा (प्रसुवाति) प्रेरणा करता है ॥

अर्थात् जो समझपूर्वक मन और इन्द्रियों को वश में करके आनन्दमय ज्योति को बढ़ाना चाहते हैं, कृपालु परमात्मा उन्हें सहायता देकर कृतकृत्य करते हैं। "युक्ताय" पद की व्याकरण से सिद्धि वैसे ही जानो जैसे पूर्व "तत्त्वाय" पद की की गई। "प्रसुवाति" यह लेट् लकार का प्रयोग है, सूत्र संस्कृत में लिखा है। वेद में "मनसा" के स्थान में "सविता" और "सुवर्यतः" के स्थान में "स्वर्यतः" पाठ है ॥ ३ ॥

योगिभिर्न केवलं मन एव विषयेभ्योनिरोद्धव्यं किन्तु जगत्पितुः स्तुतिरपि कर्त्तव्येत्याह-

युञ्जते मनउत युञ्जते धियोविप्राविप्रस्य बृहतो विपश्चितः ।
विहोत्रादधे वयुनाविदेकइन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः ॥४॥

पदपाठः-युञ्जते क्रि० । मनः २ । उत अ० । युञ्जते क्रि० । धियः २ । विप्राः १ । विप्रस्य ६ । बृहतः, विपश्चितः ६ । वि अ० । होत्राः १ । दधे क्रि० । वयुनाविद् १ । एकः १ । इत् अ० । मही १ । देवस्य ६ । सवितुः ६ । परिष्टुतिः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(होत्राः) योगयज्ञानुष्ठातारः (विप्राः) विद्वांसो ब्राह्मणाः (मनः) (युञ्जते) समाहितं कुर्वन्ति (उत) अपि (धियः) ज्ञानेन्द्रियाणि बुद्धिवृत्तीर्वा (युञ्जते) समादधति । यः (एकः, इत्) एकएवाऽसहायः (वयुनावित्) विज्ञानवित्, अत्रान्येषामपीतिदीर्घः । (वि,दधे) विविधं जगद्रचयति । तस्य (विप्रस्य) मेधाविनः (बृहतः) महतोब्रह्मणः (विपश्चितः) अनन्तविद्यस्य (सवितुः) सर्वोत्पादकस्य (देवस्य) प्रकाशस्वरूपस्य (मही) महती (परिष्टुतिः) सर्वतः स्तुतिः, कार्य्येति शेषः ॥

अयंभावः-विद्वांसोहि योगयज्ञमनुष्ठातुं शक्नुवन्ति नेतरेऽज्ञाः । तैश्च विद्वद्भिर्मनइन्द्रियाणि च समाधाय परमात्मनोदेवस्य सर्वथा स्तुत्युपासने कर्त्तव्ये यतः प्रसन्नः सन् जगदीश्वरस्तान् मोक्षपदं नयेत् इति । इयमृक्-ऋग्वेदे अ० ४ अ० ४ व० २४ मं० १ अपि पठितास्ति न चास्यां तत्रापि कश्चित्पाठभेदः ॥

भा०-योगियों को न केवल मन और इन्द्रियों को विषयों से ही रोक कर बैठ रहना चाहिये किन्तु परमात्मा की बहुत प्रकार से स्तुति भी करनी चाहिये। यह कहते हैं-

(होत्राः) योगयज्ञ के होता लोग (विप्राः) विद्वान् ब्राह्मण (मनः) मन को (युञ्जते) एकाग्र करते हैं (उत) और (धियः) ज्ञानेन्द्रियों वा बुद्धियों को (युञ्जते) समाहित करते हैं। जो (एकः,इत् एकला,ही (वयुनावित) विज्ञान-वेत्ता (वि, दधे) सुनता है। उस (विप्रस्य) मेधावी (बृहतः) बड़े (विपश्चितः) अनन्त विद्यावाले (सवितुः) सर्वपिता (देवस्य) देव की (मही) बड़ी (परिष्टुतिः) सर्वप्रकार से स्तुति [करनी चाहिये]॥

तात्पर्य्य यह है कि जो लोग योग यज्ञ के होता हों वे अपने मन बुद्धि को समाहित करके परमात्मा की अत्यन्त नम्रता और भक्तिभाव से स्तुति करें, सब संसार का बनाने वाला वही है। यही ऋचा-ऋग्वेद अ०४ अ०४ व० २४ मं० १ में भी है और पाठ में भी कुछ भेद नहीं॥४॥

स्तुत्युपासनयोर्लग्नान्स्वभक्तानूप्रति परमकृपालुरीश्वरोभक्तिं स्तुतिं चोररीकृत्य ब्रवीतीत्याह--

युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिर्विश्लोक एतु पथ्येव सूरेः। शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः॥५॥

पदपाठः-युजे क्रि०। वाम् २। ब्रह्म १। पूर्व्यम् १। नमोभिः ३। विश्लोकः१। एतु क्रि०। पथ्या १। इव अ०। सूरेः ६। शृण्वन्तु क्रि०। विश्वे१। अमृतस्य ६। पुत्राः १। आ अ०। ये १। धामानि, दिव्यानि २। तस्थुः क्रि०॥

अन्वि०-(ये,विश्वे,अमृतस्य पुत्राः)ये,सर्वे,अमृतस्यब्रह्मणोमम,पुत्राःतेभवन्तः (शृण्वन्तु) श्रुत्वा जानन्तु किन्तदाह-(वाम्) युवां योगविद्याशिष्यशिक्षकौ (पूर्व्यम्) पूर्वंभवं सनातनम् (ब्रह्म अहम् युजे)युञ्जे युक्तोभवामि भवन्तौ प्राप्नोमि (नमोभिः) नमस्कारैः स्तुतिभिः (वि,श्लोकः, एतु) विविधा, कीर्त्तिः, प्राप्नोतु। कस्य का इव-(सूरेः) विदुषः(पथ्या) मार्गः (इव)। (दिव्यानि धामानि) मोक्ष-पदम् (आ तस्थुः) अधितिष्ठन्तु। लोट्स्थाने लिट् व्यत्ययेन॥

स्तुतिं स्वीकुर्वन्नसौ परमदयालुः सर्वपिता स्वभक्तभक्त्या प्रीतः सन्निदमाह-हे मम सर्वे पुत्राः! भवन्तः शिष्यशिक्षकभावेन योगमास्थाय मय्यात्मानं यो-

जितवन्तस्तस्मादहं भवतः प्राप्नोमि, आगच्छन्तु मोदमाना मोक्षपदमधितिष्ठन्तु। भवत्कृतस्तुतिभिः श्लोकः कीर्त्तिर्विपुला च भवतः प्राप्नोतु ॥

भा०-स्तुति उपासना को स्वीकारकरते हुए परमकृपालु परमात्मा अपने भक्तों से इस प्रकार कहते हैं—

(ये) जो (विश्वे)सब (अमृतस्य) अमर के (पुत्राः) पुत्र हो (शृण्वन्तु)सुनो कि (पूर्व्यम्) पुरातन (ब्रह्म, मैं ब्रह्म (वाम्) तुम दोनों को (युजे) प्राप्त होताहूं। (नमोभिः) नमस्कारों से (वि, श्लोकः) विविध, कीर्त्ति (एतु) प्राप्त होवे। (इव) जैसे कि (सूरेः)बुद्धिमान् का (पथ्या) मार्ग [उसे प्राप्त होता है](दिव्यानि, धामानि) दिव्य, धामों का (आ, तस्थुः) अधिकार पावो॥ अर्थात् परमात्मा जो परमकृपालु हैं अपने भक्तों पर, जब उनके भक्त अपने परमपिता की शरण के अभिलाषी हो अपने आप को उसी में लगाते हैं, युक्त करते हैं, जोड़ते हैं, तो उन पर प्रसन्न होते हैं कि हे सब पुत्रो! तुम ने जो योगविद्या का शिष्य शिक्षक बन २ कर अपने आप को मुझ में लगाया है, मैं उन से प्रसन्न हूं, तुम्हारी दोनों की भक्ति स्वीकार करता हूं, तुम्हारी अटल कीर्त्ति हो, तुम दिव्य धामों (मोक्ष) का अधिकार लो॥ ५॥

अनेकजन्मानुष्ठितशुभस्यते न विगताशेषमलस्य शुद्धमानसस्य विविक्तस्य शमदमादिसाधनकलापयुक्तस्योत्तमाधिकारिणोमुमुक्षोर्मोक्षसाधनीभूतं योगं संक्षिप्याह-

अग्निर्यत्राभिमथ्यते वायुर्यत्राभिरुध्यते।
सोमोयत्रातिरिच्यते तत्र संजायते मनः ॥६॥

पदपाठः-अग्निः १। यत्र अ०। अभिमथ्यते क्रि०। वायुः १। यत्र अ०। अभिरुध्यते क्रि०। सोमः १। यत्र अ०। अतिरिच्यते क्रि०। तत्र अ०। संजायते क्रि०। मनः १॥

अन्वितपदार्थः-(यत्र) यस्मिन् मूलाधारप्रदेशेऽग्निमण्डले (अग्निः) शरीरस्थं विद्युत्तत्त्वम् (अभिमथ्यते, मूलबीजेन क्षोभ्यते, (वायुः) प्राणादिसंज्ञः(यत्र) सुषुम्नायाम् (अभिरुध्यते) निरुद्धः क्रियते,(यत्र) यस्मिन्द्वादशान्तप्रदेशे (सोमः) शरीरस्थचन्द्रमण्डलम् (अतिरिच्यते)अतिशयेन रिच्यतेऽर्थाद्यत्रसुषुम्नायामामूलाधारादमृतंस्रवद्भाव्यते(तत्र)तस्मिन् मूलाधारे(मनः) (संजायते, स्थिरंभवति॥

भा०-(यत्र) जहां (अग्निः) अग्नि (अभिमथ्यते) मथा वा सुलगाया जाता है (यत्र) जहां (वायुः) वायु (अधिरुध्यते) रोका जाता है, (यत्र) जहां (सोमः) अमृत (अतिरिच्यते) अतिशय से होता है (तत्र) वहां (मनः) मन (संजायते) स्थिरता को लाभ करता है ॥

योगी लोग जानते हैं कि देह में मूलाधार एक स्थान है वहां प्राण रोका जाता है, वहीं मानस अग्नि उस प्राणवायु की सहायता से धौंक कर सुलगाया जाता है, वहीं मूलाधार से सुषुम्ना नाडी तक अमृत टपकने के सा आनन्द प्रतीत होता है, वहीं मन ठहर जाता है ॥ ६ ॥

तत्र मनोनिरोधं कृत्वा किं कुर्य्यादित्याह-

सवित्रा प्रसवेन जुषेत ब्रह्म पूर्व्यम् ।

तत्र योनिं कृणवसे न हि ते पूर्त्तमक्षिपत् ॥ ७ ॥

पदपाठः-सवित्रा ३ । प्रसवेन ३ । जुषेत क्रि० । ब्रह्म २ । पूर्व्यम् २ । तत्र अ० । योनिम् २ । कृणवसे क्रि० । न अ० । हि अ० । ते ६ । पूर्त्तम् १ । अक्षिपत् क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-तदानीं योगी (सवित्रा) द्वादशान्तस्थितया सूर्यकलया (प्रसवेन) सोममण्डलात्सुषुम्नायां प्रसूतेनाऽमृतेनाऽधिकारी (पूर्व्यम्) सनातनम् (ब्रह्म) (जुषेत) सेवेत (तत्र) पूर्वोक्तमूलाधारदेशे (योनिम्) ब्रह्मानन्दानुभवोत्पत्तिस्थानम् (कृणवसे) कुरुष्व (ते) तवोपासकस्य (पूर्त्तम्) शुभानुष्ठानम् (न, हि) नैव (अक्षिपत्) संसरणहेतुकं भवेत् ॥

भा०-वहां मन को रोककर फिर क्या करे-यह कहते हैं-योगी पुरुष तब (सवित्रा) सूर्य से (प्रसवेन) प्रसूत अमृत से (पूर्व्यम्) सनातन (ब्रह्म) ब्रह्म को (जुषेत) सेवन करे । (तत्र) वहां (योनिम्) उत्पत्तिस्थान को (कृणवसे) कर तू (ते) तेरा (पूर्त्तम्) कर्मानुष्ठान (न, हि) नहीं (अक्षिपत्) संसारहेतु होवे ॥

अर्थात् मूलाधार और सुषुम्ना के जोड़ पर शारीरक सूर्य चन्द्र को इकट्ठा करके ब्रह्म को सेवन करे । जो ब्रह्म सनातन है । और ऐसा करने से तेरा कर्मानुष्ठान भी जन्मादिकारक न होगा ॥ ७ ॥

योगिना कथं शरीरं स्थापनीयं कोवाऽऽसनप्रकार इत्याह-

त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं हृदीन्द्रियाणि मनसा संनिवेश्य।
ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान्स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि॥८॥

पदपाठः—त्रिरुन्नतम् २। स्थाप्य अ०। समम्, शरीरम् २। हृदि ७। इन्द्रियाणि २। मनसा ३। संनिवेश्य अ०। ब्रह्मोडुपेन ३। प्रतरेत क्रि०। विद्वान् १। स्रोतांसि, सर्वाणि, भयावहानि २॥

अन्वितपदार्थः—(विद्वान्) ज्ञानवान् योगी (शरीरम्) देहम् (त्रिरुन्नतम्) त्रीण्युरोग्रीवाशिरांसि उन्नतानि यत्र तत् सुजर्थोऽविवक्षितः। (समम्) ऋजु (स्थाप्य) (इन्द्रियाणि) प्रसिद्धानि (मनसा) इन्द्रियाश्वप्रग्रहेण (हृदि) हृत्कमले मांसखण्डे पञ्चच्छिद्रे (संनिवेश्य) सम्यङ्निवेशितानि कृत्वा (ब्रह्मोडुपेन) ब्रह्मणा तद्वाचकेन प्रणवेन तदर्थभावनेनैवोडुपेन तरणसाधनीभूतेन (सर्वाणि) निखिलानि (भयावहानि) दुःखबहुलत्वेन भयङ्कराणि (स्रोतांसि) संसारसागरमनुवहन्ति प्रवाहजातानि (प्रतरेत)॥

"युञ्जान" इत्यारभ्याक्षिपदित्यन्तैर्मनसो निग्रहः परमपुरुषार्थसाधनमित्युक्तम्। परन्तु विनोपायं स हि दुष्कर इति मत्वोपायोऽत्र वर्ण्यते। यथा नद्यादिजलाशयं तितीर्षुणा समाहितेन भूत्वा, सम्यक् सन्नह्य कौपीनतदुपरिगतवस्त्रवेष्टनादिनात्मनस्तत्रतत्रापतिष्यमाणग्राहादिग्रहकृतविघ्ननिवारणक्षमत्वं सम्पाद्य नौकादिना पारं गम्यते, तथैव भयावहसंसारनदीप्रवाहमुल्लङ्घ्य परं ब्रह्माधिजिगमिषुणा योगिनापि प्रबन्धः कार्यः। यथा—जलाशयतितीर्षुः शैथिल्यं शैथिल्यहेतुकं वस्त्रवेषादिकं च त्यजति तथैव योगिनापि समं त्रिरुन्नतं सरलं निरालस्यं तत्तदिन्द्रियविषयाभिमुखप्रवाहकृतविक्षेपशैथिल्यविवर्जितं शरीरं स्थापनीयम्। तदानीं च विषयाद्याशानामनदी ब्रह्मोडुपेन प्रणवप्लवेन तरीतव्या। यथा चास्या नद्या वर्णनं केनचिदुक्तम्—

आशा नाम नदी मनोरथजला, तृष्णा तरङ्गाकुला।
रागग्राहवती वितर्कविहगा, धैर्यद्रुमध्वंसिनी॥
मोहावर्तसुदुस्तराऽतिगहना, प्रोत्तुङ्गचिन्तातटी।
तस्याः पारगता विशुद्धमनसो, नन्दन्ति योगीश्वराः॥ १॥

भा०—योगी को शरीर किस प्रकार रखना चाहिये वा आसनादि का प्रकार क्या है, यह कहते हैं—

भा०—(विद्वान्) ज्ञानी (शरीरम्) देह को (त्रिरुन्नतम्) तीन ऊंचाईवाला (समम्) सीधा (स्थाप्य) रखकर, (इन्द्रियाणि) इन्द्रियों को (मनसा) मन से (हृदि) हृदय में (संनिवेश्य) संनिविष्ट करके, (ब्रह्मोडुपेन) ब्रह्म रूपी डोंगे से (भयावहानि) भयङ्कर (सर्वाणि) सब (स्रोतांसि) प्रवाहों को (प्रतरेत) पार होवे ॥

"युञ्जानः" से लेकर "अक्षिपत्" पर्यन्त "मन का निग्रह परम पुरुषार्थ-साधन है" यह कहा परन्तु बिना उपाय के वह कैसे होसक्ता है इसलिये उपाय बताते हैं कि—योगी को आसन ऐसा लगाना चाहिये जिस से देह के तीन भाग शिर ग्रीवा और छाती उभरी रहें, सीधा शरीर रहे, नौहरा न हो। जैसे नदी आदि के पार होने की इच्छावाला पुरुष सन्नद्ध होता है और कौपीन तथा लंगोट आदि कसता है जिस से प्रवाह में पहुंचने पर ग्राहादि मिलें और विघ्न करें तो उन २ विघ्नों का निवारण कर सके। नदी पार जाने वाला जैसे धोती आदि शिथिलता के हेतुओं को संभाल कर बांध लेता है तब डोंगे पर सवार होकर नदी के पार जाता है। वैसे ही भयानक संसारसागर में गिराने वाली आशा तृष्णा वासनादि नदी और स्रोतों से पार होकर परब्रह्म को प्राप्त होने की इच्छावाला योगी भी शरीर को समाहित रक्खे, इन्द्रियों को विषयप्रवाह में वहने वाली ओर से मनरूपी प्रग्रह (लगाम) से रोककर हृदय में निवेशित करे, ब्रह्म अर्थात् ओङ्कार और उस के अर्थ की भावनारूप डोंगे के सहारे संसारस्रोत के पार होवे। किसी कविने इस नदी का वर्णन इस प्रकार किया है कि—"आशा नाम नदी०" इत्यादि श्लोक संस्कृत भाष्य में देखिये जिस का अर्थ यह है कि—"आशा नाम एक भारी नदी है, जिस में मनोरथ रूप जल बहता है, तृष्णारूप तरङ्ग उठती हैं, रागरूप ग्राह हैं, कुतर्क रूप पक्षी उड़ते हैं, धैर्य रूप वृक्ष को जड़ से उखाड़ती है, मोह रूप भंवर पड़ते हैं, बहुत गहरी है, जिस के चिन्ता रूप ऊंचे किनारे हैं, उस के पार जाकर योगीश्वर आनन्द पाते हैं" ॥ ८ ॥

आसनानन्तरं प्राणायाममाह—

प्राणान्प्रपीड्येह संयुक्तचेष्टः क्षीणे प्राणे नासिकयोच्छ्वसीत।
दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं विद्वान्मनो धारयेताप्रमत्तः ॥ ९ ॥

पदपाठः-प्राणान् २। प्रपीड्य अ०। इह अ०। संयुक्तचेष्टः१। क्षीणे, प्राणे ७। नासिकया ३। उच्छ्वसीत क्रि०। दुष्टाश्वयुक्तम् २। इव अ०। वाहम्, एनम् २। विद्वान् १। मनः २। धारयेत क्रि०। अप्रमत्तः १॥

अन्वितपदार्थः-(विद्वान्) गुरुतोऽधीतयोगविद्यः (इह) अस्मिन्योगारम्भे (प्राणान्)वायुविशेषान्(प्रपीड्य) निरुध्य (संयुक्तचेष्टः) समीचीना युक्ता जीवनमात्रोपयोगिनी योगार्था चेष्टा यस्य सः (प्राणे) वायुविशेषे शरीरधारके जीवनमूले (क्षीणे) निर्बले जाते सति (नासिकया) नासापुटेन (उच्छ्वसीत)बहिर्निरस्येत्। इडया प्राणं गृहीत्वा यथाशक्ति निरुद्धय सति निर्बले पिङ्गलया बहिर्निरस्येत् पिङ्गलया गृहीत्वेडया निरस्येत्। एवमेव पुनः पुनरभ्यस्येत् (दुष्टाश्वयुक्तम्) प्रमाथीन्द्रियाश्वयुक्तम् (वाहम्) वाहनम् (इव) (एनम्) पूर्वोक्तं प्राणम् (अप्रमत्तः) प्रमादरहितः (धारयेत) (मनः) तत्प्रग्रहभूतं मनश्च सारथिभूतया धिया धारयेत्। प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्येति योगशास्त्रे (१।३४) ऽपि तदेवोक्तम्॥

भा०-आसन के पश्चात् प्राणायाम कहते हैं -(अप्रमत्तः) प्रमादरहित (विद्वान्)योगविद्या में निपुण (इह) इस योगाभ्यास में (प्राणान्)प्राणादि वायुओं को (प्रपीड्य)खैंच और रोक कर (संयुक्तचेष्टः) अच्छी युक्त की है चेष्टा जिसने, ऐसा योगी (प्राणे) प्राण के (क्षीणे) निर्बल प्रतीत होने पर (नासिकया) नाक से (उच्छ्वसीत) शनैः बाहर निकाल दे (दुष्टाश्वयुक्तम्) बिगड़ेल घोड़े जुते हुवे (वाहम्) रथ के (इव) समान (एनम्) इस प्राण को और (मनः)मन को (धारयेत) धारण करे॥

तात्पर्य्य यह है कि योगी को युक्तचेष्टा वाला अर्थात् जीवनमात्र के उपयोगी अल्पव्यवहार चेष्टा वाला और अप्रमत्त-प्रमादरहित तथा विद्वान् होना चाहिये और अभ्यास के समय प्राण को खैंचना चाहिये परन्तु जब प्राण खिंचा रहने में असमर्थ क्षीण जान पड़े तब नासापुट से बाहर निकाल दे। इस प्रकार बार २ इडा से खैंच पिङ्गला से बाहर फेंके, पिङ्गला से खैंचकर इडा से बाहर फेंका करे। इस प्रकार मन और प्राण को बुद्धिरूप सारथि के द्वारा स्थिर करावे॥ ९॥

किंभूते देशेऽभ्यस्येदित्याह-

समे शुचौ शर्करावन्हिबालुकाविवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः।
मनोऽनुकूले न तु चक्षुपीडने गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत्॥१०॥

पदपाठः–समे, शुचौ, शर्करावह्निबालुकाविवर्जिते ७। शब्दजलाश्रयादिभिः ३। मनोऽनुकूले ७। न, तु अ०। चक्षुपीडने, गुहानिवाताश्रयणे ७। प्रयोजयेत् क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः–योगी (समे) गर्त्तादिरहिते (शुचौ) पवित्रे दुर्गन्धादि-रहिते(शर्करावह्निबालुकाविवर्जिते)शर्करया वह्निना बालुकया च रहिते। शर्करा वह्निबालुकाहि वायुनेरिताः विघ्नदा यथा न स्युस्तथा। (शब्दजलाश्रयादिभिः) एतैरपि विवर्जिते। शब्दोजनरवादिः जलाश्रयोऽतिशीतलप्रदेशः आदिशब्देन सर्पवृकाद्याश्रयश्च तैरहिते (मनोऽनुकूले) मनसः प्रसन्नतासम्पादके दर्शनीये (न तु चक्षुपीडने) यद्यपि दर्शनीये तथापि न चक्षुषोः पीडाकरे। विसर्गलोप आर्षः। (गुहानिवाताश्रयणे) गुहा एकान्तं,निवातश्चाश्रयणं यत्र तथाभूते देशे (प्रयोजयेत्) आत्मानं परमात्मनि युक्तं कुर्यात् ॥

भा०–योग कैसे स्थान में करे, यह कहते हैं–पूर्वोक्त योगी (समे) चौरस (शुचौ) पवित्र (शर्करावह्निबालुकाविवर्जिते) कंकरी अग्नि बालू से रहित (शब्दजलाश्रयादिभिः) शब्द और सिलावे आदि से रहित (मनोऽनुकूले) मन को भावते (न तु चक्षुपीडने) आंखों को दुःख न देने वाले (गुहा-निवाताश्रयणे) एकान्त और वायु के झोकों से रहित देश में (प्रयोजयेत्) योग करे ॥

अर्थात् ऐसा स्थान हो जहां ऊंचा नीचा न हो, दुर्गन्ध न हो, पत्थर की कंकरी चुभती न हो, अग्नि का ताप न हो, बालु उड़कर देह में न लगता हो, क्रूर वा ऊंचा शब्द न सुनाई पड़े, जल की सील न हो और (आदि शब्द से) सर्प भेड़िये आदि का स्थान भी न हो, देखने में आंखों को बुरी लगने वाली कोई वस्तु सामने न हो, एकान्त हो, वायु प्रबल न चलता हो, ऐसे मन के अनुकूल देश में योगाभ्यास करना चाहिये ॥ १० ॥

इदानीं योगिन इतरजनवैलक्षण्यमाह चतुर्भिः–

नीहारधूमार्कानिलानलानां खद्योतविद्युत्स्फटिकशशीनाम्।
एतानि रूपाणि पुरःसराणिब्रह्मण्यभिव्यक्तिकराणियोगे।११।

पदपाठः–नीहारधूमार्कानिलानलानाम्, खद्योतविद्युत्स्फटिकशशी-नाम् ६। एतानि, रूपाणि, पुरःसराणि १। ब्रह्मणि ७। अभिव्यक्ति-कराणि १। योगे ७॥

अन्वितपदार्थः-(योगे) योगविधौ (एतानि) गण्यमानानि (रूपाणि) (ब्रह्मणि) परमात्मनि (अभिव्यक्तिकराणि) पूर्वरूपाणि भवन्ति तान्याह (नीहारधूमार्कानिलानलानाम्) नीहारस्य कुहरस्य,धूमस्य,अर्कस्य सूर्यस्य, अनिलस्य वायोः, अनलस्याऽग्नेश्चेति तेषाम् (खद्योतविद्युत्स्फटिकशशीनाम्) खद्योतस्य, विद्युतः,स्फटिकस्य,शशिनश्चन्द्रमसश्चेति तेषाम्। शशीनामितिदीर्घनिर्देशआर्षः।एतानि रूपाणि योगं कुर्वाणस्य ब्रह्मण्यभिव्यक्तिकराणि ब्रह्मसाक्षात्कारतः पूर्वं भवन्ति॥ ब्रह्मणोऽनन्तज्योतिःसाक्षात्कारतः पूर्वं "तमेव भान्तमनुभातिसर्व"मित्युक्तत्वात् तत्प्रकाशानुप्रकाशितार्कादिज्योतींषि प्रकटी भवन्ति॥

भा०-अब ४ श्लोकों से यह कहते हैं कि साधन करते हुये योगी में साधारण मनुष्यों की अपेक्षा से विलक्षणता वा विशेष क्या २ होता जाता है-

(योगे) योग करते समय (नीहारधूमार्कानिलाऽनलानाम्)कुहर, धूम, सूर्य, वायु, अग्नि, (खद्योतविद्युत्स्फटिकशशीनाम्) पटबीजना वा जुगनू, बिजुली, स्फटिक पाषाणविशेष और चन्द्रमा इन के (एतानि) ये (रूपाणि) रूप (पुरस्सराणि)आगे से (ब्रह्मणि, अभिव्यक्तिकराणि) ब्रह्म का साक्षात्कार करानेवाले होते हैं। तात्पर्य यह है कि "तमेवभान्तमनुभाति सर्वम्" इस प्रमाण के अनुसार सूर्यादि की ज्योतियों में भी परमात्मा के अनुग्रह से प्रकाश है अर्थात् परमात्मा के प्रकाश से ये प्रकाशित हो रहे हैं, सो ब्रह्मज्योति के प्रकट होने से पूर्व ये ज्योतियां योगी को प्रकट होती हैं॥११॥

पृथ्व्यप्तेजोनिलखे समुत्थिते पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्ते।
न तस्य रोगो न जरा न मृत्युःप्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्॥१२

पदपाठः-पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे, समुत्थिते, पञ्चात्मके, योगगुणे, प्रवृत्ते ७। न अ०। तस्य ६। रोगः १।न। जरा १। न। मृत्युः१ ।प्राप्तस्य ६। योगाग्निमयम्, शरीरम् २॥

अन्वितपदार्थः-(पञ्चात्मके)पञ्चमहाभूतमये तदेव विवृणोति (पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे) पृथ्वी चापश्च तेजश्चाऽनिलश्च खं च तेषां समाहारस्तस्मिन् (समुत्थिते) विजिते(योगगुणे)योगस्याऽष्टाङ्गयुक्तस्य गुणोविषयानासक्त्यादिस्तत्र(प्रवृत्ते)प्रवृत्तिंकुर्वति सति (तस्य) पञ्चभूतविजयिनो योगिनः सिद्धस्य (न,रोगः) शिरोक्षि-

रोगातिसारज्वरादिर्न(न,जरा)शरीरवैरूप्यसम्पादिनी पलितादिलक्षणा वृद्धावस्थाऽपि न (न,दुःखम्) इष्टवियोगादनिष्टप्राप्तेश्च प्रतिकूलवेदनीयं बाधनालक्षणं दुःखं च न भवति। न मृत्युरिति पाठेऽवान्तरमृत्युर्नेतिव्याख्येयम्। किम्भूतस्य तस्य (योगाग्निमयं, शरीरं,प्राप्तस्य) यथासुवर्णमग्नौक्षिप्तमग्निरिवभाति तथैव योगतेजसि सम्प्राप्ते विनाशि पाञ्चभौतिकमपि शरीरं योगाग्निमयं भवति, तत्, प्राप्तस्य योगिनः ॥

अत्र "योगगुणे" इतिपदव्याख्यानं कुर्वता शङ्करानन्देनाऽद्वैतिना "योगस्याष्टाङ्गयुक्तस्य सोऽहमस्मीतिज्ञानफलस्य" इत्युक्तंतत्स्पष्टममूलम्। विज्ञानभगवता च "योगाग्निमयं शरीरं प्राप्तस्य" इत्यस्य व्याख्यायाम् "तदहमस्मीत्यभिसन्तुरुक्तफलं सिध्यति" इत्यपि निर्मूलमेवोक्तम् ॥

भा०–(पञ्चात्मके) पञ्चतत्त्व से बने अर्थात् (पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे) पृथ्वी जल तेज वायु आकाश के समाहार देह के (समुत्थिते) विजयप्राप्त करने वा वशीकृत होने पर और (योगगुणे) योग का फल (प्रवृत्ते) प्रवृत्त होने पर (योगाग्निमयं शरीरं, प्राप्तस्य) योग के तेजोमय, शरीर को, प्राप्त हुवे (तस्य) उस योगी को (न, रोगः) न, रोग हो (न,जरा) न,बुढ़ापा हो (न,दुःखम्) न,दुःख होता है॥ अर्थात् जब योगी पञ्चभूत का विजय कर लेता है तो उस अष्टाङ्गयोगयुक्त पुरुष को ज्वर अतीसार पीड़ा आदि रोग नहीं होते, शरीर को विरूप करने वाला बालों को पकाकर गिराने वाला बुढ़ापा नहीं आता, इष्टाऽनिष्ट से पृथक् हो जाता है इसलिये वाञ्छित के अलाभ और अवाञ्छित के लाभ से होने वाला प्रतिकूल बुरा लगने वाला कोई भी दुःख नहीं सताता, किसी २ पुस्तक में "दुःखम्" के स्थान में "मृत्युः" पाठ है इस की व्याख्या यह समझनी चाहिये कि अकाल मृत्यु भी योगी को नहीं सताता। योगाग्निमयशरीर बन जाता है। जैसे सुवर्ण को अग्नि में डाल दो तो सुवर्ण रहता तो है नष्ट तो नहीं होता परन्तु अग्नि की ज्योति उस सुवर्ण में व्याप जाती है और उसे कोई डर के मारे नहीं छूता इसी प्रकार योगी ने जो अपने आत्मा को परमात्मा के ध्यान में लगाकर ज्योति और अपूर्व तेज प्राप्त कर लिया अब डर के मारे रोगादि उस से दूर रहते हैं। "योगाग्निमयं शरीरम्" के अर्थ में विज्ञानभगवत् ने जो यह अर्थ किया है कि "मैं वही हूं ऐसा मानने वाले को उक्त फल सिद्ध हो जाता है" सो मूल में इस के लिये कोई पद न होने से निर्मूल है। और शङ्करानन्द ने अपनी टीका में अद्वैतपक्षपात से "योगगुणे" के अर्थ में "मैं वही हूं" इत्यादि भी निर्मूल ही लिखा है ॥ १२ ॥

लघुत्वमारोग्यमलोलुपत्वं वर्णप्रसादं स्वरसौष्ठवं च । गन्धः शुभो मूत्रपुरीषमल्पं योगप्रवृत्तिं प्रथमां वदन्ति ॥ १३ ॥

पदपाठः—लघुत्वम्, आरोग्यम्, अलोलुपत्वम्, वर्णप्रसादम्, स्वरसौष्ठवम् २ । च अ० । गन्धः, शुभः १ । मूत्रपुरीषम्, अल्पम्, योगप्रवृत्तिम्, प्रथमाम् २ । वदन्ति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(लघुत्वम्) देहस्याऽगौरवम् (आरोग्यम्) रोगराहित्यम् (अलोलुपत्वम्) विषयलाम्पट्याऽभावम् (वर्णप्रसादम्) मुखाद्याकृतिसौकुमार्यम् (स्वरसौष्ठवम्)स्वरस्य सुष्ठुतां स्निग्धताम्(शुभःगन्धः)शुभंगन्धमितिवक्तव्ये विभक्तिव्यत्ययः । (अल्पं मूत्रपुरीषम्) प्रस्रावपुरीषयोरल्पत्वम् (च) च शब्देन वैरत्यागादिकं च (प्रथमाम्) आदौभवाम् (योगप्रवृत्तिम्) तत्फलम् (वदन्ति) तदाचार्य्या इति शेषः ॥

भा०-(लघुत्वम्) देह का हलकापन (आरोग्यम्) रोगरहित होना (अलोलुपत्वम्) निर्लोभपना (वर्णप्रसादम्) आकृति की प्रसन्नता (स्वरसौष्ठवम्) स्वर का मधुर होना (शुभः, गन्धः) अच्छा गन्ध (अल्पम्) थोड़ा (मूत्रपुरीषम्)मूत्र और विष्ठा (च) और वैरत्यागादि चिन्ह को (प्रथमाम्) प्रथम (योगप्रवृत्तिम्) योग की प्रवृत्ति (वदन्ति) [योग के आचार्य] कहते हैं ॥

तात्पर्य यह है कि योगी के ये चिन्ह हैं कि देह हलका,नीरोग, निर्लोभ सुन्दर, मधुरगम्भीर ध्वनि, सुगन्धि, और मूत्र विष्ठा जिस को थोड़े हों तौ जानो कि यह पुरुष योग और ध्यान में परिपक्व होता जाता है ॥१३॥

यथैव बिम्बं मृदयोपलिप्तं तेजोमयं भ्राजते तत्सुधान्तम् । तद्वाऽऽत्मतत्त्वंप्रसमीक्ष्यदेहीएकःकृतार्थोभवतेवीतशोकः॥१४॥

पदपाठः—यथा, एव अ० । बिम्बम् १ । मृदया ३ । उपलिप्तम्, तेजोमयम् १ । भ्राजते क्रि० । तद्, सुधान्तम्, तत १ । वा अ० । आत्मतत्त्वम् २ । प्रसमीक्ष्य,अ० । देही, एकः १। भवते क्रि०। वीतशोकः१ ॥

अन्वितपदार्थः-(यथैव) (बिम्बम्) सौवर्णादि (मृदया) मृदा (उपलिप्तम्) मालिन्यं प्रापितं यत् (तत्) तदेव पुनः (सुधान्तम्) सुष्ठु

धौतम् । सुधान्तमित्यार्षम् । (तेजोमयम्) (भ्राजते) प्रकाशते (तद्वा) तदिव (देही) जीवात्मा (आत्मतत्त्वम्) आत्मा चात्मा चात्मानौ तयोस्तत्त्वम् (प्रसमीक्ष्य) ज्ञात्वा (एकः) स्वयम् (कृतार्थो, भवते) कृतकृत्यो जायते । आत्मनेपदमार्षम् । (वीतशोकः) विगतसकलशोकश्च जायते ॥

यथा मृदादिना मालिन्यं गतं सुवर्णपिण्डादिकं तदेव च मार्जनादिना संस्कृतं सत् प्रकाशं प्राप्नोति, तथैवाऽविद्यादिमलिनीभूतेन जीवात्मना स्वात्मपरमात्मस्वरूपे न बुध्येते । परं यदा शमदमादिसाधनैर्योगाभ्यासेन चाऽविद्यादयो मालिन्यप्रत्यायका दोषा नष्टा भवन्ति तदा आत्मस्वरूपं विज्ञाय परमात्मस्वरूपमपि ज्ञातुमर्हति ॥

भा०-(यथैव) जिस प्रकार (बिम्बम्) सुवर्णादि पिण्ड (मृदया) मिट्टी से (उपलिप्तम्) सना हुवा भी (तत्) वही (सुधान्तम्) धोया हुवा (तेजोमयम्) तेजोमय (भ्राजते) चमकने लगता है । (तद्वा) उसी प्रकार (देही) योगाभ्यासी जीवात्मा (आत्मतत्त्वम्) आत्माओं के तत्त्व को (प्रसमीक्ष्य) जानकर (एकः) अकेला (कृतार्थः) कृतकृत्य और (वीतशोकः) शोकरहित (भवते) हो जाता है ॥

अर्थात् जीवात्मा को अविद्यादि मैल के जमजाने से अपना स्वरूप भी ज्ञात न हो अर्थात् यह इस बात को भी नहीं जानता कि मैं देह से भिन्न चित्सत् हूं । जब यह अपने स्वरूप को जानने लगता है कि देहेन्द्रियसंघात का चलाने वाला मैं इस से भिन्न चेतन हूं तब इसके अविद्यादि मैल दूर हुवे । और तभी यह भी जानना सुगम होजाता है कि जैसे देहेन्द्रियसंघात को मैं चलाता हूं वैसे ही ब्रह्माण्डसंघात को परमात्मा चलाते हैं, जो इससे भिन्न चेतन हैं ॥ १४ ॥

पूर्वोक्तप्रकारेण प्राप्तवैलक्षण्यः स योगी कां गतिमाप्नोतीत्याह-

यदात्मतत्त्वेन तु ब्रह्मतत्त्वं दीपोपमेनेह युक्तः प्रपश्येत् ।
अजं ध्रुवं सर्वतत्त्वैर्विशुद्धं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ॥१५॥

पदपाठः-यदा अ० । आत्मतत्त्वेन ३ । तु० अ० । ब्रह्मतत्त्वम् २ । दीपोपमेन ३ । इह अ० । युक्तः १ । प्रपश्येत् क्रि० । अजम्, ध्रुवम् २ । सर्वतत्त्वैः ३ । विशुद्धम् २ । ज्ञात्वा अ० । देवम् २ । मुच्यते क्रि० । सर्वपाशैः ३ ॥

अन्वि०-(युक्तः) सिद्धयोगः (यदा) यस्मिन्काले (दीपोपमेन) दीप उपमा यस्य तेन। यथा दीपोऽल्पप्रकाशस्तथाऽल्पज्ञेन (आत्मतत्त्वेन) आत्मना साधनेन नत्विन्द्रियादिबाह्यसाधनैः (ब्रह्मतत्त्वम् प्रपश्येत्) (इह) तदा (अजम्) जन्मरहितम् (ध्रुवम्) निश्चलं कूटस्थम् (सर्वतत्त्वैः, विशुद्धम्) सर्वतत्त्वेभ्योऽधिकं विशुद्धं न ततोऽधिकं किञ्चिदपि शुद्धमस्ति (देवम्) परमात्मानम् (ज्ञात्वा) (सर्वपाशैः) सर्वबन्धैः (मुच्यते)॥

जीवात्माऽऽत्मतत्त्वेनैव ब्रह्मतत्त्वं प्रपश्येत्। अतीन्द्रियत्वादिन्द्रियैर्विषयीकर्त्तुमशक्यत्वाद् ब्रह्मणः। स्वयं जीवात्मा दीपसमोऽल्पप्रकाशोऽल्पज्ञः। जीवात्मा देहसम्बन्धेन सजन्मा स चाऽजः। जीवात्मा गतिमान् स च ध्रुवो निश्चलः इत्यपि विशेषणैः स्पष्टीकृतं वेद्यम्॥

भा०-पूर्व ४ श्लोकों से योगी की विलक्षणता कही, अब यह कहते हैं कि वह किस गति को प्राप्त होता है:-

(युक्तः) सिद्ध योगी (यदा) जब (दीपोपमेन) दीपक के समान (आत्मतत्त्वेन) अपने स्वरूप से (ब्रह्मतत्त्वम्) परमात्मा को (प्रपश्येत्) देखे (इह) तब (अजम्) अजन्मा (ध्रुवम्) निश्चल (सर्वतत्त्वैर्विशुद्धम्) सब से अधिक पवित्र (देवम्) परमात्मा को (ज्ञात्वा) जान कर (सर्वपाशैः) सब बन्धनों से (मुच्यते) छूट जाता है॥

तात्पर्य यह है कि तब जीवात्मा मोक्षधाम को प्राप्त हो जाता है जब कि वह अपने स्वरूप से परमेश्वर के स्वरूप को देखता है। "अपने स्वरूप से,, यह इस लिये कहा है कि वह आंख आदि किसी इन्द्रिय से नहीं देखा जाता जीवात्मा से ही देखा जाता है। इसके बन्धन क्यों छूट जाते हैं, इसलिये कि परमात्मा के प्रसाद से। वह अज है इसका भी योन्यन्तरों और जन्मान्तरों का भागना दौड़ना छूट जाता है। वह पवित्र है, इस के भी मल छूट जाते हैं॥ १५॥

उक्तमजं ध्रुवं सर्वतत्त्वैर्विशुद्धं परमात्मानं द्वाभ्यां विशिष्य नमस्कृत्य चाऽध्यायं समापयति—

एषो ह देवः प्रदिशोऽनु सर्वाः पूर्वो ह जातः
स उ गर्भे अन्तः। स एव जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ् जनांस्तिष्ठति सर्वतोमुखः॥१६॥

पदपाठः-एषः १। ह अ०। देवः १। प्रदिशः २। अनु अ०। सर्वाः २। पूर्वः १। ह। जातः, सः १। उ अ०। गर्भे ७। अन्तः अ०। सः। एव अ०। जातः, सः, जनिष्यमाणः, प्रत्यङ् १। जनान् २। तिष्ठति क्रि०। सर्वतोमुखः १॥

अन्वितपदार्थः-पूर्वमज्ञानसमयेऽविज्ञातं परमात्मानमाविर्भूतज्ञानचक्षुष्को योगी साक्षात् दृष्ट्वाऽऽह (एषः, ह, देवः) पूर्वमविज्ञातोऽयमेवास्ति (पूर्वो, ह, जातः) पूर्वमपि प्रसिद्धः (सः, उ, अन्तः, गर्भे) स एव अन्तर्यामितया सर्वस्यान्तर्निविष्टः (सः, एव, जातः) सएव भूतकालवर्त्ती (सः, जनिष्यमाणः) स एव भविष्यत्कालवर्त्ती। वर्त्तमानस्य भूतभविष्यतोरन्तर्गतत्वान्नोल्लेखः। (सर्वतोमुखः) सर्वद्रष्टा न कस्माच्चिदपि पराङ्मुखः (सर्वाः) समस्ताः (प्रदिशः) दिशोऽन्तरालदिशश्च (जनान्) उत्पत्तिमतः पदार्थान् (अनु) व्याप्य। अन्विति-कर्मप्रवचनीयस्य योगे जनानिति प्रदिशः इति च द्वितीया। (प्रत्यङ्) अतीन्द्रियत्वेन (तिष्ठति) वर्त्तते॥

योगी परमात्मानं साक्षात्कृत्य मुक्तिमवाप्येदमाह-एष एव स देवः यं प्राप्तुकामेन मयाऽनुष्ठितो योगः। एष भूतभव्यवर्त्ती। एष सर्वव्यापकोऽपि न सर्वैर्दृश्यते निराकारत्वात् प्रत्यक्स्थितत्वाच्च॥

भा०-पूर्व श्लोक में अज ध्रुव आदि विशेषणविशिष्ट परमात्मा को अज्ञान समय में न जानने वाला फिर ज्ञान होने से योगद्वारा जान कर परमात्मा को साक्षात् करता हुवा कहता है कि-(एषः) यह (ह) ही (देवः) देव है (पूर्वः, ह, जातः) जो पहले, ही, वर्त्तमान है। (सः) वह (उ) ही (गर्भे) अदृश्यस्थान में (अन्तः) भीतर व्यापक है। (सः, एव, जातः) वह, ही, भूतकाल में था (सः, जनिष्यमाणः) वही, भविष्यत् में होगा (सर्वतोमुखः) वह सब ओर देखता है (जनान्) उत्पत्तिवाले पदार्थों में (सर्वाः) समस्त (प्रदिशः) दिशाओं में (अनु) व्यापकर (प्रत्यङ्) अप्रत्यक्षभाव से (तिष्ठति) वर्त्तमान है॥

अर्थात् जिस योगी ने योगाभ्यास और परमात्मा के साक्षात्कार से पूर्व कभी उस परमात्मा को देख पाया था अब आत्मा से देखकर आश्चर्य से कहता है कि अहा! यही देव है जो सर्व दिशा विदिशाओं में वर्त्तमान है, यही है जो मेरे जानने के पूर्व भी था, यही है जो भूत और भविष्यत् दोनों कालों में एकरस है, यही है जो सब के भीतर अन्तर्यामी होकर छिपा हुवा है। "प्रत्यङ्" इन्द्रियों से नहीं जाना जाता था। इस को देखकर अगले श्लोक में

यह मुक्त जीव उस परमात्मा को स्तुति करके नमस्कार करता है ॥ १६ ॥

मुक्तिमापन्नो जीवात्मा तावदानन्देन परमात्मानं स्तुत्वा नमस्करोति-इत्याह-

यो देवो अग्नौ यो अप्सु यो विश्वं भुवनमाविवेश ।
य ओषधीषु यो वनस्पतिषु तस्मै देवाय नमो नमः॥ १७॥

इति श्वेताश्वतरोपनिषदि द्वितीयोऽध्यायः ॥२॥

पदपाठः-यः, देवः १ । अग्नौ ७ । यः । अप्सु ७। विश्वम्, भुवनम् २ । आविवेश क्रि० । यः । ओषधीषु ७ । यः । वनस्पतिषु ७ । तस्मै, देवाय ४ । नमः, नमः अ० ॥

अन्वितपदार्थः-हे परमात्मन् ! (यः) भवान् (अग्नौ) वह्निदेवस्यापि प्रकाशकत्वेन तत्रापि स्थितः (यः) (अप्सु) जले (यः) (ओषधीषु) यवादिषु (यः) (वनस्पतिषु) वटादिषु । किम्बहुना (यः, विश्वं, भुवनम्, आविवेश, तस्मै, देवाय) (नमो नमः) वारं वारं नमोऽस्तु ॥

इति तुलसीरामस्वामिकृते श्वेताश्वतरोपनिद्भाष्ये योगविषयको
द्वितीयोध्यायः ॥ २ ॥

भा०-मुक्ति पाय आनन्दित हो जीवात्मा हर्ष के मारे स्तुति करने लगता है और कहता है कि-हे परमात्मन् ! (यः) जो आप (अग्नौ) अग्नि में, (यः) जो आप (अप्सु) जल में, (यः) जो आप (ओषधीषु) जौ आदि में,(यः) जो आप (वनस्पतिषु) वट आदि में, (यः) जो आप (विश्वम्) सब (भुवनम्) जगत् में (आविवेश) व्यापक होके स्थित हैं (तस्मै) उन आप (देवाय) दिव्यस्वरूप को (नमोनमः) वारंवार नमस्कार है ॥

अर्थात् अग्नि जल ओषधि वनस्पति और कहां तक गिनावें सारे जगत् में व्यापक हैं, भगवन् ! आप को अनेकशः नमस्कार हैं । धन्य हो ! प्रभो ! धन्य हो !! ॥ १७ ॥

यह तुलसीरामस्वामिकृत श्वेताश्वतरोपनिद्भाष्य में योगविषयक
द्वितीय अध्याय पूरा हुवा ॥ २ ॥

अथ तृतीयोऽध्यायः

अथास्मिंस्तृतीयेऽध्याये मुक्तात्मना परमानन्दसन्दोहभाजा परमानन्दप्रदाता परमात्मोपनिषद्वाक्यैः कुत्रचित् वेदमन्त्रैश्च स्तूयते-

य एकोजालवानीशतईशनीभिःसर्वांल्लोकानीशतईशनीभिः।
य एवैक उद्भवे संभवे च य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति ॥१॥

पदपाठः—यः, एकः, जालवान् १ । ईशते क्रि० । ईशनीभिः ३ । सर्वान्, लोकान् २ । ईशते । ईशनीभिः । यः । एव अ० । एकः । उद्भवे, संभवे ७ । च अ० । यः । एतद् २ । विदुः क्रि० । अमृताः, ते १ । भवन्ति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(यः) (एकः) अद्वितीयः (जालवान्)यत्र जन्तवो बन्धमाप्नुवन्ति तज्जालमित्युच्यते परमात्मव्यवस्थायां चापि यथाकर्म यथाश्रुतं जन्तवो स्वानुष्ठितकर्मफलभोगाय बद्धा ईशतन्त्रा भवन्ति।सा व्यवस्थैव जालमिव कर्मानुसारिबन्धनसाधनीभूताऽस्यास्तीति जालवान् (ईशनीभिः) ईश्यत आभिरिति ईशन्यः परमात्मशक्तयस्ताभिः। करणाधिकरणयोश्च (३ । ३ । ११७)इति ल्युट् । टित्त्वात्–टिड्ढाणञ्० (४। १ । १५)इतिङीप् । (ईशते) ईष्टे स्वायत्तीकरोति। बहुलं छन्दसि (२ ।४। ७३) इति शपो लुगभावः। ईशधातोः कर्मविवक्षायामाह (सर्वान्) समस्तान् (लोकान्) पृथिव्यादीन् (ईशनीभिः, ईशते) पुनर्वचनं कर्मविनिवेशार्थम् । (यः)(एकः,एव) अद्वितीयः, एव (उद्भवे) सृष्टौ (सम्भवे) प्रलये (च) अर्थात् योऽसहाय एव जगदुत्पादयति नाशयति न हि तेन कस्यचित्साहाय्यमपेक्ष्यते । (ये) ज्ञानिनः (एतत्) उक्तं परं ब्रह्म (विदुः) जानन्ति (ते, अमृताः, भवन्ति) ॥ इदमुक्तं भवति–स्थितौ जन्ममरणयोश्च स एव सर्वस्येशितेति ॥

भा०—अब इस तीसरे अध्याय में, परमानन्द को प्राप्त हुआ मुक्त पुरुष, परमानन्द के दाता परमात्मा की स्तुति करता है–(यः) जो (एकः) अद्वितीय (जालवान्) जालवाला (ईशनीभिः) अपनी शक्तियों से (ईशते) वश में करता है (सर्वान्) सब (लोकान्) लोकों को (ईशनीभिः) स्वशक्तियों से (ईशते) स्वाधीन करता है (यः) जो (एकः, एव) अकेला, ही (उद्भवे) रचना में (च) और (सम्भवे) प्रलय में भी। (ये) जो लोग(एतत्)इस को (विदुः) जानते हैं (ते) वे (अमृताः) मुक्त(भवन्ति) हैं ॥

जिस प्रकार जाल में पकड़े हुवे जन्तु जहां तहां को नहीं भाग सके किन्तु जहां जिस प्रकार जाल वाला रखता है वहां वैसे रहते हैं इसी प्रकार पर-

मात्मा की व्यवस्था वा नियमरूप जाल है उस में कर्मानुकूल बन्धे हुवे जन्तु छूट नहीं सकते किन्तु समस्त लोकों के निवासी जीवात्मा और वे पृथिव्यादि लोक भी परमात्मा के न्याय नियम के आधीन हैं। यह तौ सृष्टि के वर्त्तमान समय में परमात्मा की व्यवस्था कही। और उत्पत्ति तथा प्रलय में भी वही एक उत्पादक और संहारकारक है। इस से यह कहा गया कि जन्म मृत्यु भी उसी के आधीन हैं। अर्थात् कर्मानुसार जन्म मरण की भी व्यवस्था वही करता है॥१॥

एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुर्य इमांल्लो-
कानीशत ईशनीभिः। प्रत्यङ् जनांस्तिष्ठति संचु-
कोचान्तकाले संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपाः॥२॥

पदपाठः-एकः १। हि अ०। रुद्रः १। न अ०। द्वितीयाय ४। तस्थुः क्रि०। यः। इमान्, लोकान् २। ईशते क्रि०। ईशनीभिः ३। प्रत्यङ् १। जनान् २। तिष्ठति क्रि०। संचुकोच क्रि०। अन्तकाले ७। संसृज्य अ०। विश्वा २। भुवनानि २। गोपाः १॥

अन्वितपदार्थः-(यः) पूर्वश्लोकोक्तः (इमान्) प्रत्यक्षैकदेशान् (लोकान्) पृथिव्यादीन् (ईशनीभिः,ईशते), (विश्वा) समस्तानि (भुवनानि) भूमण्डलादीनि (संसृज्य) उत्पाद्य (गोपाः) गौः पृथ्वी तदुपलक्षितान् लोकान् पाति रक्षति सः (अन्तकाले) प्रलयसमये (संचुकोच) संजहार (जनान्) प्राणिनः (प्रत्यङ्) अन्तर्यमयन् (तिष्ठति) वर्त्तते सः (रुद्रः) पापिनां रोदयिता (एकः,हि) एक एव। अतएव। (द्वितीयाय) अपरस्मै (न, तस्थुः) अन्यस्योपासनं न चक्रुर्ब्रह्मविद इति शेषः॥

मुक्तः पुरुषोऽद्वितीयमेकं परमात्मानं साक्षात्कृत्य पूर्वं यत्सङ्गेन ज्ञानं प्राप्तवांस्तान्स्मृत्वाह-अहो! जगतः स्रष्टा गोपाः रक्षिता। गोप्ता इति पाठेऽपि स एवार्थः। संहर्त्ता। सर्वान्तर्यामी। सर्वलोकेश्वरः। एक एवाऽयमस्ति अतएव पूर्वे ममोपदेष्टारः द्वितीयस्योपासनं न चक्रुरिति॥

भा०-(यः) जो (इमान्) इन (लोकान्) लोकों को (ईशनीभिः) शक्तियों से (ईशते) स्वाधीन करता है, (विश्वा) सब (भुवनानि) लोकों को (संसृज्य) रचकर (गोपाः) लोकों का रक्षक है (अन्तकाले) प्रलय काल में (संचुकोच) संहार करता है (जनान्) प्राणियों के (प्रत्यङ्)

अन्तःस्थित हुवा (वर्त्तते) वर्त्तमान है, वह (रुद्रः) रुद्र (एकः,हि) एक ही है (द्वितीयाय) दूसरे के लिये [ब्रह्मवादी लोग] (न) नहीं (तस्थुः) ठहरे अर्थात् दूसरे की उपासना नहीं की ॥

वह मुक्त पुरुष कहता है कि अहो ! जो सब लोकों को उत्पन्न करके पालन और प्रलय करने का सामर्थ्य रखता है, जो सब का अन्तर्यामी है, सब लोकों का स्वामी है, वह रुद्र " एक " ही है इसी से मेरे पूर्व ज्ञान के उपदेष्टा ब्रह्मवादी किसी अन्य की उपासना नहीं करते थे । ऐसा अपने पूर्व ज्ञानोपदेष्टाओं को लक्ष्य करके कहता है ॥ २ ॥

परमात्मनःस्तुतिविषयकमृग्वेदीयाऽष्टमाष्टकस्यतृतीयाऽध्यायस्य षोडशवर्गस्थं मन्त्रं पठति-

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात् ।
संबाहुभ्यां धमति संपतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन्देव एकः ॥ ३ ॥

पदपाठः-विश्वतश्चक्षुः १ । उत अ० । विश्वतोमुखः, विश्वतोबाहुः १ । उत । विश्वतस्पात् १ । सम् अ० । बाहुभ्याम् ३ । धमति क्रि० । सम् । पतत्रैः ३ । द्यावाभूमी २ । जनयन्, देवः, एकः १ ॥

अन्वितपदार्थः-नन्वेकः सन् कथं सर्वाँल्लोकानीष्टे सर्वतः सर्वसामर्थ्यवत्त्वादित्याह-(विश्वतश्चक्षुः) सर्वतोद्रष्टा (उत) चार्थे (विश्वतोमुखः) सर्वतोऽपि समक्षः (विश्वतोबाहुः) सर्वतः करणसामर्थ्यवान् (उत) (विश्वतस्पात्) सर्वतः स्थितिमान् एवं सर्वत्र सर्वशक्तिमान् (एकः, देवः) स्वयमेव सर्वस्य प्रकाशकः (द्यावाभूमी) प्रकाशमानाऽप्रकाशमानभेदभिन्नान्सर्वलोकान् द्युशब्देन प्रकाशमानानां भूमिशब्देनचाप्रकाशमानानां सर्वेषां लोकानां ग्रहणं न केवलयोः सूर्य्यपृथिव्योः, पूर्वश्लोके सर्वांल्लोकानीशतइत्युक्तत्वात् तस्यैव चापि प्रपञ्चयमानत्वात् (बाहुभ्याम्) स्वकीयसर्वकरणसामर्थ्येन (सं,जनयन्) उत्पादयन् रचयन् सन् (पतत्रैः) पतनशीलैः प्राणैः (सं, धमति) प्राणयति ॥

अत्र केचिदाहुः-हस्तपादादिसाधनैर्विना विश्वरचनाया घटरचनाया इवाशक्यत्वाद् हस्तपादादिशब्दानां स्पष्टमत्र विन्यासदर्शनाच्च मनुष्यादिष्विव परमात्मन्यपि स्थूलभौतिकमुखादीन्यङ्गानि प्रत्येतव्यानि इति। नैतदुपपद्यते मनुष्यादिदेहगता जीवात्मान एकदेशीयाः केवलं हृदयदेशनिषण्णाः बहिर्गतान्

घटपटादिपदार्थान् नैव चक्षुषा विना द्रष्टुं, त्वचा विना स्प्रष्टुं,पद्भ्यां विना स्यातुं, रसनया विना स्वादितुं च शक्नुवन्ति, क्रमेण,दृश्यस्य स्पृश्यस्य स्थान-स्याऽऽस्वाद्यस्य च हृदयदेशाद्भिन्नदेशवर्त्तित्वात्। न ह्यन्यदेशस्थोऽन्यदेशस्थं मध्यस्थसाधनैर्विनाऽनुभवितुं शक्नोति । न तथा परमात्मनि शङ्केयमुपपद्यते सर्वगत्वात्सर्ववस्तुष्वभिन्नदेशीयत्वेन वर्त्तमानत्वात् ॥

भा०-यदि पूर्व श्लोक में कहे अनुसार परमात्मा एक है तो वह अकेला सर्व लोकों पर कैसे ऐश्वर्य्य करता है।इस शङ्का के उत्तर में कहते हैं कि वह एक है परन्तु सर्वत्र सर्वशक्तियों सहित व्यापक है। यह मन्त्र ऋग्वेद अष्टक ८ अध्याय ३ वर्ग १६ में का है कि-(विश्वतश्चक्षुः) सर्वत्र देखता है (उत) और (विश्वतोमुखः) सर्वत्र सम्मुख है (विश्वतोबाहुः) सर्वत्ररचना शक्तिवाला है (उत) और (विश्वतस्पात) सर्वत्र स्थिति वाला (एकः) अकेला (देवः) देव (द्यावाभूमी) प्रकाशमान और अप्रकाशमान सब लोकों को (बाहुभ्याम्) रचना के सामर्थ्य से (सं, जनयन्) अच्छे प्रकार उत्पन्न करता हुवा (पतत्रैः) प्राणों से (सं, धमति) जीवित करता है ॥

इस मन्त्र में आये द्यावाभूमी पद से समस्त प्रकाशमान और अप्रकाश-मान लोकों का ग्रहण इसलिये किया है कि पूर्व श्लोक में "सर्वाँल्लोकानीशते" सब लोकों पर ऐश्वर्य करता है। यह कह चुके हैं । उस के विपरीत नहीं। तथा द्यु शब्द से सूर्य और भूमि शब्द से पृथिवी का ग्रहण करें तो यह शङ्का रहेगी कि अन्य लोकों का स्रष्टा क्या अन्य कोई है ? इस लिये द्यु शब्द से प्रकाशमान और भूमि शब्द से पृथिवी के तुल्य विना प्रकाश वाले सब लोकों का ग्रहण करना चाहिये । बहुत लोग कहते हैं कि हस्तपादादि अवयवों के विना जैसे कुम्भार घड़ा नहीं बना सक्ता ऐसेही हाथ पांव आदि के विना परमात्मा भी जगत् की रचना आदि नहीं कर सक्ता और प्रत्यक्ष भी इस मन्त्र में बाहु चक्षु पाद मुख शब्द आये हैं इस लिये परमात्मा में भी मुखादि स्थूल भौतिक अङ्ग हैं।ऐसा अर्थ ठीक होता है । उत्तर-मनुष्यादि देहधारी जीवात्मा लोग इन्द्रियों के विना अपना काम इसलिये नहीं करसक्ते कि वे जीवात्मा एक-देशीय केवल अपने २ देहस्थ हृदय में वास करते हैं और जिस वस्तु को वे देखा छूना चखना सुनना सूंघना चाहते हैं,वह वस्तु बाहर अन्यदेश में है, इस कारण वे जीवात्मा, मध्यस्थ इन्द्रियों के विना उन उन वस्तुओं को न छू सकते हैं, न पी सकते हैं, न देख सकते हैं, न चख सकते हैं । दृष्टान्त में

कुम्हार का जीवात्मा उस के हृदय में है, मिट्टी चाक पर है जो कि उस के हृदय से बहुत दूर है, इस लिये जीवात्मा उस मिट्टी को विना हाथ रूपी मध्यस्थ साधन के कैसे छुवे। यथार्थ में तो देखने छूने सुनने चखने वाला जीवात्मा ही है तथापि दूरी पर सब पदार्थ हैं इस लिये इन्द्रियों के विना उन का ग्रहण नहीं हो सकता परन्तु जैसे परमात्मा जीवात्मा के समीप क्या उस में व्यापक ही है उस परमात्मा के ग्रहण में किसी इन्द्रिय की आवश्यकता नहीं इसी प्रकार परमात्मा सर्वत्र है उस से कोई वस्तु दूर नहीं इस लिये उसे किसी वस्तु के देखने के लिये मध्यस्थ आंख की आवश्यकता नहीं, सुनने के लिये कान की, चखने के लिये रसना की, पकड़ने के लिये हाथों की, वा ठहरने के लिये पाओं की आवश्यकता नहीं। इस लिये इस मन्त्र का यह अर्थ ठीक है कि सब ओर देखता है। सब ओर सन्मुख है। सब ओर से पकड़े हुवे है। सब ओर से ठहरा हुवा है इत्यादि। और सभी अपने सामर्थ्य रूप इन्द्रियसमुदाय से जगत् को रचता और प्राण देता—जिवाता है॥

यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वाधिपोरुद्रोमहर्षिः।
हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वं स नो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु॥४॥

पदपाठः—यः १। देवानाम् ६। प्रभवः १। च अ०। उद्भवः १। च। विश्वाधिपः, रुद्रः, महर्षिः १। हिरण्यगर्भम् २। जनयामास क्रि०। पूर्वम् २। सः १। नः २। बुद्ध्या, शुभया ३। संयुनक्तु क्रि०॥

अन्वितपदार्थः—(यः)पूर्वोक्तः (देवानाम्) अग्निवाय्वादीनाम् (प्रभवः) उत्पत्तिस्थानम्-यस्मादाधारभूतात् सर्वदेवोत्पादः न तु उपादानभूतात् "न तस्य कार्य्यमिति वक्ष्यमाणत्वात्"। (च)पुनरर्थे (उद्भवः)लयस्थानम् (च)स्थितिस्थानम्(विश्वाधिपः) सर्वेश्वरः (रुद्रः) पापिनो दुष्टान् रोदयति स न्यायकारी (महर्षिः)महांश्चासावृषिश्चेति महर्षिः सर्वज्ञः (पूर्वम्) सर्गारम्भे (हिरण्यगर्भम्) हिरण्यानि सूर्य्यादीनि तेजांसि गर्भे यस्य तं ब्रह्माण्डम् (जनयामास)उत्पादयामास (सः)(नः)अस्मान् (शुभया,बुद्ध्या)पवित्रया, मत्या (संयुनक्तु) सम्यक् युक्तान्करोतु॥

भा०—(यः) जिस (देवानाम्) देवतों के (प्रभवः) उत्पत्तिस्थान (च) और (उद्भवः) लयस्थान (च) और स्थितिस्थान (विश्वाधिपः) सब के स्वामी (रुद्रः)

पापियों के रुलाने वाले (महर्षिः) सर्वज्ञ ने (पूर्वम्) प्रथम (हिरण्यगर्भम्) ब्रह्माण्ड को (जनयामास) उत्पन्न किया (सः) वह (नः) हम को (शुभया, बुद्ध्या) अच्छी बुद्धि से (संयुनक्तु) युक्त करे ॥

अग्नि वायु आदि सब देवता परमेश्वर ही के आधार में से उत्पन्न हुवे उसी में स्थित हैं और उसी में लय को प्राप्त होते हैं। वही सब का स्वामी है। वह दुष्टों को दण्ड देता, न्यायकर्त्ता है। वह बड़ा ऋषि-ज्ञानी है। हिरण्य अर्थात् सूर्यादि तेजस्वियों को अपने गर्भ अर्थात् भीतर रखने वाले ब्रह्माण्ड को वही उत्पन्न करता है। वह कृपया हम को सुमति दे ॥ ४ ॥

या ते रुद्र शिवा तनूरघोराऽपापकाशिनी । तया नस्तनुवा शंतमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि ॥५॥

पदपाठः-या १। ते ६। रुद्र सम्बो०। शिवा, तनूः, अघोरा, अपापकाशिनी १। तया ३। नः २। तनुवा, शन्तमया ३। गिरिशन्त सम्बो०। अभिचाकशीहि क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(रुद्र) हे न्यायकारिन्! (या, ते, शिवा, अघोरा, अपापकाशिनी, तनूः) यत्, तव, कल्याणमयं, शान्तम्, पापनाशनं, विस्तृतं स्वरूपम् अस्ति (तया, शन्तमया, तनुवा) तेन, शान्तेन, स्वरूपेण (गिरिशन्त) हे गिरिशन्त! गिरि वेदवाचि शंतनोति तथाभूत (नः) अस्मान् (अभिचाकशीहि) पश्य ॥

हे रुद्र! पापिषु दण्डप्रणेतः! परमात्मन्! पितः! त्वं कल्याणमयोऽसि, शान्तोऽसि, पापिनो दण्डयित्वा पापप्रणाशकोऽसि। तनु विस्तारे। तनूः विस्तृतोऽसि, विभुरसि इत्यर्थः। अतएव अस्मान् स्वभक्तान् तेन शान्तेन पापनाशनेन कृपायमाणेन स्वरूपेण पश्य दयां कुर्वित्यर्थः ॥ अयं मन्त्रः षोडशाध्याये यजुर्वेदेऽपि द्वितीयः। केवलं तत्र "तन्वा" अत्र च "तनुवा" इतिपाठेऽन्तरम् ॥

भा०-(रुद्र) हे रुद्र! (या) जो (ते) आप का (शिवा) कल्याणमय (अघोरा) शान्त (अपापकाशिनी) पापनाशक (तनूः) विस्तृतस्वरूप है (गिरिशन्त) हे वेदवाणी में सुख के दाता! (तया) उसी (शन्तमया) कल्याणमय (तनुवा) विस्तृतस्वरूप से (नः) हम को (अभिचाकशीहि) देखिये।

यहां परमात्मा को रुद्र इस लिये कहा है कि यद्यपि आप दुष्टों को रुलाते और दुःखदायक होकर दण्ड देते हैं परन्तु आप अपने भक्त आज्ञाकारी सेवकों को हमको अपने कल्याणमय शान्तस्वरूप से देखिये अर्थात् कृपादृष्टि कीजिये

यही मन्त्र यजुः अ० १६ मं० २ भी है, केवल वहां "तन्वा" और यहां "तनुवा" इतना पाठ में भेद है ॥ ५ ॥

यामिषुं गिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे । शिवां गिरित्र तां कुरु माहिंसीः पुरुषं जगत् ॥६॥

पदपाठः–याम्, इषुम् २ । गिरिशन्त सम्बो० । हस्ते ७ । बिभर्षि क्रि० । अस्तवे अ० । शिवाम् २ । गिरित्र सम्बो० । ताम् २ । कुरु क्रि० । मा अ० । हिंसीः क्रि० । पुरुषम्, जगत् २ ॥

अन्वितपदार्थः–(गिरिशन्त) हे वेदवाचि सुखप्रसारक ! (याम्) (इषुम्) बाणावलिमिव पापिनां दण्डप्रणयिनीं व्यवस्थाम् । ईषेः किच्च–उणा० १ । १३ । ईषति हिनस्ति अन्यायकारिणः पापिनः सा इषुर्यमस्य व्यवस्था ताम् (अस्तवे) प्रक्षेप्तुम् । तुमर्थेसेसेनसेअसेन्क्सेकसेनध्यैअध्यैन्कध्यैकध्यैन्शध्यैशध्यैन्तवैतवेङ्तवेनः । पा०३।४।९७। इति छन्दसि तुमुन्प्रत्ययार्थे क्रियायां क्रियार्थायां तवेप्रत्ययः । (हस्ते) स्वकीयानन्दस्वरूपे । हस हसने । हसिमृग्रिण्वामिदमिलूपूधुर्विभ्यस्तन् । उणा० ३ । ८६ । इति तन् प्रत्ययः । (बिभर्षि) धरसि (गिरित्र) गिरि वेदवाचि वर्त्तमानान् त्रायते रक्षति तत्सम्बुद्धौ हेगिरित्र ! वेदानुकूलवर्त्तिनां रक्षक ! (ताम्) उक्तामिषुम् (शिवाम्) कल्याणमयीम् (कुरु) करोषि वा कृपया । लकारव्यत्ययोवा छान्दसः । (जगत्) गच्छतीति जगत् गतेस्त्रयोऽर्था ज्ञानं गमनं प्राप्तिश्चेति तत्र ज्ञानार्थोऽत्र युक्तः । ज्ञानिनमित्यर्थः (पुरुषम्) भक्तपुरुषम् (माहिंसीः) न हंसि वा ॥

मुक्तः पुरुषो दयालुं परमात्मानं न्यायकारिणं स्तौति–हेगिरिशन्त ! यद्यपि त्वं यां दण्डव्यवस्थां पापिषुप्रक्षेप्तुंवाणरूपां हस्ते बिभर्षि तथापि तां स्वभक्तेषु धर्मात्मसु शिवां कल्याणकारिणीं करोषि कुरुवा कृपया । जगत् ज्ञानिनं पुरुषं पुरुषार्थिनं परमपुरुषार्थानुष्ठातारं जीवात्मानं तया न हंसि इति । अयमपि मन्त्रोयजुषि षोडशाध्याये तृतीयो न च किञ्चिदपि पाठेऽन्तरम् । न चानेन परमात्मनि परिणामित्वमापद्यते, यथाऽवस्थाभेदाद् वृक्षादिषु एकरभोऽपि सूर्योनाशनमुत्पादनं च सम्पादयति तथैव पापपुण्यकृतजीवावस्थाभेदाज्जगदीश्वरोऽपि ॥

भा०–(गिरिशन्त) हे वेदवाणी के अनुवर्त्तियों को सुख के प्रसारक !

तुम (याम्) जिस (इषुम्) बाण को (हस्ते) अपने आनन्दस्वरूप में (बिभर्षि) धारण करते हो (ताम्) उसको (शिवाम्) सुखदायक (कुरु) करो वा करते हो (गिरित्र) हे धर्मात्माओं के रक्षक ! तुम (जगत्) ज्ञानी (पुरुषम्) पुरुष को (मा, हिंसीः) मत मारो वा नहीं मारते हो ॥

मुक्तपुरुष, परमात्मा के आश्चर्यस्वरूप को साक्षात् करता हुवा स्तुति करता है कि धन्य हो प्रभो ! जो आप पापियों के प्रति फेंकने के लिये अपने आनन्दस्वरूप हाथ में न्यायव्यवस्था रूप बाण को धारण करते हैं । वही आप, ज्ञानी पुरुषों के प्रति कल्याणमय कर देते हैं । यद्यपि यह आश्चर्य और विलक्षण बात है कि आप के वही बाण, पापियों पर छूटते उन को दण्ड देते हैं और उन्हीं को आप ऐसा आनन्दमय कर देते हैं कि ज्ञानी पुरुष की उन से हिंसा नहीं होती प्रत्युत स्वभक्तमुक्त पुरुषों की रक्षा होती है । तथापि आप के एकरसत्व में बाधा नहीं आती । जिस प्रकार वही प्रचण्डकिरणी सूर्य अपने जिन किरणरूपी बाणों के प्रभाव से किन्हीं वृक्ष वल्ली आदि को सुखाता फूंकता है, वही सूर्य्य अपने उन्हीं किरणों से सुन्दर आनन्ददायक पौधों अङ्कुरों को उगाता भी है और सूर्य्य एकरस बना रहता है । किन्तु जैसी २ अवस्था पत्र पुष्प वृक्ष लतादि की होती है, तदनुरूप ही फल एकरस सूर्य्य से होता है । इसी प्रकार आप भी अपनी एकरस न्यायव्यवस्था और स्वरूप से ही पाप के करने वालों को दुःख दण्डदायक और पुण्यात्माओं को सुखदायक होते हो ॥ ६ ॥

ततः परं ब्रह्म परं बृहन्तं यथानिकायं सर्वभूतेषु गूढम् ।
विश्वस्यैकं परिवेष्टितारमीशं तं ज्ञात्वाऽमृता भवन्ति ॥७॥

पदपाठः-ततः अ० । परम्, ब्रह्म, परम्, बृहन्तम् २ । यथानिकायम् अ० । सर्वभूतेषु ७ । गूढम् २ । विश्वस्य ६ । एकम्, परिवेष्टितारम् २ । ईशम्, तम् २ । ज्ञात्वा अ० । अमृताः १ । भवन्ति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-मध्ये वैदिकमन्त्रद्वयेन परमात्मानं स्तुत्वा प्रार्थ्य च पुनरपि चतुर्थेन सम्बन्धमवतारयति-(ततः) चतुर्थोक्ताद्धिरण्यगर्भाख्याद्ब्रह्माण्डात् (परम्) सूक्ष्ममपरं वा (ब्रह्म) (परम्, बृहन्तम्) अति, महान्तम् (यथानिकायम्) यथास्थानम् (सर्वभूतेषु, गूढम्) सर्वप्राण्यप्राणिषु, अदृष्टरूपेणान्तरवस्थितम्

(विश्वस्य) जगतः (एकम्) अद्वितीयम् (परिवेष्टितारम्) परितो वेष्टयितारं बाह्यस्थं च (ईशम्) समर्थम् (तम्) एतल्लक्षणलक्षितम् (ज्ञात्वा) बुद्ध्वा (अमृताः) मरणादिदुःखरहिता मुक्ताः (भवन्ति) ॥

अयमर्थः—मुक्तात्मा, परमात्मानं विजानाति यदेतदेव परं ब्रह्म महत् विश्वस्य परिवेष्टकमीशितृ चैतदेव ज्ञात्वा मुमुक्षुभिर्मुच्यते ॥

भा०—बीच में दो वेदमन्त्रों से परमात्मा की स्तुति प्रार्थना कहकर अब फिर पूर्व आये चतुर्थ श्लोक से सङ्गति करके कहते हैं—(ततः) उस से (परम्) परे (तम्) उस (ब्रह्म) ब्रह्म (बृहन्तम्) बड़े (यथानिकायं, सर्वभूतेषु, गूढम्) यथास्थान, सर्वभूतों में, छिपे हुवे (विश्वस्य, एकं, परिवेष्टितारम्) संसार के, एक, बाहर भीतर से लपेटने वाले (ईशम्) सर्वाधिष्ठाता को (ज्ञात्वा) जानकर (अमृताः) अमर (भवन्ति) होते हैं ॥

चतुर्थ श्लोक में कहा था कि ब्रह्माण्ड को परमात्मा ने उत्पन्न किया। अब कहते हैं कि (ततः, परं) उस से परे अर्थात् ब्रह्माण्ड के अतिरिक्त भी कर वर्त्तमान ब्रह्म को जानने से मोक्ष होता है अर्थात् ब्रह्माण्ड ही को ब्रह्म न समझने लगे। यह मुक्तात्मा कहता है कि यही ब्रह्म उस ब्रह्माण्ड का स्रष्टा, परन्तु ब्रह्माण्ड से भिन्न, महान्, सर्वत्र व्याप्त, और सब को बाहर से भी लपेटने वाला सब का ईश है, इसी के ज्ञान से मैं और अन्य मुमुक्षु मुक्ति पाते हैं ॥ ७॥

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात् ।
तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय ॥८॥

पदपाठः—वेद क्रि० । अहम् १ । एतम्, पुरुषम्, महान्तम्, आदित्यवर्णम् २ । तमसः ५ । परस्तात् अ० । तम् २ । एव, विदित्वा, अति अ० । मृत्युम् २ । एति क्रि० । न अ० । अन्यः, पन्थाः १ । विद्यते क्रि० अयनाय ४ ॥

अन्वितपदार्थः—(अहम्) मुक्तो जीवन्मुक्तो वा ज्ञानी (एतम्) साक्षाद्भूतम् (महान्तम्) विभुम् (पुरुषम्) पूर्णम् (आदित्यवर्णम्) सूर्यवत्प्रकाशस्वरूपम् (तमसः, परस्तात्) अविद्याद्यन्धकारतो, दूरे वर्त्तमानम् (वेद) जानामि (तम्, एव, विदित्वा) एतमेव ज्ञात्वा (मृत्युम्) मृत्यूपलक्षितं सर्वं दुःखजातम् (अत्येति) उल्लङ्घ्य वर्त्तते—मोक्षमाप्नोति। अयं मन्त्रोयजुर्वेदेऽपि ३१ । १८ याथातथ्येन वर्त्तते नास्ति किञ्चित्पाठेऽन्तरम् ॥

भा०-मुक्त वा जीवन्मुक्त पुरुष परमात्मा के स्वरूप को साक्षात् करके कहता है कि (अहम्) मैं (एतम्) इस (महान्तम्) महान् (पुरुषम्) पूर्ण (आदित्यवर्णम्) प्रकाशस्वरूप (तमसः) अन्धकार से (परस्तात्) दूर रहने वाले को (वेद) जानता हूं (तम्, एव, विदित्वा) उस को, ही, जानकर (मृत्युम्) मृत्यु आदि दुःख को (अत्येति) लांघता है॥

यह मन्त्र यजुर्वेद में ठीक ऐसा ही अ० ३१।१८ में है,कुछ पाठभेद नहीं॥८॥

यस्मात्परं नापरमस्ति किंचिद्यस्मान्नाणीयो
न ज्यायोऽस्ति कश्चित्। वृक्षइव स्तब्धो दिवि
तिष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्॥ ९॥

पदपाठः-यस्मात् ५। परम् १। न अ०। अपरम् १। किंचित् अ०। यस्मात्। न। अणीयः १। न। ज्यायः १। अस्ति क्रि०। कश्चित् अ०। वृक्षइव अ०। स्तब्धः १। दिवि ७। तिष्ठति क्रि०। एकः १। तेन ३। इदम्, पूर्णम् १। पुरुषेण ३। सर्वम् १॥

अन्वितपदार्थः-(यस्मात्) यदपेक्षया (किञ्चित्) (परम्) दूरे वर्त्तमानम् (अपरम्) समीपवर्त्ति च (न, अस्ति) अर्थात् यावन्तं दूरदेशमभिव्याप्य परमात्मास्ति न तावन्तमन्यत् किमपि, यावान् समीपगश्च सोऽस्ति न तावान्समीपवर्त्ती च कश्चिदस्ति। (यस्मात्) यदपेक्षया (अणीयः) अतिशयितं सूक्ष्मम् (न) (ज्यायः) महच्च (कश्चित्) किञ्चिदपि (न) (अस्ति)। कश्चिदिति पुंस्त्वमार्षं व्यत्ययेन। किन्तु (एकः) अद्वितीयः (वृक्ष इव, दिवि) यथा वृक्ष आकाशे तथा (स्तब्धः) निश्चलः (तिष्ठति) (तेन) (पुरुषेण) परमात्मना (इदम्) कार्य्यजातम् (सर्वम्) (पूर्णम्) पूरितमस्ति। अणुत्वं स्वरूपापेक्षं, ज्यायस्त्वं च देशापेक्षं ज्ञेयम्॥

भा०-(यस्मात्) जिस से अधिक (परम्) दूर (अपरम्) समीप (किञ्चित्) कुछ (न, अस्ति) नहीं, है। (यस्मात्) जिस से (अणीयः) अतिसूक्ष्म (कश्चित्) कोई (न) नहीं। (ज्यायः) बड़ा भी (न) नहीं (अस्ति) है। (दिवि) आकाश में (वृक्ष इव) वृक्ष सा (स्तब्धः) निश्चल (तिष्ठति) स्थिर है (एकः) एकले ही (तेन) उस (पुरुषेण) पुरुष से (इदम्) यह (सर्वम्) सब (पूर्णम्) पूरा है॥

यहां जो सूक्ष्मता कही है वह स्वरूपापेक्ष है और महत्ता देशापेक्ष है।

अर्थात् बड़े देश में वर्तमान है पर स्वरूप से अतिसूक्ष्म है। और उस के समान दूर समीप इस लिये कोई नहीं कि अनन्त होने से जितनी दूर तक परमात्मा है उतनी दूर तक कोई नहीं तथा जितना अधिक समीप वह है अन्तर्यामी होने से इतना समीप भी कोई नहीं ॥ ९ ॥

ततो यदुत्तरतरं तदरूपमनामयम् । य एतद्वि-
दुरमृतास्ते भवन्त्यथेतरे दुःखमेवापि यन्ति ॥१०॥

पदपाठः-ततः अ० । यत्, उत्तरतरम्, तत्, अरूपम्, अनामयम् १। ये १। एतत् २। विदुः क्रि०। अमृताः, ते १। भवन्ति क्रि०। अथ अ०। इतरे १। दुःखम् २। एव, अपि अ०। यन्ति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(ततः) कार्य्याज्जगतः (यत्, उत्तरतरम्) अतिशयेनोत्तरमुत्तरादप्युत्तरम् (तत्) (अरूपम्) अदृश्यम् (अनामयम्) दुःखरहितमानन्दस्वरूपम् (ये) दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णा मुमुक्षवो जीवन्मुक्ता मुक्ता वा (एतत्) उक्तम् (विदुः) जानन्ति (ते, अमृताः, भवन्ति)। (अथ) चार्थे (इतरे) अज्ञानिनः (दुःखम्, एव, अपि, यन्ति) दुःखमेव हि प्राप्नुवन्ति ॥

भा०-(ततः) उससे (यत्) जो (उत्तरतरम्) परे से परे है (तत्) वह (अरूपम्) अदृश्य और (अनामयम्) दुःखरहित है (ये) जो (एतत्) इस को (विदुः) जानते हैं (ते) वे (अमृताः) अमर (भवन्ति) हो जाते हैं (अथ) और (इतरे) अन्य (दुःखम्) दुःख को (एव) ही (अपि) निश्चय (यन्ति) प्राप्त होते हैं ॥

अर्थात् इस कार्य्य जगत् से परे जो कारण प्रकृति, उससे भी परे जो ब्रह्म है वह रूप तथा रोग दुःख से रहित है। इसलिये जो उसे साक्षात् करते हैं वे ही दुःखरहित होकर मुक्त होते हैं। अन्य लोग दुःख ही भोगते हैं ॥१०॥

सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः ।
सर्वव्यापी स भगवांस्तस्मात्सर्वगतःशिवः ॥११॥

पदपाठः–सर्वाननशिरोग्रीवः,सर्वभूतगुहाशयः,सर्वव्यापी,सः, भगवान्१ । तस्मात् ५ । सर्वगतः, शिवः १ ॥

अन्वितपदार्थः–(सर्वाननशिरोग्रीवः) सर्वस्मिन् आननं शिरो ग्रीवा च यस्मिन् सः । मनुष्यादिषु यत्राननं न तत्र शिरो यत्र शिरो न तत्र ग्रीवा यत्र ग्रीवा न तत्रान्यान्यङ्गानि परं सर्वथाऽतो वैलक्षण्यं ब्रह्मणि । यत्तस्मिन्सर्वत्र सर्वाङ्गसाध्यकर्मकरणसामर्थ्यं विद्यत इति । क्वासावुपलभ्यत इत्याह–(सर्वभूतगुहाशयः) सर्वेषां भूतानां प्राणिनां गुहा हृदयदेश आशयो यस्य सः ।ननु हृदयदेशमात्रपरिच्छिन्नमित्याशङ्कायामाह (सर्वव्यापी) (स) (भगवान्)समग्रैश्वर्यवान् (तस्मात्) कारणात् (सर्वगतः) विभुः (शिवः) आनन्दरूपः ॥

भा०–(सर्वाननशिरोग्रीवः) जिस में सर्वत्र ही मुख शिर और ग्रीवादि का सामर्थ्य है । (सर्वभूतगुहाशयः) जो सब प्राणियों के हृदय में स्थित (सर्वव्यापी) सर्वत्र व्यापक है (सः) वह (भगवान्) ऐश्वर्य वाला है (तस्मात्) इस से (शिवः) आनन्दस्वरूप और (सर्वगतः) विभु है ॥

तात्पर्य यह है कि मनुष्यादि प्राणियों के जहां मुख हैं वहां शिर नहीं जहां शिर हैं वहां कण्ठादि नहीं परन्तु यह इसलिये है कि स्थूल पदार्थ एक स्थान में एक ही हो सक्ता है । किन्तु परमात्मा सूक्ष्मातिसूक्ष्म होने से अपने में सर्वत्र ही सब अङ्गों से होनेवाले कार्यों का सामर्थ्य रखता है परन्तु तौ भी वह प्राणियों के हृदय में प्रतीत होता है और यद्यपि हृदय में प्रतीत होता है तथापि हृदय में परिच्छिन्न (महदूद) नहीं, किन्तु सर्वव्यापक और ऐश्वर्ययुक्त तथा आनन्दस्वरूप है ॥ ११ ॥

महान्प्रभुर्वै पुरुषः सत्त्वस्यैष प्रवर्त्तकः ।
सुनिर्मलामिमां प्राप्तिमीशानो ज्योतिरव्ययः ॥१२॥

पदपाठः–महान्, प्रभुः १ ।वै अ० । पुरुषः १ । सत्त्वस्य ६ एषः, प्रवर्त्तकः१। सुनिर्मलाम् , इमाम् , प्राप्तिम् २ । ईशानः, ज्योतिः, अव्ययः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(महान्) अनन्तदेशवर्ती (प्रभुः) सर्वस्वामी (वै)निश्चयेन (पुरुषः) पूर्णः (एषः) अयमेव (सत्त्वस्य) शुभगुणस्य (प्रवर्त्तकः) यः प्रवर्त्तयति सः (सुनिर्मलाम्) शुद्धाम् (इमाम्) मयाभूनुयमानाम् (प्राप्तिम्) अवस्थाम् मुक्तिम् (ईशानः) स्वाधीनां कृत्वा वर्त्तमानः(अव्ययः)योन व्येति परिणामं प्राप्नोति सः (ज्योतिः) अखण्डानन्तप्रकाशरूपः ॥

भा०-(एषः) यह (महान्) अनन्त है (वै) निश्चय (प्रभुः) सब का स्वामी है (पुरुषः) परिपूर्ण है (सत्त्वस्य) भलाई का (प्रवर्त्तकः) प्रवृत्त करने वाला है (अव्ययः) अविनाशी है(ज्योतिः) प्रकाशमय है और (इमां,सुनिर्मलां,प्राप्तिम्) इस, निर्मल, मुक्तावस्था का (ईशानः) अधिकारी [मालिक] है ॥

मुक्तपुरुष परमात्मा को साक्षात् करता हुवा कहता है कि अहो ! यही महान् आत्मा है,सर्वस्वामी, पूर्ण, भलाइयों का प्रसारक, स्वयं अविनाशी ज्योतिःस्वरूप और इस (मुझे प्राप्त हुई) निर्मल मुक्ति का अधिष्ठाता है । इसी का प्रसाद मुक्ति है !! ॥ १२ ॥

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा सदा जनानां हृदये संनिविष्टः। हृदा मन्वीशोमनसाऽभिक्लृप्तो य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति ॥ १३ ॥

पदपाठः-अङ्गुष्ठमात्रः, पुरुषः, अन्तरात्मा १। सदा अ०। जनानाम् ६। हृदये ७। संनिविष्टः १। हृदा ३। मन्वीशः १। मनसा ३। अभिक्लृप्तः १। ये १। एतत् २। विदुः क्रि०। अमृताः, ते १। भवन्ति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(अङ्गुष्ठमात्रः) अङ्गुष्ठपरिमाणे हृदयावकाश उपलभ्यमानत्वात्। तथापि (पुरुषः) सर्वत्र पूर्णः। ननु सर्वत्र पूर्णः सन् कथं न सर्वैरुपलभ्यते तत्राह (अन्तरात्मा) अन्तर्यामितयावस्थितो गूढः। किं कालभेदेन हृदयदेशेऽन्यत्र च वर्त्तमानो भवति ? नेत्याह-(सदा, जनानां, हृदये, सन्निविष्टः) स्पष्टम् (मनसा) मननशक्तिमता (हृदा) हृदयेन (अभिक्लृप्तः) समर्थितः (मन्वीशः) मनुर्मनस्तस्येशः (ये) ज्ञानिनः (एतत्) एतम् (विदुः) जानन्ति (ते, अमृताः, भवन्ति) ॥

भा०-(अङ्गुष्ठमात्रः) हृदय देश में उपलभ्यमान (पुरुषः) पूर्ण (अन्तरात्मा) अन्तर्यामी (सदा) सदा (जनानाम्) प्राणियों के (हृदये) हृदय में (सन्निविष्टः) प्रविष्ट है (मनसा) मननशक्ति वाले (हृदा) हृदय से (अभिक्लृप्तः) प्राप्त होता है (मन्वीशः) मन का स्वामी मन को जानने वाला है (ये) जो लोग (एतत्) इस को (विदुः) जानते हैं (ते) वे (अमृताः) अमर (भवन्ति) होजाते हैं ॥

हृदय में अंगूठे के परिमाण अवकाश है उसी में परमात्मा उपलब्ध होने से अङ्गुष्ठमात्र कहाते हैं। परन्तु वे पुरुष अर्थात् सर्वत्र पूर्ण हैं । और सब

:करणों के हृदय में भी उपलब्ध नहीं होते किन्तु मननशील हृदय से मिलते हैं । तो क्या वे केवल हृदय में हो हैं? नहीं, किन्तु सर्वत्र पूर्ण हैं । तो क्या कभी कहीं और कभी कहीं तथा हृदय में भी, इसी प्रकार सर्वत्र पूर्ण हैं ? नहीं किन्तु सदा ही सब के हृदय में और बाहर भी पूर्ण हैं। यह आशय है॥१३॥

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् ।
स भूमिं विश्वतो वृत्वाऽत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥ १४ ॥

पदपाठः-सहस्रशीर्षा, पुरुषः, सहस्राक्षः, सहस्रपात्, सः १ । भूमिम् २। विश्वतः, वृत्वा, अति अ० । अतिष्ठत् क्रि० । दशाङ्गुलम् २ ॥

अन्वितपदार्थः-(सहस्रशीर्षा) सहस्रमसंख्यानि शीर्षाणि शिरःसाध्यकार्यक्षमताः यस्य सः । योजनाप्रकारः सङ्गतिश्च " विश्वतश्चक्षुरित्यादिषु " उक्तएव । एवमेव (सहस्राक्षः,सहस्रपात्) (पुरुषः) पूर्णः (सः) एषः परमपुरुषः (भूमिम्) भवन्ति भूतानि यस्यां सा,भूम्युपलक्षितं सर्वं स्थावरजङ्गमम् (विश्वतः) अन्तर्बहिश्च (वृत्वा) आवृत्य (दशाङ्गुलम्) दशाङ्गुलपरिमाणं हृदयम् अथवा तन्मात्रभूतपञ्चकं दशाङ्गुलम्, अथवा दशदिशो दशाङ्गुलम्, अथवाऽन्यानि यानि कानिचिदङ्गुलपरिमाणोपलक्षितानि वस्तूनि (अति,अतिष्ठत्) उल्लङ्घ्य वर्त्तते,यावज्जगत्ततोऽधिकः स इत्यर्थः।अयं मन्त्रो यजुर्वेदस्थे ऋग्वेदस्थे च पुरुषसूक्तेपि दृश्यते तत्र च " स्पृत्वा " "सर्वतः" इति पाठोऽत्र तु"वृत्वा, विश्वतः" इति च ॥ सहस्रमिति बहुनाम निघण्टौ ॥ ३ । १ ॥

भा०-(सहस्रशीर्षा) जिस में अनन्त शिर हैं (सहस्राक्षः) जिस में अनन्त आंख हैं (सहस्रपात्) जिस में अनन्त पांव हैं (पुरुषः) जो पूर्ण है (सः) वह (भूमिम्) जगत् को (विश्वतः) सब ओर से (वृत्वा) आवृत करके (दशाङ्गुलम्) दशाङ्गुल को (अति, अतिष्ठत्) लांघकर, वर्त्तमान है ॥

यह मन्त्र यजुर्वेद और ऋग्वेद के प्रसिद्ध पुरुषसूक्तों में आया है।यजुः में ३१ अ० का मन्त्र १ । ऋग् में अष्टक ८ अ० ४ व० १७ में है।केवल इतना पाठभेद है कि वेद में"सर्वतः"यहां":विश्वतः"।वेद में "स्पृत्वा" यहां "वृत्वा" । परमात्मा में शिर आदि अङ्गों के न होने से इस मन्त्र की व्यवस्था भी"विश्वतश्चक्षु०"पूर्व कह आये हैं, उसी के अनुसार जानो।दशाङ्गुल शब्द के कई अर्थ हो सक्ते हैं–

दशाङ्गुल परिमाण का हृदय, वा ५ तन्मात्रा ५ भूत, ये दश, वा १ प्रकृति ५ महाभूत ४ अन्तःकरणचतुष्टय ये दश, वा दश इन्द्रियां, वा दश दिशा इत्यादि अन्य भी दशसंख्या वाले जगत् के ऐसे पदार्थ जिन से प्रायः सम्पूर्ण जगत् भरा है वे सब भी परमात्मा के सामने अङ्गुलसमान तुच्छ परिमित वा परिच्छिन्न हैं, वह इन दशाङ्गुलात्मक वस्तुओं को उल्लङ्घन करके वर्त्तमान है अर्थात् हृदय, दश दिशा, दश इन्द्रियां इत्यादि में बंधा नहीं किन्तु इन से बाहर भी है ॥ १४ ॥

पुरु॑ष ए॒वेदं सर्वं॒ यद्भू॒तं यच्च॒ भव्य॑म् ।
उ॒ता॒मृ॑त॒त्वस्येशा॑नो॒ यदन्ने॑नाति॒रोह॑ति ॥ १५ ॥

पदपाठः—पुरुषः १ । एव अ० । इदम्, सर्वम्, यत्, भूतम्, यत् १ । च अ० । भव्यम् १ । उत अ० । अमृतत्वस्य ६ । ईशानः, १ । यत् १ । अन्नेन ३ । अतिरोहति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः—मुक्तः पुरुषो यदा परमात्मानं साक्षात्पश्यति तदा कथयति-(इदं, सर्वम्) प्रत्यक्षभूतं ब्रह्म वर्त्तमानकालीनम्(यत)यदेव ब्रह्म (भूतम्) भूतकालीनम्(यत, च)यदेव च (भव्यम्) भविष्यत्कालीनम् (एव, अपि) (पुरुषः)पूर्णम् । (यत्) (अन्नेन)प्राणहेतुना(अतिरोहति)जीवति तस्य प्राणिवर्गस्य मरणधर्मवतः (उत) चार्थे (अमृतत्वस्य) मोक्षस्य (ईशानः) स्वामी अर्थात् भूतं, भव्यं, भविष्यत,इदं सर्वम्—वर्त्तमानम् । पुरुषः—पूर्णम् । त्रिषु कालेषु पूर्णैकरसम् । प्राणिवर्गस्य मोक्षस्य च स्वामित्वं तस्यैव । शाङ्करभाष्ये "यदन्नेनातिरोहति" इति पुरुषविशेषणत्वेन व्याख्यातं तच्चाऽजे परमात्मनि सर्वथाऽसंगतम्"अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति"इत्यादिषु अन्नाद्याहारापेक्षाराहित्यस्य च बहुशो दृष्टचरत्वात् अयं मन्त्रोऽपि पुरुषसूक्ते द्वितीयोऽस्ति ऋग्वेदे यजुर्वेदे च तत्रैव । वेदे "भाव्यम्" उपनिषदि च "भव्यम्" इति पाठान्तरम् ॥

भा०—मुक्त पुरुष, परमात्मा को साक्षात् करके कहता है कि (इदं,सर्वम्) यह सब (यत्, भूतम्) जो, पूर्व भी था (च) और (यत्, भव्यम्) जो आगे भी होगा (एव) ही (पुरुषः) परिपूर्ण है । (यत्) जो (अन्नेन) अन्न से (अतिरोहति) जीवता है [उस का] (उत) और (अमृतत्वस्य) मोक्ष का भी (ईशानः) स्वामी है ॥

तात्पर्य यह है कि (इदंसर्वम्) वर्त्तमान (भूतम्) भूतकाल (भव्यम्)

और भविष्यत्काल में वह परमात्मा पर्म एकरस है और वह प्राणियों तथा मोक्ष का स्वामी है। इस मन्त्र के शाङ्करभाष्य में "यदन्नेनातिरोहति=जो अन्न से जीवता है" इस वाक्य को पुरुष परमात्मा का विशेषण करके व्याख्या की है वह असङ्गत है क्योंकि परमात्मा के विषय में शतशः प्रमाण उपस्थित हैं कि वह अन्नादि आहार की अपेक्षा नहीं रखता। जैसा कि "अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति-दूसरा आत्मा परमात्मा कुछ न खाता हुआ सब को देखता है" इत्यादि। यह मन्त्र भी ऋग्यजुर्वेदों के पुरुषसूक्तों में दूसरा है। केवल भव्यम् के स्थान में वेदों में भाव्यम् पाठ है ॥ १५ ॥

सर्वतः पाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ।
सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ १६ ॥

पदपाठः-सर्वतःपाणिपादम्, तत्, सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्, सर्वतःश्रुतिमत् १। लोके ७। सर्वम् २। आवृत्य अ०। तिष्ठति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(तत्) पूर्वोक्तम् ब्रह्म (सर्वतःपाणिपादम्, सर्वतोक्षिशिरोमुखं, सर्वतःश्रुतिमत्, लोके, सर्वम्, आवृत्य, तिष्ठति) उक्तार्थं स्पष्टार्थं च ॥

भा०-(तत्) वह (सर्वतःपाणिपादम्) सर्वत्र हाथ पांव वाला, (सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्) सर्वत्र आंख शिर मुख वाला और (सर्वतःश्रुतिमत्) सर्वत्र कान वाला (सर्वम्) सब को (आवृत्य) घेर कर (तिष्ठति) स्थिर है॥

तात्पर्य पूर्व भी कई जगह आचुका है इस लिये स्पष्ट है ॥ १६ ॥

सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम् ।
सर्वस्य प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत् ॥ १७ ॥

पदपाठः-सर्वेन्द्रियगुणाभासम्, सर्वेन्द्रियविवर्जितम् २। सर्वस्य ६। प्रभुम्, ईशानम् २। सर्वस्य। शरणम्, बृहत् २ ॥

अन्वितपदार्थः-(सर्वेन्द्रियगुणाभासम्) सर्वेषामिन्द्रियाणां गुणा आभासन्ते यस्मिन् तम् (सर्वस्य प्रभुम्) सर्वाध्यक्षम् (ईशानम्) स्वामिनम् (सर्वस्य, बृहत्, शरणम्) सर्वस्य, महान्तमाधारम्। जानामीति शेषाध्याहारः ॥

इतः पूर्वमस्मिन्नेवाध्याये "विश्वतश्चक्षु"रिति "तृतीये, "सर्वाननशिरोग्रीव" इत्येकादशे, "सहस्रशीर्षा" इति चतुर्दशे, "सर्वतःपाणिपाद" मिति षोडशे च यदस्माभिर्व्याख्यातं तत्र ये केचिदश्रद्दधानास्तेऽत्र स्पष्टं पश्यन्तु तमेवार्थम्। अत्र हि सर्वेन्द्रियविवर्जितमित्युक्त्वापि सर्वेन्द्रियसामर्थ्यवत्त्वं तस्य स्पष्टमुच्यते। एतेनैव तेऽपि प्रत्युक्ता ये हि विश्वमिदं परमात्मानं मन्यमानाः, सर्वप्राणिनां मुखादीन्यङ्गानि वस्तुतो ब्रह्मैवेति व्याचख्युः॥

भा०-(सर्वेन्द्रियगुणाभासम्) सब इन्द्रियों का सामर्थ्य जिस में है परन्तु (सर्वेन्द्रियविवर्जितम्) सब इन्द्रियों से रहित (सर्वस्य) सब के (प्रभुम्) अधिष्ठाता (ईशानम्) स्वामी को [मैं जानता हूं] यह अध्याहार करना चाहिये॥

इस से पूर्व इसी अध्याय के तीसरे "विश्वतश्चक्षुः" ११ वें "सर्वानन०" १६ वें "सहस्रशी०" के अर्थों में जो हम ने "इस के मुखादि अङ्ग न होने पर भी सामर्थ्यरूप सब अङ्ग हैं,, ऐसी व्याख्या की है। उस पर जो लोग अश्रद्धा करते हों वे यहां स्पष्ट देखलें कि "वह सब इन्द्रियों से विवर्जित और सब इन्द्रियों के गुणों से युक्त है"। और जो टीकाकार ऐसी व्याख्या करते हैं कि "परमार्थ में सर्वप्राणियों के मुखादि अङ्ग वस्तुतः ब्रह्म ही हैं" वे टीका भी इस श्लोक में खण्डित हो चुकी हैं॥ १७॥

नवद्वारे पुरे देही हंसो लेलायते बहिः।
वशी सर्वस्य लोकस्य स्थावरस्य चरस्य च॥ १८॥

पदपाठः—नवद्वारे, पुरे ७। देही १। हंसः १। लेलायते क्रि०। बहिः अ०। वशी १। सर्वस्य, लोकस्य, स्थावरस्य, चरस्य ६। च अ०॥

अन्वितपदार्थः-(हंसः) हन्ति जानाति सर्वमिति हंसः परमात्मा गतेस्त्रयोऽर्थाः तत्र ज्ञानार्थमुपादाय निर्वाहः। (देही) देहोपलक्षितं सर्वं जगदस्यास्ति स सर्वस्वामी। (सर्वस्य, स्थावरस्य, चरस्य, च, लोकस्य, वशी) स्थावरजङ्गमाधिष्ठाता (नवद्वारे, पुरे) नवच्छिद्रयुक्ते नगरे इव देहे तथा (बहिः) देहादितो ब्रह्माण्डाद्बाह्यप्रदेशे च (लेलायते) प्रकाशते। "लेला" दीप्तौ कण्ड्वादिः॥

अत्राऽद्वैतवादिभिष्टीकाकारैः सर्वैरेव जीवात्मपरमात्मनोरभेदप्रतिपादनपक्षपरैः "हंसः, देही" चेति पदद्वयं जीवात्मपरं व्याख्यातम् स एव च सर्वस्य

वशीति च द्वयोरैक्यमनुवर्णितं, तच्च " अपाणिपादो जवन " इत्यादिना वक्ष्यमाणेन, "सर्वेन्द्रियविवर्जित" मित्यादिनोक्तेन च विरुध्यते । लेलायते इत्यस्य च चलतीत्यर्थोऽपि तैः पक्षपातमूढैरेवाभ्युपगतः । लेलायतेः स्पष्टं दीप्त्यर्थस्य कण्ड्वादिगणे उक्तत्वात् त्याज्यैव सा व्याख्या । नवच्छिद्राणि द्वारभूतानि यथा द्वे चक्षुषी, द्वे नासिके, द्वे श्रोत्रे, एकमास्यम् इत्युपरि सप्त । पायुरुपस्थश्चेति द्वे अधस्तात् ॥

भा०-(हंसः) सर्वज्ञ (देही) देहादि का स्वामी (स्थावरस्य) स्थावर और (चरस्य) जङ्गम (लोकस्य) संसार का (वशी) वश में रखने वाला (नवद्वारे) नव द्वार वाले (पुरे) देह में और (बहिः) बाहर भी (लेलायते) प्रकाशमान है ॥

अद्वैतवादी टीकाकारों ने हंसः और देही इन दो पदों को जीवात्मा का विशेषण करके उत्तरार्ध श्लोक में परमात्मा की स्तुति है, उस से मिलाकर अद्वैत पक्ष का पोषण किया है । यह उन सब की व्याख्या पूर्वापरविरुद्ध है। क्योंकि पूर्व तो यह कह आये हैं कि "सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम्" अर्थात् वह सब इन्द्रियों के गुणों वाला, परन्तु सब इन्द्रियों से रहित है और यहां देही और हंसः का देहाभिमानी और चलनेवाला अर्थ करते हैं सो विरुद्ध है । इस से अगले श्लोक में भी "अपाणिपादो०" कहेंगे अतः उस से भी विरुद्ध है । तथा प्रकरण भी परमात्मा का ही अध्यायारम्भ से अध्याय समाप्ति पर्यन्त है इस लिये हम ने जो हंसः का अर्थ सर्वज्ञ किया है वह ठीक है। हन् धातु का गति के अन्तर्गत ज्ञान अर्थ भी है । उसी का यहां ग्रहण करना चाहिये । देही पद का यह तात्पर्य है कि जगत् के पदार्थ देह से उपलक्षित हैं, उन सब का अधिष्ठाता स्वामी परमात्मा ही यहां देही समझना चाहिये। जैसे कि धनी वनी गृही इत्यादि में धन वन गृह के स्वामी का अर्थ है । "लेलायते" का अर्थ भी अद्वैतवादी टीकाकारों ने "चलता है" किया है, परन्तु लेला धातु कण्ड्वादि गण में प्रकाश=दीप्ति अर्थ में है इस लिये परमात्मा के पक्ष में "प्रकाशमान है" यही अर्थ ठीक है । दो नाक के, दो आंखों के, दो कानों के, एक मुख ये ७ ऊपर तथा दो नीचे के सब नौ द्वार वाले देहरूप नगरों में और बहिः इस से बाहर भी परमात्मा प्रकाशमान है । जीवात्मा अर्थ में यह भी नहीं घट सकता, क्योंकि वह देह से बाहर प्रकाशमान नहीं है ॥ १८ ॥

अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः॥
स वेत्तिवेद्यंनचतस्यास्तिवेत्तातमाहुरग्र्यंपुरुषंमहान्तम्।१९।

पदपाठः-अपाणिपादः, जवनः, ग्रहीता १। पश्यति क्रि०। अचक्षुः, सः १। शृणोति क्रि०। अकर्णः १। सः। वेत्ति क्रि०। वेद्यम् २। न अ०। च अ०। तस्य ६। अस्ति क्रि०। वेत्ता १। तम् २। आहुः क्रि०। अग्र्यम्, पुरुषम्, महान्तम् २॥

अन्वितपदार्थः-(अपाणिपादः) हस्तपादरहितोऽपि (जवनः, ग्रहीता) पादकार्य्यकरणक्षमः, ग्रहणक्षमश्च (अचक्षुः) चक्षुषा इन्द्रियेण रहितोऽपि (पश्यति) (अकर्णः) श्रोत्रेन्द्रियवर्जितोपि (शृणोति) (सः) (वेद्यम्) सर्वं कार्य्यकारणकलापम् (वेत्ति) जानाति (च) पुनः (तस्य) परमात्मनः (वेत्ता) वेत्ति जानाति ज्ञेयं स मनोरूपः सौकर्य्यातिशयविवक्षया करणे कर्तृत्वम् पुंस्त्वमिडभावश्चार्षः। (न, अस्ति) किन्तु विनैव मनसा सर्वज्ञत्वेन सर्वं जानातीति भावः (तम्) (अग्र्यम्) मुख्यम् (महान्तं,पुरुषम्, आहुः)॥

भा०-(अपाणिपादः) हाथ पांव से रहित है (जवनः) परन्तु पांव का काम करता है और (ग्रहीता) हाथ का काम करता है (सः) वह (अकर्णः) कान से रहित है पर (शृणोति) सुनता है। (अचक्षुः) आंख से वर्जित है (पश्यति) परन्तु देखता है (च) और (तस्य) उस का (वेत्ता) मन (न, अस्ति) नहीं है तो भी (सः) वह (वेद्यम्) ज्ञातव्य सब को (वेत्ति) जानता है (तम्) उस को (अग्र्यम्) मुख्य (महान्तं,पुरुषम्) बड़ा पुरुष (आहुः) कहते हैं॥

अर्थात् वह इन्द्रियां और मन नहीं रखता पर इन्द्रियों और मन का काम कर सकता है। यहां मन को कर्तृवाचक रखने का कारण व्याकरणानुसार सौकर्य्यातिशयविवक्षा है॥ १९॥

अणोरणीयान् महतोमहीयानात्मा गुहायां निहितोऽस्य जन्तोः। तमक्रतुं पश्यति वीतशोको धातुः प्रसादान्महिमानमीशम्॥ २०॥

पदपाठः-अणोः ५। अणीयान् १। महतः ५। महीयान्, आत्मा १। गुहायाम् ७। निहितः १। अस्य, जन्तोः ६। तम्, अक्रतुम् २। पश्यति क्रि० वीतशोकः १। धातुः ६। प्रसादात् ५। महिमानम्, ईशम् २॥

अन्वितपदार्थः-(अणोः) सूक्ष्माज्जीवात्मनोपि (अणीयान्) अतिसूक्ष्मः (महतः) प्रकृतिकार्य्यान्महत्तत्त्वादपि (महीयान्) अतिशयेन महान् (आत्मा) परमात्मा (अस्य, जन्तोः) जीवात्मनः (गुहायाम्) हृदये (निहितः) स्थितः (तम्) परमात्मानम् (अक्रतुम्) कर्मतत्फलभोगरहितम् (ईशम्) स्वामिनम् (महिमानम्) महान्तं, भावो न विवक्षितो भूमेतिवत् (वीतशोकः) अपगतशोको ज्ञानी (धातुः प्रसादात्) परमेश्वरस्य कृपया (पश्यति) जानाति ॥

अणोरणीयानित्यादिना दुर्विज्ञेयत्वात् कश्चिदेव ज्ञानी तत्कृपयैव तं ज्ञातुं शक्नोति नान्यः ॥

भा०-(अणोः) सूक्ष्म से (अणीयान्) अतिसूक्ष्म (महतः) बड़े से (महीयान्) अत्यन्त बड़ा (आत्मा) ईश्वर (अस्य,जन्तोः) इस प्राणी के(गुहायाम्) हृदय में (निहितः) स्थित है (तम्) उस (अक्रतुम्) कर्मरहित (महिमानम्) बड़े (ईशम्) स्वामी को (वीतशोकः) विशोक पुरुष (धातुः,प्रसादात्) परमात्मा की,कृपा से (पश्यति) देखता वा जानता है ॥

अर्थात् अत्यन्त सूक्ष्म है इत्यादि कारणों से उसे सब कोई नहीं जान सकता किन्तु वीतशोक ज्ञानी जिस पर ईश्वर कृपा करते हैं वही कठिन से कभी कोई विरला जान सकता है ॥ २० ॥

वेदाहमेतमजरं पुराणं सर्वात्मानं सर्वगतं विभुत्वात् ।
जन्मनिरोधंप्रवदन्ति यस्य ब्रह्मवादिनोहिप्रवदन्ति नित्यम्२१

इति श्वेताश्वतरोपनिषदि तृतीयोऽध्यायः ॥३॥

पदपाठः—वेद क्रि० । अहम् १ । एतम् , अजरम्, पुराणम्,सर्वात्मानम्, सर्वगतम् २ । विभुत्वात् ५ । जन्मनिरोधम् २ । प्रवदन्ति क्रि० । यस्य ६ । ब्रह्मवादिनः १ । हि अ० । प्रवदन्ति क्रि० । नित्यम् २ ॥

अन्वितपदार्थः—मुक्तात्मा सर्वस्मिन्नध्याये परमात्मानं विविधं संस्तूयोपसंहरति (अहम्) ईशकृपाभाजनभूतः (एतम्)साक्षाद्वर्त्तमानम् (अजरम्) जरारहितम् (पुराणम्) सनातनम् (सर्वात्मानम्) सर्वस्याऽऽत्मानम् । यम् (विभुत्वात्) व्यापकत्वात् (सर्वगतम् , प्रवदन्ति) (ब्रह्मवादिनः, हि, यस्य, नित्यं, जन्मनिरोधं,प्रवदन्ति) तम् (वेद) अपरोक्षीकरोमि ॥

इति तुलसीरामस्वामिकृते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये परमात्मगुणस्तवविषयकस्तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

भा०-मुक्तात्मा पुरुष,सम्पूर्ण अध्याय में परमात्मा को अनेक प्रकार स्तुत करके उपसंहार में कहता है कि-(अहम्)मैं(एतम्) इस (अजरम्)बुढ़ापे से रहित (पुराणम्) सनातन (सर्वात्मानम्) सब के भीतर रहने वाले (विभुत्वात्) व्यापक होने से जिस को (सर्वगतम्) सर्वत्र उपस्थित (प्रवदन्ति) कहते हैं उस को (वेद) जानता हूं (ब्रह्मवादिनः) ब्रह्मवादी लोग (यस्य) जिस का (जन्मनिरोधम्) जन्म न होने को (हि) निश्चय (नित्यम्) नित्य (प्रवदन्ति) कहते हैं ॥

अस्मिन्नध्याये पौनःपुन्येन परमात्माऽनेकप्रकारैः स्तुतः तच्च पौनःपुन्यमतिसूक्ष्मस्य विषयस्य दृढीकरणार्थम्मुक्तस्य परमहर्षलाभात्तत्र भक्तिविशेषाच्च न चिन्त्यम् ॥

इस अध्याय में जो बार २ अनेक प्रकार से परमात्मा की स्तुति वर्णन की है सो पुनरुक्ति दोष नहीं किन्तु अतिसूक्ष्मविषय के दृढ़ करने के लिये है और मुक्तात्मा को परमात्मा के साक्षात्कार से असीम आनन्द होता है इस लिये भी वह वारंवार परमात्मा को वर्णन करता है ॥ २१॥

यह तुलसीरामस्वामिकृतश्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्य में ईश्वरगुणकीर्त्तनविषयक तृतीय अध्याय समाप्त हुवा ॥ ३ ॥

——*——

अथ चतुर्थोऽध्यायः

एवं तृतीयाध्यायेन योगी मुक्तिं प्राप्य परमात्मानमानन्देन स्तौतीत्युक्त्वा, ते हि श्वेताश्वतरादयो महर्षयो ज्ञाततत्त्वाः "किं कारणम्०"इत्यादिना जिज्ञासितमर्थं प्रतिपद्यमानाः, परमात्मा जीवात्मा प्रकृतिश्च त्रयमेव मुख्यं कारणमिति कृतनिश्चयाः सन्तोऽभ्यासार्थमामोदार्थं च स्वीयवाक्यैर्ग्रन्थान्तरवाक्यैर्वेदवाक्यैश्च तदेव त्रयं पुनः पुनरभ्यस्यन्ति चतुर्थेऽध्याये तद्यथा-आदौ परमात्मानं प्रार्थयन्ते--

यएकोऽवर्णोबहुधाशक्तियोगाद्वर्णाननेकान्निहितार्थोदधाति। विचैतिचान्ते विश्वमादौसदेवःसनो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु॥१॥

पदपाठः-यः, एकः, अवर्णः १ । बहुधा अ० । शक्तियोगाद् ५ । वर्णान्, अनेकान् २ । निहितार्थः १ । दधाति क्रि० । वि, च अ० । एति क्रि० । च । अन्ते ७ । विश्वम् २ । आदौ ७ । सः, देवः, सः १ । नः २ । बुद्ध्या, शुभया ३ । संयुनक्त क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(यः, एकः) केवलः (अवर्णः) अरूपः (शक्तियोगात्) स्वस्य सामर्थ्यसम्बन्धात् (निहितार्थः) निर्गतो हितोऽर्थो यस्मात् स्वार्थनिरपेक्ष इत्यर्थः (अनेकान्, वर्णान्) नानावर्णाकृतीन् पदार्थान् (बहुधा) बहुभिः प्रकारैः (दधाति) धारयति पोषयति च आदौ सर्गारम्भे । (च) अथार्थे (अन्ते) प्रलयकाले (विश्वम्) समस्तं नानावर्णाकृतिमज्जगत् (वि, एति) नश्यति (च) चकारात् मध्ये पुष्णाति च (सः) विश्वोत्पत्तिस्थितिलयकारकः (देवः) द्योतनात्मकः (नः) अस्माञ्छ्वेताश्वतरादीन् (शुभया, बुद्ध्या) शुद्धधिया (संयुनक्तु) ॥

भा०-इस प्रकार तीसरे अध्याय में योगी मुक्ति को पाकर आनन्द से परमात्मा की स्तुति करता है, यह कहकर, अब वे श्वेताश्वतरादि ऋषि लोग तत्त्व के ज्ञाता, " किंकारणम्० " इत्यादि प्रश्न के उत्तर को समझने वाले, परमात्मा, जीवात्मा और प्रकृति इन ३ पदार्थों को मुख्य कारण जान कर भी अभ्यास के लिये इस ग्रन्थ के वाक्यों, वेदवाक्यों और ग्रन्थान्तरों से बार बार इसी तात्पर्य को दृढ़ करते हुवे चौथे अध्याय का आरम्भ करते हैं। उस में प्रथम परमात्मा की प्रार्थना करते हैं:-

(यः) जो (एकः) अद्वितीय (अवर्णः) अरूप और (निहितार्थः) स्वार्थरहित (अनेकान्) अनेक (वर्णान्) रूपों को (बहुधा) बहुत प्रकार से (दधाति) धारण करता (च) और पोषण करता है (च) और (अन्ते) प्रलयकाल में (विश्वम्) सब जगत् (वि, एति) नाश को प्राप्त होता है (सः) वह (नः) हम को (शुभया, बुद्धया) पवित्र, बुद्धि से (संयुनक्तु) संयुक्त करे ॥

तात्पर्य यह है कि जो स्वयम् अरूप होकर अनेक रूपवान् जगत् के पदार्थों को बनाता, पालता और प्रलय करता है वह परमात्मा हमें ऐसी ही शुद्ध निर्मल बुद्धि से युक्त रक्खे जिस से हम को कभी संशय न घेरें ॥ १ ॥

पुनः परमात्मानमेव विशिनष्टि-

तदे॒वाग्निस्तदा॑दि॒त्यस्तद्वा॒युस्तदु च॒न्द्रमाः॑ ।
तदे॒व शु॒क्रं तद्ब्रह्म॒ तदाप॒स्तत्प्र॒जाप॑तिः ॥ २ ॥

पदपाठः-तत् १ । एव अ० । अग्निः, तत्, आदित्यः, तत्, वायुः, तत् १ । उ अ० । चन्द्रमाः १ । तत् । एव अ० । शुक्रम् १ । तत् । ब्रह्म १ । तत् । आपः, तत्, प्रजापतिः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(तत्,एव) परं ब्रह्म, एव (अग्निः) अग्निशब्दवाच्यम् (तत्) (आदित्यः) आदित्यशब्दवाच्यम् । एवमग्रेपि (तत् वायुः , तत् उ चन्द्रमाः तत् एव शुक्रम् , तत् ब्रह्म, तत् आपः, तत् प्रजापतिः) ॥

सर्वैरच्यते पूज्यते तस्मादग्निः न विद्यते विनाशो यस्येति अदितिरदितिरेवाऽऽदित्यः, यो वाति हरति प्रलयकाले सर्वं स वायुः, चन्दति आह्लादयति स चन्द्रमाः, आशु करोति इति शुक्रम्, बृहत्वात् ब्रह्म, व्यापकत्वादापः, प्रजानां रक्षकत्वात्पालकत्वात्प्रजापतिः । यजुर्वेदीयद्वात्रिंशत्तमाध्यायस्याऽपि प्रथमो मन्त्रोऽयमेव तत्र चतुर्थपादे "ता आपः स प्रजापति" रिति पाठान्तरम् ॥

भा०-पुनरपि परमात्मा की ही स्तुति करते हैं कि-(तत्, एव, अग्निः) वह, ही, अग्नि है (तत्, आदित्यः) वह आदित्य है (तत्, वायुः) वह, वायु है (तत्,उ,चन्द्रमाः) वह, ही चन्द्रमा है (तत्, एव,शुक्रम्) वह, ही, शुक्र है (तत् ब्रह्म) वह ब्रह्म है (तत्,आपः) वह अप् है (तत्, प्रजापतिः) वह प्रजापति कहाता है ॥

अर्थात् एक ही परमात्मा अनेक गुणों से अनेक नाम वाला है । सर्वपूज्य होने से अग्नि, अखण्ड होने से आदित्य, सर्वसंहारकारक होने से वायु, सब को आनन्ददायक होने से चन्द्रमा, अतिशीघ्रकारी होने से शुक्र, बड़ा होने से ब्रह्म, व्यापक होने से अप् और प्रजा का पालक होने से प्रजापति कहाता है ॥ २ ॥

अनन्तरं जीवात्मनो विचित्रामवस्थामाह-

त्वं स्त्री त्वं पुमा॑नसि॒ त्वं कु॑मा॒र उ॒त वा॑ कु॒मारी॑ ।
त्वं जी॒र्णो द॒ण्डेन॑ वञ्चसि॒ त्वं जा॒तो भ॑वसि वि॒श्वतो॑मुखः ॥३॥

पदपाठः-त्वम्, स्त्री, त्वम्, पुमान् १ । असि क्रि० । त्वम् । कुमारः १ । उत, वा अ० । कुमारी, त्वम्, जीर्णः १ । दण्डेन ३ । वञ्चसि क्रि० । त्वम् , जातः १ । भवसि क्रि० । विश्वतोमुखः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(त्वम्) (स्त्री) स्त्रीदेहधारी (त्वम्) (पुमान्) पुरुषशरीरः (असि) भवसि (त्वम्) (कुमारः) कुमारावस्थः (उत, वा) अथवा (कुमारी) कुमारावस्था कन्या (त्वम्) (जीर्णः) वृद्धः (दण्डेन) यष्टितः (वञ्चसि) गच्छसि (त्वम्) (जातः) जन्म प्राप्तः सन् (विश्वतोमुखः) अनेकधा (भवसि) । एतेनेदमपि सूचितं यदेकएवात्मा स्त्री पुमांश्च भवतीति ॥

जीवात्मतत्त्वं विज्ञाय ते महर्षयो ह्यात्मानं प्रत्येकं संबोध्य कथयन्ति, हे अस्मद्धृदयदेशवर्त्तिन् जीवात्मन् ! त्वं वस्तुतोऽप्राकृतोऽपि कर्मानुगो बाल्यं यौवनं वार्द्धक्यं च प्राप्नोषि चित्रमेतत् । त्वया जन्ममरणबन्धहानाय यतितव्यमित्यर्थः । अद्वैतवादिन इमं मन्त्रं परमात्मनएव जीवात्मावस्थापरं व्याचख्युः तच्च परमात्मनोऽजन्मत्वान्न समीचीनम् । अयं मन्त्रोऽथर्ववेदे दशमकाण्डे चतुर्थोऽनुवाकेऽष्टकसूक्ते मं० २७ संख्याकः । तत्रैवाऽतोऽग्रिममन्त्रेपि जीवात्मनएव नानासम्बन्धानां वर्णनमस्ति-"उतैषां पितोत वा पुत्र एषामुतैषां ज्येष्ठ उत वा कनिष्ठः। एको ह देवो मनसि प्रविष्टः प्रथमो जातः स उ गर्भे अन्तः"इति॥

भा०-अब जीवात्मा के विषय में कहते हैं कि-(त्वम्) तू (स्त्री) स्त्री देहधारी (त्वम्) तू (पुमान्) पुरुषदेहधारी (त्वम्) तू (कुमारः) कुमार अवस्था वाला (उत,वा) और (कुमारी) कन्या (असि) हो जाता है (त्वम्) तू (जीर्णः) वृद्ध (दण्डेन) लाठी से (वञ्चसि) चलता है (त्वम्) तू (जातः) जन्म को प्राप्त हुवा (विश्वतोमुखः) नानायोनिगत (भवसि) हो जाता है ॥

वे श्वेताश्वतरादि ऋषि लोग, जीवात्मा के तत्त्व को जान कर प्रत्येक अपने २ आत्मा को सम्बोधन करके कहता है कि हे जीवात्मन् ! तू वास्तव में अप्राकृत होकर भी कर्मानुसार हमारे हृदय देश में वास करता हुवा कभी (स्त्री-पुरुष) युवा हो जाता है, कभी (कुमार-कुमारी) बालक हो जाता है और कभी वृद्ध हो जाता है । कैसी विचित्र बात है कि तू स्वच्छ,चेतन, प्रकृति से बना न होकर भी शुभाशुभ कर्मों से विवश हुवा सब कुछ भोगता है! तुझे चाहिये कि इस जन्ममरणादि अनेक रूप के दुःख से छूटने का उपाय करे। अद्वैतवादियों ने इस मन्त्र की इस प्रकार व्याख्या की है कि "परमात्मा ही जीवात्मा होकर बाल वृद्धादि बनता है" । परमात्मा देहादिरहित है, इस कारण ऐसी व्याख्या करना ठीक नहीं । यह मन्त्र अथर्व कां० १० अनु० ४ सू० ८ मं० २७ में का है। इस से अगला मन्त्र वहां यह है (उतैषां पितोत०-पूरा मन्त्र संस्कृत टीका में है) जिस का अर्थ यह है कि"जीवात्मा हृदयदेश

में रहकर किसी का पिता, किसी का पुत्र, किसी से छोटा, किसी से बड़ा बनता है, गर्भवास करता है। इन दोनों मन्त्रों से जीवात्मा की गति और स्त्री से पुरुष, पुरुष से स्त्री होना भी सिद्ध होता है ॥ ३ ॥

इदानीमुपादानकारणं प्रधानमाह–

नीलः पतङ्गो हरितो लोहिताक्षस्तडिद्गर्भऋतवः समुद्राः। अनादिमत्त्वं विभुत्वेनवर्त्तसे यतो जातानिभुवनानिविश्वा४

पदपाठः–नीलः, पतङ्गः, हरितः, लोहिताक्षः, तडिद्गर्भः, ऋतवः,समुद्राः १। अनादिमत् सम्बो०। त्वम् १।विभुत्वेन ३। वर्त्तसे क्रि०। यतः अ०। जातानि, भुवनानि, विश्वा १ ॥

अन्वितपदार्थः–(अनादिमत्) हे अनादे ! प्रधान ! प्रकृते ! (त्वम्) (विभुत्वेन) अविभोर्विभोर्भावस्तेन। इत्थंभूतलक्षणे तृतीया। अनित्थमित्थंभूयतइतीत्थंभावः। उपादानं हि परमात्मापेक्षयाऽविभुरपिअस्मदादिदृष्टौ विभुवत् (वर्त्तसे) (यतः) यस्मादुपादानात् (नीलः) नीलवर्णःशनैश्चरादिलोकः (पतङ्गः) सूर्य्यः (हरितः) हरितवर्णो बुधादिः (लोहिताक्षः) रक्तवर्णोऽङ्गारकादिलोकः (तडिद्गर्भः) मेघः (ऋतवः) वसन्तादिकाः (समुद्राः) प्रसिद्धाः। एवम् (विश्वा) समस्तानि (भुवनानि) लोकान्तराणि (जातानि) उत्पन्नानि ॥

तत्त्वज्ञदृष्टौ सर्वमप्रत्यक्षमपि प्रत्यक्षमिव जायते तस्मात्श्वेताश्वतरादयो ज्ञाततत्त्वाः अव्यक्तंव्यक्तिमापन्नं प्रधानमुपादानं प्रत्यक्षमिव संबोध्य कथयन्ति–अहो ! प्रधान! त्वमविभुरपि विभुत्वेन वर्त्तसे यत्त्वत्तोहिसूर्य्यादीनां सर्वेषां प्रत्यक्षाऽप्रत्यक्षाणां लोकलोकान्तराणां सृष्टिर्भवति यस्या अन्तमनवाप्यानन्तेयमिति मन्यमाना वयं त्वां तत्कारणं विभुं मन्यामहे ॥

भा०–अब प्रकृति का वर्णन करते हैं कि–(अनादिमत्)हे अनादि (त्वम्) तू (विभुत्वेन) विभु सा होकर (वर्त्तसे) वर्त्तरहा है (यतः) जिससे (नीलः) नीलवर्ण (पतङ्गः) सूर्य्य (हरितः) हरितवर्ण (लोहिताक्षः) रक्तवर्ण (तडिद्गर्भः) मेघ (ऋतवः) ऋतु (समुद्राः) समुद्र । इसी प्रकार (विश्वा) सब(भुवनानि) लोक लोकान्तर (जातानि) उत्पन्न हुवे हैं ॥

तात्पर्य यह है कि जब तत्त्व का ज्ञान होजाता है तब अप्रत्यक्ष पदार्थ भी प्रत्यक्ष से विदित होने लगते हैं। तो श्वेताश्वतरादि ऋषियों को जब तत्त्वज्ञान प्राप्त हुवा तब उन को अव्यक्त उपादान कारण, व्यक्त प्रतीत होने लगा। तब वे उस प्रकृतिनामक उपादान कारण के विषय में सम्बोधन करके कहते हैं। यद्यपि जड़ पदार्थ को सम्बोधन करना अयुक्तसा प्रतीत होता है तथापि प्राचीन और नवीन काव्यों को देखने से विदित होता है कि यह भी एक शैली भाषा की थी और है। केवल तात्पर्य का ग्रहण करना चाहिये कि उन ऋषियों ने प्रकृति को अनादि माना और नील वर्ण के शनैश्चरादि लोक, हरित वर्ण के बुधादि लोक, रक्तवर्ण के मङ्गलादि लोक, सूर्य और उसके प्रभाव से ऋतु, समुद्र तथा अन्य सब भुवन प्रकृति से ही उत्पन्न हुवे हैं। इन सब ज्ञात और अज्ञात लोकों के कारणभूत प्रकृति का हम को अन्त नहीं सूझता इस लिये प्रकृति हमारी दृष्टि में विभु (अनन्त) सी है। यद्यपि परमात्मा प्रकृति से बड़ा है क्योंकि वह इस का आधार है परन्तु तो भी प्रकृति का ओर छोर हमारी समझ से बाहर है इस कारण यह कहा गया कि (विभुत्वेन वर्त्तसे) अहो प्रधान! तू अविभु हो कर भी विभु के समान वर्त्तता है। (विभुत्वेन) यह इत्थंभूतलक्षण अर्थ में तृतीया विभक्ति है। "इत्थं भूत" उस को कहते हैं कि "वैसा न हो पर वैसा प्रतीत होता हो" सो प्रकृति विभु नहीं तो भी विभु सी विदित होती है ॥ ४ ॥

इदानीं परमात्मा जीवात्मा प्रकृतिश्चेति त्रयमेकत्राह-

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाःसृजमानां सरूपाः
अजोह्येकोजुषमाणोऽनुशेतेजहात्येनांभुक्तभोगामजोऽन्यः५

पदपाठः-अजाम्, एकाम्, लोहितशुक्लकृष्णाम् २। बह्वीः, प्रजाः २। सृजमानाम् २। सरूपाः २। अजः १। हि अ०। एकः, जुषमाणः १। अनुशेते, जहाति क्रि०। एनाम्, भुक्तभोगाम् २। अजः। अन्यः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(एकः, हि, अजः) (सरूपाः, बह्वीः, प्रजाः, सृजमानाम्) स्वसमानजडधर्मिणीः, बहुशः, प्रजाः, सृजन्तीम् (लोहितशुक्लकृष्णाम्) गुणत्रयात्मिकाम् (एकामजाम्) (जुषमाणः) सेवमानः सन् (अनुशेते) तया सह वासं करोति (अन्यः,अजः) अपरोऽजन्मा परमात्मा (भुक्तभोगाम्) जीवात्मना भुक्तो भोगो यस्यास्ताम् (एनाम्) (जहाति) नाऽनुशेते।

एकाऽजानादिमतीप्रकृतिः, द्वावजावजन्मानौ परमात्मजीवात्मानौ तयोरेको जीवात्मा प्रकृत्या लिप्यतेऽपरः परमात्मा तु निर्लेपइत्यर्थः ॥

भा०—अब परमात्मा जीवात्मा प्रकृति इन तीनों का वर्णन करते हैं कि (एकाम्) एक, (सरूपाः,बह्वीः,प्रजाः,सृजमानाम्) अपने सी,बहुत, प्रजा को, उत्पन्न करती हुई (लोहितशुक्लकृष्णाम्) रजः सत्व तमः वाली (अजाम्) अनादि प्रकृति को (एकः, अजः) एक अजन्मा जीवात्मा (जुषमाणः) सेवता हुआ (अनुशेते) लिपटता है। परन्तु (अन्यः, हि, अजः) दूसरा,अजन्मा परमात्मा (भुक्तभोगाम्) जीव से भोगी हुई (एनाम्) इस [प्रकृति] को (जहाति) नहीं लिपटता है ॥

एक अजा प्रकृति, दो अज जिन में से एक जीवात्मा है जो त्रिगुणात्मक जगत् के कारण प्रकृति से लिप्त होता है और दूसरा परमात्मा पृथक् रहता है ॥ ५ ॥

अत्रैव विषये ऋग्वेदीयद्वितीयाष्टकतृतीयाध्यायसप्तदशवर्गस्यामृचमाह—

द्वा सु॑प॒र्णा स॒युजा॒ सखा॑या समा॒नं वृ॒क्षं परि॑षस्वजाते ।
तयो॑र॒न्यः पिप्प॑लं स्वा॒द्वत्त्यन॑श्नन्न॒न्यो अ॒भि चा॑कशीति ।६।

पदपाठः—द्वा, सुपर्णा, सयुजा, सखाया १। समानम्, वृक्षम् २। परिषस्वजाते क्रि०। तयोः ६। अन्यः १। पिप्पलम् २। स्वादु २। अत्ति क्रि०। अनश्नन्, अन्यः १। अभिचाकशीति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः—(द्वा) द्वौ (सुपर्णा) सुपर्णौ पक्षिणाविव (सयुजा) सयुजौ व्याप्यव्यापकसम्बन्धेन परस्परंयुक्तौ(सखाया)सखायौ सुहृदाविवेतरेतरं वर्त्तमानौ (समानम्) स्वसदृशम् अनादिम् (वृक्षम्)वृक्षमिवच्छेदनभेदनार्हम् प्रकृतिनामकम् (परिषस्वजाते) परितस्तत्सङ्गयुक्तौ भवतः परन्तु (तयोः) द्वयोः सुपर्णयोर्मध्ये (अन्यः) एकः (पिप्पलम्) तस्य वृक्षस्य फलम् (स्वादु) स्वादुयथास्यात्तथा (अत्ति) भुङ्क्ते (अन्यः) अपरस्तु (अनश्नन्) तत्फलमभुञ्जानः (अभिचाकशीति) पश्यन्नास्ते ॥

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया इत्यत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः। यथा एकस्मिन्वृक्षे द्वौपक्षिणौ वसतस्तथा प्रकृतिरूपे वृक्षे—ओव्रश्चूछेदने इत्यस्माद्धातोर्वृक्षशब्दः सिद्ध्यति तथाभूते छेदनभेदनधर्मयुक्ते प्रधाने,द्वौ जीवात्मपरमात्मानौ

परितो निवसतः तौ च परस्परं सुहृदाविव चैतन्यादिसमानधर्मौ,अनादित्वेन च समानधर्मं प्रकृतिनामकं वृक्षं परिषस्वजाते(पक्षिभ्यामुपमानं स्थावरवृक्षापेक्षया-चलत्वेन चैतन्यद्योतनार्थं) तयोरेको जीवात्मा प्रकृतिवृक्षस्य सत्त्वरजस्तमोमयानि फलानि भुङ्क्ते,अपरः परमात्मातु तत्फलमभुञ्जानो हि साक्षित्वेन वर्त्तते॥

भा०-उक्तविषय में ऋग्वेद अष्टक २ अध्याय ३ वर्ग १७ की ऋचा को कहते हैं कि-(द्वा) दो (सुपर्णा) पक्षी (सयुजा) साथ मिले हुवे (सखाया) मित्र से हैं और (समानम्) अपने समान (वृक्षम्) वृक्ष के (परिषस्वजाते) सब ओर से सङ्ग हैं (तयोः) उन दोनों में से (अन्यः) एक तो (पिप्पलम्) फल को, (स्वादु) स्वादु मनाकर (अत्ति) खाता है और (अन्यः) दूसरा (अनश्नन्) न खाता हुवा (अभिचाकशीति) साक्षिमात्र है ॥

प्रकृति रूप एक वृक्ष है। इसे वृक्ष की उपमा इस कारण दी है कि वृक्ष शब्द-छेदन अर्थ वाले "व्रश्चू" धातु से बना है। प्रकृति विकृत होती और छिन्न भिन्न होती रहती है। इस वृक्ष में दो पक्षी रहते हैं ये परमात्मा और जीवात्मा हैं। वृक्ष जड़ असमर्थ होता है और पक्षी चेतन होते हैं इस लिये इन दोनों आत्माओं को पक्षियों की उपमा दीगई है। वृक्ष को "समान" इस अंश में कहा है कि वह भी अनादि है। इन दोनों को सयुजा इस लिये कहा है कि व्याप्यव्यापकभाव से एक दूसरे से संयुक्त हैं। मित्र इस लिये कहा है कि मित्रों के समान चेतनत्वादि कई बातों में एक से हैं। भेद बड़ा भारी यह है कि एक वृक्ष के फल खाता अर्थात् कर्म और उन के फल भोगता है और दूसरा परमात्मा क्लेशकर्मविपाकाशयों से सर्वथा पृथक् है ॥ ६ ॥

इदानीं मध्यस्थस्य जीवात्मनः प्रकृतिसङ्गाद्बन्धोभवति परमात्मज्ञानेन तद्भक्त्या च मोक्ष इत्याह-

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः ।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशमस्य महिमानमिति वीतशोकः ॥

पदपाठः-समाने, वृक्षे ७। पुरुषः, निमग्नः १। अनीशया ३। शोचति क्रि०। मुह्यमानः १। जुष्टम् २। यदा अ०। पश्यति क्रि०। अन्यम्, ईशम् २। अस्य ६। महिमानम् २। इति अ०। वीतशोकः १॥

अन्वितपदार्थः–(पुरुषः) जीवात्मा (समाने, वृक्षे) प्राकृतपदार्थसमूहे (निमग्नः) मज्जन्सन् (अनीशया) पारवश्येन (मुह्यमानः) नष्टज्ञानः, प्राकृतं देहमेवात्मानं मन्यमानः कृशोऽहं,स्थूलोऽहं,नष्टो मे पुत्रो, मृता मे भार्य्या,किं मे जीवितेन इत्येवंप्रत्ययः (शोचति) शोकं करोति । (यदा) यस्मिंश्च काले (जुष्टम्) व्यापकत्वेनात्मनि संलग्नमिवैव (अन्यम्) अपरम् (ईशम्) स्ववशम् (अस्य, महिमानम्) अस्यान्यस्येशस्य, महत्त्वं च (पश्यति) (इति) तदा (वीतशोकः) विशोको भवति । आत्मज्ञानेन देहादिष्वात्मभावाऽभावात् नाऽहंकृशो, नाऽहं स्थूलः, न मे कश्चित् पुत्रकलत्रादिरतएव न मया शोको विधेय इति विजानाति ॥

भा०–अब मध्यस्थ जीवात्मा को एक ओर प्रकृति है उस के सङ्ग से बन्धन और दूसरी ओर परमात्मा है उस के सङ्ग से मोक्ष होता है। यह कहते हैं–(पुरुषः) जीवात्मा (समाने) अपने समान अनादि (वृक्षे) छिन्न भिन्न होने वाली प्रकृति के पदार्थों में (निमग्नः) डूबा हुवा (अनीशया) परतन्त्रता से (मुह्यमानः) अज्ञानवश (शोचति) शोक करता है । (यदा) परन्तु जब (जुष्टम्) अपने में व्यापक (अन्यम्) दूसरे (ईशम्) स्ववश परमात्मा को और (अस्य,महिमानम्) उस की बड़ाई को (पश्यति) देखता है (इति) तब (वीतशोकः) शोकरहित हो जाता है ॥

तात्पर्य यह है कि जब जीवात्मा प्रकृति के कार्यों में डूब कर आपे को भी भूल जाता है और देह ही को आत्मा समझने लगता है तो बड़े शोक होते हैं कि हाय मैं दुर्बल हो गया, हाय मेरे फोड़ा निकला है, हाय मेरा हाथ पांव आदि कट गया, हाय मेरी स्त्री वा पुत्रादि मर गया। इत्यादि प्रकार से शोकसागर में डूबता है। परन्तु जब अपने ही में व्यापक परमात्मा में ध्यान लगाता है तो प्रकृति का ध्यान छोड़ने से समझने लगता है कि देह से भिन्न मैं चेतन हूं। मैं दुर्बल रोगी आदि नहीं होता। मुझे तो अपने सदा सहवर्त्ती परमात्मा के आनन्द से आनन्द ही आनन्द है। ऐसी रीति से विशोक होजाता है ॥ ७ ॥

ननु वेदाध्ययनेन सर्वशोकनिवृत्तिः सम्भवति किं परमात्मसाक्षात्कारेण ? वेदा अपि तदेकज्ञानसफला अतो न तज्ज्ञानमन्तरेण पाठमात्रवेदाध्ययनेन किमपि फलमित्याह–

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदुः ।
यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत्तद्विदुस्तइमे समासते॥८॥

पदपाठः-ऋचः १ । अक्षरे, परमे ७ । व्योमन् ७। यस्मिन् ७ । देवाः१ । अधि अ० । विश्वे १ । निषेदुः क्रि० । यः १ । तत् २ । न अ० । वेद क्रि० । किम् २ । ऋचा ३ । करिष्यति क्रि० । ये१ । इत् अ० । तत् २ । विदुः क्रि० । ते, इमे १ । समासते क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(ऋचः) वेदोक्ताः स्तुतिमन्त्राः (परमे) सर्वोत्तमे (व्योमन्) व्योम्नि । सुपां सुलुगिति सप्तम्या लुक् । परमरक्षके (अक्षरे) अविनाशिनि (यस्मिन्, विश्वे, देवाः, अधिनिषेदुः) यत्र, सर्वे, अग्न्यादयो भौतिकदेवाः पृथिव्यादयो लोका वा, निषण्णास्तस्मिन्नेव निषण्णा इत्यर्थः । अतः कारणात् (यः, तत्, न, वेद) सः (ऋचा) वेदोक्तमन्त्रपाठेन (किं करिष्यति) न किमपीत्यर्थः । (ये) (इत्) च (तत्,विदुः)तज्जानन्ति (ते,इमे, समासते) ते, इमेऽस्मिन् मोक्षधाम्नि वर्त्तमानाः, सम्यक् आसते ॥

सर्वाऋचो मुख्यतया परमात्मानमेव स्तुवन्ति अतः यो वेदपाठी ऋचोऽधीत्यापि परमात्मानं न जानाति निष्फलं तस्य वेदाध्ययनमित्यर्थः ॥

भा०-क्या वेद पढ़ने से सर्व शोकों की निवृत्ति हो सकती है ? इस पर यह कहते हैं कि समस्त वेदों का मुख्य तात्पर्य यह है कि मनुष्य को परमात्मा का ज्ञान हो । इस लिये यदि कोई वेद पढ़े परन्तु परमात्मा के ज्ञान से शून्य रहे तो वेद पढ़ना निष्फल है-

(ऋचः) ऋचायें (अक्षरे) अविनाशी (परमे) परम (व्योमन्) रक्षक में, (यस्मिन्) जिस में कि (विश्वे) सब (देवाः) देवता (अधि, निषेदुः) निवास करते हैं [उसी में निवास करती हैं] । इसलिये (यः) जो कोई (तत)उस को (न) नहीं (वेद) जानता [वह] (ऋचा) ऋचा से (किम्) क्या (करिष्यति) करेगा (इत्) और (ये) जो लोग (तत्) उस को (विदुः) जानते हैं (ते) वे लोग (इमे) ये (समासते) मोक्षधाम में विराजते हैं ॥

तात्पर्य यह है कि समस्त वेदमन्त्र और पृथिव्यादि लोक जो देवता कहाते हैं, परमेश्वर में ही वास करते हैं,इसलिये जिस ने परमेश्वर को न जाना उस का वेद पढ़ना व्यर्थ है ॥ ८ ॥

अयमपि ऋग्वेदीयद्वितीयाष्टकतृतीयाध्यायैकविंशतितमवर्गस्थो मन्त्रः। अस्य व्याख्यानं च निरुक्तपरिशिष्टकारैरप्येवमेव कृतं यथा-

ऋचो अक्षरे परमे व्यवने यस्मिन्देवा अधिनिषण्णाः सर्वे। यस्तन्न वेद किं स ऋचा करिष्यति य इत्तद्विदुस्तइमे समासत इति विदुष उपदिशति। कतमत्तदेतदक्षरमोमित्येषा वागिति शाकपूणिर्ऋचश्च ह्यक्षरे परमे व्यवने धीयन्ते नानादेवतेषु च मन्त्रेषु एतद्ध वा एतदक्षरं यत्सर्वां त्रयीं विद्यां प्रति प्रतीति च ब्राह्मणम्। निरु० प० अ० १ ख० १०॥

भा०-यह मन्त्र ऋग्वेद के अष्टक २ अध्याय ३ वर्ग २१ में आया है और निरुक्तपरिशिष्टकार ने इस की यह व्याख्या की है कि-

(ऋचः) ऋचायें, (अक्षरे परमे व्यवने) अविनाशी परम रक्षक में (यस्मिन्सर्वे देवा अधिनिषण्णाः) जिस में सब दिव्यगुण स्थित हैं, [उसी में स्थित हैं] (यस्तन्न वेद) जो उस को नहीं जानता (स ऋचा किं करिष्यति) वह ऋचा से क्या करेगा (य इत्तद्विदुस्तइमे समासत इति विदुष उपदिशति) "य इत्तद्वि०" इस से विद्वानों को उपदेश करता है कि-(कतमत्तदेतदक्षरम्) कौनसा है वह अक्षर? (ओमित्येषा वागिति शाकपूणिः) शाकपूणि आचार्य उत्तर देते हैं कि "ओम्" यह वाणी है। (ऋचश्च ह्यक्षरे परमे व्यवने धीयन्ते) और ऋचायें निश्चय अविनाशी परम रक्षक में धारित हैं (नानादेवतेषु च मन्त्रेषु) और अनेक [अग्न्यादि] देवता वाले मन्त्रों में (एतद्ध वा एतदक्षरम्) यही है वह यही अक्षर है (यत्सर्वां त्रयीं विद्यां प्रति प्रतीति च ब्राह्मणम्) जो सम्पूर्ण त्रयीविद्या के प्रति [बराबर] है ऐसा ब्राह्मण में भी लिखा है॥ ८॥

छन्दांसि यज्ञाः क्रतवो व्रतानि भूतं भव्यं यच्च वेदा वदन्ति। अस्मान्मायीसृजतेविश्वमेतत्तस्मिंश्चान्योमाययासंनिरुद्धः ९

पदपाठः-छन्दांसि, यज्ञाः, क्रतवः, व्रतानि, भूतम्, भव्यम्, यत् १। च अ०। वेदाः १। वदन्ति क्रि०। अस्मात् २। मायी १। सृजते क्रि०। विश्वम्, एतत् २। तस्मिन् ७। च अ०। अन्यः १। मायया ३। संनिरुद्धः १॥

अन्वितपदार्थः-(छन्दांसि) गायत्र्यादीनि (यज्ञाः) पञ्चमहायज्ञाः (क्रतवः) ज्योतिष्टोमादयः (व्रतानि) सत्यभाषणादीनि (भूतम्) (भव्यम्) भविष्यत् (यत्,

च, वेदाः, वदन्ति) (एतत्) (विश्वम् सर्वम् (अस्मान्) वेदाध्येतॄनृषीन् (मायी) परमात्मा (सृजते) सृजति (तस्मिन्, च) तस्मिन्परमात्मनि मायिनि च व्याप्यत्वेन वर्त्तमानः (अन्यः) जीवात्मा (मायया) प्रकृत्या (संनिरुद्धः) विवशीकृतो बद्धो भवति ॥

अयंभावः-अग्रिमपद्ये "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्" इति वक्ष्यति। तस्मात् माया प्रकृतिस्तद्वान् महेश्वरः परमात्मा सर्वं सृजति परं स्वयं बद्धो न भवति किन्त्वन्यो जीवात्मा प्रकृतिसङ्गेन बन्धमापद्यते ॥

भा०-(छन्दांसि) छन्द (यज्ञाः) पञ्चमहायज्ञ (क्रतवः) यज्ञ [ज्योतिष्टोमादि] (व्रतानि) व्रत (भूतम्) जो हो चुका (भव्यम्) जो होगा (च) और (यत्) जो कुछ (वेदाः) वेद (वदन्ति) कहते हैं (एतत्) इस (सर्वम्) सब को (अस्मान्) और हम सबों को (मायी) परमेश्वर (सृजते) रचता है (च) और (तस्मिन्) उस में (अन्यः) दूसरा जीवात्मा है जो (मायया) माया से (संनिरुद्धः) रुकता वा बन्धता है ॥

तात्पर्य यह है कि श्वेताश्वतरादि ऋषि कहते हैं कि गायत्री आदि छन्दों, देवयज्ञादि यज्ञों, ज्योतिष्टोमादि क्रतुओं, सत्यभाषणादि व्रतों, हम सब ऋषियों और जो हो चुका उसे तथा जो होगा उसे और जो कुछ वेदों में कहा है उस सब को परमात्मा ने ही रचा था, वही अब रचता है, वही आगे रचेगा। यद्यपि वह परमात्मा अगले श्लोक में कही माया नाम प्रकृति से सब कुछ बनाता है परन्तु स्वयं निर्लेप रहता है किन्तु दूसरा आत्मा जो जीवात्मा है वह प्रकृति से बन्धता है ॥ ९ ॥

मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् ।
तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदंजगत् ॥ १० ॥

पदपाठः-मायाम् २। तु अ०। प्रकृतिम् २। विद्यात् क्रि०। मायिनम् २। तु। महेश्वरम् २। तस्य ६। अवयवभूतैः ३। तु। व्याप्तम्, सर्वम्, इदम्, जगत् ॥ १ ॥

अन्वितपदार्थः-(मायाम्) माछाशसिभ्यो यः। उणा० ४। १०९। मात्यस्यां लयं व्रजति प्रलयकालेऽदृश्या भवति ताम् (तु) (प्रकृतिम्) एतन्नामिकाम् (विद्यात्) जानीयात् (महेश्वरम्) परमात्मानम् (तु) (मायिनम्) माया प्रकृति-

रस्याऽस्ति सः तद्वान् मायी, प्रकृतिवाच्यस्योपादानस्य स्वामी तम्, विद्यात् (तस्य) मायिनः प्रकृतिसहितस्य परमात्मनः (अवयवभूतैः) एकदेशस्थैर्भूतैः (तु, इदं, सर्वं, जगत, व्याप्तम्)।

पूर्वपद्ये मायीत्युक्तं तत्र का माया कश्च मायीति विवरणमत्र क्रियते। प्रकृतिर्माया। मायाऽस्यास्ति स मायी परमात्मा। अतः प्रकृतियुक्तस्य तथापि निर्लेपस्य परमात्मनः एकदेशस्थैः नतु सर्वदेशस्थैः प्राकृतैरणुभिरिदं सर्वं जगद् व्याप्तमस्ति॥

भा०-(मायाम्) माया को (तु) तो (प्रकृतिम्) प्रकृति (विद्यात्) जाने (तु) और (महेश्वरम्) परमात्मा को (मायिनम्) मायी-माया वाला जाने। (तस्य) उस के (अवयवभूतैः) एकदेशस्थ महाभूतों से (इदं, सर्वं, जगत्) यह, सब, जगत् (व्याप्तम्) व्याप्त है॥

पूर्व श्लोक में "मायी" पद आया था इस लिये इस श्लोक में माया और मायी का अर्थ बताया है कि माया यहां छल का नाम मत समझना किन्तु प्रकृति का नाम माया और उसके अधिष्ठाता स्वामी परमात्मा का नाम मायी है। उस के अवयव अर्थात् एक देश में रहनेवाले महाभूतों से यह जगत् व्याप्त है। अर्थात् समस्त परमात्मा में जगत् वा महाभूत नहीं किन्तु इस के एकदेश मात्र में हैं॥१०॥

यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येको, यस्मिन्निदं सं च विचैति सर्वम्। तमीशानं वरदं देवमीड्यं, निचाय्येमां शान्तिमत्यन्तमेति॥ ११॥

पदपाठः-यः १। योनिम्, योनिम् २। अधितिष्ठति क्रि०। एकः १। यस्मिन् ७। इदम् १। सम्, च, वि, च अ०। एति क्रि०। सर्वम् १। तम्, ईशानम्, वरदम्, देवम्, ईड्यम् २। निचाय्य अ०। इमाम्, शान्तिम् २। अत्यन्तम् २। एति क्रि०॥

अन्वितपदार्थः-(यः) परमात्मा (एकः) एक एव युगपत् (योनिं, योनिम्) सर्वाः योनीः (अधितिष्ठति) अधिष्ठाय वर्त्तते (यस्मिन्) परमात्मनि (इदम्, सर्वम्) (सम्, एति, वि, च, एति) समेति, व्येति च। तस्मिन्नेवेदं सर्वम् जगत् उत्पत्तिं नाशं च प्राप्नोति। (तम्) (ईशानम्) सर्वशक्तिमन्तम् (वरदम्) सुबुद्ध्यादिप्रदम् (वरेण्यम्) वरणीयं श्रेष्ठम् (ईड्यम्) स्तुत्यर्हम्

(देवम्) (निचाय्य) ज्ञात्वा (इमां, शान्तिम्) इदं, शान्तं मोक्षपदम् (अत्यन्तम्) महान्तं कालम् (एति) प्राप्नोति ॥

भा०-(यः) जो (एकः) एकला ही (योनिं, योनिम्) प्रत्येक योनि का (अधितिष्ठति) अधिष्ठाता होकर वर्त्तमान है (यस्मिन्) जिस में (इदं, सर्वम्) यह, सब (सम्, एति) समाता है (च) और (वि, एति) उपजता है (तम्) उस (ईशानम्) स्वामी (वरदम्) वरदाता (ईड्यम्) स्तुतियोग्य (देवम्) देव को (निचाय्य) जान कर (इमां, शान्तिम्) इस शान्ति को (अत्यन्तम्) दीर्घकालपर्यन्त (एति) पाता है ॥

तात्पर्य्य यह है कि परमात्मा एकही, समस्त योनियों का एकही काल में अधिष्ठाता है। जीवात्मा तो किसी काल में किसी योनि में और दूसरे काल में दूसरी योनि में रहते हैं परन्तु परमात्मा एक साथ सब योनियों में साक्षि-भाव से रहता है। शेष स्पष्ट है ॥ ११ ॥

यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः। हिरण्यगर्भं पश्यत जायमानं स नो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु ॥१२॥

पदपाठः-यः १। देवानाम् ६। प्रभवः १। च अ०। उद्भवः १। च। विश्वाधिपः, रुद्रः, महर्षिः १। हिरण्यगर्भम् २। पश्यत क्रि०। जायमानम् २। सः १। नः २। बुद्ध्या, शुभया ३। संयुनक्तु क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(यः) (देवानाम्) अग्न्यादीनाम् (प्रभवः) उत्पत्तिस्थानमाधारः (च) पुनरर्थे (उद्भवः) लयस्थानम् (विश्वाधिपः) सर्वेश्वरः (रुद्र) दुष्टदमनः (महर्षिः) अनन्तविद्यः। तम् (हिरण्यगर्भम्) "ज्योतिर्वै हिरण्यम्" शतपथे कां० ६ अ० ७। तेजोगर्भम् (जायमानम्) अस्मद्धृदयाकाशे प्रादुर्भूतम् (पश्यत) श्वेताश्वतरादयः परस्परं वदन्ति--हे ऋषयः इदानीं साक्षात् कुरुत (सः) सएषः (नः) अस्मान् (शुभया, बुद्ध्या) शुद्धया, धिया (संयुनक्तु) संयुक्तान्करोतु ॥

भा०-(यः) जो (देवानाम्) देवतों का (प्रभवः) उत्पत्ति (च) और (उद्भवः) प्रलयस्थान है। (विश्वाधिपः) सर्वेश्वर (रुद्रः) दुष्टदमन (महर्षिः) अनन्तज्ञानवाला है उस (जायमानम्) प्रतीत हुए (हिरण्यगर्भम्) तेजोमय को (पश्यत) देखो (सः) वह (नः) हम को (शुभया, बुद्ध्या) पवित्र, बुद्धि से (संयुनक्तु) संयुक्त करे॥

श्वेताश्वतरादि ऋषि आपस में कहते हैं कि ऋषियो ! देखो, अब यह अग्न्यादि देवों का उत्पत्ति और लयस्थान, ज्योतिर्मय,आप के हृदय में "जायमान"=प्रकट हुवा है। यह कृपया हमारी बुद्धि को पवित्र करे ॥ १२ ॥

यो देवानामधिपो यस्मिंल्लोका अधिश्रिताः ।
यईशेअस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मैदेवाय हविषा विधेम ॥१३॥

पदपाठः–यः १। देवानाम् ६ । अधिपः १ । यस्मिन् ७। लोकाः, अधिश्रिताः १। यः १ । ईशे क्रि० । अस्य, द्विपदः, चतुष्पदः ६ । कस्मै, देवाय ४ । हविषा ३ । विधेम क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(यः) (देवानाम्) अग्न्यादीनाम् (अधिपः) स्वामी (यस्मिन्) यदाधारे (देवाः,अधिश्रिताः) (यः) (अस्य) (द्विपदः) मनुष्यादेः (चतुष्पदः) गवादेः (ईशे) वशे स्थापयितास्ति (कस्मै) तस्मा एतस्मा आनन्दस्वरूपाय (देवाय) प्रकाशस्वरूपाय (हविषा,विधेम) भक्तिं, कुर्मः ॥

भा०-(यः)जो (देवानाम्) देवों का (अधिपः) स्वामी है (यस्मिन्) जिस में (देवाः) देव (अधिश्रिताः) ठहरे हैं (यः) जो (अस्य) इस (द्विपदः)दुपाये (चतुष्पदः) चौपाये का (ईशे) ईश्वर है (कस्मै) उस सुखस्वरूप के लिये (हविषा, विधेम) भक्ति, करें ॥

सब अग्न्यादि देवों का स्वामी और धर्त्ता परमेश्वर ही है। यही नहीं कि वह जड़ जगत् अग्न्यादि का ही स्वामी है किन्तु वह दुपाये चौपाये आदि प्राणिवर्ग का भी स्वामी है इस लिये उस सुखस्वरूप सुखप्रद की उपासना भक्ति करनी चाहिये ॥१३॥

सूक्ष्मातिसूक्ष्मं कलिलस्य मध्ये विश्वस्य स्रष्टारमनेकरूपम् ।
विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं ज्ञात्वा शिवं शान्तिमत्यन्तमेति ।१४।

पदपाठः–सूक्ष्मातिसूक्ष्मम् २। कलिलस्य ६ । मध्ये ७ । विश्वस्य ६। स्रष्टारम्, अनेकरूपम् २ । विश्वस्य । एकम्, परिवेष्टितारम् २ । ज्ञात्वा अ०। शिवम्, शान्तिम्, अत्यन्तम् २ । एति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः–(सूक्ष्मातिसूक्ष्मम्) आकाशादिसूक्ष्मेभ्योऽप्यतिसूक्ष्मम् (कलिलस्य, मध्ये) शुक्रसंयुतं रजो हि गर्भाशये कलिलमित्युच्यते तस्य,

अथवा सर्गारम्भे या आप उत्पद्यन्ते ता अपि जगद्योनित्वात् कलिलमिति वक्तुं शक्यन्ते तन्मध्ये (विश्वस्य) सर्वस्य चराचरस्य (स्रष्टारम्) उत्पादयितारम् (अनेकरूपम्) अनेके रूपयुक्ताः पदार्थाः स्वामित्वे यस्य, नतु स्वयमनेकरूपम् अतीन्द्रियत्वादकायत्वाच्च (विश्वस्य) सर्वस्य (एकम्) अद्वितीयम् (परिवेष्टि· तारम्) सर्वतोवेष्टयितारम् (शिवम्) कल्याणम् (ज्ञात्वा) विज्ञाय (अत्यन्तम्) निरतिशयम् (शान्तिमेति) ॥

भा०–(सूक्ष्मातिसूक्ष्मम्) सूक्ष्म से अति सूक्ष्म (कलिलस्य मध्ये) कलिल के बीच में (विश्वस्य) सब के (स्रष्टारम्) रचने वाले (अनेकरूपम्) अनेक रूप जिस की सृष्टि है (विश्वस्य) सब के (एकम्) अकेले ही (परिवेष्टितारम्) सब ओर से आच्छादन करने वाले (शिवम्) शान्तस्वरूप को (ज्ञात्वा) जान कर (अत्यन्तम्) सर्वथा (शान्तिम्) शान्ति को (एति) प्राप्त होता है ॥

गर्भाशय में स्त्री पुरुष के मिले हुवे वीर्य को वा सृष्टि के आरम्भ में हुवे आपः को कलिल कहते हैं। शेष स्पष्ट है ॥ १४ ॥

य एव काले भुवनस्य गोप्ता विश्वाधिपः सर्व-
भूतेषु गूढः। यस्मिन्युक्ता ब्रह्मर्षयो देवताश्च
तमेवं ज्ञात्वा मृत्युपाशांश्छिनत्ति ॥ १५ ॥

पदपाठः–यः १। एव अ०। काले ७। भुवनस्य ६। गोप्ता, विश्वाधिपः १। सर्वभूतेषु ७। गूढः १। यस्मिन् ७। युक्ताः, ब्रह्मर्षयः, देवताः १। च अ०। तम् २। एवम्, ज्ञात्वा अ०। मृत्युपाशान् २। छिनत्ति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः–(यः)(एव) केवलः (काले) स्थितिसमये (भुवनस्य) जगतः (गोप्ता) रक्षकः (विश्वाधिपः, सर्वभूतेषु, गूढः) (यस्मिन्) यदाधारे (ब्रह्मर्षयः) ब्रह्मर्षिगणाः (देवताः, च) अग्न्यादयो विद्वांसो वा (युक्ताः) (तम्, एवम्, ज्ञात्वा, मृत्युपाशान्, छिनत्ति) ॥

भा०–(यः) जो (एव) ही (काले) समय पर (भुवनस्य) जगत् की (गोप्ता) रक्षा करने वाला है (विश्वाधिपः) सर्वेश्वर (सर्वभूतेषु) सब प्राणियों में (गूढः) अन्तर्यामी है (यस्मिन्) जिस में (ब्रह्मर्षयः) ब्रह्मर्षि लोग (च) और (देवताः) देवगण (युक्ताः) युक्त हैं (तम्) उस को (एवम्) ऐसे (ज्ञात्वा) जान कर (मृत्यु-पाशान्, छिनत्ति) मृत्यु के फांसों को, काट देता है ॥

यहां देवगण से अग्न्यादि भौतिक वा विद्वान् समझने चाहियें ॥ १५ ॥

घृतात्परं मण्डमिवातिसूक्ष्मं ज्ञात्वा शिवं सर्वभूतेषु गूढम्।
विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ।१६।

पदपाठः—घृतात् ५। परम् २। मण्डमिव अ०। अतिसूक्ष्मम् २। ज्ञात्वा अ०। शिवम् २। सर्वभूतेषु ७। गूढम् २। विश्वस्य ६। एकम्, परिवेष्टितारम् २। ज्ञात्वा। देवम् २। मुच्यते क्रि०। सर्वपाशैः ३॥

अन्वितपदार्थः—(घृतात्) (परम्) अधिकम् (अतिसूक्ष्मम्) (मण्डमिव) सर्वरसाग्रम्। "सर्वरसाग्रे मण्डमस्त्रियाम्" इत्यमरः। (सर्वभूतेषु, गूढम्, शिवं, विश्वस्य, एकं, परिवेष्टितारं, देवं ज्ञात्वा, ज्ञात्वा, सर्वपाशैः, मुच्यते) ज्ञात्वेति पुनः पाठो दार्ढ्याय॥

भा०—(घृतात्) घृत से (परम्) अधिक (अतिसूक्ष्मम्) अत्यन्त सूक्ष्म (मण्डमिव) मण्ड के समान (सर्वभूतेषु) सब प्राणियों में (गूढम्) अन्तर्हित (शिवम्) कल्याणप्रद (विश्वस्य, एकं, परिवेष्टितारम्) जगत् के, एक, आच्छादन करने वाले (देवम्) देव को (ज्ञात्वा, ज्ञात्वा) जान कर, ही (मृत्युपाशैः) मृत्यु की फांसियों से (मुच्यते) छुटा जाता है॥

मण्ड उस रस को कहते हैं जो सम्पूर्ण रसों से अधिक सूक्ष्म रस देह में घृतादि के भोजन से बनता है। शेष स्पष्ट है॥ १६॥

एष देवो विश्वकर्मा महात्मा सदा जनानां हृदये संनिविष्टः
हृदा मनीषा मनसाभिक्लृप्तो य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति१७

पदपाठः—एषः, देवः, विश्वकर्मा, महात्मा १। सदा अ०। जनानाम् ६। हृदये ७। संनिविष्टः१। हृदा, मनीषा, मनसा ३। अभिक्लृप्तः १। ये १। एतत् २। विदुः क्रि०। अमृताः, ते १। भवन्ति क्रि०॥

अन्वितपदार्थः—(एषः) साक्षात्कृतः (देवः) द्योतनात्मकः (विश्वकर्मा) जगत्स्रष्टा (महात्मा) महांश्चासावात्मा (सदा) सर्वस्मिन् काले (जनानां, हृदये, संनिविष्टः) (हृदा) हृदयेन (मनीषा) अयं पुरुषार्थोऽयमपुरुषार्थोऽयमात्माऽयमनात्मेति विवेकबुद्ध्या (मनसा) मननेन (अभिक्लृप्तः) समर्थितोऽस्ति। (ये, एतत्, विदुः, ते अमृताः, भवन्ति)॥

भा०-(एषः) यह (देवः)देव है जो (विश्वकर्मा) जगत् का स्रष्टा (महात्मा) महान् आत्मा (सदा) सदा (जनानाम्) प्राणियों के (हृदये) हृदय में (सन्नि-विष्टः) प्रविष्ट रहता है (हृदा) हृदय से (मनीषा) बुद्धि से (मनसा) और मनन से (अभिक्लृप्तः) समर्पित किया जाता है (ये) जो लोग (एतत्) इसे (विदुः) जानते हैं (ते, अमृताः, भवन्ति) वे, अमर, होजाते हैं॥

तात्पर्य यह है कि ईश्वरप्राप्ति में हृदय बुद्धि और मन सब लगा देना चाहिये अर्थात् मनन बोध और चिन्ता अन्य वस्तुओं को त्याग देनी चाहिये ॥१७॥

अथ मुक्तपुरुषावस्थामाह-

यदाऽतमस्तन्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः।
तदक्षरं तत्सवितुर्वरेण्यं प्रज्ञा च तस्मात्प्रसृता पुराणी।१८।

पदपाठः-यदा अ०। अतमः,तत् १। न अ०। दिवा अ०। न। रात्रिः १। न। सत् १। न। च अ०। असत्, शिवः १। एव अ०। केवलः, तत्, अक्ष-रम् १। तत्। सवितुः ६। वरेण्यम् १। प्रज्ञा १। च। तस्मात् ५। प्रसृता, पुराणी १॥

अन्वितपदार्थः-(यदा) यस्यामवस्थायाम् (अतमः)अन्धकाराभावः। किं तर्हि दिनं? नेत्याह-(तत्, दिवा,न) किन्तु विलक्षणमेव। किन्तर्हि रात्रि-र्नेत्याह (न, रात्रिः) (न, सत्) सत्प्रतीयमानं जगत् अपि न प्रतीयते (न, च, असत्) अभावोपि सर्वस्य, न (केवलः) एकः(शिवः, एव) आनन्दमयः पर-मात्मा एव साक्षात्क्रियते। (तत्) परमात्मनः स्वरूपम् (अक्षरम्) अविनाशि (तत्) (सवितुः) जगत्पितुः (वरेण्यम्) वरणीयं स्वरूपं भवति (तस्मात्) परमात्मनः सकाशात् (प्रसृता) प्रचारगता (पुराणी) सनातनी (प्रज्ञा,च) वेद-मयीबुद्धिर्ज्ञानं वा प्रतिभाति। नान्यत्किञ्चित्सदसद्वाऽन्यद्वा प्रतिभाति मुक्तस्य। यथाऽनन्यधिया किमपि रूपं विषयीकुर्वन्तो वयं मह्यां स्थिता अपि न तां विजानीमो वायुं जिघ्रन्तोपि न तं विजानीमस्तथैवानन्यसंसक्तात्मानः परमात्माति-रिक्तं तज्ज्ञानवेदातिरिक्तं च किमप्यन्यत् न विषयीकुर्मइति भावः॥

भा०-अब मुक्त पुरुष की अवस्था का वर्णन करते हैं कि-(यदा)जिस समय में (अतमः) अन्धकार नहीं होता (तत्, न, दिवा) वह, न, दिन है(न, रात्रिः) न, रात्रि है। (न, सत्, च, न, असत्) न, सत् होता, और, न,

असत् होता। किन्तु (केवलः, शिवः, एव) केवल, परमात्मा, ही होता है। (तत्) वह (अक्षरम्) अविनाशी है (तत्) वह (सवितुः) जगत्पिता का (वरेण्यम्) वरणीय स्वरूप है (च) और (तस्मात्) उस से (प्रसृता) फैलनेवाली (पुराणी) सनातनी (प्रज्ञा) बुद्धि वा ज्ञान है॥

तात्पर्य्य यह है कि मुक्तपुरुष की विलक्षण अवस्था होती है उसे न अन्धियारा है न दिन है न रात्रि है। न सत् प्रतीयमानजगत् है। न असत् अर्थात् जगत् का अभाव है। केवल एक परमात्मा ही परमात्मा है और उस का सनातन ज्ञान वेद है और कुछ भान नहीं होता। जैसे अतिप्रिय स्वरूप को देखते हुवे जब हम अनन्य हो जाते हैं तो यद्यपि हम पृथिवी पर खड़े होते हैं परन्तु पृथिवीको भान नहीं करते, वायु से श्वास लेते स्पर्श करते हैं परन्तु उसे भान नहीं करते। यही अवस्था उस अविनाशी वरेण्य-वरणीय परमात्मा के स्वरूप को पाकर मुक्त पुरुष की होती है॥ १८॥

नैनमूर्ध्वं न तिर्यञ्चं न मध्ये परिजग्रभत्।
न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः ॥१९॥

पदपाठः- न अ०। एनम्, ऊर्ध्वम् २। न। तिर्य्यञ्चम् २। न। मध्ये ७। परिजग्रभत् क्रि०। न। तस्य ६। प्रतिमा १। अस्ति क्रि०। यस्य ६। नाम अ०। महत्, यशः १॥

अन्वितपदार्थः-(न) (एनम्) पूर्वोक्तं परमात्मानम् कश्चित् (ऊर्ध्वम्) उपरि (न) (तिर्यञ्चम्) अधस्तात् अतएव (न, मध्ये) (परिजग्रभत्) ग्रहीतुं शक्नोति। कुतः (न, तस्य, प्रतिमा, अस्ति) मूर्त्तिमान् हि उपरि अधस्तात् मध्ये वा ग्रहीतुं शक्यो नाऽमूर्त्तः। (यस्य) परमात्मनः (नाम) प्रसिद्धम् (महत्, यशः) स्पष्टम्॥

पूर्वार्धं यजुर्वेदे द्वात्रिंशत्तमाध्याये द्वितीयमन्त्रोत्तरार्धम्। उत्तरार्धं च तत्रैव तृतीयमन्त्रपूर्वार्धम्॥

भा०-(न) न (एनम्) इस को (ऊर्ध्वम्) ऊपर से (न) न (तिर्यञ्चम्) तिरछा (न) न (मध्ये) बीच में [कोई] (परिजग्रभत्) पकड़ सकता है क्योंकि (तस्य, प्रतिमा, न, अस्ति) उस की, प्रतिमा, नहीं, है (यस्य) जिस का (महत्) बड़ा (यशः) यश (नाम) प्रसिद्ध है॥

इस श्लोक का पूर्वार्ध यजुर्वेद अ० ३२ मं० २ का उत्तरार्ध है। और उत्त-

रार्ध उसी अध्याय के ३ रे मन्त्र का पूर्वार्ध है। ऋषियों ने इन दो वेद-वाक्यों को हेतुपूर्वक संगत किया है कि उस को कोई ऊपर नीचे वा बीच में से कहीं से भी नहीं पकड़ सकता क्योंकि मूर्त्तिमान् पदार्थ पकड़े जासकते हैं, वह अमूर्त्त है ॥ १९ ॥

न संदृशे तिष्ठति रूपमस्य न चक्षुषा पश्यति कश्चनैनम् ।
हृदा हृदिस्थं मनसा य एनमेवं विदुरमृतास्ते भवन्ति॥२०॥

पदपाठः-न अ० । संदृशे ४ । तिष्ठति क्रि० । रूपम् १ । अस्य ६ । न । चक्षुषा ३ । पश्यति क्रि० । कश्चन अ० । एनम् २ । हृदा ३ । हृदिस्थम् २ । मनसा ३ । ये १ । एनम् २ । एवम् अ० । विदुः क्रि० । अमृताः, ते १ । भवन्ति क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(अस्य) परमात्मनः (रूपम्) सच्चिदानन्दमयी सत्ता (संदृशे) चक्षुषे (न, तिष्ठति), अतएव (एनम्, कश्चन, चक्षुषा, न, पश्यति) किन्तु (ये) त्यक्तसर्वसङ्गास्तदेकभक्ताः (एनम्) परमात्मानम् (हृदिस्थम्) हृदयाकाशे स्थितम् (हृदा) हृदयेन (मनसा) मनन शक्त्या (एवम्) उपनिषद्युक्तेन प्रकारेण (विदुः) जानन्ति (ते, अमृताः ,भवन्ति) ॥

परमात्मा यद्यपि वाङ्मनसाऽतीतः परन्तु अत्र न प्राकृतमनसो ग्रहणम् किन्तु जीवात्मनि या मननशक्तिर्यया प्राकृतं मन आदाय कार्यं करोति यां विना मनसि सत्यपि न किञ्चिन्मन्तुं शक्नोति सैवात्र मनः शब्देन ग्राह्या ॥

भा०-(अस्य) इस का (रूपम्) स्वरूप (संदृशे) आंख के लिये (न) नहीं (तिष्ठति) ठहरता । इसी लिये (एनम्) इस को (कश्चन) कोई (चक्षुषा) आंख से (न) नहीं (पश्यति) देखसकता । किन्तु (ये) जो लोग (एनम्) इस (हृदिस्थम्) हृदयस्थ को (हृदा) जी से (मनसा) मननशक्ति से (एवम्) ऐसे (विदुः) जानते हैं (ते) वे लोग (अमृताः, भवन्ति) अमर, होजाते हैं ॥

क्योंकि उस का रूप अर्थात् उस की सत्ता अत्यन्त सूक्ष्म होने से आंख से देखने में नहीं आसक्ती इस लिये उसे कोई आंख से नहीं देखता । यद्यपि वह वाणी और मन का भी विषय नहीं परन्तु यहां "मन" कहने से जीवात्मा की उस शक्ति का ग्रहण करना चाहिये जिस शक्ति के बल से जीवात्मा प्राकृत मन से काम लेता और जिस के विना, प्राकृत मन होते हुवे भी कुछ विचार नहीं हो सकता ॥ २० ॥

अजात इत्येवं कश्चिद्भीरुः प्रपद्यते।
रुद्र यत्ते दक्षिणं मुखं तेन मां पाहि नित्यम् ॥ २१॥

पदपाठः–अजातः १। इति अ०। एवम्, कश्चित् अ०। भीरुः १। प्रपद्यते क्रि०। रुद्र संबो०। यत् १। ते ६। दक्षिणम्, मुखम् १। तेन ३। माम् २। पाहि क्रि०। नित्यम् २॥

अन्वितपदार्थः–(रुद्र) हे दुष्टदमन! भवान् (अजातः) जन्मरहितः (इति) अस्मात्कारणात् (कश्चित्) (भीरुः) जन्मभीरुः (एवम्) उक्तप्रकारेण भवन्तम् (प्रपद्यते) शरणागतो भवति। (यत्) (ते) तव (दक्षिणम्) कुशलम् (मुखम्) साक्षात्करणम् (तेन, मां, नित्यं, पाहि)॥

भा०–(रुद्र) हे रुद्र! (अजातः) आप अजन्मा हैं (इति) इस कारण (कश्चित्) कोई (भीरुः) जन्म से डरने वाला (एवम्) इस प्रकार (प्रपद्यते) शरण आता है सो (ते) आप का (यत्) जो (दक्षिणम्) अत्यन्त चतुर [ज्ञानयुक्त] (मुखम्) साक्षाद्भाव है (तेन) उस से (माम्) मेरी (नित्यम्) नित्य (पाहि) रक्षा कीजिये॥

कोई जन्मदुःख से डरने वाला इस कारण आप के शरण में आता है कि आप अजन्मा हैं उस का जन्म छुड़ा देंगे। इस लिये भगवन्! आप अपने अनन्तज्ञानयुक्त साक्षात्कार से मेरी रक्षा करें ॥२१॥

इदानीं रक्षाप्रकरणे वेदेषु रक्षार्थं भवत्प्रार्थना विहितेति से ऋषयो रक्षाप्रार्थनामन्त्रं पठन्ति–

मा नस्तोके तनये मा न आयुषि मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः। वीरान्मा नो रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्त्वा हवामहे ॥ २२ ॥

इति श्वेताश्वतरोपनिषदि चतुर्थोऽध्यायः॥

पदपाठः–मा अ०। नः ६। तोके, तनये ७। मा। नः। आयुषि ७। मा। नः। गोषु ७। मा। नः। अश्वेषु ७। रीरिषः क्रि०। वीरान् २। मा। नः। रुद्र सम्बो०। भामिनः २। वधीः क्रि०। हविष्मन्तः १। सदम् २। इत् अ०। त्वा २। हवामहे क्रि०॥

अन्वितपदार्थः-(रुद्र) हे दुष्टदमन ! वयं न दुष्टाः किन्तु भवत्सेवका भवदाज्ञापालकाः अतएव नः अस्माकम् (तोके) सद्योजातेऽपत्ये (तनये) पञ्चमवर्षादूर्ध्ववयस्के संताने (मा) न (मा, नः, आयुषि, मा, नः, गोषु, मा, नः, अश्वेषु), (रीरिषः) प्रहारं कुरु (नः, वीरान्) (भामिनः)मन्युमतः (मा, अवधीः) । (हविष्मन्तः) भक्त्याद्युपायनवन्तः वयम् (सदम्) स्थिर-स्वरूपम् (इत्) एव (त्वा) त्वाम् (हवामहे) स्वीकुर्मः ॥

यद्यपि प्रकृतानां श्वेताश्वतरादीनामृषीणां नाधुना पुत्रादिरक्षाप्रार्थना युक्ता परन्तु नहि ते आत्मपुत्रादिरक्षां प्रार्थयन्ते किन्तु जन्ममरणरूपसंसार-भीताः सन्तो हि जन्मादिदुःखेभ्यो रक्षां प्रार्थयमानाः " मान०" इति प्रसंग-प्राप्तंमन्त्रमूचुः । यजुषि १६ । १६ ऋचि च १ । ८ । ६ । ८ अयं मन्त्रः । ऋचि च" आयौ " इति मानोवीरानिति यजुषि च पाठान्तरम् ॥

इति तुलसीराम स्वामिकृते श्वेता० भाष्येचतुर्थोऽध्यायः समाप्तः ॥

भा०-(रुद्र) हे रुद्र! (मा) मत (नः) हमारी (आयुषि) आयु पर (मा) मत (नः) हमारी (गोषु) गौवों पर (मा) मत (नः) हमारे (अश्वेषु) घोड़ों पर (रीरिषः) प्रहार करें (नः) हमारे (भामिनः) क्रुद्ध (वीरान्) वीर पुरुषों को (मा) मत (अवधीः) मारिये (सदम्) स्थिर-स्वरूप (त्वा) आप को (इत्) ही (हवामहे) हम स्वीकार करते हैं ॥

हे रुद्र ! आप दुष्टदमन हैं और हम आप के सेवक आप की आज्ञा वेद के अनुगामी हैं इसलिये हमारे तोक-तत्काल जन्मे बच्चे और तनय-पांच वर्ष के ऊपर अवस्था के सन्तान,गौ,घोड़े,वीर पुरुषों की रक्षा कीजिये, मा-रिये नहीं । यद्यपि श्वेताश्वतरादि ऋषियों को प्रकरण में पुत्रादि की रक्षा-प्रार्थना का प्रयोजन नहीं है परतु जन्मादि दुःखों से व्याकुल हुवे वे ऋषि जन्मादिदुःखों से अपनी रक्षा चाहते हुवे रक्षाप्रार्थनाप्रसङ्ग में इस यजुः१६।१६ और ऋक्१ । ८ । ६ । ८ में आये मन्त्र को केवल " रक्षाप्रार्थना आप के वेद में हैं" इस अभिप्राय से पढ़ते हैं । न कि स्वयं भी पुत्रादि के प्रार्थी होकर। ऋग् में "आयौ" और यजुः में " मानो वीरान् " इतना पाठभेद है ॥ २२ ॥

यह तुलसीराम स्वामिकृत श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्य में

चतुर्थोऽध्याय समाप्त हुवा ॥ ४ ॥

पूर्वोध्यायशेषमपूर्वार्थं प्रतिपादयितुं पञ्चमाध्याय आरभ्यते-

द्वे अक्षरे ब्रह्मपरे त्वनन्ते विद्याविद्ये निहिते यत्र गूढे। क्षरं त्वविद्या ह्यमृतं तु विद्या विद्याविद्ये ईशते यस्तु सोऽन्यः॥१॥

पदपाठः-द्वे १। अक्षरे, ब्रह्मपरे ७। तु अ०। अनन्ते ७। विद्याविद्ये १। यत्र अ०। गूढे १। क्षरम् १। तु। अविद्या १। हि अ०। अमृतम् १। तु। विद्या १। विद्याविद्ये २। ईशते क्रि०। यः १। तु। सः, अन्यः १॥

अन्वितपदार्थः-(यत्र) यस्मिन् (अक्षरे) अविनाशिनि (ब्रह्मपरे) परब्रह्मणि। पूर्वनिपातआर्षः। (तु) पुनरर्थे (अनन्ते) देशकालाद्यनवच्छिन्ने (द्वे) (विद्याऽविद्ये) आत्मज्ञानं विद्या तद्भिन्नान्यपदार्थज्ञानमविद्या विद्या चाऽविद्या च विद्याऽविद्ये (गूढे) अन्तर्हिते सर्वैरविज्ञाते (निहिते) स्तः। तत्र (क्षरं, तु, अविद्या) आत्मभिन्नपदार्थज्ञानं क्षरं विनाशि। अन्यपदार्थानां नाशवत्वात्। (हि) निश्चयेन (विद्या, तु, अमृतम्) आत्मज्ञानं, तु, मोक्षदम्। (यः, तु, विद्याविद्ये, ईशते, सः अन्यः) यश्च विद्यायाआत्मज्ञानस्य, अविद्यायास्तद्भिन्नपदार्थविज्ञानस्य च स्वामी सोऽन्यः परमात्मास्ति॥

भा०-पूर्वोध्याय से बचे हुवे उसी अपूर्व अर्थ को प्रतिपादन करने के लिये पञ्चमाध्याय का आरम्भ किया जाता है-

(यत्र) जिस (अक्षरे) अविनाशी (तु) और (अनन्ते) अनन्त (ब्रह्मपरे) परब्रह्म में (द्वे) दो (विद्याऽविद्ये) विद्या और अविद्या (गूढे) गूढ (निहिते) वर्त्तमान हैं। (तु) और (यः) जो (विद्याविद्ये) विद्या और अविद्या का (ईशते) ईश्वर है। (सः) वह (अन्यः) और ही है। (तु) और (अविद्या) अविद्या (क्षरम्) नाश वाली है (हि) निश्चय (विद्या) विद्या (तु) तौ (अमृतम्) मोक्षदायिका है॥

वेदान्तशास्त्र में आत्मज्ञान को विद्या कहते हैं और आत्मातिरिक्त पदार्थों के ज्ञान को अविद्या कहते हैं अर्थात् आत्मविद्या=विद्या और पदार्थविद्या= अविद्या। इस रीति से परमात्मा में विद्या और अविद्या नाम के दोनों ज्ञान हैं और वह उन दोनों का ईश्वर है। उस के वेदरूप ज्ञान में दोनों प्रकार के ज्ञान

हैं। जिन में से एक पदार्थविज्ञान तो नश्वर है परन्तु दूसरा आत्मज्ञान मोक्षदायक है ॥ १ ॥

यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येको विश्वानि रूपाणि योनीश्च सर्वाः। ऋषिं प्रसूतं कपिलं यस्तमग्रे ज्ञानैर्बिभर्त्ति जायमानं च पश्येत्॥२॥

पदपाठः- यः १। योनिम्, योनिम् २। अधितिष्ठति क्रि०। एकः १। विश्वानि, रूपाणि, योनीः २। च अ०। सर्वाः २। ऋषिम्, प्रसूतम्, कपिलम् २। यः। तम् २। अग्रे अ०। ज्ञानैः ३। बिभर्त्ति क्रि०। जायमानम् २। च। पश्येत् क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(यः) सर्वेश्वरः (योनिं, योनिम्, अधितिष्ठति) (एकः) असहायः (यः) पूर्वोक्तःसर्वेश्वरः (ऋषिम्) ज्ञानिनं ज्ञानाधिकरणमात्मानं जीवात्मानम्(प्रसूतम्) गर्भाशयान्निस्सृतम् (कपिलम्) हतज्ञानप्रभम्(ज्ञानैः) ज्ञानेन्द्रियैः(अग्रे) प्रथमावस्थायाम्(बिभर्त्ति) पुष्णाति (जायमानम्) उत्पद्यमानम् (तम्) जीवात्मानम् (च) (विश्वानि, रूपाणि, सर्वाः, योनीः, च) (पश्येत्) पश्यति लकारव्यत्ययः ॥

अयंभावः-यः सर्वेश्वरः सर्वयोनिगतानां जीवात्मनामधिष्ठातास्ति स एव प्रसूतं हतज्ञानं जीवात्मानं ज्ञानेन्द्रियसहायतादानेन पुष्णाति, जीवात्मनो योनीनां च सर्वासां साक्षी चापि स एवेति ॥

भा०-(यः) जो (योनिं योनिम्) सब योनियों का (एकः) एक (अधितिष्ठति) अधिष्ठाता है वही (ऋषिम्) चेतन जीवात्मा (प्रसूतम्) उत्पन्न हुवे (कपिलम्) हतज्ञान का (अग्रे) बाल्यावस्था में (ज्ञानैः) ज्ञानेन्द्रियों से (बिभर्त्ति) पोषण करता है (च) और (जायमानम्) उत्पन्न हुवे (तम्) उस को (च) और (विश्वानि, रूपाणि) सब, रूपों तथा (योनीः) योनियों को (पश्येत्) देखता है ॥

तात्पर्य यह है कि परमात्मा प्रत्येक योनि का एकेला ही अधिष्ठाता है। और एक एक योनि के अधिष्ठाता जीवात्मा लोगों को जब वे बाल्यावस्था में कपिल अर्थात् ज्ञान की ज्योति से रहित से हो जाते हैं तो परमात्मा ही उन को ज्ञानेन्द्रियां देता और पुष्ट करता है अर्थात् उन के ज्ञान को पकाता है और उन जीवात्माओं तथा सब रूप और योनियों का साक्षी रहता है ॥ २ ॥

एकैकं जालं बहुधा विकुर्वन्नस्मिन्क्षेत्रे
संहरत्येष देवः । भूयः सृष्ट्वा पतयस्तथेशः
सर्वाधिपत्यं कुरुते महात्मा ॥ ३ ॥

पदपाठः-एकैकम्, जालम् २ । बहुधा अ० । विकुर्वन् १ । अस्मिन्, क्षेत्रे ७ । संहरति क्रि० । एषः, देवः १ । भूयः अ० । सृष्ट्वा अ० । पतयः १ । तथा अ० । ईशः १ । सर्वाधिपत्यम् २ । कुरुते क्रि० । महात्मा १ ॥

अन्वितपदार्थः-(एषः, देवः) एष, परमात्मा (एकैकम्) प्रत्येकम् (जालम्) मोहास्पदं संसाररूपं जालम् (बहुधा, विकुर्वन्) विकृतं कुर्वन् सन् (संहरति) प्रलयकालइतिशेषः (भूयः) पुनरपि (अस्मिन्) प्रकृत्यात्मके (क्षेत्रे) (ईशः) ऐश्वर्यवान् । (तथा) यथा पूर्वम् (पतयः) पतीन् इति वक्तव्ये व्यत्ययेन प्रथमा । प्रजापतीन्सूर्यादीन् (सृष्ट्वा) उत्पाद्य(महात्मा) महांश्चासावात्मा (सर्वाधिपत्यं, कुरुते) ॥

भा०-(एषः) यह (देवः) दिव्यगुणयुक्त (ईशः) ऐश्वर्यवान् (महात्मा)महान् आत्मा=परमात्मा (एकैकम्) प्रत्येक (जालम्) जाल को (बहुधा) बहुत प्रकार से (विकुर्वन्) विकारी करता हुवा (अस्मिन्) इस (क्षेत्रे) क्षेत्र में (संहरति) संहार करता है (भूयः) फिर (पतयः) प्रजापतियों को (तथा) वैसे ही (सृष्ट्वा) रच कर (सर्वाधिपत्यम्) सब पर राज्य (कुरुते) करता है ॥

अर्थात् परमात्मा प्रत्येक संसाररूपी जाल को बहुत प्रकार से बनाता, बिगाड़ता, संहार करता और उसी प्रकार फिर २ प्रजापतियों=सूर्यादि लोकपालों को रच कर उन पर राज्य करता है ॥ ३ ॥

सर्वा दिश ऊर्ध्वमधश्च तिर्यक्प्रकाशयन्भ्राजते यद्वनड्वान् । एवं स देवो भगवान् वरेण्यो योनिस्वभावानधितिष्ठत्येकः ॥ ४ ॥

पदपाठः-सर्वाः,दिशः २ । ऊर्ध्वम्२ । अधः,च अ० । तिर्यक् २ । प्रकाशयन् १ । भ्राजते क्रि० । यत्, उ अ० । अनड्वान् १ । एवम् अ० । सः, भगवान्, वरेण्यः १ । योनिस्वभावान् २ । अधितिष्ठति क्रि० । एकः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(यत्, उ) यथा (अनड्वान्) अनः प्राणं वहति सोऽनड्वान्सूर्यः (सर्वाः, दिशः) पूर्वाद्याश्चतस्त्रः (ऊर्ध्वम्) उपरि (अधः)नीचैः (च)

(तिर्यक्) विदिशः (प्रकाशयन्) प्रकाशं प्रापयन्सन् (भ्राजते) स्वयमपि प्रकाशते (एवम्) तथैव (सः, देवः) दिव्यगुणः (भगवान्) ऐश्वर्यवान् (वरेण्यः) स्वीकरणीयः उपास्यः (एकः) असहायः (योनिस्वभावान्) योनीश्च स्वभावांश्च (अधितिष्ठति) ॥

यथा सूर्य्यः स्वयंप्रकाशः सन्नन्याः सर्वाः दिशो विदिशश्च प्रकाशयति तथैवेश्वरः सर्वेश्वरत्वेन वर्त्तते ॥

भा०-(यत्, उ) जिस प्रकार (अनड्वान्) सूर्य्य (सर्वाः) सब (दिशः) दिशाओं और (ऊर्ध्वम्) ऊपर (च) और (अधः) नीचे (तिर्यक्) तिरछी ओर (प्रकाशयन्) प्रकाशित करता हुवा (भ्राजते) स्वयं प्रकाशता है (एवम्) इसी प्रकार (सः) वह (देवः) दिव्यगुणी (भगवान्) ऐश्वर्य वाला (वरेण्यः) भक्ति करने योग्य (एकः) अकेला (योनिस्वभावान्) योनि और स्वभावों पर (अधितिष्ठति) राज्य करता है ॥

अनड्वान् पद से सूर्य का ग्रहण संस्कृतभाष्य में सप्रमाण किया है । जैसे सूर्य स्वयंप्रकाश होकर पूर्वादि चारों दिशा विदिशा नीचे ऊपर तिरछा सब ओर के पदार्थों को प्रकाश पहुंचाता है वैसे ही परमात्मा सब पर राज्य करता है ॥ ४ ॥

पुनः किम्भूतः स इति तमेव विशिनष्टि-

यच्च स्वभावं पचति विश्वयोनिः पाच्यांश्च सर्वान्परिणामयेद्यः । सर्वमेतद्विश्वमधितिष्ठत्येको गुणांश्च सर्वान्विनियोजयेद्यः ॥ ५ ॥

पदपाठः-यत् १ । च अ० । स्वभावम् २ । पचति क्रि० । विश्वयोनिः १ । पाच्यान् २ । च । सर्वान् २ । परिणामयेत् क्रि० । यः १ । सर्वम्, एतत् २ । अधितिष्ठति क्रि० । एकः १ । गुणान् २ । च । सर्वान् २ । विनियोजयेत् क्रि० । यः ॥

अन्वितपदार्थः-(यत्) यः लिङ्गव्यत्ययः (स्वभावम्) तत्तत्पदार्थस्य स्वकीयं भावम् (पचति) स्वकार्यकरणक्षमं सम्पादयति (च)पुनरर्थे (पाच्यान्) विपरिणामार्हान्(सर्वान्)समस्तान् (यः) (परिणामयेत्) विपरिणमयति इत्यस्य स्थाने आर्षम् । (च)पुनरर्थे (एकः) एक एव (एतत्,सर्वम्) (विश्वम्) जगत् (अधितिष्ठति) (च) पुनरर्थे (सर्वान्,गुणान्) तत्तद्द्रव्यगतान्सर्वान्

गुणान् गन्धादीन् (यः) (विनियोजयेत्) विनियोजयति । लकारव्यत्ययः । स्वस्वकार्यनियुक्तान्सम्पादयति । सः (सर्वयोनिः) सर्वेषामुत्पत्तिस्थानमस्ति इति ज्ञातव्यम् ॥

यथा पक्वं सत् फलं स्वादु हृद्यं पूर्णं भवत्यपक्वं चास्वाद्वशोभनमपूर्णं भवति तथैव स्रष्टृसृष्टाः सर्वे पदार्थाः शोभनाः सम्पन्नाः पक्वाइत्युच्यन्ते। तेषां पाचयिता पूरयिता विपरिणमयिता च स्रष्टैवेति निर्विवादम् । अतएवात्रोक्तं स एव सर्वसृष्टपदार्थस्वभावं पचति तत्तद्गुणांश्च । स एव च तत्तद्द्रव्यगुणान् तत्तत्कार्येषु नियुक्तान् करोति । इदमेव तस्याधिष्ठातृत्वम् ॥

भा० (च) और (यत्) जो (स्वभावम्) स्वभाव को (पचति) पकाता है (च) और (सर्वान्) सब (पाच्यान्) पचाने योग्यों को (यः) जो (परिणामयेत्) पकाता है (यः) जो (एकः) अकेला (सर्वम्) सब (एतत्) इस (विश्वम्) जगत् पर (अधितिष्ठति) राज्य करता है (च) और (सर्वान्) सब (गुणान्) गुणों को (विनियोजयेत्) नियुक्त करता है ॥

प्रत्येक सृष्ट पदार्थ के स्वभाव को स्रष्टा ने ही पकाया है,वही उस २ द्रव्य के उस २ गुण को अपने २ काम में नियुक्त करता है अर्थात् वह सब पर अधिष्ठाता है । उस की आज्ञा का उल्लङ्घन कोई नहीं कर सकता ॥ ५ ॥

तद्वेदगुह्योपनिषत्सु गूढं तद् ब्रह्मा वेदते ब्रह्म योनिम् ।
ये पूर्वदेवा ऋषयश्च तद्विदुस्ते तन्मया अमृता वै बभूवुः॥६॥

पदपाठः—तत् २। वेदगुह्योपनिषत्सु ७। गूढम्, तत् २ । ब्रह्मा १ । वेदते क्रि० । ब्रह्म २ । योनिम् २ । ये, पूर्वदेवाः, ऋषयः १ । च अ० । तद् २ । विदुः क्रि० । ते, तन्मयाः, अमृताः १ । वै अ० । बभूवुः क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः–(तत्) पूर्वोक्तं सर्वस्याधिष्ठातृ (वेदगुह्योपनिषत्सु) वेदानां गुह्याः सारभूता रहस्यभूता वा या उपनिषदः उपासनाशिक्षास्तासु (गूढम्)साधारणैरविज्ञेयत्वेनवर्णितम् (योनिम्) सर्वस्योत्पत्तिस्थानम् (तत्,ब्रह्म) (ब्रह्मा) वेदवित् (वेदते) वेत्ति, नत्ववेदवित्। (ये)(पूर्वदेवाः) पूर्वे च ते देवा विद्वांसः (ऋषयश्च)ज्ञानवृद्धा महर्षयश्च(तत्)ब्रह्म(विदुः) विदांचक्रुः(ते) (तन्मयाः) तन्मनस्काः सन्तः (वै) निश्चयेन (अमृताः, बभूवुः) ॥

भा०-(तत्) उस (वेदगुह्योपनिषत्सु) वेदों की रहस्यभूत उपनिषद्

ब्रह्मविद्याओं में (गूढम्) गूढभाव से वर्णित (योनिम्) उत्पत्तिस्थान (ब्रह्म) ब्रह्म को (ब्रह्मा) वेदवेत्ता विद्वान् (वेदते) जानता है (तत्) वह ब्रह्म है। (ये) जिन (पूर्वदेवाः) पूर्वले विद्वानों (च) और (ऋषयः) ऋषियों ने (तत्) उसे (विदुः) जाना (ते) वे (तन्मयाः) उसी में रत होते हुवे (वै) निश्चय (अमृताः) अमर (बभूवुः) हुए ॥६॥

षड्भिर्जीवात्मानं वर्णयति-

गुणान्वयो यः फलकर्मकर्त्ता कृतस्य तस्यैव स चोपभोक्ता ।
सविश्वरूपस्त्रिगुणस्त्रिवर्त्मा प्राणाधिपः संचरति स्वकर्मभिः ।७।

पदपाठः-गुणान्वयः, यः, फलकर्मकर्त्ता १। कृतस्य, तस्य ६। एव अ०। सः १। च अ०। उपभोक्ता, सः, विश्वरूपः, त्रिगुणः, त्रिवर्त्मा, प्राणाधिपः १। संचरति क्रि०। स्वकर्मभिः ३ ॥

अन्वितपदार्थः-(यः) (गुणान्वयः) प्रकृतिगुणैरन्वयः साहित्यमस्य सः (फलकर्मकर्त्ता) फलानां कर्मणां च कर्त्ता। फलानां कर्माधीनत्वात्कर्मणां च जीवाधीनत्वादुभयोरपि जीवात्मैव कर्त्ता । (तस्य, कृतस्य, च, सः एव, उपभोक्ता)। (सः)(विश्वरूपः) विश्वानि समस्तानि नानायोनिगतानि रूपाणि यस्य सः (त्रिगुणः) त्रयोरजआदिका गुणाः सशरीरस्य यस्य सः (त्रिवर्त्मा) त्रयो-मार्गा मध्यमोत्तमनिकृष्टानि वर्त्मानि यस्य सः (प्राणाधिपः) प्राणानामधिपः स्वामी यदधीनाः प्राणा यदनुगामिनश्च (स्वकर्मभिः) (संचरति) चञ्चरते नाना-योनिषु इति शेषः ॥

यद्यपि केवले देहेन्द्रियरहिते जीवात्मनि नैव त्रिगुणत्वादयो धर्मा उप-पद्यन्ते परन्तु संसृतस्यात्मनोऽत्र वर्णने सर्वं वक्तुं शक्यते ॥

भा०-अब छः श्लोकों से जीवात्मा का वर्णन करते हैं-(यः) जो (गुणान्वयः) गुणों से मेल वाला (फलकर्मकर्त्ता) फलों और कर्मों का कर्त्ता है (सः, एव) वह, ही (तस्य, कृतस्य, उपभोक्ता, च) उस, किये का, भोगने वाला, भी है। (सः) वह (विश्वरूपः) अनेक रूप धारता है (त्रिगुणः) तीन गुणों का धर्त्ता (त्रिवर्त्मा) तीन मार्गों वाला (प्राणाधिपः) प्राणों का स्वामी (स्वकर्मभिः) अपने कर्मों से (संचरति) घूमता फिरता है ॥

तात्पर्य यह है कि जीवात्मा वास्तव में सत्त्वादि प्रकृति के ३ गुणों का

साथी होकर त्रिगुण कहा जाता है और इसी से कर्मानुसार फलभोगार्थ नाना योनियों में घूमता है ॥ ७॥

अङ्गुष्ठमात्रो रवितुल्यरूपः संकल्पाहंकारसमन्वितोयः ।
बुद्धेर्गुणेनाऽऽत्मगुणेन चैव आराग्रमात्रोह्यपरोऽपि दृष्टः ॥८॥

पदपाठः-अङ्गुष्ठमात्रः, रवितुल्यरूपः, संकल्पाहंकारसमन्वितः, यः १ । बुद्धेः ६ । गुणेन, आत्मगुणेन ३ । च । एव अ० । आराग्रमात्रः १ । हि अ० । अपरः १ । अपि अ० । दृष्टः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(बुद्धेः) अन्तःकरणस्य (गुणेन) प्रभावेन (अङ्गुष्ठमात्रः) अङ्गुष्ठपरिमितहृदयदेशापेक्षया सन्मात्रः (रवितुल्यरूपः) सूर्य्यतुल्यप्रभः । यथासूर्य्यो ब्रह्माण्डस्थांल्लोकान्प्रकाशयति तथैव जीवात्मापि ब्रह्माण्डस्थानिनो देहस्य प्रकाशकः । (सङ्कल्पाहङ्कारसमन्वितः) सङ्कल्पेनाऽहङ्कारेण च समन्वितो युक्तः (यः,च) (आत्मगुणेन) आत्मनो निजस्य चैतन्यगुणेन (आराग्रमात्रः) प्रतोदाग्रप्रोतलोहकण्टकाग्रमात्रः (अपरः) षष्ठोक्तात्परमेश्वरादन्यः (अपि, हि, दृष्टः) अस्माभिरिति शेषः ॥

जीवात्मा बुद्धेरन्तःकरणस्य गुणेनाङ्गुष्ठमात्रः शक्यते वर्णयितुमन्तःकरणस्याङ्गुष्ठमात्रहृदयात्मकत्वात् परन्तु आत्मनश्चैतन्यरूपेण तु आराग्रमात्र एवेत्याशयः ॥ ८ ॥

भा०-(यः) जो (बुद्धेः) अन्तःकरण के (गुणेन) गुण से (अङ्गुष्ठमात्रः) अंगूठे के परिमाण का है (च) परन्तु (आत्मगुणेन) अपने स्वरूप से (आराग्रमात्रः, एव) आर के अग्रभाग के परिमाण वाला, ही है (रवितुल्यरूपः) सूर्य्य के तुल्य प्रकाशक है । (सङ्कल्पाहङ्कारसमन्वितः) सङ्कल्प और अहङ्कार से युक्त । ऐसा (अपरः, अपि, हि, दृष्टः) दूसरा, भी, निश्चय, देखा जाता है ॥

अर्थात् जीवात्मा वस्तुतः अपने स्वरूप से इतना छोटा है जितनी सुई की नोक का अन्तिम भाग । इस दृष्टान्त से उसका अत्यन्त अणु होना बताया है। परन्तु अन्तःकरण जो अंगूठे के बराबर के हृदय में है उसके गुण से जीवात्मा को भी अङ्गुष्ठमात्र कहा जाता है । जैसे सूर्य्य अपनी कीली पर घूमता हुआ ब्रह्माण्ड के अन्यलोकों को प्रकाशित करता है इसी प्रकार जीवात्मा हृदयदेश में रहता हुआ इस छोटे से ब्रह्माण्डस्थानी देहेन्द्रियसमूह को प्रकाशित करता है । इस प्रकार जीवात्मा जो छठे श्लोक में कहे परमात्मा से अपर है वह भी उन ऋषियों ने जाना ॥ ८ ॥

बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च ।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चाऽनन्त्याय कल्पते ॥९॥

पदपाठः-बालाग्रशतभागस्य ६ । शतधा अ० । कल्पितस्य ६ । च अ० । भागः, जीवः, सः, विज्ञेयः, सः १ । च । आनन्त्याय ४ । कल्पते क्रि० ॥९॥

अन्वितपदार्थः-(बालाग्रशतभागस्य) मनुष्यमूर्द्धजस्य यदग्रं तस्य यः शततमो भागस्तस्याऽपि (शतधा, कल्पितस्य, च) अर्थात् दशसहस्रतमस्य बालाग्रभागस्य (भागः) अंशो योऽस्ति (सः) (जीवः, विज्ञेयः) । (सः, च, आनन्त्याय, कल्पते) अर्थात् परिच्छिन्नोपि यथा पिपीलिकादेहं तथा हस्तिदेहमपि प्रकाशयति नहि पिपीलिकास्थस्य जीवात्मनो देहप्रकाशनसामर्थ्यं पिपीलिकया परिमितं भवति । अनन्तशब्दोऽत्राविज्ञातान्तपरः ॥

भा०-(बालाग्रशतभागस्य) बाल की नोक के सौवें भाग का (च) फिर (शतधा, कल्पितस्य) सौवें भाग का (भागः) कोई अंश जितना हो (सः) उतना (जीवः) जीवात्मा (विज्ञेयः) जानना चाहिये (सः, च) और, वह (आनन्त्याय) अनन्त होने के लिये (कल्पते) समर्थ है ॥

यद्यपि जीवात्मा बाल की नोक के दश सहस्रवें भाग का कोई भाग जितना परिच्छिन्न है परन्तु उसमें जो सामर्थ्य देहेन्द्रियादि को प्रकाशित करने का है उस सामर्थ्य का अन्त जानना कठिन है । क्योंकि चींटी के देह और हाथी के देह को एक ही प्रकार देह भर में जीवात्मा प्रकाश पहुंचाता है । यदि जीवात्मा का सामर्थ्य चींटी के बराबर परिमाण का होता तो हाथी के देह में प्रकाश सर्वत्र न हो सकता । यहां अनन्त का तात्पर्य यह है कि जिस का अन्त हो तो, पर जाना न जावे । अन्यथा पूर्वापर विरोध आवेगा ॥९॥

नैव स्त्री न पुमानेष न चैवायं नपुंसकः ।
यद्यच्छरीरमादत्ते तेन तेन स रक्ष्यते ॥ १० ॥

पदपाठः-न, एव अ० । स्त्री १ । न । पुमान्, एषः १ । न, च, एव, अ० । अयम्, नपुंसकः १ । यत्, यत्, शरीरम् २ । आदत्ते क्रि० । तेन, तेन ३ । सः १ । रक्ष्यते क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(एष) पूर्वोक्तोजीवात्मा (न, एव, स्त्री, न, पुमान्, न, च, अयम्, नपुंसकः, एव) किन्तु (यत्, यत्, शरीरम्, आदत्ते, तेन तेन, सः, रक्ष्यते) ॥

जीवात्मनि देहसंगात् पुंस्त्वादिकं न वस्तुत स्वतः इत्यर्थः ॥

भा०-(एषः) यह (स्त्री) स्त्री (न, एव) नहीं (न,पुमान्) न, पुरुष (च) और (न, नपुंसकः, एव) न, नपुंसक, ही है किन्तु (यत, यत, शरीरम्, आदत्ते) जिस, जिस, शरीर को, ग्रहण करता है (तेन, तेन) उस २ से (सः) वह (रक्ष्यते) रक्खा जाता है ॥

अर्थात् जीवात्मा में वास्तविक पुरुषत्वादि नहीं किन्तु देह के संग सेहैं॥१०॥

संकल्पनस्पर्शनदृष्टिमोहैर्ग्रासाम्बुवृष्ट्या
चाऽऽत्मविवृद्धिजन्म। कर्मानुगान्यनुक्रमेण
देही स्थानेषु रूपाण्यभिसंप्रपद्यते ॥ ११ ॥

पदपाठः-संकल्प-दृष्टिमोहैः ३ । ग्रासाम्बुवृष्ट्या ३ । च अ० । आत्मविवृद्धिजन्म २ । कर्मानुगानि २ । अनुक्रमेण ३ । देही १ । स्थानेषु ७ । रूपाणि २ । अभिसंप्रपद्यते क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-(देही) देहस्य स्वामी जीवात्मा (सङ्कल्पनस्पर्शनदृष्टिमोहैः) संकल्पनं च स्पर्शनं च दृष्टिश्च मोहोऽज्ञानं च तैः (स्थानेषु) देहेषु (कर्मानुगानि) कर्मानुसारीणि (रूपाणि) स्त्रीपुन्नपुंसकादीनि (अनुक्रमेण) कर्मानुसारेण (अभिसंप्रपद्यते) प्राप्नोति (च) पुनरर्थे (ग्रासाम्बुवृष्ट्या) ग्रासाम्बुनोरन्नपानयोर्वृष्ट्याऽऽसेचनेन (आत्मविवृद्धिजन्म) आत्मनो देहस्य विवृद्धिं जन्म च प्राप्नोति ॥

भा०-(देही) जीवात्मा (संकल्पनस्पर्शनदृष्टिमोहैः) सङ्कल्प, स्पर्श, दर्शन और मोह से (स्थानेषु) देहों में (कर्मानुगानि) कर्मानुसारी (रूपाणि) रूपों को (अभिसंप्रपद्यते) प्राप्त होता है (च) और (अनुक्रमेण) क्रम पूर्वक (ग्रासाम्बुवृष्ट्या) अन्न पान के सेचन से (आत्मविवृद्धिजन्म) देह-वृद्धि और जन्म को भी प्राप्त होता है ॥

अर्थात् कर्मानुसार जैसे अन्न पान से देह बढ़ता है वैसे संकल्प, स्पर्श, दर्शन आदि के प्रभाव से कभी स्त्री कभी पुरुष आदि बनता है ॥११॥

स्थूलानि सूक्ष्माणि बहूनि चैव रूपाणि देही स्वगुणैर्वृणोति। क्रियागुणैरात्मगुणैश्च तेषां संयोगहेतुरपरोऽपि दृष्टः ॥१२॥

पदपाठः–स्थूलानि, सूक्ष्माणि, बहूनि २। च, एव अ०। रूपाणि २। देही १। स्वगुणैः ३। वृणोति क्रि०। क्रियागुणैः, आत्मगुणैः ३। च अ०। तेषाम् ६। संयोगहेतुः, अपरः १। अपि अ०। दृष्टः १॥

अन्वितपदार्थः–(देही) देहधारी (स्थूलानि, सूक्ष्माणि, च, बहूनि, रूपाणि, स्वगुणैः,वृणोति)। (तेषां, संयोगहेतुः) तेषां स्थूलसूक्ष्मदेहोपादानानां प्रयोजकः (अपरः) अन्यः परमात्मा (क्रियागुणैः, आत्मगुणैः, च, अपि, दृष्टः, एव)॥

जीवात्मा स्वकीयकर्मप्रभावजानि अनेकानि रूपाणि स्वीकरोति। तस्य तत्तद्रूपप्रदाताऽपरः परमात्मा तदीयक्रियागुणैः स्वरूपगुणैश्च विज्ञेयः॥

भा०–(देही) जीवात्मा (स्थूलानि, च, सूक्ष्माणि, बहूनि, रूपाणि) स्थूल, और, सूक्ष्म, बहुत, देहों को (स्वगुणैः) अपने कर्म के प्रभावों से (वृणोति) स्वीकार करता है। (अपरः अपि) दूसरा भी (क्रियागुणैः) क्रियाओं से उत्पन्न हुवे गुणों (च) और (आत्मगुणैः) स्वरूप से उत्पन्न हुवे गुणों से (दृष्टः, एव) जाना, ही, जाता है। जो कि (तेषां,संयोगहेतुः) उन के, संयोग का हेतु है॥

जीवात्मा कर्म के प्रभाव से अनेक प्रकार के देह धारता है और दूसरा परमात्मा उन २ देहों को धारण करवाता है और वह परमात्मा अपनी स्वाभाविक क्रिया के गुणों और सत्तामात्र के गुणों से पहंचाना जाता है॥

पूर्वश्लोके " अपरोपि दृष्ट " इत्युक्तं परमात्मानं स्तुत्वाऽध्यायं समापयति द्वाभ्याम्–

अनाद्यनन्तं कलिलस्य मध्ये विश्वस्य स्रष्टारमनेकरूपम्। विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ॥ १३ ॥

पदपाठः–अनाद्यनन्तम् २। कलिलस्य ६। मध्ये ७। विश्वस्य ६। स्रष्टारम्, अनेकरूपम् २। विश्वस्य। एकम्, परिवेष्टितारम् २। ज्ञात्वा अ०। देवम् २। मुच्यते क्रि०। सर्वपाशैः ३॥

अन्वितपदार्थः–(अनाद्यनन्तं, कलिलस्य, मध्ये, विश्वस्य, स्रष्टारम्,

अनेकरूपम्, विश्वस्य, परिवेष्टितारम्, एकं, देवं, ज्ञात्वा, [नरः] (सर्वपाशैः मुच्यते) व्याख्यातप्रायं चतुर्थाध्यायचतुर्दशपद्ये ॥

भा०-(अनाद्यनन्तम्) आदि अन्त से रहित (कलिलस्य, मध्ये, विश्वस्य, स्रष्टारम्) कलिल के, बीच में, जगत् के, रचने वाले (अनेकरूपम्) विविध सृष्टि के स्रष्टा (विश्वस्य, परिवेष्टितारम्) सब के, लपेटने वाले (एकम्) एक (देवम्) देव को (ज्ञात्वा) जानकर [मनुष्य] (सर्वपाशैः) सब बन्धनों से (मुच्यते) छूट जाता है । इस की व्याख्या चतुर्थाध्याय के १४ वें पद्य में प्रायः आ चुकी है ॥ १३ ॥

भावग्राह्यमनीडाख्यं भावाभावकरं शिवम् ।
कलासर्गकरं देवं ये विदुस्ते जहुस्तनुम् ॥ १४ ॥

इति श्वेताश्वतरोपनिषदि पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

पदपाठः-भावग्राह्यम्, अनीडाख्यम्, भावाऽभावकरम्, शिवम्, कलासर्गकरम्, देवम् २ । ये १ । विदुः क्रि० । ते १ । जहुः क्रि० । तनुम् २ ॥

अन्वितपदार्थः-(ये) भक्ताः (भावग्राह्यम्) भावेन भक्त्या ग्रहीतुं योग्यम् (अनीडाख्यम्) नीडं शरीरं तद्रहिता आख्या यस्य तम् (भावाऽभावकरम्) कार्यसृष्टिप्रलयकर्त्तारम् (शिवम्) मङ्गलस्वरूपम् (कलासर्गकरम्) प्रश्नोपनिषदुक्तानां षोडशकलानां सर्गस्य कर्त्तारम् (देवम्) द्योतनात्मकम् (विदुः) जानन्ति (ते) (तनुं जहुः) जन्ममृत्युजराव्याध्यादिदेहधर्मांस्त्यजन्ति मोक्षमाप्नुवन्ति ॥

इति तुलसीरामस्वामिकृते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये पञ्चमोध्यायः ॥५॥

भा०-(ये) जो लोग (भावग्राह्यम्, अनीडाख्यम्, भावाऽभावकरम्, शिवम्, कलासर्गकरम्, देवम्) भक्ति से मिलने वाले, देहरहित, उत्पत्ति प्रलय के कर्त्ता, शान्त, कलाओं के सृजने वाले, देव को (विदुः) जानते हैं (ते) वे लोग (तनुम्) देह को (जहुः) त्यागते हैं ॥

अर्थात् जो ईश्वर के भक्त, ईश्वर को यथार्थभाव से जान कर उसकी भक्ति करते हैं वे ही देह के बन्धन से छूटते हैं । इस में जो "भावाऽभावकरम्" का अर्थ "उत्पत्ति प्रलय के कर्त्ता।" किया है, इस में कारण का भाव अभाव नहीं समझना क्योंकि कारण नित्य है किन्तु कार्य का भाव अभाव ही किया जाता है वही उत्पत्ति और प्रलय है ॥१४॥

यह तुलसीरामस्वामिकृत श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्य में पञ्चम अध्याय हुआ ॥५॥

अथ षष्ठोऽध्यायः ॥

स्वविचारणीयविषयस्यादिभूतं प्रश्नं स्मरन्तस्ते श्वेताश्वतरादयो महर्षयो हि समापयन्तोऽपि प्रकृतप्रथमाध्यायस्थकालादिकारणंविचारणां पुरस्कृत्य षष्ठाध्यायमारभन्ते–

स्वभावमेके कवयो वदन्ति कालं तथान्ये परिमुह्यमानाः।
देवस्यैष महिमा तु लोके येनेदं भ्राम्यते ब्रह्मचक्रम् ॥ १ ॥

पदपाठः–स्वभावम् २ । एके, कवयः १ । वदन्ति क्रि० । कालम् २ । तथा अ० । अन्ये, परिमुह्यमानाः १ । देवस्य ६ । एषः, महिमा १ । तु अ० । लोके ७ । येन ३ । इदम् १ । भ्राम्यते क्रि० । ब्रह्मचक्रम् १ ॥

अन्वितपदार्थः–(येन, इदं, ब्रह्मचक्रम्, भ्राम्यते) तम् (एके) केचित् (कवयः) पण्डिताः (स्वभावम्, वदन्ति) (तथा, अन्ये, परिमुह्यमानाः, कालम्) वदन्तीति सम्बन्धः (तु) अवधारणार्थः (लोके, एषः, महिमा, देवस्य) जगति, एतन्माहात्म्यं, देवस्य परमात्मन एव येन महिम्ना ब्रह्मचक्रं भ्राम्यते इत्यन्वयः ॥

अस्तु नाम स्वभावस्य कालस्य एतदुपलक्षित यदृच्छाभूतपुरुषादीनां चापि प्रथमाध्यायोक्तानां पदार्थानां स्वस्वगौणांशे कारणता । परन्तु महिमा महत्त्वं तु देवस्य परमात्मन एवैषु सर्वेषु इति निरचिन्वंस्ते श्वेताश्वतरादयः ॥

भा०–(येन इदं ब्रह्मचक्रं भ्राम्यते) जिस से यह ब्रह्मचक्र घुमाया जाता है [उस को] (एके कवयः) कोई पण्डित (स्वभावं वदन्ति) स्वभाव बताते हैं (अन्ये) और कोई (परिमुह्यमानाः) भ्रम में पड़े हुवे (कालम्) काल बताते हैं (तु) परन्तु (लोके) संसार में (एषः महिमा) यह बड़ाई तो (देवस्य) परमात्मा की ही है ॥

यद्यपि काल स्वभाव यदृच्छा भूत पुरुष आदि प्रथमाध्याय में कहे पदार्थ भी अपने २ गौणांश में कारण हों, परन्तु महत्त्व (सब में बड़ाई और प्रधानता) तो परमेश्वर ही को है। यहां श्वेताश्वतरादिकों ने निश्चित किया ॥ १ ॥

येनावृतं विश्वमिदं हि सर्वं ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः ।
तेनेशितं कर्म विवर्त्तते ह पृथ्व्याप्यतेजोऽनिलखानि चिन्त्यम् ॥ २ ॥

पदपाठः–येन ३ । आवृतम् १ । नित्यम् २ । इदम् १ । हि अ० । सर्वम् १ । ज्ञः, कालकारः, गुणी, सर्वविद्यः १ । तेन ३ । ईशितम्, कर्म १ । विवर्त्तते क्रि० । ह अ० । पृथ्व्या–खानि १ । चिन्त्यम् १ ॥

अन्वितपदार्थः–(येन, इदं, सर्वं, नित्यम्, आवृतम्) सः (ज्ञः) चेतनः (कालकारः) कालं भूतभविष्यद्वर्त्तमानादिलक्षणं सूर्य्याद्युत्पत्त्या करोति, नहि तत्कृतसाधनैर्विना कालावयवानां परिज्ञानं व्यवहारश्च केनापि कर्त्तुं शक्यः। (गुणी) गुणानां स्वामी (सर्वविद्यः) सर्वाविद्या यस्य सः (तेन) (ह)एव (ईशितम्) अधिष्ठितम् (कर्म) कार्य्योत्पादादि (विवर्त्तते) विविधतया वर्त्तते (पृथ्व्याप्यतेजोऽनिलखानि) पृथ्वी च आप्यं च तेजश्च अनिलश्च खमाकाशं च तान्यपि तेनैवेशितानीति भावः। ग्रन्थारम्भे यदुक्तं चिन्त्यमिति तदिदमेव (चिन्त्यम्) आसीत् अस्ति चेति शेषः॥

भा०–(येन, इदं, सर्वं, नित्यम्, आवृतम्) जिस से, यह, सब, सदा, ढका रहता है [वह] (ज्ञः) चेतन (कालकारः) काल का कर्त्ता (गुणी) गुणों का स्वामी (सर्वविद्यः) सब विद्या वाला है (लोके, तेन, ईशितं, ह, कर्म, विवर्त्तते) जगत् में, उन के, अधिकार में, ही, कर्म, अनेक प्रकार प्रवृत्त हो रहा है (पृथ्व्याप्यतेजोनिलखानि) पृथिवी जल तेज वायु आकाश [भी उसी के अधिकार में हैं] (चिन्त्यम्) यही विचारणीय है॥

तात्पर्य यह है कि ग्रन्थारम्भ में कहा था कि "चिन्त्यम्"=कारण विचारणीय है, सो विचारणीय यही था कि पृथिवी जल तेज वायु आकाश और उत्पत्ति आदि कर्म का अधिकार परमात्मा को है। तथा वही सूर्यादि का उत्पादक होने से कालविभाग का भी कर्त्ता है। वह चेतन, सर्वज्ञ, और प्रकृति के गुणों का स्वामी है॥ २॥ युग्मम्–

तत्कर्म कृत्वा विनिवर्त्त्य भूयस्तत्त्वस्य तत्त्वेन समेत्य योगम्।
एकेनद्वाभ्यां त्रिभिरष्टभिर्वा कालेन चैवात्मगुणैश्च सूक्ष्मैः ॥३॥
आरभ्य कर्माणि गुणान्वितानि भावांश्च सर्वान्विनियोजयेद्यः।
तेषामभावे कृतकर्मनाशः कर्मक्षये याति स तत्त्वतोन्यः ॥४॥

पदपाठः–तत् १। कर्म २। कृत्वा, विनिवर्त्त्य, भूयः अ०। तत्त्वस्य ६। तत्त्वेन ३। समेत्य अ०। योगम् २। एकेन ३। द्वाभ्याम् ३। त्रिभिः, अष्टभिः ३। वा अ०। कालेन ३। च, एव अ०। आत्मगुणैः ३। च। सूक्ष्मैः ३॥ ३॥ आरभ्य अ०। कर्माणि, गुणान्वितानि, भावान् २। च। सर्वान् २। विनियोजयेत् क्रि०। यः १। तेषाम् ६। अभावे ७। कृतकर्मनाशः १। कर्मक्षये ७। याति क्रि०।

सः १ । तत्त्वतः अ० । अन्यः १ ॥

अन्वितपदार्थः(यः) परमात्मनोभक्तः (कर्म, कृत्वा) वेदविहितकर्त्तव्यधर्ममनुष्ठाय (एकेन) आत्मना (वा) अथवा द्वाभ्याम् [देहात्मभ्याम्] त्रिभिः सत्त्वरजस्तमोभिः(अष्टभिः) प्रथमाध्यायस्य चतुर्थश्लोकभाष्य क्तेनाऽष्टकेन (कालेन) प्रातःसायमादिना (च) (आत्मगुणैः) आत्मन इच्छाद्वेषप्रयत्नादिलक्षणैर्गुणैः(चैव) पादपूरणार्थम् । किम्भूतैरात्मगुणैः (सूक्ष्मैः) । (कर्माणि, आरभ्य) किंभूतानि (गुणान्वितानि) गुणैर्युक्तानि (सर्वान्, भावान्, च) (विनियोजयेत्) विदध्यात् (भूयः) पुनः (विनिवर्त्त्य) निवृत्तं कृत्वा सर्वं संन्यस्य, (तत्त्वस्य) आत्मनः (तत्त्वेन) परमात्मना (योगम्) (समेत्य) संगमय्य । अन्तर्हितोणिजर्थः।पुनः (तेषाम्) कर्मणाम् (अभावे) अनुष्ठानराहित्येनाऽभावे (कृतकर्मनाशः) पूर्वं कृतस्य कर्मणः नाशो निर्बलता तिरोधानमदृश्यता प्ररोहणाऽक्षमत्वमिति यावत् । (कर्मक्षये) सति च कर्मणां क्षयेऽक्षमत्वे (सः) जीवात्मा (तत्त्वतः) परमात्मनः (अन्यः) द्वितीयः (तत्) ब्रह्म (याति) प्राप्नोति ॥

मुमुक्षुणा तावत् कर्त्तव्यधर्मानुष्ठानं कार्य्यं तत आत्मशरीरेन्द्रियादिभिः कर्माणि आरभ्य, पुनश्च सर्वं संन्यस्य, कर्मणां नाशो दौर्बल्यं कार्य्यं, सति चतस्मिन् परब्रह्म प्राप्नोति ॥ ३ । ४ ॥

भा०-(यः) जो कोई (कर्म,कृत्वा) कर्म, करके (एकेन, द्वाभ्यां, त्रिभिः, अष्टभिः, वा, कालेन, सूक्ष्मैः, आत्मगुणैः, च) एक, दो, तीन, आठ,वा काल और सूक्ष्म आत्मिकगुणों से (कर्माणि,आरभ्य) कर्मों का, आरम्भ करके जो (गुणान्वितानि) गुणों से युक्त होते हैं उन्हें (भूयः) फिर (विनिवर्त्त्य)त्यागकर (च) और (सर्वान्) सब (भावान्) भक्तियों को (विनियोजयेत्) करे वा लगावे (सः) वह (तत्त्वतः) परमात्मा से (तत्त्वस्य) जीवात्मा का (योगम्) मेल (समेत्य) मिलाकर (तेषाम्) उन कर्मों के (अभावे) न होने पर (कृतकर्मनाशः) किये कर्मों का नाश होता और (कर्मक्षये) कर्म के क्षय होने पर (तत्) उस ब्रह्म को (याति) प्राप्त हो जाता है (चैव) पादपूरणार्थ है ॥

मुमुक्षु को योग्य है कि प्रथम वेदविहित शुभ कर्म करे, एक आत्मा, दो देह तथा आत्मा,तीन-३ गुण, आठ-जो प्रथमाध्याय के चतुर्थ श्लोक के भाष्य में अष्टक गिनाये उन से, काल से वा आत्मा के इच्छा द्वेष प्रयत्नादि सूक्ष्म गुणों से उत्तम कर्मों का आरम्भ करे,सर्व प्रकार से भक्ति करे,फिर कर्मों का त्याग करे, त्याग होने से आगे को कर्मसंचय का अभाव होगा और पूर्वकृत

कर्मों का भोग से नाश होगा और जब कर्म क्षीण अर्थात् निर्बल असमर्थ हो जायं तब आत्मा का परमात्मा से मेल करे और उसे प्राप्त होवे ॥ ४ ॥

अथ किं कृत्वा तद्ब्रह्म प्राप्नोति इत्यत्राह-

आदिः स संयोगनिमित्तहेतुः परस्त्रिकालादकलोपि दृष्टः।
तं विश्वरूपं भवभूतमीड्यं देवं स्वचित्तस्थमुपास्य पूर्वम् ॥५॥

पदपाठः-आदि, सः, संयो-हेतुः, परः १। त्रिकालात् ५। अकलः १। अपि अ०। दृष्टः १। तम्, विश्वरूपम्, भवभूतम्, ईड्यम्, देवम्, स्वचित्तस्थम् २। उपास्य अ०। पूर्वम् २॥

अन्वितपदार्थः-यः (आदिः) सनातनः (सः) (संयोगनिमित्तहेतुः) संयोगे सृष्टौ निमित्तहेतुर्निमित्तं कारणम् नतूपादानम्। (त्रिकालात् परः) त्रयो भूतादयः कालावयवास्तेभ्योऽपि परः त्रिकालातीतः कालानवच्छिन्न इति यावत् (अपि) निश्चयेन (अकलः) न विद्यन्ते निजस्वरूपे कला अंशा यस्य सः (दृष्टः) साक्षादनुभूतः (तम्) (विश्वरूपम्) जगत्स्रष्टारम् (भवभूतम्) भव उत्पत्तिस्थानं तद्भूतस्तम् (ईड्यम्) स्तुत्यर्हम् (देवम्) प्रकाशकम् (स्वचित्तस्थम्) स्वस्य चित्ते स्थितम् (पूर्वम्, उपास्य) यातीति पूर्वेण सम्बन्धः ॥

भा०-फिर क्या करके उसे प्राप्त होसके हैं, यह कहते हैं-जो (आदिः) सनातन है (सः) वह (संयोगनिमित्तहेतुः) संयोग का निमित्त कारण है (त्रिकालात्, परः) तीन कालों से, परे है (अकलः) अखण्ड है (अपि) निश्चय (दृष्टः) अनुभव किया है (तम्) उस (विश्वरूपम्) जगत्पिता (भवभूतम्) उत्पत्तिस्थान (ईड्यम्) स्तुति के योग्य (स्वचित्तस्थम्) अपने हृदय में स्थित (देवम्) देव को (पूर्वम्) प्रथम (उपास्य) उपासना करके [तब उसे प्राप्त होता है-पूर्वश्लोक से सम्बन्ध है] ॥

तात्पर्य यह है कि मुमुक्षु को प्रथम उपासना करनी चाहिये जिस से वह सनातन, संसार का निमित्त कारण, त्रिकालानवच्छिन्न, अखण्ड, जगत्स्रष्टा, स्तुतियोग्य, जगत्पिता अपने हृदय ही में साक्षात् होवे ॥ ५ ॥

पुनः किं कृत्वा, तदाह-

स वृक्षकालाकृतिभिः परोन्यो यस्मात्प्रपञ्चः परिवर्त्ततेऽयम्।
धर्मावहं पापनुदं भगेशं ज्ञात्वात्मस्थममृतं विश्वधाम ॥ ६ ॥

पदपाठः-सः १ । वृक्षकालाकृतिभिः ३ । परः,अन्यः १। यस्मात् ५ । प्रपञ्चः १ । परिवर्त्तते क्रि० । अयम् १ । धर्मावहम् , पापनुदम्, भगेशम् २ ज्ञात्वा अ० । आत्मस्थम्, अमृतम्, विश्वधाम २ ॥

अन्वितपदार्थः-(सः, वृक्षकालाकृतिभिः,परः) वृक्षात् छेदनभेदनधर्मकात्, कालाद्भूतादेः, आकृतेराकारात् परस्तद्विवर्जितः(अन्यः)नासौ वृक्षो न कालो न चाकृतिमान् (यस्मात्, अयं, प्रपञ्चः, परिवर्त्तते) यस्माद्धेतोरयं विश्वप्रपञ्चः, सर्वतः प्रवर्त्तते । तम् (धर्मावहम्) धर्मं प्रेरयितारम् (पापनुदम्) पापप्रणाशनम् (भगेशम्) भगस्येशम् (अमृतम्) मरणधर्मरहितम् (विश्वधाम) सर्वेषां निवासस्थानम् (आत्मस्थम्) हृदयस्थम् (ज्ञात्वा) याति इति चतुर्थेन सम्बन्धः ॥ ६ ॥

भा०-फिर क्या करके उसे प्राप्त हो-

(सः) वह (वृक्षकालाकृतिभिः) छेदन भेदन, काल,आकार से (परः) रहित (अन्यः) भिन्न है।(यस्मात्) जिस से (अयम्) यह (प्रपञ्चः) संसार (परिवर्त्तते) प्रवृत्त होता है। उस (धर्मावहम्) धर्मप्रसारक (पापनुदम्) अधर्मनाशक (भगेशम्) ऐश्वर्य के स्वामी (अमृतम्) अमर (विश्वधाम) सर्वाधार (आत्मस्थम्) आत्मा में स्थित को (ज्ञात्वा) जान कर । [उसे प्राप्त होता है-चतुर्थ श्लोक से सम्बन्ध है] ॥ ६ ॥

तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तं देवतानां परमं च दैवतम् ।
पतिं पतीनां परमं परस्ताद्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम् ॥७॥

पदपाठः-तम् २। ईश्वराणाम् ६। परमम्,महेश्वरम्,तम् २। देवतानाम् ६ । परमम् २ । च अ० । दैवतम्,पतिम् २ । पतीनाम् ६। परमम् २। परस्तात् अ० । विदाम क्रि० । देवम्, भुवनेशम्, ईड्यम् २ ॥

अन्वितपदार्थः-(तम्)पूर्वोक्तम्(ईश्वराणां, परमं, महेश्वरम्) समर्थानां, परमं, महासमर्थम्(तं, देवतानां, परमं, दैवतं ,च, पतीनां, परमं, परस्तात् पतिं,भुवनेशम्,ईड्यं,देवं,विदाम) वयं श्वेताश्वराद्य इति शेषः ॥

भा०-(तम् ईश्वराणां परमं महेश्वरम्) उस शक्तिमानों में परम महाशक्तिमान् (तं देवतानां परमं दैवतं च) और उस देवों में बड़े देव (पतीनां,परमं,परस्तात्, पतिम्) रक्षकों में, बड़े, परले, रक्षक (भुवनेशम्) विश्वपति

(ईड्यम्) स्तुत्यर्ह (देवम्) देव को (विदाम) [हम श्वेताश्वतरादिकों ने] जाना है ॥ ७ ॥

न तस्य कार्य्यं करणं च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते । पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ॥ ८ ॥

पदपाठः—न अ० । तस्य ६ । कार्य्यम्, करणम् १ । च अ० । विद्यते क्रि० । न । तत्समः १ । च । अभ्यधिकः १ । च । दृश्यते क्रि० । परा १ । अस्य ६ । शक्तिः, विविधा १ । एव अ० । श्रूयते क्रि० । स्वाभाविकी, ज्ञानबलक्रिया १ । च ॥

अन्वितपदार्थः-(तस्य) पूर्वोक्तस्य परमात्मनः (कार्य्यम्) परिणामः (करणम्) हस्तपादादिसाधनम् (च) (न विद्यते) (तत्समः, अभ्यधिकः, च, न, दृश्यते । अस्य, परा, शक्तिः, स्वाभाविकी, ज्ञानबलक्रिया, च, विविधा, एव श्रूयते) ॥

ये खल्वद्वैतिनोऽभिन्ननिमित्तोपादानकारणं मन्यन्ते ये च साकारवादिनस्तस्य हस्तपादादिसाधनं मन्यन्ते ते क्रमेण "न तस्य कार्य्यम्, न च करणम्" इत्यनेन नूनं प्रत्युक्ता भवन्ति ॥

भा०—(तस्य) उस का (कार्य्यम्) कार्य्य (च) और (करणम्) साधन (न विद्यते) नहीं, है । (तत्समः) उसके समान (च) और (अभ्यधिकः) उस से अधिक (न दृश्यते) नहीं दीखता । किन्तु (अस्य) उस की (परा, शक्तिः) बड़ी, शक्ति (च) और (स्वाभाविकी, ज्ञानबलक्रिया) स्वाभाविक, ज्ञान बल और क्रिया (विविधा, एव) विचित्र, हो (श्रूयते) वेदों में वर्णित है ॥

इस में जो यह कहा है कि "उस का कार्य्य नहीं" इस से अद्वैतवादियों का ब्रह्म को जगत् का अभिन्ननिमित्तोपादान मानना विरुद्ध हुवा और "उसका साधन नहीं" इस से साकारवादियों का उसके हाथ पैर मानना विरुद्ध है ॥ ८ ॥

न तस्य कश्चित्पतिरस्ति लोके न चेशिता नैव च तस्य लिङ्गम् । स कारणं करणाधिपाधिपो न चास्य कश्चिज्जनिता न चाधिपः ॥ ९ ॥

पदपाठः-न अ० । तस्य ६ । कश्चित्, पतिः १ । अस्ति क्रि० । लोके ७ । न, च अ० । ईशिता १ । न, एव, च अ० । तस्य । लिङ्गम् १ । सः १ । कारणम् १ । करणाधिपाधिपः १ । न, च अ० । अस्य ६ । कश्चित्, जनिता १ । न, च अधिपः १ ॥

अन्वितपदार्थः-(लोके, तस्य, कश्चित्, पतिः, न, अस्ति । न, च, ईशिता । न, तस्य, लिङ्गम्, एव । न, च, अस्य, कश्चित्, जनिता । न, च, अधिपः) किन्तु (सः कारणम्) निमित्तम् (करणाधिपाधिपः) करणानि इन्द्रियाणि तेषामधिपोजीवात्मा तस्याप्यधिपः स्वामी ॥

भा०-(लोके, न, तस्य, कश्चित्, पतिः, अस्ति) संसार में, न, उस का, कोई, पति, है (न, च, ईशिता) और न, वश करने वाला है (न, च, तस्य, लिङ्गम्, एव) और न, उस का, चिन्ह, ही है (न, च, अस्य, कश्चित्, जनिता) और, न, उस का, कोई, उत्पन्न करने वाला (च) और (न, अधिपः) न, स्वामी है । किन्तु (सः) वही (करणाधिपाधिपः) इन्द्रियों के स्वामी जीवात्मा का भी स्वामी और (कारणम्) निमित्त है ॥९॥

यस्तन्तुनाभइवतन्तुभिः प्रधानजैःस्वभावतोदेवएकः स्वमावृणोत् । स नो दधाद्ब्रह्माप्ययम् ॥ १० ॥

पदपाठः-यः १ । तन्तुनाभइव अ० । तन्तुभिः, प्रधानजैः ३ । स्वभावतः अ० । देवः, एकः १ । स्वम् २ । आवृणोत् क्रि० । सः १ । नः ६ । दधात् क्रि० । ब्रह्माऽप्ययम् २ ॥

अन्वितपदार्थः-(यः) (प्रधानजैः) प्राकृतैः (तन्तुभिः) (तन्तुनाभइव) लूताकीटऊर्णनाभिरिव (एकः, देवः) (स्वभावतः) न तु रागादिना (स्वम्) स्वस्येदं विश्वम् (आवृणोत्) आच्छादयत् (सः) (नः) अस्माकम् (ब्रह्माप्ययम्) ब्रह्मणि निश्चितां गतिम् (दधात्) दधातु ॥

अभिन्ननिमित्तोपादानवादिनो यमूर्णनाभदृष्टान्तं स्वपक्षपोषकं मन्यन्ते स ह्यत्र प्रधानजैस्तन्तुभिर्नत्वात्मजैरिति स्पष्टं तत्पक्षप्रतिषेधकः ॥

भा०-(यः) जो (तन्तुनाभइव) मकड़ी के समान (प्रधानजैः) प्रकृति से उपजे (तन्तुभिः) तन्तुओं से (स्वम्) अपने को (आवृणोत्) सब ओर से पूरलेता है (स्वभावतः) स्वभाव से (एकः, देवः) एक, देव है (सः) वह (नः) हमारी (ब्रह्माप्ययम्) ब्रह्म में निश्चित गति (दधात्) धारण करे ॥

अद्वैतवादी लोग मकड़ी के दृष्टान्त से ब्रह्म को ही उपादान कारण भी सिद्ध किया करते हैं परन्तु यहां स्पष्ट लिखा है कि "प्रधानजैः तन्तुभिः" प्रकृति से उपजे तन्तुओं से। इस लिये ब्रह्म उपादान नहीं है॥ १०॥

एको देवः सर्वभूतेषु गुढ़ः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेता केवलोनिर्गुणश्च॥११॥

पदपाठः–एकः, देवः १। सर्वभूतेषु ७। गूढ़ः, सर्वव्यापी, सर्व–त्मा, कर्माध्यक्षः, सर्वभू–वासः, साक्षी, चेता, केवलः, निर्गुणः १। च अ०॥

अन्वितपदार्थः–(एकः) असहायः (देवः) दिव्यगुणः (सर्वभूतेषु, गूढ़ः, सर्वव्यापी, सर्वभूतान्तरात्मा) (कर्माध्यक्षः) जीवकृतकर्मणामध्यक्षः (सर्वभूताधिवासः, साक्षी) (चेता) चेतनः (केवलः) अविकृतः (निर्गुणः) सत्त्वादिप्रकृतिगुणैरहितः (च)॥

भा०–(देवः) दिव्यगुणयुक्त (एकः) अकेला (सर्वभूतेषु, गूढः) सर्वभूतोंमें, छिपा (सर्वव्यापी) सर्वव्यापक (सर्वभूतान्तरात्मा) सर्वप्राणियों का अन्तर्यामी (कर्माध्यक्षः) कर्मफलप्रदाता (सर्वभूताधिवासः) सर्वप्राणियों में अधिकारी होकर बसने वाला (साक्षी) देखने वाला (चेता) चेतन (केवलः) असंयुक्त (च) और (निर्गुणः) गुणों [सत्त्व रजः तमः] से रहित है॥ ११॥

एको वशी निष्क्रियाणां बहूनामेकं बीजं बहुधा यः करोति।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥

पदपाठः–एकः, वशी १। निष्क्रियाणाम्, बहूनाम् ६। एकम्, बीजम् २। बहुधा अ०। यः १। करोति क्रि०। तम्, आत्मस्थम् २। ये १। अनुपश्यन्ति क्रि०। धीराः १। तेषाम् ६। सुखम्, शाश्वतम् १। न अ०। इतरेषाम् ६॥

अन्वितपदार्थः–(एकः, वशी) (निष्क्रियाणाम्) क्रियाऽक्षमानां जडानाम् (बहूनाम्) असंख्यपदार्थानाम् (एक, बीजं, यः, बहुधा करोति। तम्, आत्मस्थं, ये, धीराः, अनुपश्यन्ति, तेषां शाश्वत, सुखम्, इतरेषां, न)॥

भा०–(यः) जो (वशी) वश में करने वाला (एकः) अकेला ही (बहूनां, निष्क्रियाणाम्, एकं, बीजम्) बहुत से, जड़पदार्थों के, एक बीज को (बहुधा करोति) अनेक प्रकार से रचता है (तम्, आत्मस्थम्) उस, आत्मा में स्थित) को (ये, धीराः) जो, धीर पुरुष (अनुपश्यन्ति) देखते हैं (तेषां, शाश्वतं, सुखम्) उन्हीं को, निरन्तर सुख है (इतरेषां न) औरों को नहीं॥ १२॥

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान्। तत्कारणं सांख्ययोगाधिगम्यं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ॥ १३ ॥

पदपाठः–नित्यः १। नित्यानाम् ६। चेतनः १। चेतनानाम् ६। एकः १। बहूनाम् ६। यः १। विदधाति क्रि०। कामान् २। तत्, कारणम्, सां–ख्यम् २। ज्ञात्वा अ०। देवम् २। मुच्यते क्रि०। सर्वपाशैः ३॥

अन्वि०–(यः नित्यानां नित्यः, चेतनानां चेतनः, बहूनाम् एकः, कामान् विदधाति) (तत्) तं पुरुषव्यत्ययः (सांख्ययोगाधिगम्यम्) सांख्येन योगेन च प्राप्तुमर्हम् (कारणम्) निमित्तकारणम् (देवं ज्ञात्वा सर्वपाशैः मुच्यते) ॥

आत्मानो नित्याश्चेतना बहवश्च। तेषां मध्ये एकः परमात्मा नित्यश्चेतनस्तेषां कामान्विदधाति मनोरथान् पूरयति तैर्भक्त्या संतोषितः। तमेव ज्ञात्वा सर्वबन्धविमुक्तिः॥

भा०–(यः) जो (नित्यानां बहूनां चेतनानाम्) नित्य अनेक चेतनों [जीवात्माओं] में रहने वाला (एकः, नित्य, चेतनः) एक, नित्य, चेतन है (तत्) उस (कारणम्) निमित्तकारण (देवम्) देवको (ज्ञात्वा) जान कर (सर्वपाशैः, मुच्यते) सब बन्धनों से छुट जाता है। वही (कामान्, विदधाति) कामना, पूरी करता है ॥

इस में यह बतलाया गया है कि जीवात्मा बहुत, नित्य, और चेतन हैं तथा परमात्मा भी नित्य, चेतन है परन्तु वह एक है और उस के जानने से मोक्ष मिलता है और वह सब उपासकों की कामना पूरी करता है ॥ १३ ॥

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमाविद्युतो भान्ति कुतोयमग्निः। तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ॥ १४ ॥

पदपाठः–न, तत्र अ०। सूर्यः १। भाति क्रि०। न। चन्द्रतारकम् १। न। इमाः, विद्युतः १। भान्ति क्रि०। कुतः अ०। अयम्, अग्निः १। तम् २। एव अ०। भान्तम् २। अनु अ०। भाति क्रि०। सर्वम् १। तस्य ६। भासा ३। सर्वम्, इदम् १। विभाति क्रि०॥

अन्वितपदार्थः–(तत्र) तदग्रे (न सूर्योभाति, न चन्द्रतारकं, न इमाः विद्युतो भान्ति, अयम् अग्निः कुतः) किन्तु (तम् एव भान्तम् अनु सव भाति) अर्थात् (तस्य भासा इदं सर्वं भाति) ॥

यदीदृशमत्यन्तप्रकाशं ब्रह्म तर्हि कुतो न सर्वैः स्वप्रकाशेन दृश्यते? सत्यम्। सूर्यस्याऽपि स्थूलपिण्डएव चर्मचक्षुषा दृश्यते तत्प्रकाशानुप्रकाशिताभूम्यादयश्च न तु तस्य सर्वतः प्रसृतः प्रकाशः। एवमेव परमात्माऽपि सूक्ष्मत्वात्स्वयं न दृश्यते तत्प्रकाशानुप्रकाशिताः स्थूलाः पदार्थाश्च दृश्यन्ते ॥

भा०-(तत्र) उस के सामने (न, सूर्यो, भाति) न, सूर्य, चमकता है (न, चन्द्रतारकम्) न, चन्द्रमा और तारे। (न, इमाः, विद्युतः, भान्ति) न, ये, बिजुलियां चमकती हैं (अयम्, अग्निः, कुतः) यह, अग्नि तो, कहां से चमके, किन्तु (तम्, एव, भान्तम्, अनु) उस, ही चमकते के, पीछे (सर्वं भाति) सब, चमकता है। अर्थात् (तस्य, भासा, इदं, सर्वं, विभाति) उस के, प्रकाश से, यह, सब, चमकता है ॥

जैसे सूर्य के प्रकाश में सब का प्रकाश दब जाता है वैसे परमात्मा का प्रकाश सब से अधिक है यहां तक कि अन्य सूर्य चन्द्र तारे बिजुली आदि सब में उस का प्रकाश काम कर रहा है ॥

प्र०-यदि परमात्मा का ऐसा भारी प्रकाश है तो वह अपने प्रकाश से दीखता क्यों नहीं ? उ०-जैसे सूर्य का प्रकाश हमको नहीं दीखता जो कि उस के चारों ओर फैला है किन्तु जब वह प्रकाश किसी पृथिवी आदि स्थूल पदार्थ पर पड़ता है तो वह पृथिव्यादि पदार्थ ही उस के प्रकाश से चमकता है अथवा सूर्य लोक स्थूल होने से उस प्रकाश से दीखता है। इसी प्रकार परमात्मा भी सूक्ष्म होने से नहीं दीखता किन्तु उस के प्रकाश से सूर्यादि स्थूल पदार्थ चमकते हैं, वह स्वयं नहीं दीखता ॥ १४ ॥

एको हꣳसो भुवनस्याऽस्य मध्ये स एवाग्निः सलिले सन्निविष्टः। तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय ॥ १५ ॥

पदपाठः-एकः, हंसः १। भुवनस्य, अस्य ६। मध्ये ७। सः १। एव अ०। अग्निः १। सलिले ७। संनिविष्टः १। तम् २। एव, विदित्वा, अति अ०। मृत्युम् २। एति क्रि०। न अ०। अन्यः,पन्थाः १। विद्यते क्रि०। अयनाय ४ ॥

अन्वितपदार्थः-(एकः) (हंसः) सर्वज्ञः (अस्य, भुवनस्य, मध्ये, संनिविष्टः, सः, एव) (अग्निः) प्रकाशस्वरूपः (सलिले) जले [संनिविष्टः]। (तमेव ज्ञा०) उत्तरार्धमिदं वैदिकं तृतीयस्याष्टमे पद्ये व्याख्यातम् ॥

भा०–(एकः, हंसः) एक, सर्वज्ञ (अस्य, भुवनस्य, मध्ये, संनिविष्टः) इस, पृथिव्यादि के, बीच में, घुसा है (सः, एव, अग्निः) वह, ही, प्रकाश स्वरूप (सलिले) जल में [घुसा है]। (तमेव ज्ञा०) यह उत्तरार्ध वेद का है इस का अर्थ इस उपनिषद् के तृतीयअध्याय के अष्टम श्लोक में कर चुके हैं कि "उसी को जान कर मृत्यु को लांघ सकता है,अन्य कोई मार्ग नहीं" ॥१५॥

सविश्वकृद्विश्वविदात्मयोनिर्ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः।
प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेशः संसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः ॥१६॥

पदपाठः–सः, विश्वकृत्, विश्वविद्, आत्मयोनिः, ज्ञः, कालकारः, गुणी, सर्ववित्, यः १। प्रधा–पतिः, गुणेशः, संसा–हेतुः १॥

अन्वितपदार्थः–(यः) (प्रधानक्षेत्रज्ञपतिः) प्रधानस्योपादानस्य, क्षेत्रज्ञस्य जीवात्मनश्च पतिः पालयिता स्वामी (गुणेशः) गुणानामीशः (संसा–हेतुः) संसारस्य जगतो मोक्षस्थितिबन्धानां प्रयोजकः (सः) (विश्वकृत्) जगदुत्पादकः (विश्वविद्) जगज्ज्ञः (आत्मयोनिः) आत्मा स्व एव योनिः कारणं यस्य, न कुतश्चिज्जातः स्वयंभूरित्यावत्। अद्वैतिभिश्च–आत्माच योनिश्चेति समस्य, सर्वस्यात्मा सर्वस्य योनिश्चेति पूर्वापरविरुद्धं व्याख्यातम् (ज्ञः) मनीषी (कालकारः) कालं भूतादिक कालावयवं सूर्योत्पादादिना करोति सः (गुणी) सर्वश्रेष्ठगुणाढ्यः (सर्ववित्) ॥

भा०–(यः) जो (प्रधानक्षेत्रज्ञपतिः) प्रकृति और जीवात्मा का स्वामी (गुणेशः) गुणों का वश में रखने वाला (संसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः) संसार के मोक्ष रक्षा और बन्धन का प्रयोजक है (सः) वह (विश्वकृत्) जगत् रचने वाला (विश्वविद्) और जगत् का जानने वाला (आत्मयोनिः) स्वयंभू (ज्ञः) चेतन (कालकारः) कालविभाग का कर्त्ता (गुणी) सद्गुणों से युक्त (सर्ववित्) सर्वज्ञ है१६

स तन्मयोह्यमृत ईशसंस्थो ज्ञः सर्वगो भुवनस्यास्य गोप्ता।
यईशे अस्य जगतो नित्यमेव नान्यो हेतुर्विद्यत ईशनाय ॥१७॥

पदपाठः–सः, तन्मयः १। हि अ०। अमृतः, ईशसंस्थः, ज्ञः, सर्वगः १। भुवनस्य, अस्य ६। गोप्ता,यः १। ईशे क्रि०। अस्य, जगतः ६। नित्यम् २। एव, न अ०। अन्यः, हेतुः १। विद्यते क्रि०। ईशनाय ४॥

अन्वितपदार्थः- (सः) (तन्मयः) आत्ममयः न कस्यचित्कार्यरूपः (हि) निश्चयेन (अमृतः) (ईशसंस्थः) ईशे स्वस्वरूपे संस्था स्थितिर्यस्याऽविकृत इत्यर्थः (ज्ञः) चेतनः एतेनाऽचेतनत्व वारितम् (सर्वगः) एतेन देशकालवस्तुपरिच्छेदो वारितः (अस्य, भुवनस्य, नित्यम्, एव, गोप्ता । यः, अस्य, जगतः) (ईशे) ईष्टे (अन्यः) अपरः (हेतुः) कारणम् (ईशनाय, न विद्यते) ॥

भा०-(सः) वह (तन्मयः) आत्ममय है, किसी अन्य का विकार नहीं। (हि) निश्चय (अमृतः) अमर है (ईशसंस्थः) एकरस है (ज्ञः) चेतन है (सर्वगः) विभु है (अस्य, भुवनस्य, नित्यम्, एव, गोप्ता) इस, जगत् की, नित्य, ही, रक्षा करता है (यः) जो (अस्य, जगतः) इस, जगत् की (ईशे) ईश्वरता करता है (ईशनाय) आधीन रखने के लिये (अन्यः, हेतुः) अन्य, कारण (न, विद्यते) नहीं है ॥१७॥

यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।
तꣳ ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये॥१८॥

पदपाठः-यः १। ब्रह्माणम् २। विदधाति क्रि०। पूर्वम् २। यः। वै अ०। वेदान् २। च अ०। प्रहिणोति क्रि०। तस्मै ४। तम् २। ह अ०। देवम्, आत्मबुद्धिप्रकाशम् २। मुमुक्षुः १। वै। शरणम् २। अहम् १। प्रपद्ये क्रि० ॥

अन्वितपदार्थः-आसन्नायां ग्रन्थसमाप्तौ श्वेताश्वतरादिषु प्रत्येक ऋषिरात्मसमर्पणं करोति-

(यः, पूर्वं, ब्रह्माणं, विदधाति, तस्मै, वेदान्, च, प्रहिणोति, तम्, आत्मबुद्धिप्रकाशं, देवम्, मुमुक्षुः, अहं, वै, शरणम्, प्रपद्ये) ॥

यः सृष्ट्यादौ सदा वेदज्ञमुत्पाद्य तस्मै वेदान् प्रददाति तं परमात्मानं शरणं प्रपन्नोस्मि इति प्रत्येकम् ऋषेरुक्तिः ॥

भा०-अब ग्रन्थ समाप्त होने को है, इस लिये प्रत्येक ऋषि परमात्मा के शरण में आत्मसमर्पण करता है कि-(यः) जो (पूर्वम्) आदि में (ब्रह्माणम्) वेदवेत्ता को (विदधाति) बनाता (च) और (तस्मै) उस के लिये (वेदान्) वेदों का (प्रहिणोति) प्रदान करता है (वै) निश्चय (तम्, आत्मबुद्धिप्रकाशम्,

देवम्) उस, आत्मा और बुद्धि के प्रकाशक,देव को (अहं,मुमुक्षुः) मैं,मोक्षार्थी (शरणं, प्रपद्ये) शरण आता हूं ॥ १८ ॥

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम् ॥
अमृतस्य परं सेतुं दग्धेन्धनमिवानलम् ॥ १९ ॥
यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः ॥
तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति ॥ २० ॥

पदपाठः—निष्कलम्, निष्क्रियम्, शान्तम्, निरवद्यम्, निरञ्जनम् २। अमृतस्य ६। परम्, सेतुम् २। दग्धेन्धनमिव अ०। अनलम् २॥ १९ ॥ यदा, चर्मवत् अ०। आकाशम् २। वेष्टयिष्यन्ति क्रि०। मानवाः १। तदा अ०। देवम् २। अविज्ञाय अ०। दुःखस्य ६। अन्तः १। भविष्यति क्रि०॥

अन्वितपदार्थः(यदा)यस्मिन्काले (मानवाः) मनुष्यास्तदुपलक्षिता अन्ये जन्तवश्च (चर्मवत्) त्वग्वत् (आकाशं, वेष्टयिष्यन्ति) कोर्थ आकाश एव सर्वतोवेष्टितो भविष्यति नान्यत् किमपि। अर्थात् प्रलयोभविष्यति (तदा) तस्मिन्काले (निष्कलं, निष्क्रियं, शान्तं, निरवद्यं, निरञ्जनम्,अमृतस्य परं सेतुं, दग्धेन्धनमिव, अनलम्, देवम्, (अविज्ञाय) अज्ञात्वैव (दुःखस्य अन्तो भविष्यति)। प्रलये सर्वजीवानां परमात्मज्ञानमन्तरेणैव सर्वदुःखनिवृत्तिस्तु सुषुप्ताविव भविष्यति परन्तु नाऽऽनन्दप्राप्तिः। अतएवपूर्णानन्दप्राप्तये ऽस्माभिः प्रयत्नः कर्त्तव्य इत्यर्थः॥ १९ ॥ २० ॥

भा०—(यदा) जब (मानवाः) मनुष्यादिप्राणी (चर्मवत्) त्वचा के समान (आकाशं वेष्टयिष्यन्ति) आकाश को ही सब ओर वेष्टित करेंगे (तदा) तब (निष्कलम्, निष्क्रियं, शान्तं, निरवद्यं, निरञ्जनम्, अमृतस्य परं सेतुं, दग्धेन्धनमिव अनलं, देवम्) अखण्ड, अकम्प, शान्त, निर्दोष,उज्ज्वल, मोक्ष के परम पहुंचाने वाले, निर्धूम अग्नि के समान प्रकाशमान, परमात्मा को (अविज्ञाय) विना जाने (दुःखस्य, अन्तः, भविष्यति) दुःख का,अन्त, हो जायगा॥

तात्पर्य यह है कि जब प्रलय होगा और सब को अपने चारों ओर आकाश ही आकाश घिरा पाया जायगा अन्य कुछ नहीं,तब यद्यपि सुषुप्ति

के समान दुःख का अभाव होजायगा परन्तु वहां आनन्द की प्राप्ति न
इस लिये उपनिषद् का मुख्य तात्पर्य जो केवल दुःख से छूटना ही
किन्तु दुःख से छूट कर आनन्द की प्राप्ति है सो ब्रह्मज्ञान बिना अस
होने से ज्ञान का उपाय करना उचित है ॥ २० ॥

उपनिषत्तु समाप्ता । इदानीं श्वेताश्वतरमहर्षिविषयेऽपरः कश्चित् पुस्
प्रकाशक आह–

तपः प्रभावाद्देवप्रसादाच्च ब्रह्म ह श्वेताश्वतरोऽथ विद्वान्
अन्त्याश्रमिभ्यः परमं पवित्रं प्रोवाच सम्यगृषिसंघजुष्टम् ॥२

अन्वितपदार्थः–गुरुपरम्परया ब्रह्मविद्याया मोक्षप्रदत्वं प्रदर्शयितुं पर-म्परां तदधिकारिणं च दर्शयति–(श्वेताश्वतरः, विद्वान्) (अथ) स्वानुभवदा-ढर्यानन्तरम् (तपः प्रभावात्) तपसोवेदाध्ययनादेः प्रभावात् (देवप्रसादात् च) परेशकृपया च (परमं, पवित्रं, सम्यगृषिसंघजुष्टम्, ब्रह्म, ह) कर्मभूतम् (अन्त्याश्रमिभ्यः) संन्यासिभ्यः (प्रोवाच) ॥

पूर्वं स्वयं ज्ञात्वाऽनन्तरमन्येभ्यउपदेष्टव्यमिति भावः ॥

भा०–ऐसा प्रतीत होता है कि उपनिषद् समाप्त हुई अब श्वेताश्वतर के मध्य में कोई अन्य पुरुष पुस्तक का प्रकाशक कहता है कि–(अथ) इस के पश्चात् (विद्वान् श्वेताश्वतरः) ब्रह्मज्ञानी श्वेताश्वतर ने (तपः प्रभावात्) तप के प्रभाव (च) और (देवप्रसादात्) ईश्वर की कृपा से (परमं, पवित्रं, सम्यगृषिसंघजुष्टं,ब्रह्म) परम,पवित्र,अच्छे प्रकार ऋषिसमुदाय से सेवित,ब्रह्म का (अन्त्याश्रमिभ्यः) संन्यासियों को (प्रोवाच) उपदेश किया (ह) ऐसा प्रसिद्ध है ॥

अर्थात् श्वेताश्वतरादि ऋषियों ने परस्पर विचार करके इस उपनिषद् में लिखे अनुसार ब्रह्मज्ञान में अपना पूर्ण निश्चय किया और फिर उन में से श्वेताश्वतर ने अन्य संन्यासियों को बताया । इसी प्रकार सब को चाहिये कि प्रथम स्वयं जान कर अन्यों को उपदेश करें ॥ २१ ॥

वेदान्ते परमं गुह्यं पुरा कल्पे प्रचोदितम् ।
नाऽप्रशान्ताय दातव्यं नाऽपुत्रायाऽशिष्याय वा पुनः ॥२२॥

अन्वितपदार्थः–(वेदान्ते परमं गुह्यं पुराकल्पे प्रचोदितम्) इदं शास्त्र (अप्रशान्ताय वा अपुत्राय पुनः अशिष्याय न दातव्यम्) ॥

ज्ञानमिदं प्रशान्ताय पुत्राय शिष्याय च दातव्यम् । पुत्रशिष्ययोः प्रशान्

णम् । अनधिकारिणे दत्तमूषरोप्तं बीजमिव निष्फलं न वृथा करणीय-
ाशयः ॥

भा०—(वेदान्ते) वेदान्त शास्त्र में (परमं गुह्यम्) परम गूढ (पुराकल्पे,
दितम्) प्राचीन समय में, वर्णित इस ज्ञान को (अप्रशान्ताय, अपुत्राय,
ुनः, अशिष्याय) जो शान्त नहीं, पुत्र नहीं, और, शिष्य नहीं उसे (न
व्यम्) न दे ॥

जैसे ऊषर में बीज बोने से वृथा जाता है ऐसे ही अनधिकारी के साथ
क्रवाद करने से ज्ञान भी वृथा जाता है। इस लिये शान्तस्वभाव अपने पुत्रों
ौर शिष्यों को उपदेश करना चाहिये । जिसे उपदेश ग्रहण करना हो उसे
श्रद्धापूर्वक विद्वान् का शिष्य बन कर सीखना चाहिये ॥ २२ ॥

यस्य देवे परा भक्तिर्यस्य देवे तथा गुरौ ॥
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ।
प्रकाशन्ते महात्मनः ॥ २३ ॥ ओं पूर्णमदः० ।
ओं भद्रं कर्ण०।ओं सहनाववतु० ॥शान्तिः३॥

इति श्वेताश्वतरोपनिषदि षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

समाप्तोपनिषच्च ॥

अन्वतपदार्थः–(यस्य, महात्मनः, देवे, परा, भक्तिः, यस्य, यथा, देवे,
तथा, गुरौ) [परा भक्तिः] तस्य, कथिताः, हि, एते, अर्थाः, प्रकाशन्ते। पुनः
पाठोग्रन्थसमाप्तिसूचनार्थः । देवगुर्वोः पूर्णभक्तौ साम्यं नान्यत्र ॥

भा०—जिस महात्मा को, ईश्वर में, पूर्ण, भक्ति हो। जिस को, जैसी, ईश्वर
में, वैसी, गुरु में [पूर्ण भक्ति हो] उस को, उपदेश किये हुवे, ही, ये, अर्थ,
समझे जाते हैं ॥

ईश्वर में जैसी भक्ति पूर्ण वैसी गुरु में भी हो किन्तु यह नहीं कि गुरु
को ईश्वर वा उस के समान माने । प्रकाशन्ते महात्मनः । यह पाठ दूसरी
ार ग्रन्थसमाप्ति को सूचित करता है ॥ ओं पूर्णं० इत्यादि मङ्गलार्थ हैं ॥

इति तुलसीरामस्वामिकृते श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्ये षष्ठोऽध्यायः॥६॥

उपनिषच्च समाप्ता ॥

इन (अन्यकृत) पु...
कमीशन नहीं दिया जात...

* गर्भाधानविधि ≡) * समीक्षाकर ≡)
* सत्यनारायण की सत्य कथा -)॥
* शास्त्रार्थ कलकत्ता =)
पतिव्रतधर्मप्रकाश ।।)नारीभूषण ।=)
पतिव्रताधर्ममाला)॥
शिशुशिक्षा १ भाग)॥ २ भाग -)॥
३ भाग =) ४ भाग ।) चारों भाग ॥)
सीताचरित्र १ भाग ।-) २ भाग ।-)
३ भाग ।-) ४ भाग ।-) चारों भाग १।)
नारायणीशिक्षा गृहस्थाश्रम १।)
दमयन्तीस्वयंवरनाटक ≡)
ईशोपनिषद्भाष्य -) केनोपनिषद्भाष्य -)॥
वैशेषिकदर्शन भाषानुवाद सहित १)
भारतगौरवादर्श ।) वर्णव्यवस्था =)
महर्षिवियोग–शोक -) शिक्षाध्याय)॥।
वल्लभकुलचरित्रदर्पण।) वल्लभकुलइति-
हास नाटक ।) हिन्दब्रिटानियां -)
स्वर्गप्राप्ति ≡) ब्रह्मशक्ति ≡)
गङ्गामाहात्म्यप्रमाण =)
शास्त्रार्थ आगरा =) वेश्यालीला)॥
पत्रप्रबन्धमञ्जरी ।-) अंग्रेज़ीकी सीढ़ी ।॥)
आर्यजन्त्री १९०२ की उर्दू ।)
क्या स्वामीदयानन्द मक्कार था)॥।
मनुष्यजन्म की सफलता)॥
मनुष्यसमाज)॥ रामदर्शनादि)।
आर्यहिन्दू औरनमस्तेकाअन्वेषण)॥।
स्वामीजी का संक्षिप्त जीवनचरित्र)।।
अन्त्येष्टिकर्म)॥। कृश्चनमतदर्पण)।।
ईसाईमतलीला)। जीवात्मा)।।
इतिहासपुराण स्मृति नहीं)॥

...
शिक्ष...
हकीक...
आर्यसमा...
से सम्मेलन)॥...
आर्याजागृतहो)॥।
पं० गुरुदत्त काचित्र -)गाय...
पं० लेखराम का चित्र सादा -)
गृह्यचिकित्सा ।) वैदिकधर्मप्रचार...
महाशङ्कावली १ भाग)। २ भाग)...
मृतकश्राद्ध खण्डन)।। गङ्गा की नींद)।
शिवलिङ्गपूजाविधान)। सुशीलादेवी
शङ्करानन्द के उपदेश)। के दो
डेविस की राय)। के २ वीरेन्द्रवीर ॥=)
ऐतिहासिकनिरीक्षण द्वितीयभाग ≡)
यथार्थसुखाभिवर्णन -)॥
वीरता पर व्याख्यान -)॥

भजनपुस्तकें–

भजनबत्तीसी १ भाग ॥ द्वि०)॥। तृ० -)
भजन पुस्तक)॥ * ज्ञानभजनावली =)
संगीतसुधाकर =) * भजन इक्कीसी)।।
भजनेन्दु-नयेखड़तालीभजनोंसहित -)
रामायण का आल्हाछन्द दूसरा भाग)।।
स्त्रीभजनमाला -)। संगीतसुधासागर -)
धर्मबलिदान आल्हाछन्द =)
सजीवनबूटीबड़ी -) भक्तमनोरञ्जन -)
सभाप्रसन्न नवलसिंहकृत ≡)
पाठकवैराग्यभजनमञ्जरी)।।
* भजनपचासा -)

पता–तुलसीराम स्वामी–मेरठ

...कार-जिस में प्राचीन तीर्थ
...दूक आदि के प्रमाण हैं)॥।
विवाहवयोदर्पण-)
बालविवाहनाटक)॥
...।≡)
...र
...छोड़कर २)
...वाद तथा श्लोक १)
...।=) दिवाकरप्रकाश ।)
...न भाषाटीकाम०।-)सजिल्द।≡)
...क्त वैदिक निघण्टु ≡)
...प्रकाश मासिकपत्र के प्रथम भाग
१ वर्ष का ॥=) द्वितीय ॥=) तृतीय ॥=)
चतुर्थ ॥=, पञ्चम ॥=) पांचों भाग साथ
कमीशन काटकर २॥) सजिल्द ३)
संस्कृत स्वयंसिखाने वाली संस्कृतभाषा
प्रथम पुस्तक)॥ द्वितीय पुस्तक -)
तृतीय पुस्तक =)।। चतुर्थ ।=) चारों
की कच्ची जिल्द।≡)पक्की जिल्द ।॥)
संस्कृतप्रवेश)॥
ऋगादिभाष्यभूमिकेन्दूपरागे
द्वितीयोऽशः -)॥। नियोगनिर्णय =)
अज्ञाननिवारण प्रथम भाग मूल्य -)॥
तथा चतुर्थ भाग मूल्य =)
वैदिकदेवपूजा प्रसिद्ध व्याख्यान -)
मुक्ति और पुनर्जन्म -)॥ नमस्ते)।
ईश्वर और उसकी प्राप्ति-)
चाणक्यनीतिसार भाषा टीका -)।
प्रश्नोत्तररत्नमाला -)भागवतविचार -)
संस्कृत-भाषा-प्रथम श्रेणि (रीडर) -)
आर्यसमाज के नियम नागरी ≡)। १००
सैंकड़ा, अंग्रेज़ी में ।) १०० सैंकड़ा
व्याख्यानका विज्ञापन-जो चार जगह
खानापुरी करके सब उपदेशकों के काम
में आता है =) १०० सैंकड़ा
पौराणिकधर्म और थियासौफ़ी)॥।
नागरी रीडर नं० १ मूल्य)। नं० २ मूल्य-)
सन्ध्योपासन)। १०० का १।) ५०० का ५)
टके सेर लक्ष्मी)॥ ऋषिचरित्र -)
हुक्कादोषदर्पण ।=, भागवतपरीक्षा)॥
जगदुत्पत्तिस्थितिप्रलय ≡)
१४ विद्या ६४ कला)।
गाज़ीमियां की पूजा)॥
पाखण्डगजकेशरी)॥
वैशेषिकदर्शनप्रशस्तपादभाष्यसंस्कृत ॥)
अष्टाध्यायी मूल मोटा अक्षर ।)
वृक्षों में जीवनिर्णय)॥
वीर्य्यरक्षण)॥ कन्यासुधार -)
सन्ध्योपासनमीमांसा -) मतनिर्णय -)
ईश्वरसिद्धि =)॥ कुरीतिनिवारण -)।
सांख्यप्रवचन भाष्य संस्कृत में १।)
अङ्कगणितार्यमा ≡)॥ होमयज्ञ =)॥
शास्त्रार्थरानीगंज)॥ सत्यबोध -)

३) में ।।) और १०) में २) कमीशन छोड़े जायंगे। सर्वसाधारण को सामवेद मनु
भाषानुवादादि पारमार्थिक और लौकिक सुधार के पुस्तक लेने का अच्छा अवसर है
पता तुलसीराम स्वामी-मेरठ

REGISTERED No. A. 102

ओ३म्

वेदप्रकाश

हैदराबाद शास्त्रार्थ

का परिणाम

वेदस्य गौरवं "वेदप्रकाशः" सुप्रकाशयेत् ।
तद्वारकतमोराशिं समन्ताच्च विनाशयेत् ॥

वेदोक्त-धर्म-प्रतिपादन और तद्विरुद्ध-मत-
निराकरणविषयक

वर्ष ७	मासिक पत्र	मास ३।४।५
Vo. 7	Monthly Paper	No. 3,4,5

जो

पं० तुलसीराम स्वामी सम्पादक और प्रकाशक द्वारा तदीय
(मेशीनयुक्त) स्वामियन्त्रालय मेरठ में प्रकाशित होता है

श्रावण संवत् १९६० ॥ २८ । ५ । १९०३ ई० (१५ । ७ । ०३)

१-वार्षिक अग्रिम मूल्य १) पश्चात् १।।) मेरठ में अग्रिम ।।।) पश्चात् १)

२-नमूनेमात्र का अङ्क जिन सज्जनों के पास भेजा जायगा यदि वे ग्राहक होने को पत्र न लिखेंगे तौ दूसरी कापी न भेजी जायगी । इस कारण नाम, ग्राम, डाकघर, ज़िला के पते सहित पत्र अवश्य लिखें ॥

३-सर्वसाधारण के समाचार (ख़बर) भी संक्षिप्त छपते हैं ॥

४-विज्ञापन की बंटाई एक बार में ५) ली जायगी और विज्ञापन पर "वेदप्रकाश का क्रोडपत्र" यह तिथिसहित छपा होना चाहिये ॥

मूल्यप्राप्ति एप्रिल, मे, जून १९०३

८०३ बा० ललिताप्रसाद राजपुर	१)	८९०रा० रा०गोविन्द जीवराजमुम्बई	१)
९२८ बा० मुकुन्दलाल आरा	१)	८९३ पं० गङ्गादत्त जी कोटा	॥)
५५३ डा० हनुमान्‌सिंह मैसूर	१॥)	५५ पं० दङ्गीलाल जी इटावा	१)
२०५ डा० रामप्रसाद नरसिंहपुर	१)	८९५ ला० चन्दूलाल हैदराबाद द०	१)
८७२ ला० मन्नूलाल कालपी	१)	८९४ बा० योगानन्दम् हैदराबाद द०	१)
८७५ रा० रा० कुबेरदास अहमदाबाद	१)	८९९ रा० रा० भाई मणिआखू ऊघना	१)
१९ ला० विश्वम्भरसहाय सदर मेरठ	१)	८९२ ला० हरिराम भाभड़ा	१)
४३० बा० केवलराम रघूपुरा	१)	८९७ पं० विट्ठलराव गुलवर्गा	१)
६०८ ला० बालमुकुन्द सहावर	१-)	९०३ बा० गिरधारीलाल नरसिंहगढ़	१)
६५ पं० राजपति शर्मा कानपुर	२॥-)	८९५ पं० भवानीशङ्कर हैदराबाद द०	१)
८०० बा० गौरीशङ्कर नौशेरा	१)	८१५ ला० गणेशीलाल छतारी	१)
८८३ ला० गुलज़ारीलाल गवां	१)	९०२ ला० वंशीधर करहल	१)
५२९ रा० रा० चुन्नीलाल मोहपानी	१।)	२३४ बा० घासीराम एम० ए० मेरठ	१)
५०५ बा० सुन्दरलाल पिछौर	१)	१५० श्री खूबचन्द जी कौड़िया	१)
२५३ आ० स० हरदोई	१)	९०६ बा० हज़ारीलाल देहली	१)
८७६ बा० केशरीसिंह नरसिंहगढ़	१)	६४८ बा० अक्षयप्रसाद जफ़राबाद	१)
२४५ डा० रामलग्नसिंह पैंडरिया	१)	९७ पं० दत्तशर्मा इटारसी	१)
७०३ ठा० वनवारीलाल कुवरापुर	१)	६३६ बा० हरदयालुसिंह गोंडा	१)
८७४ बा० अवधविहारीलाल रांची	१)	४०३ बा० रङ्गीलाल खटीमा	१)
८८९ ला० वासुदेव अलवर	१)	९०८ पं० गौरीशङ्कर पिपरायच	१)
८८५ ला० मङ्गलसेन बहरायच	१)	९१० पं० विहारीलाल उझियानी	१)
८८४ ला० देवकृष्ण सडियाहू	१)	९०५ पं० गोपालराव गुलवर्गा	१)
२३८ बा० हीरालाल भरूच	१)	५७५ बा० बलिकरणसिंह वासना	१)
८८६ ठा० रामहर्षसिंह कटांवा	१)	९०९ बा० सीताराम मुम्बई	१)
६५३ बा० राजाराम सीखड़	१)	८४० श्री जीवनगिरि लभरा	१॥)
८७० डा० ज्वालाप्रसाद डिबिडम	१)	९१२ पं० वनवारीलाल सिकन्दराबाद	॥)
८८७ ला० हरिश्चन्द्र झींद	१)	६०६ ला० जगन्नाथ पीलीभीत	१)
८९१ बा० गोपीनाथ दीनानगर	१)	९१३ स्वा० ब्रह्मानन्द कांट	१)
		५१३ ला० सोहनलाल बमटापुर	१)

ओ३म्

वेदप्रकाश

वर्ष ७ } वेदप्रणिहितो धर्मः, अधर्मस्तद्विपर्ययः ॥ { मास ३।४।५

उपदेशकपाठशाला एप्रिल, मे, जून १९०३ ई०

२८)।।। शेष १। ४।०३ को गतमास का
२) ला० बेहूमल रघुनाथसहाय कवाल जिला मुज़फ़्फ़रनगर ने पुत्र के विवाह में दिये सो धन्यवादपूर्वक स्वीकृत हैं।

३०)।।। योग शेष २०)।।।

९) त्रिलोकीनाथ विद्यार्थीको भोजनार्थ।
।।) हवन सामग्री
।।) तैल व्यय

१०) योग

ओ३म्

वेदप्रकाश में ४।। मास की देरी

के अनेक कारणों में प्रधान कारण हैद्राबाद का शास्त्रार्थ, उस का न होना, उस का पूर्ण वृत्तान्त एक वार छापने का उद्योग, वहां जाने से अनेक कार्यों का कार्यालय में पीछे पड़जाना, उन का यथासम्भव निबटाना, इस बीच में अनेक शङ्का और पत्रों के उत्तर देने आदि कार्य हुवे। आज यह मार्च एप्रिल और मई के ३ अङ्कों का समुदाय १२ फ़ार्म पर प्रकाशित किया जाता है। इस पर भी २ फ़ार्म के अनुमान हैदराबाद का वृत्तान्त शेष रह गया, जो आगामी अङ्कों में निकलेगा। आगामी अङ्क जून जुलाई के दो एक साथ शीघ्र निकलेंगे। हम पाठकों से क्षमा प्रार्थना के अतिरिक्त कुछ नहीं कह सकते॥

इस बीच में वेदप्रकाश के तक़ाज़े और हैदराबाद का वृत्तान्त जानने के लिये अनुमान ७०० पत्र आये, जिन के उत्तर में प्रायः लिखा गया कि छपने पर शीघ्र वेदप्रकाश भेज कर उसी में हैदराबादीय वृत्त ज्ञात करावेंगे। तथापि जिन सज्जनों को डाक प्रमादादि किसी कारण से उत्तर न मिला हो वे भी क्षमा करें॥

ब्राह्मणसर्वस्व–इटावा

के इस बीच में वर्ष १ अङ्क १२ तक हम को मिले जिन पर हैदराबादीय वृत्तान्त के कारण अनवकाश से हम कुछ न लिख सके। अगले अङ्कों में उस का उत्तर अङ्क ९ से आगे देना आरम्भ करेंगे। पं० भीमसेन जी वा अन्यों को यह कभी न समझना चाहिये कि उस के उत्तर में वेदप्रकाश शान्त वा मौनी हो गया॥

समालोचना

१–शतपथ ब्राह्मण

मैं बड़े हर्ष के साथ प्रकट करता हूं कि जिस बहुव्ययसाध्य ग्रन्थ को छाप कर प्रकाशित करने की प्रतिज्ञा श्रीमती प्रबन्धकर्त्रीसभा वैदिकयन्त्रालय अजमेर ने चारों मूल वेदों के तैयार करने के पश्चात् प्रकट की थी, जो ग्रन्थ इस संसार में सर्वसाधारण को मिलना दुर्लभ था, जिस ग्रन्थ के लिये सैंकड़ों रुपये व्यय किये जाते थे और तिस पर भी दर्शन तक होना दुर्लभ था, जिस ग्रन्थ के लिये सैंकड़ों मनुष्य हमारे पास पत्र भेज २ कर अपने प्राचीन ग्रन्थों के अवलोकन करने की उत्कण्ठा और प्रबल इच्छा प्रकट कर रहे थे, जिस ग्रन्थ के प्रकाशित करने की इच्छा प्रकट करते ही सैंकड़ों मनुष्यों ने अपना नाम ग्राहकावली में अङ्कित करा लिया था, जिस ग्रन्थ के तैयार होने का शब्द सुनते ही सैंकड़ों मनुष्य पुस्तक मंगाने को पत्र लिख रहे हैं, तथा जिस ग्रन्थ के अवलोकन करने की इच्छा क्या आर्य क्या हिन्दू सभी पण्डितों के हृदयों में उत्पन्न हो रही है। जो ग्रन्थ आज तक आर्यावर्त्त में कहीं नहीं छपा था किन्तु जर्मनी में एक वार मुद्रित हुआ था और जिस का ५०) रुपये मूल्य था, इतने पर भी आज कल ५०) को भी नहीं मिलता, वही "शतपथब्राह्मण" आज छप कर तैयार है। काग़ज़ मोटा सुदृढ़ चिकना एवं श्वेत रायल २४ पौंड का है। टाइप वही जिस में चारों मूल वेद छपे हैं। ऐसे उत्तम टाइप व काग़ज़ होने पर भी सर्वसाधारण के सुभीते के वास्ते मूल्य केवल ४) ही रक्खा है, डाकमहसूल और लगेगा। इस अवसर को हाथ से न जाने दें।

दशोपनिषद् मूल

मोटे अक्षरों में चिकने काग़ज़ पर गुटका साइज़ में बहुत सुन्दर शुद्ध छप कर तैयार हो गये। मूल्य केवल ॥=)

पता—

प्रबन्धकर्त्ता वैदिकयन्त्रालय-अजमेर

और—

स्वामियन्त्रालय-मेरठ

अनाथालय आर्यसमाज अजमेर

की रिपोर्ट १९७२ की मिली। अवकाश की कमी से जितनी हम ने पढ़ी, अधिकारियों का श्रम धन्यवादार्ह और उन्नति पर कार्य पाया गया ॥

३—पञ्चकन्याचरित्र

यह पुस्तक कुछ काल से चुक गया था, अब ग्राहकों के तक़ाज़ों को देख पुनः छपाया है। मूल्य वही)॥ है ॥

द्रौपदीचरित्र नावल (उपन्यास)

इस में स्त्रियों की शिक्षार्थ उत्तम उपदेश है। मूल्य ─)॥ मात्र ॥

५—मोहनीमन्त्र

यह भी ऐतिहासिक मनोहर वर्णनपूर्वक स्त्रियों को पतिसेवा ज्ञान-विधायक उत्तम पुस्तक है। मूल्य) ॥

६—सूर्यसिद्धान्त २) व २।)

यह अपूर्व पुस्तक छप गया। इस की भूमिका का परिश्रम जो ग्रन्थ-कर्त्ता भाषानुवादक श्रीयुत बा० उदयनारायणसिंह वर्मा मधुरापुर डाक विद्दूपुर ज़िला मुज़फ़्फ़रपुर ने किया है, धन्यवाद के योग्य है। भूमिका आकार में भी १८ फ़ार्म है। पुस्तक हाथों हाथ जाने योग्य है और जा रही है। विशेष फ़र्वरी के विज्ञापन में देखा होगा। ग्रन्थकार ने प्रथम साधारण काग़ज़ के पुस्तक का १॥) रक्खा था अब २) कर दिया है उत्तम काग़ज़ का मूल्य प्रथम १॥।) था अब २।) कर दिया है। मिलने का पता ऊपर लिखे अनुसार ग्रन्थकार के पास और स्वामियन्त्रालय-मेरठ है ॥

७-भजन विलास

रामपुर आर्यसमाजके प्रधानने प्रकाशित किया है। मूल्य अल्प -) मात्र

८-(जगन्) भजनविलास

इस के भजन हमने पढ़े हैं, बड़े रोचक हैं परन्तु कुछ तीक्ष्ण हैं, जो हम को कम रुचते हैं, हम ग्रन्थकार से प्रार्थी हैं कि वे अपनी लेखनी को आगे २ नम्र करेंगे। मूल्य -) मात्र ॥

९-भजन चालीसा

इस में ४० भजन हैं। मूल्य -) अधिक है। पता-शङ्करदत्त विद्यार्थी बबियाल (अम्बाला) है ॥

* स्वामी जी कृत पुस्तकें

मूल्य घटगया

यजुर्वेद भाष्य १६) सत्यार्थप्रकाश १॥) बढ़िया काग़ज़ का २) संस्कार-विधि ॥) निरुक्त ॥=) वर्णोच्चारणशिक्षा)॥। आर्याभिविनय ≡) आर्यसमाज के नियमोपनियम)। हवनमन्त्र)। आर्योद्देश्यरत्नमाला)। पञ्चमहायज्ञविधि -)॥ भूमिका १।) उणादिकोष ॥) व्यवहारभानु =) अन्य नवीन-शतपथब्राह्मण मूल ४) दशोपनिषद् मूल ॥=)

चारों वेद मूल संहिता सुन्दर सस्वर मुम्बई के टैप में शुद्ध छपे हुवे देवता ऋषि छन्द और स्वर की सूचनायुक्त हैं। मूल्य घटिया काग़ज़ ५ बढ़िया ५॥) जिल्द बंधी चाहें तो दोनों प्रकार कों पर १) अधिक। डाक०॥।)

ऊपर के पुस्तकों में नं० ९ को छोड़ कर अन्य सब स्वामियन्त्रालय-मेरठ से मिलेंगे ॥

प्रेरित पत्रों के प्रति

निवेदन है कि लाला सीताराम देववन्द्य, श्रोत्रिय शङ्करलाल जी बिजनौर, मन्त्री आर्यसमाज क्वेटा, राममनोहरस्वामी आदापुर, आ० स० देवरिया, गोपालराम जी दातागञ्ज, केवलकृष्ण वर्मा जी रबूपुरा, जयकुमारलाल वगहा के भेजे समाचारों को देरी और अनवकाश के कारण नहीं छाप सके प्रेरक महाशय क्षमा करें ॥ संपादक

ओ३म्

हैद्राबाद दक्षिण

के

यज्ञ में पशुवध विषयक शास्त्रार्थ का

परिणाम

पाठकों को ज्ञात है कि श्रीयुत अच्युताश्रम स्वामी जी ने एक वर्ष से टालते २ अन्त में ता० २४ एप्रिल १९०३ नियत की थी। तदनुसार ता० १७ एप्रिल को श्रीयुत पं० आर्यमुनि जी १९ को श्रीयुत पं० पूर्णानन्द जी २२ को तुलसीरामस्वामी और २३ को श्रीयुत पं० रुद्रदत्त जी हैदराबाद पहुंच गये थे ॥

ता० २२ को आर्यसमाज की ओर से नीचे लिखे शास्त्रार्थ के नियम सनातनी पक्षस्थ श्रीमान् स्वामी अच्युताश्रम जी आदि के समीप भेजेगये यथाः—

शास्त्रार्थ का विषय—

श्री अच्युत स्वामी जी का पक्ष—यज्ञ में पशुवध वेदप्रतिपाद्य है। आर्यसमाज का पक्ष—यज्ञ में पशुवध वेदविरुद्ध है ॥

इस शास्त्रार्थ के नियम निम्न लिखित होंगे ॥

१—दोनों ओर से एक सभापति होना चाहिये जिसका काम निम्न लिखित नियमों पर चलाना और शास्त्रार्थ को उभय पक्ष के द्रव्य से छपवाना होगा नकि किसी को विजय पराजय का प्रशंसा पत्र देना। इस लेखबद्ध शास्त्रार्थ का परिणाम पाठक लोग स्वयं पढ़कर निकाल लेंगे ॥

२—शास्त्रार्थ लेखबद्ध और मौखिक दोनों प्रकार से होगा। अर्थात् उभय पक्ष की ओर से निर्णीत पुरुष प्रथम स्वयं स्वपक्ष को लिखेगा, हस्ताक्षर करेगा और सुनावेगा। उस की प्रति प्रतिवादी को देगा ॥

३—समय शास्त्रार्थ का उभय पक्ष के वक्ताओं को १५।१५ मिनट दिये जायंगे। इस प्रकार छः छः वार वादी प्रतिवादी को दिया जायगा। अनन्तर एक विषय समाप्त समझा जायगा ॥

४—विधि वाले वक्ता को उपक्रम करना होगा और निषेधवादी को उपसंहार।

५–शास्त्रार्थ में कोई पुरुष अपशब्द का प्रयोग नहीं कर सकेगा। यदि कोई ऐसा करेगा तो प्रधान को अधिकार होगा कि उस विषयसे उसे प्रथम रोक दे, यदि फिर भी वह नियम भङ्ग करे तो उस पुरुष को बाहर निकाल दिया जायगा॥

६–शास्त्रार्थ में मुख्य प्रमाण वेदसंहिता के दिये जायंगे परन्तु पुष्टि के लिये अन्य ग्रन्थों के भी प्रमाण दिये जायंगे॥

७–शास्त्रार्थ संस्कृत भाषा में लिखा जायगा परन्तु तात्कालिक अनुवाद हिन्दी भाषा में होगा॥

इन नियमों का उत्तर ३ दिन में ता० २४।४।३ को जो शास्त्रार्थकी तिथि महीनों पूर्व से नियत थी, दो पहर पीछे यह आया कि:—

ओम्

सनातनधर्म पर पशुवध विषयक आर्यसमाज का आक्षेप और आक्षेप का समय वा शास्त्रार्थ के नियम॥

श्रीयुत वासुदेव नायक जी ने कृष्णातट पर याग किया था याग में श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीमान् अच्युताश्रम स्वामी जी सहित कई सौ विद्वान् उपस्थित थे उसी वक़्त आर्यसमाज ने बेजावड़े आकर अनेक नोटिस बांटकर प्रसिद्ध कर दिया था कि याग में पशुवध करना शास्त्रविरुद्ध और अनुचित है॥

इस के बाद स्वामी जी के नाम से शास्त्रार्थ करने लिये आर्यसमाज ने ३ पत्र भेजे शास्त्रार्थ करो। स्वामी जी ने पत्रों का उत्तर न दिया॥

आर्यसमाज ने फिर पत्र लिखा कि शास्त्रार्थ करो और पत्र का उत्तर दो नहीं तो हम इस विषय को समाचार पत्र में छपाते हैं। स्वामी जी ने शास्त्रार्थ करना स्वीकार किया और पत्र का उत्तर दिया तथा शास्त्रार्थ करने के लिये नियम वा तिथि वग़ैरा ठहराने की लिखपढ़ी वा परस्पर बात चीत चली परन्तु देहली दरबार की धूम धाम की तर्फ़ से उस वक़्त तिथि नियत न हो सकी किन्तु स्वामी जी ने सिकन्दराबाद सेठ बनसीलाल अबीर चन्द्र जी के बाग़ में ठहरे हुए शङ्कर हरिहर तीर्थ के द्वारा पत्र लिखवाकर चैत्र कृष्णा १२ अर्थात् तारीख़ २४ अप्रैल नियत करवादी यह समय का सामान्य क्रम है॥

नियम—

सनातनधर्म और आर्यसमाज की तर्फ़ से वेद वेदाङ्ग व उपाङ्ग दर्शन ग्रन्थार्थवेत्ता फैसला करने वाला व बन्दोबस्त करने वाला योग्य सदाचार संपन्न मध्यस्थ होना चाहिये ॥

यदि वेदवेदाङ्ग जानने वाला न मिल सके तो धार्मिक बुद्धिमान पक्षपात शून्य योग्य नगर के किसी एक कर्मचारी को दो कर्मचारी वा पांच अथवा दश व्यक्तियों वा पचीस कर्मचारी तथा पढे लिखे धार्मिक धनाढ्य व्यक्तियों पर फैसले का भार सौंपाजावे। अथवा सौ दोसौ पांच सौ वा हज़ार या आम लोगों पर इस फैसले का भार माना जावे और एक दो व्यक्ति दोनों पक्षों का उचित अनुवाद करके सुनादेवें कि दोनों पक्ष वालों का यह कथन है। आप लोगों को इन दो पक्षों में किस का कथन सच्चा उचित योग्य यथार्थ हो आप लोग उस पर अपनी धार्मिक सम्मति देदीजिये ॥

शास्त्रार्थ में वेद वेदाङ्ग वा उपाङ्ग अर्थात् दर्शन ग्रन्थ और उन पर प्राचीन महाभाष्यादि संख्या पूर्वक ग्रन्थों का प्रमाण दिया जावे और वे ग्रन्थ सर्वथा और समग्र तथा सदैव प्रमाण माने जावें क्योंकि वेद अपने अङ्ग उपाङ्गों बिना नहीं लग सकता है। अथवा केवल वेद मात्र माना जावे ॥

शास्त्रार्थ संस्कृत प्राकृत दोनों में होवे जिस को इच्छा हो कि मैं संस्कृत में भाषण करूंगा वह संस्कृत, प्राकृत की इच्छा वाला प्राकृत में शास्त्रार्थ करे दोनों तर्फ़ के विद्वानों की गणना होकर उन्हों के नाम लिखे जावें ॥

कौन विद्वान् पहले अथवा पीछे शास्त्रार्थ संस्कृत अथवा प्राकृत में करेगा यह बात अपने २ पक्ष में विचार लेवें और आक्षेप कर्त्ता भाषण जिस भाषा में स्वीकार करे उसी भाषा में आरम्भ होना चाहिये ॥

पहले दोनो तर्फ़ के जब दो विद्वान् शास्त्रार्थ शुरू करें उन्हों को दोनों तर्फ़ के विद्वान् अपने २ पक्ष के विद्वान् को सम्बोधित करके अपना तात्पर्य समझा देवे अर्थात् सहाय कर्त्ते रहें परन्तु दूसरे पक्ष के विद्वान् से वे भाषण न कर सकेंगे ॥

जब दोनों शास्त्रार्थ करने वाले विद्वानों में से एक शिथल या निरुत्तर हो जावे उस वक्त पूर्वोक्त कोई प्रकार का मध्यस्थ शिथल पक्ष वाले मुखिया को पूछ अर्थात् आप इस के निरुत्तर से निरुत्तर हैं या दूसरा विद्वान् स्थापित करना चाहते हैं स्थापित करदेवें वा निरुत्तर समझ लेवें ॥

समय जिस को जितना लगे उतना प्रश्नोत्तर के लिये देता जावे परन्तु

आधे घंटे से अधिक समय किसी को न दिया जावे व वितण्डा वाद के लिये भी मध्यस्थ समय अधिक न देवे व बिलकुल न देवे। यदि मध्यस्थ चाहें वा आमलोग चाहें तो शास्त्रार्थ लेखबद्ध हो सकेगा नहीं तो मौखिक अच्छा होगा।

शास्त्रार्थ में कोई भी पुरुष मर्मभेदी व अयोग्यशब्द न बोल सकेगा कदाचित् कोई बोलेगा तो एक दफा मना कर मध्यस्थ दूसरी दफा उचित रीति से उस को बन्द कर दूर करा देवेगा।

गवर्नमेंट की नीति के ख़िलाफ़ कोई पक्षपात वगैरा नहीं कर सकेगा।

शास्त्रार्थ छापने वगैरा की यदि ज़रूरत होवे तो न्यायानुसार आक्षेप कर्त्ता का काम अथवा जिस का पक्ष गिरजावे वह छपवावे।

नियम पास होने पर उनसे दोनों पक्ष वालोंके हस्ताक्षर करा लेना चाहिये।

मध्यस्थ का स्वीकार न करने वाला पक्ष शास्त्रार्थ नहीं करना चाहता है ऐसा समझा जावेगा। और कहा जावेगा कि यह केवल वितण्डा कर लोगों को दुःख देना चाहता है तथा व्यर्थ सताता है।

यह भी कहना योग्य न होगा कि यहां कोई मध्यस्थ के योग्य नहींहै। क्योंकि ब्रिटिशगवर्नमेंट व निज़ाम सरकार के कर्मचारी व वकील बेरिस्टर वगैरह साक्षात् संस्कृत व उर्दू फ़ारसी तथा अंग्रेज़ी में अनुवादित वैदिक प्रभृति ग्रन्थों को देख सुन कर हमेशा अदालतों में फैसला किया सुना करते हैं।

समय शास्त्रार्थ का ८ बजेरात से ११ ग्यारा बजे राततक होगा।

एक विषय ८ आठरोज़ तक चल सकेगा आगे नहीं। ८ रोज़ का एक विष का समय समझा जावेगा।

इस के साथ एक पत्र भी था किः—

ओ३म्

केशवराव श्री मेरे नारायण स्मरण के बाद आप को विदित हो कि आप के पास नियम भेजता हूं। आप लेकर शास्त्रार्थ का नियत तिथि पर पूरा २ बन्दोबस्त कीजिये समय व्यर्थ नहीं खराब करियेगा। ता० २३ छपा हुवा नोटिस भी देचुके हो अगर कुछ आगे पीछे हो तो इत्तला दीजियेगा। ता० २४। ४। १९०३ शङ्कर हरिहर तीर्थ॥

ता० २४ को ही इस का उत्तर समाज ने तत्काल दिया कि—

श्रीयुत अच्युत स्वामी जी नमस्ते!

आज स्वामी शंकर हरिहर तीर्थ जी ने तीन दिन पश्चात् शास्त्रार्थ के नियमों में परिवर्त्तन करके निजकृत नियम भेजे हैं। जिन में अन्य वार्त्ता

तो कोई विवाद की नहीं है और जो अनावश्यक उपोद्घात लिखा है उस से भी हम लोगों को कुछ प्रयोजन नहीं है किन्तु शास्त्रार्थ का मध्यस्थ होना जो आवश्यक लिखा है सो तटस्थ पुरुष मध्यस्थ मिलना बहुत कठिन है। इसलिये हमारे लिखे नियमों के अनुसार शास्त्रार्थ आज से ही आरम्भ कीजिये तो हम लोगों का श्रम और हमारे पण्डितों का आगमन सफल होजावे। मध्यस्थ की विचारणा करनी थी तो पूर्व मे करनी थी, अब शास्त्रार्थ की नियत तिथि पर भी पूर्वाह्न व्यतीत करके अपराह्न में मध्यस्थ की आवश्यकता लिखना शास्त्रार्थ में विघ्नकारक होगा। विगत वर्ष महाराज टिहरी नरेश के समक्ष भी शास्त्रार्थ के लिये मध्यस्थ नहीं मिला और अन्त को यही स्थिर हुआ था कि लेख प्रतिलेख एकत्र करके छापदिये जावेंगे। और पढ़ने वाला फल समझ लेगा। ऐसा ही आगरा आदि में हुआ और यहां भी ऐसा ही होना चाहिये। ऐसा ही आप ने भी पूर्व स्वीकार किया था कि प्रबन्धकर्त्ता केवल शान्तिरक्षक होगा, निर्णेता नहीं। इस पर भी यदि पूर्व प्रतिज्ञा को त्याग कर अब आप को मध्यस्थ का आग्रह विशेष हो तो हैद्राबाद में रहने वाले किसी ऐसे मध्यस्थयोग्यतासंपन्न पुरुष को हम नहीं जानते हैं, किन्तु पं० गङ्गाप्रसाद एम० ए० डिपुटी कलक्टर गढ़वाल, वा पं० विष्णुलाल एम० ए० मुंसिफ़ मुज़फ़्फ़रनगर के पास लेख प्रतिलेख भेजकर फ़ैसला करालें। स्थानिक संभावित पुरुष राजा ज्ञानगिरि जी को प्रबन्धकर्त्तामात्र नियत करलें (फ़ैसला करने वाला नहीं) और शास्त्रार्थ आरम्भ करदें। यदि उक्त दो पुरुष स्वीकृत नहीं हों तो आप किन्हीं का नाम बतावें और हम यह विचारें कि वह पुरुष वेद वेदाङ्ग ज्ञानसंपन्न है कि नहीं और एकपक्ष का पक्षपाती है कि तटस्थ।

२–हमारे दूसरे नियमानुसार निजपक्ष को नियत समय में लिख कर हस्ताक्षर करके परपक्ष को देते जाना अवश्य स्वीकृत कीजिये। इस नियम को स्वीकार नहीं करेगा वही पक्ष शास्त्रार्थ का अनिच्छुक समझा जावेगा॥

३४४–नियम पर शंकर हरिहर तीर्थ जी ने स्वीकृत वा अस्वीकृत कुछ भी नहीं किया सो करना चाहिये॥

६–षष्ठ नियमानुसार वेदादि का प्रमाण स्वीकृत करना चाहिये॥

७–संस्कृत में शास्त्रार्थ लिखना और हिन्दी में अनुवाद सुनाना नियमित होना चाहिये। क्योंकि देशभेद से संस्कृताऽतिरिक्त भाषा को पूर्णतया पक्ष प्रतिपक्ष वाले कदाचित् न समझें॥

अन्य आप जो उचित समझें सो लिखें, हम उस पर विचार करके संमति देंगे। समग्र ग्रन्थों का प्रमाण सर्वथा सर्वदा के लिये करना न करना नहीं बनसक्ता किन्तु वेद स्वतःप्रमाण और उस से अविरुद्ध अन्य ग्रन्थ भी हम मानते हैं जैसा कि पूर्वाचार्य मानते आये हैं॥

केशवराव

इस पर ता० २५ भी व्यतीत होगई और कोई उत्तर नहीं आया तथा शङ्करहरिहर तीर्थ जी ने क्रोध के अतिरिक्त कोई काम न किया। हां, मान्यवर गोस्वामी श्री नरसिंहगिरि जी ने आर्य पण्डितों को बुलाकर समागम किया और पूछा कि शास्त्रार्थ में क्या अवरोध है, पण्डितों ने उत्तर दिया कि मध्यस्थ की अनहोनी सी शर्त्त ही शास्त्रार्थ में बाधक है, आप ऐसा यत्न करें कि शास्त्रार्थ होजावे। मान्यवर ने फर्माया कि हां मैं उस पक्ष का अभिप्राय जानने का उद्योग करूंगा। इत्यादि॥

आर्यसमाज की ओर से तुलसीराम स्वामी का व्याख्यान वैदिकधर्म और मतभेद पर ता० २४ को हुआ, जिस में मान्यवर बख़्शीरघुनाथप्रसाद साहब जज हाईकोर्ट इत्यादि माननीय पुरुषों सहित १००० से अधिक जन संख्या थी। व्याख्यानान्त में शास्त्रार्थ का पत्र व्यवहार सुनाया गया और पबलिक को सुझाया गया कि पौराणिक पक्ष मध्यस्थ की ओट से शास्त्रार्थ से बचना चाहता है। हम लोग दूर देश से आये हैं, आप लोग यत्न करें कि शास्त्रार्थ अवश्य होजावे। इत्यादि॥

दूसरे दिन पं० आर्यमुनि जी का "व्याख्यान वर्णाश्रम धर्मोद्धार पर आर्यसमाज का प्रयत्न" विषय पर प्रभावजनक हुवा। पं० काशीनाथ वामन लेले जो पूना से आये थे, वर्णव्यवस्थादि पर व्याख्यान तो मरहठी में देते रहे परन्तु संस्कृत में शास्त्रार्थ करने से इन्कार करते रहे, जिन के पाण्डित्य का हम लोगों को भी बड़ा भरोसा था। उन्हों ने यह भी कहा कि मैं तो अच्युतस्वामी जी व आर्यसमाज के शास्त्रार्थ को देखने आया हूं। शास्त्रार्थ करने नहीं आया हूं और (मध्यस्थादि स्थिर होजाने पर) शास्त्रार्थ करना भी पड़े तो संस्कृत में भाषण न करूंगा। इत्यादि॥

आज ही ता० २५ की रात्रि को ८॥ बजे फिर टालमटोल का दूसरा पत्र निम्नलिखित आया किः—

ओ३म्

श्रीयुत् प्रधान आर्यसमाज हैदराबाद महाशय केशवराव जी मेरे नारायण स्मरण के पश्चात् आप को संम्यग् विदित हो कि आप का पांच

नम्बरीपत्र कल ता० २४ अप्रैल का लिखा हुआ श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीमान् अच्युताश्रम स्वामी जी महाराज के नाम पर गआ हुआ स्वामी जी महाराज के द्वारा कल छः बजे के क़रीब आप के समक्ष मुझे मिला—

मैं आप से निवेदन कर्त्ता हूं कि जब पत्र प्रभृति व्यवहार का भार स्वामी जी ने मेरे ऊपर रक्खा है कि जिस को आप अच्छी तरह जानते हैं और मेरे साथ व्यवहार आप का चल रहा है मेरे द्वारा शास्त्रार्थ की तिथि का पत्र आप के पास मौजूद है फिर न मालूम आपने व्यवहार का पत्र मेरे पास न भेज कर स्वामी जी महाराज को क्यों तकलीफ़ दी—अस्तु

इस ५ नम्बर के पत्र में आपने लिखा है कि शङ्कर हरिहर तीर्थ ने तीन दिन के बाद शास्त्रार्थ के नियमों में परिवर्तन करके निज कृत नियम भेजे हैं जिन में अन्यबातों तो कोई विवाद की नहीं है परन्तु जो अनावश्यक उपोद्घात लिखा है उस से भी हम लोगों को कुछ प्रयोजन नहीं है॥

महाशय आप वकील हैं मैं एक साधारण आप का संन्यासी हूं। मैं आप के इस लेख से संतुष्ट हुआ हूं कि (अन्यबातों तो कोई विवाद की नहीं है) तथा उपोद्घात का आपको चाय कोई प्रयजन हो परन्तु हम को है और कल आपके व्याख्यान में व्याख्यानदाता महोदय को भी उपोद्घात की ज़रूरत पड़ी थी और शायद आगे भी पड़ेगी शायद आप को स्मरण होगा कि मैंने आप से ही पूछा था कि आप कहिये विवाद का मूल क्या है मैं नियमों के आदि में लिखूंगा परमेश्वर जाने यह बात आप को क्यों भूल गई आप लेडर हैं और तीन दिन के बाद नियमों में परिवर्तन कर निजकृत नियम भेजे हैं यह आप का लेख कैसा ही क्यों न हो किन्तु भाई साहेब यह एक इस वक्त विवादास्पद महानकार्य है इस के बाबत जब तक नियम वग़ैरह रीति से ठीक न कर लिये जावें तब के बिना यह कार्य समुझदार लोगों को आदरणीय न होगा॥

आप ने लिखा कि तटस्थ मध्यस्थ मिलना बहुत कठिन है लेकिन बहुत कठिन बतला कर भी श्रीमान् पण्डित गङ्गाप्रसाद एम० ए० एम० ए० मुन्सिफ़ विष्णुलाल जी को मध्यस्थ मान कर लेख भेजने को लिखा है हम उन्हीं से अपरिचित हैं लेकिन श्रीमान् निजाममहोदय के प्रधान मन्त्री महाराजा कृष्ण प्रसाद बहादुर वा श्रीमान् राजा रायराय श्रीमान् शिवराजा बहादुर श्रीमान् राजामुरलीमनोहर बहादुर श्रीमान्

रावराजा श्रीमान् राजा बहादुर ज्ञानगिरीनरसिंहगिरी जी श्रीमान् सेठ मोतीलाल जी अंगरेज़ी सरकार के मान्य परमपात्र उत्तम न्यायाधीशों साहेब वा डाक्टर अघोरनाथ जी षट्कोपाचार्य जी एम० वा राजाबहादुर शिवेश्वरगिरि जी बेरिस्टर रंगयियानायडु वगैरह साहबों से आप अपरिचित नहीं हैं ये सब साहब अनेक अंशों में भद्र और प्रतिष्ठित पुरुष हैं कदाचित् आप पक्षपात वा टालाटूली कर जावें यह दूसरी बात है इन मान्यवर पुरुषों में से चुनिये और प्रयत्न कीजिये और उन्होंसे हां भरा कर मध्यस्थ बना अपने और हमारे विद्वानों का परिश्रम दूर कीजिये यह आप का कर्त्तव्य है झगड़े के मूल पत्रव्यवहारादि में कारण आपही हैं॥

आप ने लिखा कि मध्यस्थ की आवश्यकता लिखना शास्त्रार्थ में विघ्न कारक होगी सो उलटी बात है किन्तु मध्यस्थ की आवश्यकता विघ्न निवारक है विना मध्यस्थ के आर्यसमाज और दूसरे लोग झगड़ा कर बड़े घर (कारागार) की हवा खाचुके हैं यदि आप के यहां समाचार पत्रों की नत्थी हो तो उठा के देख लीजिये॥

और टिहरी के उदाहर देना आप को आप की पक्ष पूर्ति का साधन होगा, हम को दृष्टान्तों की ज़रूरत नहीं है, हम को आप की बात चीत पर आश्चर्य होता है कि जब विषय का समझने वाला कोई पुरुष निर्णय करने को समर्थ नहीं है फिर सर्वसाधारण स्वयं समझ लेवेंगे, यह वदतो व्याघात है। आप ने स्वामी जी को लिखा कि आप ने भी मध्यस्थ न होने का स्वीकार पहले कर लिया था, यह आप की विकालत है। मेरे साथ भी विकालत आप कर चुके हैं। स्वामी जी ने आप के समक्ष कह दिया था कि मध्यस्थ का होना हम को स्वीकार था और है तथा रहेगा। मध्यस्थ विना योग्यपुरुषों के नियमित व्यवहार निरर्थक होते हैं, आप को स्मरण रखना चाहिये॥

आप की हस्ताक्षर वग़ैरह की बात हम अवश्य मान लेवेंगे, किन्तु मध्यस्थ की व्यवस्था उस में कारण है नहीं तो बालकों के सा यह शास्त्रार्थ तमाशा हो जावेगा। इस से दोनों पक्षों की क्षति होगी। शास्त्रार्थ का अनिच्छु वही हो सकता है जो व्यवस्था की सामग्री जोड़ने में आना कानी करता हो। शास्त्रार्थ संस्कृत में हो या भाषा में हम को अनिष्ट नहीं है हम अपने लेख में लिख चुके हैं आप उठाकर फिर भी एक दफ़ा देख लीजिये।

प्रमाणोंके बाबत भी लिख चुके हैं पिष्टपेषण करना न चाहिये आप को और भी जो कुछ विचार करना हो कर लीजिये जिस से आप के विद्वानों का आशा सफल हो, आपके पत्र का उत्तर क्रमभङ्ग पूर्वक समालोचना कर लिखा सो मुझे इष्ट था माफ़ कीजियेगा ॥

शङ्कर हरिहर तीर्थ

इस का उत्तर समाज ने उसी रात्रि को ११॥ बजे यह दिया कि:—

ओ३म्

श्री शङ्कर हरिहर तीर्थ स्वामी जी ! नमस्ते

कल के पत्र का उत्तर आज ८॥ बजे सायं आया। आप इतनी देर में उत्तर देते हैं यह भी तो शास्त्रार्थ का समय व्यर्थ खोने की बात है वा नहीं?

आपने नियम देते समय स्वयं कहा था कि श्री अच्युत स्वामी जी के समक्ष जाकर स्थिर कर लें, उसी अभिप्राय से हम ने उनके नाम उत्तर भेज दिया। जो पत्र पढ़ने में उन्हें तकलीफ़ हुई सो वे क्षमा करें। तीन दिन में उत्तर देना शास्त्रार्थ को टालना नहीं तो क्या है? मध्यस्थ के विषयमें श्रीमान् स्वामी अच्युताश्रम जी का कथन तो आज यह था कि मध्यस्थ न्यायशास्त्रानुसार निग्रहादि का जानने वाला विद्वान् हो सकता है और आप उन के प्रतिनिधि होकर भी ऐसे पुरुषों के नाम क्यों लिखते हैं जो कि सांसारिक प्रतिष्ठा में परम उच्च संभावित हैं तथापि १—गोतमीय न्यायशास्त्रादि के मर्मज्ञ होने का स्वयं भी दावा करें, ऐसी आशा नहीं। २—आप के सनातन धर्म कहाने वाले मत के अनुयायी होने से एक पक्ष के अन्तर्गत हैं। ३—एक पुरुष वेद को अपौरुषेय धर्मग्रन्थ ही नहीं मानते हैं किन्तु आर्यसमाज से भी बहुत दूरस्थ ब्राह्मसमाजी हैं, और वेद को जैसा आप वा हम मानते हैं, वे नहीं मानते। मध्यस्थ विघ्ननिवारक इतने से भी हो सकता है कि वह प्रबन्धकर्त्ता मात्र हो, फ़ैसला देने वाला न हो। सर्वसाधारण पढ़ने वाले अपने लिये निर्णय करने को पर्याप्त हैं किन्तु एक पुरुष अनेकों सहस्रों मनुष्यों के लिये निर्णय करने को पर्याप्त हो, ऐसा होना कठिन है। श्री अच्युताश्रम स्वामी जी के कथनानुसार वादी वा प्रतिवादी को मध्यस्थ की परीक्षा का अधिकार देना क्या युक्त है? संभव है कि एक दूसरे को अल्पज्ञ बतावें और विवाद एक नया खड़ा होजावे ॥

आप समाचार पत्रों से क्या किन्तु कहीं भी एक भी दृष्टान्त इस बात

का नहीं देसकते कि किसी शास्त्रार्थ में मध्यस्थ न होने से कहां कौन बड़े घर कारागार की हवा खाचुका है। टिहरी नरेश से माननीय राजा साहब का दृष्टान्त यदि हमारा पक्षपोषक है तो क्या आप के लिखाये नाम आपके पक्षपोषक होंगे, यह कहना अनुचित होगा? मध्यस्थ के बिना महाराज टिहरी नरेश के समक्ष हुवे शास्त्रार्थ की रीति पर होने वाले शास्त्रार्थ को बालक्रीडा बताना आप का साहस है। प्रमाणों की बाबत आप का लिखना हमारे संमत नहीं, आप को हमारा लेख संमत न हो तब उस का पुनर्लेख पिष्टपेषण क्यों हुवा? अब कहिये कि हमारे २२।४।३ को भेजे ७ नियमों में आप को क्या और क्यों अस्वीकृत है? वा सब स्वीकृत हैं? वा नहीं। पत्र व्यवहार झगड़े का मूल नहीं, किन्तु झगड़ा न हो इस के लिये बन्धन है। देखिये कृपया शीघ्र उत्तर दें॥

२५।४।३　११॥ बजे रात्रि को

उत्तर आया कि:-　　　　केशवराव

१-श्रीयुत प्रधान आर्यसमाज हैदराबाद महाशय केशवराव जी मेरे नारायण स्मरण के बाद आप को विदित हो कि कल ता० २५ अप्रैल को रात्रि के ११॥ बजे भवानी शङ्कर जी के द्वारा पत्र नम्बर एक आप का मिला तिस की समालोचना करके निवेदन करता हूं-

२-महाशय आप ने लिखा कि आज ८॥ बजे रात को उत्तर आया, आप इतनी देर में उत्तर देते हैं यह भी तो शास्त्रार्थ का समय व्यर्थ खोने की बात है या नहीं?

३-केशवराव जी आप को सोचना चाहिये कि मैं प्रातःकाल से लेकर १२ बजे तक तो मेरे अनुष्ठान में लगा रहता हूं, बाद उस के भोजन आदि में समय चला जाता है। २-२॥ बजे के बाद आप की तर्फ़ से लगाई हुई झगड़े की पञ्चायत की लिखा पढ़ी के उत्तर वग़ैरह देने में प्रवृत्त होता हूं। और यदि आप का शास्त्रार्थ और शास्त्रार्थ का समय इतना नाज़ुक है कि १२ वा १४ घंटों में व्यर्थ चला वा बहा जाता है तो आप ने इतना साहस क्यों किया। जब आप एक कट्टर देशहितैषी हैं। आप ने अपना तन मन धन अपने सिद्धान्त के अनुसार देशोन्नति के लिये अर्पण किया है। फिर ना मालूम आप क्यों घबराते हैं और एक ग़रीब संन्यासी के शिर पर ज़बर-

दस्ती कलङ्क लगाकर निकल जाना चाहते हैं। भाई यदि शास्त्रार्थ का पूरा २ दावा रखते हो तो घबराये नहीं शान्ति से कार्य कीजिये कोई किसी का ताबेदार नहीं है लिखा पढ़ी रीति से हुआ करती है, हम लोग तो शान्तिपूर्वक काम करना अच्छा समझते हैं, आप को कदाचित् इतनी जल्दी थी तो काम शोच विचार के साथ करना था, काम छेड़ कर पुनः व्याकुल होना आप को उचित् नहीं है ऐसे धर्मकार्य में शरीर पात पर्यन्त वा जन्मान्तर का भी दावा रखना सज्जन देशहितैषियों का प्रधान कर्त्तव्य है और इसी लिये शायद समाज ने आप को प्रधान बनाया है॥

४–स्वामी जी महाराज को तकलीफ़ देने की बाबत आप ने स्वामी जी से क्षमा प्रार्थना की, इस लिये मैं आप को धन्यवाद देता हूं॥

५–आप ने लिखा कि तीन दिन के बाद उत्तर देना शास्त्रार्थ को टालना नहीं तो क्या है, इस के बाबत इस पत्र में लिख चुका हूं कि शास्त्रार्थ चला था बढ़ाजाता है क्या सो देखलो एक बात को सौ जगह लिखने का नाम ही पिष्टपेषण है॥

मैंने स्वामी जी का प्रतिनिधि होकर जो लोगों के नाम लिखे थे वे आप की आज्ञा के अनुसार लिखे थे क्योंकि आपने लिखा था कि श्रीयुत् पं० गङ्गाप्रसाद जी वा पं० विष्णुलाल जी योग्य हैं उन्हीं के पास दोनों पक्षों का लेख भेज दिया जावे वा आप किन्हीं को बतलावें। महाशय इस लिये मैंने यहां के दीवान विद्वान् श्रीमान् महाराजा कृष्णप्रसाद बहादुर प्रभृति के नाम लिखे थे मैंने बुरा क्या किया आप एक अच्छे वकील होकर विद्वान् और संभावित लोगों को केवल सांसारिक प्रतिष्ठा में उच्च मानते हैं अवश्य यह आपका साहस है और दर्शन ग्रन्थों को तो वे संभावित नायबे हुज़ूर वगैरह महोदय जानते ही होंगे लेकिन थियोसाफिसट् लोग षट्दर्शन ग्रन्थों को अच्छी तरह जानते हैं थियोसाफिकलसोसायटी में कदाचित् आप गये होंगे तो अवश्यमेव आप को मालूम होगा कि दर्शन ग्रन्थ जानने वाले कितने लोग मौजूद हैं आप के विद्वान् लोग चाय कदाचित् केवल करने वाले मध्यस्थ के करने से नहीं भी घबराते होंगे लेकिन आप को अवश्य घबराहट है आप को अपने घबराहट की शान्ति के उपाय दो तीन मिल भी जाते हैं एक तो समग्र सर्वदा किसी ग्रन्थ को नहीं मानना दूसरा मध्यस्थ किसी के भी पक्ष का है यह कहदेना अथवा किसी ने कुछ योग्य प्रकरण

चलाया उस पर कुछ भी कहदेना और किसी की न मानना इस का भी आप कुछ नज़र देदेंगे परन्तु भाई साहब लिखापढ़ी किञ्चित् शोच विचार कर कीजिये लोगों की कथा बन रही है समय विलक्षण है धर्म की रक्षा समय देख कर योग्यता से करनी अच्छी है ॥

६-जिस किसी अन्य मतस्थ को हम लोग मध्यस्थ पञ्च बनावेंगे वह पुरुष अपने मत की कथा हमारे फैसले में मिला देवेगा यह एक आश्चर्य की कथा है क्या कोई मुसलमान किसी धर्मी पुरुष के घरू झगड़े को तै करने में अपने मत की बात मिलाता है जो मिलानेवाला है वह पंच नहीं और हज़ारों पञ्चातें वेद के अनेक फ़िरक़ों वाले दूसरों की पंचालें किया करते हैं ॥

७-एक ही मजिस्ट्रेट वा योग्य राजा महाराजा किसी भी विद्या का विद्वान् व्यवहार प्रवीण किसी भी ज़बान में अनुवादित ग्रन्थों का क्या फ़ैसला नहीं करता है ?

८-जिस के प्रमाणादि मज़मून होते हैं अवश्यमेव परीक्षा अधिकार देसक्ता है यह बात दोनों पक्षों को समान है मध्यस्थ परीक्षा में डर क्या है॥

९-जीव तो अल्पज्ञ है ऐसा आप का भी शायद सिद्धान्त है और बिना कारण किसी को अल्पज्ञ नहीं कहना चाहिये किन्तु कारण बता देना उचित है ॥

१०-मतमतान्तर के झगड़ों में लोगों को मज़ा हुवे है यह बात प्रसिद्ध है और आर्यसमाज व आत्मारामसागर की बात को स्मरण कीजिये ॥

११-मैंने टिहरी महाराज की बात पर वा शास्त्रार्थ बालकों के सा लेख नहीं लिखा है किन्तु मेरी नाकिस बुद्धि के अनुसार यहां शास्त्रार्थ में गड़बड़ हो जाने से ऐसा फल होगा ऐसा मेरा अभिप्राय है आप यटस्थ शास्त्रविरुद्ध मत कीजिये इस के सिवाय आप मुझ को बुरा भला जो कहैं अधिकार है आप को मैं महाराष्ट्र मण्डली के अनुसार सद्गृहस्थ मानता हूं इस लिये आप के उचित प्रभृति वाक्य सहन करता हूं यह मेरा कर्तव्य है परमेश्वर आप का भला करे ॥

१२-प्रमाणों को आप मानें वा न मानें आप को अपने कर्तव्य पर पूरा पूरा अधिकार है लेकिन जो बात आप अपने लेख में लिख चुके हैं कि (अन्य बातों तो कोई विवाद की नहीं है) इस का अर्थ ज़रूर ही कुछ करना होगा ॥

१३-आप के कितने उचित् नियम हम ने अपने नियमों में मान लिये हैं उन को हमारे नियमों पर सम्यक्दृष्टि देकर आप देख लीजिये ॥

१४-आप से पूछता हूं कि एक आदमी ने प्रतिज्ञा की कि शास्त्रों में पशुवध नहीं है अब हेतु बताना चाहिये या नहीं अगर स्वयं हेतु नहीं बतावे तो दूसरे के पूछने पर तो बताना होगा कि नहीं ? अथवा आक्षेप कर्त्ता पूछे कि याग में पशुवध करना अनुचित है इस में कोई भी प्रमाण नहीं है कदाचित् प्रमाण है दो और उस ने प्रमाण दिया और आक्षेपकर्त्ताने फिर आक्षेप किया उस ने फिर भी खण्डन किया अब समझ लीजिये उप-संहार किस को सर्फ रहा कुछ अनुचित कहा तो माफ कीजियेगा ॥

शङ्कर हरिहर तीर्थ

उत्तर-

श्रीयुत शङ्कर हरिहरतीर्थ स्वामी जी ! नमस्ते

यह तीसरा पत्र भी देर से आया । स्वामी जी महाराज ! इस पत्र के १३ वें वाक्य में जो हमारे उचित नियमों का स्वीकार किया है हम इस का आप को धन्यवाद देते हैं । कृपया यह स्पष्ट और बतलादीजिये कि ७ नियमों में से किस २ संख्या के नियम को आपने उचित समझ कर स्वीकार किया है । आपने जो ५ वें वाक्य में हमारी शान्ति के ४ उपाय बतलाये हैं उन में से दो उपाय तो आप भी अपनी शान्ति के मानते हैं । १-वेदातिरिक्त किसी समग्र ग्रन्थ को न मानना । हम यह बता सकते हैं कि स्वामी शङ्कराचार्य ने भी वेदातिरिक्त ग्रन्थों को समग्र नहीं माना । सर्वदा किसी ग्रन्थ को न मानना भी आप पर ही घटता है क्योंकि " अश्वालम्भं गवालम्भं इत्यादि समयानुकूल ग्रन्थों की मंसूखी बहाली आप ही करते हैं । इस लिये यह परोपाय आप ही की शान्ति का है । २-मध्यस्थ किसी पक्ष का नहीं यह जो आपने हमारी शान्ति का उपाय बतलाया है इस से मालूम होता है कि आपकी शान्ति एक पक्षस्थ मध्यस्थ से भी हो जाती है । यदि इतनी उदारता है तो झगड़ा क्या? आप हमारे मध्यस्थ का ही स्वीकार करलीजिये अन्य २ जो आपने शान्ति के उपाय बतलाये कि प्रकरण चलाते २ कुछ कह देना और किसी को न मानना । हमारी शान्ति के उपाय तो ये नहीं प्रत्युत हम को इस से भय है । इसी लिये हमने लेखबद्ध शास्त्रार्थ करने का नियम लिखा है जिस से यह दोष नहीं हो सकता । ६ ठे वाक्य में जो आपने यह

लिखा है कि क्या कोई मुसलमान किसी के घरू झगड़े को ते करने में अपने मत की बात मिला देता है ?

यह विषम दृष्टान्त है। क्योंकि वह घरू झगड़े में मत की बात नहीं मिलाता परन्तु जब मत का झगड़ा होता है तो मत की बात मिलाने का सन्देह अवश्य हुवा करता है॥

बहुत क्या आप जो अपनी शान्ति के इसी उपाय पर जमे हुवे हैं कि अपने मत का मध्यस्थ नियत करके शास्त्रार्थ में जय का सार्टिफ़िकेट लेलें, यह कदापि न होगा॥

इस लिये आप से प्रार्थना है कि आप इस सहारे को छोड़ कर उदारता से काम लें जिस से कि पक्षपात न पाया जावे और मुन्तज़िम के तरीक़े को स्वीकार करें। इस को ध्यान में रक्खें कि मुन्तज़िम भी वही होगा जो उभय पक्ष से स्वीकार किया जायगा॥

इसलिये मुन्तज़िम के तरीक़े को स्वीकार करके कृपया पृथक् काग़ज़ पर स्पष्ट लिख भेजें कि हमारे ७ नियमों में से अमुक २ नियम इस प्रकार स्वीकृत हैं॥

शीघ्रता करना इस लिये आवश्यक है कि आप तो अपने स्थान पर बैठे हैं और बहुत काल तक बैठे रह सकते हैं और आप संन्यासी होने से आप के किसी कार्य की हानि नहीं, किन्तु हमारे विद्वान् गृहस्थ हैं और अनेक कार्य छोड़कर आये हैं जो बहुत काल तक व्यर्थ नहीं ठहर सकेंगे इस बात को आप भी जान सकते हैं॥

अन्य वाक्यों में जो आपने कट्टर आदि उपालम्भ दिये हैं उन का उत्तर हम नहीं देना चाहते॥

२१।४।०३ समय १ बजे दिन--

केशवराव

इस का उत्तर यह आया कि:-

श्रीयुत प्रधान आर्यसमाज हैदराबाद महाशय सज्जन भाई केशवराव जी मेरे नारायण स्मरण के बाद आप को मालूम हो कि आप का ६ नम्बरी पत्र मुझे मिला पढ़ कर सन्तोष हुवा॥

भाई साहेब आपने अवश्य कुछ न कुछ उत्तर के नाम से लिखदिया लिखा कीजिये आप को अपने लेख वग़ैरह की रचना का अधिकार है॥

आपने दो साधनों को अङ्गीकार किया यह आप की सज्जनता है॥

बाक़ी शङ्कराचार्य महाराज ने वैदिक स्मार्त्त सिद्धान्त अनुयायी ग्रन्थों को सर्वथा सर्वदा निर्भ्रम माना है और उन्हों की मर्यादा से व्यवस्था की है और जिस वाक्य को आपने उद्धृत कर समाधान करना चाहा है वह प्रचलित आप के पक्ष का बाधक है कदाचित् आप स्वीकार करलेवें कि कलौ पञ्च विवर्जयेत्"तो विवाद ही क्या है इस सामान्य वाक्य और"यावद्वर्णविभागोस्ति"इस विशेष वाक्य का विचार न करना ही गपड़चौथ का कारण है यह बात हम जानते हैं कि अर्थवशाद्विद्वानों को भी एक नवीन मार्ग का आश्रय लेना पड़ता है और लोक परलोक की भीति को तिलाञ्जलि देनी पड़ती है इस में कोई सन्देह नहीं है कि सज्जन अपने पुरुषार्थ को तोलकर खर्च किया करते हैं आप मुझ पर जो चाहे सो घटाते रहें परन्तु घटाना उसी का नाम है जो बात घट सके क़लम दावात स्याही काग़ज़ दोनों की कमी नहीं है हमतो दूषण भूषण उसी को समझते हैं जिस को लोग अङ्गुलि न उठा सकें हम अवश्यमेव शान्त हैं आप झगड़ा फैलाकर अशान्ति करनेको उपस्थित हैं आप को अच्छीतरह शोचना चाहिये ॥

दूसरी बात के लिये आप ही उदारता कीजिये परोपदेशे पाण्डित्यं और बातूनी जमाखर्च से लाभ ही क्या है अवश्य आप को भय है मगर भय होकर भी भय नहीं है यह एक विचित्र गाथा है ॥

आप लेखबद्ध शास्त्रार्थ की पुकार ही सार्टीफ़िकेट ले लीजिये मगर रीति से सार्टीफ़िकेट लेकर आप अपने पक्ष को रवाने करने को कब समर्थ होंगे हम को असम्भव भान होता है और आप को भी केवल गलगर्जना करनी शायद अच्छी न जचती होगी ॥

हम मध्यस्थ का होना अच्छा समुझते हैं लेकिन आप का सार्टीफिकेट कैसे होगा आपने तो सार्टीफ़िकेट मध्यस्थ के बिना माना है ॥

आपने बीड़ा उठाया है मैं बीड़ा उठानेवाला नहीं हूं आप अनेक अंशों में स्वार्थवशात् निर्भय है मेरा कोई स्थान नहीं है आप की लगाई हुई पञ्चात से मुझे यहां आना पड़ा है मुझको इस झगड़े से छुड़ाइये मैं आप को आशीर्वाद दूंगा ॥

सहारा आप ही ले रहे हैं जो कि बिना मजिस्ट्रेट के फ़ैसला करना और कराना चाहते हैं आप गृहस्थ हैं आपके पास सब कुछ है आप वकील

हैं सज्जन हैं उदारता इस वक्त आप की ओर ताक रही है आप अवश्य-मेवोदारता दिखाइये ॥

मैं मेरे नियमों पर जमा हुवा हूं मगर आप अपने नियमों को छोड़ कर शायद निर्भय हुए है आप ने मध्यस्थ स्वीकार करलिआ है नियमों का नाम ही शान्तिकारक है ॥

मेरे नियम देख कर अपने नियमों से मिलान कर लीजिये उस से आप को मालूम हो जावेगा ॥

क्या कोई कहेगा कि यहां मध्व और वैष्णवों में विवाद हुआ था। और तीसरे मध्यस्थ वैदिक स्मार्त ने अपना मत उस में मिला दिआ था यह यहीं हैदराबाद की बात है लोगों से पूछ लीजिये ॥

अवश्य आप के विद्वान् गृहस्थ है मगर अच्छी तरह देखा जावे तो आप ही ने सब को तकलीफ दी है आप ने जिन को उपालम्भ समुझ कर उत्तर नहीं दिये हैं यह आप की योग्यता है ॥

अब भी गड़बड़ छोड़ कर शान्ति का उपाय सोचिये हम लोगों को झगड़े से बड़ा दुःख है ॥

२७। ४। ०३ शङ्कर हरिहर तीर्थ

जब किसी प्रकार कुछ स्थिरता न पाई गई तो समाज ने नियम और पत्र अन्तिम निवेदन के साथ इस प्रकार भेजा कि—

ओ३म्

स्वामी जी नमस्ते !

आज जो बात स्वामी अच्युताश्रम जी ने बाबू कुमार बहादुर जी से कही है कि सभापति स्वयं नियम बनालेगा उन्ही को दोनों मानलेंगे। यह सुनकर बड़ा आश्चर्य हुवा। हम नहीं जानते कि ३ दिन से जुबानी बात चीत में भी आप की राय कभी कुछ और कभी कुछ क्यों बदलती रहती है।

२—जो कुछ नियम हमने आपने बैठ कर बनाये इस बात से वे सब निष्फल होगये।

३—पत्र द्वारा जो बात चीत नियमों की चलरही थी उसे आप ने जुबानी बात चीत से निष्फल कर दिया था ॥

४—यदि इसी प्रकार अपने बचाव के लिये क्षण २ में आप की राय बदलती रहेगी तो कुछ निर्णय न होगा। इसलिये हम आज अब तक के

पत्र व्यवहार और ज़ुबानी बात चीत से जो सारांश निकला है तदनुसार नियमावली भेजते हैं।

५-इन नियमों पर आज रात्रि के १० बजे तक आप स्वामी अच्युताश्रम जी के हस्ताक्षर करा कर हमारे पास भेजदें हम अपने पण्डित के हस्ताक्षर कराके भेजते हैं॥

६-यदि आप पं० आर्य मुनि जी से शास्त्रार्थ न करना चाहें और पं० तुलसीरामस्वामी से शास्त्रार्थ करने का आग्रह करें तो हम को यह भी मंज़ूर है दोनों में से जिस से आप अपने लिये सुगमता समझें, करें, हमें कुछ विवाद नहीं किन्तु पं० तुलसीराम जी के साथ शास्त्रार्थ करने में केवल १ नियम यह अधिक होगा कि-

" दोनों वादी प्रतिवादी अपने २ कथन को उसी नियत समय में संस्कृत में लिखकर हस्ताक्षर करके, बोल के, देशभाषा में अनुवाद करके वा कराके एक दूसरे को देतेजायंगे "

७-हमारे विचार में तो आप को उक्त प्रकार के शास्त्रार्थ में कोई ननु न च नहीं होना चाहिये क्योंकि आप के विचार में आप के स्वामी जी में ऐसा बल है कि उन को किसी प्रकार और किसी पं० से भी शास्त्रार्थ करने में भय नहीं है। और हम लोगों को तो स्वामी जी की विद्या की थाह इतने ही से मिलगई है कि उन्हों ने गोतमसूत्र अ० १ आ० २ सू० १ में जो सिद्धान्ताऽविरुद्धः का यह अर्थ किया कि " जिन का एक सिद्धान्त हो " इसलिये वादकथा का होना गुरुशिष्य में ही पाया जाता है। अस्तु। यह प्रकरण वश लिखागया॥

८-सार यह है कि इन नियमों पर हस्ताक्षर दोनों पण्डितों के करालें और फिर इन नियमों पर चलाने वाला सभापति चुन कर कल ४॥ बजे से शास्त्रार्थ आरम्भ करदें। नहीं तो इस के पश्चात् हम ज़ुबानी वा पत्रद्वारा कोई बात चीत न करेंगे॥ २८। ४। ३

केशवराव शर्मा

प्रधान आर्यसमाज हैदराबाद-दक्षिण

इस के साथ निम्नस्थ नियमपत्र भी भेजागयाः-

ओ३म्

नियम शास्त्रार्थ

१–इस शास्त्रार्थ में अच्युताश्रम स्वामी जी सनातन धर्म की ओर से तथा पं० आर्यमुनि जी आर्यसमाज की ओर से वक्ता होंगे ॥

२–विषय " यज्ञ में पशुवध वेदविहित है वा नहीं ? " होगा, जिस में सनातन धर्मी को विधि और आर्यसमाज को निषेध उपपन्न करना होगा परन्तु यह निर्णय करने को कि जिस वेद से पशुवध पर विचार होगा वह वेद मन्त्रब्राह्मणात्मक है वा केवल मन्त्रात्मक । प्रथम इसी अवान्तर विषय पर शास्त्रार्थ होकर प्रकृत पशुवध विषय पर शास्त्रार्थ होगा ॥

३–दोनों ओर के वक्ता अपने २ हस्ताक्षर करके   को सभापति स्वीकार करेंगे । सभापति इन नियमों से किसी पक्ष को उलांघने नहीं देगा । उस को जय पराजय के निर्णय का अधिकार न होगा ॥

४–शास्त्रार्थ संस्कृत भाषण से होगा और उस का देश भाषा में अनुवाद सर्वसाधारण को समझाने के लिये साथ २ ही वक्ता स्वयं करता जायगा वा अपने पक्ष के अन्यपण्डित से कराता जायगा ॥

५–शास्त्रार्थ में प्रथम आर्यपण्डित उपक्रम १५ मिनट तक करेगा । फिर २० । २० मिनट बराबर उत्तर प्रत्युत्तर चलेगा जब तक कि शाम के ८ बज जावें । शास्त्रार्थ ठीक ४॥ बजे से ८ बजे शामतक हुआ करेगा । जब प्रकृत पशुवध विषय पर ५ । ५ । बार उत्तर प्रत्युत्तर होचुकेंगे तब उस विषय का शास्त्रार्थ बन्द करदिया जायगा ॥

६–कोई पुरुष शोर मचावे वा जय बोले वा उच्च स्वर से हंसेगा तो सभापति उस को रोकदेंगे, फिर भी ऐसा करे तो सभा से बाहर कर देंगे ।

७–एक वक्ता के नियत समय के बीच में उस का वादी वा प्रतिवादी वक्ता बोलेगा वा कटुशब्द कहेगा तो वह शास्त्रार्थ के अयोग्य समझा जायगा, परास्त समझा जायगा ॥

८–वादी प्रतिवादी दोनों को बैठने और आसनादि की प्रतिष्ठा समान दी जायगी ।

९–कोई वादी वा प्रतिवादी किसी को संबोधन करके अपने वर्णन में शहादत (साक्ष्य) नहीं लेसकेगा । लेगा तो रोका जायगा ॥

१०–ब्राह्मणादि के वेदत्व खण्डन वा मण्डन में उन के असल मज़मून में परस्परविरोधादि हेतु काम में लाये जायंगे ।

११–इन नियमों की तीन कापी कीजांयगी जिन में से हरएक पर वादी प्रतिवादी के हस्ताक्षर होंगे । १ सभापति को और एक एक वादी प्रतिवादी को दीजायगी । सभापति चाहे तो उर्दू तर्जुमा करके नियमों की अपनी कापी पर वादी प्रतिवादी के हस्ताक्षर करालेगा ।

१२–शास्त्रार्थ की सभा में कितने २ टिकट दोनों पक्षवालों को दिये जावें, जिस से उन टिकटों द्वारा सभ्यलोग बुलाये जावें, यह विषय पुलिस के आधीन रक्खा जावे, जितनेरटिकट पुलिस मुनासिब समझे, उतनेर दोनोंपक्षवाले इशूकरें॥

ह० आर्यमुनि

इस का उत्तर अगले दिन यह आया कि–

श्रीराम १

सनातनधर्मसमाजार्यसमाजयोर्योयम्विवादउत्पन्नस्सचतथैववरीवर्त्ति तन्निवृत्यर्थं उद्युक्ताभवन्तस्तच्छान्तये ऽसमर्थाः वयन्तथैवअतोऽवश्यंम्वस्सायंतनेसभाआरब्धव्या तत्रैवसर्वोपिनियमोभविता अतस्सभाध्यक्षोनियमनीयस्स-एवसर्वंनियमयतिएतदन्यो विचारोनालोचनीयः ॥

मैत्रेणैवविचारःकर्तव्यइतिशिवम् ॥

वैशाख शुक्ला २ सं० १९६० शङ्कर हरिहर तीर्थः

इस पत्र में हमारे भेजे नियमों का कोई उत्तर नहीं, केवल यह आशय है कि कल सभा करके नियम स्थिर होंगे ॥

अस्तु इस के पश्चात् नीचे लिखा विज्ञापन सनातनधर्म के पक्ष से प्रकाशित होकर २९ । ४ । ३ को बांटा गया । उन्हों ने मन में समझा होगा कि कदाचित् इस मनमानी सभा में समाजी लोग न आवें तो मुफ्त में जयकार बोल कर खड़े हो जाने से काम बन जायगा, सो न बना । विज्ञापन यह था:–

श्री

श्री सनातन धर्मावलम्बी द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैत, शुधाद्वैत, अर्थात्

श्री शङ्कराचार्य, श्री रामानुजाचार्य, श्री वल्लभाचार्य,श्री मध्वाचार्य मतस्थ पूज्य विद्वान वर्णाश्रमी महोदयों की चरण सेवा में प्रार्थना है कि आर्यसमाजी लोगों ने यज्ञादिक के ऊपर जो आक्षेप किया है उस का नियमादिक पूर्वक शास्त्रार्थ का विचार कल ता० ३० एपरेल सन् १९०३ ई० रोज गुरुवार को चार बजे से श्रीमान् राजा बहादुर ज्ञानगिर नरसिंहगिर जीकी बङ्गाल बैंक के सामने वाली बड़ी कोठी चादर घाटमे होगा इस लिये प्रार्थना है कि आप लोग कृपा करके नियत समय पर पधारियेगा ॥

ता० २९ एप्रिल १९०३ रामगोपाल मालानी

इस का अनुवाद उर्दू अंग्रेज़ी में भी छपा था ॥

इस के अनुसार सायंकाल ता० ३०।४।३ को सभा हुई । जिस में नीचे लिखा निमन्त्रण पत्र पं० तुलसीराम स्वामी के नाम आयाः—

॥ श्रीः ॥

श्रीपंडित तुलसीराम जी को रामगोपाल मालानी के तरफ से हमारे तरफ से शास्त्रार्थ के लिये सब तयारी है । कृपा करके पधारिये ।

ता०३०ऐप्रेल १९०३

इस के उत्तर में समाज की ओर से पूंछागया कि—

ओ३म्

श्रीमान् सेठ रामगोपाल मालानी जी योग्य ।

पत्र आया । विज्ञापन छपे में नियम ते करना आपका काम है । चिट्ठी का आशय शास्त्रार्थ करना है । आप साफ़ लिखें कि मेरे बुलाने का क्या प्रयोजन है । हम शास्त्रार्थ करने को तो आये ही हैं परन्तु नियमादि की स्थिरता विना एक सभा में उभयपक्ष का संघट्ट होना ठीक नहीं है । ऐसा ही पुलिस चाहती है । ३०।४।३ तुलसीरामस्वामी

उत्तर आया किः—

श्री

श्रीयुत पंडित तुलसीराम जी को रामगोपाल मालानी के तरफ से— आप की चिट्ठी पहुंची जैसा हिंदी भाषा के नोटिस में प्रसिध्य किया

गया है पहिले नियम ठहरा कर पश्चात् इसी सभा में शास्त्रार्थ होगा आप कृपा करके जल्दी पधारिये ॥ ३० । ४ । ०३

इस पत्र को पाकर सभा में तुलसीरामस्वामी गये, और सेठ रामलाल जी को सभापतित्व स्वीकृत कराके कहा कि अब तक जो ढील स्वामीअच्युताश्रम जी की ओर से हुई और ता०२४ के स्थान में ३० होगई ७ दिन बीत गये इस बात को स्पष्ट करने के लिये मैं अब तक का पत्रव्यवहार सुनाना चाहता हूं। स्वामी अच्युताश्रम जी बोले कि "अब तक पत्र व्यवहार हुवा जो सब झूठा समझो। अब आगे आज जो स्थिर हो सो ठीक" अस्तु। पं० तुलसीरामस्वामी एक एक करके नियम प्रस्तुत करते गये और उभयपक्ष की स्वीकृति से ये नियम स्थिर हुवे कि:—

ओ३म्

नियम शास्त्रार्थ

१—इस शास्त्रार्थ में अच्युताश्रम स्वामी जी सनातनधर्म की तरफ़ से तथा पं० आर्यमुनि जी आर्यसमाज की तरफ़ से वक्ता होंगे ॥

२—विषय "यज्ञ में पशुवध वेदविहित है वा नहीं" होगा, जिस में सनातनधर्मी को विधि और आर्यसमाजी को निषेध उपपन्न करना होगा। परन्तु यह निर्णय करने को कि जिस वेद से पशुवध पर विचार होगा वह वेदमन्त्र ब्राह्मणात्मक है वा केवल मन्त्रात्मक है। प्रथम इसी अवान्तर विषय पर शास्त्रार्थ होकर प्रकृत पशुवध विषय पर शास्त्रार्थ होगा ॥

३—दोनों ओर के वक्ता अपने २ हस्ताक्षर करके   जी को सभापति स्वीकार करेंगे। सभापति इन नियमों से किसी पक्ष को उलांघने नहीं देगा। उस को जय पराजयके निर्णय का अधिकार न होगा ॥

४—शास्त्रार्थ संस्कृतभाषण से होगा और उस का देश भाषा में अनुवाद सर्वसाधारण को समझाने के लिये साथ ही वक्ता करते जायंगे। वा अपने पक्ष के अन्य पण्डितों से कराते जायंगे ॥

५—शास्त्रार्थ में प्रथम आर्य पण्डित उपक्रम करेगा १५ मिनट तक। फिर २० । २० मिनट बराबर उत्तरप्रत्युत्तर चलेगा। जब तक शाम के ८ बज जावें। शास्त्रार्थ ठीक ४॥ बजे से ८ बजे शामतक हुवा करेगा। जब पशुवध विषय पर ४ दिन उत्तर प्रत्युत्तर हो चुकेंगे तब उस विषय का शास्त्रार्थ बन्द कर दिया जायगा।

६–कोई पुरुष शोर मचावे, जय बोले, ताली बजावे, ऊंचे स्वर से हंसेगा तो सभापति उस को रोकदेंगे। फिर भी ऐसा करे तो सभा से बाहर करदेंगे।

७–एक वक्ता के नियत समय के बीच में उस का वादी व प्रतिवादी वक्ता बोले या कटु शब्द कहेगा तो उसे सभापति रोक देंगे॥

८–वादी प्रतिवादी दोनों को बैठने और आसनादि की प्रतिष्ठा समान दीजायगी॥

९–कोई वादी वा प्रतिवादी किसी को संबोधन करके अपने वर्णन में साक्ष्य नहीं लेसकेगा, लेगा तो रोका जायगा॥

१०–इन नियमों की ५ कापी की जायंगी जिन में से हरेक पर वादी प्रतिवादी के हस्ताक्षर होंगे। १ वादी १ प्रतिवादी १ सभापति १ सुपरिंटें-डेंट पुलिस १ मेजिस्ट्रेट को भेजी जायगी। आज्ञा आने पर शास्त्रार्थ होगा॥

११–विज्ञापन केशवराव जी वकील और सेठ रामगोपाल मालाणी जी के हस्ताक्षर से छपेंगे। मिति वैशाख शु० ३ गुरुवार १९६० संवत्

ह० अच्युत स्वामी ह० आर्यमुनि

(संक्षिप्त अरबी अक्षरों में)

ये नियम स्थिर हो चुके थे कि करे कराये काम पर पानी फेरने को स्वामी अच्युताश्रमजी कहने लगे कि हम हस्ताक्षर नहीं करेंगे। बहुत आग्रह किया परन्तु अन्त में सभापति (जो उन्हीं की सनातनसभा के साथी थे) आदि मान्य पुरुषों के अनुरोध से हस्ताक्षर कर दिये। उस समय पुलिस के इन्स्पेक्टर महाशय भी विराजमान थे। उन की इच्छानुसार उन को भी नियम पढ़कर सुनाये गये। उन्हीं से यह भी ज्ञात हुवा कि नियमों की कापी सुपरिन्टेंडेंट पुलिस व मेजिस्ट्रेट साहब को भी देनी चाहिये और उन्हीं की अनुमति से यह भी स्थिर हुवा कि स्वामी अच्युताश्रम जी की ओर से सेठ रामगोपालमालानी और आर्यसमाज की ओर से पं० केशव राव जी प्रधानसमाज मिलकर दरख़्वास्त मेजिस्ट्रेट साहब की सेवा में करेंगे जिस से पुलिस का समुचित प्रबन्ध रहे। सभापति के नाम की जगह यह स्थिर हुवा कि श्रीमान् बख़्शी रघुनाथप्रसाद साहब जज हाईकोर्ट और वे न हों तो सेठ रामलाल जी जो आज की सभा के सभापति हैं, शास्त्रार्थ सभा के सभापति नियत किये जावेंगे॥

बस इस समय से हम लोगों ने समझ लिया था कि कल ता० १ को ४॥ बजे से शास्त्रार्थ आरम्भ होजावेगा। तथाच-मेरठ आदि को पण्डितों के अवकाशार्थ तार भेजे गये कि कल से शास्त्रार्थ होगा। इत्यादि॥

यद्यपि आर्यसमाज पर भार न था कि १० वें नियमानुसार नियमों की ५ कापी समाज करावे परन्तु फिर भी समाज ने ५ कापी भी कराईं। समाज के प्रधान व मन्त्री जी सेठ रामलाल जी के पास भी गये कि बख़्शी जी साहब को सभापतित्व स्वीकार करणार्थ प्रार्थना करें। सेठ जी से ज्ञात हुवा कि उन्हें अवकाश नहीं होगा। इसलिये उन के अभाव में नियमानुसार सेठ रामलाल जी ही सभापति समझे गये और समाज ने शेष कापी नियमों की ता० १।५।३ को ही स्वामी अच्युताश्रम जी के पास हस्ताक्षर करने को भेजदीं और आर्य पण्डित के हस्ताक्षर प्रथमही सब पर करा भेजे॥

इस पर ३ दिन बीत गये, न तो स्वामी अच्युताश्रम जी ने नियमों की अन्य कापियों पर हस्ताक्षर किये, न सेठ रामगोपाल मालानी जी ने कुछ किया। जब कई वार कहलाने पर भी सनातनी भाइयों में से कोई भी प्रबन्धार्थ न उठा तो समाज ने एक पबलिक नोटिस छपवाकर बांटा जिस की १ कापी सेठ रामगोपाल मालानी जी व १ स्वामी अच्युताश्रम जी को भेजी, जिस का आशय यह था कि स्वामी अच्युताश्रम जी ने प्रथम तो २४ से ३० तक ७दिन नियमों में टलाये फिर ३० तारीख़ एप्रिल को नियम भी जैसे तैसे स्वीकार किये तो अब सेठ रामगोपाल मालानी जी नियत रीति से ३ दिन हो गये, समाज के सभापति के साथ दरख़्वास्त देने में ढील कररहे हैं। प्रत्युत उन्होंने एक चिट्ठी जब कि १४ घंटे आदमी तक़ाज़े वाला द्वार पर रहा तो लिख भेजी कि आप जाने वा स्वामी अच्युताश्रमजी जाने,मैं कुछ न करूंगा। उस पत्र का यह आशय है। आगे पत्र का उर्दू से नागरी अनुवाद करके भी छापते हैं। यथा–

६ मई १९०३ ई० श्रीमान् कुंवरबहादुर सेक्रेटरी आर्यसमाज हैदराबाद दक्षिण। आप का पत्र उस बड़े नोटिस के सहित जो ३ अप्रैल (मई) १९०३ ई० का छपा था प्राप्त हुवा अब प्रार्थना है कि मैंने आप की चार दिन तक प्रतीक्षा की कोई कार्यवाही आपने उचित रीति पर नहीं की है और पत्र आप का समस्त व्यर्थ लेख से भरा है। अतः अब आप को उचित है कि शास्त्रार्थ का फैसला श्रीस्वामी अच्युताश्रम महाराज से करलीजिये॥

आप का—रामगोपाल मालानी

धन्य हो! सेठ साहब! आपने ४ दिन क्या प्रतीक्षा की? और क्यों की? जब आप सिकन्दराबाद रहते हैं और आर्यसमाज रेज़िडेंसी में है और दरख़्वास्त भी रेज़िडेंसी में ही देनी थी तो आप को यहां पधारना था, न कि ४ दिन तक चुप साधजाना और जब पबलिक नोटिस से आप को जगायागया तब आप की निद्राभङ्ग हुई तो यह कि स्वामी अच्युताश्रमजी से शास्त्रार्थ का निश्चय करलो। उन से क्या निश्चय करें और क्यों करें जब कि ज़िम्मा आपका ठहरा था कि केशवराव जी प्रधान समाज और आप दोनों मिलकर दरख़्वास्त करेंगे। अब आप स्वामी अच्युताश्रम जी पर टालने लगे? क्या आपने यह तो नहीं सोच लिया कि स्वामी अच्युताश्रमजी ने भोले पन से नियम शास्त्रार्थ भी स्वीकार कर लिये और अब मध्यस्थादि के बहाने शास्त्रार्थ से बचना असंभव है तो चलो दरख़्वास्त न करने से ही टले। इस पर आश्चर्य यह है कि इधर तो आपका स्वामी अच्युताश्रम जी पर टालना, उधर स्वामी जी का यह कहदेना कि अदालती काम से हमें प्रयोजन नहीं, फिर अन्य किसी सनातनी भाई को इस कार्य के निर्वाहार्थ नियत न करना और इस पर भी उलटा यह लिखना कि चारदिन इन्तज़ार (प्रतीक्षा) किया और अन्त तक कचहरी न पधारना। अस्तु ॥

इधर स्वामी अच्युताश्रम जी ने समाज के विज्ञापन के उत्तर में यह पत्र भेजा कि—

श्रीराम

यद्भवताराजकीयलिप्यालिखित्वापत्रंप्रेषितम् तदवलोकितम् तत्रयेयमलसता सूचिता सानास्मदीयायतोभवान् सभाध्यक्षविषयकविशयमुत्पादितवान् निमयमपत्रिकालेखनेनएकः रघुनाथप्रसादःसनोचेत् रामलाल इति अन्यतरः कोपिननिश्चितः अतोमन्येनभवतांशास्त्रविचारेऽश्रद्धास्तीति।
यामत्रयाद्र्वागेवतन्निर्णीयज्ञापितश्चेत् पत्रं प्रेषयिष्येअतोऽरमेवनिर्णयपत्रिका प्रेष्यानोचेद्लसभावोभवतएवेतिमन्ये अन्यादृशंपत्रंप्रकटीकृतंचेत्तद्दोषोपिभवदुपर्यैवतिष्ठतीतिकिमधिकंलेखनीयम्—

ता० ३ मई सन् १९०३ ई० समय १ बजे का उत्तर १॥ बजे दिया गया ॥

इस पर स्वामी जी के अरबी में हस्ताक्षर हैं। आशय यह है कि हमने हस्ताक्षर करने में ढील इस लिये की कि बख़्शी रघुनाथप्रसाद जी वा सेठ रामलाल जी में से कोई एक सभापति नियत नहीं हुवा ॥

इस का समाज ने तत्काल उत्तर दिया कि:—

ओ३म्

श्रीमन्!पत्रमागतं वृत्तमवगतं नात्रास्माकं शैथिल्यं यतोऽस्माभिस्तु श्रीरघुनाथप्रसादविषयेऽपि पृष्टः श्रीरामलालस्तेनोक्तं श्रीरघुनाथप्रसादाभिधो न स्वीकुरुतइति। तदभावे रामलालएवस्वीकृतो बोध्यः। अन्यान्यावश्यककृत्यानि भवत्पक्षस्थैः श्रीरामगोपालादिभिः कथंकृतानि नवेति भवानेव जानातु ॥

२ बजे दिन ३ । ५ । ०३ ह० कुमार बहादुर मन्त्री आर्यसमाज

अर्थात् हमने ढील नहीं की। किन्तु हमने सेठ रामलाल जी से पूछा तो ज्ञात हुआ कि बख़्शी रघुनाथप्रसाद साहब स्वीकार नहीं करते तो उन के न मिलने से यह तो स्थिर ही होचुका था कि सेठ रामलाल जी सभापति हों। इस के प्रबन्ध संबन्धी अन्यकार्य आप के पक्षस्थ सेठ रामगोपाल मालानी जी आदि ने किस प्रकार किये वा नहीं, आप ही जानें ॥

इस का उत्तर फिर आया कि—

दृष्टभवदीयपत्रस्सन्लिखतिखलुरामलालनामासभाध्यक्षोनिश्चितः नियमपत्रिकायांहस्ताक्षरंनिक्षिप्यप्रेषिताअग्रेयत्कार्यंकर्तव्यम् तत्रत्वराक्रियताम् यतोभवानेवाभिषिक्तः सर्वकार्यकरणेनायंतत्रप्रवर्त्ततेभवदीयैर्वाअस्मदीयैर्वायदत्कृतंतत्सर्वंविज्ञायक्षिप्रंशास्त्रार्थेउद्योगोभवतामस्तुअयन्तु समयेशास्त्रार्थंकर्तुं*आगमिष्यति इति भवान् जानातु ॥

ता० ३ । ५ । ०३

समय तीन घंटा ३० मिनट अच्युत स्वामी (अरबी में)

अर्थात् पत्र देख कर जाना कि सेठ रामलाल जी सभापति हुवे। नियमों की कापी पर हस्ताक्षर करके भेजी है। आगे शीघ्र कार्य जो करना हो आप

ही करें। क्योंकि सब कार्य भार आप पर ही नियत है। यह (मैं) किसी कार्य में प्रवृत्त नहीं होता। आप के वा हमारे पक्षस्थों ने जो जो किया सो सब जानकर आप शास्त्रार्थ का उद्योग करें। यह (मैं) तो शास्त्रार्थ करने को समय पर आजायगा॥

इस का उत्तर समाज ने नीचे लिखे अनुसार दिया कि:-

ओ३म्

श्रीमन् !

भवता दिनत्रयानन्तरं नियमपत्रेषु हस्ताक्षराणि कृतानि एतेन भवच्छैथिल्यं सुव्यक्तं, तस्मादेव च प्रबन्धकार्याणि न जातानि। अतो भवानेव शास्त्रार्थभीतः प्रतिभाति। अद्य भवत्कराक्षराङ्कितं नियमपत्रं राजाज्ञार्थं प्रार्थनापत्रं च प्रेषितमस्माभिः सभापतिसनीडे। श्रीमता भवन्मतावलम्बिना रामगोपालेन चाऽपि नाद्यावधि वयं विज्ञापिता न च कोपि यत्नोनुष्ठितोतस्तत्कृतं शैथिल्यमपि नास्मासु दोषावहम् ॥

३।५।०३ कुमारबहादुर मन्त्री आर्यसमाज

अर्थात् आपने जो तीन दिन बिताकर नियमपत्रों पर हस्ताक्षर किये इस से आप की शिथिलता स्पष्ट है। इसी से प्रबन्ध कार्य भी न हुवे। इस से आप ही शास्त्रार्थ से भयभीत जान पड़ते हैं। आज आप का हस्ताक्षर युक्त नियमपत्र और राजाज्ञाप्राप्त्यर्थ प्रार्थनापत्र हमने सभापति जी के पास भेजदिया है। और आप के पक्षावलम्बी श्रीमान् सेठ रामगोपाल मालानी जी ने भी न कोई यत्न किया, न हम को कोई सूचना दी। इस लिये उन की शिथिलता भी हम पर नहीं (उन्हीं) पर दोष लगाती है॥

वक्तव्य-

और बातें तो सब हैं सो हैं ही परन्तु हम को श्री स्वामी अच्युताश्रम

जी के संस्कृतपत्र की रचना पर दृष्टि देने से बड़ी हंसी आती है। उन्होंने अपने आप को अस्मत् शब्द से न लिख कर इदम् शब्द से न जाने क्यों लिखा है। यदि उन को देहादि में अहं (मैं) का भाव नहीं भासता, ज्ञानी होगये हैं तो उसी पत्र में (अस्मदीयैः=हमारे) प्रयोग क्यों करते हैं? और हम लोगों को भी अपने से अभिन्न मानते हैं तो हमारे लिये भवदादि शब्द प्रयोग क्यों करते हैं। अथवा अपने को इदम् शब्द (प्रथम पुरुष) से लिखने का कोई अन्य अपूर्व तात्पर्य होगा। परन्तु उस तात्पर्य में भी (अस्मदीयैः) प्रयोग अवश्य चिन्त्य रहेगा॥

ऊपर के हमारे पत्र का उत्तर यह आया कि—

श्रीरामः *

यदिदंपत्रंमैत्रभावान्यसूचकंप्रेषितंतदेवमेसन्तोषकरम् येनभवदीयमतखण्डनेयत्नोभवितामे परन्तु सभाध्यक्षविषयकसंशयनिवृत्तिमकृत्वाहस्ताक्षरयुक्तपत्रस्यप्रेषणम् नयुक्तं तन्निवृत्तौकृतायान्तुयुक्तमिति एवं स्थितौसत्यां यल्लिखितं न तन्मेदोषावहम्मध्यस्थपूर्वकजया*पराजयव्यवस्थापूर्वकशास्त्रार्थविचारेकस्यहार्दभीतिरुत्पन्नावामनएव जानाति अथापिपरहृदयानुसारेणगमनेपिनक्षतिरिति आर्यसामाजिकनियमएवाहृतः तत्रापिनियमकालेसभाध्यक्षविषयेरामलालोपरिविश्वासमकृत्वा व्यक्तिद्वयोपरिअध्यक्षत्वंस्थापितम्। अतस्सर्वथापिभीतिं तावकीम् पश्यामि अस्तुनामक्षिप्रं सभा विधेया तत्रैवमत*शैथिल्यम् पश्यन्ति सभासदः॥

ता० ३ मे १९०३ ई० घंटा ८॥ रात० अच्युतस्वामी (अरबी में)

रात्रि के १० बजे हस्तगत हुआ ३। ५। ०३ ई०

अर्थात्—जो यह पत्र मित्रभाव से अन्य (शत्रु ?) भाव का सूचक भेजा वही मुझे सन्तोषकर हुआ। जिस से आप के मतखण्डन में मेरा यत्न होगा। सभापतिविषयक संशय निवारण के विना हस्ताक्षर करने उचित न थे।

संशय निवृत्ति पर तो ठीक ही थे। इस दशा में जो लिखा गया वह मुझ पर दोष नहीं लगाता।मध्यस्थ पूर्वक जय पराजयपूर्वक व्यवस्थायुक्त शास्त्रार्थ में किस के हृदय में डर उत्पन्न हुवा, मन ही जानता है। इसपर भी पराई रुचि के अनुसार चलने में भी कोई हानि न जानकर आर्यसमाज का नियम ही मान लिया। उस पर भी नियम स्थिर करते समय सभापति के विषयमें रामलाल जी पर विश्वास न करके दो व्यक्तियों पर सभापतित्व स्थापित किया। इस से सर्वथा तेरा भय देखता हूं। ख़ैर अब शीघ्र सभा करो, वहीं सभासद् मेरी शिथिलता देखते हैं॥

वक्तव्य—हम नहीं जानते कि स्वामी जी ने हमारे पत्र में मैत्रभाव से अन्य (शत्रु) भाव किस शब्द से जाना जो उन को हमारे मत खण्डनार्थ क्रोध का कारण हुवा। सभापति तो स्थिर थे ही, बख़्शी जी वा उन के अभाव में सेठ रामलाल जी। जब कि एक कापी पर ३०।४।०३ को स्वामी जी ने हस्ताक्षर कर दिये तो शेष नक़लों पर हस्ताक्षर न करना और कारणाभास बताकर टालना क्या अर्थ रखता है? कोई मनुष्य किसी काम का यत्न तो कुछ न करे और बार २ यह कहा करे कि "मैं तो त्यार हूं" "जल्दी करो" तो इस से क्या पाया जाता है? हमारी रुचि को सर्वसाधारणों के अनुरोध से सभा में दबकर मानलेना और तत्क्षण भी हस्ताक्षर करने से इन्कार करना, और फिर हस्ताक्षर १ कापी पर करके भी जो मसविदा था, साफ़ कापियों पर हस्ताक्षर करनेमात्र में ३ दिन लगा देना और जिन की आज्ञा में सेठ लोग किंकर की भांति उपस्थित हों, अपनी ऐसी प्रतिष्ठा होते हुवे भी सेठ रामगोपाल मालानी जी को प्रेरित करके मेजिस्ट्रेट साहब तक न भेजना क्या भय से ख़ाली समझा जा सकता है? दो व्यक्ति पर सभापतित्व नहीं हुवा था प्रत्युत एक के अभाव वा अलाभ में दूसरा हो, यह उभयपक्ष से निर्धारित हुवा था। इस को हम पर डालना क्या निर्भयता का प्रमाण है?

इसी प्रकार के उज़रों से भरा सेठ रामगोपाल मालानी जी ने एक नोटिस प्रकाशित किया जिस के उत्तर में सेठ जी से समाज ने निम्नलिखित विज्ञापन छपवाकर प्रार्थना की। यथा—

ओ३म्

सेठ रामगोपाल जी मालानी की सेवा में प्रार्थना—

जब कि ३० एप्रिल सन् १९०३ ई० को हुई सभा के नोटिस के अनुसार

सेठ साहब की ओर से यह निश्चित हुआ था कि सेठ जी सनातनधर्म की ओर से और मिस्टर केशवराव जी प्रेसीडेण्ड आर्यसमाज मिल कर शास्त्रार्थ का विज्ञापन प्रकाशित करेंगे और सब प्रबन्ध निश्चित प्रयत्नों से किया जायगा। विपरीत इस के उक्त महाशय ने कोई ध्यान शास्त्रार्थ के प्रबन्ध सम्बन्ध में अब तक नहीं दिया, परन्तु आर्यसमाज ने स्वीकृत नियमों की पांच कापी करने के भार को भी अपने जिम्मे लिया, व सेठ रामलाल जी की सेवा में भी कई बार उपस्थित होकर प्रार्थना की कि शास्त्रार्थ सम्बन्धी यत्न कीजिये इत्यादि। क्योंकि सेठ साहिब ने १ मई के प्रातःकाल को कहा था कि बख़्शी रघुनाथ प्रसाद साहिब प्रेसीडेन्ट होना स्वीकार नहीं करते हैं। इस दशा में सेठ रामलाल जी ही स्वीकृत नियमानुसार सभापति शास्त्रार्थ नियत हुवे।।

अतः सेठ रामगोपाल जी का यह नकार कि (जो उन्हों ने नोटिस ३ मई १९०३ के छपे में लिखा है और उपरोक्त नोटिस को वास्तव में ५ मई १९०३ को प्रकाशित किया है कि स्वामी अच्युताश्रम जी ने सभापति का निर्णय न होने के कारण नियमों की प्रति पर हस्ताक्षर नहीं किये थे। इस लिये ठीक नहीं है कि हर अवस्था में महाशय बख़्शी रघुनाथप्रसाद जी व सेठ रामलाल जी, इन दोनों महाशयों में से कोई एक महाशय सभापति नियत होते। अतः जिस प्रकार स्वामी जी ने जिस विचार से नियमों की प्रथम कापी पर हस्ताक्षर कर दिये थे, उसी विचार से शेष प्रतियों पर भी हस्ताक्षर कर देना चाहिये थे। जब कि उन्हों ने ऐसा जानते हुवे भी शेष साफ़ कापियों पर हस्ताक्षर करने में तीन दिन व्यतीत कर दिये और सेठ रामगोपाल मालानी जी ने आज पांच दिन के उपरान्त हम को यह उत्तर दिया कि अच्युताश्रम जी से शास्त्रार्थ का निर्णय कर लीजिये और मौखिक यह भी कहा कि हम बिना मध्यस्थ के शास्त्रार्थ का कोई प्रबन्ध नहीं कर सकते। जब कि पहिले बिना मध्यस्थ के शास्त्रार्थ का होना प्रशंसित सेठ जी ने ता० ३० एप्रिल १९०३ की सभा में सर्वसाधारण के सामने स्वीकार कर लिया था और नकार नहीं किया था कि मैं बिना मध्यस्थ के कोई प्रबन्ध न करूंगा। इन सब विषयों पर पबलिक ध्यान देकर स्वयं परिणाम निकाल सकती है कि शास्त्रार्थ में वास्तव में स्वामी जी व सेठ जी की ओर से टाल टूल काम में लाई गई, या आर्यसमाज की ओर से ?

शास्त्रार्थ के विषय में पबलिक को सूचित किया जाता है कि जब सेठ जी तो अच्युताश्रम जी पर टालते हैं कि उन से तसफ़िया कर लो और स्वामी

साहब न्यायालय में जाकर आज्ञा प्राप्त करना भी दूर किन्तु उस कार्य पर हस्ताक्षर करना भी स्वीकार नहीं करते जो कि न्यायालय में दी जावेगी । बस प्रत्यक्ष प्रकट है कि दोनों महाशय (अर्थात् स्वामी जी व सेठ जी) शास्त्रार्थ से पीछा करते हैं ॥

५ मई १९०३ ई०

कुमारबहादुर सेक्रेटरी

आर्यसमाज हैदराबाद-दक्षिण

यह पत्र ५ मई को वितीर्ण हो चुका । इस पर भी ६ मई और भी व्यतीत हो गई तो समाज ने सब प्रकार श्री अच्युताश्रम स्वामी जी की ओर से शास्त्रार्थ विषयक निराश होने पर निश्चय कर दिया कि ता० ७ को आर्यपण्डित निज २ स्थानों को वापिस चले जावें। समाज ने ता० ६ के व्याख्यान के अन्त में भी यह विषय सर्वसाधारण को सुना दिया कि आज समाप्ति का दिन है । और इस विषय का विज्ञापन भी प्रकाशित कर दिया । यथा—

ओ३म्

श्री अच्युताश्रम स्वामी के द्वारा पशुवध विषयक शास्त्रार्थ को टालना

आश्चर्य का विषय है कि जिन कर्मों को हमारे पौराणिक भाई वेद-विहित कहते करते वा कराते हैं, जब उन कर्मों के वेदविहित होने का प्रमाण मांगा जाता है तब ऐसी रीति से टालमटोल करते हैं कि जिस से प्रमाण मांगने वाले स्वयं थक कर बैठ रहें वा दोनों दलों में किसी प्रकार का झगड़ा होने से वह विषय सदा के वास्ते टल जाय ॥

भारतवर्ष के निवासियों को सामान्यतः और हैदराबाद के निवासियों को विशेषतः ज्ञात है कि गतवर्ष में कृष्णा नदी के तट पर थोड़े से हिंसा-प्रिय लोगों ने एक यज्ञ में बड़ी निर्दयता के साथ एक बलहीन पशु का वध किया था और इस निर्दय तथा अवैदिक कर्म को "वैदिकी हिंसा" के नाम से प्रसिद्ध किया था, इस हिंसारूप अवैदिक कर्म के प्रधान अनुमोदक श्री स्वामी अच्युताश्रम जी थे ॥

आर्यसमाज हैदराबाद के सदय हृदय वाले सभासद् इस निर्दय और निन्द्य कार्य से ऐसे व्यथित हुए कि तत्क्षण कृष्णातट पर पहुंच कर श्री स्वामी

अच्युताश्रम जी के पास इस अभिप्राय का पत्र भेजा कि आप वेदों से पशु-वध को सिद्ध कीजिये, अन्यथा पवित्र वेदों के हिंसादि नीच कर्मों से युक्त होने का दोष मत लगाइये, परन्तु "करि फुलेल को आचमन मीठो कहत सराहि—हे गंधी मति अन्धी तव अतर दिखावत काहि" वहां बिचारे वेद और वैदिकों की पुकार को सुनता ही कौन था। जब आर्यों को एक पत्र का उत्तर न मिला तब दूसरा और जब दूसरे का भी उत्तर स्वामी अच्युताश्रम जी से प्राप्त न हुआ, तब आर्यों ने शास्त्रार्थ के वास्ते तीसरा पत्र भेजा। इस बार आर्यों की दृढ़ता और धर्मप्रियता को देख कर स्वामी अच्युताश्रम जी की निद्रा भंग हुई और उन्हों ने इस अभिप्राय का उत्तर भेजा कि हम कार्त्तिक मास में शास्त्रार्थ करेंगे। परन्तु जब स्वामी अच्युताश्रम जी ने वेद और वैदिक ग्रन्थों को देखना आरम्भ किया, तब उन को हिंसा पक्ष शिथिल ज्ञात पड़ने लगा और वह समझने लगे कि वेदों में हिंसा नहीं है। अतएव शास्त्रार्थ को फिर टालने लगे और टालते टालते वैशाख तक टाल लेगये। अन्त में आर्यसमाज हैदराबाद ने उक्त स्वामी जी को फिर शास्त्रार्थ के वास्ते चैलेंज देने आरम्भ किये। अब तो स्वामी अच्युताश्रम जी को "उभयतः पाशारज्जुः" का स्मरण आया अर्थात् एक ओर तो यह ध्यान कि पवित्र वेदों में कहीं भी याज्ञीय हिंसा का प्रमाण नहीं मिलता एवम् संन्यासाश्रम में हिंसा के अनुमोदन का घोर निषेध है (अहिंसयैव भूतानां कार्यं श्रेयोनुशासनम्) दूसरी ओर यह ख़याल कि "अङ्गीकृतंसुकृतिनः परिपालयन्ति" जिस पशुघात को वैदिक कह दिया है उसे क्योंकर वेदविरुद्ध कहूं। इस असमञ्जस में अच्युताश्रम जी पड़े कि विचारों को अपने नैत्यिक कार्य भी भूलगये। अन्त में लाचार होके उक्त स्वामी जी ने स्वीकार किया कि हम २४ एप्रिल १९०३ को शास्त्रार्थ करेंगे। स्वामी अच्युताश्रम जी की प्रतिज्ञानुसार आर्यसमाज हैदराबाद ने अपने वेदज्ञ पण्डितों को निमन्त्रण भेजने आरम्भ किये। तदनुसार श्रीयुत पण्डित तुलसीरामस्वामी, श्रीयुत पण्डित आर्यमुनि जी, श्रीयुत पण्डित पूर्णानन्द जी, श्रीयुत पण्डित रुद्रदत्त जी २३ एप्रिल १९०३ तक हैदराबाद में आकर उपस्थित हुवे। अच्युताश्रमस्वामी जी महाराज को उचित था कि अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार २३ एप्रिल तक नियम स्थिर करके २४ एप्रिल १९०३ से शास्त्रार्थ आरम्भ करदेते परन्तु वह तो अपने शिथिल स्वभावानुसार २४ को भी शास्त्रार्थ करने को उद्यत न हुवे और फिर टालने

लगे, टालते टालते स्वामी अच्युताश्रम जी २९ एप्रिल तक उद्यत न हुवे और न शास्त्रार्थ के नियमों को ही स्वीकार किया तब तो आर्यसमाज से ऐसी सूचना भेजी गई कि यदि आप कल तक नियमों को स्वीकार करके शास्त्रार्थ को उद्यत न होंगे तो हम लोग आप के पराजय को प्रकाशित करदेंगे ॥

यह कैसा स्वीकार है ?

लाचार होके श्री स्वामी अच्युताश्रम जी ने श्रीयुत सेठ रामगोपाल मालाणी जी के नाम से इस अभिप्राय का विज्ञापन प्रकाशित किया कि आज ३० एप्रिल १९०३ को दिन के ४ बजे श्रीमान् राजा ज्ञानगिरि नरसिंहगिरि जी बहादुर की कोठी के मैदान में एक सभा की जायगी। जिस में आर्यसमाजी तथा सनातनसमाजी मिल के शास्त्रार्थ के नियम स्थिर करेंगे। इस विज्ञापन के अनुसार ३० एप्रिल को आर्य लोग उक्त सभा में गये और श्रीयुत सेठ राम लाल जी को सभापति नियत करके शास्त्रार्थ के नियम स्थिर कराये। यद्यपि श्रीयुत स्वामी अच्युताश्रम जी ने एक वार नियमों को स्वीकार करके भी नियम पत्र पर हस्ताक्षर करना अस्वीकार किया था, तथापि थोड़े से महाशयों के अनुरोध से उन्हों ने नियम पत्र पर हस्ताक्षर किये। कहिये पाठक! क्या शास्त्रार्थ का स्वीकार करना इसे ही कहते हैं? क्या अब भी हमारे भोले भाले भाई यही समझे जायंगे कि वेदों में बलहीन बकरों का मारना लिखा है। हम तो समझते हैं कि श्री स्वामी अच्युताश्रम जी की शिथिलता तथा शास्त्रार्थ की अस्वीकृति को अपने नेत्रों से देख और सुन कर हैदराबाद के सम्पूर्ण निवासियों को अवश्य यह निश्चय हो गया होगा कि वेदों में हिंसा नहीं लिखी ॥

क्या साधारण लोग अब भी नहीं समझते ?

कि श्री स्वामी अच्युताश्रम जी की ओर से शास्त्रार्थ टाला गया। आज ५ मई १९०३ है और ३० एप्रिल को शास्त्रार्थ के नियमों को दोनों पक्षों ने स्वीकार करके कहा था कि कल से शास्त्रार्थ आरम्भ होगा और इसी आशा से आर्यसमाज ने दूसरे दिन नियमों की ५ प्रति लिख कर श्री स्वामी अच्युताश्रम जी के पास भेज दीं और पूर्व दिन के नियमानुसार निवेदन कर दिया कि आज ही इन पत्रों में से एक पर हस्ताक्षर करके आर्यसमाज में

तथा पुलिस सुपरिन्टेंडेंट, मजिस्ट्रेट तथा सभापति महाशय की सेवा में भेज दीजिये, परन्तु उक्त स्वामी जी ने कई पत्र भेजने पर भी २ मई तक न भेजा। अन्त में जब आर्यसमाज ने देखा कि अब तो शास्त्रार्थ के नियम भी हज़म होना चाहते हैं तब फिर स्वामी जी के पास प्रार्थनापत्र भेजा तब स्वामी जी ने परम कृपा करके ३ मई को सन्ध्यासमय नियमपत्र लौटाकर भेजा

अब शास्त्रार्थ की आशा नहीं है

आर्यसमाज के पण्डितों को हैदराबाद में ठहरे हुवे प्रायः १५ दिन से भी अधिक होगये परन्तु अभी तक शास्त्रार्थ नहीं हुवा अतएव अब शास्त्रार्थ का होना असंभव जान पड़ता है, परन्तु हैदराबाद के समस्त धर्मानुरागी आर्यसमाज के उद्योग तथा सन्नद्ध भाव को एवम् श्री स्वामी अच्युताश्रमजी की लापरवाई तथा शिथिलता को देख कर अवश्य समझ गये हैं कि आर्य समाज के पण्डित वेदों से यह सिद्ध करने को तैयार हैं कि यज्ञ में पशु-वध वेदविरुद्ध है परन्तु श्रीयुत स्वामी अच्युताश्रम जी अपने पक्ष को वेद द्वारा सिद्ध करने को तैयार नहीं हैं अतएव अब आर्यसमाज के पण्डितोंके चले जाने पर जो कहेगा कि "आर्यपण्डित शास्त्रार्थ से भाग गये" तो वह सर्वथा मिथ्यावादी समझा जायगा। सेठ रामगोपाल मालानी जी ने कह दिया कि उस दिन के नियमों से शास्त्रार्थ न होगा॥

कुंवरबहादुर
मन्त्री आर्यसमाज हैदराबाद दक्षिण

यह सब कार्य हो चुका था और समाज के पण्डित ७ ता० मई के प्रातः काल जाने को थे और समस्त नगर हैद्राबाद में यह चर्चा फैल रही थी कि अच्युताश्रम स्वामी जी शास्त्रार्थ नहीं करते। इधर अच्युताश्रम स्वामी प्रत्यक्ष में यह प्रकट कर रहे थे कि पुलिस इत्यादि सब प्रबन्ध हो जावे तो हम तो शास्त्रार्थ करने को त्यार हैं, उधर सेठ रामगोपाल मालानी जी और दण्डी जी शास्त्रार्थ बिना किये ही सनातन धर्म की जयकार की विफलआशालता को जल देरहे थे कि सोचते २ एक नई बात यह उत्पन्न हुई कि श्रीमान् धर्मवान् महाराज शिवराज बहादुर बीच में पड़ कर शास्त्रार्थ करा देना चाहते हैं। यह सुनकर समाज ने पण्डितों के बन्धे बन्धाए बिस्तर खुलवा

दिये और पण्डित लोग ४॥ बजे शास्त्रार्थ की प्रतीक्षा में ता० ७ को भी ठहर गये। इसी बीच में सेठ रामगोपाल मालानी जी ने पब्लिक के आंसू पोंछने को यह विज्ञापन दियाः—

श्री

आर्यसमाज के पण्डितों का शास्त्रार्थ से भागना

विज्ञापन

सब साहबों को मालुम होवे कि आर्यसमाज के श्रीयुत पण्डित तुलसी· राम जी, श्रीयुत पण्डित आर्यमुनि, श्रीयुत पंडित पूर्णानंद जी, श्रीयुत पंडित रुद्रदत्त जी शास्त्रार्थ न करके श्रीस्वामी अच्युताश्रम जी पर झूठे मन माने दोष लगाके भागना चाहते थे मगर श्रीमान् धर्मवंत शिवराजा बहादुर महोदयने उन का भागना रोक दिया और उक्त महाराजा साहेबने अपने डेवढ़ीमें उन को शास्त्रार्थ करने का अनुरोध किया है इस लिये भागना न बना अब आप लोग जान लिजिये कि जो बड़ा लंबा हिंदी नोटिस आर्य· समाज ने बिना छापखाने के नाम छपवाकर बांटा है उसे खूब ध्यान से पढ़कर समझ लिजिये कि कौन धर्म सच्चा व पुराना है अपने मुंह मियां मिठू बनना समझदारों का काम नहीं अगर महाराजा साहिब की डेवढी में उन लोगों ने शास्त्रार्थ न किया तो उन के पास कल्पित बातों के सिवाय लोगों को समझाने के लिये और दुसरी कुछ सामग्री नहीं है लंबे चौड़े नोटिस बांटने से पंडित नहीं कहलाता जहां जहां भारत वर्ष में इन लोगों ने शास्त्रार्थ किया वहां सिवाय गपोड़े बाजी के कही विद्या में निपुणता नहीं दिखाई अगर आप को इन की सच्ची व्यवस्था देखना है तो श्री वेंकटेश्वर व भारत मित्र व बंगवासी समाचार पत्रों को देखिये तब आप जान जावेंगे कि सनातन धर्म की जय सदा होती आई है और होती रहेगी क्योंकि यह सभा शास्त्र की मर्यादा लेकर काम करती है यही कारण है अंगरेज़ी सरकार व निजाम हैदराबाद दोनो इस की रक्षा कर रहे है व हर तरहेकी स्वतंत्रता इस धर्म को मिल रही है जिस से जगत मे शांति व राज भक्ति फैलती जाती है यह इस सनातन धर्म का मुख्य उद्देश है॥

आप का

रामगोपाल मालानी

वक्तव्य–विज्ञापन पढ़ने वालों पर इस थोथी धमकी का क्या प्रभाव होना था। यद्यपि पं० जगन्नाथ जी द्वारा महाराज धर्मवान् शिवराज बहादुर के नाम से यह कहावत आई थी कि समाज के पण्डित ठहरें, आवें नहीं, हम शास्त्रार्थ करादेंगे। ईश्वर जाने यह कहावत इन्हीं शब्दों और भाव को लेकर महाराज से आई थी,वा क्या ? परन्तु जब समाज ने पत्र द्वारा महाराज का आशय जानना चाहा और पत्र लिखा तथा अगले दिन भर प्रतीक्षा करते हुवे भी कोई उत्तर न मिला,और हम को तो प्रथम ही आशा न थी पुनः वही निराशता आई और अन्ततः समाज को निम्न लिखित घोषणा प्रकाशित करनी पड़ी। उर्दू से नागरी में। यथा–

ओ३म्

आर्यसमाज व स्वामी अच्युताश्रम जी के मध्य में शास्त्रार्थ का परिणाम

सर्वसाधारण को विदित हो कि लग भग एक साल से इस शास्त्रार्थ की चर्चा हैदराबाद में विशेषतया और भारतवर्ष में सामान्यतया अधिक कर फैल रही थी। अन्त में पक्ष प्रतिपक्ष की प्रसन्नता से २४ एप्रिल १९०३ ई० शास्त्रार्थ के लिये नियत हुई। अथोपरान्त जैसा कि हम प्रथम ही नोटिस में प्रकाशित कर चुके हैं, श्रीमान् अच्युताश्रम जी की ओर से शास्त्रार्थ के नियम स्वीकार करने में बराबर टालटूल हुई। इसी अवसर में सेठ रामगोपाल मालानी जी ने एक सभा ता० ३० एप्रिल १९०३ को होना नियत करके किसी न किसी प्रकार इस शास्त्रार्थ को उस सीमा तक पहुंचाया कि शास्त्रार्थ के नियमों पर श्री स्वामी अच्युताश्रम जी के हस्ताक्षर होगये, और सेठ जी ने प्रेसीडेण्ट आर्यसमाज के साथ मिल कर मैजिस्ट्रेट से शास्त्रार्थ की आज्ञा प्राप्त करने की प्रतिज्ञा की; सब को आशा हुई कि अब शास्त्रार्थ होने में कोई सन्देह शेष नहीं रहा, परन्तु भेद तो कुछ और ही था। श्री स्वामी अच्युताश्रम जी और दूसरे स्वामी जी को यह चिन्ता उत्पन्न हुई कि किसी तरह शास्त्रार्थ के नियमों में (जो प्रथम स्वीकार कर चुके थे) कोई न्यूनाधिकता हो और जिस प्रकार सम्भव हो, टालटूल से स्वीकृत नियमानुसार शास्त्रार्थ न करना पड़े, और यदि आर्यसमाज किन्हीं नये नियमों के नियत

करने पर कटिबद्ध हो जावे तो अवश्य ही परिणाम यह होगा कि स्वीकृत नियम असिद्ध होजावेंगे । नये नियमों पर बात छिड़जाने से शास्त्रार्थ सहज में टल जावेगा। अतः उन्हों ने तीन दिन तक तो शेष नियमों की प्रतियों पर हस्ताक्षर नहीं किये और फिर तीसरे दिन यह कहा कि स्वीकृत प्रेसीडैन्ट का नियत होना शेष रह जाने के कारण हमने हस्ताक्षर नहीं किये । स्वामी जी का यह उज्र किसी तरह ठीक नहीं था, क्योंकि जिस प्रकार नियमों की एक प्रति पर सभा के मध्य में स्वामी जी हस्ताक्षर कर चुके तो उन्ही नियमों की शेष प्रतियों पर हस्ताक्षर न करना क्या अभिप्राय रखता है। इस के अतिरिक्त कि शास्त्रार्थ में ढील हो, नियमों पर चल न सकें, आज्ञा प्राप्त करने में देर हो दूसरों का अमूल्य समय नष्ट हो और व्यर्थ नवीन नियमों का झमेला पड़कर शास्त्रार्थ हट जावे। दूसरी ओर सेठ रामगोपाल मालानी साहिब ने स्पष्ट नकार कर दिया कि विना मध्यस्थ के उपस्थित नियमों पर शास्त्रार्थ का कोई प्रबन्ध न करेंगे । यदि आवश्यकता होतो अच्युताश्रम जी से तै कर लीजिये। यह बात होही रही थी कि तीसरी बात और पैदा की गई कि ता० ६ मई को शाम को जब कि शास्त्रार्थ से निराश होकर हमारे पण्डित लौट जाने को थे, पं० जगन्नाथ जी सनातनी भाई एक मौखिक संदेशा महाराजा शिव राज धर्मवन्त बहादुर का लेकर समाज में पधारे और कहा कि महाराज कहते हैं कि दोनो पक्ष वाले हमारे यहां आकर शास्त्रार्थ करें जिस के उत्तर में निम्न लिखित चिट्ठी महाराज की सेवा में आर्यसमाज हैदराबाद की ओर से पं० जगन्नाथ जी द्वारा भेजी गई :-

दफ्तर आर्यसमाज हैदराबाद दक्षिण ता० ६ मई १९०३ ई०
समय ९ बजे रात्रि

श्रीमान् राजा राजगान महाराजा शिवराज धर्मवन्त बहादुर नमस्ते आज शास्त्रार्थ सम्बन्धी कार्यवाही समाप्त समझी गई थी, परन्तु श्रीमान् पं० जगन्नाथ जी के मुख से साढ़ेसात बजे रात्रि के (जब कि श्रीमान् पं०तुलसी राम जी स्वामी का अन्तिम व्याख्यान समाज मन्दिर में हो रहा था) यह ज्ञात हुवा कि आप बीच में पड़कर शास्त्रार्थ करा देने का कष्ट उठाने पर उद्यत हैं, अतः निम्नलिखित बातें निवेदित की जाती हैं-

१-शास्त्रार्थ अधिक से अधिक कल ७ मई १९०३ साढ़े चार ४॥ बजे सायं से प्रारम्भ होजाना चाहिये नहीं तो कोई अवसर नहीं रहेगा ॥

२-शास्त्रार्थ रेजिडेन्सी प्रान्त में होना चाहिये ॥

३-शास्त्रार्थ उन्हीं नियमों का पालन करते हुए होना चाहिये जो ता० ३० एप्रिल १९०३ को नियत हो चुके हैं और जिस पर दोनों पक्ष के हस्ताक्षर होचुके हैं ॥

४-मैजिस्ट्रेट से आज्ञा लेने के लिये आप की ओर से कोई पुरुष उद्यत किया जावे उन के साथ समाज की ओर से केशवराव जी रहेंगे, जिस समय सूचनादें। उपरोक्त रीत्यनुसार यदि आप कष्ट उठा कर शास्त्रार्थ कराना चाहते हैं तो कृपा करके आठ बजे प्रातः काल तक सूचित कीजिये। इस की एक प्रति श्री अच्युताश्रम जी की सेवा में भेजी है। ओशम् ॥

कुमारबहादुर मन्त्री आ० स०
हैदराबाद दक्षिण

इस चिट्ठी का उत्तर अबतक प्राप्त नहीं हुआ और न इस के मुसन्ने का जवाब श्रीस्वामी अच्युताश्रम जी से प्राप्त हुआ। इतनेही में ७ मई १९०३ समय ३ बजे सायं एक चौथी बात विदित हुई कि स्वामी शङ्करहरिहर तीर्थ जी ने एक चिट्ठी * उर्दू अक्षरों में अपने हस्ताक्षर करके भेजी कि महाराज शिवराज धर्मवन्त बहादुर का उत्तर इस समय तक नहीं आया,

* नक़लपत्रानुवाद-

ओ३म्

७ मई १९०३ साढ़ेचार बजे शाम

श्रीमान् कुंवरबहादुर सैक्रेटरी आर्यसमाज हैदराबाद दक्षिण।

विदित हो कि अब तक धर्मवन्त महाराज शिवराज बहादुर के यहां से ८ बजे प्रातः तक कोई उत्तर नहीं आया। अतः आप को सूचना नहीं दी गई। अब अगर आप को गणपतिराय साहब डाक्टर बोलारम जी को मध्यस्थ करना स्वीकार है तो हमारी रज़ामन्दी है और डाक्टर साहब रज़ामन्दी प्रकाशित करते हैं। आप अपनी सम्मति लिखें ॥

शंकरहरिहर तीर्थ

यदि आप चाहें तो श्री डाक्टर गणपतिराय साहब को मध्यस्थ स्वीकार करके शास्त्रार्थ करें। इस चिट्ठी का अभिप्राय इस से अधिक और क्या होसकता है कि जब कोई राह स्वीकृत नियमों से बचने में लाभदायक नहीं हुई तो यही यत्न किया जावे कि जिस से मध्यस्थ का विवाद फिर प्रारम्भ होजावे, और शास्त्रार्थ न हो और न स्पष्टया नकार करना पड़े कि हम शास्त्रार्थ नहीं करते। इस चिट्ठी का उत्तर आर्यसमाज की ओर से जाने नहीं पाया कि एक पांचवी बात और उत्पन्न हुई। एक महाशय ने ८ मई को ८ बजे रात्री को आकर कहा कि स्वामी अच्युताश्रम जी महाराज लेखबद्ध शास्त्रार्थ करना चाहते हैं। उत्तर में निवेदन किया गया कि उनका लेख लाइये। अन्त में इस समय तक कोई पत्र नहीं आया और शास्त्रार्थ के पांचों बचावों से श्रीस्वामी अच्युताश्रम जी हट गये, और २४ एप्रिल १९०३ के स्थान में ८ मई १९०३ भी व्यतीत हो गई। अतः लाचार आर्यसमाज हैदराबाद को अपने पण्डितों को लौटाना पड़ा॥

अब सब महाशय इन सब विषयों पर विचार करके परिणाम निकाल सकते हैं कि यदि वेदों में यज्ञसंबन्धी पशुबध (पशुओं का निर्दयता से मारना) लिखा होता तो जिस शास्त्रार्थ के लिये श्री स्वामी अच्युताश्रम जी आठ मास से उत्साह प्रकट कर रहे थे, क्या इस समय किसी तरह शास्त्रार्थ नहीं कर सकते? सर्वसाधारण को तो निश्चय रखना चाहिये कि वेद भगवान् जिन पर आर्यधर्म का आश्रय है, इस प्रकार की शिक्षा (यज्ञ में पशुबध इत्यादि) से रहित और पवित्र हैं और उन में अहिंसा ही परमधर्म माना गया है। परमेश्वर मनुष्यमात्र को शक्ति दे कि पवित्र आर्यधर्म पर पूरी श्रद्धा और विश्वास करके धर्म अर्थ काम और मोक्ष के भागी हों। ओंशम्

केशवराव प्रधान आर्यसमाज
हैदराबाद दक्षिण
९ मै १९०३ ई०

धर्मप्रचार

शास्त्रार्थ न हुवा तो न सही, परन्तु हैद्राबाद में पं० आर्यमुनि जी, पं० रुद्रदत्त जी, पं० तुलसीराम स्वामी ने बारी बारी से ११ व्याख्यान दिये। जिन में आर्यधर्म की चर्चा समस्त नगर में भलेप्रकार हो गई॥

आर्यसमाज हैदराबाद में १२ सभासद बढ़े। उच्च कर्मचारी और सभ्य लोगों ने वैदिकधर्म का महत्त्व जाना, और सब से लाभ यह हुआ किः—

" दक्षिण प्रान्त में आगे को कोई सनातनी शास्त्रार्थ का नाम न लेगा "

और आर्य पण्डितों को यह भी सन्देह न रहा कि दक्षिण देशस्थ पौराणिक पण्डित जो पाठमात्र के वैदिक होने से अपने को वैदिक वा वेदवेत्ता पने का गर्व करते हैं, कुछ वेदार्थ में विशेषज्ञ हों। प्रत्युत अनुभव के पीछे यह ज्ञात हुवा कि चाहें सस्वर वेद पाठ के अभ्यासी न हों, परन्तु देशस्थ पण्डितों में बहुत से हैं जो दक्षिणियों की अपेक्षा वेदार्थ अधिक जानते हैं। हैदराबाद शास्त्रार्थ के कारण ४।५ दक्षिणी पण्डितों की वेदार्थानभिज्ञता का तो पता लग गया। इसी से शेष साधारणों का भी परिचय जानिये। एक और बड़ा लाभ—

श्री १०८ मान् महाराजा कृष्णप्रसाद बहादुर महामन्त्री निज़ाम सरकार

की सेवा में जनाब दीवान गणपतिराय साहब ने मुलाक़ात के समय आर्यधर्म की चर्चा चलाई। महाराजा ने प्रसन्नता पूर्वक शास्त्रार्थ के लिये आये हुवे आर्य पण्डितों से मिलना स्वीकार किया। तदनुसार सब पण्डित मिलने गये, किन्तु यदृच्छा से उस दिन कार्यविशेष होने से महाराज न मिले परन्तु उस से अगले दिन मिलने का वादा किया। क्योंकि आर्य पण्डितों को अधिक अवकाश न था, अतः अन्य तो सब निज२ स्थान को पधार गये परन्तु श्रीमान् दीवान गणपतिराय साहब के सविशेष अनुरोध से पं० आर्यमुनि जी ठहर गये और अगले दिन ता० ९।५।०३, को महाराजा साहब से मिलेः—

वार्त्तालाप

पं० आर्य मुनि जी ता० ९ मई १९०३ ई० को महाराजा कृष्णप्रसाद बहादुर साहब मदारुलमुहाम हैदराबाद दक्षिण से साढ़े ५॥ बजे शाम को मिले एक घण्टा दश मिनट तक वार्त्तालाप होता रहाः—

१—प्रथम मिलते ही महाराज ने यह पूछा कि आर्यसमाज और सनातन धर्मसभा में क्या अन्तर है, बतलाया गया कि आर्यसमाज परमेश्वर को सजातीय विजातीय स्वगतभेदशून्य (वाहिद ला शरीक) मानता है और

हिन्दू ऐसा नहीं मानते । इसे उन्हों ने बहुत पसन्द किया । २—तदुपरान्त तीर्थ विषय पर चर्चा हुई । बतलाया गया कि ऋषियों मुनियों ने जो स्वच्छ स्थान अपने निवास भजनादि के निमित्त नियत किये, वे स्थान जल और वायु शुद्ध होने और ऋषि मुनियों के सत्सङ्ग विद्यालाभादि के कारण तीर्थ कहलाने लगे, अब इन वार्ताओं पर तो लोगों की दृष्टि बिलकुल नहीं रही केवल स्थान जल आदि को ही तीर्थ मानने लगे हैं और केवल वहां जाना ही मुक्तिदायक समझने लगे हैं । उस को भी उन्होंने पसन्द किया और आर्यसमाज की बहुत प्रशंसा की । ३—फिर महाराजा बहादुर ने स्वयं स्त्रीशिक्षा का प्रसङ्ग चलाया और अपने को उस का (स्त्रीशिक्षा का) सहायक प्रकट किया । ४—यज्ञ में पशुवध से उन्हों ने बहुत घृणा की और कहा कि जिन ग्रन्थों में ऐसी निर्दयता से पशुवध करने का वर्णन है वह ईश्वरीय कैसे हो सकते हैं । ५- शुद्धि के विषय में आर्यसमाज का नियम सुन कर बहुत प्रसन्नता प्रकट की और कहा कि हिन्दू जाति इस ही लिये निर्बल होगई है कि वह अपने में से लोगों को निकाल तो देती है, परन्तु मिलाती नहीं । इस नियम में उन्हों ने सिक्ख जाति की प्रशंसा की कि हिन्दू मात्र के मिलाने में घृणा नहीं करते । ६—समाप्ति पर पण्डित जी ने ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका बाबू निहालसिंह अनुवादित और मनुस्मृति भाषावादित पं० तुलसीरामस्वामी और आर्यसमाज के नियम अंग्रेज़ी में आप को भेट दिये, आप ने धन्यवाद पूर्वक स्वीकार किये और उन को ध्यानपूर्वक देरतक पढ़ा और आर्यसमाज की प्रशंसा की । फिर सभा विसर्जन हुई ॥

वाचकगण ! एक ऐसे उच्चप्रतिष्ठ महाराजा के कर्णगोचर वैदिक धर्मोपदेश होना भी इस अभूत शास्त्रार्थ का ही उपकार है । इस प्रकार विचारा जावे तो इस संघट्ट का बहुत बड़ा लाभ हुआ ॥

एक और लाभ यह हुवा कि भारत के भिन्न २ प्रान्तीय समाजों ने जो अनुमान(११००)के लग भग चन्दे की सहायता दी उस से सिद्ध हुआ कि आर्यसमाजों मात्र में वैदिकधर्म की रक्षा और प्रचार निमित्त एक अच्छी सानुभूति है ॥

पाठकवर्ग ! जिस हैदराबाद के यागीय पशुवध विषयक शास्त्रार्थ के अवसर की आप चिर काल से प्रतीक्षा कर रहे थे वह इस प्रकार बिना शास्त्रार्थ हुवे व्यतीत होगया ॥

गुलबर्गा में प्रचार

हैदराबाद से चल कर एक दिन गुलबर्गा में पं० श्री रुद्रदत्त जी, पं० श्री पूर्णानन्द जी, तुलसीराम स्वामी तीनों उपदेशक ठहरे। ता० ९ की रात्रि में उपदेश हुवा। इस क़सबे के कई भद्रपुरुष आर्यधर्म से प्रेम रखते हैं। उद्योग करने से यहां आर्यसमाज स्थापित हो सकता है। आशा है कि इस हैदराबादीय शास्त्रार्थ के परिणाम का भी आस पास के स्थानों पर उत्तम प्रभाव होगा॥

श्री स्वामीअच्युताश्रम जी की चिट्ठी

चक्षु आत्मा आदि, सूर्य वायु आदि में चले जावें। इसी प्रकार यह भी

प्रतिपादन किया जाता है कि चिता फूंके जाते हुवे प्राणियों के देह की वपा आदि अग्निसंपर्क से वायु आदि में देवों में जावे । इस से यह नहीं कहा जा सकता कि यह कार्य=वपा उधेड़ना पशु के वध बिना संभव नहीं। लोक में देखा जाता है कि अपनी मौत मरे प्राणियों के भी वपा चर्म आदि उधेड़े जाते हैं॥

हृदयस्याग्रेवद्यति ।

यह न वेदवचन है । न यह लिखा कि अमुक ग्रन्थ का वचन है । अवद्यानं और सः का सामानाधिकरण्य भी वक्ता के बोध की सुन्दरता को सूचित करता है ॥

नित्य प्रति अनेक पुत्रादि अपने पिता आदि में से अनेक कारणों से मरे हुवों के देहों को अग्नि में होमते हैं । इस दशा में पशु जो मनुष्यों के उपकारक गौ घोड़ा ऊंट आदि हैं, उन के भी देहदाहादि में हिंसा नहीं हो सकती । आपने स्वयं लिखा है कि “ इस में पशुपद नहीं है। यह कहा जा सकता है” तथापि आपने कोई समाधान नहीं किया कि पशुपद न होने पर भी क्यों पशुग्रहण किया जावे, और वध क्रिया न होने पर भी क्यों पशु वध में इस को प्रमाण माना जावे । इस लिये यहां पशु और उस का वध समझना निर्मूल है ॥

वसन्तायकपिञ्जलानालभते ।

इस का उत्तर भी पूर्वोक्त के तुल्य है । क्योंकि इस में भी आलम्भन क्रिया का वही अर्थ है । जैमिनि सूत्र के प्रमाण से यह सिद्ध करना कि कपिञ्जल का अर्थ प्राणिविशेष है, व्यर्थ है । क्योंकि इस पर विवाद ही कुछ नहीं कि कपिञ्जल का अर्थ प्राणी है वा नहीं । असाध्य को सिद्ध करना व्यर्थ है किन्तु पशु का वध करना आप का साध्य है उस में आप प्रमाण दें । वह इस मीमांसा सूत्र से सिद्ध नहीं होता । आपने जो “ जातवेदोवपया० ” के व्याख्यान में टिप्पणी में “घृतेन=घृतवपाभिः” अर्थ किया है, सो ठीक नहीं । यदि किसी प्रकार घृत शब्द से घृतस्य वपा का ग्रहण करो तो यह हमारे पक्ष में सुगमता होगी, न कि आप के पक्ष में । क्यों कि इस दशा में जहां २ वपाशब्द आवेगा, हम घृतस्य वपा का ग्रहण करेंगे ॥

दृष्टःप्रयोग इति चेत् ।

यह सूत्र मीमांसादर्शन में ११ । १ । ३९ में है, ११ अ० प्र०८ भा० इस

संकेत पर नहीं । और मीमांसा दर्शन में अध्याय का अ० । पाद का पा० सूत्र का सू० होसक्ता है । यही उस में क्रम है । हम नहीं जानते कि उस में अ० प्र० ख० क्यों लिखा है । इसी प्रकार पूर्व भी अस्तव्यस्त अङ्क प्रश्न लिख दिये थे । और एक आश्चर्य देखिये । यद्यपि हम इस पर विवाद नहीं करते कि कपिञ्जल शब्द प्राणिविशेष का वाचक है वा नहीं, परन्तु इस पर "दृष्टः प्रयोगइतिचेत्" प्रमाण देना ठीक नहीं । क्योंकि इस सूत्र में यह नहीं कहा गया है कि कपिञ्जल का अर्थ प्राणिविशेष है । हम उस सूत्र का शबर भाष्य नीचे लिखते हैं:-

"यदि कहा जावे कि बहुवचन का प्रयोग चार ४ आदि में देखाजाता है, जैसा चार ४ ब्राह्मण । ऐसे ही यहां भी कपिञ्जल शब्द का प्रयोग कपोत=कबूतर और मयूर=मोर में देखाजाता है । कबूतर बड़ा कहा जाता है, यह कपिञ्जल है, कबूतर नहीं, यह । मोर छोटा कहा जाता है, यह कपिञ्जल है, मोर नहीं, " यह ॥

इस भाष्य में यह नहीं लिखा कि ' कपिञ्जलानालभते, वाक्य इस का उदाहरण हो । तथा यह सूत्र सिद्धान्त पक्ष का भी नहीं किन्तु इस से पूर्व को-

बहुवचनेन सर्वप्राप्तेर्विकल्पःस्यात् ११ । १ । ३८

यह सूत्र है । इसी पर यह—"दृष्टः प्रयोग इतिचेत्" ११ । १ । ३९ आशङ्कावचन है । और आगे:-

भक्त्येतिचेत् ११ । १ । ४०

यह आशङ्कानिवारण (निरास) सूत्र है । फिर आशङ्कासूत्र को सिद्धान्त सूत्र के स्थान में लगाना कैसे ठीक हो सकता है ?

यद्यपि मीमांसा दर्शन अध्याय १२ में अनेक प्रक्षिप्त वा वेदविरुद्ध सूत्र हैं (देखो पूर्व पृष्ठ ११७ में नमूने के लिये संस्कृत लेख में हम १२ सूत्र दिखला आये हैं) परन्तु " दृष्टःप्रयो० " इस सूत्र में कोई मांसहोम वा पशुवध की पुष्टि नहीं ॥

छागोवा मन्त्रवर्णात्

यह सूत्र मीमांसादर्शन अध्याय १२ में नहीं है । मिथ्या ही आपने १२ अ० का पता लिख दियाहै । फिर दूसरी बात यह भी है कि इस प्रकार के सूत्र से पशुवध का समर्थन भी नहीं होता क्योंकि उस में वध क्रिया नहीं है ।

छाग शब्द मात्र लिखने से छाग (बकरे) का वध नहीं सिद्ध होसकता । यूं तो मनुष्य शब्द आजाने से कोई मनुष्यबलि सिद्ध करने लगेगा !!

छागस्य वपाया मेदसोनुब्रूहि ।

यह मन्त्र चारों वेदसंहिताओं में नहीं है । न आपने कृष्ण यजुः का कोई पता दिया है किन्तु यजुर्वेद २१ । ४१ में पाठभेद से " छागस्य वपाया मेदसो जुषेताम्" इत्यादि पाठ है उस में उस से पूर्व से अश्विपद का अन्वय है । अश्वि शब्द से वहां सूर्य चन्द्रमा का ग्रहण सुगम है । इस दशा में समस्त प्राणी और अप्राणी में स्थित स्निग्ध भाग का उपयोग होने से व्याख्यान करना सुगम है जिस से पशुवध की सिद्धि किसी प्रकार संभव नहीं । जैसा कि निरुक्त १२ । १ का प्रमाण संस्कृत में दिया गया (पृ० ११८ पं० ३-५) इस से आप का यह लिखना निर्मूल है कि "मन्त्र से भी हिंसा कही गई, इससे हिंसा यज्ञ का अङ्ग है" ॥

ओषधे त्रायस्व स्वधिते मैनꣳ हिꣳसीः ॥

(यजुः ६ । १५) जहां ऐसे स्पष्ट हिंसानिषेधक वाक्यों का भी हिंसापरक अर्थ हो, वहां पशुओं का कुशल नहीं । उस का मन्दभाग्य समझता हूं । जिस प्रकार आज अच्युताश्रम स्वामी जी हिंसा में विनियोग करते हैं, इसी प्रकार पूर्व भी किन्हीं वेदतत्त्वार्थ न जानने वालों ने इसका विनियोग किया जान पड़ता है, जिस को देखकर ही निरुक्तकार ने कहा था कि–

"अथाप्युपपन्नार्था भवन्ति ओषधे त्रायस्वैनं स्वधिते मैनं हिंसीरित्याह हिंसन् १ । १५ ॥

यह शङ्का करके

यथो एतदनुपपन्नार्था भवन्ति इत्याम्नाय वचनादहिंसा प्रतीयेत । निरु० १ । १६ ॥

इस से निरुक्तकार यास्क मुनि की यह ध्वनि जान पड़ती है कि अहिंसापरक वेदवचन से हिंसा नहीं करनी चाहिये । वे कहते हैं कि यदि हिंसा करते हुवे अहिंसापरक=हिंसानिषेधक वाक्यों से काम लिया जावे तो वेद अनर्थक होंगे । वेदों की सार्थकता इसी में है कि अहिंसक वाक्यों का विनियोग अहिंसा में ही हो ॥ इसके अतिरिक्त कात्यायन महर्षि भी कहते हैं कि–

मन्त्रान्तैः कर्मादिः सांनिपात्योभिधानात् । का० श्रौ० १ । ३ । ५

अर्थ–मन्त्रों से जो २ काम करते हैं उस २ का मन्त्रों में वर्णन आने से

चाहिये कि मन्त्रों के अन्तवचनों से कर्मादि किया जावे । मन में विचार कर कर्त्ता निजकथनानुकूल ही कर्म किया करता है । सो यदि वेद में हिंसा अभीष्ट होती तो हिंसार्थयुक्त मन्त्र ही हिंसामें(कर्मकाण्ड में)विनियुक्त होते । परन्तु ऐसा नहीं है । इस दशा में वेद हिंसा का निषेध ही करता है न कि विधान । यह स्पष्ट है । ऐसा है तब कात्यायन ही भला अपने कथन और नियम के विरुद्ध, हिंसानिषेधक मन्त्रों को हिंसा में विनियुक्त करता हुवा कैसे लिखता कि-

उत्तानं पशुं कृत्वाऽग्रेण नाभिं तृणं निदधात्योषधइति ।

का० श्रौ० ६ । ६ । ८

अर्थ-पशु को उलटा करके नाभि के आगे तृण धरता है और " ओषधे त्रायस्व" मन्त्र पढ़ता जाता है ॥ इस से मैं यह नहीं मानता कि कात्यायन महर्षि ही अपने वचन नियम के विरुद्ध पशुरक्षा विधायक मन्त्र का विनियोग उलटा पशुवध में करता । मैं जानता हूं कि यह किसी और ने कात्यायन श्रौतसूत्र में मिला दिया तथा कात्यायनकृत श्रौत सूत्र तैत्तिरीय शाखापरक नहीं हैं किन्तु मूल (शुक्ल) यजुर्वेदपरक हैं । इस कारण तैत्तिरीय शाखा वा उस के ब्राह्मण के अनुसार उस की व्यवस्था लगाना ठीक नहीं । और मूल यजुर्वेद से विरुद्ध आपस्तम्ब पर कोई बुद्धिमान् श्रद्धा न करेगा कि-

मैनं हिंसीरिति स्वधितिना प्रहरतीति ॥

"इस को मतमार" कहकर तीक्ष्ण धार से मारता है" भला यह उलटा विनियोग कौन मानेगा ?

आपने यह जो कहा कि " मन्त्र की व्याख्यारूप ब्राह्मण० " इत्यादि । इस से आपने ब्राह्मण को वेद की व्याख्या होना स्वीकार किया, यदि स्वीकार किया तो व्याख्या मूल के अविरुद्ध ही प्रमाण होसकती है, नकि मूलमन्त्रों के विरुद्ध ब्राह्मणकृत व्याख्या विद्वानों को आदरयोग्य हो । हमारा व्याख्यान न तो मूल के विरुद्ध है, न हमारी व्याख्या में वेद के अन्य देशस्थ वाक्य विरुद्ध पड़ते हैं ।"जातवेदो वपया०" का उत्तर पूर्व देदिया है।"अग्नीषोमीयं पशुमालभेत" यह वचन चारों वेदसंहिताओं में नहीं देखा जाता, न इस वचन में वध करना कहा और ' आलभेत क्रिया का अर्थ ' मारे ' भी नहीं हो सकता । आपने जो आलम्भन का अर्थ किया है कि-कूटादि प्रायश्चित्तपूर्वक उपाकरण, रस्सीलपेटना, यूप से बांधना, प्रोक्षण, स्रुच्याघार के पश्चात् समञ्जन, पर्यग्नीकरण, वपा पकाना, अन्वारम्भण, अध्रिगु की आज्ञा के साथ (पशु को) शामित्र शाला को लेजाना, (पशु के) नीचे कुशा वि-

छाना, पश्चिमाभिमुख खड़ा करना,वाशादि प्रायश्चित्त, संज्ञप्त होम, रस्सी खोलना आदि आलम्भन का अर्थ है। आपके इस कथन में आपने कोई प्रमाण नहीं दिया। वेदों में वध के विधान न होने और निषेध होने से और उस (वधादि) के त्याग में प्रायश्चित्त न कहने से यह आप का किया आलम्भन का अर्थ वेदविहित नहीं ॥

मैनं हिंसीः (यजुः ६ । १५)

इस स्पष्ट हिंसानिषेधक वाक्य से सिद्ध है कि हिंसा वेदविरुद्ध है ॥

मा हिंस्यात्सर्वा भूतानि ।

यह संहिता का वचन न हो, पर आप के मत में तो अन्य पुस्तक भी माननीय हैं तब आप इस का अनादर करें सो ठीक नहीं। प्रकरण से पशु का ग्रहण हो तब भी पशु का वध न कहने और पशुवध का निषेध होने से(मैनं हिंसीः) हिंसा वेदविहित नहीं, निषिद्ध है ॥

आपने जो कहा कि "सन्ते प्राणो वायुना गच्छताꣳ समङ्गानि यजत्रैः । संयज्ञपतिराशिषा" (यजुः ६ । १०) अर्थ—"आध्यात्मिक वायु प्राण बाह्य वायु के साथ एक होवे, पशु के अङ्ग यज्ञ के साधन बनें" प्राण न जाने (न मारने) पर यह कैसे होसकता है ? इस से प्रकरण का नियम अवश्य वक्तव्य है कि हिंसा ग्रहण करनी। उत्तर-इस का अर्थ यह है कि प्रकरण से हे पशो ! (ते) तेरा(प्राणः) प्राण वायु (वायुना) बाह्यवायु से (संगच्छताम्) संगत हो, (यजत्रैः) यज्ञसाधनों से तेरे (अङ्गानि) अङ्ग (संगच्छन्ताम्) संगत हों, (यज्ञपतिः) यजमान (आशिषा) आशीर्वाद से (संगच्छताम्) मिले ॥

संगमन=संगति=मिलना का अर्थ गमन=गति=जाना किसी प्रकार संभव नहीं फिर आप प्राण निकलने का अर्थ कहां से करते हैं ? बाह्यवायुसंग के विना किसी प्राणी के प्राण नहीं ठहर सकते किन्तु सब जीव बाहर के वायु से श्वास लेकर ही जीवित रहते हैं, इस लिये बाह्यवायु के संग कहने से पशु के जीवन का आशिष् पायाजाता है, नकि मरना वा मारना ॥

यह जो आपने कहा कि—दुहे विना दुग्ध नहीं निकलता, और दुहना माता और बछड़े को दुःखदायक है। दुःखदायक अपूर्व जननानुकूल व्यापार का नास ही हिंसा है इत्यादि, सो ठीक नहीं क्योंकि जिन गौवों का दुग्ध दुहा जाता है उन को विशेष भक्ष्य भोज्य दिया जाता है, उस उपकार के प्रत्युपकार में वह दुग्ध लिया जाता है सो हिंसाकर नहीं। यदि आप ऐसा मानेंगे तो आप के मत में भृत्यों को वेतन देकर दुःखद काम लेना भी हिंसा से न बचेगा। आप ने भी पहले हिंसा का यह लक्षण किया था कि

" प्राणवियोगानुकूलो व्यापारो हिंसा " इस दशा में दुग्ध निकालने में हिंसा नहीं पाई जाती। चुल्हा चक्की आदि में जो क्षुद्रजन्तुओं की हिंसा होती है वह यज्ञसम्बन्धिनी नहीं है किन्तु लौकिकी है । उस में प्राणी के वध का उद्देश भी नहीं किन्तु विना उद्देश है । फिर उस हिंसा (पाप) का भी प्रायश्चित्तभूत बलिवैश्वदेव नित्यकर्म ऋषियों ने बताया है जिस से उस का भी पाप होना स्पष्ट है । इसी प्रकार रुद्रयागादि में आप सरीखे जो लोग अज्ञान से पशुवध का उपदेश करते हैं वा कराते वा अनुमोदन करते हैं, वह भी पापजनक, अधर्म प्रायश्चित्तार्ह है ऐसा स्वीकार कीजिये । " यजमानस्य पशून् पाहि " यजुः १ । १ इस को आप कहते हैं कि इस में यज्ञाङ्ग पशुओं की रक्षा का विधान नहीं, किन्तु घरेलू पशुवों की रक्षा का विधान है, सो आप का कथन इस लिये ठीक नहीं कि उस में " यजमानस्य " पद उपस्थित है जो यज्ञ करने वाले का नाम है, फिर घरेलू पशु का ग्रहण क्यों और यज्ञ के पशु का त्याग कैसे हो सक्ता है ! सब ही यज्ञों में घृतादि के उपयोगार्थ पशुओं की रक्षा और प्रयोजन पड़ता है जो अवश्य उपदेश करना चाहिये । यूप का यह विधान कि वह खदिर=खैर (काष्ठविशेष) का हो, शास्त्रसम्मत है । उस का फल भी चाहे कोई जानता हो वा न जानता हो, उस से किसी के पक्ष की सिद्धि वा हानि नहीं । आप जो कहते हैं कि शास्त्रविधान से विरुद्ध मार्ग द्वारा लाये हुवे घृतादि से होम हो जायगा, इस से यूपादि व्यर्थ हैं, सो नहीं । यदि ऐसा हो तो मांसहोमार्थ भी क़साई आदि की दुकान के मांस से (आप के मत से) होम हो सकता है, तब यह दोष दोनों पक्ष में समान रहेगा । वास्तव में यह दोष देना ही नास्तिकता है कि अशास्त्रीय घृतादि सिद्ध होम हो सकता है; क्योंकि जिस का विधान हो वही कर्त्तव्य है॥

अनुवन्ध्य पद में हनन की शङ्का मत हो और उस का खण्डन भी न हो, हमारी क्या हानि है। यजमान को जहां दुपाये और चौपायोंकी रक्षा प्रार्थना का विधान है, वहां यजन क्रिया के सम्बन्ध से अवश्य यज्ञसाधन पशुवों की ही रक्षा सुख और जीवन का तात्पर्य है, न कि अन्य साधारण पशुवों का । यहां किये हुवे कर्मों का फलभोग परलोक में हो, इस से वध किये हुवे पशु को लोकान्तर वा अन्य योनि में पशुपना न रहने से पशु कह कर दिया आशीर्वाद संगत नहीं होता ॥

"अध्वर" शब्द के अर्थ में जो "नञ्" का अर्थ आप "अल्प" करते हैं और निषधार्थ को नहीं मानते सो यज्ञ का मर्म न जानने से । निरुक्त में ध्वरति का अर्थ हिंसा और अध्वर=यज्ञ का अर्थ हिंसारहित है। सायणाचार्य ने भी–

अग्ने यं यज्ञमध्वरम् । ऋ० १ । १ । ४

इस मन्त्र के भाष्य में अध्वर का अर्थ अहिंसापरक ही किया है न कि अल्पहिंसायुक्त । इस प्रकार वेद में यज्ञ की हिंसा का निषेध होने से हिंसा वेदविरुद्ध और वेदनिषिद्ध है जो सब वैदिक पण्डितों को सर्वथा त्याज्य ही है॥

अथर्ववेद में भी हिंसायुक्त यज्ञ का निषेध है । यथा—

मुग्धा देवा उत शुना यजन्तोत गोरङ्गैः पुरुधायजन्त ॥७।५।५॥

इस में बतलाया गया है कि गौ और कुत्ते तक उत्तम और अधम पशुओं से यज्ञ करते हैं वे अज्ञानी हैं अर्थात् यज्ञविधायक मन्त्रार्थों को नहीं समझते हैं । इस से स्पष्ट है कि आज कल जैसे आप लोग विना तत्व समझे यज्ञ में पशु-बलि का पक्ष लेते हैं, ऐसे लोगों को ही उक्त मन्त्र मुग्ध=अज्ञानी वा बेसमझ बताता है । इस मन्त्र में देवाः=यजमानाः सायणाचार्य ने भी लिखा है । इस से सायण मतानुसार भी सिद्ध हुवा कि यज्ञ में पशु मारना अज्ञानी=वेदार्थ न जानने वाले यजमानों का काम है जो वेदतत्त्वार्थ जानने वाले विद्वान् को नहीं करना चाहिये ॥

इस प्रकार यज्ञ में पशुवध के वेद से अप्रतिपादित होने, वेदविरुद्ध होने और निषिद्ध सिद्ध होने पर कौन विद्वान् इस का पक्ष लेगा ? कोई नहीं । अध्वर शब्द यदि यज्ञ में रूढि (विना अर्थ) होता तो निरुक्तकार इस का निर्वचन न करते और देवराजयज्वा निरुक्त के भाष्यकार भी न कहते कि–

ध्वरा हिंसा तदऽभावो यत्र

अर्थात् ध्वरा हिंसा का जिस में अभाव हो, उस को अध्वर=यज्ञ कहते हैं । इस से भी सिद्ध है कि यज्ञ हिंसारहित ही का नाम है न कि अल्प हिंसायुक्त का । और आप की यह कल्पना कि अध्वर का नञ् =अ, अल्पार्थ है, निषेधार्थ नहीं, यह केवल कपोलकल्पना है । अन्य कुछ नहीं ॥

आप जो कहते हैं कि जो शास्त्र हिंसा को दोष बताता है वही यज्ञ में हिंसा का विधान करता है तब शास्त्राज्ञा में विवाद क्या ? सो आप का कथन ठीक नहीं । येन शास्त्रेण लिखना था, यत् शास्त्रम् अशुद्ध है क्योंकि प्रत्ययादि क्रिया कर्मप्रधान है, कर्त्ता में तृतीया होनी चाहिये । सनातन वेद शास्त्र यज्ञ में हिंसा का प्रतिपादन भी नहीं करता । इस लिये यह दृष्टान्त भी व्यर्थ है कि शिक्षा रक्षा में नियुक्त राजपुरुषों को जैसे राजाज्ञानुसार किसी के मारने में दोष नहीं इसी प्रकार विहित हिंसा में दोष नहीं । क्योंकि दण्डविधायक वचनों के सहारे तो यज्ञ में पशु नहीं मारे जाते वे तो निरपराध मारे जाते हैं । स न्यायः का तन्न्यायः लिखना भी अशुद्ध है ॥

आपने जो जैमिनि सूत्र लिखा कि—

मांसं तु सवनीयानां चोदनाविशेषात् ।

यह इस लिये ठीक नहीं क्योंकि इस सूत्र में जो हेतु दिया है कि " चोदनाविशेषात्"=वेद में विधान विशेष होने से। वेद में विधान नहीं है इस लिये यह हेतु सत्य नहीं और वेदविरुद्ध होने से त्याज्य है । हमारा यह लिखना कि "वेदार्थ निर्णय के लिये छः शास्त्र प्रमाण होंगे" वेदानुकूलता के तात्पर्य से था, न कि वेदविरुद्धता में कि जिस वेद का अर्थ निर्णीत करने को ये शास्त्र प्रमाण किये गये उसी वेद के विरोधार्थ इन को प्रमाण माना जावे। इसी से "शमिता च शब्दभेदात्" यह मीमांसा सूत्र भी उत्तरित समझिये ॥

हमने " अनुबन्धं क्षयं हिंसाम् " इत्यादि भारत के वचन से हिंसा को तामस कर्म बताया था, इस का जो अब आप यह उत्तर देते हैं कि यह मोह से किये कर्म को तामस कहा है, शास्त्र की आज्ञा से किया पशुवध मोहकृत नहीं, शास्त्र मनुष्य को अधर्म में नहीं लगाता । यह आप का उत्तर इस लिये ठीक नहीं कि वहां भारत के उस वचन में अनुबन्ध क्षय, हिंसा सभी को मोहमूलक बता कर तामस बताया है, सत्शास्त्र कोई कहीं हिंसा का यथार्थ प्रतिपादन नहीं करता, वेदविरुद्ध शास्त्र जो शास्त्राभास हैं, उन का कहनाही क्या है ॥

हमने जो यवादि बीजों से यज्ञ करने में भारत का वचन प्रमाण दिया था और बकरे का निषेध किया था, आप जो हमारे उत्तर में यह लिखते हैं कि उस विवाद के मध्यस्थ वसु ने बीजों से यज्ञ न करने और बकरे से करने का निर्णय कर दिया, इस लिये माननीय नहीं । आपका यह उत्तर इस लिये ठीक नहीं कि उस में ऋषियों का मत यह था कि बीजों से यज्ञ करना, देवतों का यह कि बकरे से, तब वसु ने मध्यस्थ बन कर निर्णय किया सो आर्षमत के विरुद्ध तथा पक्षपात से किया, निष्पक्ष नहीं, वहां स्पष्ट लिखा है कि-

वसुना पक्षसंश्रयात्

वसुने पक्षपात से निर्णय किया । इस लिये वैदिक विद्वानों को जो निष्पक्ष हों, माननीय नहीं ॥

हमने जो भारत के वचनों से यज्ञकी हिंसा को धूर्तों का चलाया हुवा वेदविरुद्ध सिद्ध किया था उस का उत्तर जो आप यह देते हैं कि वहां धर्मव्याध ने जाजलि को उपदेश करते हुवे कामकृत कर्म और वैदिककर्म की निन्दा की है सो ज्ञान की प्रशंसामात्र है। यह आप का उत्तर इस लिये ठीक नहीं कि वहां तौ स्पष्ट लिखा है कि-

धूर्तैः प्रकल्पितं ह्येतन्नैतद्वेदेषु कल्पितम् ।

यह धूर्त्तों ने (यज्ञ में हिंसा) चलाई है, यह वेद में विहित नहीं। इस से वैदिक कर्म की निन्दा नहीं, किन्तु इस कर्म का अवैदिक होना और वेदविरुद्ध होना स्पष्ट है तथा धूर्तों का प्रचरित किया होना सिद्ध है ॥

इस प्रकार से मीमांसादर्शन के उन सूत्रों की अवैदिकता सिद्ध होने पर उसी (मीमांसा) के मत से अप्रमाणता स्पष्ट हुई। यह वेद स्मृति भारत इत्यादि शिष्टसंमत ग्रन्थों के वाक्यों से यज्ञ में हिंसा के निषेध और अविहित होने से यज्ञ की हिंसा वैदिकों को त्यागने योग्य है, स्पष्ट है ॥

द्वितीय पत्र का उत्तर–

हम ने वेद की स्वतःप्रमाणता में यह प्रमाण दिया था कि–

निजशक्त्यभिव्यक्तेः स्वतःप्रामाण्यम् ।

सांख्यसूत्र। आप इस में ब्राह्मण सहित वेद का ग्रहण करते हैं सो इस में ब्राह्मण ग्रहणार्थ कोई पद नहीं। इस से आप का कथन प्रमाण नहीं ॥

मन्त्र ब्राह्मण का परिभाषासिद्ध वेदत्व सर्वत्र नहीं माना जासकता। क्योंकि परिभाषा जिस ग्रन्थ में हो उसी के लिये हो सकती है न कि सार्वत्रिक। यह परिभाषा सांख्य की नहीं, किन्तु कात्यायन सूत्र की है, इस दशा में कपिल जी सांख्य में वेदपद से मन्त्र ब्राह्मण दोनों का ग्रहण नहीं कर सकते॥

प्रमाण सिद्ध कितने पदार्थ हैं ? इस प्रश्न का उत्तर यदि इस लिये ठीक न था कि प्रश्न का अन्य अभिप्राय था तो वह अभिप्राय स्पष्ट करना था ॥

"यदर्थं तेषामुपगमम्," यह नपुंसकलिङ्ग लिखना दुर्बल होना सूचित करता है॥

प्रमाणों की प्रमाणता किस प्रकार की ? यदि आप ने यह प्रश्न इस अभिप्राय से किया था जो अब इस पत्र में लिखा है कि "अज्ञात का जतलाने वाला प्रमाण है वा उस में अवर्त्तमान धर्म के अप्रकारक ज्ञान का उत्पादक प्रमाण है ?" यदि यह विषय था तो प्रश्न ही व्यर्थ था क्योंकि इस प्रश्न के दोनों पक्ष एकार्थ हैं, भिन्नार्थ नहीं। क्योंकि दो नञ्=निषेध मिल कर "हां" को सिद्ध किया करते हैं ॥

पुराण शब्द की हमारी की हुई यह व्युत्पत्ति कि "जो पुराने समय में नया बना था" योगरूढि अर्थ को नहीं त्यागती। सृष्टि प्रलय वंशादि के वर्णनयुक्त होने से ब्राह्मणों की पुराणता सिद्ध है ॥

आप ने जो सूत्र न्यायदर्शन का लिखा है कि–

विध्यर्थवादानुवादवचनविनियोगात् ।

और इस का वात्स्यायन भाष्य लिखा है सो यह सूत्र केवल वेदपरक नहीं, किन्तु शब्दप्रमाणपरक है। शब्द प्रमाण में वेद ब्राह्मण आदि ग्रन्थ

मात्र संगृहीत हैं, इतने से वे सब ग्रन्थ वेद नहीं बन बैठते। इस लिये गोतम वा वात्स्यायन के मत से ब्राह्मण वेद नहीं हो जाते। जैमिनि ने जो-

शेषे ब्राह्मणशब्दः

सूत्र द्वारा ब्राह्मण संज्ञा की है, सो उसी जैमिनि ने-

शेषः परार्थत्वात्

इस सूत्र में शेष का अर्थ परार्थ होना बतलाया है, अर्थात् जो पराया= अन्य ग्रन्थ वेद का अर्थ करता है वह शेष ब्राह्मण कहाता है इस से वेदार्थ करने वाले ब्राह्मणों का वेद से भिन्न होना सिद्ध हुआ न कि वेद के अन्तर्गत होना॥

"मन्त्र और ब्राह्मण वेद हैं" यह शबर भाष्य जैमिनि के अनुकूल नहीं क्योंकि यह भाष्य जैमिनि के सूत्र—" शेषः परार्थत्वात् " से विरुद्ध है॥

प्रयोगों की अशुद्धियों के समाधान में आपने जो कहा कि विचारश्च भाव्यः में शब्द की वा अर्थ की अशुद्धि है ? शब्दाऽशुद्धि का समाधान इस से ठीक नहीं कि वहां भूधातु का प्राप्ति अर्थ नहीं घटता। नामरूपगुणैर्भाव्यम्। यह उदाहरण देकर आप हमारे पक्ष (विचारेण तृतीया) की पुष्टि करबैठे॥

भवंतम् में परसवर्णाऽभाव लेखक का प्रमाद तब माना जाता जब कि अन्य अनेक स्थलोंमें ऐसा न होता और आपने हरतालसे पीला शोधन न किया होता॥

यत्लेखनीयम् में सन्धि अविवक्षित होती तो यत् लेखनीयम् ऐसा पृथक् लिखा होता॥

प्रश्न बहुत हैं तब एकवचन लिखना जाति के अभिप्राय से भी ठीक नहीं। ऐसा होता तो प्रश्नों में बहुत्व न करते॥

गीर्वाण वाण्या लेख्यं में हमारा आक्षेप वाणी शब्द के प्रयोग पर न था किन्तु लेख्यं पर अनुस्वार को हमने अशुद्ध लिखा था, क्योंकि अवसान था। आपने हमारे रेखा नीचे खींचने पर भी न समझा कि क्या अशुद्धि है॥

" प्रमाण करने " में करना असिद्ध बताना इस से ठीक नहीं है कि अङ्गीकार आदि में भी कृञ् धातु का प्रयोग होता है॥

प्रमाणानां प्रमाणम् में प्रमाणानाम् का अर्थ प्रामाणिक ग्रन्थ है॥

किं ते प्रमाणम्, तत्सिद्धाः पदार्थाः कति, यदर्थं तेषामुपगमः इन तीन वाक्यों का एक में समावेश होने से हमारा तृतीय प्रश्न लिखना ठीक है। आप यदि इन को ३ माने तो भी ५ वां कहना बनेगा, न कि छठा। किन्तु= किञ्च क्यों अशुद्ध है? हमने ब्राह्मणों के वेदत्व न होने में कोई हेतु न दिया हो, तब भी न्यूनता नहीं, क्योंकि हमारा पक्ष निषेध था, आपका पक्ष इनको वेदत्व सिद्ध करना था, बस जब आप के दिये हेतुओं का खण्डन होगया तो ब्राह्मणों को वेदत्व स्वयं न रहा, हम को प्रमाण देना आवश्यक ही क्या है ? ॥इति॥

र (अन्यकृत) पुस्तकों पर
मीशन नहीं दिया जाता

धानविधि ≡) सुधाकर ३)
त्यनारायण की सत्य कथा -)॥
राधास्वामीमतखण्डन -)
शास्त्रार्थ कलकत्ता ≡)
पतिव्रतधर्मप्रकाश ।।)नारीभूषण ।≡)
अबलासन्ताप ३) शास्त्रार्थ खुरजा -)
पतिव्रताधर्ममाला)॥ बालाबोधनी ।-)
शिशुशिक्षा १ भाग)॥ २ भाग -)॥
३ भाग ≡) ४ भाग ।) चारों भाग ॥)
सीत चरित्र १ भाग ।-) २ भाग ।-)
३ भाग ।-) ४ भाग ।-) चारों भाग १।)
* नारायणीशिक्षा गृहस्थाश्रम १।)
दमयन्तीस्वयंवरनाटक ≡)
मोहनीमन्त्र)॥ पातञ्जलयोगदर्शन २)
सूर्यसिद्धान्त २) बढ़िया २।)
पू का स्वामि चित्र ॥≡) विलायती ॥।)
भारतगौरवादर्श ।) वर्णव्यवस्था ≡)
प्रायश्चित्तादर्श ।) गङ्गामाहात्म्यप्र० ≡)
महर्षिवियोग–शोक -) शिक्षाध्याय)॥।
वल्लभकुलचरित्रदर्पण।) वल्लभकुलछलि-
हास नाटक ।) हिन्दब्रिटानियां -)
स्वर्गप्राप्ति ≡) ब्रह्मशक्ति ≡)
शास्त्रार्थ आगरा ≡) वेश्यालीला)॥
*प्रबन्धमञ्जरी ।-) अंग्रेज़ीकीसीढ़ी ।॥)
ठीजनेऊ का विवाह -)
(स्वामीदयानन्द मक्कार था)।॥
ष्यजन्म की सफलता)॥
न्यार्कोदय ।) मनुष्यसमाज)॥
हिन्दूग्रौरनमस्तेकाअन्वेषण)।॥
मीजी का संक्षिप्त जीवनचरित्र)।।
येष्टिकर्म)।॥ कृश्चनमतदर्पण)।।
ईमतलीला)। जीवात्मा)।।
ासपुराण स्मृति नहीं)॥
धिकार मीमांसा -)

ईसाईमतपरीक्षा)।। पौराणिकदर्पण)॥
पं० रामचन्द्रवेदान्ती का उत्तर)।
पुरुषसूक्त)।। भूतनिर्णय -)॥
विरजानन्द जी का जीवनचरित्र)।॥
शिवाजी का जीवनचरित्र ।)
हकीकतराय का जीवनचरित्र)॥
आर्यसमाज के नियमों का वेदमन्त्रों
से सम्मेलन)॥
आर्योजागृतहो)।॥ शिक्षावली)॥
पं० गुरुदत्त काचित्र-)गायत्री)॥रङ्गीन-)
पं० लेखराम का चित्र सादा -)
गृह्यचिकित्सा ।) वैदिकधर्मप्रचार ॥।)
महाशङ्कावली १ भाग)। २ भाग)।
मृतकश्राद्ध खण्डन)।। गङ्गा की नींद)।
शिवलिङ्गपूजाविधान)। सुशीलादेवी)।
शङ्करानन्द के उपदेश)। के दो
हेविसकीराय)। के २। ईसाईमतखण्डन)।
ऐतिहासिकनिरीक्षण प्र० ≡) द्वि०भाग≡)
यथार्थसुखाभिवर्णन -)॥
यथार्थशान्तिनिरूपण ।)
वीरता पर व्याख्यान -)॥मृत्युपरीक्षा॥)
क़वायदपटवारियान ।)
मार्सडेंसहिस्टरी संक्षिप्त अंग्रेज़ी ।≡)

भजनपुस्तकें—

भजनबत्तीसी १ भाग)॥ द्वि०)।॥ तृ० -)
चतुर्थ भाग)।॥ चारों ≡)।
भजन पुस्तक)॥ * ज्ञानभजनावली ≡)
संगीतसुधाकर ≡)
भजनेन्दु-नयेखड़तालीभजनोंसहित-)
रामायण का आल्हा १ भा०)। द्वि०भाग)॥
श्रीभजनमाला -)। संगीतसुधासागर-)
धर्मबलिदान आल्हाछन्द -)॥
सजीवनबूंटीबड़ी-)। भक्तमनोरञ्जन -)
सभाप्रसन्न नवलसिंहकृत ≡) उर्दू ≡)॥
भजनविलास -)
शान्तिसरोवर ≡) भजनामृतसरोवर ≡)।

सामवेदभाष्य का पूर्वार्ध समाप्त हो गया ५।) कमीशन छोड़कर ४)
☞ मनुस्मृतिभाषानुवाद १।) बढ़िया काग़ज़ १॥) सुनहरी छापा २॥) ही
श्वेताश्वतरोपनिषद्भाष्य ।-) बढ़िया ।≡)
ईशोपनिषद्भाष्य -) केनोपनिषद्भाष्य -)॥
कठोपनिषद्भाष्य ।)
दयानन्दतिमिरभास्कर का उत्तर "भास्करप्रकाश"२।=)कमीशनछोड़कर२)
*हितोपदेश भाषानुवाद तथा श्लोक १)
मूर्त्तिप्रकाशसमीक्षा।=) दिवाकरप्रकाश ।)
विदुरनीति भाषाटीकास०।-)सजिल्द।≡)
श्लोकयुक्त वैदिक निघण्टु ≡)
वेदप्रकाश मासिकपत्र के प्रथम भाग १ वर्ष का ॥=)द्वितीय ॥=) तृतीय ॥=)
चतुर्थ ॥=) पञ्चम ॥=) पांचों भाग साथ कमीशन काटकर २॥) सजिल्द ३)
संस्कृत स्वयंसिखाने वाली संस्कृतभाषा प्रथम पुस्तक)॥ द्वितीय पुस्तक -)
तृतीय पुस्तक =)।। चतुर्थ ।=) चारों की कच्ची जिल्द।।≡)पक्की जिल्द ।॥)
संस्कृतप्रवेश)॥ हारमो०गैस ।=)
संस्कृत-भाषा-प्रथम श्रेणि (रीडर) -)
ऋगादिभाष्यभूमिकेन्दूपरागे द्वितीयोंऽशः -)।॥ नियोगनिर्णय =)
अज्ञाननिवारण चतुर्थ भाग मूल्य =)
वैदिकदेवपूजा प्रसिद्ध व्याख्यान -)
मुक्ति और पुनर्जन्म -)।। नमस्ते)।
ईश्वर और उसकी प्राप्ति-)आल्हामनु॥=)
वीर्यरक्षा ≡) हारमोनियम ।=)
वैशेषिकदर्शन भाषानुवाद १)
पञ्चकन्याचरित्र)॥ द्रौपदी चरित्र- ॥

वेश्यानाटक ।) देवीभागवतपरीक्षा)॥
गणरत्नमहोदधि १)विवाह के मन्त्र)॥
चाणक्यनीतिसार भाषा टीका -)। -
प्रश्नोत्तररत्नमाला -)भागवतविचार -)
नालिकाविष्कार-जिस में प्राचीन बन्दूक आदि के प्रमाण हैं)॥
विवाहवयोदर्पण-) विश्वकर्मप्रकाश १।)
बालविवाहनाटक)॥ कर्मवर्णन)॥
आर्यसमाज के नियम नागरी ≡)। १०० सैंकड़ा, अंग्रेज़ी में ।) १०० सैंकड़ा
व्याख्यानका विज्ञापन-जो चार जगह खानापुरी करके सब उपदेशकों के काम में आता है =) १०० सैंकड़ा
पौराणिकधर्म और थियासौफी)॥
नागरी रीडर नं० १ मूल्य)। नं० २ मूल्य-)
सन्ध्योपासन)। १०० का १।) ५०० का ५)
टके सेर लक्ष्मी)॥ ऋषिचरित्र -)
भागवतपरीक्षा)।
जगदुत्पत्तिस्थितिप्रलय ≡)नमस्तेचित्र)
१४ विद्या ६४ कला)।
ग़ाज़ीमियां की पूजा)॥ ३ व्याहृति)॥
पाषण्डगजकेशरी)॥ फलितज्योतिष -)
(नवीन) आर्यमतमार्त्तण्ड ।) ओ३म्)॥
अष्टाध्यायी मोटा अक्षर।) धातुपाठ ।)
वृक्षों में जीवनिर्णय)॥ ब्रह्मकीर्त्तन)॥
वीर्य्यरक्षण)॥ कन्यासुधार -)
सन्ध्योपासनमीमांसा -) मतनिर्णय -)
ईश्वरसिद्धि =)॥ कुरीतिनिवारण -)।
अङ्कगणितार्यमा ≡)॥ होमयज्ञ =)॥
शास्त्रार्थरानीगंज)॥ सत्यबोध -)

---

३) में ।।) और १०) में २) कमीशन छोड़े जायंगे। सर्वसाधारण को सामवेद मनु भाषानुवादादि पारमार्थिक और लौकिक सुधार के पुस्तक लेने का अच्छा अवसर है

पता-तुलसीराम स्वामी-मेरठ

ओ३म्

दिवाकरप्रकाश

——:*:——

अर्थात्

धर्मदिवाकर का उत्तर

——oo⁂oo——

जो

सत्यार्थप्रकाश के विरुद्ध "दयानन्दतिमिरभास्कर" नामक पुस्तक पं० ज्वालाप्रसादने बनाया था, उस का उत्तर पं० तुलसीराम स्वामी ने "भास्करप्रकाश" पुस्तक द्वारा दिया था, उस के भी उत्तर में पं० ज्वालाप्रसाद के भाई पं० बलदेवप्रसाद जी ने "धर्मदिवाकर" पुस्तक बनाकर ३ समुल्लासों का विरोध किया, उस के दूर करने को यह—

"दिवाकरप्रकाश"

पण्डित तुलसीराम स्वामी

सामवेदभाष्यकार तथा वेदप्रकाश
के सम्पादक ने रच कर अपने

स्वामियन्त्रालय—मेरठ में

छापा

आश्विन सं० १९५१ मूल्य ।)

ओ३म्

अथ दिवाकरप्रकाशः ॥

विदित हो कि माननीय स्वामी दयानन्दसरस्वती जी के रचे सत्यार्थप्रकाश में दोषान्वेषण की बुद्धि से जो पं० ज्वालाप्रसाद जीने "दयानन्दतिमिरभास्कर" नाम का पुस्तक प्रकाशित किया था उस के उत्तर में सत्यार्थप्रकाश प्रकाशित सत्य वैदिक सिद्धान्तों के रक्षार्थ उस का खण्डन तथा द० ति० भास्कर का खण्डन रूप "भास्करप्रकाश" नाम पुस्तक के ३ समुल्लास का एक भाग हम ने प्रकाशित किया था जिस में पण्डित ज्वालाप्रसाद जी के मिथ्यादोषारोपणों का भेद दिखला कर सत्यार्थप्रकाशलिखित वैदिकविषय निरूपण करके उन की पुष्टि की गई थी।

अब पण्डित ज्वालाप्रसाद जी के भाई पण्डित बलदेवप्रसाद जी ने उस के भी उत्तर में "धर्मदिवाकर" नाम पुस्तक प्रकाशित किया है। यद्यपि इस पुस्तक में पं० बलदेवप्रसाद ने प्रायः हमारे लेखों पर ही कटाक्ष किये हैं और सत्यार्थप्रकाशस्थ विषयों के खण्डन में बहुत कम परिश्रम किया है जो कि वास्तव में सत्यार्थप्रकाश के विषयों का खण्डन और अपने पौराणिक विषयों का मण्डन उन का कर्त्तव्य था सो बहुत कम किया है, इसलिये पं० बलदेवप्रसाद जी के लेख से वैदिकसिद्धान्त के मानने वाले आर्यसामाजिक समुदाय की कोई हानि नहीं, और इसलिये इस का उत्तर देना भी बहुत आवश्यक नहीं, परन्तु तौ भी जिन लोगों को केवल "धर्मदिवाकर" ही देखने का अवसर मिलेगा उन्हें भ्रम न हो, इसलिये इस धर्मदिवाकर के अनुचित अंशों के उत्तर में यह "दिवाकरप्रकाश" नामक लेख का आरम्भ किया जाता है॥

धर्मदिवाकर पं० ५ भूमिका—दयानन्दीय पन्थ इस भारतवर्ष में संस्कृतानभिज्ञ जनों में यत्र तत्र प्रचलित होने लगा है॥

उत्तर—वैदिकमार्ग को दयानन्दीय कहना अयुक्त है जब तक उस की अवैदिकता सिद्ध न करें। जब कि वेद और उपनिषदों के भाष्यकार, आक्सफ़ोर्डयूनिवर्सिटी के किसी समय संस्कृताध्यापक, शास्त्री आदि प्रदवी को प्राप्त, संस्कृत में भाष्य और शास्त्रार्थों के कर्त्ता लोग आर्यसमाज में उपस्थित हैं तब संस्कृतानभिज्ञों में प्रचार लिखना भी वास्तव के विरुद्ध है। और भारतवर्ष के अतिरिक्त फ़िलेडिलफ़िया अमेरिका देश तक आर्यसमाज का प्रचार इस थोड़े से काल में होगया है और ईसाई मुसलमान आदि बहु

प्रवृत्त मतों से भी अधिक आर्यसमाज का प्रभाव है तौ यत्र तत्र प्रचलित बताना ठीक नहीं, आप ही बताइये कि यदि आर्यसमाज का प्रचार आप अल्प और अल्प शक्तियों पर निर्भर समझते हैं तौ ईसाई मुसलमान बौद्ध आदि जो आप के अभिमत सनातन धर्म पर आघात पहुंचाया ही करते हैं, आप उन को छोड़ केवल आर्य्यसमाज के ही ऊपर क्यों दत्तदृष्टि हैं, यथार्थ में इस बात को आप का जी जानता है कि आर्यसमाज ही ऐसा बलिष्ठ होने वाला है जो पृथिवी भर के अविद्या जन्य मतमतान्तरान्धकार का निर्मूल २ करने को समर्थ है। तभी तौ सब काम छोड़ आप की दृष्टि में यही खटकता है ॥

धर्मदिवा० पं० १४-यदि वे संस्कृत विद्या जानते तौ किसी प्रकार सनातन धर्म का त्याग नहीं करते।

उत्तर-जी हां, नीलकण्ठ शास्त्री जो ईसाई पादरी बन गये वे भी तौ संस्कृत के ज्ञाता ही हैं।

धर्मदि० पं० ३० जगद्विख्यात .... पं० ज्वालाप्रसाद

उत्तर-क्यों न हो, भाई भी भाई को जगद्विख्यात न कहे तौ कौन कहे?

धर्म दि० पृ० ३ भूमिका पं० ३ सत्यार्थप्रकाश का ही खण्डन होगया तब उनके अनुयायी वर्ग कहां रहे?

उत्तर-क्या अपने मुख से कथनमात्र से ही होगया किं वा कोई शास्त्रीय प्रमाण भी है? यदि प्रमाण है तौ उसी का लिखना ठीक था, लेख बढ़ाने से क्या प्रयोजन, यूं तौ हम भी कह सक्ते हैं कि जब पुराणों ही का खण्डन हो गया तब पुराणानुयायियों की गिनती क्या है? परन्तु ऐसा लिखने से अर्थ सिद्धि कुछ नहीं, किन्तु वेदादि शास्त्रों के अनुसार किसी विषय का विधि निषेध लिखना ही सर्वसाधारण का कल्याणकारक होने से विद्वानों को कर्त्तव्य है, वृथा मन के लड्डू बनाना निष्फल है।

फिर धर्मदि० पं० ६ पृ० ३-अनुहुंकुरुते घनध्वनिं नहि गोमायुरुतानिकेशरी

उत्तर-वाहरे सिंह! आप के भ्राता सिंह नहीं हैं क्या! जिन्होंने गोमायुरुत (आप के ही मत में) का भी अनुहुंकार आरम्भ कर दिया।

धर्मदि० पृष्ठ ३ पं० १३ भूमिका-धर्मदिवाकर के पाठकों को एक २ प्रति दयानन्द तिमिरभास्कर की अवश्य ही अपने पास रखनी उचित है।

उत्तर-परन्तु उस के साथ, प्रकाशमान "सत्यार्थप्रकाश, भास्करप्रकाश, और दिवाकरप्रकाश की भी एक २ प्रति रखनी उचित है, जिस से पौराणिक मत का भेद खुलता जावे।

इति भूमिकासमीक्षणम्।

——*——

धर्मदि० पृ० १ पं० ३—तुलस्याभासोपशमनं वा

उत्तर—हमने जो भास्करप्रकाश का अपर नाम "ज्वालाभासोपशमनं वा" करके लिखा था सो तौ इस लिये ठीक था कि ज्वाला अग्नि की होती है और उस का उपशमन बुझाना भी बन सक्ता है, परन्तु आप उस का अनुसरण करने तौ चले परन्तु पूरा अनुसरण न बन पड़ा। सच है सिंह का चित्र तौ बन सकता है परन्तु वह पराक्रम तौ उस में नहीं आसक्ता। तुलसी का उपशमन क्या! क्या आप अब तुलसी की माला का खण्डन किया करेंगे? यह तौ वही मसल हुई कि हम भी पांच ही टके लेंगे। इसी विरते पर आर्यों को संस्कृतानभिज्ञ लिखते हैं?

धर्मदि० पृ० १ पं० १८ आपने यह भास्करप्रकाश लिखकर इतना श्रम क्यों उठाया?

उत्तर—इसलिये कि सत्यार्थप्रकाशस्थ सत्य की रक्षा और तिमिरभास्करके वृथादोषारोपों का मर्म सब लोग जान लें॥

धर्मदिवाकर पृ० २ पं० १४ संस्कृत जानने वाले आर्य्य भी प्रायः संशय निवृत्त्यर्थ हम को पत्र लिखते हैं।

उ०—महाशय जी! आपने "संस्कृत न जानने वाले" का "न" क्यों उड़ा दिया जिस से अर्थ ही बदल गया, ऐसी ही कतर ब्योंत से पुस्तक पूर्ण किया है? संस्कृत न जानने वाले ही संशय में कोई पड़े हों, संस्कृत जानने वाले आर्यों पर इस का प्रभाव ही क्या होता।

धर्मदि० पृ० ३ पं० २१ सत्य जगत् भर में व्याप्त हो जाता है इतने ही देशों में नहीं द० ति० भास्कर, अमेरिका स्पेन ट्रिनिडाड आदि स्थानों में पोल खोलने को जा चुके हैं,॥

उत्तर—क्या सत्य ही जगत् में व्याप्त है असत्य नहीं, सच बूझो तौ आप के मत में तौ कलियुग में असत्य ही अधिक शीघ्र प्रचार पाता है, अमेरिकादि देशों में प्रथम सत्यार्थप्रकाश गया तब तौ यह द० ति० भास्कर गया अन्यथा इस का क्या काम था। बस यदि जगत् में अधिक प्रचार होने से द० ति० भास्कर सत्य है तौ सत्यार्थप्रकाश आप के मत में भी उस से अधिक सत्य ठहरा जिस की खेमराज जैसे पुस्तकों के प्रसिद्ध व्यापारी का आश्रय विना लिये ही अब तक ५००० की ५ वीं आवृत्ति छप चुकी है।

धर्मदि० पृ० २ पं० २४ नवीन आर्य्यों को सन्देह ही नहीं उठा है, बल्कि अनेकों ने समाज छोड़ दिये हैं।

उत्तर-प्रथम तौ समाज किसी ने नहीं छोड़ा और कहीं किसी मन्दबुद्धि पुरुष को संशय भी होगया हो तौ उस के दूसरी ओर लक्षावधि आर्य्य भी तौ पौराणिकमत छोड़ वैदिक बन चुके हैं, और बनते ही जाते हैं ।

धर्मदि० पृ० ३ पं० २१ ग्रन्थ का नाम "भास्करप्रकाश" रक्खा है, प्रथम तौ नाम ही अशुद्ध है क्योंकि "भाः करोतीति भास्करः" अर्थात् जो प्रकाश करै उस का नाम भास्कर होता है फिर प्रकाश का प्रकाश क्या होगा ।

उत्तर-तभी तौ व्याकरण में अड़ने को हम आप को निषेध करते हैं । भला "करोति" का अर्थ "करता है" तब भास्कर नाम प्रकाश करने वाले का हुवा न कि प्रकाश का । फिर "प्रकाश का प्रकाश" यह अर्थ कब होसक्ता है । सुनिये-

भाः प्रकाशस्तं करोतीति भास्करः सूर्यस्तस्य प्रकाशः=भास्करप्रकाशः । यथा सूर्यस्य प्रकाशोऽन्धकारं नाशयति तथैव ग्रन्थस्याऽस्य प्रकाशोपि अविद्याऽन्धकारनिर्मूलक इति बोध्यम् ॥

भाः प्रकाश को कहते हैं उस का कर्त्ता सूर्य्य=भास्कर हुआ । उस सूर्य्य= भास्कर का प्रकाश जिस प्रकार अन्धकार की निवृत्ति करता है उसी प्रकार इस ग्रन्थ का प्रकाश भी अविद्याकल्पित नाना मतों का अन्धकार मिटाता है । क्या आप ने शीघ्रबोध में भी प्रथम श्लोक "भासयन्तं जगद्भासा" का प्रयोग भी नहीं देखा जो "करोति" के कर्म "भासम्" के स्थान में "भाः" लिख मारा । व्याकरण का ऐसा अजीर्ण है तभी तौ आर्यों को संस्कृताऽनभिज्ञ बताते हैं ॥

धर्म दि० पृ० ४ पं० ९ मित्रादि नाम से ईश्वर का ही ग्रहण करना चाहिये इस विषय में सत्यार्थप्रकाश में कोई वैदिक प्रमाण नहीं लिखा ॥

उ०-सत्यार्थप्रकाश में पुस्तक खोलकर देखिये कि ऋग्वेद मं० १ सूक्त १६४ मं० ४६ का प्रमाण स्पष्ट दिया है कि-

इन्द्रं॑ मि॒त्रं वरु॑णम॒ग्निमा॑हु॒रथो॑ दि॒व्यः स सु॑प॒र्णो ग॒रुत्मा॑न् ।
एकं॒ सद्विप्रा॑ बहु॒धा व॑दन्त्य॒ग्निं य॒मं मा॑त॒रिश्वा॑नमाहुः ॥

इस मन्त्र का स्पष्ट अर्थ यही है कि (एकं सत्) एक सत् स्वरूप को (विप्राः बहुधा वदन्ति) विप्र लोग बहुधा कहते हैं (इन्द्रं मित्रं वरुणमित्यादि) इन्द्र मित्र और वरुण इत्यादि । फिर आप का लिखना कैसा अनर्गल है कि कोई वैदिक प्रमाण नहीं दिया । हम को आश्चर्य तौ यह है कि इस प्रमाण को पं० ज्वालाप्रसाद जी और पं० बलदेवप्रसाद जी दोनों ने ही

दृष्टि से बाहर कर दिया और चुपकेसे आगे चल दिये । अब आप जो धर्म दि० पृ० ४ पं० १४ में लिखते हैं कि "अष्टौ पुत्रासो अदितेः"। मित्रश्च वरुणश्च धाता चार्यमा च । अंशश्च भगश्च इंद्रश्च विवस्वांश्चेति, इस का-

उत्तर–स्वामी जी ने वा हमने कहीं यह नहीं लिखा कि मित्रादि नाम से ईश्वर के अतिरिक्त अन्य अर्थ न लिया जावे । किन्तु प्रकरणानुसार लेना चाहिये । इस लिये उपासना स्तुति प्रार्थना के प्रकरण में परमात्मा, और व्यावहारिक प्रसंगों में अन्य पदार्थों के वाचक मित्रादि नाम समझने चाहियें । फिर आप के इस लिखने से क्या फल है कि अदिति के ८ पुत्रों के मित्रादि नाम हैं । अदिति के क्या आज कल भी कोई अपने पुत्रों के नाम मित्र इन्द्र इत्यादि रख सकता है परन्तु क्या उस के रखलेने से वे ऊपर लिखे वेदप्रमाणानुकूल परमेश्वर के नाम न रहेंगे ? अवश्य रहेंगे ॥

ध० दि० पृष्ठ ४ पं० १८ से–यजुर्वेद में भी यह अदिति के पुत्र लिखे हैं ॥

महि त्रीणामवोऽस्तु द्युक्षं मित्रस्यार्यम्णः । दुराधर्षं वरुणस्य ॥

यजुः अ० ३ मन्त्र ॥३१॥

(मित्रस्य) मित्र देवता की (अर्यम्णः) अर्यमा देवता की (वरुणस्य) वरुण देवता की (त्रीणाम्) इन तीनों देवता सम्बन्धी (महि) बड़ी (द्युक्षम्) श्रेष्ठ द्रव्यों से युक्त (दुराधर्षम्) तिरस्कार न पाने वाली (अवः) रक्षा हम को (अस्तु) हो ॥३१॥

उत्तर–इस मन्त्र से पूर्व मन्त्र यह है–

मा नः शꣳसो अररुषो धूर्तिः प्रणङ् मर्त्यस्य ।
रक्षा णो ब्रह्मणस्पते ॥ ३ । ३० ॥ यजुः ॥

जिस का अर्थ यह है कि (ब्रह्मणस्पते) हे जगदीश्वर ! आप की कृपा से (मा, नः, शंसः, प्रणक्) नहीं, हमारा, स्तोत्र, नष्ट हो । (अररुषः मर्त्यस्य) परधनहारी मनुष्य की (धूर्त्तिः) धूर्त्तता से (नः, रक्ष) हमें बचाओ ॥

इस मन्त्र से अगले मन्त्र में " ब्रह्मणस्पते " पद की अनुवृत्ति जाती है तो आप के लिखे अनुसार ही समस्त पदों का अर्थ सही, तब भी यह तात्पर्य निकला कि मित्र अर्यमा वरुण इन तीनों देवतों अर्थात् दिव्यगुण युक्त भौतिक पदार्थों से, हे ब्रह्मणस्पते ! परमात्मन् ! हमारी रक्षा हो । अर्थात्

ऐसी कृपा कीजिये कि ये पदार्थ हम को सुखदायक हों ॥

यह प्रकरण देवता अर्थ का है क्योंकि परमात्मा से प्रार्थना की गई है कि वह इन से हमारी रक्षा करे। परन्तु "शन्नोमित्रः" इस मन्त्र में साक्षात् मित्र वरुण से ही प्रार्थना है इस लिये वहां मित्र वरुण आदि पदों का वाच्य परमात्मा ही समझना ठीक है। अन्य देवता नहीं ॥

ध० दि० पृ० ४ पं० २१ से-

ते हि पुत्रासोअदितेः । यजुः । ३ । ३३ ॥

ये ऊपर कहे अदिति के पुत्र हैं। इत्यादि ॥

उत्तर-निस्सन्देह यह अदिति के पुत्र हैं। इन से परमात्मा हमारी रक्षा करे। इस प्रसङ्ग में ये परमात्मा के नाम नहीं परन्तु "इन्द्रंमित्रं०" ऊपर लिखे प्रमाणानुसार जब ये नाम परमात्मा के भी हैं तो "शन्नोमित्रः" इत्यादि मन्त्रों में परमात्मा ही अर्थ समझना ठीक है। और अदिति के पुत्र से भी यह तात्पर्य नहीं है कि मित्र वरुण आदि कोई प्राणी हैं। किन्तु जलादि भौतिक द्रव्यों के नाम हैं जो दिव्यगुणयुक्त होने से देवता और अदिति अखण्डित प्रकृति के पुत्र हैं। अदिति प्रकृति को कहते हैं, इस में प्रमाण-

चरुरदित्यै विष्णुपत्न्यै

अदिति विष्णु की पत्नी को कहते हैं क्योंकि प्रकृति और पुरुष जो सृष्टि के रचने वाले हैं उन में विष्णु व्यापक पुरुष है और उपादान कारण प्रकृति स्त्री वा पत्नी है। संसार में भी निमित्त कारण पिता और उपादान कारण माता होती है। यद्यपि पिता का भी किञ्चित् वीर्य उपादानकारण है परन्तु मुख्य करके समस्त शरीर में जन्मते समय जितने रस रक्त मांसादि होते हैं उन का उपादान माता ही है ॥

ध० दि० पृष्ठ ५ पं० १८ यदि विश्वास के लिये कोई हमारे पास आवे तो हम उस लिखे हुवे का दर्शन करा सकते हैं। इत्यादि ॥

उत्तर-यदि आप सत्यार्थप्रकाश की आदि की लिखी कापी दिखला भी दें तो क्या आप के दिखलाने से यह सिद्ध होजायगा कि वह लेख श्रीस्वामी जी का ठीक सम्मत है। निदान तब भी तो वह स्वामी जी के बतलाने अनुसार पण्डितों का ही लेख ठहरेगा। और स्वामी जी उन दिनों हमारे देश की भाषा उत्तम प्रकार से नहीं जानते थे तो उन के आशय को भूल से वा जान बूझ कर पाठ में और तात्पर्य में भेद होना सम्भव ही है ॥

ध० दि० पृ० ५ पङ्क्ति २४—नानक कबीर साहब ईसाई मुसल्मानों के ग्रन्थ भी स्वामी जीने संस्कृत ही में देखे थे ? अरबी की तालीम कहां हुई थी ?

उ०—इन लोगों के मतसम्बन्धी पुस्तक प्रायः नागरी भाषा में मिलते हैं जो कालान्तर में देश भाषा जानकर उन्होंने देखे और जो कुछ न देखा सो सं० इन्द्रमणि आदि उस समय के अरबी के विद्वान् लोगों से जान कर लिखा ॥

ध० दि० पृष्ठ ७ पं० २ कौन सनातनधर्मी अल्लोपनिषद् का प्रमाण करता है किसने माना है । कहां उस की गणना है १०८ उपनिषदों के नाम मुक्तिकोपनिषद् में लिखे हैं उस में कहीं अल्लोपनिषद् का नाम नहीं । इत्यादि

उत्तर—चलो अच्छा हुआ आज एक कट्टर सनातनी ने अल्लोपनिषद् के मानने से नकार तो किया । परमात्मा सनातनियों को सुमति दे कि वे धीरे२ शङ्कराचार्य के भाष्य तक १० वा १२ उपनिषद् के अतिरिक्त शेष उपनिषदाभासों को भी अल्लोपनिषद् के समान त्याग दें । अस्तु कैवल्योपनिषद् तो आप के १०८ के अन्तर्गत है इसलिये उस का प्रमाण देकर जो स्वामी जीने सिद्ध किया कि ये सब नाम परमात्मा के हैं । इस के मानने में आप को कोई बाधा नहीं होसकती । हां, यह दूसरी बात है कि अब की बार आप कैवल्योपनिषद् को भी अप्रमाण कहदें । सत्यार्थप्रकाश में जो स्वामी जी ने अल्लोपनिषद् छापा है सो प्रमाण देने को नहीं किन्तु मिथ्या उपनिषदों में से एक नमूना (निदर्शन) दिया है कि इस प्रकार की कल्पना लोगों ने करके उपनिषद् नाम धर दिये हैं ॥

धर्मदि० पृष्ठ ७ पं० ८—इन्द्रं मित्रं० किस वेद का मन्त्र कहां स्वामीजी ने लिखा है ? और क्या इस एक मन्त्र में स्वामीजी लिखित १०० नाम आगये । यदि नहीं आये तो शेष नाम अशुद्ध हैं । इत्यादि ॥

उत्तर—इन्द्रं मित्रं० मन्त्र स्वामीजी ने सत्यार्थप्रकाश पृष्ठ ४ में लिखा है और यह ऋग्वेद मं० १ सू० १६४ का ४६ वां मन्त्र है । आश्चर्य की बात है कि जिन लोगों ने सत्यार्थप्रकाश के आरम्भ ही में छपा यह मन्त्र तक नहीं देखा वे लोग भी सत्यार्थप्रकाश के खण्डन का उद्योग करते हैं ? और १०० नाम इस मन्त्र में नहीं आये तो उन का आना आवश्यक भी क्या था, केवल निदर्शन (नमूना) दिखाना कि इन्द्रादि नाम इस प्रकार के प्रमाणों से परमात्मा के हैं, और शन्नोमित्रः० इस मन्त्र में आये हुए मित्रादि नामों से परमात्मा का ग्रहण करने में प्रमाण देने की आवश्यकता थी, सो इस मन्त्र में इन्द्र मित्र

आदि नाम आगये । १०० नामों में से शेष नामों की व्याख्या स्वामीजी ने इसलिये करदी है कि स्तुति प्रार्थना उपासना के प्रकरण में वेदों में इस प्रकार के नाम आवें तौ इस प्रकार से उनके धातुज यौगिक अर्थ लेने चाहियें। न कि रूढी॥ इस लिये व्याकरण से सिद्ध किये १०० नामों के ईश्वरार्थ में कोई दोष नहीं आता॥

धर्मदि०पृष्ठ ७ पं० ११-और वेद के अनुकूल चाहें जहां का प्रमाण दे सकते हो तौ दयानन्दजी ने अनेक शास्त्रीय ग्रन्थ तथा तन्त्र पुराण उप पुराणादि को मिथ्या कहा है। और शास्त्र और दश उपनिषदों में भी पृष्ठ ७१ में वेदविरुद्धता स्वीकार की है जब कि कोई पुरुष त्याज्य कहकर फिर उसी वस्तु को स्वीकार करे उस का लेख प्रमाद और घृणायुक्त क्यों न समझा जावे जब आप वेदानुकूल ही मानते हो तो प्रथम यह बातें वेद में ही दिखाइये। जब वेद में दिखा दो तौ उन ग्रन्थों का प्रमाण दीजिये। यदि कुछ शक्ति विद्या की हो तौ सम्पूर्ण अपनी वार्ता मन्त्र भाग से साबित करो।

उत्तर-वेद के अनुकूल चाहे जहां का प्रमाण निःसन्देह दे सक्ते हैं और आप को मानना पड़ेगा। स्वामीजी ने जो ग्रन्थों वा उन के किन्हीं अंशों को त्याज्य लिखा है सो वेदविरुद्धांश का त्याग लिखा है न कि सब का। यह भी नहीं है कि स्वामीजी का यह लिखना कोई नई बात हो किन्तु जैमिनि ने भी मीमांसा में लिखा है किः-

विरोधे त्वनपेक्ष्यं स्यादसति ह्यनुमानम् मी० अ० १ पा० ३ सूत्र ३॥

अर्थात् विरोध करने वाले वाक्य त्याज्य हैं और विरोध न होने ही से अनुकूल का अनुमान करना चाहिये। हम इस सूत्र को भास्करप्रकाश के पृष्ठ ५८ में अर्थसहित लिख भी चुके हैं तथापि आप ने उस पर ध्यान नहीं दिया न जाने भूलकर अथवा ईश्वर जाने, जान बूझ कर छोड़ दिया। जब कि अन्य ग्रंथों को सर्वांश त्याज्य नहीं कहा किन्तु वेदविरुद्धांश मात्र त्याज्य कहा है तौ आप का यह लिखना ठीक नहीं कि त्याज्य कह कर स्वीकार किया। और अपनी वार्त्ता वेद में दिखाने को जो कहते हो सो प्रथम तौ यह बताइये कि क्या सन्ध्या आचमन अग्निहोत्र आदि आर्य्यसमाजियों की वार्त्ता हैं सनातनियों की नहीं? यदि हैं तौ "अपनी" क्यों लिखा है। तथा जब सन्ध्या आदि का वेद में विरोध नहीं तौ वेदानुकूल स्वयं हुवे। यदि विरोध है तौ जैसे हम मूर्त्तिपूजा के विरुद्ध वेदमन्त्र देते हैं किः-

न तस्य॑ प्रति॒मा अ॑स्ति॒० । यजुः ३२।३

इसी प्रकार आप को भी सन्ध्या आचमनादि से विरोध है तो वेद में इस का निषेध दिखाइये । आज कल पण्डितों ने अब तक सन्ध्या आदि को वेदविरुद्ध सिद्ध भी नहीं किया है । इसलिये यह कीर्त्ति आप को शोभा भी देगी ॥

धर्मदि० पृष्ठ ७ पं० २३ में—यदि वेदानुकूल ही प्रमाण है तो इन ब्रह्माण्ड के ग्रन्थ इंजील कुरानादि ने क्या बिगाड़ा है। सत्य तो यह है आपके मतलब का नाम वेदानुकूल है ॥

उत्तर—आप नहीं जानते कि इञ्जील कुरानादि ने क्या बिगाड़ा है? क्या इञ्जील के उपदेष्टा वेद की निन्दा करते, वेदानुयायियों की भोली सन्तानों को वेद का धर्म छुड़ाकर ईसाई बनाते और वेद का शत्रु बनाते आप ने नहीं देखा । और क्या कुरान के अनुयायियों द्वारा वेदानुयायियों के धर्म धन मान प्रतिष्ठा और पर लोक तथा इस लोक को बिगाड़ कर साधारण और बलपूर्वक मुसलमान बनाया गया। यह भी आप नहीं जानते। सच है, "ऐसी बहू मत देव विधाता । घरकों से वैर पड़ोसी से नाता" ।। हमारे मतलब का नाम वेदानुकूल है नहीं किन्तु जो वेदानुकूल है वही हमारा मतलब है ॥

धर्मदि० पृष्ठ ७ पं० २५—और जब अपना मत स्थापित करते हो तब अपने घर के प्रमाण दीजिये दूसरों के स्थान की वस्तु मत छुवो। इत्यादि॥

उत्तर—

परमतमऽप्रतिषिद्धं स्वमतम् ॥

जितना पराया मत अपना निषिद्ध न हो उतना स्वमत ही है । जिस प्रकार सच बोलना सब मतों का अपने से निषिद्ध नहीं है तो स्वमत हुवा। बस ऐसी बात के सिद्ध करने लिये जो पराये मत में मानी गई हो और अपने मत में उस का निषेध न हो, वह अपना ही मत समझना चाहिये । इस के अनुसार जिन बातों को हिन्दू लोग मानते हैं उन के लिये उन के माने ग्रंथों का प्रमाण देकर भी सिद्ध करना अनुचित नहीं । वेदानुकूल का अर्थ साक्षात् ही वेद में वर्णित हो, यह नहीं है किन्तु वेद के विरुद्ध न हो वह वेदानुकूल समझा जायगा । जिस प्रकार राजा के अनुकूल ही समझा जाता है और समझा जाना चाहिये। इस विषय में जैमिनि का मत हम ऊपर दिखा चुके हैं ॥

धर्मदि० पृष्ठ ८ पं० ४–ब्रह्मारूप होकर जगत् को बनाता है इस में आप को सन्देह है–तौ सत्यार्थप्रकाश पृष्ठ १६ पं० ९ वृहस्पति को बड़ों से बड़ा और आकाशादि ब्रह्माण्डों का स्वामी लिखा है। इस में आकाश और ब्रह्माण्ड कहां से घुस पड़ा ॥

उत्तर–बृहस्पति शब्द का समास "बृहतां पतिर्बृहस्पतिः" है। जिस का अक्षरार्थ यह हुवा कि "बड़ों का पति स्वामी" ब्रह्माण्ड और आकाश बहुत बड़े हैं परमात्मा इन से बड़ा और इन का स्वामी भी है इस लिये आकाश और ब्रह्माण्ड घुस पड़ा। आप को यह सिद्ध करना था कि "ब्रह्मारूप होकर" यह किस अक्षर पद वाक्य का अर्थ वा ध्वनि है, सो न करके केवल बृहस्पति शब्द के स्वामीनीकृत अर्थ में वृथा दोषारोपण से काम नहीं चलेगा ॥

धर्मदि० पृष्ठ ८ पं० १२–

इन्द्रोमायाभिःपुरुरूपईयते। इत्यादि ॥

इन प्रमाणों से रूप होना सिद्ध है। इन को जो ईश्वर का विग्रह हैं पूर्वज विद्वान् बताना आप के संन्यासी जी की मोटी बुद्धि का फल है ॥

उत्तर–क्या मन्त्र में " रूप " शब्द आने से ही ईश्वर का रूप सिद्ध हो गया। ऐसा है तौ–

अशब्दमस्पर्शमऽरूपमव्ययम् ॥

इत्यादि उपनिषद्वाक्यों में आये "अरूप" पद का क्या अर्थ कीजियेगा। क्या रूप पद के आते ही विग्रह (देह) सिद्ध हो जाता है? क्या जब यह कहा जाता है कि "वचन रूपी वाण मत मारो" तौ वचन (शब्द) का कोई रूप=विग्रह वा देह हो जाता है? नहीं, किन्तु यहां रूप शब्द, स्वरूप वा सत्तामात्र वालों का वाचक है। जैसे "सच्चिदानन्दस्वरूप" में स्वरूप शब्द सत्ता को बोध कराता है। यदि आप रूप शब्द से काय=देह लेंगे तौ–

सपर्य्यगाच्छुक्रमंऽकायमंऽव्रण० ॥

इत्यादि वेदवाक्यों में आये "अकाय" पद का क्या निर्वाह करियेगा? ब्रह्मा विष्णु शिव आदि देहधारियों को "पूर्वज विद्वान्" कहना क्या अनुचित है? उन को "अवरज अविद्वान्" तौ नहीं कहा। स्वामीजी की बुद्धि को "मोटी" बताना आप की "पतली" बुद्धि का फल है ॥

धर्मदि० पृ० ८ पं० १६ भङ्ग पीना तौ शिवजी की उपासना का फल है

परन्तु मुरादाबाद में जब पेचवान के साथ आये थे तब हुक्का पीना कदाचित् आप से स्वामियों की संगति का फल होगा ।

उत्तर—प्रथम तो हुक्के पर आक्षेप करने और सत्यार्थप्रकाश के खण्डन से कुछ सम्बन्ध नहीं । फिर स्वामी जी का पेचवान् हुक्का पीना भङ्ग आदि मादकों के समान दूषित नहीं, और वे हुक्का व्यसन की रीति से पीते थे इस में कोई प्रमाण नहीं, हम स्वामियों में हुक्का पीने का बाप दादों से रिवाज नहीं, और आप भी गौड़ हैं तो कलियुगी जातिधर्म के अनुसार हुक्के ही से जाति है तो आप के आक्षेप को अवकाश नहीं ।

धर्मदि० पृ० ८ पं० १९-१२ वर्ष तक भङ्ग स्वामीजी ने घोटी होगी और फोक सही रहा तभी तो आज तक बदल करते२ भी सत्यार्थप्रकाश अशुद्धियों से पूर्ण रहा ॥

उत्तर—क्या किसी पुस्तक के अशुद्ध छपने से ग्रन्थकार का भङ्ग पीना साबित हो जाता है ? ऐसा है तो, भङ्ग को भंग, जगत् को जगत, बृहत् को वृहत, बृहस्पति को बुहस्पति, बभूव को वभूब, विद्वान् को बिद्वान्, संन्यासी को सन्यासी, जङ्गल को जंगल, इत्यादि प्रतिपृष्ठ और प्रतिपङ्क्ति शतशः अशुद्धि धर्मदिवाकर में छपी हैं, क्या आप ने भङ्ग ही पीकर छपाया है ? हमारे कहने का यह तात्पर्य नहीं है कि हमारे वा स्वामी जी के बनाये छपाये पुस्तकों में अशुद्धि न रहें वा न छपें वा स्वामी जी और हम सर्वज्ञ हैं किन्तु "छाज बोले तो बोले चलनी भी बोलती है जिस में ७२ छेद" । इस कहावत के अनुसार आप के छोटे से पुस्तक में सहस्रशः अशुद्धि रहते हुवे भी स्वामी जी कृत सत्यार्थप्रकाशादि की अशुद्धियों का उलाहना देना ठीक नहीं, पुस्तकों में अशुद्धियां रह ही जाती हैं ।

धर्मदि० पृ० ८ पं० २८ पं० जी ने देव शब्द का अर्थ मिथ्या और अशुद्ध बताया है तथा नारायण शब्द का अर्थ मनु से विरुद्ध बताया है ।

उत्तर—देव शब्द के १० अर्थों में केवल एक अर्थ में दूषण दिया है कि (मद) का अर्थ—मदोन्मत्तों का ताडन करने वाला, नहीं होता । सो क्या महादेव के तुल्य नशा करने वाला अर्थ है ? नहीं, मदी हर्ष धातु का मद शब्द बना है और अन्तर्भूत णिजर्थ मान कर हर्ष करने वाला अर्थ हुवा । मदोन्मत्त लोग मद में शरीरस्थ यथार्थ हर्ष को नष्ट करते हैं परमात्मा उन्हें ताडन करके हर्ष का यथार्थ सुख देता है । इसलिये स्वामी जी का लिखा अर्थ

बन सक्ता है। आपोनारा० इत्यादि श्लोक से नारायण शब्द के अर्थ में यह लिख देने से कि "अशुद्ध है,, । अशुद्ध नहीं होसक्ता। किन्तु क्या अशुद्धि है यह तो न पं० ज्वालाप्र० ने लिखा, न आप लिखते हैं। केवल अकारण अशुद्ध बताना सहज बात समझ लिया है।

मङ्गलाचरण

धर्मदि० पृ० १० पं० १ सत्यार्थप्रकाश में अनेक दुर्वाक्य और असत्य कपोलकल्पित वेदमन्त्र बना कर लिखना अमङ्गल रूप क्यों न समझा जायगा। उदाहरण के लिये स० पृ० २२३

ततो मनुष्याअजायन्त, और—मनुष्या ऋषयश्च ये।

क्या यह दो वाक्य इसी प्रकार कहीं आप यजुर्वेद में दिखला सक्ते हैं? एक नुकते से जाल होकर मनुष्य दण्ड योग्य और अविश्वासी गिना जाता है, सत्यार्थप्र० में सैंकड़ों असत्य कल्पित लेख हैं, इस कारण असङ्गल रूप ही है॥

उत्तर—अब ग्रन्थ ही का उत्तर होता है न? जहां २ आप जो २ कपोलकल्पितता बतायंगे वहां २ उस २ का उत्तर दिया ही जायगा। हां, जो उदाहरण के लिये आपने दो वेदवाक्य लिखे हैं, उन वाक्यों का समाधान सुनिये—

जाल बनाना उसे कहते हैं जिस में अपने प्रयोजन को सिद्ध करने और दूसरे को हानि पहुंचाने के अभिप्राय से किसी प्रकार के बनावटी प्रमाण को प्रमाण की रीति पर दिखलाया जावे, जिस प्रमाण को कि प्रमाण देने वाला जानता हो कि यह प्रमाण यथार्थ में मेरा पक्षपोषक नहीं परन्तु मैं इस प्रमाण को झूंठ मूंठ बना कर दिखला दूंगा तो मेरा प्रयोजन सिद्ध होजायगा और दूसरे की हानि भी चाहे हो। परन्तु स्वामी जी के लिखे उन वाक्यों से जिन को उन्हों ने वेदवाक्य करके लिखा है, क्या यह सिद्ध होता है कि उन्हों ने अपने प्रयोजन सिद्ध करने को कल्पित मन्त्र घड़ लिये?। विचारना चाहिये कि यहां प्रकरण क्या है। सत्यार्थप्रकाश में वहां यह प्रश्न है कि—(प्रश्न) सृष्टि को आदि में एक वा अनेक मनुष्य उत्पन्न किये थे वा क्या?। इस प्रश्न के उत्तर में यह सिद्ध करने को कि एक मनुष्य नहीं किन्तु अनेक मनुष्य उत्पन्न हुवे, स्वामी जी ने उक्त दो वाक्य लिखे हैं। वक्ता का तात्पर्य समझने के लिये वाक्य के सम्पूर्ण अवयवों पर ध्यान देना चाहिये। इस प्रश्न को उठा कर उत्तर देने में स्वामी जी का तात्पर्य्य यह है कि सृष्टि का बीज एक २ मनुष्य पशु पक्षी आदि नहीं है किन्तु मनुष्यादि अनेकों से

सृष्टि आरम्भ हुई । केवल मनुष्य शब्द लिखने का कारण यह है कि सृष्टि में मनुष्य प्रधान है, प्रधान के उपलक्षण से अप्रधान पशु पक्षी कीट पतङ्गादि का भी ग्रहण होता है । जैसे किसी को दधि की रक्षार्थ किसी से कहना हो तो वह कहता है कि "देखो दही रखा है कव्वा न खाजावे, देखते रहना" तो वक्ता का तात्पर्य दही की रक्षा में हैं न कि केवल कव्वे (काक) मात्र से, किन्तु कव्वा कुत्ता आदि सभी से दही की रक्षार्थ कहने में तात्पर्य है । परन्तु काक का दही खाजाने को आजाना अधिक सम्भव मानकर वह केवल काक का नाम ही लेता है । तथापि रखवारे को चाहिये कि कव्वे के अतिरिक्त कुत्ते आदि से भी दही को बचावे । इसी प्रकार स्वामी जी का मुख्य तात्पर्य एक वा अनेक में हैं, न कि केवल मनुष्य में । अब सोचना चाहिये कि उन के इस प्रश्न का उत्तर यजुर्वेद से क्या मिलता है कि सृष्टि का आरम्भ एक २ प्राणी से हुआ वा अनेक २ से ? ।

यजुर्वेद के ३१ वें अध्याय में यह ८ वां मन्त्र है कि–

तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः । गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः ॥ यजुः ॥ ३१ । ८ ॥

इस का अर्थ यह है कि उस पुरुष परमात्मा से घोड़े, नीचे ऊपर दान्त वाले, गौ आदि और एकदान्त वाले और बकरे भेड़ आदि सब उत्पन्न हुवे ॥

यहां अश्वाः, उभयादतः, गावः, जाताः, अजावयः, इतने बहुवचन आये हैं जो इस बात का प्रमाण हैं कि प्रत्येक प्राणी की जाति में अनेक व्यक्तियां सृष्टि के आरम्भ में उत्पन्न हुईं । फिर इस से अगले मन्त्र में:–

तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः । तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये ॥ यजुः ३१ । ९ ॥

इस का अर्थ यह है कि देव, साध्य और ऋषिलोग उत्पन्न हुवे उन्होंने उस अपने से पूर्ववर्त्तमान, पूजनीय, [पुरुष–परमात्मा] को हृदय रूप कुशासन पर स्थित पाया और पूजित किया ॥

यहां भी साध्याः, देवाः, और ऋषयः इन बहुवचनों से प्रतीत होता है कि साध्य और ऋषिसंज्ञक बहुत से मनुष्य सृष्टि के आरम्भ में उत्पन्न हुवे ॥

बस इस से प्रमाणित है कि जिस प्रश्न के उत्तर में स्वामी जीने दो वाक्यों से सिद्ध किया है कि सृष्टि के आरम्भ में मनुष्यादि प्राणियों की अनेक २

व्यक्तियां उत्पन्न हुईं न कि एक २। सो इन मन्त्रों से ठीक पाया ही जाता है। इस लिये स्वामी जीने अपने पक्ष के सिद्ध करने के लिये असत्य कल्पित नहीं किया। और जो कुछ लिखा है वैसा भाव ऊपर लिखे दो वेदमन्त्रों में उपस्थित है। केवल यह भेद है किः-

" तस्मादश्वा अजायन्त " के स्थान में-

" ततो मनुष्या अजायन्त " है। और

" साध्या ऋषयश्च ये " के स्थान में-

" मनुष्या ऋषयश्च ये "

इतना पाठभेद है। परन्तु दोनों मन्त्रों में वह भाव उपस्थित है जो स्वामी जीने लिखा है। तथा यह भी सम्भव है कि बोलने वा लिखने में यह भेद पड़गया हो अथवा किन्हीं लिखी हुई पुस्तकों में जिन पर स्वामीजी ने पढ़ा हो, ऐसा भिन्न पाठ हो ॥ परन्तु यह किसी प्रकार नहीं सिद्ध होताकि स्वामी जी ने स्वप्रयोजनार्थ कल्पना करली ॥

ध० दि० "हिरण्याक्ष पृथिवी का बोरिया बना कर लेगया" इस प्रकार सत्यार्थप्रकाश में लिखा है। क्या कहीं यह ऐसी कथा आप भागवत में दिखा सकते हैं। इत्यादि ॥

उत्तर-आप जो बार २ इस बात का ज़ोर देते हैं कि क्या आप ऐसा ही पाठ भागवत वा यजुर्वेद में दिखा सक्ते हैं। हम आप ही से पूछते हैं कि क्या आप "हिरण्याक्ष पृथिवी का बोरिया बना कर ले गया" यह पाठ इसी प्रकार सत्यार्थप्रकाश में दिखा सक्ते हैं? सत्यार्थप्रकाश में ऐसा पाठ कहीं नहीं। तब आप यह उत्तर देंगे कि ऐसा पाठ नहीं परन्तु यह तात्पर्य तो है। तो हमारा भी यही उत्तर जानिये कि भागवत में हिरण्याक्ष की लेजाई हुई पृथिवी का वाराहावतार द्वारा उद्धार करना और हिरण्याक्ष का वाराह द्वारा मारा जाना आदि असम्भव कथा तो भागवत में हैं ही, स्वामी जी क्या भागवत का शब्दानुवाद करते हैं? किन्तु आशय ही लिखते हैं। इसलिये सत्यार्थप्रकाश में प्रकाशित भागवत की समस्त पोल का समाधान जब तक आप न करें तब तक इन बातों से काम नहीं चल सक्ता ॥

आगे ध० दि० पृ० १० पं० १७ से पृ० ११ पं० ६ तक कृष्ण और हरि शब्दों को ईश्वरवाचक सिद्ध करने के लिये ज़ोर लगाया है।

उत्तर—'शब्दस्तोममहानिधि' कोई आर्ष ग्रन्थ नहीं, उस से सिद्ध करना, स्वामी जी के प्रतिकूल काम नहीं दे सक्ता। कृषिर्भूवाचकः० इस कारिका को हम ने पूछा था कि किस ग्रन्थ की है? आप इस को महाभारत उद्योगपर्व ७०। ५ के पते पर लिखते हैं। हम ने कलकत्ते के प्रतापचन्द्र राय मुद्रापित महाभारत के पुस्तक को देखा तौ उस में ७० वें अध्याय में वहां केवल ७ श्लोक हैं उन में आप की कारिका का पता भी नहीं प्रत्युत "कृष्ण" शब्द भी नहीं। यदि पुराणों में और विशेष कर महाभारत में २४००० के १००००० से ऊपर घड़न्त के कारण किसी महाभारत में यह पाठ निकल भी आवे तौ महाभारत इतिहास का पुस्तक है, व्याकरण वा कोष वा निरुक्त का नहीं, जिस का प्रमाण इस विषय में ठीक हो। यथा उस में आदि पर्व में लिखा है कि—

चतुर्विंशतिसाहस्रीं चक्रे भारतसंहिताम्

फिर २४००० के एक लक्ष से ऊपर बनते और मुम्बई के छपे से कलकत्ते के छपे हुवे में भी सहस्रावधि श्लोकों का अन्तर होते हुवे ऐसे विवादास्पद विषय में उस का प्रमाण ही क्या। आप जो "कृषेर्वर्णे" उणा० तृतीय पा० से कृष्ण शब्द बनाते हैं सो तौ हमारा पक्षपोषक है कि 'कृष्ण' काले वर्ण अर्थात् रङ्ग को कहते हैं।

और आप जो "रमु क्रीडायाम्"। से राम शब्द बनाते हैं सो शब्द तौ प्रायः सभी किसी न किसी धातु से बन जाया करते हैं परन्तु राम कृष्ण के अवतार और ईश्वर होने में जो प्रमाण आप देंगे उस की समालोचना हमारा कर्त्तव्य होगा। कृपा करके यह भी लिखिये कि "कृषिर्भूवाचकः" के तुल्य "इहोपहूतं गेहेषु" यह श्लोक भी किसी आर्ष ग्रन्थ का है? वा "अटकलपच्चू प्रमाणम्" ही है॥

अब वह प्रमाण सुनिये, जिस से कृष्णावतार सिद्ध करने का उद्योग किया है। धर्म दि० पृ० ११ पं० ७—

यः कृष्णः केश्यसुरः स्तम्बज उत तुण्डिकः। अरायानस्या मुष्काभ्यां भंससोऽपहन्मसि॥ अथर्व कां० ८ अनु वाक ३ सूक्त ६ मं० ५

(यः कृष्णः) जो कृष्ण (केश्यसुरः) केशीअसुरः केशीअसुर को तथा (स्तम्बजः) स्तम्ब से उत्पन्न दावानल को (उत) और (तुण्डिकः) बकासुर को तथा (अरयानस्या मुष्काभ्याम्) शकट के दोनो ओर के भागों को (भंससः)

विदीर्ण करके (अपहन्मसि) नाश करते हुए ।। (ध० दि० में अथर्व सं० कां० ८ प्र० १९ अ० १ मं० ५ ऐसा पता है सो चिन्त्य है)

उत्तर-इस मन्त्र के अर्थ में केशी, असुरः, स्तम्बजः, तुण्डिकः, इन चार पदों का तौ आपने प्रथमाविभक्ति में द्वितीया का अर्थ उलटा कर लिया। "तुण्डिक" शब्द का अर्थ "बकासुर" करने में कोई प्रमाण नहीं, अमरकोश में तुण्ड=मुख और तुण्डी महादेव के नन्दी का नाम है। तथा अन्य किसी कोषादि में भी बक का अर्थ नहीं निकलता। "अरायानस्या मुष्काभ्याम्" इस के अर्थ में इतने दोष हैं-पदपाठ के विरुद्ध अरायान्, अस्याः, मुष्काभ्याम्, इन ३ पदों के दो पद करना। "०यानस्याः" के स्थान में "०यानस्य" मानना। मुष्क शब्द का अर्थ शकट (गाड़ी) के दोनों भाग, कहीं किसी ने नहीं माने, सो मन माना अर्थ का अनर्थ करना। अमरकोषादि में मुष्क नाम अण्डकोष का है। 'भंससः' का अर्थ 'विदीर्ण करके' कैसे हो गया, अन्धाधुन्ध वा इस में कहीं क्त्वा वा ल्यप् प्रत्यय का चिन्ह भी है? 'अपहन्मसि' यह उत्तम पुरुष का बहुवचन है। इस का आपने प्रथम पुरुष और एकवचन का अर्थ किया तथा वर्त्तमानकाल के स्थान में भूतकाल का अर्थ किया। यदि कहो कि वेद में व्यत्यय होता है तौ व्यत्यय मान कर जिस पद का अन्वय न होसक्ता हो उस का अन्वय ठीक करते हैं वा मन्त्र के समस्त पदों में व्यत्यय ही व्यत्यय कर डालते हैं। यदि ऐसा हो तो वेदों का जो चाहे सो अर्थ कर दिया जावे। फिर अथर्व वेद के मन्त्र ढूंढने की ही क्या आवश्यकता थी। 'गणानां त्वा०' का ही व्यत्यय मान कर कृष्णावतार रामावतारादि क्यों न सिद्ध कर दिया। आप ने समझ लिया कि अक्षरार्थ समझने वाला जो सनातनधर्मसभा में होगा वह तौ हम को अपने पक्ष का जान के बोलेगा नहीं, निरक्षर श्रद्धालु हैं ही हैं। अच्छा व्यत्यय किया ! प्रथमा का द्वितीया, तीन पद के दो पद, द्वितीयान्त का प्रथमान्त, उत्तम पुरुष का प्रथम पुरुष, बहुवचन का एकवचन, और जिन पदों का जो अर्थ किसी कोषादि में नहीं, वह निराला अर्थ। धन्य ! !

हम ठीक अर्थ करें गे उस पर तौ आप को कदाचित् श्रद्धा न हो। इस लिये आप के माननीय सायणाचार्य्य का भाष्य और उस का भाषार्थ ही नीचे लिखते हैं, जिस से आप को और आप के अनुयायियों को विदित हो जावे कि वेद की ओर झांकना किसे कहते हैं। इस आठवें काण्ड के अनुवाक १ सूक्त २ में मुण्डन संस्कार के मन्त्र हैं इस से भी संस्कारप्रकरण ठीक जानपड़ता है।

सूक्तारम्भे सायणाचार्यः—सीमन्तोन्नयनकर्मणि अनेन अर्थ-सूक्तेन श्वेतपीतसर्षपान्संपात्याऽभिमन्त्र्यगर्भिण्या बध्नीयात् ।

अथ सायणकृतो मन्त्रार्थः—

यः प्रसिद्धः कृष्णः कृष्णवर्णः केशी केशवान् प्रकृष्टकेशः एतन्नामा असुरः तथा स्तम्बजः स्तम्बे जातः असुरः । उत अपि च तुण्डिकः तुण्डं मुखं कुत्सितमुखः एतन्नामा असुरः । एते सर्वे अराया दुर्भागास्तान् अरायान् अस्यागर्भिण्याः मुष्काभ्याम् । स्त्रीणामपि मुष्कमस्ति "व्यक्तं पुंसो न तु स्त्रियाः" इति स्मरणात् । मुष्काख्यप्रदेशाभ्यां तत्राऽपि भंससः कटिसन्धिप्रदेशात् अपहन्मसि अपहन्मः ॥

जिस सूक्त का यह मन्त्र है उस के आरम्भ में सूत्रकार के साक्ष्य से सायणाचार्य्य कहते हैं कि "सीमन्तोन्नयन संस्कार में इस अर्थसूक्त से श्वेत और पीली सरसों (सर्षप) मिला कर मन्त्र पढ़ कर गर्भवती के बान्ध देवे। "

और मन्त्र का भाष्य इस प्रकार सायणाचार्य्य ने किया है किः—

"जो प्रसिद्ध काले रंग वाला, बालों वाला, प्रकृष्टकेश नामक असुर है । तथा स्तम्ब में उत्पन्न हुवा असुर है और जो निन्दितमुख वाला तुण्डिक नामक असुर है । ये सब दुर्भग (बदबख़्त) हैं । इन दुर्भगों को इस गर्भवती के मुष्कों से और उस में भी कटि भाग की सन्धि की जगह से भगाते हैं (हम) ॥ स्त्रियों के भी मुष्क होते हैं क्योंकि " पुरुष के प्रकट और स्त्री के प्रकट नहीं" ऐसी स्मृति के प्रमाण से " ॥

हमारे 'सनातनी' भाई यदि सायणाचार्य्य पर भी विश्वास करें और सूत्रकार पर विश्वास करें (जैसा कि करते ही हैं) तो ऊपर लिखे कृष्णावतार सिध्यर्थ अनर्थ से बच कर वेद का अनर्थ करने सुनने सुनाने के अपराध से अधिकांश बच जावें ॥

अब रामावतार की सिद्धि का मन्त्र सुनिये। धर्म दि० पृ० ११ पं० १५— "भद्रो भदया सामवेद के उत्तरार्चिक दयानन्दतिमिरभास्कर के २६७ पृष्ठ में" इत्यादि ॥

द०ति०भा० के पृष्ठ २६७ में नहीं किन्तु १६७ में भदया नहीं किन्तु भद्रया, यह मन्त्र रामावतार सिद्धि में दिया है कि—

भद्रोभद्रयासचमानआगात् स्वसारञ्जारोअभ्येतिपश्चात् ।
सुप्रकेतैर्द्युभिरग्निर्वितिष्ठन्नुशद्भिर्वर्णैरभिराममस्थात् ॥

यदा (भद्रः) भजनीयः श्रीरामः (भद्रया) भजनीयया श्रीसीतया (सचमानः) सहितः (आगात्) आगच्छति देहे प्रादुर्भवति तदा (जारः) रावणः (स्वसारं) ऋषीणां रुधिरेणोत्पन्नत्वाद्भगिनीतुल्यां सीतां (अभ्येति) अभिगच्छति (पश्चात्) अन्तकाले (अग्निः) क्रोधेन प्रज्वलितो रावणः (अभितिष्ठम्) युद्धे श्रीरामस्य सन्मुखे तिष्ठन् सन् (सुप्रकेतैः) सुप्रज्ञानैः (उशद्भिः) श्वेतैः (वर्णैः) द्युतिभिः कुम्भकर्णादीनां जीवात्मभिः सह (रामम्) श्रीरामरूपं विष्णुं (अस्थात्) विष्णोः सामीप्यतां प्राप्तवान् ॥

भाषार्थ भद्र राम भद्रा सीता जी के साथ प्रगट हुए तब जार रावण ने ऋषियों के रुधिर से उत्पन्न होने के कारण भगिनी समान जानकी को हरण किया पीछे अन्तकाल पर क्रोध से प्रज्वलित रावणने सन्मुख होकर कुंभकर्ण आदि के जीवात्माओं के साथ श्रीराम की सामीप्यता को पाया ॥

उत्तर-धन्य हो! भद्र=राम। भद्रा, स्वसा=सीता। अग्नि=रावण। वर्ण=कुम्भकर्णादि के जीवात्मा। ये जो आपने अर्थ किये इन में व्याकरण निरुक्त कोष निघण्टु ब्राह्मणग्रन्थादि किसी का भी कुछ प्रमाण है वा आप को आकाशवाणी हुई? कृपा कर के संहिता के पुस्तक में देखिये कि इस मन्त्र का "अग्नि" देवता है। निरुक्त के मतानुसार-

या तेनोच्यते सादेवता।

जिस का मन्त्र में वर्णन हो वह देवता उस मन्त्र का होता है। तदनुसार अग्नि देवता का वर्णन इस मन्त्र में है। हम जो अर्थ करेंगें सो तौ सामवेदभाष्य (हमारे किये) में देखियेगा ही। परन्तु अभी सायणाचार्य के भाष्य से ही सन्तोष करिये और जानिये कि इस में राम सीता का वर्णन नहीं है। इस मन्त्र से पूर्वले-

३ १र   २र ३ १र
कृष्णांयदेनीमभि-इत्यादि

मन्त्र का भी अग्नि देवता है। और इस से अगले-

१२ ३
कया ते अग्ने अङ्गिर–इत्यादि

मन्त्र का भी अग्नि देवता है। फिर बीच में रावण कहां से आय कूद पड़ा॥

सायणाचार्य्यभाष्यम् ॥

३२ ३२३१२ ३२३ १२ ३२३क२र ३२
भद्रोभद्रयासचमानआगात्स्वसारञ्जारोअभ्येतिपश्चात् ।
३ १र २र३२३२ ३१२३१२३२३१ २
सुप्रकेतैर्द्युभिरग्निर्वितिष्ठन्नुशद्भिर्वर्णैरभिराममस्थात् ॥ ३ ॥५

"भद्रः"भजनीयः कल्याणः "भद्रया"भजनीयया सचमानः "आगात्" आगच्छति । ततः "पश्चात्" "जारः" जरयिताशत्रूणां "सोऽग्निः" "स्त्रसारं" स्वयं सारिणीं भगिनीं वा आगतामुषसम् "अभ्येति" अभिगच्छति । तथा "सुप्रकेतैः" सुप्रज्ञानैः "द्युभिः" दीप्तिभिस्तेजोभिः सह "वितिष्ठन्" सर्वतो वर्त्तमानः सोऽग्निः "उशद्भिः" श्वेतैः "वर्णैः" वारकैरात्मीयैस्तेजोभिः "रामम्"कृष्णं शार्वरं तमः"अभ्यस्थात्"सायंहोमकाले अभिभूय तिष्ठति ॥ ३ ॥ ५

सायणकृत भाष्य का भावार्थ–भजनीय भजनीया के सहित आता है। (किन्तु) शत्रुओं का नाशक वह अग्नि, स्वयं चलने वाली वा भगिनी आई हुई उषा के सामने आता है। तथा भले प्रकार प्रज्ञान तेजों के साथ सब ओर वर्त्तमान वह अग्नि, श्वेतवर्ण रोकने वाले अपने तेजों से "रामम्" काले रात्रि के अन्धियारे को सायं होमकाल में तिरस्कार करके स्थित होता है

आप तो 'राम' का अर्थ दाशरथि करते हैं और सायणाचार्य 'राम' का अर्थ "काला अंधियारा" करते हैं, कहिये आप का अर्थ माने वा आप के माननीय सायणाचार्य का? आप ने तो "व्यत्यय" के सहारे और बहुल के सहारे वेद का अर्थ करना हंसी ठट्ठा समझ लिया है। हम यह नहीं कहते कि सायणाचार्य का भाष्य सन्देहरहित है। परन्तु हां, आप के पक्ष के आचार्य का भाष्य भी आप के अर्थ का पोषक नहीं इसलिये हमने यह भाष्य

उद्धृत किया है ॥

अब तीसरे कृष्णाऽवतारसाधक मन्त्र की व्यवस्था सुनिये:-

धर्म० दि० पृ० ११ पं० १८ में द० ति० भास्कर के पृष्ठ १६८ का सकेत किया है कि उस में श्रीकृष्णावतार का वर्णन है। सो द० ति० भा० पृ० १६८ में मन्त्र और उस का अर्थ इस प्रकार है:-

कृष्णंतएमरुशतः पुरोभाश्चरिष्णवर्चिर्वपुषामिदेकं
यदप्रवीतादधतेहगर्भं सद्यश्चिज्जातोभवसीदुदूतः ।

ऋ० मं० ४ सू० ७ मं० ९ अ० १

पद-कृष्णं ते एम रुशतः पुरः भाः चरिष्णु अर्चिः वपुषाम् इत् एकम् यत् अप्रवीता दधते ह गर्भम् सद्यः चित् जातः भवसि इत् उ दूतः

अर्थ-कृष्णं त एम इति, हे भूमन् ते तव रुद्ररूपेण पुरस्तिस्रो रुशतो नाशयतः यद्वा पुरःस्थूलसूक्ष्मकारणदेहान् ग्रस्त स्तुर्य्य स्वरूपस्य यत्कृष्णंभाः सत्यानन्दचिन्मात्रं रूपं तत् एम प्राप्नुयाम यस्य एकमित् एकमेव अर्चिर्ज्वालावदंशमात्रं समष्टिजीवं वपुषां देहानां अनेकेषु देहेषु चरिष्णुर्भोक्तृरूपेण वर्तते यत्कृष्णं भाः अप्रवीता नास्ति प्रकर्षेणवीतं गमनं संचारो यस्याः सा अप्रवीता निरुद्धगतिर्निगडे ग्रस्ता देवकीत्यर्थः कृष्णाय देवकीपुत्रायेति छांदोग्ये देवक्या एव कृष्णमातृत्वदर्शनात् सा गर्भं स्वगर्भं दधते धारयति दधधारणे इत्यस्य रूपम् ह प्रसिद्धं सःत्वं जातः गर्भतो बहिराविर्भूतः सन् सद्यइदुसद्यएव उनिश्चितं दूतः दुनोतीतिदूतःमातुः खेदकरोऽतिवियोगदुःखप्रदो भवसीत्यर्थः एतेन देवकीपतेर्वसुदेवस्य गृहे जन्म धृतमिति सूचितम् ॥

भावार्थः-हे भूमन् ! आप का जो सत्यानन्दचिन्मात्र रूप है और रुद्र रूप से तीन पुर को नाश करने वाला वा स्थूल सूक्ष्म कारण देह को ग्रसने वाला रूप तुरीयात्मा तिस कृष्णभा रूप को हम प्राप्त होवें, जिस आप के

स्वरूप की एक ही अर्चि अर्थात् ज्वालावत् अंशमात्र समष्टिजीव अनेक देहों में चरिष्णु अर्थात् भोक्तृ रूप से वर्त्तमान है, और जो कृष्णाभा को अप्रवीता अर्थात् निगड़ग्रस्त देवकी गर्भ रूप से धारण करती भई। छान्दोग्य में भी कृष्ण की माता देवकी सुनी है, हे भूमन् आप प्रसिद्ध ही गर्भ से प्रादुर्भूत होकर माता के पास से पृथक् हुवे, इस से श्री कृष्णचन्द्र का देवकी के गर्भ में जन्म और महेश्वरावतार तथा जीव को पूर्व निरूपित चिदंशत्व बोधन किया॥

उत्तर—कहिये! ये अनर्थ कहां से उड़ाया है! जिस में, ग्रस्त, जीवं, वर्त्तते, इद, उनिश्चितं, ग्रस्त का अर्थ ग्रसने वाला! धन्य भाष्यकर्त्ता जी! यथार्थ में—

इस मन्त्र का भी (देखो संहिता चाहे जहां की छपी वा लिखी) अग्नि ही देवता है। जिस से इस में भी अग्नि का वर्णन होना चाहिये। आपने अपने अर्थ में इस को सर्वथा उड़ा दिया। इस का भी सायणभाष्य देखिये॥

हे अग्ने! रुशतः रोचमानस्य ते तव अत्रैम एमन् शब्देन गमनमार्ग उच्यते, एम वर्त्म कृष्णं कृष्णवर्णं भवति। भाःतव सम्बन्धिनी दीप्तिः पुरः पुरस्ताद्भवति। चरिष्णु संचरणशीलम् अर्चिस्त्वदीयं तेजः वपुषां वपुष्मतां रूपवतां तेजस्विनामित्यर्थः। एकमित् मुख्यमेव भवति यत् यं त्वाम् अप्रवीता अनुपगता यजमानाः गर्भं त्वज्जननहेतुमरणिं दधते ह धारयन्ति खलु। स त्वं सद्यश्चित्सद्य एव जात उत्पन्नः सन् दूतोभवसीदु यजमानस्य दूतो भवस्येव"

सायणाचार्य्य कृत भाष्य का भावार्थ—हे अग्ने! तुझ प्रकाशमान के गमन का मार्ग कृष्ण वर्ण (काला) है। तेरा प्रकाश आगे रहता है। चलने वाला तेरा तेज ही सम्पूर्ण रूपवान् तेजस्वियों में मुख्य है। जिस तेरे समीप न गये हुवे यजमान लोग ज्योंही तेरे गर्भ रूप अरणि को धरते हैं त्योंही तू उत्पन्न होता ही दूत अर्थात् यजमान का दूत बन जाता है॥

तात्पर्य्य यह है कि अग्नि का मार्ग काला है। जहां होकर आग निकलती है वहां काला पड़ जाता है। आग के साथ २ आगे २ उस का प्रकाश चलता है, प्रकाश का स्वभाव ही चलने का है। अग्नि का ही प्रकाश तत्त्वरूप से प्रत्येक रूपवान् पदार्थ में मुख्य करके है। अग्नि को यज्ञकर्त्ता यजमान लोग

जब दो अरणियों के गर्भ से उत्पन्न करते हैं, तत्काल उत्पन्न होकर दूत का काम देने लगता है अर्थात् यजमान के दिये हुवे हविर्भाग, वायु आदि देवों को पहुंचाने लगता है। यही उस का दूतत्व है जो वेदों में बहुधा गाया गया है॥

इस अर्थ के अनुसार जिस के मानने से सनातनी लोग इन्कार नहीं करते क्योंकि हमारा किया अर्थ नहीं है किन्तु सायणाचार्य्य का किया है। इस में कहीं देवकी और कृष्ण का पता नहीं चलता॥

धर्म दि० पृ० ११ पं० २३–"वेदानां सामवेदोस्मि"। वेदों में सामवेद मेरा रूप है। ऋक्साम वै हरी। श० ४।४।३।६। हरिरसि हरिभ्यान्त्वा यजु० अ० ८ मं० ११ में साम ऋक् रूप भगवान की उपासना है इस से वेद रूप भगवान के हरि रूप होने में क्या सन्देह है॥

उत्तर–इस यजुः की व्याख्या आप के लिखे ४।४।३।६ में है ही नहीं। प्रत्युत आप का लिखा पाठ "ऋक्सामवैहरी" भी उस कण्डिका में नहीं है। पाठकों के भ्रमनिवारणार्थ आप की पता दी हुई समस्त कण्डिका को उद्धृत करते हैं और पूछते हैं कि बताइये इस में आप का लिखा पाठ कहां है–

"तदाहुः। कथमेतं गर्भं कुर्य्यादित्यङ्गाद्वैवस्यावद्येयुर्यथैवेतरेषामवदानानामवदानं तद् तथा न कुर्यादुतह्येषोऽविकृताङ्गो भवत्यधस्तादेव ग्रीवा अपि कृत्यैतस्याᳬस्थाल्यामेतं मेधᳬश्चोतयेयुः सर्वेभ्यो वा अस्यैषोऽङ्गेभ्यो मेधः श्चोतति तदस्य सर्वेषामेवाङ्गानामवत्तं भवत्यवद्यन्ति वशया अवदानानि यथैव तेषामवदानम्" श० कां० ४। प्र० ४ ब्रा० ३ कां० ६

यथार्थ में आप ने अर्थ तो कुछ किया ही नहीं केवल वाक्य उद्धृतकर दिया है। सो वाक्य भी यजुर्वेद में आप के लिखे समान नहीं किन्तु–

हरिरसि हारियोजनो हरिभ्यान्त्वा० इत्यादि।

ऐसा पाठ है। और गीता में जहां "वेदों में सामवेद मैं हूं" कहा है वहीं अ० १० श्लोक २३ में:–

"वित्तेशो यक्षरक्षसाम्"

यक्ष और राक्षसों में कुबेर मैं हूं। यह भी कहा है। और वहीं १०।३६ में–

"द्यूतं छलयतामस्मि"

छलियाओं में मैं द्यूत (जुवा) हूं। फिर भगवान् किसे कहें कुवेर को, वा द्यूत को वा उसी अध्याय में लिखे अन्य पदार्थों को। आप इन्हीं प्रमाणों के आधार पर आर्य्यों से वाद उठाते हैं ?

धर्म दि० पृ० ११ पं० २७ से "स्वामी जी ने प्राचीन ग्रन्थों से ही वि-ष्णुसहस्रादि नाम द्वारा ईश्वर के सहस्र नाम क्यों न ले लिये" भला यह वाक्य कहीं द० ति० भा० में दिखा सकते हो। असत्यभाषण तौ दयानन्द और उन की लकीर पर फ़क़ीर हुवों की छठी में पुज गया है। इत्यादि ॥

उत्तर—महात्मा जी! आप तौ हमारे पाठ को उद्धृत करते हुवे भी श-ब्द भेद करने से न बच सके। क्या आप उक्त वाक्य अक्षरशः ठीक ऐसा कहीं "भास्करप्रकाश" में दिखा सकते हैं? कभी नहीं। किन्तु "सहस्रादि नाम" की जगह "सहस्रनामादि" है। अस्तु यह आक्षेप ही क्या है जबकि तात्पर्य वही है। परन्तु आप जो "ऐसा ही" पर ज़ोर देते हैं इस लिये हमने लिख दिया कि "ऐसा ही" तौ आप भास्करप्रकाश में भी नहीं दिखा सकते रही यह बात कि द० ति० भा० में यह तर्क नहीं हो, सो नहीं, किन्तु उस के पृष्ठ ७ पं० ३ से—

"जैसे प्राचीन ग्रन्थों में विष्णुसहस्रनाम शिवसहस्र नाम हैं वो ही आ-शय उभार कर यह आप ने भी शत नाम लिखे हैं भला जी ग्रन्थ की आदि में १०० नाम ईश्वर के लिखना यह कौन से वेदानुकूल है प्रत्यक्ष लिखदेते कि विष्णुसहस्रनाम के स्थान में हमारे शिष्य शत नाम का पाठ किया करें" ॥

क्या इस से यह आशय नहीं निकलता कि स्वामी जीने नवीन शतनाम अपने शिष्यों के लिये बनाया और यद्यपि वह विष्णुसहस्रनामादि प्राचीन १००० नाम से लिया। और वह प्राचीन ही ज्यों का त्यों क्यों न रखलिया।

कृपा करके भास्करप्रकाश पृ० ६ पं० ५ को देखिये उस में स्पष्ट लिखा है कि "मङ्गलाचरण में द० ति० भा० पृ० ५ से ७ तक इतने तर्क हैं" फिर भा-स्कर प्र० पृ० ६ और ७ में द० ति० भा० पृ० ५—७ तक का आशय लेकर ७ तर्कों के ७ प्रत्युत्तर छपे हैं। इस से स्पष्ट है कि हमने द० ति० भा० के लेख को विस्तृत समझकर उस में से संक्षिप्त ७ तर्क निकाल कर उन के ७ प्रत्युत्तर दिये हैं। न कि पाठ उद्धृत किया है। यदि यही होता तो आपने शेष ६ तर्कों के पाठ में भी भेद देख कर यही शङ्का क्यों न की। इस लिये निश्चय जा-निये कि आप को ही भागवत वाले ने " स्त्रीषु नर्म विवाहे च वृत्त्यर्थे प्रा-

णसंकटे " अर्थात् स्त्री, हंसी, विवाह, जीविका, और प्राणसंकट में झूठ बोलना बुरा नहीं । यह शिक्षा दी है । तभी तो जीविका निमित्तक सनातनधर्माभास की रक्षा के हेतु झूठ पर कमर बान्धी है ॥

धर्म दि० पृ० १२ पं० २ से-" चोर जारसि * खामणि " पर आप को बड़ा खटका है सुनिये बलपूर्वक दूसरों के मन अपनी ओर आकर्षित करने से और " यमोह जातो यमोजनित्वं जारः कनीनां पतिर्जनाम् * " इस वेद मन्त्र से वह चोर जार में शिखामणि है । इत्यादि ॥

उत्तर-धन्य हो ! परमात्मा को चोर जार शिखामणि कहते लज्जा आनी चाहिये थी । परन्तु लज्जा के स्थान में आपने उसे वेद से सिद्ध करने का साहस किया । क्यों न हो भला जी ! माखन मिश्री चुराने से चोर और गोपी क्रीडा करने से जार आप नहीं मानते ? किन्तु दूसरों के चित्त अपनी ओर करने से जार मानते हैं। अस्तु जार का तो यह ठिकाना लगाया परन्तु आप को यह भी ज्ञात है कि गोपालसहस्र नाम में जहां " चोरजारशिखामणिः " पाठ है, उस से पूर्व और क्या पाठ है ? आओ हम बतायें कि क्या पाठ है । महात्मन् ! इस से पूर्व पाद यह है कि " भगवान् कामिनीजारः " अर्थात् भगवान् स्त्रियों के जार हैं । अब बताइये आप की खेंचातानी कैसे चलेगी । क्यों जी ! आप का भगवान् कामिनियों के ही चित्त को बल पूर्वक अपनी ओर खेंचता है किन्तु पुरुषों के चित्त को नहीं । ठीक है तभी तो कृष्णभक्ति स्त्रियों में अधिक पाई जाती है । अब किञ्चित् मन्त्र पर ध्यान दीजिये । मन्त्र में जार पद को देख कर भगवान् का अर्थ समझ बैठना ऐसा ही है, जैसा कि " ईशावास्यमिदꣳसर्वम् " में ईशा पद को देख कर ईसाई लोग कह उठें कि देखो वेद में हमारे ईसामसीह लिखे हैं । प्यारे भाई ! थोड़ा श्रम करके इस मन्त्र का ऋषि देवता और सायणभाष्य ही देख लिया होता तब भी इस असंगत अनर्थ से छुटकारा हो सक्ता था ॥

देखिये सायणाचार्य्य क्या लिखते हैं:-

(सूक्तारम्भे) आग्नेयं पराशरस्यार्षम् । सूक्तारम्भ सायणभाष्य में लिखा है कि इस सूक्त भर का अग्नि देवता और पराशर ऋषि है ॥

मूलं, सायणकृतं मन्त्रभाष्यञ्च—

यमो ह जातो यमो जनित्वं
जारः कनीनां पतिर्जनीनाम् ॥ ऋ० १ । ६६ । ४

योजात उत्पन्नोभूतसंघः यच्च जनित्वं जनयितव्यमुत्पत्स्यमानं भूतजातं तदुभयमपि यमोह अग्निरेव । सर्वेषां भावानामाहुतिद्वाराऽग्न्यधीनत्वात् । कनीनां कन्यकानां जारो जरयिता यतो विवाहसमयेऽग्नौ लाजादिद्रव्यहोमे सति तासां कन्यात्वं निवर्त्तते अतोजरयितेत्युच्यते । तथा जनीनां जायानां कृतविवाहानां पतिर्भर्त्ता । इत्यादि ॥

अर्थ-जो प्राणिवर्ग उत्पन्न हुआ है और जो होने वाला है वह उभय अग्नि ही है। क्योंकि आहुति द्वारा समस्त पदार्थों के भाव अग्नि के अधीन हैं। कन्याओं का जार-जीर्ण करने वाला है। क्योंकि विवाह समय में धान की खील आदि द्रव्यों का अग्नि में होम करने पर कन्याभाव निवृत्त होजाता है। इस लिये (अग्नि को) कन्याओं का जरयिता-जार कहा जाता है। तथा विवाहिताओं का पति भर्त्ता भी (अग्नि ही है) ॥ इत्यादि ॥

देखिये और विचारिये कि आप का शिरोधार्य्य सायणभाष्य भी आप के कथनानुकूल इस मन्त्र का अर्थ भगवान् को चोरजारशिखामणि नहीं सिद्ध करता। आप ने स्वयं कुछ मन्त्र का अर्थ लिखा ही नहीं। महात्मा जी! ज़रा सोच कर मन्त्र का प्रमाण दिया करो। निरा एक बैल का हल मत चला दिया करो ॥

ध० दि० पृ० १४ पं० १० से-तुलसीराम जी ने देवा शब्द का अर्थ दिव्यगुण किया है इस में कोई प्रमाण नहीं इत्यादि ॥

उत्तर-देवो दानाद्वा दीपनाद्वा द्योतनाद्वा द्युस्थानोभवतीति वा० निरुक्त ७। १५ दान दीपन द्योतन इन गुणों से वा द्युलोक में स्थान होने से देव संज्ञा होती है। फिर क्या दान दीपन द्योतनादि दिव्यगुण नहीं हैं? यदि हैं तो आप को निर्भय होकर ऐसा अनर्गल नहीं लिखना चाहिये ॥

ध० दि० पृ० १४ पं० १२ से-(यइत्तद्विदुस्तइमेसमासते) इस का अर्थ ही छोड़ दिया ॥

उत्तर-आप को यह भी बोध है कि तु०रा० ने वहां मन्त्र के पदों का अर्थ लिखा है या निरुक्त के? जब निरुक्त के पदों का अर्थ है तो जो प्रतीक

"यद्दत्तद्धि०" निरुक्तकार ने मन्त्र की लिखी है वही हम ने लिखी है। उस का अर्थ निरुक्तकार ने नहीं लिखा तब हम क्यों लिखते, क्योंकि हम वहां निरुक्त के पदों का अर्थ करते थे। यह भी कोई लिखने की परिपाटी होगी कि किसी का पदशः अनुवाद करते हुवे अन्यत्र से उद्धृत पद वाक्य का अर्थ भी अवश्य ही किया जावे?॥

ध० दि० पृ० १४ पं० १३ से—अ० उ० म० इन तीन अक्षरों के स्वामी जी जी कृत अर्थ सिद्ध करा चाहते थे। इत्यादि॥

उत्तर—इस मन्त्र से अ० उ० म० के स्वामी जी कृत अर्थ ही नहीं किन्तु मित्र वरुण बृहस्पति अर्यमा विष्णु इन्द्र वायु अग्नि विराट् आदि जो आप को और पं० ज्वालाप्रसाद जी को उपासना प्रकरण में भी अनेक देवता प्रतीत होते हैं सो ठीक नहीं किन्तु इस मन्त्र और इस के निरुक्तस्थ (नानादेवतेषु मन्त्रेषु एतद्धवा) इन पदों से यह सिद्ध होता है कि "नाना देवता वाले मन्त्रों में यही ओङ्कार विवक्षित है" जिस को आप यूं ही बातों में उड़ाया चाहते हैं॥

ध० दि० पृ० १४ पं० २३ से—आगे आप ने मिश्र जी कृत ओङ्कार का अर्थ किया है उस में से अग्नि वायु आदित्य ले कर कहा कि यह स्वामी जी के अर्थ से मिलता है परन्तु वहां पृ० ९ में प्रथम मात्रा में पृथ्वीलोक अग्नि ऋग्वेद और पृथिवीलोक निवासी जन स्थित हैं। इत्यादि लिखा है॥

उत्तर—माना कि वहां मिश्र जी ने चाहे जितना अधिक लिख मारा हो परन्तु स्वामी जी लिखित "अग्नि, वायु, आदित्य" भी तो हैं। फिर मिश्र जी का यह कहना तो ठीक नहीं रहा कि अग्नि वायु आदित्य ओ३म् के अर्थ स्वामी जी के ठीक नहीं, जब कि मिश्र जी स्वयं वैसा अर्थ करते हैं॥

ध० दि० पृ० १५ पं० २२ से—जागरित स्वप्न सुषुप्ति का नाम विराट् हिरण्यगर्भ और ईश्वर, कहां से किस प्रमाण से लिया। अर्थ तक तो विचारा ही नहीं। इत्यादि॥

उत्तर—हम ने यह देख कर कि माण्डूक्य के वाक्य इतने स्पष्ट हैं कि जिन को सामान्य पुरुष भी समझ सक्ते हैं, उन के विस्तार से अर्थ करने की आवश्यकता न समझी, तथा उस में स्पष्ट वैश्वानर=अग्नि, तैजस और प्राज्ञ, ये तीन पद क्रम से अ० उ० म० के साथ आये हैं। इस लिये निर्विवाद स्वामी जी के लिखे तीन अर्थ तो स्पष्ट हैं। शेष तीन विराट् हिरण्यगर्भ और ईश्वर

पद, जागरितस्थान स्वप्नस्थान और सुषुप्तस्थान इन तीन पदों से झलकते हैं परन्तु आप की समझ में यह ब्रह्मविद्या क्यों आने लगी है। आप तो सा-कारोपासक हैं। तथापि हम समझाने की रीति से माण्डूक्योपनिषद् के ४ वाक्यों का स्पष्टार्थ लिखते हैं–

अधिकारी को ब्रह्मतत्त्व समझाने के लिये इस उपनिषद् में जागरित स्वप्न सुषुप्त और तुरीय इन चार अवस्थाओं की कल्पना करके समझाया है और वे अवस्था ओ३म् इस वाचक शब्द से समझायी गई हैं। यद्यपि केवल ब्रह्म तीन अवस्था से रहित है परन्तु प्रकृतिसहित ब्रह्म में अवस्थाओं की क-ल्पना करके समझाते हैं कि जिस प्रकार जीवात्मा जब जागता है तब बा-हरी इन्द्रियों का सब व्यवहार होता रहता है। इसी प्रकार–

जागरितस्थानो वैश्वानरोऽकारः प्रथमा मात्राप्तेरादिमत्वा-द्वाप्नोति ह वै सर्वान्कामानादिश्च भवति यएवं वेद॥९॥माण्डू०

(जागरितस्थानः) जागते जीवात्मा के स्थान में परमात्मा की कल्प-ना करो कि जब वह विविध जगत् को रचे हुये बाहय जगत् में चेष्टा करा-ता है जैसे कि जीवात्मा बाहय इन्द्रियों में चेष्टा कराता है, तब जो परमात्मा की प्रकृतिसहित अवस्था है वह विराट् है (वैश्वानरः) सब का नर–ना-यक अर्थात् अपने २ व्यवहार में चलाने वाला। यह (अकारः प्रथमा मात्रा) अ, प्रथम मात्रा है। (आप्तेः) आप्ति से अ, बना होने से (वा) अथवा (आ-दिमत्वात्) अक्षरों में आदिम अ होने से। (यः, एवं, वेद) जो पुरुष, इस भेद को, जानता है वह (आप्नोति, ह, वै, सर्वान्, कामान्) प्राप्त होता है, निश्चय, समस्त कामनाओं को (च) और (आदिः भवति) अग्रगण्य होता है॥

अब तो समझे! कि जागरितस्थान से "विराट्" इस प्रकार इस प्रमाण से लिया!! अब स्वप्न स्थान सुनिये–

स्वप्नस्थानस्तैजस उकारो द्वितीया मात्रोत्कर्षादुभयत्वाद्वो-त्कर्षति ह वै ज्ञानसन्ततिं समानश्च भवति नास्याऽब्रह्म-वित्कुले भवति य एवं वेद ॥१०॥ माण्डूक्ये

(स्वप्नस्थानः) जैसे मनुष्य जब सोता है तो स्वप्न में मन आदि भीतरी इन्द्रियों का व्यवहार होता रहता है केवल बाहर सुनसान रहता है वैसे स्व-प्न के स्थान में समझो कि जब एक समय वह था कि स्थूल सृष्टि की रच-

ना नहीं हुई थी और बाह्य विराट् में चेष्टा का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था परन्तु परमात्मा ने अपने विचार में जगत् रचना ठान ली थी, उस समय की दशा को लक्ष्य करके परमात्मा स्वप्नस्थान-हिरण्यगर्भ कहाया। क्योंकि जिसप्रकार गर्भ छिपा होता है सब को नहीं दीखता किन्तु वर्त्तमान होता है। इसी प्रकार हिरण्य अर्थात् सूर्य्यादि तेज उस समय छिपे हुवे परमात्मा के विचार में तो थे परन्तु प्रकट न हुवे थे। (तैजसः) तेजों का धर्त्ता (उकारो द्वितीया मात्रा) उ, दूसरी मात्रा है। (उत्कर्षात्) श्रेष्ठ होने से (वा) अथवा (उभयत्वात्) दोनों [जागरित और सुषुप्ति] के मध्य में होने से(यः, एवं, वेद) जो, इस प्रकार, जानता है (ह वै) वह निश्चय (ज्ञानसन्ततिम्, उत्कर्षति) ज्ञान के फैलाव को बढ़ाता है (अस्य कुले) इस के कुल में (अब्रह्मवित् न भवति) ब्रह्मज्ञानरहित नहीं होता (च) और (समानः भवति) समान मध्यम वा उदासीन वृत्ति वाला होता है। न किसी से मित्रता न वैर करता है॥

अब तो समझिये कि स्वप्नस्थान से "हिरण्यगर्भ„ ऐसे इस प्रमाण से लिया!! अब सुषुप्तस्थान सुनिये-

सुषुप्तस्थानः प्राज्ञोमकारस्तृतीया मात्रा मितेरपीतेर्वा मिनोति ह वा इद ँ सर्वमपीतिश्च भवति य एवं वेद ॥११॥ मा०

(सुषुप्तस्थानः) जिस प्रकार मनुष्य गाढनिद्रा के समय मन आदि अन्तःकरण और चक्षुरादि बाह्येन्द्रियों का कुछ व्यापार नहीं करता, केवल स्वभाव सिद्ध हृदयस्पन्दन और रक्तचालन नाडीगति आदि व्यवहार मात्र होता रहता है,और जीवात्मा शरीर का अधिष्ठाता-ईश्वरमात्र रहता है। इसी प्रकार परमात्मा ने जगत् रचा भी न था और रचना चाहा भी न था तब प्रलयकाल की दशा में केवल प्रकृति और जीवों का धारणमात्र करता था, इस से वह इस का अधिष्ठाता या ईश्वर-स्वामी था। वह (प्राज्ञः) चेतनमात्र (मकार स्तृतीया मात्रा) म, तीसरी मात्रा है। (मितेः) मान से, क्योंकि मान इयत्ता वा परिमाण, तटस्थ कर सक्ता है। (वा) अथवा (अपीतेः) प्रलय से क्योंकि म् पर ओ३म् की समाप्ति वा लय होता है। (यः एवं वेद) जो ऐसे जानता है वह ज्ञानी (इदम्, सर्वम्) इस, सब को (मिनोति ह वै) निश्चय जानता है। (च) और (अपीतिः भवति) लीन वा मुक्त होजाता है॥

अब तो समझ लीजिये कि सुषुप्तस्थान से ऐसे इस प्रमाण से "ईश्वर" लिया जाता है। अब वह सुनिये जो कि प्रकृति और जीवों को छोड़ कर केवल ब्रह्म है। वह-

अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्यः प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत एवमोङ्कार आत्मैव संविशत्यात्मनात्मानं य एवं वेद य एवं वेद ॥१२॥

माण्डूक्योपनि०

(अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्यः) विना मात्रा चौथा [अवसान] किसी शब्द से व्यवहार में नहीं आसक्ता (प्रपञ्चोपशमः) उस में प्रपञ्च जगत् का उपशम लय है (शिवः) वह कल्याणमय है (अद्वैतः) वह अद्वितीय है अर्थात् उस के सदृश कोई नहीं। (एवमोङ्कारः) इस प्रकार का ओ३म् है। (य एवं वेद) जो ऐसे जानता है वह (आत्मैव आत्मनात्मानं संविशति) आप ही अपने स्वरूप से परमात्मा को संवेश करता है-ब्रह्म को प्राप्त हो मुक्त हो जाता है॥

अर्थात् ओ३म् की अ० उ० म्० ये तीन मात्रा परमात्मा का उतना ज्ञान कराती हैं जितना कि हम उसे जगत् के साथ से जान सक्ते हैं कि जब उस ने प्रकट जगत् रच दिया है उतने से जो जाना जाता है उतना अ, का वाच्य है। और जब उस ने जगत् रचना चाहा था उतने से जो जाना जाता है सो उ, का वाच्य हुवा। तथा रचने से भी पूर्व कारण का धारणमात्र करने से जो जाना जाता है वह म्, का वाच्य है॥

इन तीनों मात्राओं से परमात्मा को हम वहां तक जान सक्ते हैं जहां तक उस का जगत् के साथ रचने चाहने और धारने का सहचार है। परन्तु जगत् अल्प और परमात्मा महान् है इसलिये इन तीनों मात्राओं से आगे अगम्य दशा है जो किन्हीं शब्दों से निर्देश करने में नहीं आसक्ती। परन्तु यह निश्चय है कि वह भी कोई तुरीय अवस्था है अवश्य॥

जिस प्रकार एक घड़ी को देखने से घड़ी बनाने वाले के उतने ही गुणों को जान सक्ते हैं जितने कि घड़ी में पाये जाते हैं परन्तु क्या कोई कह सक्ता है कि घड़ी बनाने वाले में इतने ही गुण हैं जितने घड़ी से समझे जाते हैं? नहीं २। सम्भव है कि घड़ी बनाने वाला इतिहासज्ञ हो, यद्यपि घड़ी को देखने से यह नहीं जाना जा सक्ता। सम्भव है कि वह डाक्टर वा वैद्य हो, यद्यपि घड़ी से डाक्टरी नहीं झलकती। इस प्रकार अन्य अनेक ऐसे गुण घड़ी बनाने वालों में प्रायः होते हैं जिन का सम्बन्ध घड़ी से नहीं वा ऐसा छिपा हुवा है जिसे कोई नहीं जान सक्ता॥

इस प्रकार जगत् के सहचार से धारण विचार और रचना आदि गुणों के अतिरिक्त अन्य असंख्य कितने गुण वा सामर्थ्य परमात्मा में हैं उन्हें हम

नहीं जान सक्ते परन्तु इतना जान सक्ते हैं और जानना चाहिये भी कि जो कुछ उस के विषय में हमने जाना है वही समस्त वा समाप्ति की जगह नहीं हो सक्ता ॥

बस यह जानना ही उस ब्रह्म का यथार्थ जानना है। सो इन साकारोपासकों की समझ में आना वास्तव में कठिन है। हमारा प्रयोजन इन के उत्तर देने मात्र से ही नहीं, किन्तु इस लेख के चित्त लगाकर पढ़ने वालों को उपनिषदादि प्रसङ्ग में आये शास्त्रों का तत्त्व समझाना भी प्रयोजन है। इस लिये जो लेख बढ़ गया उसे वृथा न समझें ॥

ध० दि० पृ० १७ पं० ३ से (अद्वैतः) द्वैतरहित "न तु तद्द्वितीयमस्ति यतोऽन्यद्विभक्तं पश्येदिति श्रुतेः" अर्थात् वहां दूसरा है ही नहीं जिस को देखा जाय कारण कि सब जगत् का प्रपञ्च शान्त है ॥

उत्तर—महाशय! प्रथम तो आपने इति श्रुतेः कर दिया, यह नहीं लिखा कि किस ग्रन्थ की श्रुति है। दूसरे उस से भी आप का प्रयोजन सिद्ध न हुआ। क्योंकि उस का अर्थ यह है कि—(न तु तद्द्वितीयमस्ति) वह ब्रह्म दूसरा नहीं है (यतोऽन्यद्विभक्तं पश्येत्) जिस से भिन्न अन्य को देखे ॥

इस से यह सिद्ध नहीं होता कि ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य वस्तु है ही नहीं, किन्तु यह सिद्ध होता है कि दूसरा ब्रह्म नहीं है। यदि ब्रह्म से अतिरिक्त वस्तुमात्र का निषेध समझोगे तो निम्न लिखित वेदमन्त्र से विरोध आवेगा—

द्वा सु॑प॒र्णा स॒युजा॒ सखा॑या समा॒नं वृ॒क्षं परि॑षस्वजाते। तयो॑र॒न्यः पिप्प॑लं स्वा॒द्वत्त्यन॑श्नन्न॒न्यो अ॒भि चा॑कशीति। ऋ० १।१६४।२०

(द्वा) दो (सुपर्णा) सुन्दर कर्मवाले (सयुजा) साथी (सखाया) परस्पर मित्र हैं (समानम्) अनादित्व में समान (वृक्षम्) छिन्नभिन्न होने वाले प्रकृतिरूप वृक्ष को (परिषस्वजाते) लिपटे हैं (तयोः) उन दोनों में (अन्यः) एक तो (पिप्पलम्) फल को (स्वादु अत्ति) अच्छे प्रकार भोगता है (अन्यः) दूसरा [परमेश्वर] (अनश्नन्) न भोगता हुवा (अभिचाकशीति) साक्षी मात्र है ॥

इस में स्पष्ट जीवात्मा परमात्मा और अव्यक्त प्रकृति का वर्णन है। इस लिये अद्वैत और द्वैत दोनों वाद ठीक नहीं किन्तु त्रैतवाद वेद का सिद्धान्त है ॥

यह ओंकारादि और अन्य ईश्वर के नाम विषय में सत्यार्थप्रकाश और भास्करप्रकाश का मण्डन तथा तिमिरभास्कर और धर्म दिवाकर का खण्डन रूप प्रथम समुल्लास पूर्ण हुआ ॥१॥

अथ द्वितीय समुल्लासः ॥

तिमिरभास्कर पृ० १३ में सत्यार्थप्र० पृ० २८ के लेख पर शङ्का थी कि गर्भाधान से उपदेश किस प्रकार सम्भव है। उस का समाधान भास्करप्रकाश पृ० ११ में हम ने लिखा था कि—

आहारशुद्धेः सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः ॥

आहार से सत्त्व औरसत्त्व से स्मृति की शुद्धि और स्थिरता होती है। तथा—

अङ्गादङ्गात्संस्रवसि हृदयादधिजायसे ॥

जब कि माता के प्रत्येक अङ्ग और हृदय से पुत्र की उत्पत्ति है तब माता के शुद्ध हृदय का प्रभाव पुत्र पर कुछ न कुछ अवश्य पड़ेगा। इस पर ध० दि० पृ० १८ में लिखा है कि—

प्रत्युत्तर—बात कुछ जवाब कुछ। बात उपदेश करने की है उत्तर देते हैं भोजन से सत्वशुद्धि का। यह तो आप मानते ही नहीं आपके यहां तो शूद्र के हाथ की रसोई खाना लिखा है, शुद्धि का कुछ विचार नहीं, ब्राह्मण का पुत्र शूद्र का पुत्र बनाना लिखा है, यहां माता के अंग २ से टपकता लिखते हो, अब यह सत्य या वर्णसंकरता का कारण वह वर्णव्यवस्था। यह भी विदित है कि उपदेश करने का नाम भोजन करना नहीं है और गर्भाधान होते ही तो जीव का प्रादुर्भाव ही नहीं फिर उपदेश कैसा, इस से आप का इस विषय में कथन कल्पना मात्र है। शील के लक्षण इस प्रकार हैं॥

अद्रोहः सर्वभूतेषु कर्मणा मनसा गिरा। अनुग्रहश्च दानं च शीलमेतत्प्रशस्यते। तत्तु कर्म तथा कुर्याद्येन श्लाघ्येत संसदि ॥ महाभा०शा० ॥

मन वचन कर्म से किसी से वैर न करना अनुग्रह दान करना यह शील है तथा वह कर्म करै जिस से सभा में प्रतिष्ठा हो। सो गर्भ में यह उपदेश कैसे हो सकते हैं यह उपदेश तो बुद्धिमान् के ही ध्यान में आते हैं, और असत्य भाषण करना तो इष्ट ही है पुराण अवलोकन नहीं किये हैं तो क्यों उन की कथा लिखते हो किसी पुराण में यह आप दिखा सकते हैं कि नारद जी ने गर्भ में ज्ञान सीखा था यह आप ने मिथ्या ही कल्पना की है ॥

उत्तर-आप के सब सनातनी गौड़ भाई भी तो शूद्र के हाथ की पूरी कचौरी खाते हैं तथा आप के सनातनी कान्यकुब्ज शूद्र के हाथ की मिठाई पेड़ा, तथा पंजाबी सनातनी रोटी भी तो खाते हैं। तथा क्या आप पुराण के प्रमाण से भी यह सिद्ध कर सकते हैं कि प्राचीन काल में ब्राह्मण रोटी बनाने पर रहा करते थे ? अथवा किसी पौराणिक ने आज तक महाभारतादि किसी कथा में यह बांचा वा सुना है कि ब्राह्मण ही रसोइया होते थे ? जब नहीं है तो आर्यों पर ही आप का क्या आक्षेप है। उन्हों ने तो पाकाधिकारी शूद्र की शरीरशुद्धि में बहुत कुछ नियम किया है। देखो सत्यार्थप्रकाश१० वें समुल्लास में-

आर्याधिष्ठिता वा शूद्राः संस्कर्तारः स्युः ॥

आपस्तम्ब धर्मसूत्र प्रपाठक २ पटल २ खण्ड २ सूत्र ४-आर्यों के घर में शूद्र अर्थात् मूर्ख स्त्री पुरुष पाकादि सेवा करें परन्तु वे शरीर वस्त्र आदि से पवित्र रहें। आर्यों के घर में जब रसोई बनावें तब मुख बान्ध के बनावें क्योंकि उन के मुख से उच्छिष्ट और निकला हुवा श्वास भी अन्न में न पड़े। आठवें दिन क्षौर नखच्छेदन करावें। इत्यादि ॥

जब कि आहार का प्रभाव स्मृति पर पड़ता है और-

आहाराऽऽचारचेष्टाभिर्यादृशीभिः समन्वितौ।
स्त्रीपुंसौ समुपेयातां तयोः पुत्रोपि तादृशः ॥ सुश्रुते।

जो स्त्री पुरुष जिस प्रकार के विहार आहार और चेष्टा से युक्त होते हैं उन का पुत्र भी वैसा ही उत्पन्न होता है। परन्तु इस का यह फल नहीं निकल सका है कि माता पिता के गुणों के अतिरिक्त गुण कर्म सन्तान में घट बढ़ न हो सकें वा बदल न सकें। जब कि प्रत्यक्ष में सुशिक्षित होकर भी कुशिक्षित तथा कुशिक्षित होकर भी सुशिक्षित बन जाते हैं, तब गर्भ के सुशिक्षित जन्मने पर कुशिक्षा पाय कुशिक्षित होजावें वा गर्भ के कुशिक्षित जन्मने पर सुशिक्षा पाय सुधर जावें तो आश्चर्य नहीं, क्योंकि जो शिक्षा प्रबल पड़ेगी उसी का प्रभाव रहेगा। परन्तु गर्भ के संस्कार तथा जन्म के पश्चात् के संस्कार दोनों समय के संस्कारों का तो और भी अधिक फल होगा। परन्तु

कोई अटल नहीं होसक्ता। अपने विरुद्ध प्रबल प्रभाव से निर्बल दब जाते हैं और इस कारण वर्ण बदलना असम्भव नहीं। और यदि आप गर्भ में किसी प्रकार का सुधार नहीं मानते तो क्या आप के मत में गर्भाधान पुंसवन और सीमन्तोन्नयन संस्कार व्यर्थ हैं? यदि उन से कोई प्रभाव नहीं पड़ता तो उन का नाम संस्कार कैसे सार्थक होगा? वा आप इन संस्कारों को नहीं मानते ? और

अथ गर्भाधानꣳ स्त्रियाः पुष्पवत्याश्चतुरहादूर्ध्वꣳ स्नात्वा विरुजायास्तस्मिन्नेव दिवा "आदित्यंगर्भमिति" पारस्कर गृह्यसूत्र।

अर्थात् जब स्त्री रजस्वला हो कर पांचवें दिन स्नान करके रजोरोग रहित हो तब (आदित्यंगर्भम्) इत्यादि मन्त्रों से गर्भाधानसंस्कार करना चाहिये ॥ और–

अथ पुꣳसवनं पुरास्यन्दतइति मासे द्वितीये तृतीये वा ॥

पारस्कर गृह्यसूत्र

अनन्तर दूसरे वा तीसरे मास में पुंसवन संस्कार करे ॥ तथा–

चतुर्थे गर्भमासे सीमन्तोन्नयनम् ॥

आश्वलायन गृह्यसूत्र

अर्थात् गर्भ के चतुर्थ मास में सीमन्तोन्नयन संस्कार करना चाहिये ॥ यदि गर्भ में किसी प्रकार का सुधार न हो सक्ता तो ये आचार्य लोग इन गर्भाधान पुंसवन सीमन्तोन्नयन संस्कारों का विधान न करते। संस्कार और शिक्षा सुधार के लिये ही होते हैं। सुधार शारीरिक और आत्मिक दोनों प्रकार का है, किसी संस्कार के किसी कार्य से शारीरिक सुधार होता है और किसी संस्कार के किसी कार्य से आत्मिक सुधार होता है ॥

गर्भाधान होते ही जीव का प्रादुर्भाव नहीं। यह भी लिखना अज्ञान मूलक है–

सुश्रुतकार ने शारीरस्थानके गर्भावक्रान्ति नामक तृतीयाध्याय में स्पष्ट लिखा है:–

तत्र स्त्रीपुरुषयोः संयोगे तेजः शरीराद्वायुरुदीरयति ततस्तेजोऽनिलसन्निपाताच्छुक्रं च्युतं योनिमभिप्रतिपद्यते संसृज्यते चार्त्तवेन। ततोऽग्निसोमसंयोगात्संसृज्यमानो गर्भो गर्भाशयमनुप्रतिपद्यते। क्षेत्रज्ञो वेदयिता स्प्रष्टा घ्राता द्रष्टा श्रोता रसयिता

पुरुषः स्रष्टा गन्ता साक्षी धाता वक्ता योऽसावित्येवमादिभिः पर्यायवाचकैर्नामभिरभिधीयते दैवसंयोगादक्षयोऽव्ययोऽचिन्त्योभूतात्मना सहान्वक्षं सत्त्वरजस्तमोभिर्दैवासुरैर्वा परैश्च भावैर्वायुनाऽनिप्रेर्यमाणो गर्भाशयमनुप्रविश्यावतिष्ठते ॥

गर्भाधान समय में स्त्रीपुरुष का संयोग होने पर पुरुष के शरीर से वायु तेज को उभारता है पीछे वायु सहित तेज के उभरने से शरीर से छूटा वीर्य्य स्त्री के गर्भ में जाता और आर्त्तव नामक शोणित के साथ मिलता है। तब अग्नितत्त्वप्रधान शुक्र और सोमतत्त्वप्रधान शोणित दोनों का सङ्घट्टरूप गर्भ गर्भाशय में पहुंचता है। इसी के साथ जानने, स्पर्श करने, सूंघने, देखने, सुनने और स्वाद लेनेवाला अर्थात् पांच ज्ञानेन्द्रियों से वा मन से जानना आदि काम लेने वाला, आगे २ सन्तानोत्पत्ति करने की शक्ति रखने वाला, पगों से चलने, बुद्धि से साक्षी, शरीर का धारणकर्त्ता, वाणी से बोलने वाला, इत्यादि पर्यायवाचक नामों से जो कहा जाता है वह क्षेत्रज्ञ जीवात्मा वास्तव में जिस का स्वरूप न्यूनाधिक नहीं होता इसी से अविनाशी अचिन्त्य, सत्त्वरजस्तम के साथ सम्बन्ध रखने वाला देवासुरसम्बन्धी गुणों सहित वायु से प्रेरित हुआ गर्भाधान के पीछे गर्भाशय में प्रवेश करके स्थित होता है ॥

इस से सिद्ध है कि गर्भाधान से जीवात्मा भी प्रवेश करता है तथा ऐसा न होता तो गर्भ की वृद्धि आदि भी न होतीं ॥

हम बतावें कि किस पुराण में गर्भ में ज्ञानोपदेश पाना लिखा है? लीजिये-भागवत में कथा है कि गर्भगत प्रह्लाद ने नारद से उपदेश पाया। जब कि प्रह्लाद की माता गर्भवती थी तो इन्द्र उसे पकड़ कर लिये जाता था मार्ग में नारद ने रोका तब इन्द्र ने उत्तर दिया कि:-

इन्द्रउवाच-आस्तेऽस्या जठरे वीर्यमविषह्यं सुरद्विषः।

भागवते सप्तमस्कन्धे षष्ठाध्याये श्लोकः ॥९॥

इस के पेट में देवतों के शत्रु का असह्य वीर्य है। अन्त में वह कुछ काल गर्भवती नारद के समीप रक्षार्थ रही और प्रह्लाद कहता है कि तब-

अन्तर्वत्नी स्वगर्भस्य क्षेमायेच्छाप्रसूतये ॥१४॥ श्लो० ॥

ऋषिः कारुणिकस्तस्याः प्रादादुभयमीश्वरः।

धर्मस्य तत्त्वं च मामप्युद्दिश्य निर्मलम् ॥ १५ ॥
तत्तु कालस्य दीर्घत्वात्स्त्रीत्वान्मातुस्तिरोदधे ।
ऋषिणानुगृहीतं मां नाधुनाऽप्यजहात्स्मृतिः ॥ १६ ॥

मेरी माता गर्भवती इच्छापूर्वक सन्तानोत्पत्ति और रक्षा के लिये वहां रही ॥१४॥ दयालु (नारद) ऋषि ने उस को धर्म का तत्त्व और ज्ञान ये दोनों दिये और मुझ निर्मल को उद्दिष्ट करके भी ॥१५॥ परन्तु बहुत काल बीत जाने, और स्त्री होने से माता को तौ वह ज्ञान स्मृति में न रहा परन्तु ऋषि के अनुग्रह से मुझे अब भी स्मृति ने नहीं छोड़ा है ॥१६॥

अब आप ही जज होकर न्याय कीजिये कि पुराणशिरोमणि भागवत में हमारा इष्टसाधक प्रमाण है वा नहीं? यदि है तौ मिथ्यावादी कौन ठहरा?

ध० दि० पृ० १९ पं० १५ से—

"क्यों पंडित जी! ज्योतिष तौ वेद का एक अंग है जिसकी वेदाङ्ग में गिन्ती है जब ज्योतिष गणित और पदार्थविद्या का विरोधी है तब वह वेदाङ्ग कैसे हो सक्ता है ज्योतिष ने जोकि वेद का नेत्र स्वरूप है कौन सा आपके पदार्थ विद्या के पितामह पर आघात किया है ज्योतिष विरुद्ध है यह किसी वेद मंत्र से सिद्ध कर सक्ते हो महर्षि अश्वलायन लिखते हैं (उदगयन आपूर्यमाणपक्षे कल्याणे नक्षत्रे चौलकर्मोपनयनगोदानविवाहाः) उत्तरायण शुक्लपक्ष अच्छे फल वाले नक्षत्र में चौलकर्म यज्ञोपवीत गोदान विवाह करना। इस में भी मुहूर्तादि की लिपि पाई जाती है अच्छे काल में करने से अच्छा होता है यही तौ फल है तथा आपके गुरुदेव स्वीकृत सुश्रुत सूत्रस्थान अ० २८

नक्षत्रपीडा बहुधा यथाकालाद्विपच्यते ॥

ग्रहनक्षत्रपीडा का फल समय में होता है। तथा अ० ६॥

ग्रहनक्षत्रचरितैर्वा। कदाचिद्व्यापन्नेष्वप्यृतुषु कृत्यापिशाचरक्षःक्रोधाधर्मैरित्यादि ॥

ग्रह नक्षत्र के विपरीत होने से तथा अभिचार पिशाच राक्षसादि से वे ऋतु में भी रोग होते हैं इत्यादि अनेक सद्ग्रन्थ ग्रहनक्षत्र का फल मानते हैं, अब अथर्ववेद १९। ६। ७ में देखिये॥

* आरेवती चाश्वयुजामैभं स आमेरयिं भरण्या आवहन्तु अष्टविंशा निशिवानिशग्मानिसहयोगंभजन्तु मे ॥ सुशुकुनंमे अस्तु । अथर्व । शुन्नोदिविविचराग्रहाः । अथर्व

रेवती अश्वनी भरणी आदि नक्षत्र हमको ऐश्वर्य दें अट्टाइस नक्षत्र हमको सुखकारी हों (संशकुनं) अच्छे शकुन हमको हों आकाशचारी ग्रह हमको शान्ति करें ॥

इत्यादि वेदों में जब नक्षत्र ग्रहों के अनिष्ट फल देने के भय से उनका जप शान्ति लिखी है फिर ज्योतिष से कौन बुद्धिमान् मुख फेर सक्ता है ज्योतिष के कारण ही भारतवर्षीय धर्म सत्यता में स्थित है यद्यपि इस समय इस विद्या के जानने वाले न्यून हैं, परन्तु अब भी जो परिश्रम कर गुरु मुख से पढते हैं वे जो कथन करेंगे सो कभी मिथ्या नहीं हो सक्ता अभी चमत्कार वाले हैं कभी कभी समाचार पत्रों में भी प्रकाशित होते हैं पर आप तो बाबा वाक्यं प्रमाणं लिये घर में बैठे हैं आपको विदित कैसे हो जातका भरण किसी से पढ़ते तो समझ में आता तीन प्रकार के वर्ष होते हैं चान्द्र नक्षत्र और सावन सो इस स्थान में सावन वर्ष है यह शुक्लपक्ष की प्रतिपदा को प्रारंभ होकर मावस को पूर्ण होता है इस हिसाब से आद्य पक्ष शुक्ल हुआ और वह नक्षत्र भी शुक्लपक्ष की अष्टमी को प्राप्त होसकता है" ॥

उत्तर-ज्योतिष निःसन्देह वेदाङ्ग है। परन्तु नवीन कल्पित ज्योतिष नहीं किन्तु सिद्धान्तशिरोमणि सूर्य्यसिद्धान्तादि है । यदि मुहूर्त्तचिन्तामणि नक्षत्र प्रकरण श्लोक १३-

तीक्ष्णोग्राम्बुपभेषु मद्यमुदितम्

अर्थात् तीक्ष्ण उग्रसंज्ञक और वरुण के नक्षत्रों में मद्य पीना कहा है । फिर इसी का पीयूषधारा टीका देखियेः-

रौद्रे पित्र्ये वारुणे पौरुहूत्ये याम्ये सार्पे नैर्ऋते चैवधिष्ण्ये ।
पूर्वाख्येषु त्रिष्वपि श्रेष्ठउक्तो मद्यारम्भः कालविद्भिः पुराणैः ॥

अर्थात् आर्द्रा मघा शतभिषा भरणी अश्लेषा मूल पूर्वाषाढ़ा पूर्वाभाद्रपदा पूर्वाफल्गुनी, इन नक्षत्रों में मद्यपान श्रेष्ठ कहा है ॥

*यथादृष्टमशुद्धमेव विन्यस्यते । तु० रा०

विशाखाकृत्तिकापूर्वामूलार्द्राभरणीमघा। अश्लेशाज्येष्ठयोर्भेषु भौमे वा शाकुने बले ॥ लग्नेवा दशमे भौमे चौरसद्द्रव्यलब्धयः ॥

मुहूर्त्तगण०

विशाखा कृत्तिका तीनों पूर्वा मूल आर्द्रा भरणी मघा अश्लेषा और ज्येष्ठा नक्षत्र, मङ्गल वार वा शकुन का बल होने पर, जब लग्न वा दशवें मङ्गल हो तब चौर को अच्छे द्रव्यों का लाभ होता है ॥

क्या इस प्रकार के ज्योतिष नामधारी, मद्य और चोरी के मुहूर्त्त बताकर चोरों और मद्यपों से दक्षिणा दिलाने वाले ग्रन्थ कभी वेदाङ्ग हो सके हैं? कभी नहीं, हमें भय है कि आप अब किसी वेदमन्त्र का अनर्थ करके मद्य और चोरी भी वेद से सिद्ध न करने लगें ॥

अब यथार्थ वेदाङ्ग ज्योतिष सुनियेः—

भपञ्जरःस्थिरोभूरेवावृत्याऽवृत्यप्रतिदैवसिकौ ।
उदयास्तमयौ संपादयति ग्रहनक्षत्राणामिति ॥

आर्य्यभट्टीये

अर्थात् सूर्य्यादि सब नक्षत्र स्थिर हैं। पृथिवी ही लौट २ कर ग्रह नक्षत्रों के प्रतिदिन उदय अस्त कराती है। यह सत्य ज्योतिष वेद का अङ्ग है।

आप जो आश्वलायन सूत्र में (नवीन) ज्योतिष बताते हैं सो भ्रम है। उस का तात्पर्य तमोगुण की न्यूनता से है। क्योंकि उत्तरायण में प्रकाश अधिक होता है। शुक्रपक्ष में भी प्रकाश अधिक होता है। प्रकाश की अधिकता में तमोगुण निर्बल होजाता है। इस लिये वैदिकसंस्कार तभी करना उत्तम है। शुभ से तात्प जाल ग्रन्थानुसारी शु न नक्षत्र। नक्षत्र के प्रभाव से शान्त स्वच्छ दिन से तात्पर्य है, न कि चोरी और मद्यपान के महूर्त्त बताने वाले मुहूर्त्तचिन्तामणि आदि होते हैं, उन सब के विचार से स्वच्छ दिन में जो कुछ वायु, शीत, उष्ण, वर्षा आदि होते हैं, उन सब के विचार से स्वच्छ दिन में करें। हमारा वा स्वामीजी का यह विचार न था न है कि सम्भव ज्योतिष को भी न माने किन्तु असम्भव ज्योतिषाभास के न मानने का तात्पर्य है ॥

सुश्रुत में जो ग्रहनक्षत्रादिकृत पीडा है सो सूर्य्यादि की धूप आदि से जो ज्वरादि रोग होजाते हैं, उन का वर्णन है। न कि ऊपर के नमूने वाले जालग्रन्थप्रोक्त फलित से सम्बन्ध है ॥

अथर्व वेद के मन्त्र का तात्पर्य यह है कि अश्विनी से रेवती पर्य्यन्त २८ नक्षत्र सुखदायक हों। इस से ज्योतिष (जो आपने माना है) का सम्बन्ध नहीं किन्तु परमात्मा से प्रार्थना है कि नक्षत्र हमें अनुकूल रहैं। जिस प्रकार कोई यह प्रार्थना करे कि हम जो कुछ भोजन करते और जल पीते हैं वह सुखदायक हो। तो क्या इस प्रार्थना से यह सिद्ध हो जायगा कि भोजन और जल प्रसन्न वा क्रुद्ध हुवा करते हैं और अपने नाम का जप पाठ पुरश्चरणादि कराकर सुख देते हैं? कभी नहीं। यही उत्तर शकुन और ग्रहसम्बन्धी अथर्ववाक्य का समझिये॥

आप जो चान्द्रमास की जगह सावन वर्ष बताकर जातकाभरण का समाधान करते हैं, सो नहीं होता। क्योंकि वहां वैशाख शब्द पड़ा है। वैशाख शब्द का व्याकरणानुसार यह अर्थ है कि–

सास्मिन्पौर्णमासीति। अष्टाध्यायी ४।२।२०

विशाखया युक्ता पौर्णमासी वैशाखी, वैशाखी पौर्णमासी यस्मिन् सः वैशाखः। अर्थात् विशाखा नक्षत्र वाली पूर्णमासी जिस मास को पूर्ण करे वह मास "वैशाख" कहाता है। जब कि वहां वैशाख पद है और वैशाख अपने शब्दार्थानुसार पूर्णमासी को पूर्ण होजाता है। तब आप का सावन मास चान्द्रमास की ज्येष्ठ कृष्णा अमावस को पूर्ण होगा। जो विशाखा की पौर्णमासी को पूर्ण होने से ही वैशाख था। इस लिये यह समाधान ठीक नहीं। यदि किसी प्रकार खैंचा तानी से इस को मान भी लो तो १२ राशियों के सभी श्लोक हम नीचे लिखते हैं और निवेदन है कि आप इन की सम्भवता सिद्ध कीजियेः–

आयुस्तस्य विनिर्देश्यं कार्तिकस्य सितेतरे।
पक्षे बुधे नवम्यां च निशीथे च शिरोरुजा॥
निधनं स्यान् निशानाथे जन्मकाले जनुः स्थिते॥

जातकाभरण–(अर्थ) जिस की 'मेष' राशि हो उस की मृत्यु कार्तिक बदि नवमी बुध वार आधीरात्रि पर शिर में दर्द से हो॥

माघमासे नवम्यां च शुक्लपक्षे भृगोर्दिने।
रोहिण्यां निधनं विद्यात् जन्मनीन्दौ वृषस्थिते॥

(अर्थ) 'वृष' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु माघ शुदि नवमी शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र में हो ॥

वैशाखे शुक्लपक्षे च द्वादश्यां बुधवासरे ।
मध्याह्ने हस्तनक्षत्रे निर्याणञ्च विनिर्दिशेत् ॥

(अर्थ) 'मिथुन' राशि वाला मनुष्य वैशाख शुदि द्वादशी बुधवार को मध्याह्न समय हस्त नक्षत्र में मृत्यु को प्राप्त हो ॥

माघमासे सिते पक्षे नवम्यां भृगुवासरे ।
रोहिणीनामनक्षत्रे व्रजेदायुः प्रपूर्णताम् ॥

(अर्थ) 'कर्क' राशि वाले मनुष्य की आयु माघ शुदि नवमी शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र में पूर्ण हो ॥

'(वृष' राशि वाले मनुष्य के लिये भी यही समय नियत किया है) ।

फाल्गुनस्य सिते पक्षे पञ्चम्यां सोमवासरे ।
मध्याह्ने जलमध्ये च मृत्युर्नूनं न संशयः ॥

(अर्थ) 'सिंह' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु फाल्गुन शुदि ५ पञ्चमी सोमवार को मध्याह्न समय जल के बीच में हो, इस में कुछ संदेह नहीं है ॥

चैत्रे कृष्णत्रयोदश्यां निधनं रविवासरे ।

(अर्थ) 'कन्या' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु चैत्र वदि त्रयोदशी रविवार को हो ॥

पञ्चाशीतिर्भवेदायुर्वैशाखस्याद्यपक्षके ।
सार्पेऽष्टम्यां भृगोर्वारे निधनं पूर्वयामके ॥

(अर्थ) 'तुला' राशि वाला मनुष्य ८५ वर्ष की आयु में वैशाख वदि ८ अष्टमी शुक्रवार को अश्लेषा नक्षत्र में मरण को प्राप्त हो ॥

जिस मास की पूर्णमासी को जो नक्षत्र होता है उसी के नाम से वह मास पुकारा जाता है, जैसे चित्रा नक्षत्र से चैत्र, विशाखा से वैशाख, ज्येष्ठा से ज्येष्ठ, पूर्वाषाढा से आषाढ, श्रवण से श्रावण, पूर्वाभाद्रपदा से भाद्रपद अश्विनी से आश्विन, कृत्तिका से कार्तिक, मृगशिर से मार्गशिर, पुष्य से पौष मघा से माघ और पूर्वाफल्गुनी से फाल्गुन पुकारा जाता है ।

इस के अनुकूल चैत्र की पूर्णिमा * को चित्रा नक्षत्र होता है और वैशाख बदि ८ को श्रवण नक्षत्र होता है। परन्तु अश्लेषा नक्षत्र चित्रा से २२ वां है इसलिये पूर्णिमा से २२ दिन पश्चात् अर्थात् वैशाख शुदि ७ को होगा, कृष्णपक्ष की अष्टमी को किसी प्रकार नहीं होसकता ॥

ज्येष्ठमासे सिते पक्षे दशम्यां बुधवासरे ।
हस्तनक्षत्रसंयुक्ते मध्ये रात्रिगते सति ॥

(अर्थ) 'वृश्चिक' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु ज्येष्ठ शुदि दशमी बुधवार को हस्त नक्षत्र में मध्य रात्रि पर हो ॥

आषाढस्य सिते पक्षे पञ्चम्यां भृगुवासरे ।
निशायां हस्तनक्षत्रे निधनं सर्वथा भवेत् ॥

(अर्थ) 'धन' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु आषाढ शुदि पञ्चमी शुक्रवार को हस्त नक्षत्र में हो ॥

श्रावणस्य सिते पक्षे दशम्यां भौमवासरे ।
ज्येष्ठायां निधनन्नूनं चन्द्रे मकरसंस्थिते ॥

(अर्थ) 'मकर,राशि वाले मनुष्य की मृत्यु अवश्य श्रावण शुदि दशमी मङ्गलवार को ज्येष्ठा नक्षत्र में हो ॥

भाद्रमासे सिते पक्षे चतुर्थ्यां शनिवासरे ।
भरणीनामनक्षत्रे गृणन्ति मरणं नृणाम् ॥

(अर्थ) 'कुम्भ, राशि वाले की मृत्यु भाद्रपद शुदि चतुर्थी शनिवार को भरणी नक्षत्र में हो ॥

यहां भी जातकाभरणकर्त्ता ने गणित में भूल की है क्योंकि भरणी नक्षत्र श्रवण नक्षत्र से सातवां है, इस लिये श्रावण की पूर्णमासी से ७ दिन पश्चात् अर्थात् भाद्रपद कृष्णा ७ सप्तमी को आवेगा, शुक्ल पक्ष की ४ को कदापि नहीं आसकता

आश्विनस्य सिते पक्षे द्वितीयायां गुरोर्दिने ।
कृत्तिकायां च नक्षत्रे सायं मृत्युर्न संशयः ॥

---

* बहुधा एक, दो, वा तीन दिन का अन्तर भी पड़ जाता है परन्तु तीन दिन से अधिक अन्तर पड़ना असम्भव है ॥

[गताङ्क पृष्ठ १०८ से आगे दिवाकरप्रकाश]

(अर्थ) 'मीन, राशि वाले की मृत्यु, आश्विन शुदि २ बृहस्पतिवार को सायंकाल कृत्तिका नक्षत्र में हो, इसमें कुछ संदेह नहीं (जातकाभरण)

यहां भी गणित में भूल है, क्योंकि कृत्तिका नक्षत्र पूर्वाभाद्रपदा से पांचवां है इसलिये आश्विन बदी पंचमी को आना चाहिये, आश्विन शुदि २ को किसी प्रकार से नहीं आसकता ॥

गणित की भूलों को छोड़कर (जिन से ग्रन्थकर्त्ता की गणितज्ञता अच्छे प्रकार झलकती है) इस ग्रन्थ के अनुकूल सब मनुष्यों को उक्त ११ * दिनमें मरना चाहिये, वर्ष भर के शेष ३४९ दिन में किसी की भी मृत्यु न होनी चाहिये, क्योंकि प्रत्येक मनुष्य की कोई राशि अवश्य होती है । परन्तु संसार भर के मनुष्यों की गणना तो दूर रही, एक नगर ही की परीक्षा से इस बात का मिथ्यात्व प्रकट हो जायगा, अर्थात् परीक्षा से ज्ञात होगा कि कोई दिन ऐसा न होगा कि कुछ मनुष्यों की मृत्यु न हुई हो । परीक्षा से यह भी खुलजायगा कि एक राशि के सब मनुष्यों की मृत्यु एक ही (नियत) दिन नहीं होती ॥

केवल इतना ही नहीं किन्तु इस विषय में फलित के ग्रन्थों में बड़ा परस्पर विरोध है । जातकाभरण के विरुद्ध मानसागरी पद्धति में निम्न लेखानुसार दिन निश्चित किये हैं । साथ ही मानसागरी के कर्त्ता महाशय की गणितज्ञता और पाण्डित्य का भी कुछ परिचय दिया जाता है ॥

(मेष) कार्तिक मासे तिथि चौथ वार मङ्गल भरणी नक्षत्रे देहं त्यजति ॥

(अर्थ) मेष राशि वाला कार्त्तिक ४ मङ्गलवार भरणी नक्षत्र में देह त्यागता है ॥

वाह ग्रन्थकर्त्ता जी ! आपका पाण्डित्य धन्य है ! ! कहिये तो यह कौन भाषा है ? संस्कृत प्राकृत अथवा कोई अन्य ?

यह ग्रन्थ व्याकरण की अशुद्धिओं से सर्वत्र भरपूर है, अतएव इस बात पर कुछ ध्यान नहीं दिया, पाठकगण स्वयं देख सकते हैं । गणित की भूलों से भी यह ग्रन्थ ऐसे ही आच्छादित हैं। पूर्वोक्त गणित में ग्रन्थकर्त्ता ने

* 'वृष, और 'कर्क, राशि के लिये एकही दिन (अर्थात माघ शुदि ९) नियत किया है इसलिये १२ राशि के लिये ११ दिवस हुए ॥

यह युक्ति की है कि पक्ष नहीं बतलाया परन्तु भरणी नक्षत्र कृत्तिका से १ पूर्व है । इसलिये कार्तिक की पूर्णमासी से एक दिन पूर्व अर्थात् कार्तिक शुदि १४ को आवेगा, किसी पक्ष की चतुर्थी को नहीं आसकता ।।

(वृष) माघमासे शुक्लपक्षे तिथौ ९ शुक्र दिने रोहणी नक्षत्रे अर्द्ध-रात्रौ देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'वृष' राशि वाले मनुष्य का मृत्यु माघ शुदि नवमी शुक्रवार को रोहणी नक्षत्र में अर्द्धरात्रि समय हो ।।

(मिथुन) पौषमासे कृष्णपक्षे अष्टमी दिन बुधवारेआर्द्रा नक्षत्रे प्रथमप्रहरे देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'मिथुन' राशि वाले मनुष्य का मृत्यु पौष वदि अष्टमी बुधवार को आर्द्रा नक्षत्र में प्रथम पहर में हो ।।

यहां भी गणित में भूल है क्योंकि आर्द्रा नक्षत्र मृगशिर से १ आगे है इसलिये पौषबदि १ को आवेगा ।। अष्टमी को नहीं ।।

(कर्क) फाल्गुणमासे शुक्लपक्षे ४ प्रहरे गे.धूलिक वेलायां देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'कर्क' राशि वाले मनुष्य का मृत्यु, फाल्गुन शुदि ४ गोधूलिक वेला में हो ।।

(सिंह) श्रावणमासे शुक्लपक्षे दशमी दिने पूर्वाफाल्गुणी नक्षत्रे रविवारे १ प्रहरे देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'सिंह' राशिवाले मनुष्य का मृत्यु, श्रावण शुदि १० रविवारको प्रथम पहर में पूर्वा फल्गुनी नक्षत्र में हो ।।

यहां भी गणित में भूल है क्योंकि पूर्वा फल्गुनी नक्षत्र श्रवण से ११ नक्षत्र पूर्व है इस लिये श्रावण शुदि ४ को आयगा ।।

(कन्या) भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे नवमीदिने बुधवार हस्त नक्षत्रे गोधूलिकवेलायां देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'कन्या' राशि वाले मनुष्य का मृत्यु, भाद्रपद शुदि ९ बुधवार को गोधूलिक वेला में हस्त नक्षत्र में हो ।।

यहां भी भूल है क्योंकि हस्तनक्षत्र श्रवण से अठारहवां है इसलिये भाद्र-पद शुदि ३ को आयगा । ९ को नहीं ।।

(तुला) वैशाखमासे शुक्लपक्षे १३ शुक्रवारे शतभिषानक्षत्रे मध्याह्न वेलायां देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'तुला' राशिवाले मनुष्य की मृत्यु वैशाख शुदि १३ शुक्रवार को मध्याह्न समय शतभिषा नक्षत्र में हो ॥

यहां भी गणित में भूल है क्योंकि शतभिषा नक्षत्र विशाखा से १९ नक्षत्र पूर्व है इस लिये वैशाख की पूर्णमासी से १९ दिन पूर्व अर्थात् वैशाख वदि ११ को आयेगा । शुदि १३ को नहीं ॥

(वृश्चिक)ज्येष्ठमासे कृष्णपक्षे तिथौ ११ मङ्गलवारे अनुराधानक्षत्रे १ प्रहरे देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'वृश्चिक' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु ज्येष्ठ वदि ११ मङ्गलवार को अनुराधा नक्षत्र में हो ॥

अनुराधा नक्षत्र विशाखा से १ पश्चात् है इस लिये ज्येष्ठ वदि १ को आयगा । ११ को कदापि नहीं ॥

(धन) आषाढ़मासे शुक्लपक्षे तिथि १ गुरुवारे हस्तनक्षत्रे गोधूलिकवेलायां देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'धन' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु आषाढ़ शुदि १ बृहस्पतिवार को हस्त नक्षत्र में हो ॥

हस्त नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा से ७ नक्षत्र पूर्व है इस लिये आषाढ़ शुदि ८ को आयगा १ को कदापि नहीं आसकता ॥

(मकर) कार्तिकमासे शुक्लपक्षे तिथि ५ शुक्रवारे श्रवण नक्षत्रे देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'मकर' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु कार्तिक शुदि ५ शुक्रवार को श्रवण नक्षत्र में हो ॥

(कुम्भ) माघमासे शुक्लपक्षे तिथि २ गुरुवारे उत्तराभाद्रपद नक्षत्रे मृत्युर्भवति ॥

(अर्थ) 'कुम्भ' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु माघ शुदि २ गुरुवार को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में हो ॥

(मीन) माघ मासे शुक्लपक्षे तिथि १२ उत्तरा भाद्रपद नक्षत्रे गुरुवारे प्रातःकाले देहं त्यजति ॥

(अर्थ) 'मीन' राशि वाले मनुष्य की मृत्यु माघशुदि १२ गुरुवार को उत्तराभाद्रपदा नक्षत्र में हो ॥

यहां गणित में प्रत्यक्ष विरोध है क्योंकि (कुम्भ और मीन राशि में) माघ शुदि २, तथा माघशुदि १२ के लिये एक ही (उत्तराभाद्रपद) नक्षत्र है। परन्तु यह सर्वथा असम्भव है। यह इन ज्योतिषियों के पाण्डित्य और गणितज्ञता का कुछ परिचय है। इस परस्पर विरोध में भी इन लोगों की यह युक्ति है, कि यदि कोई मनुष्य इन दोनों दिनों में से (जो 'मानसागरी' और 'जातकाभरण' में एक ही राशि के लिये नियत किये गये हैं) किसी दिन मर जाय तो वैसा ही प्रमाण सुनादें। जब राशिफल ही की यह दशा है तो "प्रथमग्रासे मक्षिकापातः" यही कहावत चरितार्थ होती है। फिर यह बेनीव का घर, यह बालू की भीत कब तक ठहर सकती है? अर्थात् इस झूंठे ज्योतिष को (जिस में केवल अविद्या छल और कपट ही भरे हैं) विद्वान् और सभ्य लोग कैसे मान सकते हैं? (ज्यो० । चं०)

ध० दि० पृ० २० पं० २९ में जो छान्दोग्य का वचन लिखकर स्वप्न का फल लिखा है सो,

उत्तर–यह है कि न तो सत्यार्थप्रकाश में इस प्रकरण में स्वप्न को मिथ्या लिखा, न द० ति० भास्कर में, न भास्करप्रकाश में, फिर "आमान्पृष्टः कोविदारानाचष्टे" के तुल्य आप का लिखना हुवा वा नहीं? प्रत्युत इस लेख से आप के नवीन वेदान्त पर आघात होता है जो स्वप्न के दृष्टान्त से जगत् को मिथ्या बताते हैं। क्योंकि आप स्वप्न को इस वाक्य से सफल सिद्ध करते हैं, और वेदान्ती लोग मिथ्या स्वप्नवत् जगत् का मिथ्यात्व निरूपण करते हैं।

ध० दि० पृ० २१ पं० २१–

सत्यार्थ में माता की शिक्षा में उपस्थादि का स्पर्श निषेध लिखा है, इसपर मिश्र जी ने लिखा था ऐसी शिक्षा करते में निर्लज्जता होगी, इस पर आप कहते हैं ऐसी शिक्षा के विना ही दुर्दशा है, अच्छा ऐसी ही शिक्षा माताओं से कराओ, कारण कि दयानन्दीयपन्थ में लाज कहां, वहां तो पति नियत तारीख से अधिक दिन तक परदेस में रहे तो वह दूसरे से नियोग करलें

ऐसा उपदेश है ॥

उत्तर—स्वामी जी महाराज का लिखना ठीक है कि माता उपस्थेन्द्रिय स्पर्शादि से पुत्र को रोके, आप इस अतिबाल्यावस्था की शिक्षा को निर्लज्जता का हेतु समझते हैं, तौ क्या आप नहीं जानते कि बालक बहुत काल तक नग्न अवस्था में माता की गोद में सोता है और माता ही प्रायः उस को विष्ठा मूत्रादि का त्याग कराती है, अपने हाथों से उस के गुह्यस्थानों का शौच करती है, तब उस को उस छोटी अवस्था में निर्लज्जता क्या हो सक्ती है ५ वर्ष वा ८ वर्ष की अवस्था के पश्चात् तौ स्वामी जी के लेखानुसार बालक गुरुकुल में ही चला जाता है तब तौ माता से पृथक् ही हो जाता है बस ८ वा ५ वर्ष से पूर्व बाल्यावस्था के पुत्र को माता शिक्षा दे तौ लज्जा का नाश किसी प्रकार सम्भव नहीं ॥

दयानन्दीयपन्थ में निस्सन्देह ऐसी निर्लज्जता नहीं जैसी कि पुराणों के परदादा महाभारत में लिखी है। महाभारत आदि पर्व अध्याय १२० में पाण्डु अपनी स्त्री कुन्ती से कहता है कि—

उत्तमाद्देवरात्पुंसः काङ्क्षन्ते पुत्रमापदि ॥३४॥ अपत्यं धर्मफलदं श्रेष्ठं विन्दन्ति मानवाः। आत्मशुक्रादपि पृथे! मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत् ॥३५॥ तस्मात् प्रहेष्याम्यद्यत्वां हीनः प्रजननात्स्वयम्। सदृशाच्छ्रेयसोवात्वं विद्ध्यपत्यं यशस्विनम् ॥३६॥ शृणु कुन्ति कथामेतां शारदण्डायनीं प्रति। सा वीरपत्नी गुरुणा नियुक्ता पुत्रजन्मनि ॥३७॥ पुष्पेण प्रयता स्नाता निशि कुन्ति चतुष्पथे। वरयित्वा द्विजं सिद्धं हुत्वा पुंसवनेऽनलम् ॥३८॥ कर्मण्यवसिते तस्मिन्सातेनैव सहाऽवसत्। तत्र त्रीन् जनयामास दुर्जयादीन्महारथान् ॥३९॥ तथा त्वमपि कल्याणि ब्राह्मणातापसाधिकात्। मन्नियोगाद्यतक्षिप्रमपत्योत्पादनं प्रति ॥४०॥

(अर्थ) हे कुन्ति! देवर (द्वितीयवर) जो उत्तम हो उस से आपत्काल में लोग सन्तान की कामना करते हैं ॥ ३४ ॥ और व्यभिचार नहीं किन्तु धर्मफलदायक उत्तम सन्तान को प्राप्त होते हैं। यह स्वायंभुव मनु ने कहा है ॥ ३५ ॥ इस कारण हे कुन्ति! अब मैं तुझे आज्ञा दूंगा कि अपने

सदृश वा उच्च पुरुष से सन्तान उत्पन्न कर क्योंकि मैं स्वयं सन्तानोत्पत्ति में असमर्थ हूं ॥३६॥ हे कुन्ति! शारदण्डायनी की कथा सुन। उस वीरपत्नी ने पुत्र जन्म निमित्त उच्च से (नियुक्ता) नियोग किया था ॥३७॥ जब वह पुष्पवती होकर स्नान करके निमटी तब रात्रि को चतुष्पथ में एक सिद्ध द्विज को वर करके पुंसवन अर्थात् पुरुष पुत्र को उत्पन्न करने निमित्त अग्नि में होम किया ॥ ३८ ॥ गर्भाधानसंस्कार निमटने पर वह वीरपत्नी उस द्विज से समागम को प्राप्त हुई, उस से उस में दुर्जय आदि ३ महारथ उत्पन्न हुए ॥३९॥ इसी प्रकार हे कुन्ति! तू भी किसी तप में अधिक ब्राह्मण से मेरी आज्ञानुसार सन्तानोत्पत्ति का यत्न कर ॥ ४० ॥ फिर-आदि पर्व अ० १९८ में-

अधर्म्मोऽयं मम मतो विरुद्धो लोकवेदयोः । नह्येका विद्यते पत्नी बहूनां द्विजसत्तम ॥७॥ युधिष्ठिर उवाच—न मे वागनृतं प्राह नाधर्म्मे धीयते मतिः। वर्त्तते हि मनो मेऽत्र नैषोऽधर्मः कथञ्चन ॥ १३ ॥ श्रूयते हि पुराणेऽपि जटिला नाम गौतमी । ऋषीनध्यासितवती सप्त धर्मभृतांवरा ॥ १४ ॥ तथैव मुनिजा वार्क्षी तपोभिर्भावितात्मनः । सङ्गताऽभूद्दशभ्रातॄनेकनाम्नः प्रचेतसः ॥ १५ ॥ गुरोर्हि वचनं प्राहुर्धर्म्यं धर्मज्ञसत्तम। गुरूणाञ्चैव सर्वेषां माता परमको गुरुः ॥१६॥ सा चाप्युक्तवती वाचं भैक्ष्यवद्भुज्यतामिति। तस्मादेतमहं मन्ये परं धर्मं द्विजोत्तम ॥ १७ ॥

कुन्त्युवाच—

एवमेतद्यथा प्राह धर्मचारी युधिष्ठिरः । अनृतान्मेभयं तीव्रं मुच्येऽहमनृतात्कथम् ॥ १८ ॥

व्यास उवाच-

अनृतान्मोक्ष्यसे भद्रे धर्म्मश्चैव सनातनः । यथा च प्राह कौन्तेयस्तथा धर्म्मो न संशयः ॥ २० ॥

एक साथ एक स्त्री के अनेक पतियों का होना मेरी बुद्धि में लोक और वेद से विरुद्ध है और अधर्म्म है क्योंकि हे द्विजोत्तम बहुत से पुरुषों की एक

स्त्री नहीं हो सकती ॥७॥ इस द्रुपद की बात को सुन कर धर्म्मराज सत्यवादी महाराज युधिष्ठिर बोले कि हे राजा द्रुपद! मेरी वाणी असत्य को कभी नहीं कहती और न मेरी बुद्धि अधर्म्म में प्रवृत्त होती है किन्तु मेरा मन इस काम में प्रवृत्त है इस लिये इस कार्य्य (एक स्त्री को अनेक पति करने) में किसी प्रकार अधर्म्म नहीं है ॥ १३ ॥

क्योंकि पुराणों में सुनते हैं कि जटिला नामक गौतम ऋषि की लड़की ने सप्तऋषियों के साथ सहवास किया अर्थात् एक साथ सात पति किये।१४।

ऐसी ही मुनिजावार्क्षी नाम्नी ने प्रचेतस नाम के दश तपस्वी भाइयों से गमन किया ॥ १५ ॥ धर्मज्ञ लोग गुरु के वचन को धर्म्म युक्त कहते हैं और सब गुरुओं में माता रूप गुरु ही श्रेष्ठ है ॥१६॥ वह माता हम को कह चुकी है कि भिक्षा के समान सब जने इस [द्रौपदी] को भोगो इस लिये मैं इस को परम धर्म्म मानता हूं ॥१७॥

कुन्ती बोली कि जो धर्म्मात्मा युधिष्ठिर ने जैसा कहा है वैसा ही ठीक है—असत्य से मुझे बहुत ही भय है मैं असत्य से कैसे छूट सकूंगी ॥१८॥ तब वेदव्यास जी बोले कि हे कुन्ती! तुम असत्य से छूटोगी यह सनातनधर्म्म है, मैं राजा द्रुपद से कहता हूं वह मेरे वचन को सुने ॥१९॥ जो कुछ राजा युधिष्ठिर ने कथन किया है वह सनातन धर्म्म है इस में कुछ भी संशय नहीं है ॥२०॥

अब सनातनधर्म्मसभा के सभासदों को उचित है कि नियोग का खण्डन कभी न करें क्योंकि महाभारत में एक स्त्री को एक साथ अनेक ख़सम (पति) करने का नाम ही "सनातनधर्म्म" लिखा है—केवल एक स्त्री को अनेक पति करने का नाम ही सनातनधर्म्म नहीं है किन्तु व्यभिचार करने को भी सनातनधर्म्म लिखा है देखो आदि पर्व अ० १२२—

पाण्डुरुवाच—

अथत्विदं प्रवक्ष्यामि धर्म्मतत्व न्निबोध मे। पुराणमृषिभिर्दृष्टं धर्म्मविद्भिर्महात्मभिः ॥ ३ ॥ अनावृत्ताः किल पुरा स्त्रिय आसन् वरानने। कामचारविहारिण्यः स्वतन्त्राश्चारुहासिनि ४ तासांव्युच्चरमाणानां कौमारात्सुभगे पतीन्। नाधर्म्मोऽभूद्वरारोहे स हि धर्म्मः पुराऽभवत् ॥५॥ तञ्चैव धर्म्मं पौराणं

तिर्य्यग्योनिगताः प्रजाः । अद्याप्यनुविधीयन्ते कामक्रोधविवर्जिताः ॥६॥ प्रमाणदृष्टो धर्म्मोऽयं पूज्यते च महर्षिभिः । उत्तरेषु च रम्भोरु कुरुष्वद्यापि पूज्यते॥७॥ स्त्रीणामनुग्रहकरः स हि धर्म्मः सनातनः । अस्मिंस्तु लोके न चिरान्मर्यादेयं शुचिस्मिते। स्थापिता येन यस्माच्च तन्मेविस्तरतः शृणु॥८॥

महाराज पाण्डु अपनी स्त्री कुन्ती से कहते हैं कि धर्म्मात्मा विद्वान् ऋषियों ने जिस पुराण धर्म्म को देखा उस सनातन पुराण धर्म्म को मैं कहता हूं, उस धर्म्म को मुझ से जान ॥३॥ हे सुन्दर हास्य वाली कुन्ती! पूर्वकाल में सब स्त्रियां स्वतन्त्र थीं अर्थात् जैसे वर्त्तमान समय में स्त्री पति के आधीन हैं ऐसे पूर्वकाल में स्त्री किसी पुरुष के बन्धन (क़ैद) में नहीं थीं किन्तु स्वेच्छाचारिणी थीं ॥ ४ ॥ वे स्त्रियां कुआरेपन (कन्यावस्था) से ही पतियों को उल्लङ्घन करके स्वतन्त्रता पूर्वक विहार करने पर भी उन स्त्रियों को पाप नहीं लगा क्योंकि वो पहिले धर्म्म था ॥५॥ उस पुराण धर्म्म को काम क्रोध से रहित पशु पक्षी आदि प्राणी अद्यापि पाल रहे हैं ॥६॥ इस प्रामाणिक धर्म्म को महर्षि लोग पूजा (सत्कार) करते हैं उत्तर कुरु में अब भी इस धर्म्म की पूजा हो रही है ॥७॥ स्त्रियों पर अनुग्रह (मेहर्बानी) करना यही सनातनधर्म्म है इस लोक में बहुत दिन से यह मर्यादा स्थापित नहीं हुई है यह मर्यादा जिस पुरुष से और जिस कारण से स्थापित हुई है वह मेरे से तू विस्तारपूर्वक श्रवण कर ॥ ८ ॥

बभूवोद्दालको नाम महर्षिरितिनः श्रुतम्। श्वेतकेतुरिति ख्यातः पुत्रस्तस्याऽभवन्मुनिः ॥ ९ ॥ मर्यादेयं कृता तेन धर्म्म्या वै श्वेतकेतुना। कोपात् कमलपत्राक्षि यदर्थस्तन्निबोधमे ॥१०॥ श्वेतकेतोः किल पुरा समक्षं मातरं पितुः । जग्राहब्राह्मणः पाणौ गच्छाव इति चाब्रवीत् ॥ ११ ॥ ऋषिपुत्रस्ततः कोपं चकाराऽमर्षचोदितः । मातरं तां तथा दृष्ट्वा नीयमानां बलादिव ॥१२॥ क्रुद्धन्तन्तु पिता दृष्ट्वा श्वेतकेतुमुवाच ह । मा तात कोपं कार्षीस्त्वमेष धर्म्मःसनातनः ॥१३॥ अनावृत्ता

हि सर्वेषां वर्णानामङ्गना भुवि । यथा गावः स्थितास्तात स्वे स्वे वर्णे तथा प्रजाः ॥ १४ ॥ पत्या नियुक्ता या चैव पत्नी पुत्रार्थमेव च । न करिष्यति तस्याश्च भविष्यति तदेव हि ॥१९॥ सौदासेन च रम्भोरु नियुक्ता पुत्रजन्मनि । दमयन्ती जगामर्षिं वसिष्ठमिति नः श्रुतम् ॥ २१ ॥ तस्माल्लेभे च सा पुत्रमश्मकं नाम भामिनी ॥ २२ ॥ अस्माकमपि ते जन्म विदितं कमलेक्षणे । कृष्णद्वैपायनाद्भीरो कुरूणां वंशवृद्धये ॥२३॥ अत एतानि सर्वाणि कारणानि समीक्ष्य वै । ममैतद्वचनं धर्म्यं कर्त्तुमर्हस्यऽनिन्दते ॥२४॥ ऋतावृतौ राजपुत्रि ! स्त्रिया भर्त्ता पतिव्रते ! । नातिवर्त्तव्य इत्येवं धर्मं धर्मविदो विदुः ॥२५॥ शेषेष्वन्येषु कालेषु स्वातन्त्र्यं स्त्री किलार्हति । धर्ममेवं जनाः सन्तः पुराणं परिचक्षते ॥२६॥ भा० आ० प० अ० १२२ ॥ तृ० सं० शक १८०९

हम ने सुना है कि उद्दालक नाम एक ऋषि हुवे । उन का पुत्र श्वेतकेतु नामक मुनि हुआ ॥ ९ ॥

उस श्वेतकेतु ने कोप से यह धर्ममर्यादा स्थापित की । उस श्वेतकेतु को मुझ से तू सुन ॥ १० ॥

श्वेतुकेतु और उन के पिता उद्दालक के संमुख एक ब्राह्मण श्वेतकेतु की माता का हाथ पकड़ कर बोला कि हम तुम दोनों गमन करें ॥११॥

ऐसे बलात्कार (ज़बरदस्ती) से माता को प्राप्त करते (ले जाते) देख कर क्रोध (गुस्से) में आकर पुत्रने कोप किया ॥ १२ ॥ श्वेतकेतु को गुस्से में (क्रोधाविष्ट) देख कर महर्षि उद्दालक जी बोले कि हे तात ! क्रोध मत कर क्योंकि यह सनातन * धर्म है ॥ १३ ॥ हे पुत्र ! जैसे गाय बैल आदि सब स्वतन्त्र हैं ऐसे ही पृथिवी पर सब वर्णों की स्त्रियें भी स्वतन्त्र हैं अर्थात् किसी से घिरी हुई वा बन्धन में नहीं हैं ॥ १४ ॥ पति

* वाह रे सनातन धर्म !!!

की आज्ञा पाकर जो स्त्री नियोग करके पुत्रोत्पत्ति नहीं करेगी उस स्त्री को भ्रूणहत्या का पाप लगेगा ।।१९।। हम ने सुना है कि राजा सौदास ने दमयन्ती का वसिष्ठ ऋषि से नियोग कराया और दमयन्ती ने वसिष्ठ ऋषि से गमन किया और वसिष्ठ ऋषि से दमयन्ती के अश्मक नामक पुत्र उत्पन्न हुआ ।। २२ ।। और कुरुकुल की वृद्धि के लिये वेदव्यास जी से हमारा जन्म हुआ है इस को भी तू जानती है ।। २३ ।। इन सब कारणों को विचार के मेरे धर्मयुक्त वचनानुसार तू पुत्रोत्पत्ति के लिये नियोग कर ।।२४।। हे पतिव्रते! राजपुत्रि! धर्म के जानने वाले इसी को धर्म कहते हैं कि प्रत्येक ऋतुकाल में स्त्री अपने पति को छोड़ कर पर पति के पास न जाय परन्तु ऋतुकाल को छोड़ कर अन्य कालों में स्त्रियों को स्वतन्त्रता है सन्त लोग इसी को पुराण (सनातन)* धर्म कहते हैं ।।२५।२६।।

और भी

महाभारत आदि पर्व अध्याय १७९ में कथा है कि कल्माषपाद अयोध्या के राजा ने वसिष्ठ ऋषि से कहा कि-

इक्ष्वाकूणां च येनाऽहमनृणः स्यां द्विजोत्तम !।
तत्त्वत्तः प्राप्तुमिच्छामि सर्ववेदविदांवर !।। ३३ ।।
अपत्यमीप्सितं मह्यं दातुमर्हसि सत्तम !।
शीलरूपगुणोपेतमिक्ष्वाकुकुलवृद्धये ।। ३४ ।।

अर्थ-जिस से इक्ष्वाकुवों के पितृ ऋण से अनृण होऊं, वह (पुत्र) तुम से प्राप्त करना चाहता हूं। हे द्विजोत्तम! हे सब वेदवेत्ताओं में श्रेष्ठ! ।।३३।। हे सज्जन शिरोमणे! मुझे मन चाही सन्तान दीजिये जो शील रूप और गुण से युक्त हो और जिस से इक्ष्वाकुकुल की वृद्धि हो ।।३४।। इस में वसिष्ठ जी को वेदवेत्ता इस लिये कहा है कि आप वेदोक्त नियोग धर्म को जानते हैं। हमारे पं० जी यह न कह उठें कि वसिष्ठ जी के वरदान मात्र से राजा के पुत्र होगया। नहीं २ उसी अध्याय में लिखा है कि राजा वसिष्ठ जी को अपने घर अयोध्या में ले आया।

ततः प्रतिययौ काले वसिष्ठः सह तेन वै।
ख्यातां पुरीमिमां लोकेष्वयोध्यां मनुजेश्वर!।। ३६ ।।

* नोट-इस श्लोक में व्यभिचार को ही सनातन धर्म माना है ।।

अर्थ–वसिष्ठ जी राजा के साथ " समय " पर जगद्विख्यात अयोध्या पुरी में पहुंचे ।। फिर–

राज्ञस्तस्याज्ञया देवी वसिष्ठमुपचक्रमे ॥४३॥

अर्थ–उस राजा की आज्ञा से रानी जो वसिष्ठ की सेवा में उपस्थित हुई ।। फिर–

महर्षिः संविदं कृत्वा सम्बभूव तया सह ।
देव्या दिव्येन विधिना वसिष्ठः श्रेष्ठभागृषिः ॥४४॥

अर्थ–उस देवी के साथ दिव्य (उत्तम) विधि से श्रेष्ठभागी महर्षि वसिष्ठ समागम को प्राप्त भये । फिर–

ततस्तस्यां समुत्पन्ने गर्भे स मुनिपुङ्गवः ।
राज्ञाभिवादितस्तेन जगाम मुनिराश्रमम् ॥४५॥

अर्थ–तब उन से उस रानी में गर्भ स्थित होने पर वसिष्ठ जी उस राजा से नमस्कृत अपने आश्रम को चले गये ।।

अब तो " अन्यमिच्छस्व सुभगे पतिं मत् " को वसिष्ठ महर्षि के दृष्टान्त से आप भी मानेंगे ? इतने पर भी पुराण ही लज्जा के रक्षक समझे जावें तो उतथ्य की कथा महाभारत आदि पर्व अध्याय १०४ में देखिये–

अथोतथ्य इतिख्यातः आसीद्धीमानृषिः पुरा । ममता नाम तस्यासीद्भार्य्या परमसम्मता ॥८॥ उतथ्यस्य यवीयांस्तु पुरोधास्त्रिदिवौकसाम् । बृहस्पतिर्बृहत्तेजा ममतामन्वपद्यत ॥ ९ ॥ उवाच ममता तन्तु देवरं वदतांवरम् । अन्तर्वत्नी त्वहं भ्रात्रा ज्येष्ठेनारम्यतामिति ॥१०॥ अयं च मे महाभाग ! कुक्षावेव बृहस्पते ! । औतथ्यो वेदमत्रापि षडङ्गं प्रत्यधीयत ॥११॥ अमोघरेतास्त्वं चाऽपि द्वयोर्नास्त्यत्र संभवः । तस्मादेवं च न त्वद्य उपारमितुमर्हसि ॥ १२ ॥ एवमुक्तस्तया सम्यग्बृहस्पतिरुदारधीः । कामात्मानं तदात्मानं न शशाक नियच्छितुम् ॥१३॥ संबभूव ततः कामी तया सार्धमकामया । उत्सृजन्तं तु तं रेतः सगर्भ-

स्थोऽभ्यभाषत ॥१४॥ भोस्तात ! मा गमः कामं द्वयोर्नास्तीह संभवः । अल्पावकाशोऽभगवन्पूर्वं चाहमिहागतः ॥१५॥ अमोघरेताश्च भवान्न पीडां कर्त्तुमर्हति । अश्रुत्वैव तु तद्वाक्यं गर्भस्थस्य बृहस्पतिः ॥१६॥ जगाम मैथुनायैव ममतां चारुलोचनाम् । शुक्रोत्सर्गं ततोबुद्ध्वा तस्या गर्भगतोमुनिः ॥ पद्भ्यामरोधयन्मार्गं शुक्रस्य च बृहस्पतेः ॥ १७॥

अर्थात् प्राचीन काल में एक उतथ्य नाम ऋषि होता भया, ममता नाम्नी बड़ी अच्छी उस की स्त्री थी ।। ८ ।। उतथ्य का छोटा भाई देवतों का पुरोहित महातेजस्वी बृहस्पति ममता के पास गया ।। ९ ।। उस बड़े मधुरभाषी देवर से ममता बोली कि मैं तौ आप के बड़े भाई से गर्भवती हूं, इस लिये आप रहने दीजिये ।।१०।। और हे बड़भागी ! यह उतथ्य का पुत्र मेरी कोख में है । हे बृहस्पते ! इस ने यहां भी छः अङ्ग वाला वेद पढ़ा है ।।११।। और आप का वीर्य भी व्यर्थ नहीं जासकता, और यहां दो की गुञ्जाइश नहीं, इस लिये आज तौ मेरे पास आना योग्य नहीं है ।। १२ ।। इस प्रकार उस बड़ी बुद्धि वाले बृहस्पति से उस (ममता) ने कहा भी परन्तु वह अपने काम को न रोक सका ।।१३।। निदान वह कामी उस कामरहिता के शिर हुवा और जब मैथुन करने लगा तौ वह गर्भस्थ बोला कि ।। १४ ।। चचा ! काम के वशीभूत न हूजिये । यहां दो की गुंजाइश नहीं है, जगह थोड़ी है, और मैं पहले आ पहुंचा हूं ।। १२ ।। और आप का शुक्र भी वृथा नहीं जासकता । इस लिये तकलीफ़ न दीजिये ।। परन्तु बृहस्पति ने उस गर्भस्थ की एक न सुनीं ।। १६ ।। और उस से मैथुन के लिये पहुंच ही गया । क्योंकि उस की आंखें बड़ी अच्छी थीं ।। जब गर्भगत मुनि ने शुक्रपात होते जाना तौ बृहस्पति के शुक्र का मार्ग दोनों पैरों की एड़ियों से रोक दिया ।। १७ ।।

ध० दि० पृ० २२ में " गणानां त्वा " के लज्जास्पद महीधरभाष्य का उत्तर तौ कुछ नहीं दिया । किन्तु " पायुं ते शुन्धामि " इस पर स्वामी जी के भाष्य का उदाहरण दिया है । परन्तु यदि समस्त मन्त्र और उस का श्रीस्वामी दयानन्द सरस्वती जी कृत भाष्य देख लेते तौ ज्ञात होजाता कि उस में गुरु का शिष्य को उपदेश है कि तेरे हाथ पांव आदि सब इन्द्रि-

यां शुद्ध और धर्मानुसारी रहें । विस्तारपूर्वक इस का अर्थ हम ने वेदप्रकाश (वर्ष १) मास ९ पृष्ठ १२३ में लिख दिया है । वहां देख लीजिये । बैल से भोग प्राप्त करना यही है कि खेती आदि द्वारा भोग के पदार्थ प्राप्त करें । यदि आप "भोग" का अर्थ मैथुन ही लेते हैं तो ठाकुर जी को भोग लगाने में भोग शब्द का क्या अर्थ करियेगा ? इस का भी मन्त्रार्थ सहित उत्तर यजुर्वेदभाष्य शङ्कासमाधान में वेदप्रकाश वर्ष १ मास ९ पृष्ठ १२४ में आचुका है ॥

ध० दि० पृ० २३ पं० १ में—आश्वलायन में पिण्डदानादि लिखे हैं पिण्ड पितृयज्ञे आ० २ । ५ । ३ ॥ इत्यादि ॥

उत्तर— पिण्ड शब्द के आने मात्र से मृतक पितरों को लोकान्तर वा योन्यन्तर में भाग प्राप्त होना सिद्ध नहीं होता, किन्तु पिण्ड (ग्रास) जीवतों को भोजनादि देना यथार्थ श्राद्ध है ॥ हमारा वा स्वामी जी का यह तात्पर्य नहीं, न उन्हों ने वा हम ने कहीं यह लिखा कि भूत का अर्थ काल नहीं । किन्तु यह है कि भूत शब्द काल का पर्य्याय नहीं परन्तु विशेषण है । कोई आर्य्य अपने नाम के आगे "आर्य्य" लगाकर नहीं बोलता । और कोई बोले तो इस समय कुछ आवश्यक भी है, क्योंकि आप के साथी तो आर्य्यावर्त्तवासी और आर्य्यसन्तान हो कर भी अनार्य (हिन्दु) पद को सिद्ध करने को ज़ोर लगाते फिरते हैं और आर्य पद से चिड़ते हैं । तब बहुत अनार्यों में थोड़े से आर्य अपने को आर्य्य विशेषण सहित बोलें तो वृथा क्या है ? ॥

ध० दि० पृ० २५ पं० ५ में—क्या ख़ूब ! भूत प्रेतादि ईश्वर के विरुद्ध रचे हुए प्रकट हो गये । इत्यादि ॥

उत्तर—हम यह नहीं कहते कि मनु के अतिरिक्त ईश्वर ने कुछ नहीं रचा, किन्तु यह कहते हैं कि मनु अध्याय १ श्लोक ३३—३७ में यह विरोध है कि सृष्टिकर्त्ता ऋषियों को लिखा है कि यक्ष राक्षस पिशाचों को ऋषियों ने बनाया । सो ये श्लोक मनु के स्वयं बनाये नहीं प्रतीत होते क्योंकि श्लोक ३३ से अगले ३४ । ३५ । ३६ और ३७ का विरोध है । अतः माननीय नहीं । ४० वें श्लोक में कहे कृमिकीटादि के उत्पादन में भी वही दोष है । इन्हें भी ऋषियों ने नहीं किन्तु ईश्वर ने ही बनाया है । और यह तो आप ने ख़ूब ही लिखा है कि "जो जगत् में विद्यमान हैं" भला जगत् में विद्यमान होना क्या इस बात का प्रमाण है कि वे ऋषियों ने रचे हैं ? ईश्वर ने नहीं रचे ।

वेद में केवल गाय घोड़े ही की उत्पत्ति ईश्वर से नहीं लिखी किन्तु गाय घोड़े भेड़ बकरी से ऋषि मुनि पर्यन्त सब जगत् को ईश्वर का रचित होना कहा है—

तस्मादश्वाअजायन्त ये के चोभयादतः । गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः । यजुः ३१ । ८ ॥

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः संभृतं पृषदाज्यम् । पशूंस्तांश्चक्रे वायव्यानारण्या ग्राम्याश्च ये ॥ यजुः ३१ । ६ साध्या ऋषयश्च ये ॥ ३१ ॥ ९॥

इन में अश्व, दोनों ओर दांत वाले, गौ, भेड़, बकरी, इत्यादि जङ्गली और ग्रामीण पशु, ऋषि और साध्य मुनि पर्यन्त को ईश्वर ने रचा । यह वर्णन है । अतः मनु के प्रक्षिप्त श्लोक माननीय नहीं ॥

हम ने जो भास्करप्रकाश पृष्ठ १५–१६ में मनु के "यक्षरक्षः पिशाचांश्च" इत्यादि श्लोक में परस्पर विरोध बताया था, उसको धर्मदिवाकर पृष्ठ २६ में "ये रूपाणि प्रति०" इस यजुर्मन्त्र से सङ्गत करके वेदानुकूल ठहराया गया है। परन्तु आपने मन्त्र का जो अर्थ लिखा है उस से भी १० ऋषियों ने यक्ष राक्षस पिशादि रचे, यह नहीं सिद्ध होता । फिर उस मन्त्र के अनुकूल इस मनुश्लोक को प्रामाणिक ठहराना अज्ञान नहीं तो क्या है । आगे धर्मदिवाकर पृष्ठ २७ में इतने दोष दिये हैं । १–असुर का अर्थ स्वार्थी करना कल्पना मात्र है । २–स्वार्थी आकाश में नहीं घूमते आकाश में राक्षसादि घूमते हैं । ३–निघण्टु में स्वधे पाठ है, उस का स्वधा कर लिया ।

उत्तर–१–असुषु प्राणेषु रमन्ते तेऽसुराः । इस प्रकार असुर का अर्थ स्वार्थपरायण यौगिक है । २–स्वार्थी आकाश में नहीं तो क्या ठोस जगह में घूमते हैं । और जिन्हें आप राक्षसादि मानते हैं वे भौतिक हैं वा नहीं, यदि हैं, तो वे कैसे घूमते हैं, यदि वे सामर्थ्यवान् हैं तो क्या वे कोई तपस्वी पुरुष हैं। यदि तपस्वी हैं तो उन का राक्षसादि निकृष्ट संज्ञा से क्यों व्यवहार किया जाता है । ३–निघण्टु में स्वधे यह स्वधा शब्द का ही द्विवचन है । उसी का—

व्यत्ययो बहुलम् ३ । १ । ८५

इस पाणिनीय सूत्र से स्वधयोः के स्थान में स्वधया यह वचन और विभक्ति का व्यत्यय जानिये । मिश्र जी के अर्थ में इतने अप्रमाण अर्थ हैं ।

१-(रूपाणि प्रतिमुञ्चमानाः) पितरों का अन्न श्राद्ध में भक्षण करने की इच्छा से । २-(स्वधया चरन्ति) पितृस्थान में० । ३- (लोकात्) पितृयज्ञस्थान से । इन अर्थों में कोई प्रमाण नहीं । शतपथ का प्रमाण जो उल्मुक घुमाने के लिये दिया है । वह हमारे अर्थ से विपरीत नहीं, क्योंकि उल्मुक जलती लकड़ी अर्थात् मसाल की जगह काम देने की वस्तु है जिन के प्रकाश से असुर भागते हैं वा अन्य हानियां दृष्टि पड़ती हैं । इस मन्त्र का यदि श्राद्ध में भी विनियोग माना जावे तब भी मूलवार्त्ता जो यह थी कि यक्ष राक्षसादि मनुष्य में आवेश कर के दुःख देते हैं सो तौ सिद्ध नहीं होती॥

ध० दि० पृ० २७ । २८ में अथर्ववेद के ६ मन्त्र और उन का अर्थ लिखा है, उन के किये अर्थानुसार भी देशभेद से मनुष्यों के आकार में थोड़ा २ भेद मुखादि अङ्गों का मान लें तौ भी उन विकृताङ्गों का मनुष्यशरीर में योगियों के समान परकायप्रवेश सिद्धि को प्राप्त मानना क्या अज्ञान की बात नहीं है ? क्या वे अपने हाथ, पांव,मुख सहित किसी के शरीर में प्रवेश करके खेलने लगते हैं? वा शरीर छोड़ कर केवल उन का आत्मा मात्र? यदि शरीर सहित, तौ एक शरीर में अपर शरीर का प्रवेश असंभव है । और निः शरीर आत्मा सब के एक से चेतन मात्र हैं । तथा किसी को सुख दुःखादि देने में असमर्थ होते हैं । इस लिये आप जब तक डौरू बाज़ी का प्रमाण और विधि सिद्ध न करें तब तक केवल मनुष्यों ही के भेद रूप यक्ष राक्षसादि स्थूल देहधारियों का सिद्ध करना स्वामी जी के लेख पर कुछ प्रभाव नहीं डाल सकता। विस्तारपूर्वक मन्त्र और उन के अर्थ की इस छोटे से पुस्तक के उत्तर में आवश्यकता भी नहीं, तथा ग्रन्थ भी बहुत बढ जायगा ॥

यदि आप मनुष्यों के ही भेद रूपान्तर नहीं मानते, तौ क्या गरुड़पुराण प्रेतकल्पस्थ-एकपादादिरूपैश्च देशभेदा हि मानवाः । को भी नहीं मानेंगे ? जिस में मानव जाति के एक पादादि रूप लिखे हैं ॥

ध० दि० पृ० २८।२९ में बृहदारण्यक के प्रमाणों से यह दिखलाया है कि पतञ्चल काप्य की पुत्री और स्त्री को गन्धर्व ने पकड़ रक्खा था । इत्यादि ॥

उत्तर- वहां गन्धर्व नाम भूत प्रेतादि का नहीं किन्तु गन्धर्व एक प्रकार का वायु है । जो वाणी का अधिष्ठाता है, जिस के उत्तम होने से वाणी सुन्दर मधुरादि गुण युक्त होती है। इसी लिये निघण्टु १।११ में गान्धर्वी वाणी का

नाम है । तथा इसी बृहदारण्यक अध्याय ५ ब्राह्मण ६ में लिखा है कि-

अथ हैनं गार्गी वाचक्नवी पप्रच्छ, याज्ञवल्क्येति होवाच, यदिदᳬं सर्वमप्स्वोतञ्च प्रोतञ्च कस्मिन्नु खल्वाप ओताश्च प्रोताश्च वायौ गार्गीति । कस्मिन्नु वायुरोतश्च प्रोतश्चेत्यन्तरिक्षलोकेषु गार्गीति। कस्मिन्नु खल्वन्तरिक्षलोका ओताश्च प्रोताश्चेति गन्धर्वलोकेषु गार्गीति । कस्मिन्नु खलु गन्धर्वलोका ओताश्च प्रोताश्चेत्यादित्यलोकेषु गार्गीति । (इत्यादि)

अर्थ- याज्ञवल्क्य से वाचक्नवी गार्गी ने पूंछा कि यह सब तौ जलों में ओत प्रोत है । जल किस में ओत प्रोत हैं? याज्ञवल्क्य ने कहा कि हे गार्गी! जल वायु में ओत प्रोत हैं । वायु किस में ओत प्रोत है ? अन्तरिक्ष लोकों में । अन्तरिक्ष किस में ? गन्धर्व लोकों में । गन्धर्व लोक किस में ? आदित्य लोकों में । (इत्यादि)

इस से प्रतीत होता है कि जल वायु अन्तरिक्ष आदित्य के मध्यवर्त्ती ही गन्धर्व भी एक आकाशी जड़ पदार्थ है । जिस के बुरे प्रभाव से स्त्री और पुत्री की वाणी पकड़ गई होगी जैसे वायु कमर पकड़ लेता है, अकड़ जाती है । इसी प्रकार यह भी जानिये ।।

ध० दि० पृ० २९ में-वान्ताश्युल्कामुखः प्रेतो विप्रो धर्मात्स्वकाच्च्युतः।लिखा है।

उत्तर- इस में संन्यास से फिर गृहस्थ होने वाले को दूसरे जन्म में उल्कामुख नाम योनि मिलनी लिखी है । परन्तु जब तक यह सिद्ध न हो कि उल्कामुख कोई ऐसी योनि है जो मनुष्यों के शरीर में आवेश करके उन्हें सताती है । तब तक आप का पक्ष पुष्ट नहीं होता । यूं तौ अनन्त सृष्टि में असंख्य योनि हैं ही ।। जैसे पटबीजने की गुदा में चमक होती है ऐसे ही किसी जीव का मुख भी होगा उसी योनि का नाम उल्कामुख होना सम्भव है।।

ध० दि० पृ० ३० में सुश्रुत के कुछ श्लोक लिखे हैं ।

उत्तर-हम ने जो भास्करप्रकाश पृ० १७ में दयानन्दतिमिरभास्कर में लिखे सुश्रुत का उत्तर दिया है वही उत्तर इन का भी जानिये । क्योंकि हमारे लेख का उत्तर कुछ भी न देकर नये श्लोक सुश्रुत के और धर दिये हैं। उन में वही विषय है जो कि द० ति० भा० के प्रत्युत्तर में आचुका है और

आप के भी लिखे प्रमाणों में लिखा है कि (शीतोष्णं प्राणिनो यथा) जैसे शरदी गरमी प्राणियों में प्रवेश करती है, ऐसे ही ग्रह । ग्रह इस कारण नाम धरा कि " गृह्णन्ति ये ते ग्रहाः " जो जबाड़ी कमर आदि में जकड़ देवें ते रोग ग्रह कहाते हैं । यदि उलटे सीधे पैर एड़ी वाले कोई योनिविशेष प्रेत हों तो अपने देह को छोड़ मनुष्य के देह में आवेश कैसे कर सकें । अंग्रज़ों का प्रमाण आप ही की छाती शीतल करेगा ॥

ध० दि० पृ० ३२ में—नक्षत्रमुल्काभिहतं शमस्तु नः शन्नोभिचाराः शमु सन्तु कृत्याः । अथर्व १९ । ९ । ९

उत्तर—सूर्य्यादि ग्रहों के गतिभेद से जो वायु जलादि के स्वभाव में परिणाम होता है और कभी मानुषी प्रकृति के प्रतिकूल होने से दुःखदायक होता है, उस के लिये परमेश्वर से प्रार्थना है कि इस प्रकार के दुःख हम को न हों । सदा शान्ति रहे । इस से किसी ग्रह की चेतनता और जान बूझ कर दुःख देना तथा दान जप पुरश्चरणादि से प्रसन्न होजाना नहीं पाया जाता । ऐतिहासिक लाभ मात्र के लिये जन्मपत्र ग्रहयुक्त बनाना स्वामी जी ने निषिद्ध भी नहीं कहा, किन्तु फलादेश का खण्डन किया है ॥

ध० दि० पृ० ३३ में इतने तर्क हैं १—जिस के भाग्य में वैधव्य और पुत्र नहीं उस को नियोग क्या करेगा । २—रोग में औषध क्यों । ३—गायत्री से रक्षा प्रार्थना ठीक है तो डोरे धागे बांधना भी ठीक है ॥ ४—परमेश्वर की कृपा से शत्रुआदि कुछ नहीं करसके, तो प्रह्लाद की कथा में अश्रद्धा क्यों । इत्यादि ॥

उत्तर—१—यदि विधवा होने का यह परिणाम समझ लिया जाय कि अब उसे पुत्रादि देना परमेश्वर ही नहीं चाहता, तो जिस पुरुष की स्त्री मरजावे उसे भी समझना चाहिये कि दूसरा विवाह न करूं, परमेश्वर नहीं चाहता कि मेरे सन्तान हों, परन्तु प्रायः दूसरे विवाह से सन्तान होती हैं । और परमात्मा विधवा होने से यह चाहता कि इस के सन्तान न हो तो वेद में पत्यन्तरविधान सन्तानोत्पत्ति के बहुत से मन्त्रों से उपदेश क्यों करता । देखो भास्करप्रकाश पृष्ठ १४९ से १७१ तक मनु ९।१७५–१७६॥ अथर्व ९।५।२७–२८ तथा ५।१७।८ मनु ८।२२६ पर कुल्लूक । याज्ञवल्क्य, वसिष्ठ, नारद, कात्यायन, अमरकोश द्वितीयकाण्ड मनुष्यवर्गश्लोक २३ और उसका टीका महेश्वर कृत, मनु ९।५९–६०–६१–६२–६३–६९ ऋग्वेद १०।१०। १० अथर्व १८।१।११ तथा

१८।३।१ के प्रमाणों से भलेप्रकार नियोग सिद्ध है ॥

२-रोग में औषध इस लिये कि जैसे कुपथ्य कर्म का फल रोग हुआ, वैसे सुपथ्य और औषध का फल भी परमात्मा की आज्ञानुसार ठीक यत्न किया जायगा तो अपना फल करेगा । देखो यजुः १२ । ७६-

इमं मे अगदं कृत ॥

इस में ओषधि का फल रोग दूर होना लिखा है । चाहे इसी का महीधरभाष्य ही देख लीजिये । और

ओषधीरिति मातरः । यजुः १२ । ७८

महीधर के भाष्य का भावार्थ यह है कि "भोजन देने, व्याधि दूर करने आदि से उपकार करने वाली ओषधियें माता हैं ॥" और

सर्वा ओषधीरस्माँ अरिष्टतातये । यजुः १२ । ८१

इस में महीधरभाष्य के अनुसार भी ओषधियों का फल नीरोगिता कहा है । इस प्रकरण में यजुर्वेद में ८२ । ८३ । ८४ । ८५ । ८६ । ८७ । ८८ । ८९ । ९० । ९१ । ९२ । ९३ । ९४ । ९५ । ९६ । ९७ । ९८ । ९९ । १०० । १०१ में ओषधियों का माहात्म्य कहा है, ९७ वां यजुः तो बहुत ही सुगम और देखने योग्य है । यथा-

नाशयित्री बलासस्यार्शस उपचितामसि ।
अथो शतस्य यक्ष्माणां पाकारोरसि नाशनी ॥ १२ । ९७ ॥

इस का अर्थ महीधर ने भी यही किया है कि ओषधि बलास=क्षयरोग अर्शस्=बवासीर, उपचि०=श्लीपदादि, और (शतस्य यक्ष्माणाम्) बहुत से रोगों, पाकारु=मुख पकने आदि की नाशनी हैं ॥

३-गायत्री से रक्षा करना परमात्मा से उत्तम बुद्धि मांगने से संभव है, क्योंकि उत्तम बुद्धि ही सब प्रकार रक्षा कराती है । डोरा धागा आदि बांधना वैदिक संप्रदाय नहीं, न डोरे धागों के देवता (नोनिया चमारी आदि) वेदोक्त हैं, न वे हैं, न परमात्मा के समान हैं, अतः गायत्री से रक्षा प्रार्थना को डोरे धागे तावीज़ की बराबरी करना वेदों और परमात्मा की बड़ी गुस्ताख़ी (अपमान) है ॥

४-प्रह्लादादि की कथा में यदि परमेश्वर के सृष्टिक्रमानुकूल भक्तरक्षा का वर्णन होता तो हम को कोई अवसर न मानने का न था ॥

हम ने भास्करप्रकाश पृ० २१ में कहा था कि पाप से बचने की प्रार्थना के मन्त्र जो जपेगा, उसी का हृदय शुद्ध, दुर्वासना से रहित होगा, ब्राह्मणों के जपादि से यजमान की पापनिवृत्ति कैसे होगी? उस पर धर्मदि० पृ० ३५ में लिखा है कि—

गुणेषु प्रतिनिधिः परार्थत्वात् ॥ कात्या० १ । ६ । १०

सत्रेषु तु श्रुतेः ॥ ११ ॥

परार्थ होने से गुणों में प्रतिनिधि होते हैं । यज्ञादिपूजन कर्म में यजमान की ओर से ब्राह्मण प्रतिनिधि होते हैं । इत्यादि ॥

उत्तर—कर्मयज्ञ में बाहरी कर्मों के करने वाले होता अध्वर्यु आदि ऋत्विज् होते हैं । यह सूत्रकार का तात्पर्य है। परन्तु जो कार्य साक्षात् यजमान को ही करने कहे हैं उन को अन्य प्रतिनिधि होकर नहीं कर सक्ता । यदि सब कार्यों में प्रतिनिधि होसक्ता तो यजमान और उस की पत्नी आदि का यज्ञ में काम ही न रहता, केवल दक्षिणा देदेता । तथा जपयज्ञ जो कि अपने ही आत्मा के सुधार को किया जाता है,जैसे सायं प्रातः सन्ध्योपासना दि हैं, ऐसे कर्मों में प्रतिनिधि कहीं किसी शास्त्र में नहीं बतलाया। न कहीं इतिहास पुराण में इस का प्रमाण है, न लोक में अन्य के स्थान में अन्य सन्ध्यादि करता देखा जाता है । इसलिये अघमर्षणादि पाप से बचने=छूटने के मन्त्रों का जप और उनके अर्थका ध्यान उसी पुरुष को करना चाहिये जिस को फल अभीष्ट है ॥

ध० दि० पृ० ३५ शौनक की शैली नई कैसे विदित होती है इस के नूतन में आप को प्रमाण क्या है ॥

उत्तर—अनेक व्यर्थ चकार और श्लोक की बनावट प्रत्यक्ष प्रमाण है कि ये श्लोक नूतनसमय के हैं ॥

धर्मदि० पृ० ३६ पं० २४ इस में कोई अर्थ नहीं बदला ॥

उत्तर— केवल अर्थ ही नहीं, किन्तु पाठ भी बदला है ॥ देखो सत्यार्थप्रकाश पृ० ३५ में तो यह पाठ है कि "उच्चासन पर बैठावे" आप के भ्राता जी ने द० ति० भा० पृ० १८ पं० ८ में "बैठा" लिख दिया, जिस से बड़े को बैठाने के बदले छोटे का उच्चासन पर बैठना अर्थ होगया । फिर क्यों लोगों को भूल में डालते हो कि "इसमें कोई अर्थ नहीं बदला" ॥

ध० दि० पृ० ३१ पं०२३ पहली आवृत्ति में लड़के को तीतर का मांस खु-आकर पण्डित बनाया है। परन्तु यह तो बताओ, बड़े पुरुष छोटों को आ-शीर्वाद दें यह कहां लिखा है ॥

उत्तर-तीतर का मांस खुलाना प्रथमावृत्ति में था, उस का कारण आपके माननीय गृह्यसूत्र थे, जिन के वेदविरुद्धांश मांसभक्षण को जानने पर पीछे दूसरी आवृत्ति में स्वामी जी ने नहीं लिखा, त्याग दिया, परन्तु आप का आक्षेप तो गृह्यसूत्रकार पर होना चाहिये, न कि स्वामी जी पर, क्योंकि आप गृह्यसूत्रों को सर्वांश मानते हैं, तदनुसार मांस खुलाना आप का मत रहा। संस्कारविधि पृ० ८० पं० २१ में देखिये बड़ों की ओर से छोटों को आशीर्वाद भी लिखा है। तथा अन्य कई स्थलों पर भी है ॥ प्रेस तो अब "तन्त्रप्रभाकर" नाम से आप के पास भी है, तद्विषयक आक्षेप समान है। द० ति० भा० ३०१० छपने पर भी ३) मूल्य लागत से छः गुणा है वा नहीं?

अथ तृतीयसमुल्लासमण्डनम्

ध० दि० पृ० ४१ पं० २६ इसका अन्वय इस प्रकार है कि "ब्रह्मचर्येण युवानं पतिं कन्या विन्दते ?" अर्थात्-ब्रह्मचर्य से युवा हुए पति को कन्या प्राप्त हो॥

उत्तर-इस को तो अर्थ बदलना न कहोगे? धन्य, यदि कर्तृपद कन्या का सम्बन्ध यहां ब्रह्मचर्य से न मानोगे तो आगे आप के ही लिखे अगले मन्त्रों में-

अनड्वान्ब्रह्मचर्येणाऽश्वो घासं जिगीषति ॥

यहां भी अनड्वान् और अश्व इन कर्तृपदों का भी ब्रह्मचर्य से संबन्ध न मानना चाहिये ॥

ध० दि० पृ० ४२ में " एकश्रुति दूरात्संबुद्धौ " यह सूत्र और भाष्य तथा भाष्यप्रदीप लिख दिया है, परन्तु यह किस शब्द का अर्थ है कि ऋत्विज लोग स्त्री से यज्ञ में मन्त्र कहवा दिया करें, स्त्री स्वयं पढ़ी न हो ?

ध० दि० पृ० ४३ वैवाहि० मनु० का प्रमाण देकर स्त्री को वेदाध्ययन का अनधिकार बताया है। परन्तु इस श्लोक में निषेध का वाचक १ अक्षर भी नहीं यदि आप इस को प्रक्षिप्त न भी मानें तो हम इस का अर्थ भास्करप्रकाश पृ० ५४ में कर चुके हैं ॥

ध० दि० पृ० ४४ पं० २ "उपेत्य" का अर्थ "समीप जाकर" है "यज्ञोपवीत" नहीं॥

उत्तर-तो आप के मत में योगरूढ अर्थ ही नहीं, यदि ऐसा हो तो "उपनयन" का अर्थ भी "समीप लेजाना" ही करियेगा? उपनयन संस्का-

रान्तर्गत यज्ञोपवीत धारण न मानियेगा ? यदि आप स्त्री को पढ़ने का निषेध करते हैं तो कोई वचन उस को अनधिकार का साधक लिखा होता, सो न तो ज्वालाप्रसाद जी से बना, न आप से ॥

घ० दि० पृ० ४५ से ५३ तक गायत्रीप्रकरण पर पिष्टपेषण मात्र है, कोई नई बात नहीं, जिस का उत्तर आवश्यक हो ॥

घ० दि० पृ० ५४ में–भुक्त्वा चावस्थितां कृष्णाम्० इत्यादि महाभारत वनपर्व अध्याय २६२ का प्रमाण देकर कहा है कि मध्याह्न संध्या इस से सिद्ध है। इस में एक तो यह बात नहीं लिखी कि उन्हों ने संध्या की है। किन्तु अघमर्षण अर्थात् अघ जो मल उसका मर्षण दूर करना भी अघमर्षण का अर्थ हो सक्ता है,दूसरे यदि अघमर्षण सूक्त के पाठ का तात्पर्य होता तो कृत्वा= करके,न कहते,किन्तु जपित्वा=जप कर, ऐसा कहते। तीसरे यह भी मान लें कि अघमर्षण सूक्त जपना ही वहां निकलता है,तो केवल अघमर्षण मात्र का नाम तो संध्या करना नहीं। चौथे यह भी संभव है कि पाण्डव वन में अवसर पाय प्रातःकाल ही भोजन कर बैठे हों, तभी प्रातः ऋषि आगये हों, स्पष्ट मध्यान्ह शब्द तो इस प्रकरण में आया ही नहीं। पांचवें किसी कारण ऋषियों को उस दिन प्रातः संध्या ही को अतिकाल होगया हो। छठे यदि मध्यान्ह संध्या करने जाते तो भोजन करके जाते, नकि भोजन से पूर्व,क्यों कि आधुनिक मध्यान्ह सन्ध्याओं के मन्त्र "यदुच्छिष्टमभोज्यं च"। इत्यादि से भोजनोत्तर करना पाया जाता है। सातवें यदि भोजन से पूर्व मध्याह्न संध्या करने गये, तो स्नान की क्या आवश्यकता थी, क्या प्रातः संध्या में स्नान न कर चुके थे? ८ वें यदि संध्या के मध्यान्ह में करने का महाभारत के समय में भी प्रचार था,तो किसी श्रुति स्मृति में इस का विधान क्यों नहीं?

घ० दि० पृ० ५५ पं० १३ स्वामी जी की आकृतियों में कोई प्रमाण नहीं है परन्तु हम दिखाते हैं। स्वामी जी की पात्र कल्पना ठीक नहीं। बाहुमात्र्यः स्रुचः पाणिमात्रपुष्करास्त्वग्बिला हंसमुखप्रसेका मूलदण्डा भवन्ति। अरत्निमात्रः स्रुवोऽङ्गुष्ठपर्ववृत्तपुष्करः ३६कात्या० सू० ॥

उत्तर–यदि आप स्वामी जी कृत संस्कारविधि पृष्ठ १७ में देखते तो आप को प्रमाण मिल जाता, सत्यार्थप्रकाश में यह समझ कर नहीं लिखा कि संस्कारविधि में जिस को देखना होगा,देख ही लेगा, यहां ग्रन्थ बढ़ाना ठीक नहीं। देखो संस्कारविधि पृ० १७ में:–

बाहुमात्र्यः पाणिमात्रपुष्कराः । षडङ्गुलखातास्त्वग्बिला हंसमुखप्रसेकाः । मूलदण्डाश्चतस्रः स्रुचो भवन्ति । (तत्र) पालाशी जुहूः । आश्वत्थ्युपभृत् । वैकङ्कती ध्रुवा । अग्निहोत्रहवणी च । अरत्निमात्रः खादिरः स्रुवः । अङ्गुष्ठपर्वमात्रपुष्करः । तथाविधो द्वितीयो वैकङ्कतः स्रुवः ॥

इत्यादि पृष्ठ १८ तक पात्रों के ही प्रमाण हैं जो हम यहां विस्तारभय से नहीं लिखते अर्थात् बाहुमात्र लम्बी, पाणिमात्र मुख वाली, छः अङ्गुल खोदी हुई, त्वचा में बिल वाली, हंस तुल्य मुखप्रसेक वाली, मूल में दण्डे लगी हुई, चार स्रुच् होती हैं । १ जुहू जो पलाश की हो । २ उपभृत् जो पीपल की हो । ३ ध्रुवा जो विकङ्कत की हो । ४ अग्निहोत्रहवणी भी ३ री के काष्ठ की हो॥ अरत्निमात्र (२४ अङ्गुल) का स्रुव खदिर के काष्ठ का हो, अङ्गूठे के पोरुवे बराबर मुख वाला, वैसा ही दूसरा विकङ्कत का स्रुव होता है ॥ परन्तु स्वामी जी ने ज्यों के त्यों सूत्र उद्धृत नहीं किये हैं, क्योंकि लोगों को उन के समझने में कई कठिनाई थीं जैसा कि ३२ वें सूत्र में "खादिरःस्रुवः" कहा फिर ३८ वें में "अरत्निमात्रः स्रुवोऽङ्गुष्ठपर्ववृत्तपुष्करः" लिखा है । इस लिये स्वामी जी ने कात्यायन श्रौतसूत्र और उस के कर्काचार्य याज्ञिकदेवादिकृत पद्धतियों और भाष्यों का सारांश लेकर ऊपर लिखा पात्रपरिमाण और पात्राकृति लिखी है । मूल कात्यायन सूत्र इस प्रकार हैं-

खादिरः स्रुवः १ । ३ । ३२ स्फयश्च ३३ पालाशी जुहूः ३४ आश्वत्थ्युपभृत् ३५ वारणान्यहोमसंयुक्तानि ३६ बाहुमात्र्यःस्रुचः पाणिमात्रपुष्करास्त्वग्बिलाहꣳसमुखप्रसेका मूलदण्डा भवन्ति ३७ अरत्निमात्रः स्रुवोऽङ्गुष्ठपर्ववृत्तपुष्करः ॥ ३८ ॥

इस लिये आप का यह लिखना ठीक नहीं कि इस विषय का स्वामी जी का लेख प्रमाणरहित वा असत्य वा स्वकल्पित मात्र है । किन्तु उन का लिखना आम्नायानुकूल है । परन्तु आपने जो ठीक सूत्र के अक्षर लिखने का उद्योग करते हुवे भी ३७ और ३८ सूत्रों को एक करके ३६ का अङ्क लिखा है,

इस में आप का प्रमाद अवश्य है । यदि आप चाहें तो हम जितना पाठ स्वामीजी ने संस्कारविधि पृ० १७ और १८ में लिखकर जो २ पात्रों के आकार लिखे हैं,वे सब कात्यायनश्रौतसूत्र और कर्काचार्यादि की पद्धति और भाष्यों में से निकालकर दिखला और लिख सक्ते हैं । भरोसा रखिये ॥

आगे पृ० ५६ से ७३ तक में भास्करप्रकाश और द०ति०भास्कर की बातों को ही प्रायः दुहराया है, इस लिये कुछ लिखने की आवश्यकता नहीं ॥

भ० दि० पृ० ७३ महाभारत २४००० उपाख्यानरहित है । सब एक लक्ष है । एक वाक्य लिखकर दूसरा छिपाना क्या अन्याय नहीं है ? देखिये पहले लक्ष श्लोक किये उपाख्यान के विना २४००० सहस्र हैं ॥

इदं शतसहस्रं तु लोकानां पुण्यकर्मणाम् ।
उपाख्यानैः सह ज्ञेयमद्य भारतमुत्तमम् ॥

इस के आगे चतुर्विंशति–

उपाख्यानैर्विना तावद्भारतं प्रोच्यते बुधैः ॥

उत्तर—आप के लिखे (इदं शतस०) श्लोक के आगे चतुर्विंशति साहस्रीम्० पाठ नहीं है, जैसा कि आप बताते हैं । किन्तु इस से पूर्व तो यह पाठ हैः–

वासुदेवस्य माहात्म्यं पाण्डवानां च सत्यताम् ।
दुर्वृत्तं धार्त्तराष्ट्राणामुक्तवान्भगवानृषिः ॥ आदि पर्व १०० ॥
चतुर्विंशतिसाहस्रीं चक्रे भारतसंहिताम् ।
उपाख्यानैर्विना तावद्भारतं प्रोच्यते बुधैः ॥१०१॥

अर्थात् कृष्ण की बड़ाई, पाण्डवों की सचाई और धृतराष्ट्र के पुत्रोंकी बुराई भगवान् ऋषि (व्यास) ने वर्णित की है ॥ १०० ॥ यह भारत संहिता २४००० बनाई थी । उपाख्यानों को छोड़ कर इतने (२४०००) को ही विद्वान् लोग भारत कहते हैं ॥१०१॥

अर्थात् उपाख्यान पीछे से बढ़ाये गये हैं, उपाख्यान का अर्थ उप–आख्यान, आख्यान व्यास जी ने लिखे,पश्चात् उपाख्यान अन्यों ने बढ़ाये।यही बात आप के श्लोक (इदंशतसह०) से निकलती है कि सूत भी कहतेहैं कि (अद्य) आज कल (इदम्) यह (शतसहस्रं तु) एक लक्ष तो (पुण्यकर्मणाम्

लोकानाम्) पुण्य करने वाले लोगों के (उपाख्यानैः) उपाख्यानों के(सह) मिलने से (उत्तमं भारतं ज्ञेयम्) उत्तम भारत जानिये ॥

अर्थात् ऋषि ने २४००० भारत बनाया था जो उपाख्यानों से रहित था, आज कल उपाख्यान मिलाकर एक लाख है। परन्तु एक लाख की भी विचित्र गति है। इस की न्यूनाऽधिकता का वृत्तान्त भास्करप्रकाश समुल्लास ११ पृष्ठ २४। २५ में देखिये कि क्या विलक्षणता और बेठिकानापन है ॥

ऋचांत्व० इस मन्त्र में जो हमने होता उद्गाता अध्वर्यु ब्रह्मा इन चार ऋत्विजों का वर्णन किया था, उस पर बलदेवप्रसाद जी लिखते हैं कि ध० दि० पृ० ७६ पं० ११ ऋक् में आपने होता उद्गाता अध्वर्यु के नाम दिखाये यह तीनों शब्द आपने ऊपर से कल्पना किये ॥

उत्तर-हमने अपनी कल्पना नहीं की किन्तु निरुक्त में भी इस मन्त्र की यही व्याख्या देखी। आप को भी दिखाते हैं। देखियेः-

ऋचांत्वः पोषमास्ते पुपुष्वान्

इत्यादि ऋचा का निरुक्त अध्याय १ खण्ड ८-

इत्यृत्विक्कर्मणां विनियोगमाचष्टे। ऋचामेकः पोषमास्ते होतर्गर्चनी। गायत्रमेको गायति शक्करीषूद्गाता (इत्यादि)

इस से स्पष्ट है कि यास्कमुनि भी हमारे समान इस मन्त्र में होता उद्गाता अध्वर्यु ब्रह्मा का कर्म विनियोग मानते थे। तथा ब्रह्मा का नाम तो मन्त्र में साक्षात् ही आया है, जो आप भी शेष तीनों का नाम लिखते २ जान बूझ कर ब्रह्मा का नाम लिखते हिचकिचा गये कि मन्त्र में नहीं बतावें, तो काम न चलेगा ॥

पृ० ८१ में-व्याकरणशास्त्र सूत्रबद्ध है उस में कोई इतिहास कथा नहीं काशिका कौमुदी कार ने सूत्रों की वृत्ति लिखी हैं, इस में श्रीकृष्ण की क्या निन्दा है, कौमुदी में कृष्ण की निन्दा दिखाइये तो। (इत्यादि)

उत्तर-कौमुदी में कृष्ण की निन्दा सुनिये।

श्लाघन्हुङ्स्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः १।४।३४

एषां प्रयोगे बोधयितुमिष्टः संप्रदानं स्यात्। गोपी स्मरात् कृष्णाय श्लाघते ह्नुते तिष्ठते शपते वा।

(सिद्धान्तकौमुदी का कारक संप्रदानप्रकरण) यथार्थ यह है कि जिस काल में जो ग्रन्थ बनता है उस काल की प्रधान २ बातों का गन्ध और ग्रन्थकर्त्ता जिन बातों को मानता है, उस के विचार का गन्ध उस ग्रन्थ में अवश्य रहता है। उदाहरण के लिये कौमुदीकार भट्टोजिदीक्षित के समय के गन्ध, गोपी का कृष्ण पर कामदेव के आधीन होना आदि उदाहरण के मिष से आगया। स्वामी जी मूर्त्तिपूजादि को नहीं मानते थे, उन के व्याकरण के टीकाग्रन्थों में मूर्त्तिपूजा के खण्डन का गन्ध आ ही गया है। इस में बुरा मानने की क्या बात है। स्वामी जी ने व्याकरणादि सभी विषयों के ऋषिकृत पढ़ने और अनार्ष न पढ़ने का नियम इसी लिये करना चाहा था कि सब विषयों के ग्रन्थों से ऋषियों के पवित्र विचारों का गन्ध विद्यार्थी में समाजावे॥

ध० दि० पृ० ८२ में—विरोध तौ जब होता वैशेषिक द्रव्य को पदार्थ मानता तर्क संग्रह वाला कहता यह पदार्थ नहीं, तौ विरोध होता। वैशेषिक ने उस के अन्तर्गत माना है तर्क संग्रह ने खोलदिया विरुद्ध कोई बात नहीं और न्याय शास्त्र वाले ने प्रमाण०—निग्रहस्थान १६ पदार्थ माने तौ यह कहो यह वैशेषिक के विरुद्ध है कभी नहीं। थोड़े पदार्थों में विशेष का अन्तर्भाव रहता है इस कारण तर्कसंग्रह वैशेषिक के विरुद्ध नहीं। यदि न्याय में पैर अड़ावो तौ अभाव का खण्डन करो "घटाऽभाववत् भूतलम्" इसी वाक्य को खण्डन करो॥

उत्तर—जानना चाहिये कि तर्कसंग्रह छः दर्शनों में से किसी एक की की व्याख्यारूप है, वा वार्त्तिक रूप है, वा कोई स्वतन्त्र सातवां दर्शन है? यदि स्वतन्त्र ७ वां दर्शन नहीं है तौ उसे पूर्व छः दर्शनों में से किसी एक के मूल को लेकर चलना चाहिये था। यदि कहो कि वैशेषिक ने अभाव को अन्तर्गत माना था तौ छहों पदार्थों में किस के अन्तर्गत माना था? वा छहों के अन्तर्गत माना था? और किस प्रकार अन्तर्गत माना था? यदि छहों में से एक के अन्तर्गत माना था तौ किस के? न्यायदर्शन के १६ पदार्थ सर्वथा अन्य हैं, वैशेषिक के छः की तोड़ फोड़ उन में नहीं हैं। किन्तु यदि द्रव्यादि छहों में अभाव अनुगत होने से अभाव को पृथक् पदार्थ लिखा तौ द्रव्यादि छहों में अनुगत भाव (सत्ता) को भी ८ वां भाव पदार्थ करके खोलना चाहिये था। प्रत्युत—

सदिति यतो द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता १। २। ७
द्रव्यगुणकर्मभ्योऽर्थान्तरं सत्ता ॥ ८ ॥

इन वैशेषिक सूत्रों के अनुसार सत्ता (भाव) को छहों से भिन्न परन्तु छहों में अनुगत पदार्थ मान कर फिर भाव की अर्थापत्ति से अभाव पदार्थ का स्वीकार करना था। " घटाऽभाव० " का खण्डन हम क्यों करें। हम क्या अभाव के मानने का निषेध करते हैं ? किन्तु यदि भाव को छहों में अनुगत मान कर काम चलाते हैं तो अभाव को भी इसी प्रकार मानना चाहिये, यह कहते हैं ॥

ध० दि० पृ० ८३ पं० २ में-" देवता पूजयित्वा " देवता पूजन करे इत्यादि वाक्य तो आप छोड़ गये ॥

उत्तर-आप का अनुवाद भी प्रशंसनीय है कि पूजयित्वा=पूजन करके इस पूर्वकालिक क्रिया का " पूजन करे " यह विधिअर्थ कर डाला !! हम ने इस लिये छोड़ दिया कि देवपूजा का अर्थ हवन करना आदि हम को संमत है तो इस का प्रतिवाद अकर्त्तव्य है ॥

ध०दि०पृ० ८३ पं० ५ में-मन्त्रब्राह्मण का नाम वेद है प्रतिपादित किया है पं० तुलसीराम जी पृ० ६० में यह बात मान चुके हैं ॥

उत्तर-हमने जैसा माना है उसे भास्करप्रकाश पृ० ५९ पं०२९ से पृ० ६० पं० १० तक देखिये ॥

ध० दि० पृ० ८४ पं० ३ से-ऋचो यजूंषि सामान्यथर्वाङ्गिरसो ब्राह्मणानि कल्पान् नाराशंसीरितिहासः पुराणानीत्यादि आश्व०

उत्तर-जादू तो वह जो शिर पै चढ़ के बोले। आप के दिये प्रमाण में यदि ऋचः, यजूंषि, सामानि, अथर्वाङ्गिरसः इन शब्दों का वाच्य चारों वेद हैं और ब्राह्मण वेद का एक भाग हैं तो इस प्रमाण में ब्राह्मणानि पद पृथक् क्यों आया ? इस से जाना जाता है कि ग्रन्थकार वेद से भिन्न ब्राह्मण को समझता था। हमने जो भास्करप्रकाश पृ०६१ में लिखा है कि "जो ब्राह्मण ग्रन्थों को पढ़ता है जो कि कल्प गाथा नाराशंसी इतिहास पुराण कहाते हैं" इस पर-

ध० दि० पृ० ८४ पं०१५ से-यदि ऐसा होता तो यानि और कथ्यन्ते "दो पद" और होते तथा ब्राह्मणानि के विशेषण होते इस में ब्राह्मणानि नपुंसक कल्पान् पुल्लिङ्ग गाथा नाराशंसी स्त्री० इतिहासःपुल्लिङ्ग एकवचन पुरा-

यानि फिर बहुवचन यह सब भिन्न २ पड़े हुवे हैं, तथा वचनों में भेद है, इस से कभी ब्राह्मणग्रन्थों के विशेषण वा उन के नामान्तर नहीं हो सकते ।

उत्तर—यानि और कथ्यन्ते का अध्याहार हो सकता है और अध्याहार के न होने पर भी यह अर्थ समझा जा सकता है । नियत लिङ्ग पद, भिन्न लिङ्गों और वचनों के विशेषण हो सकते हैं। स्त्रीरत्नम्, वेदाः प्रमाणम्। भवन्तः प्रमाणम् । इत्यादि शिष्टप्रयोग क्या आप ने नहीं देखे ? जिन में व्यधिकरण विशेषण है, समानाधिकरण नहीं है ॥

ध० दि० पृ० ८६ पं० १३ इतिहास त्रित का दिखाया पुरावृत्त सुनिये । सूर्याचन्द्रमसौधाता यथा पूर्वमकल्पयत् । सूर्य चन्द्र जैसे पूर्व कल्प में बनाये थे इत्यादि ।।

उत्तर—यहां त्रित के इतिहास का उत्तर देना आवश्यक नहीं क्योंकि भास्करप्रकाश पृष्ठ २०१ में सविस्तर उत्तर दिया है । सूर्य्याचन्द्रमसौ० इस में पुरावृत्त नहीं है । आप को अकल्पयत् क्रियापद देखने से भ्रम हुआ होगा । सो—

छन्दसि लुङ्लङ्लिटः ३ । ४ । ६

इस सूत्र से कालसामान्य में लङ् लकार है । भूत काल में नहीं है ।।

ध० दि० पृ० ८१ पं० १६ से—य एव मन्त्रब्राह्मणस्य द्रष्टारः प्रवक्तारश्च ते खल्वितिहासपुराणस्य धर्मशास्त्रस्य चेति । न्याय भा० जो मन्त्र ब्राह्मण के तप से देखने कहने वाले हैं वही इतिहास पुराण और धर्मशास्त्र के कहने वाले हैं॥

उत्तर—इस से तो केवल यह सिद्ध होता है कि इतिहास पुराण और धर्मशास्त्र का भी प्रमाण मानना चाहिये क्योंकि मन्त्रद्रष्टा ऋषि लोगों ने ही इतिहासादि बनाये हैं। परन्तु यह इस से नहीं सिद्ध होता कि भागवतादि को पुराण वा इतिहास कहते हैं। न यह सिद्ध होता कि भागवतादि में लिखी असत्य कथा सत्य हैं। किन्तु ऋषिकृत इतिहास पुराण वा धर्मशास्त्र को जो मनुस्मृति आदि वा उपनिषदादि में लिखे हैं, यदि पूर्वापर विरोध रहित और वेदानुकूल हों तो प्रमाण करना चाहिये ।।

ध० दि० पृ० ८१ पं० २०—प्रमाणेन खलु ब्राह्मणेनेतिहास पुराणस्य प्रामाण्यमभ्यनुज्ञायते । न्या० भा०

उत्तर—इस का अर्थ आप का पक्षपोषक नहीं। इस में केवल यह कहा

है कि ब्राह्मण के प्रामाण्य से इतिहास पुराण का प्रामाण्य समझा जाता है अर्थात् ब्राह्मण ग्रन्थों में जिन कथाओं का मूल है, उन्हीं कथाओं को अन्य इतिहास पुराण पुस्तक कहें तो प्रामाणिकता आई अथवा ब्राह्मण के प्रमाण होने से ब्राह्मणान्तर्गत इतिहास पुराण प्रमाण हुवे। इस से ब्रह्मवैवर्त्तादि की असंभव कथाओं को प्रामाणिकता का पद नहीं मिलता॥

धर्म दि० पृ० ८७ पं०२७ में—स बृहतीं दिश० इत्यादि।

उत्तर—इस का उत्तर भास्करप्रकाश पृ० २५७ में आचुका है॥

ध० दि० पृ० ८८ पं० १३ से—पुराण सनातन से हैं व्यास जी ने संक्षेप करके अठारह नाम किये हैं, देखो लिङ्ग पुराण पहला अध्याय तथा मत्स्य पुराण और इसी कारण मनु जी लिखते हैं।

आख्यानानीतिहासांश्च पुराणान्यखिलानि च। मनु० १

अधीयन्ते पुराणानि धर्मशास्त्राण्यथापि च। भा० २

श्रूयतां यत्पुरावृत्तं पुराणेषु मया श्रुतम्। वाल्मी० ३

दशमेहनि किञ्चित्पुराणमाचक्षीत। सू० ४

उत्तर—आप का तात्पर्य यह हुवा कि पुराण प्रथम भी थे, कुछ व्यास जी ने नवीन नहीं रचे, किन्तु संक्षेप मात्र किया। यदि आप का यह मत है और आप उन वास्तविक पुराणों का पुस्तक कोई वर्त्तमान में उपस्थित नहीं बताते तो स्वामी जी का पक्ष यह तो था ही नहीं कि भारत में पूर्व काल में इतिहास लिखने की परिपाटी न थी, किन्तु उपस्थित १८ पुराणों को वे कहते थे कि ये व्यासकृत और सत्य नहीं हैं। इस से पहले ब्राह्मण ग्रन्थोक्त इतिहासों को स्वामी जी ने पुराणेतिहाससंज्ञक माना ही है और यदि अन्य कोई भी थे, जिन से आप साम्प्रतिक १८ पुराणों को संक्षेप भाव से निकला बताते हैं, यदि उन में से कोई अब रहा ही नहीं तो विवाद व्यर्थ है। यदि कोई आप प्रस्तुत करें तो यह विचार उस समय किया जा सकता है कि यह वेदादिसच्छास्त्रों और प्रत्यक्षादि ८ प्रमाणों के विपरीत तो नहीं है? यदि विपरीत होगा तो अमान्य और अनुकूल होगा तो मान्य किया जायगा।

ध० दि० पृ० ९० पं० ९ से—हम आप से पूछते हैं सूत्रों में ब्राह्मण पद आने से आप क्या बताते हैं।

(उत्तर)– शतपथादि ब्राह्मण ग्रन्थ । प्रश्न–इस में नाम तो नहीं है सामन्य शब्द है । उत्तर—नाम नहीं तो क्या है पर इस से ब्राह्मणों ही का ग्रहण है, तो बस जब कि ब्राह्मण पद से विना नाम आये आप ब्राह्मण लेते हैं तब हम विना नाम आये बहुवचन पुराण शब्द में १८ पुराण क्यों न लें ॥

उत्तर–सूत्रों में ब्राह्मणपद आने से ब्राह्मणविशेष शतपथादि का नाम न आने पर भी शतपथादि का ग्रहण इस लिये करना चाहिये कि सूत्रकाल में शतपथादि ब्राह्मण उपस्थित थे, परन्तु पुराण पद से ब्रह्मवैवर्त्तादि १८ पुराणों का ग्रहण इस लिये नहीं हो सकता कि आप ही के पृष्ठ ८८ के लेख से सिद्ध है कि प्रथम कोई अन्य पुराण थे, पश्चात् व्यास जी ने १८ संक्षिप्त बनाये, तो व्यास से पूर्वरचित सूत्रग्रन्थों में आये पुराण शब्द से इन १८ का ग्रहण नहीं हो सकता, हां अन्य कोई होंगे, जिन्हें आप अब उपस्थित नहीं पाते, हम कहते हैं कि वे ब्राह्मणान्तर्गत ही इतिहास होंगे ॥

ध० दि० पृ० ९१ । ९२ में तिलकों को सम्प्रदाय का चिन्हमात्र बतलाया है कि जैसे आर्यसमाजी टोपी पर ओ३म् लगाते और चन्दनलेपन भी करते हैं इत्यादि ॥

उत्तर–यदि चिन्हमात्र है तो फिर तिलकों में परस्पर लड़ाई क्यों है ? तथा सब को एक सम्प्रदाय ही ग्राह्य क्यों नहीं ? एक दूसरे का संम्प्रदाय छुड़ा कर अपने २ संम्प्रदाय की वृद्धि क्यों करते हैं ? यदि कहो कि जैसे आर्यसमाजी अपने संप्रदाय की वृद्धि करते, अन्यों का खण्डन करते हैं, वैसे ही शैव शाक्तादि भी वैष्णवादि का खण्डन करके अपने तिलकादि की प्रशंसा तथा अन्यों की निन्दा करते हैं, तो भला आर्यसमाजी तो अन्य वेदविरोधी शैव शाक्तादि संप्रदायों को मिथ्या समझ कर उन का खण्डन और वैदिक धर्म को सत्य मानकर उस का मण्डन करते हैं, परन्तु हिन्दू लोगों के शैव शाक्तादि सम्प्रदायों में जब आप के विचारानुसार सभी सत्य हैं तो वे परस्पर एक दूसरे के देवता, तिलक तथा अन्य चिन्हों की निन्दा और अपनों की स्तुति क्यों करते हैं ?

ध० दि० पृ० ९२ । ९३ में विशुद्धानन्द जी आदि की संपत्ति से उपकार और स्वामी दया० सर० जी की वैदिकयन्त्रालयादि संपत्ति से उपकाराऽभाव बताया है ॥

उत्तर-प्रथम तो स्वामी जी ने सोरों आदि स्थानों में अनेक पाठशालायें खोलीं, उन में अनेक विद्यार्थियों को भोजन वस्त्र विद्या का दान मिला, जो अब तक जगत् का उपकार कर रहे हैं। दूसरे वैदिकयन्त्रालय भी सोचा जावे तो बड़े भारी उपकार का काम है। विचारने की बात है कि वैदिकयन्त्रालय के द्वारा सहस्रों पुस्तकें देशदेशान्तरों में फैलीं, जिन से सदुपदेश पाय, वैदिकधर्म का अवलम्बन कर, लक्षों आर्य्यों ने आज तक वैदिकधर्म का प्रचार किया, पाठशालायें खोलीं, अनाथालय नियत किये, उपदेशकों की जीविका नियत कीं, विद्यार्थियों का भरण पोषण, विद्यादान के प्रबन्ध किये, सहस्रों को ईसाई मुसलमान होने से बचाया, मृतप्राय संस्कृत भाषा और देवनागरी अक्षरों का पुनरुज्जीवन किया। इत्यादि सब कुछ स्वामी जी के वैदिकयन्त्रालय स्थापित करके ग्रन्थों के प्रचार के फलरूप जगद्विख्यात परोपकार हैं। इतने पर भी यदि इस देश के निवासी विशेष कर सनातनधर्माभिमानी लोग उन के उपकार को न मानें तो यह दुःख की बात है कि इस समुदाय में कृतघ्नता इतनी बढ़ गई। परमात्मा कृपा करे ॥

यह भास्करप्रकाश के तृतीय समुल्लास का मण्डन और धर्मदिवाकर का उत्तर समाप्त हुवा ॥

—:*:—

वर्णव्यवस्था

—○*○—

जिस को

श्रोत्रिय शङ्करलाल ने श्रुति स्मृति इतिहास
पुराण से संग्रह कर के

सामवेदभाष्यकार तथा संपादक वेदप्रकाश पण्डित
तुलसीराम स्वामी के प्रबन्ध से

स्वामियन्त्रालय

मेरठ

में

छपाकर प्रकाशित किया

फ़र्वरी सन् ९९ ई०

THE SWAMI PRESS,—MEERUT.

पहिलीबार १०००] [मूल्य =)

गङ्गामाहात्म्यप्रमाण =)

दोनों पुस्तक मिलने का पता—

मास्टर भगवान्दास बुकसेलर

बिजनौर

ओ३म्

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः ।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्याꣳ शूद्रो अजायत ॥

यह यजुर्वेद के ३१ अध्याय का ११ वां मन्त्र है, इस का यह अर्थ है कि ब्राह्मण ईश्वर के मुख, क्षत्रिय बाहू, वैश्य ऊरू, और शूद्र पगों से उत्पन्न हुवा है । इस लिये जैसे अनेक उपाय करने पर भी मुख न बाहू आदि और बाहू आदि न मुख हो सकता है इसी प्रकार ब्राह्मण न क्षत्रियादि और क्षत्रियादि ब्राह्मण नहीं हो सकते हैं ॥

शास्त्रों में तो मुख हाथ पैर वाला ईश्वर वर्णन नहीं करा है और जो तुम रामचन्द्र कृष्णादि अवतारों को कहो कि इन के तो हाथ पैर थे, यह ठीक है परन्तु यह सृष्टि के कर्ता ईश्वर नहीं हैं, और यहां सृष्टिकर्ता उस ईश्वर से अभिप्राय है जिस का पुरुष सूक्त में वर्णन करा है ॥

और दूसरे किसी पुराण, इतिहास या स्मृति में यह कहीं नहीं लिखा कि ईश्वर के मुख या बाहु से अमुक नाम का ब्राह्मण या क्षत्री पैदा हुवा ॥

इतिहास पुराणों में भी ब्राह्मण और क्षत्रिय की वंशावली पाई जाती हैं वैश्य और शूद्र की नहीं और जो योनि से ही होती तब तो इन की भी अवश्य होनी चाहिये थी ॥

और कश्यप की एक ही स्त्री अदिति से चारों वर्ण के देवता पैदा हुवे यदि योनि प्रधान होती तो एक ही वर्ण के सब पैदा होते ॥

" ब्राह्मणोस्य मुखमासीत् " वाले मन्त्र का यह आशय है, यहां मुखादि शब्द मुखादि अवयववाचक नहीं हैं किन्तु गौण वाचक हैं । जैसे ज्ञान, पालन, व्यवहार, सेवा, इस में ज्ञान को मुखस्थानी, पालन को क्षत्रिय, व्यवहार को वैश्य, और सेवा को शूद्रस्थानी माना है इसी कारण जो जिस वृत्ति को ग्रहण करे वही उस वर्ण का मानना चाहिये इस का यह अभिप्राय है ॥

और इस में जो न्यून अधिकता का विचार है वह गुणों कर के है यानी जिस में केवल सत्व गुण है वह ब्राह्मण ज्ञान (उपदेश) उस की वृत्ति है, रजोगुण का धर्म पालन है इस लिये जिस में केवल रजोगुण है वही क्षत्रिय

है। रजस् और तमस् का धर्म व्यवहार है इस लिये जिस पुरुष में यह दोनों हों वह वैश्य है। और केवल तमोगुण का धर्म सेवा है इस लिये जो सेवादि कर्म करता है वह शूद्र है परन्तु वर्णभेद वा जातिभेद सृष्टि के आरम्भ से ही है। अब आप को यह प्रश्न हो सकता है कि सृष्टि के आरम्भ में वर्ण पृथक् २ किस प्रकार ज्ञात हुए, अर्थात् हम ब्राह्मण से तुम क्षत्रिय से वे वैश्य से और अमुक शूद्र के वीर्य से उत्पन्न हुए ॥

महाभारत शान्तिपर्व मोक्षधर्म अ० १८८ भृगु भरद्वाज संबाद में लिखा है कि। भरद्वाज उवाच–

कामः क्रोधो भयं लोभः शोकश्चिन्ता क्षुधा श्रमः।
सर्वेषां न प्रभवति कस्माद्वर्णो विभज्यते ॥
स्वेदमूत्रपरीषाणि श्लेष्मा पित्तं सशोणितम्।
तनुः क्षरति सर्वेषां कस्माद्वर्णो विभज्यते ॥

अर्थ–काम, क्रोध, भय, लोभ, शोक, चिन्ता, क्षुधा और थकना आदि सब मनुष्यमात्र को बराबर ही सताते हैं फिर (ब्राह्मणादि) वर्णभेद का कारण क्या है ? पसीना, मूत्र, विष्ठा, कफ, पित्त, लोहू आदि सब के शरीर से एक सा ही निकलता है। ब्राह्मणादि वर्णों के मूत्रादि में कुछ भेद नहीं दीखता फिर वर्णभेद का कारण क्या है ? यह भरद्वाज जी ने भृगु जी से पूछा है जो अब भृगु जी ने उत्तर दिया है वह लिखा जाता है:–

न विशेषोऽस्ति वर्णानां सर्वं ब्राह्ममिदं जगत्।
ब्रह्मणा पूर्वसृष्टं हि कर्मभिर्वर्णतां गतम् ॥१०॥
कामभोगप्रियास्तीक्ष्णाः क्रोधनाः प्रियसाहसाः।
त्यक्तस्वधर्मारक्ताङ्गास्ते द्विजाः क्षत्रतां गताः ॥ ११ ॥
गोभ्यो वृत्तिं समास्थाय पीताः कृष्युपजीविनः।
स्वधर्मान्नानुतिष्ठन्ति ते द्विजा वैश्यतां गताः ॥१२॥
हिंसानृतप्रिया लुब्धाः सर्वकर्मोपजीविनः।
कृष्णाः शौचपरिभ्रष्टास्ते द्विजाः शूद्रतां गताः ॥१३॥

इत्येतैः कर्मभिर्व्यस्ता द्विजा वर्णान्तरं गताः ।
धर्मो यज्ञः क्रिया तेषां नित्यं न प्रतिषिध्यते ॥१४॥
इत्येते चतुरोवर्णा येषां ब्राह्मी सरस्वती ।
विहिता ब्रह्मणा पूर्वं लोभात्त्वज्ञानतां गताः ॥१५॥

अर्थ—सृष्टि के आरम्भ में वर्ण भिन्न २ नहीं थे। ब्रह्म वा ब्रह्मा से उत्पन्न होने के कारण सभी का नाम ब्राह्म वा ब्राह्मण था। काम भोग जिन को प्रिय, क्रोधी, तीक्ष्ण स्वभाव वाले, शीघ्रता करने वाले, जिन्हों ने अपना धर्म जितेन्द्रियता अक्रोध शान्तिशीलता विचार पूर्वक काम करना आदि छोड़ दिया ऐसे लाल रंगधारी ब्राह्मण क्षत्रियपन को प्राप्त वा क्षत्रिय माने गये। गोरक्षा से अपनी जीविका मानकर पीला वर्ण धारण करने वाले खेती से निर्वाह करते हुवे जिन्होंने अपना धर्म शिलोञ्छवृत्ति वा जप तप आदि छोड़ दिया ऐसे ब्राह्मण सृष्टि के आरम्भ में वैश्य भाव को प्राप्त हुवे या वैश्य माने गये। हिंसा करना तथा मिथ्या बोलना जिन को प्रिय हुआ ऐसे लोभी सब काम कर के जीविका करने वाले, कृष्ण वर्ण युक्त तथा शुद्धि पवित्रता से रहित, भ्रष्टा चार ऐसे ब्राह्मण शूद्र माने गये वा कर्मानुसार शूद्र होगये॥

इन पूर्वोक्त कर्मों से भिन्न हुवे ब्राह्मणों के चार वर्ण बन गये। पूर्वोक्त ब्राह्मणादि चारों वर्ण के लिये धर्म और यज्ञ करना कभी निषिद्ध नहीं है॥

इन पूर्वोक्त ब्राह्मणादि चारों वर्ण के लिये सृष्टि के आरम्भ में परमेश्वर ने सब के हितार्थ वेदविद्या प्रचरित की जिस के अनुसार चलने से सब का कल्याण होता परन्तु लोभ वश होकर वेदविद्या को त्याग देने से अज्ञानता को प्राप्त होगये॥

इस विषय में विशेष वक्तव्य यह है कि यद्यपि सृष्टि के समय मनुष्यमात्र उत्पन्न हुए तब वर्ण भिन्न २ नहीं थे तथापि उन २ में पूर्व कल्प के शेष सञ्चित संस्कार रूप कर्मों के अनुसार वैसी २ योग्यता पहिले से ही विद्यमान थी। जिस के अनुसार वे ब्राह्मणत्वादि के अधिकार को प्राप्त हुए क्योंकि विना बीज वा मूल के वृक्ष होना जैसे असम्भव है वैसे निर्मूल कुछ नहीं हो सकता। इसीलिये यह शङ्का भी निवृत्त हो जाती है कि जिन को शूद्र बनाया वा नियत किया उन्हीं को ब्राह्मण का अधिकार क्यों नहीं मिला?

तथा जिन को ब्राह्मण बनाया वे शूद्र क्यों नहीं बना दिये गये ? ॥ अर्थात् पूर्व संस्कारों के अनुसार जिन में जैसी योग्यता देखी गयी उन २ को वैसा २ ब्राह्मणादि का अधिकार दिया गया। और ब्राह्मणादि की क्या २ योग्यता होनी उचित है यह पहिले २ वेद से ज्ञात हुई कि अमुक २ गुण कर्म जिस २ में हों वह २ ब्राह्मण वा क्षत्रिय होना चाहिये । इस से यह सिद्ध होगया कि यद्यपि सृष्टि के आरम्भ में ब्राह्मणादि का कोई प्रत्यक्ष चिह्न नहीं था इसी से यह व्यवहार बन गया कि वर्णों में पहिले भेद नहीं था । तथापि ब्राह्मणपन आदि पहिले से ही उन २ में था इसीलिये ईश्वरीय सृष्टि के साथ वर्णव्यवस्था माननी चाहिये क्योंकि मनुष्यों की रचना से पहिले वेद में वर्ण विभाग विद्यमान था । अब रहा यह कि ब्राह्मणादि के ऊपरी प्रत्यक्ष चिह्न क्या होने चाहियें ? इस का उत्तर यह है कि एक तो चिह्न शरीर के साथ होने चाहियें । और द्वितीय कृत्रिम चिह्न भी भिन्न २ पहिले नियत किये रहें । ब्राह्मण गौर वर्ण, क्षत्रिय रक्त वर्ण, वैश्य पीत वर्ण और शूद्र कृष्णवर्ण माने गये। क्या ऐसा २ स्वाभाविक शरीर का रंग हो तो ब्राह्मणादि का विभाग माना जायगा ? और जो ऐसा मानोगे तो बड़ा दोष आवेगा क्योंकि यह प्रत्यक्ष से विरुद्ध है । प्रत्यक्ष देखलो जो ब्राह्मणकुलों में माने जाते हैं उन में हज़ारों काले रंग के विद्यमान हैं फिर यह नियम कैसे बनेगा ? । इस का उत्तर यह है कि प्रत्यक्ष में भी कुछ विरोध नहीं केवल समझ का दोष है ॥

प्रथम तो शोचना यह है कि शास्त्रीय व्यवस्था और लोकव्यवहार में बड़ा अन्तर है उस को बिना शोचे यह शङ्का हुई कि सब में सब रङ्ग विद्यमान हैं । हम कह सकते हैं कि सब प्रकार के कर्म भी सभी में विद्यमान हैं। अर्थात् ब्राह्मण जाति में पढ़ना पढ़ाना वा सन्ध्यादि करना ब्राह्मण के, ज़मीदारी आदि में बलात्कार कार्य सिद्ध करना आदि क्षत्रिय के, खेती पशु रक्षा वा गोरक्षा तथा व्यापारादि वैश्य के, और सब प्रकार की नौकरी करना आदि शूद्र के काम प्रत्यक्ष विद्यमान हैं तब उस समुदाय का नाम ब्राह्मण क्यों रक्खा जाय किन्तु उन को चारों वर्ण कहना चाहिये । परन्तु इस का समाधान कठिन है । हमारा सिद्धान्त तो यह है कि वर्त्तमान समय में तो वर्णव्यवस्था बहुत ही बिगड़ गई है इसी से शास्त्र के सिद्धान्तानुसार जो लोग वैश्य, क्षत्रिय, वा शूद्र होने की ठीक २ योग्यता रखते हैं ऐसे बहुत वा अधिकांश ब्राह्मण कहाते हैं परन्तु जब कभी ठीक २ शास्त्र के सिद्धान्तानु-

कूल वर्णव्यवस्था मानी जाती थी वा मानी जावे, तब भी सब प्रकार के गुण कर्मों वाले मनुष्य सब वर्णों में रहते थे वा रहेंगे ॥

अब रहा यह कि जब सब में सब गुण हैं तो ब्राह्मणादि चारों वर्ण भिन्न २ कैसे होंगे ? इस का दृष्टान्त यह है कि जैसे लोक में कहते हैं कि ब्राह्मणों का यह ग्राम है वा क्षत्रियों का ठाकुरों वा मुसलमानों का ग्राम है। यद्यपि उस में नाई, चमार, धोबी, आदि कमीन लोगों के भी दो चार घर बसते हों तथापि ब्राह्मणादि के नाम से ग्राम कहा वा माना जाता है। जैसे यहां लोक में अधिकांश वा प्रधान के नाम से व्यवहार होता और गौण का नाम छोड़ दिया जाता है, इसी प्रकार शास्त्र में भी मुख्य को प्रबल वा विशेष मान कर व्यवहार किया जाता है। ऐसे ही जिस शरीरधारी वा समुदाय को हम ब्राह्मण मानें उस में ब्राह्मण के गुण कर्म स्वभाव प्रबल वा मुख्य होने चाहियें और क्षत्रिय वैश्यादि के गुण कर्म स्वभाव कुछ २ उस में अवश्य रहेंगे जैसे जब गुरु शिष्य पर क्रोध करता है तब उस में रजोगुण अवश्य माना जाय और जब सोता है उस समय तमोगुण, और जब जप तप आदि करता है तब सत्त्वगुण। ऐसे ही सब गुणों को सब में उदाहरण जानना, उन से ब्राह्मणपन का व्यवहार रुक नहीं सक्ता है। इसी तरह गौर वर्ण आदि सर्वत्र रहेंगे परन्तु ब्राह्मण वर्ण में विशेष होना चाहिये ॥

द्वितीय वार्त्ता यह है कि जिस की सिद्धि में बहुत से हेतु वा लक्षण होते हैं वह एक लक्षण से सिद्ध नहीं हो सकता। जैसे भोजन बनाने में अनेक वस्तुओं की आवश्यकता है तो अग्नि, जल, आटा, लकड़ी, दाल, मसाला, वर्तन, चूल्हा, और बनाने वाला आदि एक एक वस्तु से भोजन कदापि नहीं बन सकता ॥

अनेक वा प्रधान २ वस्तुओं के होने से बन सकता है और यदि सब सामान ठीक २ हो तो बहुत अच्छा भोजन बनना सम्भव है। इसी प्रकार ब्राह्मणपन के सामान में एक गौर वर्ण के होने से भी ब्राह्मण नहीं कहा वा माना जा सकता है और अन्य गुण कर्म ब्राह्मणपन के हों केवल गौर वर्ण न हो काला वा अन्य वर्ण हो तो भी ब्राह्मण माना जायगा और यदि अन्य गुण कर्मों के साथ गौर वर्ण भी हो तो पूरा वा पक्का ब्राह्मण कहलावेगा ऐसे ही सब वर्णों की व्यवस्था जानना, मनुस्मृति अध्याय २

वित्तं बन्धुर्वयः कर्म विद्या भवति पञ्चमी।
एतानि मान्यस्थानानि गरीयो यद्यदुत्तरम् ॥१३६॥
पञ्चानां त्रिषु वर्णेषु भूयांसि गुणवन्ति च।
यत्र स्युः सोत्र मानार्हः शूद्रोपि दशमीं गतः ॥१३७॥

अर्थ--वित्त न्यायोपार्जित धन, और पितृव्यादि श्रौत स्मार्तादिक कर्म, अवस्था, विद्या; ये पांच बड़ाई के देने वाले हैं। उत्तरोत्तर एक से एक अधिक है। ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यों में पूर्वोक्त पांच गुण जिस में जितने अधिक हों वह उतना माननीय अधिक है और शूद्र भी माननीय हैं॥

विचारो कि मनु जी भी गुण से ही माननीय होना मानते हैं योनि से नहीं। सदैव हर चीज़ अपने गुण ही से मालूम होती है उदाहरण जैसे दो अम्बा हैं देखने में एक से हैं परन्तु एक उन में मीठा है और एक खट्टा अब यह बात कि कौनसा कैसा है उन के गुणों ही से विदित होगी। ऐसे ही जब दो पुरुष एक ब्राह्मण और दूसरा शूद्र है उन में किस को ब्राह्मण जाने और किस को शूद्र, जब कि उन के माता पिता को नहीं जानते और वह स्वयं भी कुछ नहीं बताते तब उन के स्वाभाविक गुण से ही उन की परीक्षा करनी पड़ेगी इसलिये मुख्य कारण वर्णव्यवस्था में गुण ही हैं। बहुत से आज कल के पण्डित केवल योनि ही से उत्पन्न होने से ब्राह्मणादि वर्ण मानते हैं यह ठीक नहीं। व्यास जी क्षत्री की लड़की से उत्पन्न हुवे और ब्राह्मण कहलाये और शुक्राचार्य्य की कन्या क्षत्रिय राजा ययाति से विवाही गई और उस की सन्तान क्षत्रिय कहलाई। इसी तरह महाभारत में बहुत से दृष्टान्त हैं यहां थोड़े से प्रमाण जो भारत, भगवतद्गीता, मनुस्मृति, अत्रिस्मृति, दक्षस्मृति, हारीतस्मृति, व्यासस्मृति, पराशरस्मृति, वसिष्ठादिस्मृति से सङ्ग्रह किये हैं लिखे जाते हैं जिस से सब जान लेवें कि गुण कर्म से वर्णव्यवस्था हुई है या योनि ही से पैदा होने से जातिभेद होगया। जैसा कि आज कल मान रहे हैं॥

युधिष्ठिरं प्रति वैशम्पायनवचनम्

१ क्षान्त्यादिभिर्गुणैर्युक्तस्त्यक्तदण्डो निरामिषः।
न हन्ति सर्व्वभूतानि प्रथमं ब्रह्मलक्षणम्॥

२ यदा सर्वं परद्रव्यं पथि वा यदि वा गृहे।
अदत्तं नैव गृह्णाति द्वितीयं ब्रह्मलक्षणम् ॥
३ त्यक्त्वा क्रूरस्वभावन्तु निर्म्ममो निःपरिग्रहः।
मुक्तश्चरति यो नित्यं तृतीयं ब्रह्मलक्षणम् ॥
४ देवमानुषनारीणां तिर्य्यग्योनिगतेष्वपि।
मैथुनं हि सदा त्यक्तं चतुर्थं ब्रह्मलक्षणम्॥
५ सर्व्वे वै योनिजा मर्त्याः सर्व्वेमूत्रपुरीषिणः।
एकेन्द्रियेन्द्रियार्थाश्च तस्माच्छीलगुणैर्द्विजः ॥
६ सत्यं शौचं दया शौचं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
सर्व्वभूते दया शौचं तपः शौचं च पञ्चमम् ॥
७ पञ्चलक्षणसम्पन्न ईदृशो यो भवेत्द्विजः।
तमहं ब्राह्मणं ब्रूयां शेषाः शूद्रा युधिष्ठिर ॥
८ न कुलेन न जात्या वा क्रियाभिर्ब्राह्मणो भवेत्।
चण्डालोऽपि हि वृत्तस्थो ब्राह्मणःस युधिष्ठिर ॥
९ एकवर्णमिदम् पूर्वं विश्वमासीत् युधिष्ठिर।
कर्म्मक्रियाविशेषेण चातुर्वर्ण्यं प्रतिष्ठितम ॥
१० शूद्रोऽपि शीलसम्पन्नो गुणवान् ब्राह्मणो भवेत्।
ब्राह्मणोऽपि क्रियाहीनः शूद्रात्प्रत्यवरो भवेत् ॥
११ पञ्चेन्द्रियार्णवं घोरं यदि शूद्रोऽपि तीर्णवान्।
तस्मै दानं प्रदातव्यमप्रमेयं युधिष्ठिर ॥
१२ नजातिर्दृश्यते राजन् गुणाः कल्याणकारकाः।
जीवितं यस्य धर्मार्थं परार्थे यस्य जीवितम्॥
१३ अहोरात्रं चरेत्क्षान्तिं तं देवा ब्राह्मणं विदुः।

परित्यज्य गृहावासं ये स्थिता मोक्षकाङ्क्षिणः ॥

१४ कामेष्वसक्ताः कौन्तेय ब्राह्मणास्ते युधिष्ठिर ।

अहिंसा निर्म्ममत्वं वासतः कृत्यस्य वर्ज्जनम् ॥

१५ रागद्वेषनिवृत्तिश्च एतत् ब्राह्मणलक्षणम् ॥

क्षमा दया दमोदानं सत्यं शौचःस्मृतिर्घृणा ।

विद्या विज्ञानमास्तिक्यमेतत् ब्राह्मणलक्षणम् ॥

१६ यदा न कुरुते पापं सर्व्वभूतेषु दारुणम् ।

कायेन मनसा वाचा ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥

अर्थ—युधिष्ठिर के प्रति वैशम्पायन का वाक्यः—

क्षांतिप्रभृति गुणों से युक्त दण्ड और आमिष भोजन जिस ने त्याग किया है, किसी जीव की हिंसा नहीं करता है, यह ब्राह्मण का प्रथम लक्षण है॥

जब पराये द्रव्य को, पथ में हो वा घर में, विना दिये नहीं लेता, यह ब्राह्मण का दूसरा लक्षण है ॥

क्रूर स्वभाव को त्याग कर के, ममता और परिग्रह रहित होकर जो त्यक्त बन्धन होकर सदा चलता है, यह ब्राह्मण का तीसरा लक्षण है ॥

जिस ने सदा मैथुन त्याग किया है, यह ब्राह्मण का चौथा लक्षण है ॥

सत्य शौच है, दया शौच है, इन्द्रियनिग्रह शौच है, सब जीवों में दया शौच है और तप ५ वां शौच है, इस प्रकार पञ्चलक्षणसम्पन्न जो द्विज होता है उसे मैं ब्राह्मण कहता हूं, इन के सिवाय जो हैं हे युधिष्टिर ! वे शूद्र हैं ॥

कुल वा जाति वा क्रियाओं से ब्राह्मण नहीं होता चण्डाल भी यदि उत्कृष्ट गुण वाला हो तौ हे युधिष्ठिर ! वह ब्राह्मण है । ८, ९, १०, हे युधिष्ठिर ! एक वर्ण से ही (यह) विश्व (पहिले) भरा हुवा था, कर्म्म क्रिया के विशेष से चातुर्वर्ण्य स्थापित हुवा सारे मनुष्य योनि से उत्पन्न हुए हैं, सब मूत्र पुरीष करने वाले हैं, एक सी ही सबों की इन्द्रिय हैं और एक से ही विषय हैं, इस लिये शील और गुण से द्विज होता है गुणवान् और शील सम्पन्न शूद्र भी ब्राह्मण होता है, क्रियाहीन ब्राह्मण शूद्र से भी छोटा होता है ॥ ११-१६। पञ्चेन्द्रिय रूप घोर समुद्र को यदि शूद्र भी तर जाय तिस को हे युधि-

ष्ठिर ! निःसन्देह दान दे दे ॥ १२ ॥ हे राजन् ! जाति नहीं देखी जाती है, गुण ही कल्याणकारी हैं। जिस का जीना केवल धर्म्म के निमित्त है, जिसका जीना परोपकार निमित्त है ॥ १३ ॥ दिन रात जो अच्छे काम करता है उसे देवता लोग ब्राह्मण जानते हैं, गृहवास को छोड़ कर जो मुमुक्षु होकर स्थित है, काम में जो आसक्त नहीं हैं, हे कौन्तेय! हे युधिष्ठिर! वे भी ब्राह्मण हैं ॥ १४ ॥ हिंसा और ममता को त्याग और समान भाव से स्थिति, क्रियाओं का छोड़ना और राग द्वेष की निवृत्ति, यह भी ब्राह्मण के लक्षण हैं ॥ १५ ॥ क्षमा, दया, इन्द्रियदमन, दान, सत्य, शौच, स्मृति, घृणा (पाप से), विद्या, विज्ञान, आस्तिक्य, ये ब्राह्मण के लक्षण हैं ॥ १६ ॥ जब किसी जीव के प्रति शरीर, मन वा वाणी से दारुण पाप नहीं करता तब ब्रह्म को प्राप्त होता है (यानी ब्राह्मण होता है) ॥१७॥

महाभारत वन पर्व्व आजगरपर्व्वाध्यायः—

सत्यं दानं क्षमा शीलमानृशंस्यं तपो घृणा।
दृश्यते यत्र नागेन्द्र! स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥
शूद्रे तु यद्भवेल्लक्ष्म, द्विजे तच्च न विद्यते।
नवै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणो न च ब्राह्मणः ॥
यत्रैतल्लक्ष्यते सर्प वृत्तं स ब्राह्मणः स्मृतः।
यत्रैतन्न भवेत्सर्प ! तं शूद्रमिति निर्दिशेत् ॥

सत्य, दान, क्षमा, शील, आनृशंस्य, तप, और घृणा ये सब (गुण) हे नागेन्द्र! जिस में दिखलाई देवें वह ब्राह्मण कहलाता है। शूद्र में जो (गुण) दिखलाई देते हैं, द्विज में वे नहीं होते। (जातिका) शूद्र होने से ही शूद्र नहीं होता और न ब्राह्मण होने से ब्राह्मण होता है। जिस में हे सर्प ! यह (पूर्वोक्त) गुण दिखलाई दें वह ब्राह्मण कहलाता है। जिस में ये (गुण) न होवें, हे सर्प ! उसे शूद्र जाने ॥

अन्यच्च महाभारते शान्तिपर्वणि १८९ अध्यायः—

सत्यं दानमथाद्रोह आनृशंस्यं त्रपा घृणा।

तपश्च दृश्यते यत्र स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥
क्षत्रजं सेवते कर्म वेदाध्ययनसंगतः ।
दानादानरतिर्यस्तु स वै क्षत्रिय उच्यते ॥
विशत्याशु पशुभ्यश्च कृष्यादानरतिः शुचिः ।
वेदाध्ययनसम्पन्नः स वैश्य इति संज्ञितः ॥
सर्वभक्षरतिर्नित्यं सर्वकर्मकरोऽशुचिः ।
त्यक्तवेदस्त्वनाचारः स वै शूद्र इति स्मृतः ॥
शूद्रे चैतद्भवेल्लक्ष्म द्विजे तच्च न विद्यते ।
सवै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणो ब्राह्मणो न च ॥

अर्थ—सत्य, दान, अद्रोह, आनृशंस्य, लज्जा, घृणा, और तप, यह सब जिस में दिखलाई देते हैं वह ब्राह्मण समझा गया है। क्षात्र धर्म (रक्षाप्रभृति) कर्म जो करता है, वेदाध्ययनयुक्त है, देने और लेने में जिस की रति है वह क्षत्रिय कहलाता है ।।

(जिस की बुद्धि व्यवहारमें) शीघ्र प्रविष्ट हो और पशुओं से जो कृषि कर्म लेवे, शुद्ध रहे और वेद पढ़ा हुआ हो, उसे वैश्य कहते हैं । सब वस्तुओं के खाने में जिस की नित्य रति है, सब कामना करने वाला और अशुद्ध है, वेद जिस से छूटा हुआ है और जो सदाचाररहित है, वही शूद्र कहलाता है। जिस शूद्र में यह लक्षण नहीं वही शूद्र शूद्र है (अन्य नहीं) और जिस ब्राह्मण में (ब्राह्मण के पूर्वोक्त) लक्षण न हों वह ब्राह्मण ब्राह्मण नहीं।।

श्रीमद्भागवते ७ स्कन्धे युधिष्ठिरं प्रति नारदवचनम्—

शमो दमस्तपः शौचं सन्तोषः क्षान्तिरार्जवम् ।
ज्ञानं दयाऽच्युतात्मत्वं सत्यं च ब्रह्मलक्षणम् ॥२१॥
शौर्यं वीर्यं धृतिस्तेजस्त्याग आत्मजयः क्षमा ।
ब्रह्मण्यता प्रसादश्च रक्षा च क्षत्रलक्षणम् ॥२२॥
देवगुर्वच्युते भक्तिः स्त्रीवर्गपरिपोषणम् ।

आस्तिक्यमुद्यमोनित्यं नैपूण्य वैश्यलक्षणम् ॥२३॥
शूद्रस्य संनतिः शौचं सेवा स्वामिन्यमायया ।
अमन्त्रयज्ञोह्यस्तेयंसत्यंगोविप्ररक्षणम् ॥ २४ ॥
यस्य यल्लक्षणं प्रोक्तं पुंसो वर्णाभिव्यञ्जकम् ।
यदन्यत्रापिदृश्येत तत्तेनैव विनिर्दिशेत् ॥२५॥

अर्थ—मन को और इन्द्रियों को रोकना, तप, शौच, सन्तोष, क्षमा, सीधापन, ज्ञान, दया, ईश्वर में परमभक्ति, और सत्य, ये सब ब्राह्मण के लक्षण हैं ॥२१॥

शौर्य्य, वीर्य्य, धैर्य्य, तेज, त्याग, अपने को जीतना, क्षमा, ब्राह्मण का सम्मान, अनुग्रह, और रक्षा, (ये सब) क्षत्रिय के लक्षण हैं ॥२२॥

देवता, गुरु, ईश्वर में भक्ति, धर्मार्थकाम की रक्षा, आस्तिक्य, नित्य उद्यम, नैपुण्य, ये वैश्य के लक्षण हैं ॥२३॥ शूद्र का (लक्षण) नत होना, शौच, प्रभु की निष्कपट सेवा, विना मन्त्रों के यज्ञ, अचौर्य्य, सत्य, गौ और ब्राह्मण की रक्षा है ॥२४॥ जिस जिस पुरुष का जो वर्ण द्योतक लक्षण कहा गया यदि अन्य में भी (वे लक्षण) दिखलाई दें तो उसे उन लक्षणों के अनुसार ही निर्देश करे ॥२५॥

श्रीमद्भागवते द्वितीयस्कन्धे ४ अ० शुकस्तुतिः ।
किरातहूणान्ध्रपुलिन्दपुष्कसाः, आभीरकङ्का यवनाः खशादयः ।
येऽन्ये च पापायदुपाश्रयाश्रयाः, शुद्ध्यन्तितस्मैप्रभविष्णवेनमः १८

अर्थ—श्रीभागवत में शुकदेव जीने कहा है २ स्कन्द—किरात, हूण, अन्ध्र, पुलिन्द, पुष्कस, आभीर, कङ्क, यवन, खश प्रभृति (म्लेच्छ जाति) और जो पापी जाति हैं, जिस परमेश्वर के आश्रित होने से शुद्ध होजाती है उस प्रभाव वाले परमेश्वर को नमस्कार हो ॥१८॥

महाभारतीयाऽनुशासनपर्वान्तर्गत उमामहेश्वर संवाद अ० १४३
१ एभिस्तुकर्म्मभिर्देवि शुभैराचरितैस्तथा ।
शूद्रो ब्राह्मणतां याति वैश्यः क्षत्रियतां व्रजेत् ॥२६॥

२ एतैः कर्मफलैर्देवि न्यूनजातिकुलोद्भवः ।
शूद्रोऽप्यागमसम्पन्नो द्विजो भवति संस्कृतः ॥४६॥
३ ब्राह्मणोवाप्यसद्वृत्तः सर्वसंकरभोजनः ।
ब्राह्मण्यं समनुत्सृज्य शूद्रोभवति तादृशः ॥४७॥
४ कर्मभिः शुचिभिर्देवि शुद्धात्माविजितेन्द्रियः ।
शूद्रोपिद्विजवत्सेव्य इति ब्रह्मानुशासनम् ॥४८॥
५ स्वभावः कर्म च शुभं यत्र शूद्रेपि तिष्ठति ।
विशिष्टः सद्विजातेर्वै विज्ञेय इति मे मतिः ॥४९॥
६ न योनिर्नापिसंस्कारो न श्रुतं न च सन्ततिः ।
कारणानिद्विजत्वस्य वृत्तमेव तु कारणम् ॥५०॥
७ सर्वोऽयं ब्राह्मणोलोके वृत्तेन च विधीयते ।
वृत्ते स्थितस्तु शूद्रोऽपि ब्राह्मणत्वं नियच्छति ॥५१॥
८ ब्रह्मस्वभावः कल्याणि समः सर्वत्र मेमतिः ।
निर्गुणं निर्मलं ब्रह्म यत्र तिष्ठति स द्विजः ॥५२॥
९ एतत्ते गुह्यमाख्यातं यथा शूद्रोभवेत् द्विजः ।
ब्राह्मणो वा च्युतो धर्मात् यथा शूद्रत्वमाप्नुते ॥५९॥

अर्थ–शिवजी का पार्वती के प्रति वाक्य–

१ इन कर्मों से हे देवी, और अच्छे आचरणों से, शूद्र ब्राह्मण हो जाता है, वैश्य क्षत्रिय हो जाता है ॥

२ इन कर्मों के फल से, हे देवी, नीच जाति और नीचकुलोत्पन्न शूद्र भी आगमसम्पन्न और संस्कारविशिष्ट ब्राह्मण हो जाता है ॥

३ सर्व्व सङ्कर भोजन असच्चरित्र ब्राह्मण भी ब्राह्मणत्व को त्याग करके वैसा ही शूद्र हो जाता है ॥

४ पवित्र कर्मों के द्वारा, हे देवि ! शुद्धात्मा और जितेन्द्रिय शूद्र भी ब्राह्मण की नाईं सेवा करने योग्य है यह ब्रह्मा की आज्ञा है ॥

५ जिस शूद्र में अच्छे स्वभाव और कर्म्म हों उसे ब्राह्मणों में श्रेष्ठ जानना चाहिये, यह मेरी समझ है ।।

६ (ब्राह्मण) योनि से उत्पत्ति (यज्ञोपवीतादि) संस्कार वेदपाठ, (ब्राह्मण वंशीय) सन्तान होना, ये सब ब्राह्मणत्व के कारण नहीं हैं, सच्चरित्र होना ही कारण है ।।

७ इस लोक में जो ब्राह्मण का विधान है वह सब चरित्र से है शूद्र भी सद्वृत्त में स्थित हो तो ब्राह्मणत्व को प्राप्त होता है ।।

८ ब्रह्मस्वभाव हे कल्याणि ! मैं सर्व्वत्र समान समझता हूं निर्गुण निर्म्मल ब्रह्म जिस के हृदय में स्थित है वह ब्राह्मण है ।।

९ शूद्र जिस प्रकार से ब्राह्मण होजाता है और ब्राह्मण धर्म्मभ्रष्ट होने से जिस प्रकार से शूद्र हो जाता है यह गुप्त बात मैंने तुम से कही ।।

श्री भगवद्गीता १८ अध्याय

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणां च परन्तप ।
कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवैर्गुणैः ॥ ४१ ॥
शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च ।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम् ॥ ४२ ॥
शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम् ।
दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्मस्वभावजम् ॥ ४३ ॥
कृषिगोरक्षवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम् ।
परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम् ॥ ४४ ॥

अर्थ–हे परंतप ! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र, इन वर्णों के अपने प्राचीन कर्म से उत्पन्न, सत्व आदि गुणों कर के सहित, कर्म पृथक् २ किये गये हैं ।। ४१ ।। बाह्येन्द्रियों का रोकना, अन्तः करण का निरोध, शास्त्रीय काय क्लेश, कर्मानुष्ठान योग्यता, क्षमा, नम्रता, ज्ञान, विज्ञान, आस्तिकता; ये ब्राह्मण के स्वाभाविक कार्य हैं ।।४२।। शौर्य, तेज, धैर्य, उत्साह शीलता, युद्ध में स्थिर रहना, पात्र को देना, प्रजा का पालन, सामर्थ्य; ये क्षत्रिय के स्वाभाविक कर्म हैं ।। ४३ ।। खेती, गौओं की रक्षा, खरीदना, बेचना; यह

वैश्य का स्वाभाविक कर्म है, और सेवा करना यह शूद्र का स्वाभाविक कर्म है ।।४४।। १८ अध्याय ।।

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ॥ १३ ॥

ब्राह्मणादि चारों वर्ण मैंने गुण कर्म के विभाग से रचे हैं, (यह भगवद्गीता अध्याय ४ का वाक्य है)

मनुस्मृति के प्रमाण—

१ न तिष्ठति तु यः पूर्वां नोपास्ते यश्च पश्चिमाम् ।
स शूद्रवद्बहिष्कार्यः सर्वस्माद्द्विजकर्मणः ॥ १०३ ॥
२ यो नवेत्त्यभिवादस्य विप्रः प्रत्यभिवादनम् ।
नाभिवाद्यः स विदुषा यथा शूद्रस्तथैव सः ॥ १२६ ॥
३ योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम् ।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः ॥१६८॥ अ० २
४ शूद्रोब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम् ।
क्षत्रियाज्जातमेवंतु विद्याद्वैश्यात्तथैवच ॥ ६५ ॥ अ० १०
५ जातो नार्यामनार्यायामार्यादार्योभवेद्गुणैः ।
जातोऽप्यनार्यादार्यायामनार्य इति निश्चयः ॥ ६७ ॥
६ यथा काष्ठमयोहस्ती यथा चर्ममयो मृगः ॥
यश्च विप्रोनधीयानस्त्रयस्ते नाम बिभ्रति ॥ १५७ अ० २
७ यथा षंढोऽफलः स्त्रीषु यथा गौर्गवि चाफला ।
यथा चाज्ञेऽफलं दानं तथा विप्रोनृचोफलः ॥ १५८ ॥
८ शूद्रेण हि समस्तावद्यावद्वेदे न जायते ॥ २ अध्याय १७२
९ सद्यः पतति मांसेन लाक्षया लवणेन च ।
त्र्यहेण शूद्रो भवति ब्राह्मणः क्षीरविक्रयात् ॥अध्याय १०।९२
१० अनार्यमार्यकर्माणमार्यंचानार्यकर्मिणम् ।
सम्प्रधार्याब्रवीद्धाता न समौ नासमाविति ॥ ७३॥ १० अ०

१ अर्थ—जो प्रातः सन्ध्या में (उपासना के निमित्त) नहीं बैठता जो सायं सन्ध्या की उपासना नहीं करता उसे द्विज के सारे कर्म्मों से शूद्र की न्याई निकाल देना चाहिये ।। १०३ ।। अब सोचो कि ऐसे ब्राह्मण कितने हैं जो ठीक सूर्य्य के उदय अस्त के समय उपासना करते हों ।।

२ जो ब्राह्मण नमस्कार करने पर क्या कहना चाहिये इस को नहीं जानता वह ब्राह्मण शूद्रवत् नमस्कार करने योग्य नहीं है। यानी जैसा शूद्र है वैसा ही वह है।। १२६ ।।

३ जो द्विज वेद को न पढ़ के अन्य (विद्या) में श्रम करता है वह जीता हुआ ही अपने कुटुम्ब के साथ शूद्रत्व को प्राप्त होता है ।। १६८ ।।

(अब वेद के पढ़ने वाले ब्राह्मण तो सहस्र में एक भी नहीं)

४ ब्राह्मण शूद्रता को प्राप्त होता है और शूद्र ब्राह्मणता को प्राप्त होता है। क्षत्रिय से हुवा भी इसी प्रकार और वैसे ही वैश्य से भी हुवा जानो ।।६५।।

शूद्रा स्त्री में ब्राह्मण से उत्पन्न हुवा गुणों कर के ब्राह्मण होगा। और शूद्र से ब्राह्मणी में उत्पन्न हुवा गुणों करके शूद्र उत्पन्न होगा इस प्रकार शास्त्र में निश्चय है ।। ६७ ।। १० अध्याय, (जो महाशय योनि से ही जाति मानते हैं तो उन के मत में ब्राह्मणी की योनि से ब्राह्मण और शूद्रा की योनि से शूद्र होना चाहिये परन्तु मनु जी ऐसा नहीं मानते जो इस श्लोक से विदित है। किन्तु यह केवल योनि से मानना सर्वथा अयोग्य है और शास्त्र के विरुद्ध है। इसलिये वही नहीं प्रधान माना जायगा। जिस को आगे विस्तार से लिखेंगे) और गुण सदैव गुणी के आधीन रहते हैं और गुणी बीज है। जैसा काष्ठ का हाथी और चमड़े का मृग, विना पढ़ा ब्राह्मण यह तीनों नाम मात्र को धारण करते हैं ।। १५७ ।। अ० २

जैसा स्त्री को नपुंसक निष्फल और गौ गौ में तथा अज्ञ में दान अफल है वैसे ही वेदरहित ब्राह्मण निष्फल है ।।१५८।। अध्याय २ ।।

अब सज्जन पुरुषो ! ज़रा पक्षपातरहित होकर विचारो कि दान देने का मनुजी ने पात्र किस को कहा है और आज कल कैसे को दान दिया जाता है ।।

जब तक ब्राह्मण को वेद पढ़ने का अधिकार नहीं होता तब तक शूद्र के तुल्य रहता है ।। १७२ ।। अध्याय २ ।। अर्थात् यज्ञोपवीत से पहिले ब्राह्मण की भी शूद्र संज्ञा होती है ।।

मांस, लाख, लवण, इन के बेंचने से ब्राह्मण उसी क्षण में पतित हो जाता है और दूध के बेचने से ब्राह्मण तीन दिन में शूद्रता को प्राप्त होता है ९२ अ० १०॥ यहां योनि से उत्पन्न हुवे ब्राह्मण को भी लवण, व दूध बेचने से शूद्रवत् होना माना है । आज कल कितने ऐसे ब्राह्मण हैं । स्वयं विचार लो और जो कोई यह कहे कि आपत्ति है तो यह आपत्तिधर्म्म में भी नहीं है॥ द्विज शूद्रों के कर्म करने वाले और शूद्र द्विजों के कर्म करने वाले इन को ब्राह्मण विचार कर के बोले कि न तो वह सम है न असम है ॥७३॥ अ०१०॥

ब्राह्मणी की योनि से उत्पन्न हुवा जो ब्राह्मण यदि वह शूद्र के कर्म करता हो, और शूद्रा की योनि से उत्पन्न हुवा जो शूद्र यदि ब्राह्मण के कर्म करता हो तो आज कल लोकाचार की मुवाफ़िक़ वह ब्राह्मणी योनि से उत्पन्न हुवा शूद्र के कर्म करता हुवा भी ब्राह्मण ही माना जाता है । और लौकिक व्यवहार में उसे ही ब्राह्मण मानना पड़ेगा । परन्तु जो परलोक के वास्ते ऐसे ब्राह्मण का पूजनादि करे तो ठीक नहीं । वहां तो गुणों और सदाचार कर्म्म करके ही ब्राह्मण मानना पड़ेगा और ऐसा मानना शास्त्र के अनुकूल भी है। इस के इतर मानना शास्त्र के विरुद्ध है और बिलकुल निष्फल है। हम आशा करते हैं कि जो महाशय इस को पक्षपातरहित होकर विचारेंगे तो अवश्य ठीक मान लेंगे ॥

देवोमुनिर्द्विजो राजा वैश्यः शूद्रो निषादकः ।
पशुर्म्लेच्छोऽपि चाण्डालो विप्रादशाविधाःस्मृताः ॥३७०॥
संध्या स्नानं जपं होमं देवता नित्यपूजनम् ।
अतिथिं वैश्वदेवं च देवब्राह्मण उच्यते ॥३७१॥
शाके पत्रे फले मूले वनवासे सदा रतः ।
निरतोऽहरहः श्राद्धे स विप्रो मुनिरुच्यते ॥ ३७२ ॥
वेदान्तं पठते नित्यं सर्वसंगं परित्यजेत् ।
सांख्ययोगविचारस्थः स विप्रो द्विजउच्यते ॥३७३॥
अस्त्राहताश्च धन्वानः संग्रामे सर्वसंमुखे ।
आरम्भेनिर्जिता येन स विप्रः क्षत्रउच्यते ॥३७४॥

कृषिकर्मरतो यश्च गवां च प्रतिपालकः ।
वाणिज्यंव्यवसायश्च स विप्रो वैश्यउच्यते ॥३७५॥
लाक्षालवणसंमिश्रं कुसुम्भंक्षीरसर्पिषः ।
विक्रेता मधुमांसानां स विप्रः शूद्रउच्यते ॥३७६॥
चोरश्च तस्करश्चैव सूचको दंशकस्तथा ।
मत्स्यमांसे सदा लुब्धो विप्रो निषादउच्यते ॥ ३७७ ॥
ब्रह्मतत्वं न जानाति ब्रह्मसूत्रेण गर्वितः ।
तेनैव स च पापेन विप्रः पशुरुदाहृतः ॥३७८॥
वापीकूपतडागानामारामस्य सरः सु च ।
निश्शङ्कं रोधकश्चैव स विप्रोम्लेच्छउच्यते ॥३७९॥
क्रियाहीनश्च मूर्खश्च सर्वधर्मविवर्जितः ।
निर्दयः सर्वभूतेषु विप्रश्चाण्डाल उच्यते ॥३८०॥
वेदैर्विहीनाश्च पठन्ति शास्त्रं शास्त्रेणहीनाश्च पुराणपाठाः।
पुराणहीनाः कृषिणो भवन्ति भ्रष्टास्ततोभागवताभवन्ति। ३८१
ज्योतिर्विदोह्यथर्वाणः कीराःपौराणपाठकाः ।
श्राद्धयज्ञे महादाने वरणीया न कदाचन ॥ ३८२ ॥
श्राद्धं च पितरो घोरं दानं चैव तु निष्फलम् ।
यज्ञे च फलहानिस्स्यात्तस्मात्तान्परिवर्जयेत् ॥ ३८३ ॥
आविकश्चित्रकारश्च वैद्यो नक्षत्रपाठकः ।
चतुर्विप्रा न पूज्यन्ते बृहस्पतिसमायदि ॥ ३८४ ॥
मागधो माथुरश्चैव कापटः कीटकानलौ ।
पञ्च विप्रा न पूज्यन्ते बृहस्पतिसमायदि ॥ ३८५ ॥

३७० देव, मुनि, द्विज, राजा, वैश्य, शूद्र, निषाद, पशु, म्लेच्छ, चाण्डाल, ये दश प्रकार के ब्राह्मण कहे हैं (जिन को आगे विस्तार से कहते हैं)

३७१ सन्ध्या, स्नान, जप, होम, देवता और अतिथि का नित्यपूजन, बलि वैश्वदेव जो करै, उसे देव ब्राह्मण कहते हैं ॥

३७२ शाक, पत्ते, फल, मूल, इन को भक्षण करै और वन के वसनेमें और प्रति दिन श्राद्ध करने में जो तत्पर हो उस को मुनि ब्राह्मण कहते हैं॥

३७३ जो वेदान्त को नित्य पढ़े और सब के सङ्ग को त्यागे, सांख्य और योग शास्त्र को जो विचारे उस को द्विज ब्राह्मण कहते हैं ॥

३७४ जिसने सब के सामने संग्राम में धनुषधारी अस्त्रों से हते हों और जिसने आरम्भों को जीता हो उसे क्षत्रिय ब्राह्मण कहते हैं ॥

३७५ जो खेती के काम में मग्न हो, और गौओं के पालन में लवलीन हो, जो लेन देन करता हो उस को वैश्य ब्राह्मण कहते हैं ॥

३७६ लाख, लवण, कुसुम्भ, दूध, घी, शराब, मांस, इन को जो बेचता है उस को शूद्र ब्राह्मण कहते हैं ॥

३७७ चौर और तस्कर (प्रबल चौर, डाकू) चुगुलखोर, दंशक (विघ्नकारी) मत्स्य के मांस का लोभी, ऐसे को निषाद ब्राह्मण कहते हैं ॥

३७८ जो ब्राह्मण (वेद) के तत्व को न जाने और यज्ञोपवीत का जिसे अभिमान है उसी पाप से उस को शूद्र ब्राह्मण कहते हैं ॥

३७९ बावड़ी, कूप, ताल, बाग़, छोटा तालाब, इन को जो निश्शङ्क होकर रोके उस को म्लेच्छ ब्राह्मण कहते हैं ॥

३८० जो क्रिया से हीन हो, मूर्ख हो, सर्व धर्मों से रहित हो, संपूर्ण भूतों में दया न रखता हो, ऐसे को चाण्डाल ब्राह्मण कहते हैं (यह दश प्रकार के ब्राह्मण हुवे)

३८१ वेद जिन्हें नहीं आता वे शास्त्र को पढ़ते हैं । और शास्त्र जिन्हें नहीं आता वे पुराणों को पढ़ते हैं। पुराण जिन्हें नहीं आता वे खेती करते हैं

३८२ ज्योतिषी अथर्वण वेद के ज्ञाता और (जहां तहां कण्ठ से जो तोते की तरह उपदेश करें) पुराण के पढ़ने वाले, इतने ब्राह्मणों को श्राद्ध यज्ञ और महादान में स्थान न दे ॥

३८३ श्राद्ध में पूर्वोक्त ब्राह्मण के जिमाने से पितर घोर नरक में जाते हैं और दान निष्फल होता है और यज्ञफल की हानि होती है इसलिये पूर्वोक्त ब्राह्मणों को नहीं बुलावे ॥

३८४ भेड़ों का पालने वाला, तसवीर खींचने वाला, वैद्य और नक्षत्र पाठक

(पड़कवे, इकौत) जो यह चार प्रकार के ब्राह्मण बृहस्पति के समान भी हों (विद्या में) तौ भी पूजने के योग्य नहीं होते ।।

मगध देश का वासी 'माथुर' कर्पट देश का वासी' कीट और कानदेशके रहने वाले, ये पांच प्रकार के ब्राह्मण चाहै बृहस्पति के तुल्य हों तौभी अपूजनीय हैं, ये अत्रिस्मृति के प्रमाण हैं ।। हारीत स्मृति प्रथम अध्यायः—

स्मृतिहीनाय विप्राय श्रुति हीने तथैव च ।
दानं भोजनमन्यच्च दत्तं कुलविनाशनम् ॥ २४ ॥

अर्थ—जो ब्राह्मण स्मृति यानी धर्मशास्त्र और श्रुति यानी वेद नहीं पढ़ा है ऐसे ब्राह्मण को दान देना भोजन कराना और भी कुछ देना कुल का नाश करने वाला है ।।

पराशर संहिता ११ अध्याय

गृहस्थधर्मो यो विप्रो ददातिपरिवर्जितः ।
ऋषिभिर्धर्मतत्वज्ञैरपचः परिकीर्त्तितः ॥

अर्थ—जो ब्राह्मण गृहस्थ धर्म होकर दानादि सत्कार्यरहित है धर्म तत्व के जानने वाले ऋषियों ने उसे अपच कहा है (अपच का अन्न तक खाने का निषेध है) ।।

वसिष्ठस्मृति ६ अध्याय

असूयकः पिशुनश्चैव कृतघ्नो दीर्घरोषकः ।
चत्वारः कर्मचाण्डाला जन्मतश्चापि पञ्चमः ॥२३॥
दीर्घवैरमसूया च असत्यं ब्रह्मदूषणम् ।
पैशुन्यं निर्दयत्वं च जानीयाच्छूद्र लक्षणम् ॥२४॥
योगस्तपोदमोदानं सत्यं शौचं दया श्रुतम् ।
विद्या विज्ञानमास्तिक्यमेतद्ब्राह्मणलक्षणम् ॥२१॥
आचारहीनं न पुनन्ति वेदा यद्यप्यधीताःसहषड्भिरङ्गैः ।
छन्दांस्येनं मृत्युकाले त्यजन्ति नीडं शकुन्ता इव तापतप्ताः।३।

दक्षस्मृति अध्याय २:—

संध्यांनोपासते यस्तु ब्राह्मणो हि विशेषतः ।
स जीवन्नेव शूद्रःस्यान्मृतः श्वा चैव जायते ॥२१॥
सन्ध्याहीनोऽशुचिर्नित्यमनर्हः सर्वकर्मसु ।
यदन्यत्कुरुते कर्म न तस्य फलभाग् भवेत् ॥२२॥

अर्थ–वसिष्ठस्मृति

द्वेष करने वाले, चुगल खोर, उपकारक के भूल जाने वाले (अर्थात् निमक हराम) दीर्घ काल रोष रखने वाले, ये चार कर्म्म से चाण्डाल होते हैं, और पांचवां जो जन्म से चाण्डल हो ॥ २३ ॥ दीर्घ समय तक वैर रखना द्वेष करना, असत्य, ब्रह्म (वेद) में दोष लगाना, चुगली खाना, निर्दय होना, यह सब शूद्र के लक्षण जानना ।। २४ ।। (यानी जिस में यह लक्षण हैं वही शूद्र है) योग, तप, इन्द्रियदमन, दान, सत्य, शौच, दया, बहुश्रवण, विद्या, विज्ञान, आस्तिक्य, यह सब ब्राह्मण के लक्षण हैं ।। २१ ।।

ऐसा न होकर जो अपने समान गुण और धर्म वाले शूद्रादि की घृणा करे तो उस का अभिमान और मद धर्म से और भी भ्रष्ट करताहै जैसा यह है:–

ब्रह्मतत्वं न जानाति ब्रह्मसूत्रेण गर्वितः ।
तेनैव स च पापेन विप्रः पशुरुदाहृतः ॥

ब्रह्म का तत्व जो ब्राह्मण नहीं जानता केवल ब्रह्मसूत्र से गर्वित है, उसी पाप से वह पशु कहलाता है ॥

शास्त्र का मत यह है कि जन्म से ब्राह्मण होकर भी जो नीच गुणों को अवलम्बन करते हैं वे नीच जातियों के तुल्य होते हैं । इस का उदाहरण पीछे लिखदिया है । आचारहीन जो ब्राह्मण है यदि छहों अङ्गों सहित वेद पढ़ा हुवा हो तौभी उस को पवित्र नहीं कर सकता । मरते समय पर वेद उस को इस तरह पर छोड़ देता है जैसे जलते हुवे घोंसले को पक्षी छोड़ देते हैं ।। ३ ।। अर्थ–दक्षस्मृतिः–

जो संध्या नहीं करता और विशेष करके ब्राह्मण वह जीवता हुआ ही शूद्र है और मर कर कुत्ता होगा ॥ २१ ॥

जो संध्या नहीं करता वह सर्वदा अपवित्र रहता है और सब कामों में अनधिकारी है और यदि कुछ कर्म करे तो उस को उस का फल नहीं होता ॥ २२ ॥ अध्याय २ ॥

पाराशरस्मृति, अष्टमोऽध्यायः

अज्ञात्वा धर्म्मशास्त्राणि प्रायश्चित्तं ददाति यः ॥
प्रायश्चित्ती भवेत्पूतः किल्विषं पर्षदि व्रजेत् ॥१४॥
चत्वारो वा त्रयोवापि यं ब्रूयुर्वेदपारगाः ।
सधर्म्म इति विज्ञेयो नेतरैस्तु सहस्रशः ॥१५॥
प्रमाणमार्गं मार्गन्तोये धर्मं प्रवन्दति वै ।
तेषामुद्विजते पापं सद्भूतगुणवादिनाम् ॥१६॥
यथाश्मनि स्थितं तोयं मारुतार्केण शुद्ध्यति ।
एवं परिषदादेशान्नाशयेत्तत्रदुष्कृतम् ॥१७॥
नैव गच्छति कर्तारं नैव गच्छति पर्षदम् ।
मारुतार्कादिसंयोगात्पापं नश्यति तोयवत् ॥ १८ ॥
चत्वारो वा त्रयो वापि वेदवन्तोऽग्निहोत्रिणः ।
ब्राह्मणानां समर्थाये परिषत्साभिधीयते ॥ १९ ॥
अनाहिताग्नयोयेन्ये वेदवेदाङ्गपारगाः ।
पञ्च त्रयो वा धर्मज्ञाः परिषत्सा प्रकीर्तिता ॥२०॥
मुनीनामात्मविद्यानां द्विजानां यज्ञयाजिनाम् ।
वेदव्रतेषुस्नातानामेकोऽपि परिषद्भवेत् ॥२१॥
पञ्च पूर्वं मयाप्रोक्तास्तेषां चासम्भवे त्रयः ।
स्ववृत्तिपरितुष्टा ये परिषत्साप्रकीर्तिता ॥२२॥
अतऊर्ध्वं तु ये विप्राः केवलं नामधारकाः ।
परिषत्त्वं न तेष्वस्ति सहस्रगुणितेष्वपि ॥ २३ ॥

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः ।
ब्राह्मणस्त्वनधीयानस्त्रयस्ते नामधारकाः ॥२४॥
ग्रामस्थानं यथाशून्यं यथा कूपस्तुनिर्जलः ।
यथा हुतमनग्नौ च अमन्त्रो ब्राह्मणस्तथा ॥ २५ ॥
यथा षढोऽफलः स्त्रीषु यथागौरुषराऽफला ।
यथा चाज्ञेऽफलं दानं तथा विप्रोऽनृचोऽफलः ॥२६॥
चित्रकर्म यथानेकैरङ्गैरुन्मील्यते शनैः ।
ब्राह्मएयपि हि तद्वद्धि संस्कारैर्मन्त्रपूर्वकैः ॥२७॥
प्रायश्चित्तं प्रयच्छन्ति ये द्विजा नामधारकाः ।
ते द्विजाःपापकर्माणः समेता नरकं ययुः ॥ २८ ॥
गायत्रीरहितो विप्रः शूद्रादप्यशुचिर्भवेत् ।
गायत्री ब्रह्मतत्वज्ञाः संपूज्यन्ते जनैर्द्विजाः ॥२९॥
प्रायश्चित्तं सदा दद्याद्देवतायतनाग्रतः ।
आत्मकृच्छ्रं ततः कृत्वा जपेद्वै वेदमातरम् ॥ ३६ ॥

अर्थ

जो धर्मशास्त्र को न जान कर प्रायश्चित्त देता है वह पापी तो पवित्र हो जाता है और पाप पर्षद् में जाता है परन्तु पापी ने पर्षद् को धर्म्मज्ञ जानके पूछा हो ॥ १४ ॥

चार व तीन वेद के पार जानने वाले जो कहैं वही धर्म्म जानना और इतर हज़ार भी जिसे कहैं वह नहीं ॥ १५ ॥

प्रमाण के मार्ग को ढूंढते हुवे जो सत्य के कहने वाले धर्म्म को कहते हैं उन से पाप कांपता है ॥१६॥

जैसे पत्थर पर पड़ा जल पवन और सूर्य से शुद्ध होता है ऐसे परिषद् की आज्ञा से पाप भी नष्ट हो जाता है ॥१७॥ वह पाप न करने वाले पर जाते हैं और न सभा पर किन्तु पवन और सूर्य्य के संयोग से जल के समान नष्ट हो जाते हैं ॥ १८ ॥

वेद के ज्ञाता अग्निहोत्री चार या तीन जो ब्राह्मणों में समर्थ हों उसे परिषद् कहते हैं ॥ १९ ॥

जो अग्निहोत्री न हों और वेद वेदाङ्ग के पार को जनाने वाले और धर्म के ज्ञाता पांच या तीन हों उसे परिषद् कहते हैं ॥२०॥

मुनि और आत्मविद्या (वेदान्त) के ज्ञाता और यज्ञ कराने वाले और वेद व्रतों के करने वाले ब्राह्मणों में यदि एक भी होय तो उसे भी परिषद् कहते हैं ॥ २१ ॥

जो पहिले मैंने पांच कहे हैं यदि वे न मिलैं तो अपनी वृत्ति (जीविका) करने वाले हों, सन्तोषी हों, उसे भी परिषत् कहते हैं ॥ २२ ॥

इस से आगे जो ब्राह्मण केवल नाम के धारण करने वाले हैं वह हज़ार गुणे भी हों उन को परिषद् पना नहीं होता ॥ २३ ॥

काठ का हाथी, और चाम का मृग, और विना पढ़ा ब्राह्मण, ये तीनों नाम के ही धारण करने वाले हैं ॥ २४ ॥

जैसे शूद्रों का ग्राम—और जैसा जल के विना कूप, और जैसा विना अग्नि आहुति है, ऐसा ही विना मन्त्र (वेद) ब्राह्मण है ॥ २५ ॥

जैसे नपुंसक स्त्रियों में वृथा है, और जैसे बन्ध्या गौ वृथा है, जैसे मूर्ख को दान देना वृथा है, ऐसे ही वेदहीन ब्राह्मण वृथा है ॥२६॥

जैसे चित्रकर्म अनेक रंगों से शनैः २ होता है इसी प्रकार मन्त्रों के द्वारा अनेक संस्कारों से ब्राह्मण (ब्राह्मणपना) होता है ॥२७॥

जो नाम धारने वाले ब्राह्मण प्रायश्चित्त देतेहैं वे सब पाप के कर्त्ता इकट्ठे होकर नरक में जाते हैं ॥ २८ ॥

गायत्री से हीन ब्राह्मण शूद्र से भी अशुद्ध होता है। और गायत्री और वेद के तत्व के ज्ञाता ब्राह्मणों को मनुष्य पूजते हैं ॥२९॥ इतर पूजने योग्य नहीं है सदैव देवता के मन्दिर के आगे प्रायश्चित दे फिर अपना कृच्छ्र प्रायश्चित्त कर के गायत्री जपे ॥ ३६ ॥

अग्निकार्य्यात्परिभ्रष्टाः सन्ध्योपासनवर्जिताः ।
वेदं चैवानधीयानाः सर्व्वे ते वृषलाः स्मृताः ॥
दक्षिणार्थन्तु तु यो विप्रः शूद्रस्य जुहुयाद्धविः ।
ब्राह्मणस्तु भवेच्छूद्रः शूद्रस्तु ब्राह्मणो भवेत् ॥

अर्थ–जो अग्निहोत्र नहीं करते। सन्ध्योपासनरहित हैं। वेद को नहीं पढ़ते। वे सब शूद्र कहे गये हैं। जो अग्नि कार्य्य से परिभ्रष्ट न हुवे हों ऐसे ब्राह्मण तो अब देखने में नहीं आते; अतएव शास्त्र के अनुसार तो इन दिनों के प्रायः ब्राह्मणों और शूद्रों में कुछ भेद नहीं॥

व्यासस्मृति के प्रमाण

द्वेजन्मनीद्विजातीनां मातुः स्यात्प्रथमंतयोः।
द्वितीयं छंदसां मातुर्ग्रहणाद्विधिवद्गुरोः॥ २१॥
एवं द्विजातिमापन्नो विमुक्तो वान्यदोषतः।
श्रुतिस्मृतिपुराणानां भवेदध्ययनक्षमः॥ २२॥

अध्याय प्रथम॥

किञ्चिद्वेदमयं पात्रं किञ्चित् पात्रं तपोमयम्।
पात्राणामुत्तमं पात्रं शूद्रान्नं यस्य नोदरे॥ ३२॥
यस्य चैव गृहे मूर्खो दूरे चापि गुणान्वितः।
गुणान्विताय दातव्यं नास्ति मूर्खे व्यतिक्रमः॥ ३३॥
ब्राह्मणातिक्रमो नास्ति विप्रे वेदविवर्जिते।
ज्वलन्तमग्निमुत्सृज्य नहिं भस्मनि हूयते॥ ३५॥
सन्निकृष्टमधीयानं ब्राह्मणं यो व्यतिक्रमेत्।
भोजने चैव दाने च हन्यात्त्रिपुरुषंकुलम॥३६॥
यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः।
यश्च विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नामधारकाः॥३७॥
ग्राम्यस्थानं यथा शून्यं यथा कूपश्च निर्जलः।
यश्च विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नामधारकाः॥३८॥
समन्तु ब्राह्मणे दानं द्विगुणं ब्राह्मणब्रुवे।
सहस्रगुणमाचार्य्ये ह्यनन्तं वेदपारगे॥ ४०॥

ब्रह्मबीजसमुत्पन्नो मन्त्रसंस्कारवर्जितः ।
जातिमात्रोपजीवी च स भवेद् ब्राह्मणः समः ॥४१॥
गर्भाधानादिभिर्मन्त्रैर्वेदोपनयनेन च ।
नाध्यापयति नाधीते स भवेद्ब्राह्मणब्रुवः॥ ४२॥
अग्निहोत्री तपस्वी च वेदमध्यापयेच्च यः ।
सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ॥ ४३ ॥
मीमांसते च यो वेदान् षड्भिरङ्गैः सविस्तरैः ।
इतिहासपुराणानि स भवेद्वेदपारगः ॥४५॥
सुक्षेत्रे वापयेद्बीजं सुपात्रे दापयेद्धनम् ।
सुक्षेत्रे च सुपात्रे च क्षिप्तं नैव हि दुष्यति ॥४९॥
विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे गृहमागते ।
क्रीडन्त्योषधयः सर्वा यास्यामः परमाङ्गतिम् ॥५०॥
नष्टशौचे व्रतभ्रष्टे विप्रे वेदविवर्जिते ।
दीयमानं रुदत्यन्नं भयाद्वै दुष्कृतं कृतम् ॥५१॥
वेदपूर्णमुखं विप्रं सुभुक्तमपि भोजयेत् ।
न च मूर्खं निराहारं षड्रात्रमुपवासिनम् ॥५२॥
यद्भुङ्क्ते वेदविद्विप्रः स्वकर्मनिरतः शुचिः ।
दातुः फलमसंख्यातं प्रतिजन्म तदक्षयम् ॥५५॥
वेदलाङ्गलकृष्टेषु द्विजश्रेष्ठेषु सत्सु च ।
यत्पुरा पातितं बीजं तस्यैताः सस्यसंपदः ॥५७॥
शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः ।
वक्ता शतसहस्रेषु दाता भवति वा न वा ॥५८॥
न रणे विजयाच्छूरोऽध्ययनान्न च पण्डितः ।

न वक्ता वाक्पटुत्वेन न दाता चार्थदानतः ॥५९॥
इन्द्रियाणां जये शूरो धर्मं चरति पण्डितः ।
हितप्रायोक्तिभिर्वक्ता दाता सम्मानदानतः ॥६०॥
ऊषरे वापितं बीजं भिन्नभाण्डेषु गोदुहम् ।
हुतं भस्मनि हव्यं च मूर्खे दानमशाश्वतम् ॥ ६२ ॥
मृतसूतकपुष्टाङ्गं द्विजे शूद्रान्नभाजने ।
अहमेवं न जानामि कां योनिं स गमिष्यति ॥ ६३ ॥
शूद्रान्नेनोदरस्थेन यदि कश्चिन्म्रियेत यः ।
सभवेत्शूकरोनूनं तस्य वा जायते कुले ॥ ६४ ॥
गृध्रोद्वादश जन्मानि सप्त जन्मानि शूकरः ।
श्वा च वै सप्त जन्मानि इत्येवं मनुरब्रवीत् ॥ ६५ ॥
अमृतं ब्राह्मणान्नेन दारिद्र्यं क्षत्रियस्य च ।
वैश्यान्नेन तु शूद्रान्नम् शूद्रान्नान्नरकं व्रजेत् ॥ ६६ ॥
यश्च भुङ्क्तेऽत्र शूद्रान्नं मासमेकं निरन्तरम् ।
इह जन्मनि शूद्रत्वं मृतः श्वा चैव जायते ॥६७॥ अ० ४॥

अर्थ–द्विजातियों के जन्म दो होते हैं उन दोनों में पहिला माता से और दूसरा गुरु से वेदों की माता (गायत्री) के विधिपूर्वक ग्रहण करने से ॥२१॥

ऐसे द्विजाति को प्राप्त हुवा और अन्य दोषों से निवृत्त होकर श्रुति स्मृति पुराण इन के पढ़ने के योग्य होता है ॥ २२ ॥

कोई तो वेदपाठी पात्र होता है, कोई तपस्वी होता है। और पात्रों में उत्तम पात्र वह है कि जिस के पेट में शूद्र का अन्न न हो॥३२॥ हे सज्जन पुरुषो आप विचार लो, ऐसे कितने हैं ॥

जिस के घर में तो मूर्ख हो और गुणी दूर हो तौ भी गुणी को दान देवे, मूर्ख को नहीं ॥३३॥

वेद से ही ब्राह्मण का अवलम्बन नहीं होता क्योंकि जलती हुई अग्नि

को छोड़कर भस्म में होम नहीं किया जाता है ॥३५॥

भोजन और दान में समीप के पढ़े हुवे ब्राह्मण का जो अवलङ्घन करता है वह तीन पीढ़ी तक अपने कुल को नष्ट करता है ॥३६॥

जैसा काठ का हाथी और जैसा चाम का मृग और वैसा ही विना पढ़ा ब्राह्मण ये तीन नाम के ही धारण करने वाले हैं। अर्थात् निरर्थक हैं ॥३७॥

जैसा शून्य ग्राम का स्थान और जैसा जलहीन कूप और वैसा ही विना पढ़ा ब्राह्मण ये तीनों नाम के ही धारक है (यानी पूजन के योग्य नहीं) ३८

सम ब्राह्मण को जो दिया जाय वह सम (उतना ही) है और ब्राह्मणब्रुव (सामान्य ब्राह्मण) को जो दिया जावे वह दूना और आचार्य्य को हज़ार गुना और वेद के पार जानने वाले को दिया अनन्त होता है ॥ ४० ॥

जो ब्राह्मण के बीज से पैदा हो और मन्त्रों से संस्काररहित हो और ब्राह्मण जाति से ही जीवे वह ब्राह्मण सम होता है ॥ ४१ ॥

जिस के गर्भ से लेकर उपनयन तक सब संस्कार मन्त्र सहित हुवे हों और जो न तो पढ़ाता हो और न पढ़ा हो वह ब्राह्मणब्रुव कहलाता है ॥ ४२ ॥

जो हवन करता हो तपस्वी हो और कल्प रहस्य के साथ वेद पढ़ाता हो उसे आचार्य्य कहते हैं ॥ ४३ ॥

जो ब्राह्मण वेद के अर्थ की मीमांसा छओं अङ्ग के भाष्य से पूर्वापर विचार कर करता है और इतिहास पुराणों की भी मीमांसा कर सकता है वह वेदपारग ब्राह्मण कहलाता है ॥ ४४ ॥

अच्छे खेत में तो बीज बोवे और सुपात्र को दान देवे, इस कारण कि अच्छे जुते खेत में और पात्र के दान देने में सफल होता है नष्ट नहीं होता ॥४९॥

वेदादि जो विद्या हैं उन का जानने वाला और शान्ति आदि गुणों से सम्पन्न ब्राह्मण यदि घर में आवे उस घर की जोस लेकर जो अन्नादि ओषधी हैं वह सब अत्यन्त प्रसन्न होती हैं और यह कहती हैं कि अहोभाग्य इस ब्राह्मण के सम्बन्ध से हमारी भी गति हो जावेगी ॥५०॥

जो ब्राह्मण बाहर भीतर से शुद्ध नहीं और ब्रह्मचर्य्यादि व्रत जिस के भ्रष्ट होगये और वेद को नहीं जानता है उस को जो अन्न दिया जाता है वह रोता है कि मैं ने क्या पाप किये थे जो ऐसे भ्रष्ट ब्राह्मण के पेट में मैं जाऊंगा ॥५१॥

वेद के जानने वाले पेट भरे हुवे ब्राह्मण को भी भोजन करा देना, और यदि मूर्ख ब्राह्मण जो ६ दिन का भूखा भी होवे उसे भी भोजन नहीं दे ॥५२॥

जिस के घर में वेद के जानने वाले ब्राह्मण भोजन करते हैं और वह ब्राह्मण अपने कर्म में तत्पर हैं उस दाता को जन्म जन्म के प्रति अक्षय फल होगा ।।५५।।

हस्ती घोड़े इत्यादि जो सम्पद् हैं वह उसी की हैं (उसे मिलती हैं) जिस ने पूर्वजन्म में वेद के जानने वाले ब्राह्मण को दान दिया है ।।५७।।

सौ में तो एक शूरवीर पैदा होता है और हज़ार में एक पण्डित और लक्ष में एक वक्ता और दाता इतनों में भी हो या न हो यह विकल्प ही है ।।५८।।

जो लड़ाई में विजय पावे वह शूर नहीं है और जो वेदादि सब शास्त्रों को पढ़ लेवे वह पण्डित नहीं। बहुत चतुराई की बात कहने वाला वक्ता नहीं होता, और न बहुत धन का दान देने वाला, दाता होता है ।। ५९ ।।

किन्तु जिस ने अपनी दशों इन्द्रिय और ग्यारहवें मन को वश में कर लिया वह शूरवीर है। और जो धर्म में चलता है (चाहे मूर्ख भी हो) वही पण्डित है । और जो हित की बात कहे वह वक्ता है । और जो सम्मानपूर्वक पात्र को दान देवे वह दाता कहलाता है ।। ६० ।।

कल्लर में बीज बोना, और फूटे पात्र में दूध दुहना, राख में हवन करना और मूर्ख को दान देना, यह सब वृथा है। यानी इन का फल कुछ नहीं होता किन्तु धन और बीजादि सब दिया हुआ नष्ट होजाता है ।।६२।।

जो ब्राह्मण जन्म और मृतक के सूतक में खाता है या शूद्र का अन्न खाता है व्यास जी कहते हैं कि मैं नहीं जानता उस की क्या क्या गति होगी। यहां मृतक और जन्म के सूतक से तेहरी या जसूठन में खाना निषिद्ध नहीं।। यदि वह ब्राह्मण के यहां दसदिन पश्चात् और क्षत्रिय के बारह १२ दिन वैश्य के १५ दिन और शूद्र के एक महीने पश्चात् होवे । और जो इन दिनों के भीतर हो तब खाना निषिद्ध है इस का यह आशय समझना चाहिये (।६३।।

यदि मरते समय में शूद्र का अन्न ब्राह्मण के पेट में होवे तब वह मरकर निश्चय करके शूकर होगा या जिस शूद्र का अन्न था उस के कुल में होगा ।।६४।।

और मनु जी तो यह कहते हैं कि वह ब्राह्मण जिस के पेट में मरते समय शूद्र का अन्न रह गया हो मर कर बारह १२ जन्म तक गीध और ७ जन्म तक शूकर और सात ७ जन्म तक कुत्ता होगा ।। ६५ ।।

अब विचार लो ऐसे कितने ब्राह्मण हैं जिनके पेट में मरते समय शूद्र का अन्न न रहता हो । और आज कल के तो पण्डित तक भी शूद्र के अन्न

से ही जीते हैं ॥ जो ब्राह्मण का अन्न खावे वह अमृत के तुल्य है और जो क्षत्रिय का खावे तो दरिद्र हो जावे और वैश्य का अन्न शूद्र के अन्न के तुल्य है और शूद्र का अन्न खाने से नरक होता है ।।६६।।

यहां नित्य खाने से आशय है, पर्व आदि में नहीं। या दानादि लेने में डर नहीं है। और जो ब्राह्मण शूद्र का अन्न निरन्तर एक महीने तक खाले तब वह इसी जन्म में शूद्र है और मर कर कुत्ता होगा ।।६७।।

इस से जो ब्राह्मण जन्म पर्यन्त शूद्र का अन्न खाते हैं न जाने उन की क्या गति होगी और जो पण्डित शूद्र के नौकर हैं या जिनके शूद्र शिष्य हैं न जाने उन की क्या गति होगी। और शूद्र जो संस्कारी पैदा होते हैं व्यास जी के कथनानुसार वह पहिले जन्म के ब्राह्मण हैं जिन्होंने शूद्र का अन्न खाया था। यदि कोई उत्तम कुल में उत्पन्न हुआ भी निकृष्ट वर्ण के गुण कर्मों वाला जन्म से ही हो तो उस के संस्कार उत्तम वर्ण के से न होने चाहियें। और हों तो उक्त सिद्धान्तानुसार शास्त्र की मर्यादा से विरोध आवेगा ।।

उत्तर–इस का उत्तर यह है कि जन्म होते ही जब दस दिन में नामकरण संस्कार होता है तब ही से ब्राह्मण के लड़के का नाम शर्मान्त और क्षत्रिय का वर्मान्त इत्यादि रखने की मनु जीने आज्ञा दी है। इस कारण कि जन्म होते ही परीक्षा नहीं होसकती कि इस में कैसे गुण कर्म होंगे और अच्छे गुण कर्मों की आशा पर सब कामों का प्रारम्भ अच्छी दशा के साथ किया जाता है और करना भी चाहिये। यदि कोई कहै कि ब्राह्मण के बालक का भविष्यत् में कर्मानुकूल ब्राह्मण होना निश्चित नहीं है तो हम उत्तर देंगे कि ब्राह्मण के सन्तान का भविष्यत् में शूद्र होना कहां निश्चित है? परन्तु ब्राह्मण के सन्तान का ब्राह्मण ही होना अधिक सम्भव है जैसे कि उत्तम बीज बोने से उत्तम अन्न होना अधिक सम्भव है और उस का शूद्र होना कम सम्भव है ।।

परन्तु जो नाम मात्र के ब्राह्मण रहगये, जिन में गुण कर्म रूप ब्राह्मणपन का पता नहीं, उन की सन्तान भी वास्तव में शूद्र है। अर्थात् पूजने योग्य नहीं है। जिन कुलों में ब्राह्मणपन का कोई काम सहस्रों वर्ष से नहीं रहा वे अब तक भी ब्राह्मण समान माने जाते हैं। यह लौकिक परिपाटी शास्त्र से विरुद्ध है, इस का कुछ उत्तर नहीं ।।

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विजउच्यते ।
वेदाभ्यासी भवेद्विप्रो ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः ॥

अर्थः—जन्म से मनुष्य शूद्रतुल्य होता है और संस्कार ठीक २ होने से द्विज कहाता है तथा वेद के अभ्यास से उस की विप्र संज्ञा पड़ती और ब्रह्म को जानने वाला ब्राह्मण कहाता है ॥ यह श्लोक कहां का है इस को हम निश्चय के साथ नहीं कह सकते, हमें केवल आशय मात्र देखना है और यह शास्त्रविरुद्ध भी नहीं है । पूर्वकाल के महात्मा विद्वानों का भी इस विषय पर कुछ सम्मतिभेद दीखता है । कोई विद्वान् जाति (जिस का अष्ट प्रकार के मैथुन में एक भी नहीं बिगड़ा हो) वा स्वभाव अथवा प्रारब्ध को प्रबल मानते वा ठहराते हैं और कोई संस्कार वा क्रियमाण को प्रबल ठहराते हैं । शोचना यह है कि मान्यवर धर्म्मशास्त्रकार मनु जी की इस विषय में क्या सम्मति है? मनु में भी अनेक वचन संस्कार को प्रबल ठहराने के लिये मिलते हैं और अनेक ऐसे भी हैं जिन से जाति की प्रबलता भी निकलती हैं, मनुस्मृति अध्याय २—

नाभिव्याहारयेद्ब्रह्म स्वधानिनयनादृते ।
शूद्रेण हि समस्तावद्यावद्वेदे न जायते ॥ १७२ ॥
अत ऊर्ध्वं त्रयोऽप्येते यथाकालमसंस्कृताः ।
सावित्रीपतितात्रात्या भवन्त्यार्यविगर्हिताः ॥ ३९ ॥
कृतोपनयनस्यास्य व्रतादेशनमिष्यते ।
ब्रह्मणोग्रहणं चैव क्रमेण विधिपूर्वकम् ॥

यज्ञोपवीतसंस्कार होने से पहिले ब्राह्मणादि के बालक को वेद न पढ़ावे और श्राद्धादिकों में भी स्वधा के सिवाय वेदमन्त्र उच्चारण न करे जब तक संस्कार न हो तब तक शूद्र के तुल्य है ॥ १७२ ॥

इन के ऊपर तीनों पतित होते हैं । अपने काल में उपनयन से रहित होने से इन की व्रात्य संज्ञा होती है और किसी धर्म्म कार्य्य के योग्य नहीं रहते हैं ॥ ३९ ॥

और यज्ञोपवीत हो जाने पर वैदिक कर्म का उपदेश होना चाहिये और तभी क्रम से विधिपूर्वक वेद पढ़ाया जावे ॥

बीजस्य चैव योन्याश्च बीजमुत्कृष्टमुच्यते ।
सर्वभूतप्रसूतिर्हि बीजलक्षणलक्षिता ॥ ३५ ॥
यादृशन्तूप्यते बीजं क्षेत्रे कालोपपादिते ।
तादृग्रोहति तत्तस्मिन् बीजं स्वैर्व्यञ्जितं गुणैः ॥ ३६ ॥
इयं भूमिर्हि भूतानां शाश्वती योनिरुच्यते ।
न च योनिगुणान् कांश्चिद्बीजं पुष्यति पुष्टिषु ॥ ३७ ॥
भूमावप्येककेदारे कालोप्तानि कृषीबलैः ।
नानारूपाणि जायन्ते बीजानीह स्वभावतः ॥ ३८ ॥
व्रीहयः शालयो मुद्गास्तिला माषास्तथा यवाः ।
यथाबीजं प्ररोहन्ति लशुनानीक्षवस्तथा ॥ ३९ ॥
अन्यदुप्तं जातमन्यदित्येतन्नोपपद्यते ।
उप्यते यद्धि यद्बीजं तत्तदेव प्ररोहति ॥ ४० ॥

अर्थ

बीज और खेत की उत्तमता के विचार में बीज प्रबल वा प्रधान कहा गया है क्योंकि संपूर्ण प्राणियों की उत्पत्ति बीजों ही के लक्षण से जानी जाती है ।।३५।।

जैसा बीज ऋतु काल में बोने के समय ठीक किये वा खातादि डाल कर जोते हुवे खेत में बोया जाता है वह अपने तिरोभूत (दबे हुवे) गुणों से (जो गुण बीज में सूक्ष्मरूप से पहिले ही विद्यमान हैं) प्रसिद्ध हुआ वैसा ही जमता है जैसा बीज बोया गया था ॥३६।।

प्राणिमात्र की उत्पत्ति का यह स्त्री रूप सनातन खेत कहा वा माना जाता है । जब यह प्रश्न हो कि उत्पत्ति होने में खेत के गुणों को बीज वा बीज के गुणों को खेत पुष्ट करता है ? क्योंकि विद्यमान बीज वा खेत दोनों में से किसी के गुणों की पुष्टि वा वृद्धि होना ही वास्तव में उत्पत्ति कहाती है । इस के लिये उत्तर दिया गया है कि पुष्टि वा वृद्धि के समय खेत के किन्हीं गुणों को बीज पुष्ट नहीं करता अर्थात् सन्तानों की उत्पत्ति में पुरुष के बीजस्थ गुणों की ही वृद्धि वा पुष्टि होती है ॥ ३७ ॥

एक किस्म के या एक ही गुण वाली पृथ्वी के खेत में कृषी बल से समय में बोए हुए बीज अर्थात् जब धान्यादि अपने स्वभाव से नाना रूप उत्पन्न होते हैं यानी एक गुण वाली पृथ्वी होने से एक रूप नहीं होता किन्तु बीज ही का स्वरूप होता है ॥३८॥

कई व्रीहि वा शालि नामक, धान, मूंग, तिल, उड़द, लहसन, ऊख और जौ मिला कर एक ही स्थल में बो देने से भिन्न २ उत्पन्न होते हैं। अर्थात् धान के बीज से धान, तिल के से तिल औरमूंग से मूंग इत्यादि प्रकार अपने २ बीज से भिन्न २ ही ओषधियां जमती हैं। यदि उत्पत्ति में खेत के गुणों की प्रधानता होती तो प्रायः एक गर्भाशय के तुल्य पृथिवी के हाथ दो हाथ स्थल में एक ही सा गुण होने से धानादि में से कोई एक वा दो ही सब बीजों से उत्पन्न होते ॥३९॥

अन्य कुछ बोया जाय अन्य उत्पन्न हो, यह नहीं वनसकता क्योंकि प्रत्यक्ष में दिखाता है कि धान आदि जो बीज जिस खेत में बोया जाताहै वही उत्पन्न होता है ॥४०॥

इस में एक और भारत का भी दृष्टान्त है जब शकुन्तला अपने लड़के भारत को जो राजा दुष्यन्त से हुआ था लेकर गई और कहा हे राजन्! देख यह तेरा ही पुत्र है परन्तु राजा ने उस का अपमान करा तब आकाश वाणी हुई—

" माता भस्त्रा पितुःपुत्रो येन जातः सएव सः।
भरस्व पुत्रं दुष्यन्त माऽवमंस्थाः शकुन्तलाम् ॥

अर्थ—माता तो चमड़े की पिटारी के तुल्य है और पिता का पुत्र है यानी जिससे उत्पन्न हुआ है। इस कारण हे राजा! (दुष्यन्त) इसका पोषण कर ॥

नीतिः— न धर्मशास्त्रं पठतीति कारणम्।
न चापिवेदाध्ययनं दुरात्मनः ॥
स्वभावएवात्र तथातिरिच्यते।
यथा प्रकृत्या मधुरं गवां पयः ॥

अर्थ–धर्मशास्त्र, अथवा वेद पढ़ने से जो दुष्ट मनुष्य है वह अच्छा नहीं होता, स्वभाव ही सब में मुख्य रहता है। जैसे गाय यदि नीम के पत्ते भी खावे तथापि उस का दूध मीठा ही होगा क्योंकि उस के दूध में मधुरता स्वभाव से है। इसलिये दुष्ट स्वभाव पढ़ने या लिखने से नहीं बदल सकता है और पढ़ने से छिप भी नहीं सकता, इसलिये स्वभाव से ही ब्राह्मणता यदि वह मूर्ख भी हो तौ विदित हो जाती है ॥

अपरञ्च–सर्वस्य हि परीक्ष्यन्ते स्वभावा नेतरे गुणाः ।
अतीत्य हि गुणान् सर्वान् स्वभावो मूर्द्ध्नि वर्तते ॥

अर्थ–सब की स्वभाव से ही परीक्षा होती है और किसी गुण से नहीं होती क्योंकि स्वभाव सब से बलवान् है यानी प्रधान है और वह सब गुणों को उल्लङ्घन करके सिर पर रहता है ॥

" विद्या तपश्च योनिश्च एतत् ब्राह्मणलक्षणम् " महाभारते

देखो यहां भी केवल जाति में योनि ही कारण नहीं मानी किन्तु विद्या और तप का होना भी अवश्य है। विद्या सब से आदि में इस लिये है कि मूर्ख यथाविधि तप नहीं कर सकता और विना विधि के कार्य (जैसे प्रायः आजकल होते हैं) का धर्मशास्त्र में कुछ फल नहीं लिखा। इसलिये आदि में विद्या शब्द पड़ा है और केवल विद्या पढ़ने से भी पात्र नहीं माना जाता क्योंकि वेदादि विद्या को बहुत से पादरी लोग भी पढ़ते हैं परन्तु तप से शून्य होने से वह उस के फल को प्राप्त नहीं होते। इसलिये तप भी आवश्यक है और संस्कारादि योनि के कारण से होते हैं। इसलिये योनि शब्द अन्त में पड़ा है। यदि यह सब बातें एक ही में पाई जावें तो वह सब में मुख्य ब्राह्मण मानना चाहिये ॥

देखो जावाला का लड़का जब गौतम के पास यज्ञोपवीत कराने आया तब उसने कहा कि जा अपनी माता से गोत्र पूछ आ, उस लड़के ने माता से आकर गोत्र पूछा, उस ने कहा, मैं तेरा गोत्र नहीं बतासकती क्योंकि मैंने कई पुरुषों से संग करा था न जाने किस का गर्भ रह गया, मैं नहीं जानती लड़के ने ऐसे ही जाकर गुरु से कहदिया, गुरु ने कहा तू ब्राह्मण का लड़का है, क्योंकि मुख्य धर्म ब्राह्मण का सत्य बोलना है और तैने सत्य बोलने में कुछ लज्जा नहीं करी और जा तेरा गोत्र जावाला ही रहा ॥

इसीतरह पर पहिले जिस का पिता ज्ञात नहीं होता था, गुण से ही परीक्षा होती थी, इस लिये जातिभेद में मुख्य स्वभाव ही कारण है ॥

ओ३म्-तत्-सत् ॥

पतिव्रतामाहात्म्यम् ॥

महाभारतवनपर्वान्तर्गतसावित्र्युपाख्यानरूपम्

तच्च

स्त्रीजनोपकारमत्या पण्डितभीमसेनशर्मशिष्य

श्यामलालशर्म्मकृतव्याख्ययालङ्कृतम् ॥

पण्डितभीमसेनशर्मकृतशोधञ्च

श्यामलाल शर्म्मा के प्रबन्ध से

सरस्वतीयन्त्रालय-इटावा

में

छपकर प्रकाशित हुआ

मार्गशीर्षवदि

संवत् १९५५ ता० ८ । १२ । ९८ ई०

प्रथमवार १०००] [मूल्य ≡)॥

डाकव्यय)॥

अथ प्रस्तावः ।

यह पुस्तक स्त्रियों में पतिभक्ति बढ़ने द्वारा संसार के उपकारार्थ सरल संक्षिप्त भाषार्थ सहित छपाया है । इतिहास की संगति लगाना हमारा खास उद्देश नहीं तथापि संक्षेप से वेद के सिद्धान्तानुसार अपनी सम्मति लिख देते हैं। गोपथ ब्राह्मण में वरुण अन्तरिक्ष से छूटता है इस कारण उस का नाम मुच्यु है इसी मुच्यु को बदल के परोक्षार्थ में मृत्यु कहते हैं । वरुण नाम जलों का स्पष्ट ही है । तथा ऐतरेयारण्यक में लिखा है कि (मृत्युरपानोभूत्वानाभिंप्राविशत्) मृत्यु अपान का रूप धारण कर मनुष्यादि के नाभि स्थल में रहता है । अर्थात् जल वायु के किसी अवान्तर भेद का नाम मृत्यु और यमराज है उस का स्थान ब्रह्माण्ड का मध्यभाग अन्तरिक्ष है जहां नीलापन रूप से मृत्यु छाय रहा है । और मनुष्यादि शरीर के मध्यभाग नाभिस्थल में भी रहता है । जब कोई प्राणी मरता है तब वह अन्तरिक्षस्थ मृत्यु नाभिस्थ मृत्यु को सहायता देने के लिये स्वाभाविक आकर्षण शक्ति से आता और जीवन रूप प्राणशक्ति को दोनों मिल कर निकालते हैं ।

योगाभ्यासादि करने वाला धर्मनिष्ठ उत्तम विद्वान् योग बल से भविष्यत् का हाल अवश्य जान सकता है । सविता की शक्ति सावित्री स्त्रीलिङ्ग में बुद्धि कहाती है। बुद्धि, सविता, ज्ञानज्योतिः, ज्ञानप्रकाश इत्यादि सब प्राकृत पदार्थ हैं और मृत्यु भी प्राकृत है । बुद्धि प्रकृति का भाग होने से सदा पुरुष के आधीन रहती है । परन्तु उत्तम कक्षा की बुद्धि जिस का नाम सावित्री कह सकते हैं वह सदा ही सत्यवान् नाम सत्य स्वरूप उज्ज्वल धर्म जिस के समीप होता है उसी पुरुष को अपना पति बनाती उसी की सेवा में रहती है अर्थात् जिस देहधारी में सत्यादि धर्म नहीं राज्यैश्वर्यादि उस के निकट होने पर भी उत्तम कक्षा की बुद्धि सावित्री उस के पास नहीं आती अर्थात् अपना पति नहीं बनाती और सत्यादि धर्म जिस के निकट होता है वह राज्यैश्वर्यादि से च्युत हो तो दरिद्र दशा में भी उत्तम बुद्धि सावित्री स्वयमेव उस को खोजकर स्वीकारती है । और ऐसी उत्तम बुद्धि ही प्रत्येक सत्यवान् पुरुष को मृत्यु आदि के दुःख से बचाती छुड़ाती है क्योंकि (ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः) विना ज्ञान नाम बुद्धि के प्राप्त हुए मुक्ति नहीं होती । अर्थात् यहां सावित्री उत्तम कक्षा की सदसद्विवेक वाली बुद्धि है जिस के लिये (तत्सवितुर्वरेण्यं०) मन्त्र में प्रार्थना की गयी, सत्यवान् जीवात्मा शुद्ध पुरुष है । और यमराज—साक्षात् मोह वा अविद्या है, ईर्ष्या, द्वेष, राग, लोभ, क्रोधादि सैकड़ों उस यम के दूत हैं । ये सब अपनी२ ओर जब इस जीवात्मा को खेंचते हैं तो उत्तम कक्षा की बुद्धि ही उस को बचा सकती है । यदि बुद्धि न हो तो कोई भी इन के फन्द से नहीं बच सकता ॥

इति ॥ पता-भीमसेन शर्मा सम्पादक आर्यसिद्धान्त—इटावा

ओ३म्

अथ पतिव्रतामाहात्म्यम् ॥

युधिष्ठिरउवाच–नात्मानमनुशोचामि नेमान्भ्रातॄन्महामुने!।
हरणंचापिराज्यस्य यथेमांद्रुपदात्मजाम् ॥१॥

युधिष्ठिर बोले कि हे महामुने मार्कण्डेय ! अपने, भाई और राज्यहरण का मुझे इतना शोक नहीं है जितना कि इस द्रौपदी को दुःखित जानकर होता है ॥ १ ॥

द्यूतेदुरात्मभिःक्लिष्टाः कृष्णयातारितावयम् ।
जयद्रथेनचपुन–र्वनाच्चापिहृताबलात् ॥२॥

जुए में दुरात्माओं से क्लेशित हुए हम सब को द्रौपदी ने ही तारा । और फिर द्रौपदी को हठपूर्वक वन से जयद्रथ हर ले गया ॥२॥

अस्तिसीमन्तिनीकाचिद् दृष्टपूर्वापिवाश्रुता ।
पतिव्रतामहाभागा यथेयंद्रुपदात्मजा ॥३॥

हे ऋषे ! ऐसी महाभागा पतिव्रता स्त्री कोई है वा आप ने देखी है वा सुनी है जैसी कि यह द्रौपदी है ॥३॥

मार्कण्डेयउवाच–शृणुराजन्कुलस्त्रीणां महाभाग्यंयुधिष्ठिर!।
सर्वमेतद्यथाप्राप्तं सावित्र्याराजकन्यया ॥४॥

मार्कण्डेय बोले कि हे राजन् युधिष्ठिर! कुलीन स्त्रियों के महाभाग्य को सुनो। राजपुत्री सावित्री ने जिस प्रकार इस उक्त माहात्म्य [पतिव्रता धर्म] को बड़े २ कष्टों को सह के प्राप्त किया था ॥ ४ ॥

आसीन्मद्रेषुधर्मात्मा राजापरमधार्मिकः।
ब्रह्मण्यश्चमहात्माच सत्यसन्धोजितेन्द्रियः ॥५॥
यज्वादानपतिर्दक्षः पौरजानपदप्रियः।
पार्थिवोऽश्वपतिर्नाम सर्वभूतहितेरतः ॥६॥

क्षमावाननपत्यश्च सत्यवाग्विजितेन्द्रियः ।
अतिक्रान्तेनवयसा सन्तापमुपजग्मिवान् ॥७॥

मद्र देश में परमधर्मात्मा, ब्रह्मभक्त ब्राह्मणपन को चाहने वाला, महाशय, सत्यप्रतिज्ञ, जितेन्द्रिय, यज्ञ करने वाला, दाता, चतुर, प्रजाप्रिय, सब प्राणियों का हित चाहने वाला, क्षमाशील, सत्यवादी और निर्वंश–सन्तानरहित अश्वपति नाम का राजा था वह राजा अधिक अवस्था बीतने पर सन्तान न होने के कारण सन्ताप को प्राप्त हुआ ॥ ५–७ ॥

अपत्योत्पादनार्थंच तीव्रंनियममास्थितः ।
कालेनियमिताहारो ब्रह्मचारीजितेन्द्रियः ॥८॥

वह राजा अपत्य–सन्तान उत्पन्न करने के लिये बड़े तीव्र नियम में युक्त हुआ तथा जितेन्द्रिय वेदपाठी होकर नियत समय में नियमित आहार करने वाला बना ॥८॥

हुत्वाशतसहस्रंस सावित्र्याराजसत्तम ! ।
षष्ठेषष्ठेतदाकाले बभूवामितभोजनः ॥ ९ ॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजाओं में श्रेष्ठ ! युधिष्ठिर ! वह राजा गायत्री मन्त्र से एक लक्ष आहुति प्रतिदिन होम करके रात्रि के द्वितीय प्रहर में थोड़ा भोजन किया करता था ॥९॥

एतेननियमेनासी–द्वर्षाण्यष्टादशैवतु ।
पूर्णेत्वष्टादशेवर्षे सावित्रीतुष्टिमभ्यगात् ॥१०॥

इसी उक्त नियम से राजा को १८ वर्ष व्यतीत हो गये अठारहवें वर्ष के पूरा होने पर सावित्री [दैवीशक्ति] सन्तोष को प्राप्त हुई ॥१०॥

रूपिणीतुतदाराजन् ! दर्शयामासतंनृपम् ।
अग्निहोत्रात्समुत्थाय हर्षेणमहतान्विता ।
उवाचचैनंवरदा वचनंपार्थिवंतदा ॥११॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन् ! तब वह रूपधारिणी सावित्री बड़े हर्ष से युक्त हुई अग्निहोत्र (कुण्ड) से उठकर रूपवती हुई राजा को प्रत्यक्ष होकर वर देने की इच्छा से उस राजा से यह (वक्ष्यमाण) वचन बोली ॥११॥

सावित्र्युवाच-ब्रह्मचर्य्येणशुद्धेन दमेननियमेनच ।
सर्वात्मनाचभक्त्याच तुष्टास्मितवपार्थिव ! ॥१२॥
वरंवृणीष्वाश्वपते ! मद्रराज ! यदीप्सितम् ।
नप्रमादश्चधर्मेषु कर्त्तव्यस्तेकथंचन ॥१३॥

सावित्री बोली कि हे राजन् ! तुम्हारे शुद्ध ब्रह्मचर्य, जितेन्द्रियता, नियम सेवन और पूर्णभक्ति से मैं तुम से प्रसन्न हूं। हे मद्रराज अश्वपते ! तुम अभीष्ट वर को वरो (मागो) और तुम धर्म वा धर्मकार्यों में कभी किसी प्रकार प्रमाद (भूल) न करना । १२ । १३ ॥

अश्वपतिरुवाच-अपत्यार्थःसमारम्भः कृतोधर्मेप्सयामया ।
पुत्रामेबहवोदेवि ! भवेयुःकुलभाजनाः ॥१४॥
तुष्टासियदिमेदेवि ! वरमेतंवृणोम्यहम् ।
सन्तानंपरमोधर्म इत्याहुर्माद्विजातयः ॥१५॥

अश्वपति राजा बोला कि-मैंने धर्मप्राप्ति की इच्छा से सन्तान (औलाद) के लिये यह तप का आरम्भ किया है। हे देवि ! मेरे बहुत से वंशकर्त्ता पुत्र होवें। हे देवि ! यदि मुझ पर तू प्रसन्न है तो मैं उक्त बहुत पुत्र होने का वर मागता हूं। ब्राह्मणों ने मुझसे कहा है कि सन्तान का होना परमधर्म है ।१४।१५॥

सावित्र्युवाच-पूर्वमेवमयाराज-न्नभिप्रायमिमंतव ।
ज्ञात्वापुत्रार्थमुक्तोवै भगवाँस्तेपितामहः ॥१६॥
प्रसादाच्चैवतस्मात्ते स्वयम्भूविहिताद्भुवि ।
कन्यातेजस्विनीसौम्य ! क्षिप्रमेवभविष्यति ॥१७॥
उत्तरंचनतेकिंचिद् व्याहर्त्तव्यंकथंचन ।
पितामहनिसर्गेण तुष्टाह्येतद्ब्रवीमिते ॥१८॥

सावित्री बोली कि-हे राजन् ! मैंने पहिले ही तुम्हारे इस अभिप्राय को जान कर तुम्हारे पुत्रों के लिये भगवान् ब्रह्मा जी से कहा था। हे सौम्य ! ब्रह्मा जी के किये हुए उस प्रसाद से तुम्हारे तेजस्विनी कन्या शीघ्र ही होगी । तुम को इस का किसी प्रकार कुछ उत्तर न कहना चाहिये क्योंकि ब्रह्मा जी की आज्ञासे प्रसन्न हुई मैं यह तुम से कहती हूं ॥ १६-१८ ॥

मार्कण्डेयउवाच-सतथेतिप्रतिज्ञाय सावित्र्यावचनंनृपः ।
प्रसादयामासपुनः क्षिप्रमेतद्भविष्यति ॥
अन्तर्हितायांसावित्र्यां जगामस्वपुरंनृपः ॥१९॥

मार्कण्डेय बोले कि उस अश्वपति राजा ने सावित्री के वचन को उसी प्रकार प्रतिज्ञात करके सावित्री को फिर प्रसन्न किया और कहा कि यह उक्त वर शीघ्र पूरा होगा। सावित्री के अन्तर्हित होने पर वह राजा अपने नगर को चला गया ॥१९॥ सविता प्रेरकदेव की शक्ति सावित्री नामक बुद्धि ज्ञान प्रकाशरूपा राजा को अग्निहोत्र द्वारा प्राप्त हुई उस बुद्धि से प्रारब्धानुसार होने वाली कन्या का ही अनुमान हुआ शुभ जपतप आदि कर्म का फल बुद्धि का प्राप्त होना ही मुख्य है। कहने का व्यवहार सावित्री के साथ मानस व्यापार में इस प्रकार कहना ग्रन्थकार की शैली है। सविता का वरेण्य भर्ग तेज ही स्त्रीलिङ्ग में सावित्री कहाता है ॥

स्वराज्येचावसद्वीरः प्रजाधर्मेणपालयन् ।
कस्मिंश्चित्तुगतेकाले सराजानियतव्रतः ॥२०॥
ज्येष्ठायांधर्मचारिण्यां महिष्यांगर्भमादधे ।
राजपुत्र्यास्तुगर्भःस मालव्याभरतर्षभ ! ॥२१॥
व्यवर्द्धततदाशुक्ले तारापतिरिवाम्बरे ।
प्राप्तेकालेतुसुषुवे कन्यांराजीवलोचनाम् ॥२२॥

वह वीर राजा धर्मपूर्वक प्रजा का पालन करता हुआ अपने राज्य में वसने लगा। बाद कुछ समय के व्यतीत होने पर उस ऋतुकालाभिगामी राजाने धर्मात्मा बड़ी पटरानी में गर्भाधान किया। मालव देश के राजा की पुत्री राजा अश्वपति की पटरानी का उदरस्थ गर्भ शुक्ल पक्ष के चन्द्रमा की भांति बढ़ने लगा बाद यथासमय रानीने कमल के समान नेत्र वाली कन्या को उत्पन्न किया ॥२०-२२॥

क्रियाश्चतस्यामुदित-श्चक्रेसनृपसत्तमः ।
सावित्र्याप्रीतयादत्ता सावित्र्याहुतयाह्यपि ॥२३॥
सावित्रीत्येवनामास्या-श्चक्रुर्विप्रास्तथापिता ।
साविग्रहवतीवश्री-र्व्यवर्द्धतनृपात्मजा ॥२४॥
कालेनचापिसाकन्या यौवनस्थाबभूवह ।

तांसुमध्यांपृथुश्रोणीं प्रतिमांकाञ्चनीमिव ॥२५॥
प्राप्तेयंदेवकन्येति दृष्ट्वासंमेनिरेजनाः ।
तान्तुपद्मपलाशाक्षीं ज्वलन्तीमिवतेजसा ॥२६॥
नकश्चिद्वरयामास तेजसाप्रतिवारितः ।

बाद राजाओं में श्रेष्ठ राजा अश्वपति ने प्रसन्न होकर उस कन्या के जातकर्मादि संस्कार किये । उस कन्या को प्रसन्न होकर सावित्री ने दिया था तथा सावित्री मन्त्र से आहुति देने के कारण उत्पन्न हुई थी इस लिये ब्राह्मणों और उस कन्या के पिता ने उस कन्या का नाम " सावित्री " ही रक्खा । वह कन्या शरीरधारिणी लक्ष्मी के समान बढ़ने लगी । कुछ काल के उपरान्त वह कन्या युवति (जवान) हो गयी । सुन्दर कटि और मध्यभाग वाली सोने की प्रतिमा के तुल्य उस कन्या को देख कर लोग मानते थे कि यह "देवकन्या" है । पद्म के पत्ते के समान नेत्रवाली तेज से जलती हुई सी उस कन्या को किसी ने न वरा क्योंकि उस के तेज के कारण किसी का उत्साह ही नहीं होता था कि उस को वरे ॥ २३–२६ ॥

अथोपोष्यशिरःस्नाता देवतामभिगम्यसा ॥२७॥
हुत्वाग्निंविधिवद्विप्रान् वाचयामासपर्वणि ।
ततःसुमनसः शेषाः प्रतिगृह्यमहात्मनः ॥२८॥
पितुःसमीपमगमद्देवीश्रीरिवरूपिणी ।
साभिवाद्यपितुःपादौ शेषाःपूर्वंनिवेद्यच ॥२९॥
कृताञ्जलिर्वरारोहा नृपतेःपार्श्वमास्थिता ।
यौवनस्थांतुतांदृष्ट्वा स्वांसुतांदेवरूपिणीम् ॥
अयाच्यमानांचवरै र्नृपतिर्दुःखितोऽभवत् ॥३०॥

बाद कभी व्रत करके शिर से न्हाई हुई उस कन्याने देवोपासना करने पूर्वक विधिवत् अग्नि में होम करके पर्व तिथि में ब्राह्मणों से (वेद) पाठ कराया। पश्चात् वह श्री के समान रूपवती देवी सावित्री यज्ञावशिष्ट (बाकी) पुष्पादि को लेकर महात्मा पिता के समीप गई वह सुन्दरी पहिले पिता को यज्ञावशिष्ट देकर पश्चात् पिता के चरणों को वन्दना करके हाथ जोड़े हुए राजा के पास बैठ गई। देवों के

समान रूपवती अपनी कन्या को यौवनवती देख कर तथा वरों से अपनी कन्या को न मागी हुई जान कर राजा अश्वपति दुःखित हुआ ॥ २७-३० ॥

राजोवाच-पुत्रि ! प्रदानकालस्ते नचकश्चिद्वृणोतिमाम् ।
स्वयमन्विच्छभर्त्तारं गुणैःसदृशमात्मनः ॥३१॥
प्रार्थितःपुरुषोयश्च सनिवेद्यस्त्वयामम ।
विमृष्याहंप्रदास्यामि वरयत्वंयथेप्सितम् ॥३२॥
श्रुतंहिधर्मशास्त्रेषु पठ्यमानंद्विजातिभिः ।
तथात्वमपिकल्याणि ! गदतोमेवचःशृणु ॥३३॥
अप्रदातापितावाच्यो वाच्यश्चानुपयन्पतिः।
मृतेभर्त्तरिपुत्रश्च वाच्योमातुररक्षिता ॥३४॥
इदंमेवचनंश्रुत्वा भर्त्तुरन्वेषणेत्वर ।
देवतानांयथावाच्यो नभवेयंतथाकुरु ॥३५॥

राजा बोला कि हे पुत्रि सावित्रि ! यह समय तेरे प्रदान अर्थात् विवाह का है और मुझ से कोई वर तुझे मागता नहीं इस लिये तू अपने गुणों के समान गुण वाले पति को स्वयम् खोज । और जो पुरुष तुझे प्रिय हो उसे मेरे आगे निवेदित कर मैं विचार कर तुझ को दूंगा मैं तुझे आज्ञा देता हूं कि तू अपनी इच्छानुसार वर को स्वीकार। हे कल्याणि ! पुत्रि ! जैसे ब्राह्मणों से पढ़े जाते हुए धर्मशास्त्रों में सुना है वैसे उस वचन को मुझ कहते हुए से तूभी सुन वह यह है-"समय पर पुत्री का विवाह न करने वाला पिता निन्दनीय है, ऋतुकाल में स्त्री के समीप न जाने वाला पति निन्दनीय है और पति के मर जाने पर माता की रक्षा न करने वाला पुत्र निन्दित है" । हे पुत्रि ! मेरे इस वचन को सुनकर पति के ढूढ़ने में शीघ्रता कर । जिस प्रकार मैं देव-विद्वानों से निन्दित न होऊं उस प्रकार तुझे कार्य्य करना चाहिये ॥ ३१-३५ ॥

मार्कण्डेयउवाच-एवमुक्त्वादुहितरं तथावृद्धांश्चमन्त्रिणः ।
व्यादिदेशानुयात्रंच गम्यतांचेत्यचोदयत् ॥३६॥
साभिवाद्यपितुःपादौ व्रीडितेवतपस्विनी ।
पितुर्वचनमाज्ञाय निर्जगामाविचारितम् ॥३७॥

साहैमंरथमास्थाय स्थविरैःसचिवैर्वृता ।
तपोवनानिरम्याणि राजर्षीणांजगामह ॥३८॥
मान्यानांतत्रवृद्धानां कृत्वापादाभिवन्दनम् ॥
वनानिक्रमशस्तात सर्वाण्येवाभिगच्छत ॥३९॥
एवं तीर्थेषुसर्वेषु धनोत्सर्गंनृपात्मजा ।
कुर्वतीद्विजमुख्यानां तं तं देशं जगामह ॥४०॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे तात ! राजा ने इस प्रकार कन्या से कह कर वृद्ध मन्त्रियों से कहा कि तुम सब मेरी पुत्री के पीछे रक्षार्थ जाओ । वह तपस्विनी सावित्री लज्जित सी हुई पिता के चरणों को प्रणाम करके पिता की आज्ञा मानती हुई विना विचारे चलदी । वह सावित्री सुवर्णमय रथ में बैठ कर वृद्ध मन्त्रियों से घेरी हुई राजर्षियों के रमणीय तपोवनों में गई । उन तपोवनों में वृद्ध मान्यों के चरणों को प्रणाम करके क्रम से सब तपोवनों में भ्रमण किया । इसी प्रकार राजपुत्री सावित्री सब तीर्थों में ब्राह्मणों को धन का दान करती हुई सब देशों में फिरी ॥ ३६–४० ॥

इति वनपर्वणि पतिव्रतामाहात्म्यपर्वणि सावित्रीस्वयंवरे २९२ तमोऽध्यायः ॥

मार्कण्डेयउवाच–अथमद्राधिपोराजा नारदेनसमागतः ।
उपविष्टःसभामध्ये कथायोगेनभारत ! ॥१॥
ततोऽभिगम्यतीर्थानि सर्वाण्येवाश्रमांस्तथा ।
आजगामपितुर्वेश्म सावित्रीसहमन्त्रिभिः ॥२॥
नारदेनसहासीनं साद्दृष्ट्वापितरंतदा ।
उभयोरेवशिरसा चक्रेपादाभिवादनम् ॥३॥

मार्कण्डेय ऋषि युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे भरत कुलोत्पन्न युधिष्ठिर ! बाद मद्रदेश का राजा अश्वपति नारद ऋषि से मिल कर बातचीत कर रहा था कि इतने में सब तीर्थ और सब आश्रमों में फिर कर मन्त्रियों के साथ सा-

वित्री पिता के घर को लौट आई । उस ने अपने पिता को नारद जी के साथ बैठा हुआ देखकर पिता और नारद जी दोनों को ही शिर से प्रणाम किया॥

नारदउवाच-क्वगताऽभूत्सुतेयंते कुतश्चैवागतान्नृप ! ।
किमर्थंयुवतिंभर्त्रे नचैनांसंप्रयच्छसि ॥४॥

नारद ऋषि राजा अश्वपति से बोले कि हे राजन् ! तुम्हारी यह पुत्री कहां गई थी तथा इस समय कहां से आई है और तुम इस युवति (जवान) कन्या को किसी वर को क्यों नहीं देते ? ॥४॥

अश्वपतिरुवाच-कार्य्येणखल्वनेनैव प्रेषिताद्यैवचागता ।
एतस्याःशृणुदेवर्षे ! भर्त्तारंयोऽनयावृतः ॥५॥

अश्वपति राजा बोला कि हे देवर्षे ! नारद ! मैंने इस कन्या को वर के अन्वेषणार्थ भेजा था आज ही लौट कर आई है इस ने जिस भर्त्ता (नर) को स्वीकारा है उसे तुम इस से सुनो ॥५॥

मार्कण्डेयउवाच-साब्रूहिविस्तरेणेति पित्रासंचोदिताशुभा ।
दैवतस्येववचनं प्रतिगृह्येदमब्रवीत् ॥६॥

मार्कण्डेय बोले कि जब पिता ने सुन्दरी सावित्री से कहा कि विस्तर के साथ बतला कि तू ने कौन पति ढूंढ़ा है राजा के इस वचन को दैवतवचन के समान मान कर सावित्री बोली ॥६॥

सावित्र्युवाच-आसीच्छाल्वेषुधर्मात्मा क्षत्रियःपृथिवीपतिः।
द्युमत्सेनइतिख्यातः पश्चाच्चान्धोबभूवह ॥७॥
विनष्टचक्षुषस्तस्य बालपुत्रस्यधीमतः ।
सामीप्येनहृतंराज्यं छिद्रेऽस्मिन्पूर्ववैरिणा ॥८॥
सबालवत्सयासार्धं भार्य्ययाप्रस्थितोवनम् ।
महारण्यंगतश्चापि तपस्तेपेमहाव्रतः ॥९॥
तस्यपुत्रःपुरेजातः सवृद्धश्चतपोवने ।
सत्यवाननुरूपोमे भर्त्तेतिमनसावृतः ॥१०॥

सावित्री बोली कि-शाल्वदेश में क्षत्रिय कुलोत्पन्न धर्मात्मा राजा द्युमत्सेन नाम से प्रसिद्ध था पीछे वह राजा अन्धा हो गया। उस बुद्धिमान् नेत्र हीन राजा का पुत्र उस समय बालक था । इस दशा में अवसर पाकर पास के पूर्व वैरी ने उक्त राजा का राज्य

छीन लिया बाद वह राजा छोटे बच्चे वाली अपनी स्त्री के साथ वन को चला गया और वन में जाकर भी उस महानियमी राजा ने बड़ा तप किया। उस का पुत्र जो नगर में उत्पन्न हुआ था और तपोवन में बढ़ा है उस का नाम सत्यवान् है। वह मेरे योग्य मेरा पति है। मैंने उस को मन से पति बना लिया ॥ ७–१०॥

नारदउवाच–अहोबतमहत्पापं सावित्र्यानृपते ! कृतम् ।
अजानन्त्यायदनया गुणवान्सत्यवान्वृतः ॥११॥
सत्यंवदत्यस्यपिता सत्यंमाताप्रभाषते ।
तथास्यब्राह्मणाश्चक्रु–र्नामैतत्सत्यवानिति ॥१२॥
बालस्याश्वाःप्रियाश्चास्य करोत्यश्वांश्चमृण्मयान् ।
चित्रेऽपिविलिखत्यश्वां–श्चित्राश्वइतिचोच्यते ॥१३॥

नारद ऋषि अश्वपति राजा से बोले कि हे राजन् । बड़े शोक की बात है कि सावत्री ने बड़ा पाप किया जो इस ने एक तत्व बात को न जान कर अनेक गुण वाला सत्यवान् मन से पति मान लिया। इस का पिता सत्य बोलता है इस की माता सत्य भाषण करती है इसी कारण ब्राह्मणों ने इस का "सत्यवान्" यह नाम धर दिया। इस बालक को घोड़े बहुत प्यारे हैं तथा यह मिट्टी के घोड़े बनाया करता है तथा किसी चित्र विचित्र वस्तु के ऊपर भी घोड़ों की प्रतिकृति (तस्वीर) खींच देता है इस लिये इस का दूसरा नाम "चित्राश्व" है ॥ ११–१३ ॥

राजोवाच–अपीदानींसतेजस्वी बुद्धिमान्वानृपात्मजः ।
क्षमावानपिवाशूरः सत्यवान्पितृवत्सलः ॥१४॥

राजा नारद जी से पूछता है कि क्या वह राजा का पुत्र माता पिता का भक्त सत्यवान् तेजस्वी है ? वा बड़ी बुद्धि वाला है ? अथवा क्षमाशील है ? वा शूर है ? ॥ १४ ॥

नारदउवाच–विवस्वानिवतेजस्वी बृहस्पतिसमोमतौ ।
महेन्द्रइववीरश्च वसुधेवक्षमान्वितः ॥ १५ ॥

नारद उत्तर देते हैं कि वह सत्यवान् सूर्य के समान तेजस्वी, बृहस्पति के तुल्य बुद्धिमान्, इन्द्र के बराबर वीर और पृथिवी के सदृश क्षमावान् है ॥ १५ ॥

अश्वपतिरुवाच-अपिराजात्मजोदाता ब्रह्मण्यश्चापिसत्यवान्।
रूपवानप्युदारोवा-प्यथवाप्रियदर्शनः ॥ १६ ॥

राजा अश्वपति नारद जी से फिर पूछता है कि-क्या वह राजा का पुत्र सत्यवान् दाता है ? वा ब्रह्मभक्त है ? अथवा उस का रूप अतिसुन्दर है ? वा वह प्रकृति से उदार है ? किंवा उस को देखना प्रसन्नताजनक है ? ॥ १६ ॥

नारदउवाच-सांकृतेरन्तिदेवस्य स्वशक्त्यादानतःसमः ।
ब्रह्मण्यःसत्यवादी च शिबिरौशीनरोयथा ॥ १७ ॥
ययातिरिवचोदारः सोमवत्प्रियदर्शनः ।
रूपेणान्यतरो (मो) ऽश्विभ्यां द्युमत्सेनसुतोबली ॥१८॥
सदान्तःसमृदुःशूरः ससत्यःसंयतेन्द्रियः ।
समैत्रःसोऽनसूयश्च सह्रीमान्धृतिमांश्चसः ॥ १९ ॥
नित्यशश्चार्जवंतस्मिन् स्थितिस्तस्यैवचध्रुवा ।
संक्षेपतस्तपोवृद्धैः शीलवृद्धैश्चकथ्यते ॥ २० ॥

नारद उत्तर देते हैं कि-वह सत्यवान् अपनी शक्ति के अनुसार दान करने में कुबेर के समान है तथा उशीनर के पुत्र शिवि राजा के समान ब्रह्मण्य और सत्यवादी है एवम् ययाति राजा के तुल्य उदार और चन्द्रमा के समान देखने में प्रिय है। वह द्युमत्सेन राजा का बलवान् पुत्र सुन्दरता में अश्विनी कुमारों के सदृश है। वह सत्यवान्-मन के वेग को रोकने वाला, कोमल, शूर, अत्यन्त श्रेष्ठ, जितेन्द्रिय, प्राणिमात्र का मित्र, अनिन्दक, लज्जावान् और धैर्यवान् है। उस में सदा आर्जव रहता है तथा उस में अच्छी कक्षाकी स्थिरता है इस प्रकार संक्षेप से वह सत्यवान् तपोवृद्ध और सदाचार वृद्ध पुरुषों से कहा जाता है ॥१७-२०॥

अश्वपतिरुवाच-गुणैरुपेतंसर्वैस्तं भगवन्! प्रब्रवीषिमे ।
दोषानप्यस्यमेब्रूहि यदिसन्तीहकेचन ॥ २१ ॥

अश्वपति बोला कि हे भगवन् ! नारद ! आप सत्यवान् को सब गुणों से युक्त कहते हो यदि इस सत्यवान् में कोई दोष हैं तो उन को भी मुझ से कहो ॥२१॥

नारदउवाच–एकएवास्यदोषोहि गुणानाक्रम्यतिष्ठति ।
सचदोषः प्रयत्नेन नशक्यस्त्वातिवर्त्तितुम् ॥२२॥
एकोदोषोऽस्तिनान्यस्य सोऽद्यप्रभृतिसत्यवान् ।
संवत्सरेणक्षीणायु–र्देहन्यासंकरिष्यति ॥२३॥

नारद उत्तर देते हैं कि–हे राजन् ! इस सत्यवान् का एक ही दोष सब गुणों से बड़ा है कोई मनुष्य उस दोष को प्रयत्न से भी दूर नहीं कर सकता । सत्यवान् में एक ही दोष है दूसरा नहीं वह क्षीणायु सत्यवान् आज से लेकर एक वर्ष की अन्तिम तिथि को शरीर त्याग करेगा ॥ २२–२३ ॥

राजोवाच–एहिसावित्रि ! गच्छस्व अन्यंवरयशोभने ! ।
तस्यदोषोमहानेको गुणानाक्रम्यचस्थितः ॥२४॥
यथामेभगवानाह नारदोदेवसत्कृतः ।
संवत्सरेणसोऽल्पायु–र्देहन्यासंकरिष्यति ॥२५॥

राजा बोला कि हे बेटी सावित्रि ! जा अन्य किसी वर को स्वीकार क्योंकि सत्यवान् में एक ऐसा बड़ा दोष है जो सब गुणों का उल्लङ्घन करके स्थित है जिस को कि भगवान् देवताओं में पूज्य नारद जी कहते हैं कि वह अल्पायु सत्यवान् एक वर्ष में शरीर त्यागेगा ॥ २४–२५ ॥

सावित्र्युवाच–सकृदंशोनिपतति सकृत्कन्याप्रदीयते ।
सकृदाहददानीति त्रीण्येतानिसकृत्सकृत् ॥२६॥
दीर्घायुरथवाल्पायुः सगुणोनिर्गुणोऽपिवा ।
सकृद्वृतोमयाभर्त्ता नद्वितीयंवृणोम्यहम् ॥२७॥
मनसानिश्चयंकृत्वा ततोवाचाभिधीयते ।
क्रियतेकर्मणापश्चात् प्रमाणंमेमनस्तथा ॥२८॥

सावित्री बोली कि हे पितः ! एक वार अंश–भाग का बांट होता है । कन्या एक वार दी जाती है और कन्या का देने वाला भी कन्या को दूंगा इस वाक्य को एक वार ही कहता है अतः ये उक्त तीन बातें एक २ वार ही होती हैं । वह सत्यवान् दीर्घायु हो वा अल्पायु अथवा गुणवान् हो किंवा गुणहीन हो । मैंने एक वार उस को मन से वर लिया अतः उस से अन्य को न वरूंगी । पहिले मन

से निश्चय करके पश्चात् वाणी से कहा जाता है पश्चात् कर्म से किया जाता है। इस उक्त वर के करने में मेरा मन प्रमाण है ॥ २६-२८ ॥

नारदउवाच-स्थिराबुद्धिर्नरश्रेष्ठ ! सावित्र्यादुहितुस्तव ।
नैषावारयितुंशक्या धर्मादस्मात्कथंचन ॥२९॥
नान्यस्मिन्पुरुषेसन्ति येसत्यवतिवैगुणाः ।
प्रदानमेवतस्मान्मे रोचतेदुहितुस्तव ॥३०॥

नारद बोले कि हे नरों में श्रेष्ठ ! राजन् ! तुम्हारी बेटी सावित्री की बुद्धि स्थिर है कोई मनुष्य सावित्री को इस धर्म (निश्चय) से किसी प्रकार हटा नहीं सकता । सत्यवान् में जो गुण हैं वे अन्य किसी पुरुष में नहीं हैं अतः तुम्हारी कन्या का सत्यवान् को देना मुझे अच्छा प्रतीत होता है ॥ २९ । ३० ॥

राजोवाच-अविचाल्यमेतदुक्तं तथ्यंचभवतावचः ।
करिष्याम्येतदेवंच गुरुर्हिभगवान्मम ॥३१॥

राजा नारद जी से बोला कि आपने उल्लङ्घन न करने योग्य यह सत्य वचन कहा मैं आप की आज्ञानुसार इस कार्य को इसी प्रकार करूंगा क्योंकि आप मेरे गुरु (बड़े) हैं ॥३१॥

नारदउवाच-अविघ्नमस्तुसावित्र्याः प्रदानेदुहितुस्तव ।
साधयिष्याम्यहंतावत् सर्वेषांभद्रमस्तुवः ॥३२॥

नारद बोले कि राजन् ! तुम्हारी कन्या के प्रदान (विवाह) में ईश्वर की कृपा से कोई विघ्न न होवे । मैं अब जाता हूं तुम सबों का कल्याण हो ३२

मार्कण्डेयउवाच-एवमुक्त्वाखमुत्पत्य नारदस्त्रिदिवङ्गतः ।
राजापिदुहितुःसज्जं वैवाहिकमकारयत् ॥३३॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे युधिष्ठिर ! नारद जी तो उक्त प्रकार कह कर आकाश मार्ग से स्वर्ग को चले गये और पीछे राजा अश्वपति भी बेटी के विवाहार्थ संभार (तयारी) कराने लगा ॥३३॥

इति वनपर्वणि पतिव्रतामाहात्म्यपर्वणि सावित्र्युद्वाहे नारदानुमतौ २९३ तमोऽध्यायः ॥

मार्कण्डेयउवाच–अथकन्याप्रदानेस तमेवार्थंविचिन्तयन् ।
समानिन्येचतत्सर्वं भाण्डंवैवाहिकंनृपः ॥१॥
ततोवृद्धान्द्विजान्सर्वा–नृत्विजःसपुरोहितान् ।
समाहूयदिनेपुण्ये प्रययौसहकन्यया ॥२॥
मेध्यारण्यंसगत्वाच द्युमत्सेनाश्रमंनृपः ।
पद्भ्यामेवद्विजैःसार्धं राजर्षिंतमुपागमत् ॥३॥
तत्रापश्यन्महाभागं शालवृक्षमुपाश्रितम् ।
कौश्यांवृष्यांसमासीनं चक्षुर्हीनंनृपंतदा ॥४॥
सराजातस्यराजर्षेः कृत्वापूजांयथार्हतः ।
वाचासुनियतोभूत्वा चकारात्मनिवेदनम् ॥५॥
तस्यार्घ्यमासनंचैव गांचावेद्यसधर्मवित् ।
किमागमनमित्येवं राजाराजानमब्रवीत् ॥६॥
स्वस्यसर्वमभिप्राय–मितिकर्त्तव्यतांचताम् ।
सत्यवन्तंसमुद्दिश्य सर्वमेवन्यवेदयत् ॥७॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन् ! बाद वह राजा अश्वपति कन्यादान के सम्बन्ध की चिन्ता करता हुआ विवाह सम्बन्धी सब सामग्री इकट्ठी कराके और बाद–वृद्ध ब्राह्मण, ऋत्विक् तथा पुरोहितों को बुलाकर शुभ दिन कन्या के साथ वन को चल दिया। वह राजा बुद्धिशोधक वन में द्युमत्सेन राजा के आश्रम में ब्राह्मणों के साथ पदाति (पैदल) होकर उस राजर्षि द्युमत्सेन के पास गया। तब वहां शालवृक्ष के नीचे कुशासन पर बैठे हुए महाभाग नेत्रहीन राजा को देखा। राजा अश्वपति ने राजा द्युमत्सेन का यथायोग्य सत्कार प्रणामादि करके वाणी का संयम करते हुए ने अपना नाम, धामादि निवेदित किया। धर्मात्मा द्युमत्सेन राजा ने अर्घ्य आसन और गौ का निवेदन करके राजा से पूछा कि आप के आने का क्या कारण है?। अश्वपतिने सत्यवान् को उद्देश्य करके अपना सब अभिप्राय और उस उद्दिष्ट कर्त्तव्यता को कह दिया। तथाहि–॥ १–७ ॥

अश्वपतिरुवाच-सावित्रीनामराजर्षे ! कन्येयंममशोभना ।
तांस्वधर्मेणधर्मज्ञ ! स्नुषार्थेत्वंगृहाणमे ॥८॥

अश्वपति राजा बोला कि-हे राजर्षे ! मेरी यह सुन्दर सावित्री नाम की कन्या है । हे धर्मज्ञ ! तुम अपने धर्म से अपनी पुत्रवधू होने के लिये मुझ से इस कन्या को स्वीकारो ॥८॥

द्युमत्सेनउवाच-च्युताःस्मराज्याद्वनवासमाश्रिताश्च-राममधर्मंनियतास्तपस्विनः । कथंत्वनर्हावनवासमाश्रमेनि-वत्स्यतेक्लेशमिमंसुतातव ॥९॥

द्युमत्सेन राजा ने कहा कि-हम राज्य से च्युत होगये हैं वन में रहते हैं तपस्वी और नियताहारविहार होकर धर्म को करते हैं तुम्हारी पुत्री इस क्लेश तथा वन के अनेक दुःखो के योग्य नहीं है फिर बतलाओ कि यह कन्या किस प्रकार इस आश्रम में रह सके गी ? ॥९॥

अश्वपतिरुवाच-सुखंचदुःखंचभवाभवात्मकंयदाविजा-नातिसुताहमेवच । नमद्विधेयुज्यतिवाक्यमीदृशंविनिश्चये-नाभिगतोऽस्मितेनृप ! ॥१०॥

अश्वपति राजा बोला कि-हे राजन् ! जब मैं और मेरी कन्या यह जानते हैं कि सुख और दुःख सदा नहीं रहते तब आपका उक्त प्रकार से कथन करना ठीक नहीं है । आप के निकट मैं निश्चय पूर्वक आया हूं यह आप निश्चित समझें ॥१०॥

आशांनार्हसिमेहन्तुं सौहृदात्प्रणतस्यच ।
अभितष्टागतंप्रेम्णा प्रत्याख्यातुंनमार्हसि ॥११॥
अनुरूपोहियुक्तश्च त्वंममाहंतवापिच ।
स्नुषांप्रतीच्छमेकन्यां भार्य्यांसत्यवतःसतः ॥१२॥

राजा अश्वपति राजा द्युमत्सेन से फिर बोला कि-हे राजन् ! मैं जो सौ-हार्द से नम्र हुआ हूं ऐसी मुझ मनुष्य की आशा आप को नहीं तोड़नी चा-हिये और आप के निकट प्रेम से आये हुये मुझ को तुम तिरस्कृत मत करो ।

मैं तुम्हारे समान हूं और तुम मेरे सदृश हो अतः श्रेष्ठ सत्यवान् की भार्या होने के लिये मेरी पुत्री को ग्रहण करो ॥ ११ । १२ ।

द्युमत्सेनउवाच—पूर्वमेवाभिलषितः सम्बन्धोमेत्वयासह ।
भ्रष्टराज्यस्त्वहमिति ततएतद्विचारितम् ॥१३॥
अभिप्रायस्त्वयंयोमे पूर्वमेवाभिकाङ्क्षितः ।
सनिर्वर्त्ततुमेऽद्यैव काङ्क्षितोह्यसिमेऽतिथिः ॥१४॥

द्युमत्सेन राजा बोला कि—हे राजन्! मैंने अपने पुत्र का सम्बन्ध तुम्हारी पुत्री के साथ पूर्व ही चाहा था परन्तु मैं राज्य से च्युत होगया हूं इस विचार से आप को मनें किया । जो मेरा अभिप्राय बहुत दिन से था वह आज ही पूरा होवे अर्थात् सत्यवान् और सावित्री का विवाह हो जावे । आज मैं बड़ा धन्य हूं जो तुम चाहे हुये अतिथि आज मेरे आश्रम पर आये हो ॥१३ । १४॥

ततःसर्वान्समानाय्य द्विजानाश्रमवासिनः ।
यथाविधिसमुद्वाहं कारयामासतुर्नृपौ ॥१५॥
दत्वाचाश्वपतिःकन्यां यथार्हंचपरिच्छदम् ।
ययौस्वमेवभवनं युक्तःपरमयामुदा ॥१६॥
सत्यवानपितांभार्य्यां लब्ध्वासर्वगुणान्विताम् ।
मुमुदेसाचतंलब्ध्वा भर्त्तारंमनसेप्सितम् ॥१७॥
गतेपितरिसर्वाणि सन्न्यस्याभरणानिसा ।
जगृहेवल्कलान्येव वस्त्रंकाषायमेवच ॥१८॥

बाद दोनों राजाओं ने आश्रमों में रहने वाले सब ब्राह्मणों को बुलवाकर विधिपूर्वक सत्यवान् और सावित्री का विवाह कराया । राजा अश्वपति कन्या और बहुत सा सामान देकर बड़ी प्रसन्नता से युक्त होकर अपने घर को चला गया और सत्यवान् भी सब गुणों से युक्त स्त्री को पाकर बड़ा प्रसन्न हुआ तथा सावित्री भी मन से चाहे हुए पति को प्राप्त होकर फूली न समाई । राजा अश्वपति के चले जाने पर सावित्री ने सब आभूषणों को उतार कर वल्कल (वृक्षोंकी छाल) और काषाय वस्त्र पहिने ॥ १५–१८ ॥

परिचारैर्गुणैश्चैव प्रश्रयेणादमेनच ।
सर्वकामक्रियाभिश्च सर्वेषांतुष्टिमादधे ॥१९॥
श्वश्रूंशरीरसत्कारैः सर्वैराच्छादनादिभिः ।
श्वशुरंदेवसत्कारैः वाचःसंयमनेनच ॥२०॥
तथैवप्रियवादेन नैपुणयेनशमेनच ।
रहश्चैवोपचारेण भर्त्तारंपर्य्यतोषयत् ॥२१॥
एवंतत्राश्रमेतेषां तदानिवसतांसताम् ।
कालस्तपस्यतांकश्चि-दपाक्रामतभारत ! ॥२२॥
सावित्र्याग्लायमानाया-स्तिष्ठन्त्यास्तुदिवानिशम् ।
नारदेनयदुक्तंतद्-वाक्यंमनसिवर्त्तते ॥२३॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे भरतकुलोत्पन्न युधिष्ठिर ! उस सावित्री ने अपने आचार, गुण, नम्रता, जितेन्द्रियता और सबों की इच्छा के अनुसार कार्य करने से सब को सन्तुष्ट कर दिया अर्थात् सास को शरीर सत्कारों (पग दबाने स्नान कराने आदि) तथा वस्त्रादि पहिनाने आदि से प्रसन्न कर दिया तथा अतिथियों के सत्कार करने और वाणी के संयम से ससुर को सन्तुष्ट किया और वैसे ही प्रियभाषण, कार्यों में निपुणता, सहनशीलता और एकान्त में सेवा करने से अपने पति सत्यवान् को सर्वथा सन्तुष्ट कर दिया । इस प्रकार उस आश्रम में उन सब श्रेष्ठों के रहते हुए तथा तपस्या करते २ कुछ काल बीत गया । रात दिन मुरझाती हुई और वहां रहती हुई सावित्री के मन में वही वाक्य वर्त्तमान था जो नारद जी ने कहा था ॥ १९-२३ ॥

इति वनपर्वणि पतिव्रतामाहात्म्यपर्वणि सावित्र्युद्वाहे २९४ तमोऽध्यायः ॥

मार्कण्डेयउवाच–ततःकालेबहुतिथे व्यतिक्रान्तेकदाचन ।
प्राप्तःसकालोमर्त्तव्यं यत्रसत्यवतानृप ! ॥ १ ॥
गणयन्त्याश्चसावित्र्या दिवसेदिवसेगते ।
यद्वाक्यंनारदेनोक्तं वर्त्ततेहृदिनित्यशः ॥ २ ॥
चतुर्थेऽहनिमर्त्तव्य–मितिसंचिन्त्यभाविनी ।
व्रतंत्रिरात्रमुद्दिश्य दिवारात्रंस्थिताऽभवत् ॥ ३ ॥
तंश्रुत्वानियमंतस्या भृशंदुःखान्वितोनृपः ।
उत्थायवाक्यंसावित्री–मब्रवीत्परिसान्त्वयन् ॥४॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन् ! बाद कभी बहुत काल बीत ने पर वह काल आया जिस में सत्यवान् को मरना था। सावित्री प्रत्येक दिन दिनों को गिना करती थी क्योंकि जो वचन नारद ने कहा था वह उस के हृदय में नित्य वर्त्तमान रहता था। वह सावित्री यह शोच कर कि सत्यवान् को आज से चौथे दिन मरना है। उस सावित्री ने तीन दिन रात के व्रत का उद्देश करके दिन रात खड़े रहने का व्रत किया अर्थात् शयनादि कुछ न किया। राजा द्युमत्सेन सावित्री के उस व्रतरूप कठिन नियम को सुनकर अत्यन्त दुःखित हुआ और अपने आसन से उठकर तथा समझाता हुआ सावित्री से यह (वक्ष्यमाण) वचन बोला॥ १–४ ॥

द्युमत्सेनउवाच-अतितीव्रोऽयमारम्भ–स्त्वयारब्धोनृपात्मजे!।
तिसृणांवसतीनांहि स्थानंपरमदुश्चरम् ॥ ५ ॥

सावित्री का श्वशुर द्युमत्सेन राजा बोला कि हे राजा की पुत्रि ! तूने बड़े कठिन व्रत का आरम्भ किया है तीन दिन रात निराहार होकर हरवार बराबर जपादि में खड़ा स्थिर रहना अति कठिन है ॥ ५ ॥

सावित्र्युवाच-नकार्य्यस्तात!सन्तापः पारयिष्याम्यहंव्रतम् ।
व्यवसायकृतंहीदं व्यवसायश्चकारणम् ॥ ६ ॥

सावित्री ने उत्तर दिया कि हे पितः ! पूज्य ! आप दुःख न मानें मैं इस व्रत–नियम को पूरा करूंगी मैंने इस काम का उत्साह वा बुद्धिपूर्वक आरम्भ किया है तथा इस का कारण निश्चयात्मक बुद्धि वा उत्साह ही है ॥६॥

द्युमत्सेनउवाच-व्रतंभिन्धीतिवक्तुं त्वां नास्मिशक्तःकथंचन ।
पारयस्वेतिवचनं युक्तमस्मद्विधोवदेत् ॥ ७ ॥

द्युमत्सेन राजा सावित्री से बोला कि हे पुत्रि ! मैं यह तो तुझ से कभी कह नहीं सकता कि तू व्रत को तोड़ डाल किन्तु मुझ सरीखा मनुष्य तो यही कह सकता है कि उचित रीति से व्रत-नियम को पूरा कर ॥१७॥

मार्कण्डेयउवाच-एवमुक्ताद्युमत्सेनो विररामममहामनाः ।
तिष्ठन्तीचैवसावित्री काष्ठभूतेवलक्ष्यते ॥८॥
श्वोभूतेभर्तृमरणे सावित्र्याभरतर्षभ ! ।
दुःखान्वितायास्तिष्ठन्त्याः सारात्रिर्व्यत्यवर्त्तत ॥९॥
अद्यतद्दिवसंचेति हुत्वादीप्तंहुताशनम् ।
युगमात्रोदितेसूर्य्ये कृत्वापौर्वाह्निकीः क्रियाः ।
ततःसर्वान्द्विजान्वृद्धान् श्वश्रूंश्वशुरमेवच ।
अभिवाद्यानुपूर्व्येण प्राञ्जलिर्नियतास्थिता ॥११॥
अवैधव्याशिषस्तेतु सावित्र्यर्थंहिताः शुभाः ।
ऊचुस्तपस्विनःसर्वे तपोवननिवासिनः ॥१२॥
एवमस्त्वितिसावित्री ध्यानयोगपरायणा ।
मनसाताःगिरःसर्वाः प्रत्यगृह्णात्तपस्विनाम् ॥१३॥
तंकालंतंमुहूर्त्तंच प्रतीक्षन्तीनृपात्मजा ।
यथोक्तंनारदवच-श्चिन्तयन्तीसुदुःखिता ॥१४॥
ततस्तुश्वश्रूश्वशुरा-वूचतुस्तांनृपात्मजाम् ।
एकान्तमास्थितांवाक्यं प्रीत्याभरतसत्तम ! ॥१५॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे भरत कुलोत्पन्नों में श्रेष्ठ युधिष्ठिर ! विचार शील राजा द्युमत्सेन सावित्री से उक्त प्रकार वचन कह कर चुप हो गया । और व्रत के पूरणार्थ खड़ी हुई सावित्री काष्ठ के समान दीख

पड़ती थी। कल पति के मरण दिन को स्मरण करती हुई दुःखिता सावित्री की वह रात खड़े ही बीत गई। जब प्रातःकाल हुआ कि जिस दिन सत्यवान् को मरना है-सावित्री प्रातःकाल के अग्निहोत्र और सब कर्मों को करके तथा सब वृद्ध ब्राह्मणों और सास ससुर को आनुपूर्व्य (क्रम) से अभिवादन (प्रणाम) करके निश्चलता से स्थित हो गई।। सास, ससुर और तपोवन के रहने वाले सब तपस्वियों ने सावित्री को "तेरा सौभाग्य (सुहाग) सदा बना रहे" ऐसी मधुर और हितकारिणी आशिषें दीं। उन तपस्वियों के आशीर्वाद को ध्यान और योग में युक्त सावित्री ने मन से ग्रहण किया। राजा की पुत्री उस काल और उस मुहूर्त्त की प्रतिक्षा करती हुई तथा नारद के वचन को ज्योंका त्यों स्मरण करती हुई अति दुःखित हुई। बाद सास ससुर ने एकान्त में बैठी हुई राजपुत्री सावित्री से यह वचन कहा ॥८—१५॥

श्वशुरावूचतुः--व्रतंयथोपदिष्टंत-त्तथातत्पारितंत्वया।
आहारकालःसम्प्राप्तः क्रियतांयदनन्तरम् ॥१६॥

सास और ससुर बोले कि हे सावित्री ! जिस प्रकार शास्त्रों में व्रत करने का विधान है उसी प्रकार तूने व्रत को पूरा किया। उस के बाद भोजन का समय आ गया इस लिये अब बेटी ! भोजन कर ॥१६॥

सावित्र्युवाच-अस्तंगतेमयादित्ये भोक्तव्यंकृतकामया।
एषमेहृदिसंकल्पः समयश्चकृतोमया ॥ १७ ॥

सावित्री ने उत्तर दिया कि हे पूज्यो ! सूर्य के अस्त हो जाने पर मैं कृतार्थ हो कर भोजन करूंगी यह मेरे हृदय में संकल्प है मैंने भोजन का समय निश्चित कर रक्खा है ॥१७॥

मार्कण्डेयउवाच-एवंसम्भाषमाणायाः सावित्र्याभोजनंप्रति।
स्कन्धेपरशुमादाय सत्यवान्प्रस्थितोवनम् ॥१८॥
सावित्रीत्वाहभर्त्तारं नैकस्त्वंगन्तुमर्हसि।
सहत्वयागमिष्यामि नहित्वांहातुमुत्सहे ॥१९॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से बोले कि हे राजन् ! सावित्री उक्त प्रकार से भोजन के विषय में सास ससुर से कह रही थी कि उसी समय कन्धे पर परशु (कुल्हाड़ी) रख कर सत्यवान् लकड़ी लाने के लिये वन को चल दिया। सावित्री अपने

पति सत्यवान् से बोली कि तुम अकेले वन में जाने योग्य नहीं हो मैं तुम्हारे साथ चलूंगी क्योंकि मैं तुम को [आज] छोड़ नहीं सकती ॥

सत्यवानुवाच–वनंनगतपूर्वंते दुःखपन्थाश्चभाविनि ! ।
व्रतोपवासक्षामाच कथंपद्भ्यांगमिष्यसि ॥२०॥

सत्यवान् बोला कि हे पतिव्रते ! तू पहिले कभी वन में नहीं गई तथा वन का मार्ग बड़ा दुःखदायी है । तू व्रत के उपवास से कृश हुई पगों से किस प्रकार चलेगी ? ॥ २० ॥

सावित्र्युवाच–उपवासान्नमेग्लानि–र्नास्तिचापिपरिश्रमः ।
गमनेचकृतोत्साहां प्रतिषेद्धुंनमार्हसि ॥ २१ ॥

सावित्री ने प्रत्युत्तर दिया कि–उपवास के करने से मेरा उत्साह नहीं घटा है तथा मुझ को आप के साथ चलने में कुछ भी परिश्रम न पड़ेगा अतः चलने में उत्साह वाली मुझ को आप न रोकिये ॥ २१ ॥

सत्यवानुवाच–यदितेगमनोत्साहः करिष्यामितवप्रियम् ।
ममत्वामन्त्रयगुरू नमांदोषःस्पृशेदयम् ॥ २२ ॥

सत्यवान् ने कहा कि हे सावित्रि ! यदि तुझे चलने का उत्साह है तो चल मैं तेरा प्रिय करूंगा परन्तु मेरे माता पिता से आज्ञा ले ले जिस से कि मुझ को दोष न लगे ॥ २२ ॥

मार्कण्डेयउवाच-साभिवाद्याऽब्रवी–च्छ्वश्रूंश्वशुरंचमहाव्रता ।
अयंगच्छतिमेभर्त्ता फलाहारोमहावनम् ॥ २३ ॥
इच्छेयमभ्यनुज्ञाता आर्ययाश्वशुरेणच ।
अनेनसहनिर्गन्तुं नमेऽद्यविरहःक्षमः ॥ २४ ॥
गुर्वग्निहोत्रार्थकृते प्रस्थितश्चसुतस्तव ।
सनिवार्योनिवार्यः स्यादन्यथाप्रस्थितोवनम् ॥ २५ ॥
युवाभ्यांननिवार्योहं सहयास्याम्यहंवनम् ।
संवत्सरःकिंचिदूनो ननिष्क्रान्ताहमाश्रमात् ॥ २६ ॥
वनंकुसुमितंद्रष्टुं परंकौतूहलंहिमे ॥ २७॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन् ! वह सावित्री सास और ससुर को अभिवादन (प्रणाम) करके यह बोली कि देखो मेरे ये फलभोजी भर्त्ता वन को जाते हैं । श्रेष्ठ सास और ससुर की आज्ञा पाकर मैं भी चाहती हूं कि आज पति के साथ वन को जाऊं क्योंकि आज मुझ को पति का वियोग असह्य है । गुरुओं के लिये फल और अग्निहोत्र के लिये समिधा लेने को तुम्हारे पुत्र वन को जाते हैं । वे आप के आधीन हुए आप की आज्ञावश वन के जाने से रुक सक्ते हैं नहीं तो वन को चले ही जावेंगे । आप दोनों मुझे वन के जाने से न रोकें मैं आज आप की आज्ञा से पति के साथ वन को जाना चाहती हूं मेरे विवाह को एक वर्ष में कुछ ही समय शेष (बाकी) है आज लों मैं आश्रम से बाहर नहीं निकली । पुष्पवान् वन को देखने का मुझे बड़ा कुतूहल है २३–२७

द्युमत्सेनउवाच-यतःप्रभृतिसावित्री पित्रादत्तास्नुषामम ।
नानयाभ्यर्थनापूर्व-मुक्तपूर्वंस्मराम्यहम् ॥२८॥
तदेषालभतांकामं यथाभिलषितंवधूः ।
अप्रमादश्चकर्त्तव्यः पुत्रि!सत्यवतःपथि ॥ २९ ॥

द्युमत्सेन राजा बोला कि–जब से यह मेरी पुत्रवधू सावित्री इस के पिता ने मुझे दी है तब से आज तक इसने इस प्रकार प्रार्थनापूर्वक कभी नहीं कहा यह मुझे स्मरण है । तिस से यह पुत्रवधू अभिलाषा के अनुसार वन जाने की आज्ञा को पावे अर्थात् हम आज्ञा देते हैं कि वन को जावे । और कहा कि हे बेटी सावित्रि ! सत्यवान् के साथ मार्गों में सावधानता से रहना प्रमाद भूल न करना ॥ २७–२८ ॥

मार्कण्डेयउवाच-उभाभ्यामभ्यनुज्ञाता साजगामयशस्विनी ।
सहभर्त्राहसन्तीह हृदयेनविदूयता ॥ २९ ॥
सावनानिविचित्राणि रमणीयानिसर्वशः ।
मयूरगणजुष्टानि ददर्शविपुलेक्षणा ॥ ३० ॥
नदीःपुण्यवहाश्चैव पुष्पितांश्चनगोत्तमान् ।
सत्यवानाहपश्येति सावित्रींमधुरंवचः ॥ ३१ ॥
निरीक्षमाणाभर्त्तारं सर्वावस्थमनन्दिता ।
मृतमेवहिभर्त्तारं कालेमुनिवचःस्मरन् ॥ ३२ ॥

अनुव्रजन्तीभर्त्तारं जगाममृदुगामिनी ।
द्विधेवहृदयंकृत्वा तंचकालमवेक्षती ॥ ३३ ॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से बोले कि-हे राजन् ! वह यश वाली सावित्री हंसती हुई सी पति के साथ वन को चलदी परन्तु उसका हृदय दुःख से विदीर्ण हुआ जाता था । उस बड़े २ नेत्र वाली सावित्री ने मयूरों के झुंडो से युक्त सुन्दर-रमणीय अनेक विचित्र वनों को देखा सत्यवान् सावित्री से यह मधुर वचन बोला कि हे सावित्रि ! देख ये नदियां कैसे निर्मल-पवित्र जलवाली बह-रही हैं और सुन्दर पर्वतों की ओर दृष्टि डाल देख तो सही पर्वतों के ऊपर के वृक्ष कैसे पुष्पवान् हुए हैं । सावित्री सब अवस्थाओं में पति को मरा हुआ ही जान कर उस को देखती हुई उस के साथ चली जाती थी और वह सुन्दरी नारद मुनि के वचन को स्मरण करती हुई पति के पीछे हथिनी की चाल से चलती थी और उस के हृदय में बड़ा संशय था और वह सत्यवान् के मृत्यु समय की प्रतीक्षा कर रही थी ॥ २९-३३ ॥

इति वनपर्वणि पतिव्रतामाहात्म्यपर्वणि सावित्र्या वनगमने २९५ तमोऽध्यायः ॥

मार्कण्डेयउवाच-अथभार्य्यासहायःस फलान्यादायवीर्यवान्।
कठिनंपूरयामास ततःकाष्ठान्यपातयत् ॥१॥
तस्यपातयतःकाष्ठं स्वेदोवैसमजायत ।
व्यायामेनचतेनास्य जज्ञेशिरसिवेदना ।
सोऽभिगम्यप्रियां भार्य्यामुवाचश्रमपीडितः ॥२॥

मार्कण्डेय युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन् ! बाद वह सत्यवान् स्त्री की सहायता से पात्र में फलों को लेकर कुल्हाड़ी से काष्ठों को काट कर गिराने लगा काष्ठों को काटते हुए सत्यवान् के पसीना वा मूर्च्छा आगयी और कुल्हाड़ी के उठाते तथा वृक्ष में उस की चोट लगाने से सत्यवान् के शिर में पीड़ा (दर्द) होने लगी बाद वह सत्यवान् परिश्रम से पीड़ित हो कर प्यारी स्त्री के पास आकर यह बोला ॥ १ । २ ॥

सत्यवानुवाच–व्यायामेनममानेन जाताशिरसिवेदना ।

अङ्गानिचैवसावित्रि ! हृदयंदूयतीवच ।
अस्वस्थमिवचात्मानं लक्षयेमितभाषिणि ! ॥३॥
शूलैरिवशिरोविद्ध–मिदंसंलक्षयाम्यहम् ।
तत्स्वप्तु मिच्छेकल्याणि ! नस्थातुंशक्तिरस्तिमे ॥४॥

सत्यवान् बोला कि हे आवश्यकतानुसार बोलने वाली सावित्रि ! काष्ठों के काटने से मेरे शिर में पीड़ा होगई है मेरे सब अङ्ग और हृदय विदीर्ण (फटे) से हुए जाते हैं और मैं अपने आत्मा (शरीर) को अस्वस्थ देखता हूं । मुझे जान पड़ता है कि मेरा शिर शूलों से बींधा हुआ है अतः मैं घबरा कर सोना चाहता हूं । हे देवि ! मुझ में अब खड़े होने की शक्ति नहीं है ॥३। ४॥

सासमासाद्यसावित्री भर्त्तारमुपगम्यच ।
उत्संगेऽस्यशिरःकृत्वा निषसादमहीतले ॥५॥
ततःसानारदवचो विमृषन्तीतपस्विनी ।
तंमुहूर्त्तंक्षणंवेलां दिवसंचयुयोजह ॥६॥
मुहूर्त्तादेवचापश्यत् पुरुषंरक्तवाससम् ।
बद्धमौलिंवपुष्मन्त–मादित्यसमतेजसम् ॥७॥
श्यामावदातंरक्ताक्षं पाशहस्तंभयावहम् ।
स्थितंसत्यवतःपार्श्वे निरीक्षन्तंतमेवच ॥८॥
तंदृष्ट्वासहसोत्थाय भर्त्तुर्न्यस्यशनैःशिरः ।
कृताञ्जलिरुवाचार्त्ता हृदयेनप्रवेपती ॥९॥

सत्यवान् के उक्त वचन को सुन कर सावित्री सत्यवान् की ओर को चली और पति के पास जाकर पति के शिर को अपनी गोद में करके पृथिवी पर बैठ गई और पति को लिटा लिया । बाद नारद जी के वचन को स्मरण करती हुई उस तपस्विनी सावित्री ने उस मुहूर्त्त, क्षण, समय और दिन को जोड़ लिया (संख्या करली) कि जिस दिन नारद ने सत्यवान् का मृत्यु बतलाया था । और एक मुहूर्त्त के पश्चात् ही सावित्री ने रक्त वस्त्र वाले, बंधे मस्तक वाले,

बड़े शरीर वाले, काले दांत वाले लालनेत्र वाले और पाश जिस के हाथ में है ऐसे सूर्य के समान तेजस्वी पुरुष को देखा और वह पुरुष सत्यवान् के पास खड़ा हो कर वार २ सत्यवान् को ही टकटकी लगाकर देख रहा था। सावित्री ने उस को देख कर पति के शिर को धीरे से पृथिवी पर रख दिया और शीघ्रता से उठकर हृदय से कांपतीहुई दुःखित सावित्री हाथ जोड़ कर बोली ॥ ५ ॥

सावित्र्युवाच-दैवतंत्वाभिजानामि वपुरेतद्ध्यमानुषम् ।
कामयाब्रूहिदेवेश ! कस्त्वंकिंचचिकीर्षसि ॥१०॥

सावित्री बोली कि मैं तुम को देव जानती हूं क्योंकि तुम्हारा शरीर मनुष्य शरीरों के समान नहीं है। हे देवेश ? सत्य कहो तुम कौन हो और क्या करना चाहते हो ? ॥ १० ॥

यमउवाच-पतिव्रतासिसावित्रि ! तथैवचतपोऽन्विता ।
अतस्त्वामभिभाषामि विद्धिमांत्वंशुभे ! यमम् ॥११॥
अयंतेसत्यवान्भर्त्ता क्षीणायुःपार्थिवात्मजः ।
नेष्यामितमहंबद्ध्वा विद्ध्येतन्मेचिकीर्षितम् ॥१२॥

यमराज बोले कि हे सावित्रि ! तू पतिव्रता और तपस्विनी है इस लिये हे सुन्दरि ! मैं तुझ से बोलता हूं तू मुझ को यम जान। यह राजपुत्र तेरा पति सत्यवान् क्षीण आयु वाला है इस को बांध कर ले जाऊंगा यह मेरा चिकीर्षित (अभिलाष) जान ॥ ११ । १२ ॥

सावित्र्युवाच-श्रूयतेभगवन्दूता-स्तवागच्छन्तिमानवान् ।
नेतुंकिलभवान्कस्मा-दागतोऽसिस्वयंप्रभो ! ॥१३॥

सावित्री बोली कि हे भगवन् ! लोक में सुना जाता है कि तुम्हारे दूत मनुष्यों को लेने के लिये आया करते हैं सो मैं पूछती हूं कि हे प्रभो ! तुम स्वयं किस कारण से आये हो ? ॥१३॥

मार्कण्डेयउवाच-इत्युक्तःपितृराजस्तां भगवान्स्वचिकीर्षितम् ।
यथावत्सर्वमाख्यातुं तत्प्रियार्थंप्रचक्रमे ॥ १४ ॥
अयंचधर्मसंयुक्तो रूपवान्गुणसागरः ।
नार्होमत्पुरुषैर्नेतु-मतोऽस्मिस्वयमागतः ॥ १५ ॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन्! जब सावित्री ने यमराज से उक्त प्रकार कहा तब भगवान् यमराज ने सावित्री की प्रसन्नता के लिये अपना यथार्थ सब अभिप्राय कहना आरब्ध किया—और वह यह कहा कि हे सावित्रि! यह धर्मात्मा रूपवान् परम विद्वान् सत्यवान् मेरे दूतों से ले जाने योग्य नहीं है अतः मैं स्वयम् इस को लेने के लिये आया हूं ॥ १४ । १५ ॥

ततःसत्यवतःकाया—त्पाशबद्धंवशंगतम् ।
अङ्गुष्ठमात्रंपुरुषं निश्चकर्षयमोबलात् ॥ १६ ॥
ततःसमुद्धृतप्राणं गतश्वासंहतप्रभम् ।
निर्विचेष्टंशरीरंतद्ध बभूवाप्रियदर्शनम् ॥ १७ ॥
यमस्तुतंततोबद्ध्वा प्रयातोदक्षिणामुखः ।
सावित्रीचैवदुःखार्त्ता यममेवान्वगच्छत ।
नियमव्रतसंसिद्धा महाभागापतिव्रता ॥ १८ ॥

बाद यमने सत्यवान् के शरीर से पाश से बन्धे हुए तथा वश में किये हुए अङ्गुष्ठमात्र पुरुष को बलपूर्वक खींच लिया । तदनन्तर सत्यवान् का शरीर प्राण श्वास, शोभा और चेष्टा रहित हो गया तथा देखने में भयङ्कर प्रतीत होने लगा । पश्चात् यम उस अङ्गुष्ठमात्र पुरुष को पाश से बांध कर दक्षिण दिशा की ओर चल दिया और नियम व्रत में परायण महाभागा पतिव्रता दुःख से दीन सावित्री भी यम के पीछे २ चलदी ॥ १६–१८ ॥

यमउवाच—निवर्त्तगच्छसावित्रि ! कुरुष्वास्यौर्ध्वदैहिकम् ।
कृतंभर्त्तुस्त्वयाऽनृणयं यावद्गम्यंगतंत्वया ॥ १९ ॥

यम बोले कि हे सावित्रि ! तू लौटजा और इस सत्यवान् का और्ध्वदैहिक (श्राद्ध) कर तू अपने पति से अनृण होगई जहां तक तू आसक्ती थी वहां तक आई ॥ १९ ॥

सावित्र्युवाच—यत्रमेनियतंभर्त्ता स्वयंवायत्रगच्छति ।
मयाचतत्रगन्तव्य—मेषधर्मःसनातनः ॥ २० ॥
तपसागुरुभक्त्याच भर्त्तुःस्नेहाद्व्रतेनच ।

तवचैवप्रसादेन नमेप्रतिहतागतिः ॥ २१ ॥
प्राहुःसाप्तपदंमैत्रं बुधास्तत्त्वार्थदर्शिनः ।
मित्रतांचपुरस्कृत्य किंचिद्वक्ष्यामितच्छृणु ॥ २२ ॥

सावित्री ने उत्तर दिया कि—जहां मेरा भाग्य होगा वा जहां मेरा पति जायगा वहां मुझे भी जाना चाहिये यह सनातन धर्म है । तप, गुरुभक्ति, पति का स्नेह, व्रत और तुम्हारी कृपा से पति के साथ चलने में मुझे कोई रुकावट नहीं है । तत्त्ववेत्ता पण्डित लोग साप्तपद (सात पगतक चलना) को मित्रता कहते हैं सो मैं मित्रता को आगे करके तुम से कुछ कहती हूं उसे तुम सुनो ॥ २०–२२ ॥

सावित्र्युवाच—नानात्मवन्तस्तुवनेचरन्ति धर्मंचवासंच-प्रतिश्रयंच । विज्ञानतोधर्ममुदाहरन्ति तस्मात्सन्तोधर्ममाहुःप्रधानम् ॥ २३ ॥

एकस्यधर्मेणसतांमतेन सर्वेस्मतंमार्गमनुप्रपन्नाः । मावैद्वितीयंमातृतीयंचवाञ्छेत्तस्मात्सन्तोधर्ममाहुःप्रधानम् ॥ २४ ॥

सावित्री बोली कि—वन में अनेक प्राणी हैं और उन में कोई धर्म को करते कोई निवास चाहते और कोई किसी के शरण में जाते हैं परन्तु ज्ञानवान् पुरुष धर्म को ही करते हैं अतः सज्जन धर्म को प्रधान कहते हैं । जब वन में एक पूर्ण धर्मात्मा होता है तब उसी के (सत्स्वीकृत) मत से सब प्राणी धर्मात्मा हो जाते हैं अतः मनुष्य वास, और प्रतिश्रय को छोड़ देवे और धर्म को ही सब प्रकार से करे इसी लिये सज्जन धर्म को प्रधान कहते हैं ॥२३।२४॥

यमउवाच—निवर्त्ततुष्टोऽस्मितवानयागिरा स्वराक्षरव्यञ्जनहेतुयुक्तया । वरंवृणीष्वेहविनास्यजीवितं ददानितेसर्वमनन्दिते!वरम् ॥२५॥

यम बोले कि हे सावित्रि ! मैं तेरी इस सुन्दर अक्षर और अर्थ वाली हेतु युक्त वाणी से प्रसन्न हूं लौटजा और हे सुन्दरि ! मुझ से तू वर मांग मैं सत्यवान् के जीवन को छोड़ कर और तुझ को सब दूंगा ॥ २५ ॥

सावित्र्युवाच—च्युतःसराज्याद्वनवासमाश्रितो विनष्टचक्षुः-

श्वशुरोममाश्रमे । सलब्धचक्षुर्बलवान्भवेन्नृप-स्तव-
प्रसादाज्ज्वलनार्कसन्निभः ॥२६॥

सावित्री यम से बोली कि—हे देव ! जो मेरे नेत्रहीन श्वशुर राज्य च्युत हो कर वन के आश्रम में रहते हैं वे राजा आप की कृपा से सूर्य और अग्नि के समान तेजस्वी, बलवान् और नेत्रवान् हो जावें ॥ २६ ॥

यमउवाच-ददानितेऽहंतमनन्दितेवरं यथात्वयोक्तंभविता-
चतत्तथा । तवाध्वनाग्लानिमिवोपलक्षये निवर्त्तग-
च्छस्वनतेश्रमोभवेत् ॥२७॥

यम बोले कि—हे सुन्दरि ! मैं तुझे वर देता हूं तू ने जो कहा है वही हो गा । मुझे प्रतीत होता है कि तू मार्ग के चलने से मुरझाई सी हो गई है अतः लौट जा जिस से तुझे श्रम न होवे ॥२७॥

सावित्र्युवाच—श्रमःकुतोभर्त्तृसमीपतोहिमे यतोहिभर्त्तामम-
सागतिर्ध्रुवा । यतःपतिंनेष्यसितत्रमेगतिः सुरेश !
भूयश्चवचोनिबोधमे ॥२८॥

सावित्री बोली कि—मुझे पति के समीप श्रम नहीं होता है क्योंकि जहां मेरा पति जायगा वहीं निश्चित मैं जाऊंगी इस लिये हे सुरेश ! जहां मेरे पति को लेजाओगे वहीं मैं भी चलूंगी । हे देव ! मेरे दूसरे वचन को भी समझो २८

सतांसकृत्संगतमीप्सितंपरं ततःपरंमित्रमितिप्रचक्षते ।
नचाफलंसत्पुरुषेणसंगतं ततःसतांसंनिवसेत्समागमे ॥२९॥

सावित्री बोली कि—सत्पुरुषों की सङ्गति एक वार होने पर ही परमकल्याणकारी है । महात्मा लोग कहते हैं कि सत्पुरुषों के साथ एकवार मेल होने से ही परम मित्र हो जाते हैं । और सत्पुरुष की मित्रता निष्फल नहीं होती अतः बुद्धिमान् को चाहिये कि अधिकता से सत्पुरुषों के समागम में रहे २९

यमउवाच—मनोऽनुकूलंबुधबुद्धिवर्धनं त्वयायदुक्तंवचनंहि-
ताश्रयम् । विनापुनःसत्यवतोऽस्यजीवितं वरंद्वितीयं
वरयस्वभाविनि ! ॥३०॥

यह बोले कि–हे तपस्विनि ! स्त्रि ! तूने जो वचन कहा है वह हितकारी, मन के अनुकूल और पण्डितों की बुद्धि को बढ़ाने वाला है। फिर इस सत्यवान् के जीवन को छोड़ कर दूसरे वर को तू माग ॥ ३० ॥

सावित्र्युवाच–हृतंपुरामेश्वशुरस्यधीमतः स्वमेवराज्यंलभतां सपार्थिवः। जह्यात्सुधर्मान्नचमेगुरुर्यथा द्वितीयमेतद्वरयामितेवरम् ॥३१॥

सावित्री बोली कि–पहिले मेरे बुद्धिमान् श्वशुर के राज्य को (वैरी ने) हर लिया था वे मेरे श्वशुर अपने ही राज्य को पावें और अपने धर्मों को न छोड़ें यह तुम से दूसरा वर मागतीं हूं ॥३१॥

यमउवाच–स्वमेवराज्यंप्रतिपत्स्यतेऽचिरा–न्नचस्वधर्मात्प्रतिहास्यतेनृपः। कृतेनकामेनमयानृपात्मजे ! निवर्त्त-गच्छस्वनतेश्रमोभवेत् ॥३२॥

यम बोले कि–वह द्युमत्सेन राजा अतिशीघ्र अपने ही राज्य को पावेंगे और अपने धर्म से च्युत न होवेंगे। मैंने तेरी अभिलाषा को पूरा कर दिया अतः हे राज–पुत्रि ! लौट जा जिस से तुझे श्रम न होवे ॥ ३२ ॥

सावित्र्युवाच–प्रजास्त्वयैतानियमेनसंयता नियम्यचैतानयसेतिकामया। ततोयमत्वंतवदेव ! विश्रुतं निबोधचेमांगिरमीरितांमया ॥३३॥

सावित्री बोली कि–हे देव ! तुमने इस सम्पूर्ण प्रजा को अपने नियम में बांध रक्खा है और इस प्रजा को अपनी इच्छानुसार यमलोक को ले जाते हो इसी से हे देव ! तुम्हारा यम होना सार्थक वा प्रसिद्ध है। हे देव ! मुझ से कही हुई इस वाणी को और समझो ॥ ३३ ॥

अद्रोहःसर्वभूतेषु कर्मणामनसागिरा।
अनुग्रहश्चदानंच सतांधर्मःसनातनः ॥३४॥
एवम्प्रायश्चलोकोऽयं मनुष्याभक्तिपेशलाः।
सन्तस्तेचाप्यमित्रेषु दयांप्राप्तेषुकुर्वते ॥३५॥

सावित्री बोली कि—सबप्राणियों में, मन, वाणी और कर्म से द्रोहत्याग, दया और यथाशक्ति दान करना सत्पुरुषों का सनातन धर्म है। इसी प्रकार का यह लोक है तथा इस लोक के मनुष्य बड़ी भक्ति वाले हैं जो कि भक्तिमान् होने से मित्र कहे जा सक्ते हैं और सत्पुरुष वे कहाते हैं जो शरण में आये शत्रुओं पर भी दया करते हैं ॥ ३४ । ३५ ॥

यमउवाच—पिपासितस्येवभवेद्यथापयस्तथात्वयावाक्यमिदंसमीरितम्। विनापुनःसत्यवतोऽस्यजीवितं वरंवृणीष्वेहशुभे ! यदिच्छसि ॥३६॥

यम बोले कि—हे सुन्दरि ! यह तेरा कहा हुआ वाक्य सुनने वाले को इतना सुखदेने वाला है कि जितना सुख प्यासे को पानी के मिलने वा पीने से होता है। हे सावित्रि ! इस सत्यवान् के जीवन को छोड़ कर जिस को चाहे उस वर को (फिर से) माग ॥३६॥

सावित्र्युवाच—ममानपत्यःपृथिवीपतिःपिता भवेत्पितुःपुत्रशतंतथौरसम्। कुलस्यसन्तानकरंचयद्भवेत्तृतीयमेतद्वरयामितेवरम् ॥३७॥

सावित्री बोली कि—हे देव ! मेरा पिता राजा अश्वपति सन्तान रहित है उस के वंशकर्त्ता (औरस) सौ पुत्र उत्पन्न होवें यह तीसरा वर आप से मागती हूं ॥३७॥

यमउवाच—कुलस्यसन्तानकरंसुवर्चसं शतंसुतानांपितुरस्तुतेशुभे!। कृतेनकामेनमयानृपात्मजे ! निवर्त्तदूरंहिपथस्त्वमागता ॥३८॥

यम बोले कि—हे सुन्दरि ! तेरे पिता के वंशकर्त्ता तेजस्वी सौ पुत्र होवेंगे। अब मैंने तेरी इच्छा को पूर्ण कर दिया। हे राजपुत्रि ! लौट जा तू मार्ग से बहुत दूर आगई ॥ ३८ ॥

सावित्र्युवाच—नदूरमेतन्ममभर्त्तृसन्निधौ मनोहिमेदूरतरंप्रधावति। अथव्रजन्नेवगिरंसमुद्यतां मयोच्यमानांशृणु भूयएवच ॥३९॥

सावित्री बोली कि—हे देव ! पति के समीप में मुझे इतना दूर नहीं है परन्तु मेरा मन तो अतिदूर को भागता है । मुझ से कही हुई युक्तियुक्त वाणी को तुम चलते हुए फिर सुनो ॥३९॥

सावित्र्युवाच—विवस्वतस्त्वंतनयःप्रतापवाँस्ततोहिवैवस्वत-
उच्यसेबुधैः । समेनधर्मेणचरन्तिताःप्रजास्ततस्तवेहे-
श्वर ! धर्मराजता ॥४०॥
आत्मन्यपिनविश्वास-स्तथाभवतिसत्सुयः
तस्मात्सत्सुविशेषेण सर्वप्रणयमिच्छति ॥४१॥
सौहृदात्सर्वभूतानां विश्वासोनामजायते ।
तस्मात्सत्सुविशेषेण विश्वासंकुरुतेजनः ॥ ४२ ॥

सावित्री बोली कि—हे देव ! तुम विवस्वान् के पुत्र हो इसी लिये पण्डित लोग आप को "वैवस्वत" कहते हैं । सम्पूर्ण प्रजा समान धर्म वा एक प्रकार से निवासादि करती है [अर्थात् सबल निर्बल को सता नहीं सकता और यदि सताता है तो दण्ड पाता है] इस कारण हे ईश्वर ! आप की धर्मराजता ठीक सार्थक है । अपने में वैसा विश्वास नहीं होता जैसा कि सत्पुरुषों में होता है इसी लिये सब प्राणी अधिकता से सत्पुरुषों में नम्रता करना वा मित्रता को चाहते हैं । और सत्पुरुष सब प्राणियों पर मित्रदृष्टि (वा दयादृष्टि) रखते हैं इस कारण उन की स्वाभाविक दयादृष्टि से उन में सब का विश्वास हो जाता है इसी कारण मनुष्य वा प्राणिमात्र सत्पुरुषों में विशेषता से विश्वास करते हैं ॥ ४०—४२ ॥

यमउवाच—उदाहृतंतेवचनंयदङ्गने ! शुभे ! नताहृक्त्वहृते-
श्रुतंमया । अनेनतुष्टोऽस्मिविनास्यजीवितं वरंचतुर्थं-
वरयस्वभाविनि ! ॥४३॥

यम बोले कि हे कोमल अङ्गोंवाली सुन्दरि ! तूने जो वचन कहा है इस के समान मैंने अन्य किसी से ऐसा वचन नहीं सुना । हे स्त्रि ! मैं तेरे इस वचन से प्रसन्न हूं इस के जीवन को छोड़ कर मुझ से तू चौथा वर माग ॥४३

सावित्र्युवाच–ममात्मजंसत्यवतस्तथौरसं भवेदुभाभ्यामिह-
यत्कुलोद्वहम् । शतंसुतानांबलवीर्य्यशालिनामिदंचतुर्थं-
वरयामितेवरम् ॥४४॥

सावित्री बोली कि–हे देव ! मेरे तथा सत्यवान् के वंशकर्त्ता बड़े पराक्रमी सौ औरस पुत्र होवें यह तुम से चौथा वर मागती हूं ॥ ४४ ॥

यमउवाच–शतंसुतानांबलवीर्यशालिनां भविष्यतिप्रीतिक-
रंतवाबले ! । परिश्रमस्तेनभवेन्नृपात्मजे ! निवर्त्तदूरं-
हिपथस्त्वमागता ॥४५॥

यम ने कहा कि–हे अबले ! तेरे बड़े पराक्रमी तथा प्रसन्नता उत्पन्न करने वाले सौ पुत्र उत्पन्न होवेंगे । हे राजपुत्रि ! तुझे परिश्रम न हो इस विचार से कहता हूं कि अब तू लौटजा तू मार्ग से बहुत दूर आगई ॥४५॥

सावित्र्युवाच-सतांसदाशाश्वतधर्मवृत्तिः सन्तोनसीदन्तिन-
चव्यथन्ति । सतांसद्भिर्नाफलःसंगमोऽस्ति सद्भ्योभयंनानु
वर्त्तन्तिसन्तः ॥ ४६ ॥ सन्तोहिसत्येननयन्तिसूर्यं सन्तोभू-
मिंतपसाधारयन्ति । सन्तोगतिर्भूतभव्यस्यराजन् सतांम-
ध्येनावसीदन्तिसन्तः ॥ ४७ ॥

आर्य्यजुष्टमिदंवृत्त–मितिविज्ञायशाश्वतम् ।
सन्तःपरार्थंकुर्वाणा नावेक्षन्तिपरस्परम् ॥४८॥

न च प्रसादः सत्पुरुषेषु मोघो न चाप्यर्थो नश्यति
नातिमानः। यस्मादेतन्नियतं सत्सु नित्यं तस्मात्सन्तो र-
क्षितारोभवन्ति ॥४९॥

सावित्री बोली कि–हे देव । सत्पुरुष सदा सनातन धर्म का वर्त्ताव करते हैं अतः वे सत्पुरुष न दुःखित होते और न धर्मादि शुभ कर्म से चलायमान होते हैं । सत्पुरुषों का संगम निष्फल नहीं होता और सत्पुरुषों से सत्पुरुषों को भय भी नहीं होता । सत्पुरुष ही सत्य से सूर्य्य को मर्यादा में ले चलते हैं ।

सत्पुरुष ही अपने तप से पृथिवी को धारण करते हैं। सत्पुरुष ही भूत और भविष्यत् की गति हैं और सत्पुरुषों के बीच में सत्पुरुष दुःखित नहीं होते हैं। सत्पुरुष यह जानते हैं कि परोपकार करना सनातन और आर्यों—श्रेष्ठपुरुषों से सेवित है अतः उस को अपना कर्त्तव्य समझ कर करते हैं आर्य लोग यह नहीं देखते कि इस ने हमारा कुछ उपकार किया है वा नहीं। सत्पुरुषों की प्रसन्नता व्यर्थ नहीं जाती, सत्पुरुषों के आश्रय से प्रयोजन नष्ट नहीं होता और न सत्पुरुषों के सङ्ग से प्रतिष्ठाभङ्ग होता है किन्तु परोपकार, प्रयोजनसिद्धि और प्रतिष्ठा करना सत्पुरुषों में नियत है तिस से सत्पुरुष सब के रक्षक होते हैं॥४९॥

यमउवाच—यथा यथा भाषसि धर्मसंहितं मनोऽनुकूलं सुपदं महार्थवत्। तथा तथा मे त्वयि भक्तिरुत्तमा वरं वृणीष्वाप्रतिमं पतिव्रते ! ॥५०॥

यम बोले कि—हे सावित्रि ! जैसे २ तू मन के अनुकूल, अच्छेपद वाले, गम्भीर अर्थयुक्त और धर्म सहित वचन को कहती है वैसे २ मेरी तुझ में उत्तम भक्ति उत्पन्न होती जाती है। हे पतिव्रते ! तू मुझ से अनुपम (वेमिसाल) वर माग॥

सावित्र्युवाच—नतेऽपवर्गः सुकृताद्विनाकृतस्तथा यथाऽन्येषु वरेषु मानद !। वरं वृणे जीवतु सत्यवानयं यथा मृताह्येवमहं पतिं विना ॥ न कामये भर्त्तृविनाकृता सुखं न कामये भर्त्तृविनाकृता दिवम्। न कामये भर्त्तृविनाकृता श्रियं न भर्त्तृहीना व्यवसामि जीवितुम्। वरातिसर्गः शतपुत्रता मम त्वयैव दत्तो ह्रियते च मे पतिः॥ वरं वृणे जीवतु सत्यवानयं तवैव सत्यं वचनं भविष्यति ॥५१—५३॥

सावित्री बोली कि—हे मान देने वाले देव ! जैसे पुण्य संचय के विना अन्य वर नहीं मिलते वैसे ही अधिक पुण्य संचय के विना तुम्हारा अपवर्ग-मोक्ष पद भी नहीं मिल सक्ता है। मैं तुम से यही वर मागती हूं कि मेरा पति यह सत्यवान् जीवित हो जावे। आप निश्चित समझें कि मैं पति के विना मरी हुई हूं। मैं पति के विना सुख (स्वर्ग लोक) लक्ष्मी और अपने जीवन को भी

नहीं चाहती हूं । तुमने ही मुझे सौ पुत्र होने का वर दिया है और तुम्हीं मेरे पति को हरे लिये जाते हो । मैं यही वर मागती हूं कि मेरा पति यह सत्यवान् जीवित हो जावे इस वर के पूरे होने से तुम्हाराही वचन (सौ पुत्र होना) सत्य होगा ॥ ५१–५३ ॥

मार्कण्डेयउवाच–तथेत्युक्त्वातुतंपाशं मुक्त्वावैवस्वतोयमः ।
धर्मराजःप्रहृष्टात्मा सावित्रीमिदमब्रवीत् ॥५४॥
एषभद्रे ! मयामुक्तो भर्त्तातेकुलनन्दिनि ! ।
अरोगस्तवनेयश्च सिद्धार्थःसभविष्यति ॥ ५५ ॥
चतुर्वर्षशतायुश्च त्वयासार्द्धमवाप्स्यति ।
इष्ट्वायज्ञैश्चधर्मेण लोकेख्यातिंगमिष्यति ॥ ५६ ॥
त्वयिपुत्रशतंचैव सत्यवाञ्जनयिष्यति ।
तेचापिसर्वेराजानः क्षत्रियाःपुत्रपौत्रिणः ॥ ५७ ॥
ख्यातास्त्वन्नामधेयाश्च भविष्यन्तीहशाश्वताः ।
पितुश्चतेपुत्रशतं भवितातवमातरि ॥ ५८ ॥
मालव्यांमालवानाम शाश्वताःपुत्रपौत्रिणः ।
भ्रातरस्तेभविष्यन्ति क्षत्रियास्त्रिदशोपमाः ॥ ५९ ॥

मार्कण्डेय महाराज युधिष्ठिर से कहते हैं कि–हे राजन्! विवस्वान् के पुत्र धर्मराज यम ने सावित्री से कहा "कि सत्यवान् जीवित हो जावे" यह कर कर और पाश को छोड़ कर प्रसन्नतापूर्वक सावित्री से यह बोले—हे पिता श्वशुर के कुल को आनन्दित करने वाली कल्याणि ! सावित्रि ! देख मैंने तेरे पति को यह छोड़ दिया यह तेरा पति रोगरहित, कृतकार्य और तुझ से ले जाने योग्य होवेगा । और तेरे साथ चार सौ वर्ष की आयु को पावेगा । अश्वमेधादि नाम वाले यज्ञों से धर्मपूर्वक यजन करके लोक में अच्छी कीर्त्ति वाला तथा प्रसिद्ध होगा । और सत्यवान् तुझ में सौ पुत्रों को उत्पन्न करेगा । वे सौ पुत्र, पुत्र पौत्र वाले वंशकर्त्ता सावित्रीपनामक सब के सब क्षत्रिय राजा होवेंगे । तथा तेरी मालवी माता में तेरे पिता के वंशकर्त्ता पुत्र पौत्र वाले सौ पुत्र उत्पन्न होवेंगे वे तेरे भाई क्षत्रिय देवताओं के तुल्य रूप शौर्यादि में होवेंगे ॥५४–५९॥

एवंतस्यैवरंदत्वा धर्मराजःप्रतापवान् ।
निवर्त्तयित्वासावित्रीं स्वमेवभवनंययौ ॥ ६० ॥
सावित्र्यपियमेयाते भर्त्तारंप्रतिलभ्यच ।
जगामतत्रयत्रास्य भर्त्तुःश्यावंकलेवरम् ॥ ६१ ॥
साभूमौप्रेक्ष्यभर्त्तार-मुपसृत्योपगृह्यच ।
उत्संगेशिरश्रारोप्य भूमावुपविवेशह ॥ ६२ ॥
संज्ञांचसपुनर्लब्ध्वा सावित्रीमभ्यभाषत ।
प्रोष्यागतइवप्रेम्णा पुनःपुनरुदीक्ष्यवै ॥ ६३ ॥

प्रताप वाले धर्मराज इस प्रकार उस सावित्री को वर देकर तथा उसे लौटाकर अपने लोक को चले गये । यमराज के चले जाने पर सावित्री भी अपने पति को पाकर वहां को चली जहां सत्यवान् का शव (मुर्दा) शरीर पड़ा था । वह सावित्री भूमि पर पड़े हुए पति को देख कर उस की ओर सरक कर उस के शिर को गोद में रख कर भूमि पर बैठ गई । वह सत्यवान् फिर चेतनता को प्राप्त होकर परदेश में बस कर आये हुए की भांति सावित्री को वार २ प्रेम से देख कर यह बोला कि-॥ ६०-६३ ॥

सत्यवानुवाच-सुचिरंतवसुप्तोस्मि किमर्थंनावबोधितः ।
क्वचासौपुरुषःश्यामो योसौमांसंचकर्षह ॥ ६४ ॥

सत्यवान् बोला कि हे सावित्रि! मैं तेरी गोद में बहुत देर तक सोया तूने मुझे क्यों नहीं जगाया ? । जिस कृष्ण रंग वाले पुरुष ने मुझे खींचा था वह अब कहां गया ? ॥

सावित्र्युवाच-सुचिरंत्वंप्रसुप्तोऽसि ममाङ्केपुरुषर्षभ ! ।
गतःसभगवान्देवः प्रजासंयमनोयमः ॥ ६५ ॥
विश्रान्तोऽसिमहाभाग ! विनिद्रश्चन्द्रपात्मज ! ।
यदिशक्यंसमुत्तिष्ठ विगाढांपश्यशर्वरीम् ॥ ६६ ॥

सावित्री बोली कि-हे पुरुषों में श्रेष्ठ पते ! तुम मेरी गोद में बहुतकाल सोये और प्रजा को नियम में रखने वाले भगवान् देव यमराज चले गये । हे

राजा के पुत्र ! महाभाग ! तुमने आराम कर लिया तथा आप की निद्रा भी जाती रही इस से यदि हो सके तो उठ कर इस घोर अन्धकारयुक्त रात्रि को देखो ॥ ६५-६६ ।

मार्कण्डेयउवाच-उपलभ्यततःसंज्ञां सुखसुप्तइवोत्थितः ।
दिशःसर्वावनान्ताश्च निरीक्ष्योवाचसत्यवान् ॥ ६७ ॥
फलाहारोस्मिनिष्क्रान्त-स्त्वयासहसुमध्यमे ! ।
ततःपाटयतःकाष्ठं शिरसोमेरुजाऽभवत् ॥ ६८ ॥
शिरोऽभितापसंतप्तः स्थातुंचिरमशक्नुवन् ।
तवोत्सङ्गेप्रसुप्तोऽस्मि-इतिसर्वंस्मरेशुभे ! ।
त्वयोपगूढस्यचमे निद्रयोपहृतंमनः ।
ततोऽपश्यन्तमोघोरं पुरुषंचमहौजसम् ॥ ७० ॥
तद्यदित्वंविजानासि किंतद्ब्रूहिसुमध्यमे ! ।
स्वप्नेनयदिवादृष्टो मयिवासत्यमेवतत् ॥ ७१ ॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि-हे राजन् ! वह सत्यवान् चेतनता को प्राप्त होकर इस प्रकार उठा जैसे कि कोई सुखपूर्वक सोया हुआ मनुष्य उठे । बाद वह सत्यवान् सब दिशाओं तथा वनान्त भूमि को देख कर सावित्री से बोला कि-हे अच्छे मध्य भागवाली ! मैं फलभोजी तेरे साथ वन को आया था सो काष्ठों के काटते हुए मेरे शिर में रुजा (पीड़ा) हुई बाद में शिर की पीड़ा से दुःखित हुआ बहुत देर तक खड़ा न रह सका तिस से तेरी गोद में सो गया । हे सुन्दरि ! इतना मुझे स्मरण है । तेरी गोद में आराम के कारण निद्रा आगई बाद घोर अन्धकार और बड़े बल वाले पुरुष को देखा। हे सुन्दरि! यदि तू जानती है तो बतला कि वह सब क्या था ? । क्या मैंने यह (उक्त) सपना देखा वा सत्य ही है ? ॥ ६७-७१ ॥

तमुवाचाथसावित्री रजनीव्यवगाहते ।
श्वस्तेसर्वंयथावृत्त-माख्यास्यामिनृपात्मज ! ॥ ७२ ॥
उत्तिष्ठोत्तिष्ठभद्रन्ते पितरौपश्यसुव्रत ! ।

विगाढारजनीचेयं निवृत्तश्चदिवाकरः ॥७३॥
नक्तंचराश्चरन्त्येते हृष्टाःक्रूराभिभाषिणः ।
श्रूयन्तेपर्णशब्दाश्च मृगाणांचरतांवने ॥७४॥
एतान्घोराञ्छिवानादान्-दिशंदक्षिणपश्चिमाम् ।
आस्थायविरुवन्त्युग्राः कम्पयन्त्योमनोमम ॥७५॥

बाद सावित्री ने कहा कि हे राजपुत्र ! इस समय घोर रात्रि का समय है कल को तुम से सब यथार्थ वृत्त (हाल) कहूंगी । हे अच्छे व्रत वाले राजपुत्र ! तुम्हारा कल्याण हो उठो २ और अपने मातापिता को [चलकर] देखो । इस समय यह बड़ी गहरी रात्रि है और सूर्य अस्त हो गया है । देखो ये भयंकर शब्द बोलने वाले रात्रिचर (रात में फिरने वाले) प्राणी प्रसन्न होकर इधर उधर को भाग रहे हैं और वन में मृगों के चलने से पत्तों की ध्वनि कैसी होती है । देखो भयावनी गिदड़ियां दक्षिण और पश्चिम दिशाओं में स्थित होकर कैसे घोर नादों (शब्दों) को करती हैं जिन के कारण मेरा मन कांपता है ॥ ७२–७५ ॥

सत्यवानुवाच-वनंप्रतिभयाकारं घनेनतमसावृतम् ।
नविज्ञास्यसिपन्थानं गन्तुंचैवनशक्ष्यसि ॥७६॥

सत्यवान् बोले कि–हे सावित्रि ! यह वन स्वाभाविक ही भयङ्कर है और अब रात्रि समय घने अन्धकार से ढांपा हुआ है इस से तू मार्ग को न जान सकेगी और न चल ही सकेगी ॥ ७६ ॥

सावित्र्युवाच-अस्मिन्नद्यवनेदग्धे शुष्कवृक्षःस्थितोज्वलन् ।
वायुनाधमायमानोऽत्र दृश्यतेऽग्निःक्वचित्क्वचित् ॥७७॥
ततोऽग्निमानयित्वेह ज्वालयिष्यामिसर्वतः ।
काष्ठानीमानिसन्तीह जहिसन्तापमात्मनः ॥७८॥
यदिनोत्सहसेगन्तुं सरुजंत्वांहिलक्षये ।
नचज्ञास्यसिपन्थानं तमसासंवृतेवने ॥७९॥
श्वःप्रभातेवनेदृश्ये यास्यावोऽनुमतेतव ।
वसावेहक्षपामेकां रुचितंयदितेऽनघ ! ॥८०॥

सावित्री बोली कि—आज इस वन में अग्नि से वन के जलने के कारण वह एक सूखा वृक्ष जलता हुआ स्थित है और वायु के वेग से उस वृक्ष में से इधर उधर को पतंगे उड़ते हुए दीख पड़ते हैं सो मैं वहां से अग्नि लाकर अग्नि को सब ओर जला दूं [जिस से किसी प्रकार का भय न रहे] यहां बहुत से काष्ठ—लकड़ी लक्कड़ पड़े ही हैं तुम अपने दुःख को छोड़ो। मैं तुम को अभी दुःखित—चलने में असमर्थ देखती हूं इस से यदि तुम चलने के लिये उत्साह नहीं करते तो न सही इस समय न चलना ही ठीक है क्योंकि अन्धकार से वन ढंपा हुआ है इस कारण तुम मार्ग भी न जान सकोगे। जब कल प्रातःकाल होने पर वन वा वन मार्ग दीखने लगे तब आप की इच्छानुसार हम दोनों आश्रम को चलेंगे। यदि तुम्हारी रुचि हो तो हम तुम दोनों यहां एक रात बसें ? ॥७७–८०॥

सत्यवानुवाच—शिरोरुजानिवृत्तामे स्वस्थान्यङ्गानिलक्षये ।
मातापितृभ्यामिच्छामि संगमंत्वत्प्रसादजम् ॥८१॥
नकदाचिद्विकालेहि गतपूर्वोमयाश्रमः ।
अनागतायांसन्ध्यायां मातामेप्ररुणद्धिमाम् ॥८२॥
दिवापिमयिनिष्क्रान्ते संतप्येतेगुरूमम ।
विचिनोतिहिमांतातः सहैवाश्रमवासिभिः ॥८३॥
मात्रापित्राचसुभृशं दुःखिताभ्यामहंपुरा ।
उपालब्धश्चबहुश–श्चिरेणागच्छसीतिहि ॥८४॥
कात्ववस्थातयोरद्य मदर्थमितिचिन्तये ।
तयोरदृश्येमयिच महद्दुःखंभविष्यति ॥८५॥
पुरामामूचतुश्चैव रात्रावस्रायमाणकौ ।
भृशंसुदुःखितौवृद्धौ बहुशःप्रीतिसंयुतौ ॥८६॥
त्वयाहीनौनजीवाव मुहूर्त्तमपिपुत्रक ! ।
यावद्धरिष्यसेपुत्र ! तावन्नौजीवितंध्रुवम् ॥८७॥
वृद्धयोरन्धयोर्यष्टि–स्त्वयिवंशःप्रतिष्ठितः ।

त्वयिपिण्डश्चकीर्त्तिश्च सन्तानश्चावयोरिति ॥८८॥
माता च संशयंप्राप्ता मत्कृतेऽनपकारिणी ।
अहंचसंशयंप्राप्तः कृच्छ्रमापदमास्थितः ॥८९॥
मातापितृभ्यांहिविना नाहंजीवितुमुत्सहे ।
व्यक्तमाकुलयाबुद्ध्या प्रज्ञाचक्षुःपितामम ॥९०॥
एकैकमस्यांवेलायां पृच्छत्याश्रमवासिनाम् ।
नात्मानमनुशोचामि यथाहंपितरंशुभे ! ॥९१॥
भर्त्तारंचाप्यनुगतां मातरंपरिदुर्बलाम् ।
मत्कृतेनहितावद्य सन्तापंपरमेष्यतः ॥९२॥
जीवन्तावनुजीवामि मर्त्तव्यौतौमयेतिह ।
तयोःप्रियंमेकर्त्तव्य-मितिजानामिचाप्यहम् ॥९३॥

सत्यवान् बोला कि-हे सावित्रि ! मेरे शिर की पीड़ा जाती रही और अब मैं अपने सब अङ्गों को स्वस्थ देखता हूं मैं तेरी प्रसन्नता से माता पिता से मिलना चाहता हूं । मैं पहिले इस प्रकार कुसमय में आश्रम में लौट कर कभी नहीं गया । मेरी माता सन्ध्या के पूर्व ही मुझे आश्रम के निकलने से रोका करती है किन्तु दिन में भी मेरे बाहर निकलने से मेरे माता पिता दुःखित होते हैं और मेरे पिता आश्रमवासी ब्राह्मणादि को साथ लेकर इधर उधर ढूंढ़ा करते हैं । एक समय पहिले दुःखित माता पिता ने मुझे उलहना दिया था कि हे पुत्र ! "तू बहुत देर से आया करता है" । मेरे कारण आज उन दोनों की क्या दशा हुई होगी ? मेरे वहां न दीख पड़ने से उन दोनों को बड़ा दुःख हुआ होगा । बड़े दुःखित प्रीति करने वाले मेरे माता पिता ने रात्रि समय में नेत्रों में आंसू भर कर मुझ से पहिले कहा था कि हे प्रियपुत्र ! हम दोनों तुझ से रहित होकर एक मुहूर्त्त भर भी नहीं जी सकते । हे पुत्र ! तू जब तक जीवित है तभी तक हमारा जीवन भी स्थिर है । हे बेटा ! तू हम दोनों वृद्ध और अन्धों की यष्टि (टेकने की लाठी) है हमारा पिण्ड, कीर्त्ति, वंश आदि तुझ में ही स्थित है । परोपकार करने वाली मेरी माता तो संशय (जीवन सन्देह) को मेरे कारण प्राप्त हो गई होगी और आपत्ति युक्त मैं भी कठिन

संशय को प्राप्त हो गया हूं । मैं माता पिता के विना जीवन नहीं चाहता। निश्चय है कि मेरे अन्ध पिता घबराई हुई बुद्धि से आश्रमवासियों में से एक २ से प्रतिक्षण मुझे पूछते होंगे। हे सुन्दरि ! मुझे अपना वैसा शोक नहीं है जैसा पिता और पतिव्रता तथा कृश माता का है। मेरे कारण वे दोनों आज बड़े दुःख को प्राप्त होवेंगे। उन के जीवन पर मेरा जीवन और मरण पर मेरा मरण निर्भर है और मैं यह भी जानता हूं कि उन का प्रिय मुझे करना चाहिये ॥९३॥

मार्कण्डेयउवाच–एवमुक्त्वासधर्मात्मा गुरुभक्तोगुरुप्रियः ।
उच्छ्रित्यबाहूदुःखार्त्तः सस्वरंप्ररुरोदह ॥९४॥
ततोऽब्रवीत्तथादृष्ट्वा भर्त्तारंशोककर्षितम् ।
प्रमृज्याश्रूणिनेत्राभ्यां सावित्रीधर्मचारिणी ॥९५॥

मार्कण्डेय बोले कि–हे राजन् ! युधिष्ठिर! माता पिता का भक्त तथा माता पिता का प्यारा धर्मात्मा सत्यवान् इस (उक्त) प्रकार कह कर और ऊपर को दोनों हाथ उठा कर ऊंचे स्वर से रोने लगा बाद उस प्रकार शोक से कर्षित पति को देख कर पतिव्रता सावित्री ने नेत्रों के आंसुओं को पोंछ कर यह कहा ॥९४।९५॥

सावित्र्युवाच–यदिमेऽस्तितपस्तप्तं यदिदत्तंहुतंयदि ।
श्वश्रूश्वशुरभर्त्तृणां ममपुण्यास्तुशर्वरी ॥९६॥
नस्मराम्युक्तपूर्वांवै स्वैरेष्वप्यनृतांगिरम् ।
तेनसत्येनतावद्य ध्रियेतांश्वशुरौमम ॥९७॥

सावित्री बोली कि–यदि मेरा कुछ तप तपा हुआ है, दान दिया है और हवन किया हुआ है तो मेरे सास, ससुर और पति के लिये यह रात्रि कल्याण करने वाली होवे। मैंने कभी पूर्व हंसी में भी मिथ्याभाषण नहीं किया अतः उस सत्य भाषण से मेरे सास और ससुर जीवित रहें ॥९६।९७॥

सत्यवानुवाच–कामयेदर्शनंपित्रो–र्याहिसावित्रि! माचिरम् ।
पुरामातुःपितुर्वापि यदिपश्यामिविप्रियम् ॥९८॥
नजीविष्येवरारोहे ! सत्येनात्मानमालभे ।
यदिधर्मेचतेबुद्धि–र्मांचजीवन्तमिच्छसि ।

ममप्रियंवाकर्त्तव्यं गच्छावाश्रममन्तिकात् ॥९९॥

सत्यवान् बोला कि–हे सावित्रि ! मैं माता पिता के दर्शन चाहता हूं तू शीघ्र आश्रम को चल । हे सुन्दर बनावट वाली सावित्रि ! यदि मैंने माता वा पिता को मरा हुआ देखा तो मैं नहीं जीऊंगा मैं सत्य से अपनी शपथ करता (खाता) हूं । यदि तेरी धर्म में बुद्धि है और मुझ को जीता हुआ चाहती है वा तुझे मेरा प्रिय कर्त्तव्य है तो मैं और तू दोनों आश्रम के समीप चलें ॥९८।९९॥

मार्कण्डेयउवाच–सावित्रीततउत्थाय केशान्संयम्यभाविनी ।
पतिमुत्थापयामास बाहुभ्यांपरिगृह्यवै ॥१००॥
उत्थायसत्यवांश्चापि प्रमृज्याङ्गानिपाणिना ।
सर्वादिशःसमालोक्य कठिनेदृष्टिमादधे ॥१०१॥
तमुवाचाथसावित्री श्वःफलानिहरिष्यसि ।
योगक्षेमार्थमेतन्ते नेष्यामिपरशुंत्वहम् ॥१०२॥
कृत्वाकठिनभारंसा वृक्षशाखावलम्बिनम् ।
गृहीत्वापरशुंभर्त्तुः सकाशेपुनरागमत् ॥१०३॥
वामेस्कन्धेतुवामोरू भर्त्तुर्बाहुंनिवेश्यच ।
दक्षिणेनपरिष्वज्य जगामगजगामिनी ॥१०४॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन् ! पति के वचन को सुन कर सावित्री उठी और उठ कर उस पतिव्रता ने केशों को सम्हार कर बांधा पश्चात् दोनों हाथों से पकड़ कर पति को उठाया । सत्यवान् ने भी उठ कर सब दिशाओं की ओर देखा और हाथ से शरीर को पौंछा बाद सत्यवान् ने ले चलने की बुद्धि से फल (पात्र) समिधा आदि की ओर दृष्टि डाली । बाद सावित्री ने सत्यवान् से कहा कि फलों को कल ले जाना मैं तुम्हारी रक्षा के लिये इस परशु (कुल्हारी) को साथ ले चलूंगी । तत्पश्चात् सावित्री ने फल (पात्र) आदि को बांध कर वृक्ष की शाखाओं में लटका दिया और परशु को लेकर पति के पास आगई । बांये कन्धे पर पति का हाथ रखवाकर और दहिने हाथ से पति का स्पर्श करती हुई सावित्री हथिनी की चालसे चलदी ॥१००॥

सत्यवानुवाच-अभ्यासगमनाद्भीरु! पन्थानोविदितामम।
वृक्षान्तरालोकितया ज्योत्स्नयाचापिलक्षये ॥१०५॥
आगतौस्वःपथायेन फलान्यवचितानिच।
यथागतंशुभे! गच्छ पन्थानंमाविचारय ॥१०६॥
पलाशखण्डेचैतस्मिन् पन्थाव्यावर्त्ततेद्विधा।
तस्योत्तरेणयःपन्था तेनगच्छतरस्वच ॥१०७॥
स्वस्थोऽस्मिबलवानस्मि दिदृक्षुःपितरावुभौ।
ब्रुवन्नेवत्वरायुक्तः संप्रायादाश्रमंप्रति ॥१०८॥

सत्यवान् बोला कि हे भीरु! सावित्रि! मेरे वार २ वन में आने के कारण मुझे सब मार्ग ज्ञात हैं तथा इस समय वृक्षों के बीच २ चांदनी के होने से मैं मार्ग को भली भांति देखता हूं। हम दोनों जिस मार्ग से आये थे तथा फलों को इकट्ठा किया था उसी मार्ग से चल और कुछ मार्ग का संशय मत कर। हे सावित्रि! यह जो पलाश वृक्ष (ढांक) है इस के बड़े गुट्टे के नीचे से दो मार्ग (बाट) फटते हैं उस गुट्टे से जो उत्तर को मार्ग है उस से चल और शीघ्रता कर। हे सुन्दरि! मैं इस समय स्वस्थ और बलवान् हूं और दोनों माता पिताओं को देखना चाहता हूं इस प्रकार सत्यवान् कहता हुआ सावित्री के साथ शीघ्रता से आश्रम की ओर को चल दिया ॥१०५-१०८॥

इति वनपर्वणि पतिव्रतामाहात्म्यपर्वणि सत्यवदाश्रमगमने २९६ तमोऽध्यायः ॥

मार्कण्डेयउवाच-एतस्मिन्नेवकालेतु द्युमत्सेनोमहाबलः।
लब्धचक्षुःप्रसन्नायां दृष्टौसर्वंददर्शह ॥१॥
ससर्वानाश्रमान्गत्वा शैव्ययासहभार्यया।
पुत्रहेतोःपरामार्त्तिं जगामभरतर्षभ! ॥२॥
तावाश्रमान्नदीश्चैव वनानिचसरांसिच।
तस्यांनिशिविचिन्वन्तौ दम्पतीपरिजग्मतुः ॥३॥

श्रुत्वाशब्दंतुयंकंचि–दुन्मुखौसुतशङ्कया ।
सावित्र्यासहितोऽभ्येति सत्यवानित्यभाषताम् ॥४॥
भिन्नैश्चपरुषैःपादैः सव्रणैःशोणितोक्षितैः ।
कुशकण्टकविद्धाङ्गा–वुन्मत्ताविवधावतः ॥५॥
ततोऽभिसृत्यतैर्विप्रैः सर्वैराश्रमवासिभिः ।
परिवार्य्यसमाश्वास्य तावानीतौस्वमाश्रमम् ॥६॥
तत्रभार्य्यासहायःस वृतोवृद्धैस्तपोधनैः ।
आश्वासितोविचित्रार्थैः पूर्वराज्ञांकथाश्रयैः ॥७॥
ततस्तौपुनराश्वस्तौ वृद्धौपुत्रदिदृक्षया ।
बाल्येवृत्तानिपुत्रस्य स्मरन्तौभृशदुःखितौ ॥८॥
पुनरुक्त्वाचकरुणां वाचंतौशोककर्षितौ ।
हा पुत्र ! हा साध्वि वधु ! क्वासिक्वासीत्यरोदताम् ।
ब्राह्मणाःसत्यवाक्तेषा–मुवाचेदंतयोर्वचः ॥९॥

मार्कण्डेय ऋषि कहते हैं कि–हे भरतकुलोत्पन्नों में श्रेष्ठ युधिष्ठिर ! इसबीच के समय में सत्यवान् का पिता राजा द्युमत्सेन बलवान् और नेत्र वाला होकर स्पष्ट दृष्टि वाला होगया उस ने फिर सब ओर को देखा। वह द्युमत्सेन अपनी शैव्या भार्या के साथ सब आश्रमों में गया और पुत्र के कारण परम दुःखित हुआ। वे दोनों स्त्रीपुरुष उस रात्रि में नदी, तालाब और वनों में सत्यवान् और सावित्री को ढूंढ़ते हुए इधर उधर भागते रहे। वे दोनों जब कोई शब्द सुनते तो ऊपर को मुख उठा कर कहते कि सावित्री के साथ सत्यवान् आता है। वे दोनों शैव्या और राजा द्युमत्सेन पत्थर आदि से कटे तथा घायल और लोहू से सने हुए पगों से चारो ओर को उन्मत्त की भांति भागते थे और उन दोनों का शरीर कुश और कांटों से विंध गया था। बाद वे आश्रमवासी ब्राह्मण आश्रमों से निकल उन को घेर–समझा कर द्युमत्सेन के आश्रम में ले आये। पश्चात् वृद्ध तपस्वियों ने पहिले राजाओं की विचित्र कथा कह कर स्त्रीसहित राजा को समझाया। पीछे वे दोनों समझकर भी बालकपन में पुत्र के खेल

आदि को स्मरण कर अति दुःखित हुए । बाद वे दोनों शोक से युक्त होकर कहने लगे कि हा ! पुत्र ! हा ! श्रेष्ठ पुत्रवधु ! तुम दोनों कहां हो ऐसी करुणा युक्त वाणी को कह २ कर रोने लगे। उन ब्राह्मणों में से सत्यवादी एक ब्राह्मण दोनों से यह वचन बोला ॥ १–९ ॥

सुवर्चाउवाच–यथास्यभार्य्यासावित्री तपसाचदमेनच ।
आचारेणचसंयुक्ता तथाजीवतिसत्यवान् ॥१०॥

सुवर्चा नाम के ऋषि बोले कि–उस सत्यवान् की स्त्री सावित्री तप, जितेन्द्रियता और सदाचार से युक्त है इस कारण जानना और मानना चाहिये कि सत्यवान् जीता है [ऐसी सुलक्षणा पुण्यशीला स्त्री विधवा कदापि नहीं हो सकती] ॥१०॥

गौतमउवाच–वेदाःसाङ्गामयाधीता–स्तपोमेसंचितंमहत् ।
कौमारंब्रह्मचर्य्यंच गुरवोऽग्निश्चतोषिताः ॥११॥
समाहितेनचीर्णानि सर्वाण्येवव्रतानिमे ।
वायुभक्षोपवासश्च कृतोमेविधिवत्पुरा ॥१२॥
अनेनतपसावेद्मि सर्वंपरचिकीर्षितम् ।
सत्यमेतन्निबोधध्वं ध्रियतेसत्यवानिति ॥१३॥

गौतम ऋषि बोले कि–मैंने साङ्गोपाङ्ग वेदों को पढ़ा है मेरा बहुतसा तप संचित है, मैं जन्म से लेकर अखण्ड ब्रह्मचारी हूं, मैंने माता पिता गुरु और अग्नि (होम से) को सन्तुष्ट कर दिया था, मैंने सावधानतापूर्वक सब (चान्द्रायणादि) व्रतों को पूरा किया है और मैंने वायु भक्ष हो कर पहिले व्रत किया था इन उक्त तपों के प्रभाव से मैं योगबल (दिव्यसंवित्) द्वारा दूसरे का वृत्तान्त वा मन की बात जानता हूं । तुम सब लोग सत्य जानो कि—"सत्यवान् जीता है" ॥ ११–१३ ॥

शिष्यउवाच–उपाध्यायस्यमेवक्त्राद् यथावाक्यंविनिःसृतम् ।
नैवजातुभवेन्मिथ्या तथाजीवतिसत्यवान् ॥१४॥

गौतम ऋषि का शिष्य बोला कि—मेरे अध्यापक गुरु गौतम जी के मुख से जिस प्रकार जैसा वाक्य निकला है वह कभी मिथ्या नहीं हो सक्ता इस से निश्चय जानो कि "सत्यवान् जीता है" ॥ १४ ॥

ऋषयऊचुः-यथास्यभार्यासावित्री सर्वैरेवसुलक्षणैः ।
अवैधव्यकरैर्युक्ता तथाजीवतिसत्यवान् ॥ १५ ॥

सब ऋषि इकट्ठे होकर बोले कि-सत्यवान् की स्त्री सावित्री सौभाग्य (सदा सुहाग) के श्रेष्ठ सभी लक्षणों से युक्त है इस से "सत्यवान् जीता है" ॥१५॥

भरद्वाजउवाच-यथास्यभार्या सावित्रीतपसाचदमेनच ।
आचारेणचसंयुक्ता तथाजीवतिसत्यवान् ॥१६॥

भरद्वाज ऋषि बोले कि-सत्यवान् की स्त्री सावित्री तप, जितेन्द्रियता और सदाचार से युक्त है इस से " सत्यवान् अवश्य जीता है " ॥१६॥

दाल्भ्यउवाच-यथादृष्टिःप्रवृत्ताते सावित्र्याश्चयथाव्रतम् ।
गताहारमकृत्वाच तथाजीवतिसत्यवान् ॥१७ ॥

दाल्भ्य ऋषि राजा द्युमत्सेन से कहते हैं कि-हे राजन् ! तुम्हारे नेत्र होगये सावित्री ने बड़ा कठिन व्रत किया है और वह सावित्री आहार विना किये हुए वन को गई है इन सब हेतुओं से ज्ञात होता है कि "सत्यवान् जीता है" ये अनिष्ट के चिह्न नहीं किन्तु इष्ट के हैं ॥ १७ ॥

आपस्तम्बउवाच-यथादवन्तिशान्तायां दिशिवैमृगपक्षिणः ।
पार्थिवीचप्रवृत्तिस्ते तथाजीवतिसत्यवान् ॥१८॥

आपस्तम्ब ऋषि राजा से कहते हैं कि—शान्त दिशा में मृग और पक्षी बोलते हैं और तुम्हारा वर्त्ताव राजापन से युक्त होगया है वा तुम्हारे नेत्रवान् होने से प्रतीत होता है कि तुम्हें अभ्युदय सुख होगा इस से "सत्यवान् जीता है"

धौम्यउवाच-सर्वैर्गुणैरुपेतस्ते यथापुत्रोजनप्रियः ।
दीर्घायुर्लक्षणोपेत-स्तथाजीवतिसत्यवान् ॥१९॥

धौम्य ऋषि राजा से कहते हैं कि-तुम्हारा पुत्र सब सद्गुणों से युक्त तथा सब का प्यारा और दीर्घ आयु के लक्षणों से युक्त है अतः "सत्यवान् जीता है" यह जानो ॥ १९ ॥

मार्कण्डेयउवाच-एवमाश्वासित-स्तैस्तुसत्यवाग्भिस्तपस्विभिः
तांस्तान्विगणयन्सर्वा-स्ततःस्थिरइवाभवत् ॥२०॥

ततोमुहूर्त्तात्सावित्री भर्त्रासत्यवतासह ।
आजगामाश्रमंरात्रौ प्रहृष्टाप्रविवेशह ॥ २१ ॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि—हे राजन् ! जब राजा द्युमत्सेन को सत्यवादी तपस्वी ब्राह्मणों ने इस (उक्त) प्रकार समझाया तब वह राजा उन ऋषि के वचनों को सत्य मानता हुआ कुछ धैर्यवान् हुआ । एक मुहूर्त्त के पश्चात् अपने पति सत्यवान् के साथ सावित्री आश्रम के निकट आई और प्रसन्न होकर आश्रम में प्रवेश किया ॥ २० । २१ ॥

ब्राह्मणाऊचुः-पुत्रेणसगतंत्वान्तु चक्षुष्मन्तंनिरीक्ष्यच ।
सर्वैवयंवैपृच्छामो वृद्धिंवैपृथिवीपते ! ॥२२॥
समागमेनपुत्रस्य सावित्र्यादर्शनेनच ।
चक्षुषश्चात्मनोलाभात् त्रिभिर्दिष्ट्याविवर्द्धसे ॥२३ ॥
सत्वमस्माभिरुक्तंयत् तथातन्नात्रसंशयः ।
भूयोभूयःसमृद्धिस्ते क्षिप्रमेवभविष्यति ॥२४ ॥

सब इकट्ठे हुए तपस्वी ब्राह्मण राजा द्युमत्सेन से बोले कि—हे राजन् ! हम सब तुम को पुत्र के साथ मिला हुआ तथा नेत्रवान् देख कर तुम्हारी वृद्धि से प्रसन्न होते (पूछते) हैं । हे राजन् ! १ पुत्र का समागम, २ सावित्री का दर्शन, ३ अपने नेत्र पाना इन अलभ्य लाभों को पाकर प्रारब्ध से बढ़े वा बढ़ते हो सो हमने तुम से जो कुछ कहा है वह सब निःसन्देह सत्य होगा । अब से आगे २ तुम्हारी और भी अधिक २ समृद्धि होगी ॥ २२—२४ ॥

ततोऽग्निंतत्रसंज्वाल्य द्विजास्तेसर्वएवहि ।
उपासांचक्रिरेपार्थ ! द्युमत्सेनंमहीपतिम् ॥२५॥
शैव्याचसत्यवांश्चैव सावित्रीचैकतःस्थिता ।
सर्वैस्तैरभ्यनुज्ञाता विशोकाःसमुपाविशन् ॥२६॥
ततोराज्ञासहासीनाः सर्वेतेवनवासिनः ।
जातकौतूहलाःपार्थ ! पप्रच्छुर्नृपतेःसुतम् ॥२७॥

मार्कण्डेय कहते हैं कि–हे युधिष्ठिर ! पश्चात् अग्नि को जला कर सब ब्राह्मण राजा द्युमत्सेन के निकट बैठ गये और ब्राह्मणों की आज्ञा से राजा द्युमत्सेन की स्त्री शैव्या, सत्यवान् और सावित्री एक ओर शोक रहित हो कर बैठी। बाद राजा के निकट बैठे हुए आश्चर्ययुक्त वनवासी सब तपस्वियों ने राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान् से पूछा ॥२॥

ऋषयऊचुः–प्रागेवनागतंकस्मात् सभार्य्येणत्वयाविभो ! ।
विरात्रेचागतंकस्मात् कोऽनुबन्धस्तवाभवत् ॥२८॥
सन्तापितःपितामाता वयंचैवनृपात्मज ! ।
कस्मादितिनजानीम–स्तत्सर्वंवक्तुमर्हसि ॥२९॥

ऋषियों ने पूछा कि हे प्रभो ! सत्यवन् ! स्त्री के साथ पहिले ही (सन्ध्यासमय) क्यों नहीं लौट आये ? तुम्हारे इस अर्धरात्र समय आने में कौन कारण हुआ ? । हे राजपुत्र ! तुमने अपने माता पिता तथा हम को किस कारण दुःखित किया उस कारण को हम नहीं जानते सो तुम उस कारण को बतलाओ कि जिस से तुम को वन से आने में रुकावट हुई ॥२८ । २९॥

सत्यवानुवाच–पित्राहमभ्यनुज्ञातः सावित्रीसहितोगतः ।
अथमेऽभूच्छिरोदुःखं वनेकाष्ठानिभिन्दतः ।
सुप्तश्चाहंवेदनया चिरमित्युपलक्षये ।
तावत्कालंनचमया सुप्तपूर्वंकदाचन ॥३१॥
सर्वेषामेवभवतां सन्तापोमाभवेदिति ।
अतोविरात्रागमनं नान्यदस्तीहकारणम् ॥३२॥

सत्यवान् ने ऋषियों को उत्तर दिया कि–मैं पिता की आज्ञानुसार सावित्री के साथ वन को गया था वहां काष्ठों को काटते हुए मेरे शिर में पीड़ा हुई उस पीड़ा से मैं बहुत देर तक सोता रहा यह मुझे ज्ञात है। मैंने पहिले उतने अधिक समय तक कभी शयन नहीं किया। आप सबों को मेरे न आने के कारण दुःख न होवे इस विचार से अर्द्धरात्र समय आया हूं अन्य कोई कारण नहीं है ॥ ३०–३२ ॥

गौतमउवाच–अकस्माच्चक्षुषः प्राप्तिर्द्युमत्सेनस्यतेपितुः ।
नास्यत्वंकारणंवेत्सि सावित्रीवक्तुमर्हति ॥३३॥

श्रोतुमिच्छामिसावित्रि ! त्वंहिवेत्थपरावरम् ।
त्वांहिजानामिसावित्रि ! सावित्रीमिवतेजसा ॥३४॥
त्वमत्रहेतुंजानीषे तस्मात्सत्यंनिरुच्यताम् ।
रहस्यंयदितेनास्ति किंचिदत्रवदस्वनः ॥३५॥

गौतम ऋषि सत्यवान् से बोले कि हे सत्यवन् ! अकस्मात् तुम्हारे पिता को नेत्रों की प्राप्ति हुई है तुम इस का कारण नहीं जानते हो । सावित्री इस के कारण को कह सक्ती है । और गौतम जी सावित्री से कहने लगे कि हे सावित्रि ! मैं तेरे श्वशुर को अकस्मात् नेत्र प्राप्त हुये इस का कारण सुनना चाहता हूं हे सावित्रि ! मैं तुझे सावित्री (गायत्री) के समान तेजस्विनी समझता हूं । तू उक्त नेत्र प्राप्ति के कारण को जानती है तिस से यदि तुझ को इस विषय में कोई छिपाव न हो तो सत्य २ हम को कारण बतलादे ॥ ३३—३५ ॥

सावित्र्युवाच–एवमेतद्यथावेत्थ संकल्पोनान्यथाहिवः ।
नहिकिंचिद्रहस्यंमे श्रूयतांतथ्यमेवतत् ॥३६॥
मृत्युर्मेपत्युराख्यातो नारदेनमहात्मना ।
सचाद्यदिवसःप्राप्त–स्ततोनैनंजहाम्यहम् ॥३७॥
सुप्तंचैनंयमःसाक्षा–दुपागच्छत्सकिंकरः ।
सएनमनयद्बद्ध्वा दिशंपितृनिषेविताम् ॥३८॥
अस्तौषंतमहंदेवं सत्येनवचसाविभुम् ।
पञ्चवैतेनमेदत्ता वराःशृणुततान्मम ॥३९॥
चक्षुषीचस्वराज्यंच द्वौवरौश्वशुरस्यमे ।
लब्धंपितुःपुत्रशतं पुत्राणांचात्मनःशतम् ॥४०॥
चतुर्वर्षशतायुर्मे भर्त्तालब्धश्चसत्यवान् ।
भर्त्तुर्हिजीवितार्थंतु मयाचीर्णंत्विदंव्रतम् ॥४१॥
एतत्सर्वंसमाख्यातं कारणंविस्तरेणवः ।
यथावृत्तंसुखोदर्क–मिदंदुःखंमहन्मम ॥४२॥

सावित्री बोली कि–हे ऋषे ! जैसा आप जानते हो वैसा ही है क्योंकि आप लोगों का संकल्प मिथ्या नहीं होता है । मैं ससुर के नेत्र मिलने के कारण को जानती हूं मुझे आप लोगों से किसी बात का छिपाव नहीं है । आप सब सत्य २ वृत्तान्त सुनें–महात्मा नारद जी ने मुझ से मेरे पति सत्यवान् का मृत्यु पहिले से बतला दिया था सो आज मृत्यु होने का दिन था इसी लिये मैंने इन को अकेला वन में न जाने दिया किन्तु मैं भी साथ गई । वन में सोये हुए मेरे पति सत्यवान् के पास अनुचरों के साथ यमदेव आये और वे सत्यवान् को बांधकर पितरों की दक्षिणदिशा को चल दिये । पश्चात् मैंने ऐश्वर्यवान् देव यमराज की सत्यवचन से स्तुति की बाद उन्होंने मुझे पांच "वर" दिये उन को आप लोग सुनें–१–दो नेत्र "अपना राज्य" ये दो वर मेरे श्वशुर को दिये मेरे पिता के "३–सौ पुत्र "तथा मेरे "४–सौ पुत्र होवेंगे" ये दो और हुए तथा मेरे पति की अवस्था " ५–चार सौ वर्ष की होवेगी " यह पांचवां वर हुआ । मैंने पति के जीवन के लिये वह कठोर व्रत किया था सो सुफल हुआ मैंने आप लोगों से सुख फल वाले अपने दुःख के कारण को फैलाव से कह सुनाया ॥३६-४२॥

ऋषयऊचुः–निमज्जमानंव्यसनैरभिद्रुतं कुलंनरेन्द्रस्य तमोमयेहृदे ! । त्वयासुशीलव्रतपुण्ययाकुलं समुद्धृतंसाध्वि ! पुनःकुलीनया ॥४३॥

सब ऋषि एक साथ बोल उठे कि हे पतिव्रते ! सावित्रि ! राजा द्युमत्सेन का अनेक दुःखों से युक्त कुल अन्धकार मय ह्रद में डूबाजाता था परन्तु हे साध्वि ! अच्छे शील और व्रत वाली पवित्र कुलीन तूने राजा के कुल का फिर उद्धार कर दिया४३

मार्कण्डेयउवाच–तथाप्रशस्यह्यभिपूज्यचैव वरस्त्रियं तामृषयःसमागताः । नरेन्द्रमामन्त्र्यसपुत्रमञ्जसा शिवेन जग्मुर्मुदिताःस्वमालयम् ॥४४॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन् ! आश्रम में आये हुए प्रसन्न सब ऋषि उक्त प्रकार उस श्रेष्ठ स्त्री सावित्री की प्रशंसा और सत्कार करके तथा सत्यवान् के सहित राजा से कह कर (हम जाते हैं) सुखपूर्वक शीघ्रता से अपने आश्रमों को चले गये ॥ ४४ ॥

इति वनपर्वणि पतिव्रतामाहात्म्यपर्वणि सावित्रीकथायाम् २९७ तमोऽध्यायः ॥

मार्कण्डेयउवाच–तस्यांरात्र्यांव्यतीताया–मुदितेसूर्य्यमण्डले।

कृतपूर्वाह्णिकाःसर्वे समीयुस्तेतपोधनाः ॥१॥

तदेवसर्वंसावित्र्या महाभाग्यंमहर्षयः ।

द्युमत्सेनायनातृप्यन् कथयन्तःपुनःपुनः ॥२॥

ततःप्रकृतयःसर्वाः शाल्वेभ्योऽभ्यागतानृप ! ।

आचख्युर्निहतंचैव स्वेनामात्येनतंद्विषम् ॥३॥

तंमन्त्रिणाहतंश्रुत्वा ससहायंसबान्धवम् ।

न्यवेदयंस्तथावृत्तं विद्रुतंचद्विषद्बलम् ॥४॥

ऐकमत्यंचसर्वस्य जनस्याथनृपंप्रति ।

सचक्षुर्वाप्यचक्षुर्वा सनोराजाभवत्विति ॥५॥

अनेननिश्चयेनेह वयंप्रस्थापितानृप ! ।

प्राप्तानीमानियानानि चतुरङ्गंचतेबलम् ॥६॥

प्रयाहिराजन् ! भद्रन्ते घुष्टस्तेनगरेजयः ।

अध्यास्वचिररात्राय पितृपैतामहंपदम् ॥७॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि–हे राजन् ! उस रात्रि के बीतने तथा सूर्य के उदय होने पर उपासना अग्निहोत्रादि से निवृत्त होकर सब तपस्वी इकट्ठे होकर राजा द्युमत्सेन के पास आगये और वे महर्षि राजा द्युमत्सेन से सावित्री के महाभाग्य (पतिव्रतामाहात्म्य) को वार २ कहते हुए भी न अघाये । बाद शाल्व देश से बहुत सी प्रजा (रियाया) आई और उस प्रजा ने राजा से कहा कि आप के मन्त्री ने आप के शत्रु को मार डाला । तथा प्रजा कहने लगी कि–आप की सम्पूर्ण प्रजा ने जब सुना कि आप के मन्त्री ने सहायक और बान्धवों के सहित आप के शत्रु को मार डाला है तब आप के शत्रु का मरना और शत्रु की सेना को भागा हुआ आप के निकट निवेदित क-

राया है तथा आप के राजा होने विषय में सब की एक सम्मति है और सम्पूर्ण प्रजाने सम्मति की है कि वे द्युमत्सेन नेत्रवान् हों वा अन्धे हों दोनों दशाओं में हमारे राजा होवें। इस उक्त निश्चय से सम्पूर्ण प्रजा ने हमें आप के निकट भेजा है। आप के ये सब यान (हाथी घोड़े आदि सवारियां) मिल गये तथा आप की यह अक्षौहिणी सेना प्राप्त हो गयी। हे राजन्! पधारिये नगर में आप के जय की घोषणा (मनादी) हो गई आप चल कर अनन्त काल के लिये बाप दादे के पद पर बैठिये ॥ १। ७ ॥

चक्षुष्मन्तंचतंदृष्ट्वा राजानंवपुषान्वितम्।
मूर्ध्नानिपतिताःसर्वे विस्मयोत्फुल्ललोचनाः ॥८॥
ततोऽभिवाद्यतान्वृद्धान् द्विजानाश्रमवासिनः।
तैश्चाभिपूजितःसर्वैः प्रययौनगरंप्रति ॥९॥
शैव्याचसहसावित्र्या स्वास्तीर्णेनसुवर्चसा।
नरयुक्तेनयानेन प्रययौसेनयावृता ॥१०॥
ततोऽभिषिषिचुःप्रीत्या द्युमत्सेनंपुरोहिताः।
पुत्रंचास्यमहात्मानं यौवराज्येऽभ्यषेचयन् ॥११॥

जब प्रजा ने राजा द्युमत्सेन को नेत्रवान् और सुन्दर शरीर वाला देखा तब सब के सबों ने आश्चर्य युक्त और आनन्दित हो कर मस्तक को नवाकर प्रणाम किया। बाद राजा ने (पुत्र के साथ) आश्रमवासी वृद्ध ब्राह्मणों को प्रणाम करके और उन ब्राह्मणों से आशीर्वाद युक्त होकर नगर की ओर प्रस्थान किया। और सावित्री के साथ शैव्या भी सुन्दर सुवर्णादि जड़े हुए बड़े नरयुक्त यान (पालकी) में बैठ कर नगर की ओर चली तथा उन सबों के पीछे २ सेना चली। पश्चात् पुरोहितों ने बड़े प्रेम से राजा द्युमत्सेन का राज्याभिषेक (राज्यतिलक वा स्नान) किया कराया और राजा द्युमत्सेन के महात्मा पुत्र सत्यवान् का यौवराज्याभिषेक किया कराया अर्थात् सत्यवान् को युवराज बनाया ॥८–११॥

ततःकालेनमहता सावित्र्याःकीर्त्तिवर्द्धनम्।
तस्यैपुत्रशतंजज्ञे शूराणामनिवर्त्तिनाम् ॥१२॥

भ्रातॄणांसोदराणांच तथैवास्याभवच्छतम् ।
मद्राधिपस्याश्वपते-र्मालव्यांसुमहद्बलम् ॥१३॥

बहुत काल के पश्चात् सावित्री के कीर्त्तिवर्द्धक युद्ध से न लौटने वाले बड़े शूर वीर सौ पुत्र उत्पन्न हुए और वैसे ही सावित्री के पिता अश्वपति राजा के सावित्री की मालवी माता में सौ सहोदर (सगे) भाई उत्पन्न हुए ॥१२।१३॥

मार्कण्डेयउवाच-एवमात्मापितामाता श्वश्रूःश्वशुरएवच ।
भर्त्तुःकुलंचसावित्र्या सर्वंकृच्छ्रात्समुद्धृतम् ॥१४॥
तथैवैषापिकल्याणी द्रौपदीशीलसम्मता ।
तारयिष्यतिवःसर्वान् सावित्रीवकुलाङ्गना ॥१५॥

मार्कण्डेय ऋषि राजा युधिष्ठिर से कहते हैं कि राजन्! इस प्रकार पतिव्रता सावित्री ने अपने को, पिता, माता, सास, ससुर, पति और पति के कुल को दुःख (नरक) से बचाया । उसी प्रकार यह धर्म युक्त कल्याणी कुलीन द्रौपदी तुम सबों को कुलीन सावित्री के समान तारेगी-दुःख से बचावेगी ॥१४।१५॥

वैशम्पायनउवाच-एवंसपाण्डवस्तेन अनुनीतोमहात्मना ।
विशोकोविज्वरोराजन्! काम्यकेन्यवसत्तदा ॥१६॥
यश्चेदंशृणुयाद्भक्त्या सावित्र्याख्यानमुत्तमम् ।
ससुखीसर्वसिद्धार्थो नदुःखंप्राप्नुयान्नरः ॥१७॥

वैशम्पायन राजा जनमेजय से कहते हैं कि हे राजन्! जब महाराज युधिष्ठिर को महात्मा मार्कण्डेय जी ने इस प्रकार दृष्टान्त पूर्वक समझाया तब शोक, चिन्ता, द्वेष, और क्रोधादि से रहित हो कर काम्यक नामक वन में रहने लगे। जो कोई पुरुष इस सावित्री के उत्तम उपाख्यान को भक्ति से सुने तो उस की सब कामना पूरी होवे तथा सदा सुखी रहे और उसे कभी दुःख प्राप्त न होवें ॥१६।१७॥

इतिवनपर्वणि पतिव्रतामाहात्म्यपर्वणि द्युमत्सेनराज्यलाभे २९८ तमोऽध्यायः ॥

समाप्तं च पतिव्रतामाहात्म्यपर्व ॥

टीकाकारस्यहृदयम्–

श्रीभीमसेनोगुरुवर्य्यएव प्रणम्यतेवेदधुराप्रवोढा ।
येनोसमासाद्यपरीक्षकत्वं व्यतानिविद्याजनितासुकीर्त्तिः ॥
तेनैवक्षुसांविदुषाविवर्त्म गन्तुंसमीहेपरमार्थदृष्टि ।
एतादृशींपूरयितुंममाशा–मृतेसमर्थोभुविकःपरेशात् ॥
पहासूग्रामवास्तव्य–श्यामलालेनशर्मणा ।
इदंप्रत्नमुपाख्यानं भाषयाविशदीकृतम् ॥
प्राणवाणाङ्कचन्द्रेऽब्दे मार्गशीर्षेऽसितेदले ।
द्वितीयस्यांबुधेवारे टीकापूर्त्तिमगादियम् ॥

मूल्य घटाये हुए पुस्तकों का सूचीपत्र–

"आर्यसिद्धान्त पूर्व का छपा आठ भाग ९६ अङ्क इकट्ठा लेने पर सब का मूल्य ४) होगा पृथक् २ प्रति भाग ॥=) ईश =)॥ केन ≡) कठ ॥≡) प्रश्न॥) मुण्डक॥) माण्डूक्य =)॥ तैत्तिरीय ॥=) ऐतरेय ।-) श्वेताश्वतर ॥≡) इन नव ९ उपनिषदों पर संस्कृत और नागरी में अब तक अच्छा भाष्य होचुका है। ९ उपनि० भाष्य इकट्ठे लेनें वालों को ३।=) मनुस्मृति का धर्मान्दोलन सहित संस्कृतनागरी में अत्युत्तम भाष्य यह अलभ्य आनन्द पु० देखने से ही होगा, ३ अध्याय १ प्रथम जिल्द मूल्य २॥) द्वितीय जिल्द ६ अध्याय तक १॥) भगवद्गीता का ठीक शुद्ध २ संस्कृत नागरी में भाष्य १॥) पं० चिन्तामणि की बनाई आल्हा)॥ गणरत्नमहोदधि –व्याकरण गणपाठ की संस्कृत व्याख्या और मूल श्लोक तथा अकारादि शब्द सूची सहित १) अष्टाध्यायी भाषाटीका १।) आयुर्वेदशब्दार्णव कोष ॥) भर्तृहरि नीतिशतक भाषाटीका =)॥ भर्तृ० वैराग्यशतक भाषाटीका ≡) यमयमीसूक्त का अच्छा ठीक २ व्यवस्थायुक्त संस्कृत और भाषा भाष्य -)॥ ब्राह्मसमाज के मन्तव्य की परीक्षा =) जीवसान्तविवेक -) विदुरनीति मूल टिप्पणी सहित =) सद्विचारनिर्णय -) मांसभोजन के तीनों भागों का प्रबल युक्ति प्रमाणों के साथ नागरी में खण्डन–प्रथम भाग का -) द्वितीय =) तृतीय का =)॥ स्थावर में जीवविचार -) पुत्रकामेष्टिपद्धति -)। पुनर्जन्म का पूरा व्याख्यान =)॥ अष्टाध्यायी मूल प्रकरणों सहित ≡) देवनागरी की वर्णमाला)।१०० पुस्तक १) में धर्मलक्षण वर्णन (देखने योग्य) ≡) ऐतिहासिकनिरीक्षण मू०=) सुमतिसुधाकर मू० ≡)॥ गणितारम्भ प्रथम पढ़ाने योग्य -) नीतिसार -) गाजीमियां)॥ प्रश्नोत्तर शतक मू० =) दशोपनिषद् मूल ।) स्वर्ग में सब्जेक्ट कमेटी मू० -)॥ शास्त्रार्थखुर्जा -) सभाप्रसन्न ।) संस्कृतप्रथमश्रेणि -) पाखण्डमतकुठार -) सत्यसंगीत भजन)। सदुपदेश भजन आधा पैसा । आरती नित्य वा उत्सव पर गाने के लिये)। में दो । आर्यसमाज के नियम ≡) सैकड़ा । व्याख्यान का सामान्य विज्ञापन =) प्रति सैकड़ा । अबलाविनय ≡) धर्मबलिदान आल्हा–लेखराम बध =) जगद्वशीकरण -) कस्तूरी -) बालबोध -) शिक्षाध्याय)॥ न्यायदर्शनमूलसूत्र पाठ ≡) भजनामृतसरोवर =) संगीतरत्नाकर =) भामिनीभूषण ।) आर्यतत्त्वदर्पण =) कुरीतिनिवारण -)॥ कन्यासुधार -) संगीतसुधासागर -) वेश्यालीला नई)॥ सजीवनबूटीआल्हानई -) सत्यार्थप्रकाश पुष्ट कागज का २॥) सामान्य कागज का २) ऋग्वे०भूमिका २॥) संस्कारविधि १।) आर्याभिविनय ।) पञ्चमहायज्ञविधि ≡)॥ इत्यादि । विशेष वृत्तान्त बड़ा सूची मंगाकर देखो । ५) रु० में ६।) के पुस्तक मिलेंगे । १०) से आगे २ अधिक २ कमीशन दिया जायगा स्त्रीभजनमाला -)॥

पता–भीमसेन शर्मा सम्पादक आर्यसिद्धान्त–इटावा (पश्चिमोत्तरदेश)

ओ३म्

शास्त्रार्थ आगरा

जो

ता० १९ । २० । २१ फ़ेब्रुएरी सन् १९०१ ई० तक

आर्यसमाज आगरा

और

पं० भीमसेन शर्मा

से

मृतकश्राद्ध विषय पर हुवा

जिस को

आर्यसमाज आगरा ने तुलसीरामस्वामी से लेखबद्ध हस्ताक्षरयुक्त
प्रतिपद् का संग्रह और अनुवाद कराकर

स्वामियन्त्रालय–मेरठ

में छपवाया

प्रथमवार १५०० संवत् १९५८ चैत्र मूल्य =)

ओ३म्

निवेदन

इस शास्त्रार्थ में दोनों ही वादी और दोनों ही प्रतिवादी भी थे, अतः शास्त्रार्थ के लेख प्रतिलेख दो २ बहुत जगह एकत्र आपड़े हैं जिन को छापने में यथासम्भव किस पृष्ठ में छपे किस लेख का किस पृष्ठ में किस की ओर से क्या उत्तर है। यह बात उस २ स्थान पर जतलाने का उद्योग किया है तथापि पाठकों को बहुत सावधानी से पढ़ने में विषय का यथार्थ बोध होगा। इस लिये प्रार्थना है कि धैर्य से पूर्वपक्ष और उत्तर पक्षों को मिला २ कर आदि से अन्त तक सब पढ़ें और अन्तिम पृ० ५६। ५७ में इस का निगमन (निचोड़ वा सार) भी अवश्य पढ़ें जिस से सब ठीक २ भेद ज्ञात होजावे

किस का पक्ष सिद्ध हुवा, यह पाठकों पर ही छोड़ दिया गया है। पढ़ कर समझ लें। ज़ुबानी शास्त्रार्थ को इस में इस लिये नहीं छापा है कि प्रायः वह भी इस लेख का ही व्याख्यान था और श्रोताओं ने ही सत्य वृत्तान्त ज्ञात कर लिया। वादी प्रतिवादी कुछ कल्पना करके अपना २ विजयनाद बजावें तो कोई विश्वास न करेगा॥

ओ३म्

शास्त्रार्थ आगरा

—=*×*=—

श्री पं० भीमसेन शर्म्मा जी इटावा-निवासी ने निम्न लिखित पत्र प्रथम सर्वत्र फैलाया

ओम्-वर्त्तमान आर्यसमाज से मेरे पृथक् होने का कारण

(तथा धर्मान्दोलनार्थ सूचना)

सर्वसाधारण महाशयों को विदित हो कि यद्यपि पूर्वकाल से भी मैं वेदादि शास्त्र के अनुकूल ही लिखने, कहने तथा मानने का उद्योग करता रहा—तथापि जब से मुझे एक यज्ञ कराने के लिये श्रौतस्मार्त्तकर्मकाण्डसम्बन्धी वैदिक ग्रन्थ विशेष कर देखने पड़े तब से विशेषकर ज्ञात हो गया कि वर्त्तमान आर्यसमाज वेदोक्त धर्म कर्म को वास्तव में नहीं मानता। आर्यसमाज में केवल वैदिक धर्म शब्द का प्रचार मात्र है परन्तु वैदिक धर्म के तत्त्व को जानने वा मानने वालों का अभाव सा है। जब मुझे अनुमान १॥ वर्ष से ऐसा ज्ञात हुआ कि आर्यसमाज में वैदिकधर्म का अभावसा है, तभी से मैं इस समुदाय से अलग होगया था। बीच में यह भी विचार मन में आया कि ये लोग धर्मानुकूल सुहृद्भाव से मुझे समझा दें वा मुझ से कोई समझ लेवे तो अच्छा है। इसी कारण मैंने इन्द्रप्रस्थ में (श्रावण मास वि० ५७ सं०) जब कि सनातनधर्म सभाओं का बृहत्अधिवेशन था, लाला मुन्शीराम जी तथा सेठ लच्छीराम जी, मुं० नारायणप्रसाद जी आदि सभ्यपुरुषों के सम्मुख यज्ञकर्मान्तर्गत स्वनिश्चित पितृश्राद्ध को विचारपक्ष में लेना स्वीकार किया था, जैसा कि मैं आर्यसिद्धान्त भाग १० अं० ७—९ के पृ० ४५ में पूर्व ही छपा चुका था, परन्तु आश्चर्य कि पंजाब तथा पश्चिमोत्तरप्रदेश की प्रतिनिधिसभाओं के अग्रग-

न्ताओं ने प्रतिज्ञा करने पर भी इन विषयों के विचार के लिये कुछ भी उद्योग न किया वरन कृपा कर मेरी सुआशा को निराशा से मिलादिया ॥

यद्यपि मैंने १॥ वर्ष से समाज में जाना भी छोड़ दिया था और आर्यसिद्धान्त भाग १० के १०-१२ अङ्कों में छपा भी चुका था कि जब तक मेरे विचारपक्षस्थ यज्ञादि कर्म का ठीक २ निर्णय न हो तब तक मुझे कोई आर्य न समझे, मैं वर्त्तमान आर्यसमाजी नहीं हूं। विचार का स्थान है कि जब मैं आर्यसमाज से स्वयमेव प्रकट करके पृथक् होगया था तो (हम लोगों ने इन भी० श० को आर्यसमाज से पृथक् करदिया) ऐसा छपा कर प्रकाशित करना क्या आवश्यक वा उचित था? (ऐसे द्वेषपूर्वक हुवे वा होने वाले आक्षेपों का कुछ भी उत्तर देना मैं उचित नहीं समझता) तथापि मैं उन महाशयों के इस प्रस्ताव को अपने लिये विशेष कर हितकारी समझता हूं अर्थात् मेरी चाहना को इन आर्यलोगों ने पूर्ण किया। अब मुझे इस का बड़ा हर्ष है कि मेरे साथ किसी मत का बन्धन नहीं रहा केवल वेदशास्त्रों का बन्धन तो मुझे सर्वदा रखना स्वीकार ही है। मैं आर्यप्रतिनिधिसभा मुरादाबाद को धन्यवाद देता हूं कि मेरे पूर्व प्रस्ताव को प्रकारान्तर से स्वीकार किया है। मैं आर्यसमाज तथा धर्मसभादि के सभी समुदायों से मेल रक्खूंगा, मेरा किसी से द्वेष वा वैर नहीं है। सब के लिये निष्पक्ष वेदानुकूल सत्य धर्म को कहूंगा वा लिखूंगा। आर्यसमाज में भी अनेक मनुष्य धर्मान्वेषी, धर्म के श्रद्धालु हैं, उन के लिये तथा अन्य धर्म से प्रेम रखने वालों के लिये अब अच्छा समय आया ॥

मेरे साथ वर्त्तमान आर्यसमाज का जो विवाद हुआ उस का कारण केवल श्राद्ध वा मेषमेधी ही नहीं है किन्तु सभी वैदिक कर्मकाण्ड विवाद का हेतु है। मैं स्पष्ट कहता हूं कि आर्यसमाज श्रीमान् स्वामिदयानन्द सरस्वती जी के मन्तव्य पर भी आरूढ नहीं हैं इसीलिये संस्कारविधि भी आर्यों में ठीक २ नहीं मानी जाती। धर्म के अन्वेषी, श्रद्धालु, धर्म के प्रेमी आर्य वा हिन्दु सब लोगों की सेवा में मेरा विशेष कर निवेदन यह है कि वे महाशय मेरे इस कथन पर विश्वास और शान्ति सन्तोष रक्खें कि श्राद्ध वेदोक्त है। जीवित माता पितादि की सेवा शुश्रूषा यद्यपि कर्त्तव्य धर्म है, तथापि उस का नाम श्राद्ध नहीं है और जिज्ञासुलोगों को अवश्य ही ठीक २ इस का निर्णय होजायगा। तथा हठी लोग कदापि नहीं मानेंगे। यह धर्म का विचार

है कोई लेभगई का काम नहीं है जो शीघ्र ही मन माना छपाकर कोई सिद्ध कर लेवे। मैं जिज्ञासु लोगों को थोड़े काल में भ्रमणकर २ इस विषय का ठीक २ निश्चय कराइंगा तथा लेख द्वारा भी प्रमाणादि देकर निश्चय कराऊंगा, थोड़ा सन्तोष करें॥

मुझे ठीक २ निश्चित विश्वास है कि मेरे साथ निष्पक्ष हो कर सुहृद्भाव से कोई सुबोध शास्त्रज्ञ पुरुष कर्मकाण्डविषय में चार छः दिन भी विचार करे तो मुझे मनवा दे वा मेरी बात को वह मानले। मैं पूर्व से भी ऐसा चाहता था और अब भी चाहता हूं पर इस की आशा बहुत कम है। और श्राद्धादि के विषय में कोलाहल सम्प्रति अधिक है। लिखने वाले सम्प्रति अविद्वान् अनेक हैं। अपने २ संस्कारों के अनुसार सब लिखते हैं। अनेक लिखने वालों का मैं एक मनुष्य उत्तर दे भी नहीं सकता और जो उत्तर दे भी सकता हूं तो भी इतने से ही धर्मजिज्ञासुओं को किसी प्रकार का सन्तोषदायक विशेष निर्णय शीघ्र प्राप्त हो नहीं सकता। इस लिये यह आवश्यक प्रतीत होता है कि श्राद्धादि कर्म, मुख्य वैदिक धर्म है वा कोई अन्य वैदिकधर्म है इत्यादि निर्णय होना अवश्य चाहिये। इस कारण मैंने इस कार्य की सिद्धि का सुगम उपाय यह सोचा है कि मैं देशाटन करके वैदिकधर्म का निर्णय करूं कराऊं। यद्यपि पूर्वकाल से यह रीति थी कि जिज्ञासु लोग ज्ञानदाता के निकट आया करते थे पर अब ऐसा समय नहीं है। इस से मैं ही जिज्ञासुओं के पास जा जाकर उपदेश करूं, यह विचार स्थिर किया है। परन्तु इस दशा में छापेखाने आदि का प्रबन्ध वा भार मुझ से कोई सच्चा धर्मात्मा सर्वथा ही लेलेवे वही अधिकारी वा अध्यक्ष बन के अपनी इच्छानुसार इस का प्रबन्ध करे। यदि कोई महाशय कार्यालय का पूर्णाधिकार लेना चाहें तो वे मेरे साथ पत्रव्यवहार करें। अथवा कोई अच्छा अभिज्ञ संस्कृतज्ञ पुरुष इस का मेनेजर प्रबन्धकर्त्ता नियत होकर मेरी ओर से ही चलावे। ऐसा होने पर देशाटन हो सकेगा। यदि कोई संस्कृतज्ञ महाशय प्रबन्ध करना चाहें तो वे मुझे लिखें, वेतन यथोचित पत्रद्वारा निश्चित होगा। मैं इस पर्यटन को वैदिकधर्म प्रचार के लिये विशेष उपकारी समझता हुवा अवश्य करना चाहता हूं। इस लिये जिज्ञासु लोग मुझे सूचना देवें कि अमुक २ प्रान्त में हम लोग श्राद्धादि वैदिकधर्म कर्म का निर्णय करना कराना चाहते हैं। उन २ महाशयों

का नाम पता पर्यटन के रजिस्टर में लिखा जावे और जिस प्रान्त में जिज्ञासुओं की अधिकता देखी जाय उधर को पहिले प्रस्थान किया जाय ॥इति॥

आप का–भीमसेनशर्मा–इटावा

आगरा आर्यसमाज ने इस का यह उत्तर दिया कि–

ओ३म्

धर्मान्दोलनार्थ शास्त्रार्थ की सूचना

——— ∽%@%∽ ———

श्रीमान् पण्डित भीमसेन जी शर्म्मा महाशय ! सविनय नमस्ते

आप की धर्मान्दोलनार्थ सूचना के सम्बन्ध में आप से यह प्रार्थना है कि आर्य्यसमाज आप के निश्चित मृतकपितृश्राद्ध पर सच्छास्त्रानुसार शास्त्रार्थ करने को सर्वथा उद्यत है और अब जब कि आपने स्वयं लोगों को ज्ञान देने की प्रतिज्ञा की है तो जिज्ञासुओं और धर्मानुरागियों की विशेष कर यह अभिलाषा है कि इस विषय पर यदि सम्भव हो तो आप से ज्ञान लें, नहीं तो यदि आप का ही निश्चित सिद्धान्त भ्रमसूलक हो तो उस का निर्णय यथावत् होजावे । मनुष्य देह वार २ नहीं मिलता है और न सब मनुष्यों को स्वयं शास्त्र पढ़ने, देखने और विचारने का अवसर मिल सक्ता है और यह तो निश्चित ही है और आप को भी स्वीकृत होहीगा कि सत्य का ग्रहण और असत्य का त्याग करने के लिये मनुष्यमात्र को सर्वथा उद्यत रहना चाहिये । इस लिये आर्यसमाज आगरा ने इस धर्मान्दोलन को अतीव आवश्यक समझकर यह निश्चित किया है कि अपने (आगरा आर्य्यसमाज के) आगामी २१ वें वार्षिकोत्सव पर आप और आर्य्य प्रतिष्ठित उपदेशक विद्वान् इस विषय पर पूरा २ आन्दोलन करें । इस लिये आप से यह प्रार्थना है कि आप कृपा करके इस अवसर को हाथ से न जाने दें और अवश्य ही प्रेमपूर्वक केवल धर्मान्दोलनार्थ शास्त्रार्थ स्वीकार करें। इस से दो लाभ तो स्पष्ट दीख पड़ते हैं १–यह सम्भव है कि आप का निश्चित सिद्धान्त आप के पहिले सिद्धान्तों की तरह भ्रमसूलक हो, तो आप की ही भ्रान्ति दूर हो जावेगी और यदि किसी प्रकार आप का ही वर्त्तमान सिद्धान्त वेदानुकूल निकले तो आर्यसमाज को भी बहुत बड़ा लाभ होगा । २—आप की उक्त सूचना से यह प्रतीत होता है कि आर्य्यसमाज में कोई ऐसा मनुष्य नहीं है जोकि आपके निश्चित

सिद्धान्त पर आप से विचार करने के लिये उद्यत हो, परन्तु आगरा आर्य-समाज का यह अनुभव और विश्वास है कि बहुत से विद्वान्, शास्त्रवेत्ता, धर्मप्रेमी बड़े उत्साह से इस विषय पर विचार करने के लिये उद्यत हैं। इस से सर्वसाधारण को यह निश्चित होजायगा कि आर्य्यसमाज अन्धपरम्परा पर चलने वालों का समुदाय नहीं किन्तु सत्य के ग्रहण के लिये सदैव उद्यत है। इस लिये आप अवश्य ही कृपा करके ता० १७, १८, १९ फ़रवरी सन् १९०१ पर आगरे पधारें और आर्य्यसमाज आगरा आप के आने जाने और ठहरने का कुल खर्च अपने ऊपर लेने को तैयार है॥

आप का दर्शनाभिलाषी सेवक

कृपाशङ्कर प्राज्ञ

मन्त्री आर्य्यसमाज आगरा

इस पत्र के उत्तर का प्रत्युत्तर पहुंचने में देरी होने से पं० भीमसेन जी ने आगरा समाज को लिखा कि—

ओ३म्

सरस्वती प्रेस—इटावा ९। २। ०१

श्रीमन् महाशय! नमस्ते

आप की सेवा में ता० ६। २। ०१ को रजिस्ट्री पत्र भेज चुका हूं उत्तर आज तक नहीं आया। मैं शास्त्रार्थ का स्वीकार लिख चुका हूं। आप जब तक उत्तर न दें तब तक मेरे आने का निश्चय नहीं हो सकता। आप पर बुलाने का भार है। मैं प्रथम भी लिख चुका हूं। आप अतिशीघ्र उत्तर दें। उत्तर न आने पर शास्त्रार्थ रुक जाने के कारण आप लोग ही होंगे॥

आप का—

भीमसेनशर्मा

और साथ ही १०) पांच मनुष्यों के मार्गव्ययार्थ पं० भीमसेन जी के पास भेजा गया, जिस की प्राप्ति का स्वीकार पूर्वनाम पं० सुन्दरलालशर्मा वर्त्तमान नाम सत्यव्रतशर्मा (जो पं० भीमसेनशर्म्मा के जामाता व सरस्वतीयन्त्रालय के प्रबन्धकर्त्ता हैं) ने इस प्रकार दी कि—

आप का भेजा हुआ १०) रु० प्राप्त हो गया। पं० जी आवेंगे अवश्य ३ बिजनौर गये वहां से सीधे आवेंगे ॥

भवत्सु० सत्यव्रतशर्मा आर्य

इस से पूर्व पं० भीमसेन जी का यह पत्र आ चुका था कि—

ओ३म्

सं० १०। २। ०१

सरस्वतीप्रेस इटावा

श्रीमन्! महाशय! नमस्ते

कृपापत्र उपलब्ध हुआ, वृत्त ज्ञात हुआ। हम आप के लेखानुसार जैसा कि हम पूर्व लिख चुके हैं, अर्थात् १८। १९ फ़र्वरी तक आगरा पहुंचने का अवश्य उद्योग करेंगे।आप का भेजा हुआ रुपया भी कल प्राप्त हो जायगा यह आशा है। रहा यह कि चतुर्थ नियम सो वहां आने पर जैसा होगा वैसा निश्चय हो जायगा॥ किमधिकम्॥

भवच्छुभेच्छुः—भीमसेन शर्मा

तदनुसार १६ ता० को आगरे आकर पं० भीमसेन जी ने समाज को निम्नलिखित सूचना दी कि—

ओ३म्—

श्रीमान्—मन्त्री आर्यसमाज—आगरा—योग्य

मैं आज ता० १६ को १२ बजे दिनके आगरे में आप के बुलाने अनुसार आ गया हूं। आप शास्त्रार्थ की तयारी यथासम्भव शीघ्र करें जिस से व्यर्थ समय न जावे। शास्त्रार्थ का स्थान यहां के किसी रईस का हो तो अच्छा है। तथा समय नियत होना आदि भी विचार स्थिर कीजिये। मेरी प्रकृत्यनुसार यह स्थान (सनाढ्यसभा का मन्दिर) विशेष कर था—इस से यहीं ठहरना उचित समझा गया। उत्तर शीघ्र देवें ॥

ता० १६। २। ०१ ई० वज़ीरपुरा आगरा—आप का—भीमसेन शर्मा

नोट—क्या आप को मथुरा में यह मन्त्र नहीं दिया गया कि समाज के किसी स्थान पर आप न ठहरें, किन्तु सनातनधर्मियों के स्थान पर ठहरें?

यह पत्र सायंकाल को समाज में आया था। अगले दिन प्रातः दूसरा पत्र आया कि—

ओ३म्–आगरा–वजीरपुरा ता० १७ । २ । ०१

श्रीमान् मन्त्री आर्यसमाज आगरा योग्य–

आप की सेवा में कल एक पत्र भेज चुका हूं कि मैं आप के बुलाने से शास्त्रार्थ के लिये आ गया, आप शास्त्रार्थ की शीघ्र तयारी करें, पर आप ने मेरे उस पत्र का अब तक कुछ उत्तर नहीं दिया । मैं नियमादि स्थिर करने के लिये ही एक दिन पहिले से आया हूं । आप २४ घण्टा पहिले मुझे यहभी सूचित करें कि मेरे साथ कौन पं० महाशय आप की ओर से शास्त्रार्थ के लिये नियत होंगे । कृपा कर आप अपनी ओर से शास्त्रार्थ के विशेष नियम भी लिख भेजिये, जिन को देख कर मैं अपनी राय लिखूंगा। और शास्त्रार्थ लेखबद्ध तो होना ही चाहिये, इस को तो आप भी अच्छा ही समझेंगे । लिखा पढ़ी में देर होना सम्भव है इस लिये आप भी उचित समझ कर दो भद्र पुरुष भेजिये जो यहां आकर समक्ष में सब विचार स्थिर कर लेवें ।।

आप का–भीमसेन शर्मा

इस पत्र के उत्तर में पत्रद्वारा नियम स्थिर करने से काल वृथा व्यतीत अधिक होगा, इस विचार से समाज के मन्त्री आदि कई पुरुष पं० भीमसेन जी के पास चले गये और जुबानी यह स्थिर कर आये कि जैसा नीचे के पत्र से जाना जायगा । परन्तु पं० भीमसेन जी ने उस स्थिरता पर भी यह कहा था कि कुछ देर विचार करके पक्का विचार होगा। इसलिये वहां लिखा पढ़ी न हो सकी । पं० भीमसेन जी के पक्के विचार की प्रतीक्षा करके ३॥ बजे दोपहर को निम्नलिखित पत्र समाज ने पं० भीमसेन जी के पास भेजा–

नं० १ ओ३म्

श्रीयुत पं० भीमसेन जी ! नमस्ते

आप के ता० १७ । २ । ०१ के पत्रानुसार आप की सेवा में उपस्थित हो कर मैंने निवेदन किया था और आप ने स्वीकार किया था । तदनुसार आप को सूचित करता हूं कि कल ता० १८ को १० बजे से २ बजे दिन तक ४ घंटे तक प्रतिदिन शास्त्रार्थ होना चाहिये। जिस में–

१–आप और आर्यसमाजस्थ पण्डित लोग श्रीमद्दयानन्द अनाथालय आगरे में पधारें ।

२–स्थान के १ भाग में आप और आप के सहायक पण्डित और दूसरे

भाग में आर्यसमाजस्थ पण्डित बैठ कर एक २ घंटा समय तक लेख प्रति लेख करते जावें और हस्ताक्षर करके एक दूसरे के पास भेजते जावें ॥

३–समयविभागादि के ठीक बर्त्ताव कराने के लिये मुझे नियत किया गया है॥

४–इस ४ घंटे में जो लेख प्रतिलेख हुआ करेगा वह सुस्पष्ट करके प्रतिदिन रात्रि में ७ बजे से १० बजे तक ३ घंटे में डेढ़ २ घंटे के दो भाग करके अपने २ व्याख्यानों द्वारा सर्वसाधारण को सुना दिया जाया करेगा ।

५–शास्त्रार्थ में आप मृतपितृनिमित्तक पिण्डप्रदान सर्वाङ्ग सिद्ध करेंगे । और आर्य लोग उस का खण्डन करेंगे ॥

कृपया हस्ताक्षर करके उक्त विधान को स्वीकृत कर भेजिये १७।२।०१समय३॥बजे

कृपाशङ्कर–मन्त्री आर्यसमाज

ऊपर का लिखा पत्र लेकर मनुष्य वज़ीरपुरा आगरा को गया ही था कि इतने में अनुमान ४।। बजे पं० भीमसेन जी का एक पत्र जो आगे छपा है, एक विज्ञापन के साथ आया । वह विज्ञापन भी पाठकों के अवलोकनार्थ आगे छापते हैं । देखिये तो सही इस चातुर्य्य को कि आर्यसमाज की ओर से यह विज्ञापन बंटवाया जावे कि जिस से विना ही शास्त्रार्थ के आर्यसमाज ने पं० भीमसेन जी के पक्ष को स्वीकार करलिया समझा जावे । भला इन चातुर्य्यों को समाज न समझता ! !

पं० भीमसेन जी का पत्र और विज्ञापन यह था:–

ओ३म्

वजीरपुरा–आगरा १७ । २ । ०१

श्रीमान्–मन्त्री आर्यसमाज आगरा योग्य

आप प्रातःकाल मेरे पास आये और जैसी रीति शास्त्रार्थ के लिये आपने कही वह अधिकांश मुझे स्वीकार है । उस में एक तो निवेदन है कि आप जो कुछ कहते हैं वे सब नियम लिख देवें ॥

द्वितीय यह है कि मेरे लिये व्याख्यान का स्थान अन्य कोई मकान हो और आप लोगों का व्याख्यान अपने आ० स० के स्थान में रहै । मैं भी वहीं आकर सुना करूंगा तथा नोट करूंगा । और यदि आप चाहैं कि मेरा भी व्याख्यान आ० स० के मकान में ही हो तो इस विज्ञापन को आप अपनी ओर से छपा कर ५०० मेरे पास भेजदें । मैं बटवा दूंगा ।

तृतीय यह है कि आर्यसमाज में किसी की ओर से असभ्य अनुचित वा कठोर व्यवहार न होने की प्रतिज्ञा आप लिखें ॥

चतुर्थ यह कि शास्त्रार्थ की अन्त समाप्ति के दिन मेरा ही व्याख्यान हो, आप इस का स्वीकार भी लिखिये ॥

शास्त्रार्थसम्बन्धी सब नियमों पर दोनों के हस्ताक्षर होकर दोनों के पास रहें॥

लिखने के समय लिखने वाला स्वयं अपने ही हस्ताक्षर करे, ऐसा न हो कि अन्य के लेख पर अन्य कोई एक ही हस्ताक्षर करता रहे ॥

आप का—भीमसेन शर्मा

विज्ञापनम्

आगरा—निवासी सर्वसाधारण भद्र पुरुषों को सूचित किया जाता है कि जिस मृतकश्राद्ध का वर्त्तमान आर्यसमाज खण्डन करता है, उसी मृतक श्राद्ध विषय पर इटावा—निवासी पं० भीमसेन शर्मा आज ता० फ़र्वरी सन् १९०१ को बजे से स्थान में व्याख्यान देवेंगे अर्थात् मरे हुवे पिता आदि का श्राद्ध करना वेद तथा आर्षग्रन्थों से सिद्ध करेंगे। आशा है कि सब सज्जन पुरुष इस वेदोक्त धर्म को सुनने के लिये कृपा कर पधारेंगे और हम लोगों को कृतार्थ करेंगे ॥

भवदीय निवेदयिता

इस का उत्तर समाज ने नीचे लिखे अनुसार दियाः—

ओ३म्

श्रीयुत पं० भीमसेन शर्मा जी योग्य ! नमस्ते

आप के १७।२।०१ के द्वितीय पत्र के उत्तर में निवेदन है कि आप की सेवा से तद्विषयक पत्र आज ता० १७।२ को ३॥ बजे भेजा गया है, जिस विषय में मुझ से आप से बात चीत हो चुकी थी ॥

२—शास्त्रार्थ को लेखबद्ध करने और सायंकाल में व्याख्यान द्वारा स्पष्ट करने के लिये एक ही स्थान (आर्यमन्दिर) ठीक है ॥

३—विज्ञापन केवल आप के व्याख्यान का नहीं बटेगा, किन्तु दोनों पक्ष के व्याख्यानों का एक ही विज्ञापन होगा ॥

४—असभ्यशब्दप्रयोग न कर सकने की प्रतिज्ञा आप की ओर से भी लिख

भेजनी चाहिये। आर्यसमाज को तो यह स्वीकृत ही है कि अपशब्द किसी को कभी न कहा जावे ॥

५–शास्त्रार्थ के वादी आप हैं, अतः अन्तिम लेख और व्याख्यान आर्यसमाज की ओर का रहेगा ॥

६–शास्त्रार्थ के नियमों पर उभयपक्ष के हस्ताक्षरयुक्त लेख दोनों के पास रहें, यह ठीक स्वीकृत है ॥

७–लिखने के समय आद्योपान्त शास्त्रार्थपत्रों पर उभयपक्ष से एक ही पुरुष हस्ताक्षर करता रहेगा ॥

६ बजे सायंकाल १७। २। ०१ आप का सुहृद्–

कृपाशङ्कर–मन्त्री आर्यसमाज आगरा

इस पर समाज के इस पत्र का और ३॥ बजे दिन वाले पत्र का (दोनों का) उत्तर पं० भीमसेन जी ने यह दिया कि–

ओ३म्

ता० १७। २। ०१ वजीरपुरा–आगरा ७॥ बजे सायम्।

श्रीमान् मन्त्री आर्यसमाज आगरा योग्य

आप के पत्र नं० १ व २ का उत्तर यह है कि आज प्रातःकाल आप मुझ से मिलने के समय जो कह गये थे, तथा अपने पूर्व पत्रों के लेख से अब आप का यह लेख विरुद्ध है कि ४ घण्टे लेखनीबद्ध और १॥ घण्टे व्याख्यान द्वारा शास्त्रार्थ हो। इस दशा में मेरा निश्चय है कि ऐसे पत्रों से बहुत कालक्षेप होगा और शास्त्रार्थ होना कठिन होगा। इस लिये यदि आप शास्त्रार्थ कराना चाहते हैं तो २ अथवा ३ मुख्य २ भद्र पुरुष यहां चले आइयेगा। जिस से कि सम्मुख बात चीत होकर शास्त्रार्थ के नियम स्थिर हो जावें और उन्हीं नियमों पर शास्त्रार्थकर्त्ता वादी प्रतिवादी दोनों के हस्ताक्षर दोनों कापियों पर होकर परस्पर एक को दूसरे की हस्ताक्षरी कापी मिल जावे। तो सम्भव है कि कल प्रातःकालसे शास्त्रार्थ का प्रारम्भ हो–इत्यलम् ॥

ह० भीमसेन शर्म्मा

यद्यपि समाज के लेख में जुबानी स्थिर किये हुवे के विरुद्ध कुछ भी न था और न पं० भी० जी ने ठ्यौरेवार कुछ विरोध बताया, परन्तु उन का तो अभ्यास ही गोलमोल इबारत " अधिकांश " आदि लिखने का है।

समाज ने यह समझा कि कभी इसी मिष से शास्त्रार्थ न हो, जैसे बने वैसे और जैसे ये कहैं वैसे ही नियम मान कर शास्त्रार्थ कर लिया जाय, समाज के लोग फिर पं० भी० जी के पास गये और निम्नलिखित नियम स्थिर करके हस्ताक्षर कर और कराय लाये:--

शास्त्रार्थ के उभयपक्षस्वीकृत नियम

१--शास्त्रार्थ दयानन्द अनाथालय हींग की मण्डी में ता० १९ फ़र्वरी सन् १९०१ ई० से होगा ॥

२--स्थान के एक भाग में पं० भीमसेन शर्म्मा और उन के सहायक पण्डित, दूसरे भाग में आर्यसमाजस्थ पण्डित बैठकर आध आध घण्टा तक लेखप्रतिलेख करते जावें और हस्ताक्षर करके एक दूसरे के पास भेजते जावें। समय नौ बजे से बारह बजे तक दिन में होगा। उक्त स्थान के जिस भाग को पण्डित भीमसेन शर्मा पसन्द करें, ले लेवें ॥

३--इन नियमों के पालन कराने का काम सेठ श्यामलाल जी लुहारवली वाले करेंगे ॥

४--समाजमन्दिर में जो कुछ लेख प्रतिलेख हुआ करेगा, वह सुस्पष्ट करके प्रतिदिन ढाई घण्टे में व्याख्यान द्वारा सर्वसाधारण को सुना दिया करेंगे, जिस में प्रथम दिवस प्रथम व्याख्यान आर्यसमाजस्थ पण्डित सवा घण्टे करेंगे, पश्चात् पं० भीमसेन शर्म्मा सवा घण्टा करेंगे। और दूसरे दिन प्रथम पं० भीमसेन शर्म्मा पश्चात् आर्यसमाजस्थ पण्डित करेंगे और इसी क्रम से आगे होगा ॥

५--आर्यसमाज का यह पक्ष है कि जीवित माता पिता आदि पितृ कहलाते हैं, उन्हीं की सेवा करना पितृयज्ञ है और पण्डित भीमसेन शर्मा का यह पक्ष है कि मृतक माता पिता आदि के नाम से पिण्डादि देने का नाम पितृयज्ञ और श्राद्ध है और जीवित की सेवा का नाम पितृयज्ञ वा श्राद्ध नहीं ॥

६--दोनों अपने अपने पक्ष का मण्डन और दूसरे का खण्डन वेद और आर्षग्रन्थों के द्वारा करेंगे ॥

७--आर्यसमाज की ओर से कोई अनुचित व्यवहार शास्त्रार्थ में न होगा, जिस से किसी प्रकार से शास्त्रार्थ में विघ्न न होने पावे। और न पण्डित

भीमसेन शर्मा की तरफ़ से होने पावे— २॥ बजे ता० १८ । २ । ०१

ह० भीमसेन शर्म्मा (ह०) कृपाशङ्कर—मन्त्री आर्यसमाज आगरा

विज्ञापनम्

आगरा—निवासी सर्वसाधारण भद्र पुरुषों को सूचना दी जाती है कि ता० १९ फ़र्वरी सन्ध्या के ७ बजे से ९॥ बजे तक आर्य समाज के मकान मोती-कटरा में आर्यसमाज के पण्डितों के साथ पं० भीमसेन शर्मा का शास्त्रार्थ होगा अर्थात् पं० भीमसेन शर्मा वेद और आर्षग्रन्थों के प्रमाणों से मृतक पुरुषों का श्राद्ध करना अपने व्याख्यान द्वारा सिद्ध करेंगे और आर्यसमाजी पण्डित लोग मृतक श्राद्ध का खण्डन तथा जीवितों के श्राद्ध का मण्डन वेद-प्रमाणों से सिद्ध करेंगे । इस लिये सब महाशय पूर्वोक्त समय उक्त स्थान में पधारें और सुनकर लाभ उठावें ।। कृपाशङ्कर मन्त्री आर्यसमाज आगरा

यह ऊपर का विज्ञापन नगर में बांटा गया ॥

इन नियमों के अनुसार ता० १९ को ९ बजे से श्रीमद्दयानन्द अनाथा-लय के स्थान में उभयपक्ष के पण्डित शास्त्रार्थ में प्रवृत्त हुवे । स्थान के एक भाग में पं० भीमसेन जी शर्मा और पं० मुकुन्ददेवादि उनके सहायक पण्डित लोग, दूसरे भाग में पं० तुलसीराम स्वामी तथा उन के सहायक पं० देवदत्त शास्त्री आदि समाज के पण्डित आसीन हुवे । समयविभाग का प्रबन्ध सेठ श्यामलाल जी के हाथ में दिया गया । प्रथम घण्टी बजते ही दोनों पक्ष वालों ने अपने २ पक्ष के मण्डन और परपक्ष पर प्रश्न इस प्रकार उपस्थित किये जैसा कि नीचे छपे लेखों से जाना जायगा ।। आर्यसमाज का प्रथम पत्र—

ओ३म् ॥ यजुः २ । ३१ में—

(अत्र पितरो मादयध्वम् यथाभाग०)

इस मन्त्र के पूर्वार्ध में पितृपितामहादि वृद्धों को तृप्त करने, भोजन कराने के लिये * आज्ञा है और उत्तरार्ध में जब वे भोजन कर चुकें, तब उन से तृप्ति का प्रश्न है ॥ २—यजुः २ । ३३ में—

* परमेश्वर की ।।

* आधत्त पितरोगर्भं कुमारं० ॥

इस मन्त्र में पितरों को गर्भाधान करने का आदेश † है ॥

३—ऊर्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः० ॥

यजुः २।३४ में अन्न जल दुग्धादि से पितरों का तृप्त करना विहित है ॥
१—जब कि भोजन कराने और कर चुकने पर तृप्ति का प्रश्न है तो यह संभव नहीं कि लोकान्तरस्थ पितरों की तृप्ति का प्रश्न किया जा सके ॥

४—आयन्तु नः पितरः ० ॥

(यजुः १९।५८) इस मन्त्र में पितरों का आना, जाना, बोलना, अन्न से तृप्त होना लिखा है तो जीवतों में ही संभव है, मृतों में नहीं। अपने पुत्रों की रक्षा भी जीवित ही कर सकते हैं। मृतक नहीं ॥
२—गर्भाधान भी जीवित ही कर सकते हैं। मृतक नहीं ॥
३—आप का पक्ष इन मन्त्रों से इतना ही नहीं रहता कि श्राद्ध मृतनिमित्तक पिण्डदानादि का नाम है, किन्तु मृत पितरों का आना, जाना, बोलना, रक्षा करने, भोजन करने आदि को मृतों में घटाना भी आप का पक्ष है॥

५—एतद्वः पितरो वासः० ॥

(यजुः २। ३२) में पितरों को वस्त्र पहराना लिखा है। जब कि पितरों का आना जाना बोलना वस्त्र पहरना आदि सभी व्यवहार है, तब जीवितों में क्या संदेह है ॥

कृपा कर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर युक्ति तथा प्रमाणसहित दीजिये ॥

प्रश्नाः

(१) वेद में "गर्भमाधत्त पितरः" (यजुः अ० २ मं० ३४) यह वाक्य आया है तो क्या मृत पितृ गर्भाधान कर सकते हैं? यदि कर सकते हैं तो सश-

टिप्पण * इस मन्त्र का अर्थ स्वामी जी महाराज के आशय से यह है जैसा कि नीचे लिखा है। परन्तु समाज ने स्वामी जी कृत अर्थ को इस शास्त्रार्थ में विवादास्पद समझा जाने से बचाने के लिये प्रस्तुत नहीं किया ॥

(पितरः) हे पितृजनो! (गर्भम्) अपनी स्त्री के गर्भ से उत्पन्न औरस (कुमारम्) अपने पुत्र को (पुष्करस्रजम्) जो पुष्पमाला पहिने अर्थात् समावर्त्तन करके आया है, उसे (आधत्त) सब प्रकार धारण कीजिये (यथा) जिस प्रकार से कि (इह) इस कुल में (पुरुषः) पुरुष=सन्तति (असत्) होवे ॥

† परमेश्वर का

रीर हैं वा अशरीर ? और उन के शरीर पाञ्चभौतिक हैं वा किसी भूत विशेष के ? यदि किसी भूतविशेष के हैं तो रेतःसेचनक्रिया कैसे बनेगी और वे कहां रहते हैं? यदि अशरीर हैं तो भोग कैसे होता है ? पुनः नित्य हैं वा अनित्य हैं? यदि जन्म लेते हैं तो नित्य कैसे और जन्म लेने का कौन हेतु ? और नित्य की सृष्टि संभव है तो सृष्टि नित्य होती है वा अनित्य ? और नित्य ही है तो जन्म मरण का समय कितना नियत है और जिन का वंशोच्छेद होजावे उन के पितृ क्या खाते हैं और कहां से ? और तीन ही पीढ़ी की क़ैद क्यों ? और पितर केवल मानुषी सृष्टि के बनते हैं कि पशु आदि के भी?

(२) पितृयज्ञ नित्यकर्म है तो जिस के पिता आदि तीनों पुरुष जीते हैं, वह किस के सम्बन्ध से पितृयज्ञ करे । यदि नित्य नहीं तो पञ्चमहायज्ञों की पूर्ति आप के यहां कैसे ?

(३) और पितरों का आवागमन है तो किंहेतुक और कियत्कालिक है ?

(४) पितृसम्बन्ध केवल जीव वा शरीर वा विशिष्ट में होता है ? और पितर (मृत) रक्षा कैसे करते हैं ? इति ॥ रामप्रसाद—प्रधान आर्यसमाज

पं० भीमसेन जी ने उत्तर लिखा कि—

(अत्र पितरो मादयध्वं०) मन्त्रे जीवितानांनामैवनास्ति । यथा मया मृतपितॄणांश्राद्धंमृतानामितिदर्शितं तथाभवद्भिरपिजीवितानांश्राद्धंकार्यमिति मन्त्रादिप्रमाणेषु दर्शयितव्यम् ॥

(आधत्त पितरो०) अस्यमन्त्रस्य शतपथादिग्रन्थप्रमाणैर्मध्यमपिण्डस्य पत्न्याःप्राशनेविनियोगः । मनुनाप्युक्तम्—मध्यमंतुततःपिण्डमद्यात्सम्यक् सुतार्थिनी । तत्र पिण्डप्राशनेमृताएवपितरःप्रार्थ्यन्ते—हेपितरोयूयंकुमारंपुमांसं गर्भमाधत्त । गर्भधारणंकुरुत—येनस्थिरएवस्यादिति ॥

ऊर्जंवहन्तीरितिमन्त्रस्य पिण्डानामुपरिजलसेचनेविनियोगोऽस्ति तत्रोर्जं वहन्तीरितिस्त्रीलिङ्गाआपःप्रार्थ्यन्ते यूयंमेपितॄन्तर्पयत * ॥

लोकान्तरस्थाएवपितरआहूयन्तेआगच्छन्ति तएवभुञ्जते ॥

(आयन्तुनःपितरः०) अत्रायान्तु—इत्यशुद्धम् । अत्रापिशतपथादिप्रमाणैः प्रतीयतेलोकान्तरस्थाएवागच्छन्ति *।यथा चेश्वरः सूक्ष्मःपरोक्षोऽपिसर्वप्रकारैः प्रार्थ्यतेतथापितरोऽपि ॥

---

* इतिशब्दाऽप्रयोगश्चिन्त्यः

(एतद्वः पितरोवासः०) इतिमन्त्रेणपिण्डानामुपरिसूत्रपातनंपितृभ्योवस्त्र-दानमपिशतपथानुकूलम् ॥ ह० भीमसेनशर्मा

समाज का अनुमान था कि शास्त्रार्थ भाषा में होगा । क्योंकि संस्कृत का भी पीछे भाषानुवाद करना ही पड़ेगा । परन्तु पं० भीमसेन जी ने संस्कृत में लिखना आरम्भ किया, तब आगे से उन की रुच्यनुसार समाज ने भी संस्कृत में ही लिखना आरम्भ किया । पं० भीमसेन जी के ऊपरके लेख का भाषार्थ नीचे लिखे अनुसार है जो उन्होंने समाज के उत्तर में लिखा है:—

"अत्रपितरोमादयध्वम्० इस मन्त्र में "जीवतों" का नाम ही नहीं है । जैसे मैंने मृत पितरों के श्राद्ध में "मृतों का" यह दिखलाया । इसी प्रकार आप भी मन्त्रादि के प्रमाणों में "जीवतों का श्राद्ध करना" यह दिखलाइये ।

शतपथादि * के प्रमाणों से (आधत्त पितरो गर्भम्०) इस मन्त्र का विनियोग इस विषय में है कि पत्नी बीचले पिण्ड को खावे । ऐसा ही (मध्यमं तु ततः पिण्डम्०) मनु ने भी कहा है । वहां पिण्ड खाने में मृतपितरों से ही प्रार्थना है कि हे पितरो ! आप पुरुष गर्भ का आधान करें=गर्भाधान करें जिस से स्थिर ही हो ॥

ऊर्जं वहन्तीः० इस मन्त्र का विनियोग पिण्डों पर जलसेचन में है । उस में इस मन्त्र से स्त्रीलिङ्ग (आपः) जलों की प्रार्थना है कि तुम मेरे पितरों को तृप्त करो ॥

आयन्तु नः पितरः० इस में आयान्तु यह अशुद्ध † है । इस में भी शतपथादि प्रमाणों से प्रतीत होता है कि लोकान्तरस्थ ही आते हैं जैसे ईश्वर सूक्ष्म और परोक्ष भी सब प्रकारों से प्रार्थना किया जाता है वैसे पितर भी ॥

एतद्वः पितरोवासः० इस मन्त्र से पिण्डों पर सूत डालना, पितरों को वस्त्र देना भी शतपथ के अनुकूल है ॥ ह० भीमसेन शर्म्मा

आप देखते हैं कि पं० भीमसेन जी ने समाज के प्रश्नों का उत्तर कहां तक दिया है । अस्तु । अब पं० भीमसेन जी का पूर्व पक्ष और समाज का उत्तर पक्ष देखिये । पं० भीमसेन जी का पूर्व पक्ष यह था:—

* ज्ञात हो कि (आधत्त पितरः०) मन्त्र का शतपथ में वर्णन ही नहीं फिर मध्यमपिण्डप्राशन की कथा ही क्या है ॥

† अपनी अशुद्धियें भी नोट में " चिन्त्य " कह कर दिखलाई हुइयों पर ध्यान दीजियेगा ! यन्तु का यान्तु तो लेखभ्रम ही है ॥

ओ३म् ।। अथमृतपित्रादीनांश्राद्धस्यप्रतिपादनम् । अपसव्यमग्नौकृत्वा सर्वमावृत्यविक्रमम् । अपसव्येनहस्तेननिर्वपेदुदकंभुवि ।।१।। त्रींस्तुतस्माद्धविःशेषात्पिण्डान्कृत्वासमाहितः । औदकेनैवविधिनानिर्वपेद्दक्षिणामुखः ।।२१५।। इत्यादिमानवधर्मशास्त्रश्लोकैःपिण्डदानंमृतेभ्यएवसङ्गच्छते ॥

म्रियमाणेतुपितरिपूर्वेषामेवनिर्वपेत् । विप्रवद्वापितंश्राद्धेस्वकंपितरमाशयेत् ॥ म० ३ । २२० ।। म्रियमाणेजीवतिसतिपितरिपूर्वेषांपितामहादीनामेव नाम्नापिण्डान्निर्वपेदितिकथनादवसीयते मृतेपितरितन्नाम्नापिण्डदानमस्त्येवेति । अन्यच्च-विप्रान्तिकेपितॄन्ध्यायन्निति (२२४) कथनादपिस्फुटमेवायाति यद्भोजनीयविप्रेभ्योभिन्नाएवमृताःपितरस्तेषामेवध्यानंकार्यम् ।।

तथा—पितायस्यनिवृत्तःस्याज्जीवेच्चापिपितामहः ।। २२१ ।। इतिकथनादपियस्यपितामृतःस्यात्तेनस्वपितृनाम्नापिण्डदानंकार्यम् । एभिर्मानवधर्मशास्त्रप्रमाणैर्मृतानांश्राद्धंसिद्धमेवास्ति । योब्रूयाद्वेदविरुद्धंकथनमिदं स वेदमन्त्रानुदाहृत्यमन्त्रैःसाकंविरोधंदर्शयेत् । असतिविरोधेमीमांसादर्शनेप्रतिपादनादानुकूल्यमेवावगन्तव्यम् ।। ह० भीमसेन शर्मा

अर्थ—अब मृत पिता आदि के श्राद्ध का प्रतिपादन किया जाता है । (अपसव्यमग्नौ०) इत्यादि मनु के श्लोकों से मरों ही के लिये पिण्डदान घटता है । (म्रियमाणे तु पितरि०) इत्यादि मनु ३ । २२० से निश्चय होता है कि पिता जीवता हो तो पितामहादि के ही नाम से पिण्ड दे । और पिता मर जाय तब उस के नाम से पिण्ड दे । और (विप्रान्तिके पितॄन्ध्यायन्०) इत्यादि मनु २२४ से भी स्पष्ट होता है कि भोजनीय ब्राह्मणों से भिन्न ही मृत पितर हैं, उन्हीं का ध्यान करना चाहिये । तथा (पिता यस्य निवृत्तः स्यात्०) इत्यादि मनु २२१ के कथन से भी जिस का पिता मर जाय उसको अपने पिता के नाम से पिण्डदान करना चाहिये ॥ इन मनुस्मृति के प्रमाणों से मुर्दों का श्राद्ध सिद्ध ही है । जो कहे कि यह कथन वेदविरुद्ध है, वह वेदमन्त्रों को उदाहृत करके मन्त्रों के साथ विरोध दिखलावे । विरोध न हो तो मीमांसादर्शन में प्रतिपादनानुसार आनुकूल्य ही समझना चाहिये ॥

ह० भीमसेन शर्मा

आर्यसमाज ने इस का निम्नलिखित उत्तर दिया:—

ओ३म्

आर्षंधर्मोपदेशंचवेदशास्त्राऽविरोधिना । यस्तर्केणानुसंधत्तेसधर्मंवेदनेतरः ॥
इतिमनुवचनेनैवभवद्भिर्न्यस्तानिमनुवचनानिविरुध्यन्ते।तत्र वेदशास्त्राऽवि-
रोधिनातर्केणाऽनुसंधानस्यविहितत्वात् । तानिवचनानिचाऽस्मदुद्धृतेभ्यो
वेदमन्त्रेभ्योविरुध्यन्तएव, अस्मल्लिखिततर्केभ्यश्च ॥

२–"बुद्धिपूर्वोददातिः" इतिवैशेषिकसूत्रेऽपिबुद्धिपूर्वदानस्यविहितत्वात् मृतेषु चबुद्धिपूर्वकदानासंभवात् ।

वैशेषिकदर्शने (५ । ३ । ४) आत्मान्तरगुणानामात्मान्तरेऽकारणत्वात् इतिवचनादपिभवल्लेखोविरुध्यते । कृतहानमकृताभ्यागमश्चप्रसज्यते ॥

३–नकर्मणाऽन्यधर्मत्वादतिप्रसक्तेश्च (सां० १ । १६)

४–नायौक्तिकस्यसंग्रहोन्यथाबालोन्मत्तादिसमत्वम् (सां० १ । २६)

अनेनसूत्रेणाऽपिभवद्भिर्न्यस्तानिवचनानिअयौक्तिकानिविरोधंप्राप्तानि ॥

५–वेदप्रमाणराहित्येन केवलंमनुवचनविन्यसनेनचाऽपिप्रतिज्ञातोभवत्पक्षःशिथिलोभवति । तत्रवेदमन्त्रप्रमाणानामावश्यकत्वेननियतत्वात् ॥

६–जीवतांश्राद्धनिषेधवचनस्याऽपिभवद्भिर्न्यस्तवचनेष्वसत्वात् । प्रतिज्ञातपक्षप्रतिपक्षयोश्चभवत्पक्षेस्पष्टमुदितत्वात् साध्यसाधनाऽभावप्रसक्तिश्च ॥

अर्थ–(आर्षं धर्मो०) इत्यादि मनु के वचन से ही आप के लिखे मनुवचन विरुद्ध हैं क्योंकि उस में वेदशास्त्र के अविरोधी तर्क से अनुसंधान (तहक़ीक़) करना कहा है । वे (आप के लिखे) वचन, हमारे लिखे (देखो पृ० १३) वेदमन्त्रों और हमारे लिखे (देखो पृ० १४) तर्कों से भी विरुद्ध हैं ही ॥

२–(बुद्धिपूर्वोददातिः) इस वैशेषिक सूत्र में भी बुद्धिपूर्वक (जान बूझ कर) दान कहा है और मरों को जान बूझ कर दे नहीं सकते । (आत्मान्तरगुणा०) इस वैशेषिक ५ । ३ । ४ सूत्र में भी कहा है कि अन्य के गुण अन्य में कारण नहीं हो सकते । इस से भी आप का लेख विरुद्ध है । और (मृतश्राद्ध का फल पितरों को पहुंचता माने तो) कृत कर्म की हानि और विना किये कर्म का फल मिलना रूप दोष भी आप के मत में आता है ॥

३–(न कर्मणाऽन्यधर्मत्वादतिप्रसक्तेश्च । सांख्य १ । १६) और ४–(नायौक्तिकस्य संग्रहोन्यथा०) इत्यादि १ । २६ से भी आप के लिखे वचन युक्तिहीन होने से विरुद्ध हैं ।

५—आप का पक्ष यह प्रतिज्ञात हुआ था कि वेद और आर्ष ग्रन्थों से सिद्ध करेंगे परन्तु आप के लेख में वेद का कोई प्रमाण नहीं है। इस लिये भी आप का पक्ष शिथिल होता है। क्योंकि उस में वेद के प्रमाण अवश्य होने चाहिये थे।

६—प्रतिज्ञात पक्ष प्रतिपक्षों में यह भी लिखा था कि जीवतों का श्राद्ध नहीं होता। परन्तु आप के लिखे वचनों में कोई वचन जीवितश्राद्धनिषेधक नहीं है। इस लिये अपने पक्ष (साध्य) को सिद्ध न करने का दोष भी आप के लेख में आता है॥ रामप्रसाद—प्रधान आर्य्यसमाज आगरा

इस का उत्तर पं० भीमसेन जी ने दिया कि—

नैषातर्केणमतिरापनेया—इतिकठे । तर्कोऽप्रतिष्ठइतिभारते । योऽवमन्येततेमूलेहेतुशास्त्राश्रयाद्द्विजः । ससाधुभिर्बहिष्कार्योनास्तिकोवेदनिन्दकः । इत्यादिवचनैरिदमायाति यत्रश्रुतौस्मृतौवास्पष्टंप्रमाणंततोविरुद्धंयस्तर्कंप्रयुङ्क्ते सनास्तिकः।वेदमन्त्रेभ्योभवद्वचनानामेवविरोधःस्पष्टः। नास्तिश्राद्धेवैशेषिकग्रन्थकारस्यवैपरीत्यम्।नचपिण्डदानस्याबुद्धिपूर्वत्वंभवद्भिःप्रतिपादयितुंशक्यम् युक्तिपदस्यकोऽर्थः। नात्रयुक्तीनांविचारःप्रवृत्तः । अपितुवेदप्रमाणैरार्षग्रन्थप्रमाणैश्चभवद्भिःस्वपक्षःसाध्यः। यदिप्रमाणैर्मृतश्राद्धंसिद्धं,तथावक्तव्यंप्रमाणैःसिद्धमपियुक्तिविरुद्धत्वान्नमन्यतइति। भवतांस्थापनेकायुक्तिःसमानमेवोभयंयुक्तिविरुद्धम्।स्मृतिवचनैःसार्द्धंवेदमन्त्राणामपिप्रमाणंसम्यक्संघटयिष्यते। भवद्भिः स्मृतिवचनानांवेदमन्त्रैर्विरोधोदर्शयितव्यः। जीवतांश्राद्धंनकथमपिप्राप्तंयदर्थंनिषेधवचनानिस्युः । प्राप्तौसत्यांनिषेधप्रवृत्तेः। मृतानांश्राद्धप्रतिपादकवचनैरागतमेव यज्जीवतांसेवनं नश्राद्धम् ॥

जीवितानांपित्रादीनांसेवनंश्राद्धंपितृयज्ञोवेतियुष्माभिःप्रमाणमत्रांशेदेयम्। जीवितश्राद्धपद्धतिःक्वास्ति केनग्रन्थेनानुकूलाचेतिलेख्यम् ॥ ह० भीमसेन शर्म्मा

अर्थ—कठोपनिषद् में लिखा है कि (नैषा तर्केण०) तर्क से यह मति प्राप्त होने योग्य नहीं है। भारत में लिखा है कि तर्क की प्रतिष्ठा नहीं है। (योवमन्येत०) इत्यादि वचनों से यह पाया जाता है कि जहां श्रुति वा स्मृति में स्पष्ट प्रमाण है उस से विरुद्ध जो तर्क का प्रयोग करता है वह नास्तिक है। वेदमन्त्रों से आप के वचनों का ही विरोध स्पष्ट है। श्राद्ध में वैशेषिकग्रन्थकार की विपरीतता नहीं है। आप पिण्डदान को अबुद्धि-

पूर्वत्व भी प्रतिपादित नहीं कर सके। युक्ति पद का क्या अर्थ है ?। यहां युक्तियों का विचार प्रवृत्त नहीं है किन्तु वेद और आर्ष ग्रन्थों के प्रमाणों से आप को अपना पक्ष सिद्ध करना चाहिये । यदि प्रमाणों से मृतश्राद्ध सिद्ध होगया तो कहिये कि प्रमाणों से सिद्ध भी युक्तिविरुद्ध होने से नहीं माना जाता । बलियों के स्थापन में क्या युक्ति है ? दोनों ही युक्तिविरुद्ध समान हैं। स्मृतिवचनों से वेदमन्त्रों का प्रमाण भी ठीक २ घटाया जायगा। आप स्मृतिवचनों का वेदमन्त्रों में विरोध दिखाइये। जीवतों का श्राद्ध किसी प्रकार भी प्राप्त न था जिस के लिये निषेधक वचन होते क्योंकि प्राप्त होने पर निषेध प्रवृत्त होता है। मृतों को श्राद्ध प्रतिपादन से ही यह अर्थापत्ति से पाया गया कि जीवतों का श्राद्ध नहीं है । आप को इस विषय में प्रमाण देना चाहिये कि जीवते पित्रादि की सेवा श्राद्ध वा पितृयज्ञ है। यह भी लिखिये कि जीवितश्राद्ध की पद्धति कहां है और किस ग्रन्थ के अनुकूल है ।। ह० भीमसेन शर्म्मा

इस के उत्तर में समाज का लेखः—

ओ३म्

१—नैषातर्केणेत्यादिकठवचनं ब्रह्मविद्यापरं, न कर्मकाण्डपरम्। भारतवचनस्याऽपितत्परत्वात न तल्लेखःपर्याप्तः ।।

२—योवमन्येतेत्यादिमनुवचनंच नतर्कनिन्दकं, किन्तुधर्मशास्त्रवचनपोषणाय तर्कानुसन्धानंकर्त्तव्यं नधर्मबोधकश्रुतिस्मृतिविघाताय,इत्येवसाधयति। तेषां वचनानांचाऽन्यार्षग्रन्थविरुद्धत्वात् नयथार्थस्मृतित्वम् । यस्तर्केणानुसंधत्ते इतिचास्माभिःपूर्वमेवालेखि । नचतदुत्तरंभवद्भिःकिमप्यदायि ।

२।।-वेदमन्त्रेभ्योभवद्वचनानामेवविरोधइत्यप्यऽपर्याप्तम्।विरोधस्याऽदर्शितत्वात्।

३—वैशेषिकग्रन्थकारस्यास्मदुद्धृतं यद्वचनं न तत्सङ्गतिः स्वपक्षपोषणाय भवद्भिः साधिता ।

४—युक्तिपदस्यार्थःस्पष्टएव—युज्यतेसंभाव्यतेसायुक्तिः।नविद्मोनेनकोभवतांलाभः।

५—श्रोतव्यःश्रुतिवाक्येभ्योमन्तव्यश्चोपपत्तिभिरित्यादिवचनैश्चतर्कस्यप्रतिष्ठासुस्पष्टा । "तर्कमृषिंप्रायच्छन्"—इतिनिरुक्तंच ।।

६—साधितश्चपूर्वस्मिन्नेवलेखेऽस्माभिःस्वपक्षोवेदवचनैः । नापिभवद्भिरद्यावधि स्वपक्षपोषणायवेदवचनानिविन्यस्तानि । केवलंप्रतिज्ञातानि । नचप्रतिज्ञा मात्रेणसाध्यंसिध्यति ।।

७—स्त्रीनांस्थापनेकायुक्तिरितिप्रकरणपरित्यागः ।

८—जीवतांश्राद्धंयदिनक्वापिविहितंनर्हिकिमर्थोलेखोनियमपत्रेव्यधायि । यत्रनि-षेधप्रतिज्ञा स्पष्टाविद्यते ।।

९—जीवितपितृयज्ञप्रमाणानिलिखितानिपूर्वमस्माभिःपुनर्लेखस्याऽनावश्यक-त्वम् । नचपद्धतिनिर्णयायैषशास्त्रार्थोऽपितुयाऽपिपद्धतिःस्यान्मृतपितृपरावा जीवितपरावेत्येवनिर्णेतव्यमस्ति । नाऽधिकायेतिदिक् ॥

अर्थ—कठोपनिषद् का वचन (एषा०) ब्रह्मविद्या के विषय में है,कर्म-काण्ड विषय में नहीं । (क्योंकि वहां मृत्यु और नचिकेता के संवाद में आत्मज्ञान में यह कहा गया है) भारत का वचन भी वैसा ही है । इस कारण इन का लिखना पर्याप्त नहीं ।।

२—(योवमन्येत०) इत्यादि मनुवचन तर्क की निन्दा नहीं करता किन्तु यह सिद्ध करता है कि धर्मशास्त्र के वचनों की पुष्टि में तर्क से अनुसन्धान करना चाहिये, धर्मबोधक श्रुतिस्मृति के विघात के लिये नहीं परन्तु आप के लिखे (मनुस्मृति के) वचनों को अन्य (सांख्यवैशेषिकादि) आर्षग्रन्थों के विरुद्ध होने से यथार्थ स्मृति पना नहीं है । "जो तर्क से अनुसंधान करता है वही धर्म को जानता है अन्य नहीं" यह(मनुवचन)हम पूर्व ही लिख आये हैं । जिस का उत्तर आपने कुछ भी नहीं दिया ।।

२।।—यह कह देना मात्र पर्याप्त (काफ़ी) नहीं है कि " वेदवचनों से आप के वचनों ही का विरोध है " क्योंकि (आप की ओर से) विरोध दिखलाया नहीं गया ।।

३—वैशेषिक ग्रन्थकार का जो वचन (पृ० १७ में) हमने लिखा था, उस की सङ्गति आपने अपने पक्षपोषणार्थ कुछ भी नहीं लगाई ।।

४—युक्ति पद का अर्थ स्पष्ट है कि युक्त अर्थात् संभव हो । हम नहीं जानते कि इस (प्रश्न) से आप का क्या लाभ है ?

५—(श्रोतव्यः श्रुति०) इत्यादि वचनों से तर्क की प्रतिष्ठा भले प्रकार स्पष्ट है । (तर्कमृषिं०) इत्यादि निरुक्त भी (तर्क को ज्ञानोपदेशक ऋषि बताता है) ॥

६—हम अपना पक्ष पूर्व पत्र (पृ० १३) में ही वेदमन्त्रों से सिद्ध कर चुके हैं और आप ने अपने पक्ष की पुष्टि के लिये अब तक वेदवचन नहीं लिखे, केवल (लिखने की) प्रतिज्ञामात्र की है परन्तु प्रतिज्ञामात्र से साध्य की सिद्धि नहीं हो सकती ॥

७—" बलियों के स्थापन में क्या युक्ति है ?" यह प्रश्न प्रकरण का परित्याग करना रूप (दोष) है ॥

८—यदि जीवतों का श्राद्ध कहीं भी नहीं लिखा तो किस लिये आपने नियमपत्र (पृ० ११ पं० २४) में लेख किया था ? जहां निषेध की प्रतिज्ञा स्पष्ट है ॥

९—जीवित पितृयज्ञ के प्रमाण हम पूर्व (पृ० १३ में) लिख चुके हैं फिर लिखने की आवश्यकता नहीं । और यह शास्त्रार्थ पद्धति के निर्णयार्थ नहीं किन्तु जो कोई भी पद्धति हो वह जीवतों के विषय में हो वा मृतकों के विषय में, केवल इसी का निर्णय करना है । अधिक के लिये (शास्त्रार्थ) नहीं है ॥

रामप्रसाद—प्रधान आर्यसमाज

अब पं० भीमसेन जी के (पृ० १४—१५ में मुद्रित) लेख का उत्तर समाज ने दिया सो देखियेः—

ओ३म्

१—अस्मद्भिश्यस्तसर्वपक्षस्योत्तरंभवद्भिर्नाऽलेखि ॥

२—भवद्भिरुद्धृतानिमनुवचनानिअस्माभिः पूर्वंविन्यस्तैर्हेतुभिःपरस्परंविरोधमाप्नुवन्ति, अतःसाध्यसाधनाऽपर्याप्तानि । पितृणांपरमेश्वरवद्व्यापकत्वंचविवादापन्नं नसिद्धम् । साध्यस्यसाधनत्वेनविन्यासोऽयुक्तएव ।

३—यावदऽसिद्धंपितृणांपरमेश्वरवद्व्यापकत्वंनतावत्तेषांसार्वत्रिकीसत्तासमुल्लेख्या

४—व्यापकत्वेइतोदेहंविहायलोकान्तरगमनंनसंभवति । भवदभिमतपितृलोकस्याऽस्मल्लोकतोभिन्नत्वे तत्रस्थपितृणांव्यापकत्वाऽसंभवः ॥

५—आधत्तपितरइतिमन्त्रेपत्नीपिण्डयोर्नामाऽपिनास्ति ॥

६—स्त्रीलिङ्गाआपःप्रार्थ्यन्तेइत्यपिभवदुक्तिरसमीचीना तत्रापां जडत्वात्प्रार्थनीयत्वाऽसंगतेश्च । व्यत्ययेनतत्राद्भिर्दुग्धादिभिश्चपितृणांतर्पणस्यविहितत्वात् । नापांप्रार्थना ॥

७–शतपथादिग्रन्थप्रमाणानामुद्धृतानिवचनानिचापिभवल्लेखे न सन्ति,नाऽपि तेषांसङ्केतः । अनुद्धृतेभ्यश्चवचनेभ्योनसाध्यंसिद्धिमेति ॥

८–वस्त्रस्थानेसूत्रपातनंचाऽपिअयुक्तं, वस्त्रस्यकार्यत्वेसूत्रस्यकारणत्वात् । नहि कारणंकार्यत्वेनविन्यसनीयम् ।

९–तत्रयदिजीवितशब्दोनविद्यतेतर्हिमृतशब्दोऽपिनास्ति । जीवतां संभावना च तत्रस्थैःपदैःसुस्पष्टा ॥

अर्थ–१–आपने हमारे समस्त पक्ष का उत्तर नहीं लिखा ॥

२–आप के लिखे मनुवचन हमारे पूर्वलिखित हेतुओं से विरोध को प्राप्त होते हैं इस लिये साध्य के साधन में पर्याप्त नहीं । परमेश्वरवत् पितरों का व्यापकत्व विवादास्पद है, न कि सिद्ध । साध्य को साधनरूप से लिखना अयुक्त ही है ॥

३–जब तक पितरों का परमेश्वरवत् व्यापकत्व असिद्ध है तब तक उन का सब जगह होना नहीं लिख सके ॥

४–व्यापक होने पर यहां से देह त्याग कर लोकान्तर को जाना नहीं बनता । आप का माना हुवा पितृलोक,हमारे लोक से भिन्न हो तो पितरों को व्यापक पना नहीं बन सका ॥

५–(आधत्त पितरः०) इस मन्त्र में पत्नी और पिण्ड का नाम भी नहीं है ।

६–आप का यह कथन भी ठीक नहीं है कि स्त्रीलिङ्ग (आपः) जलों से प्रार्थना है। उस में जलों के जड होने से प्रार्थनीयता नहीं बनती । और व्यत्यय से यह विधान है कि जल और दुग्धादि से पितृजनों की तृप्ति की जावे, नकि जलों की प्रार्थना ॥

७–आप के लेख में शतपथादि ग्रन्थों के वचन भी उद्धृत नही हैं, न उन का पता ही है । जो वचन आपने उद्धृत ही नहीं किये उन से आप का पक्ष नहीं सिद्ध होसकता ॥

८–वस्त्र के स्थान में सूत डालना भी अयुक्त है क्योंकि वस्त्र कार्य है और सूत कारण । कार्य की जगह कारण लिखना उचित नहीं है ॥

९–उन (पृ० १३ के प्रमाणों=वेदमन्त्रों) में यदि जीवित शब्द नहीं है

तौ मृत शब्द भी नहीं है । परन्तु जीवतों की संभावना वहां के पदों से भले प्रकार स्पष्ट है ॥ रामप्रसाद--प्रधान आर्यसमाज ॥

पं० भीमसेन जी ने निम्नलिखित उत्तर दिया-

ओ३म्

१-भवल्लिखितंपुनरुक्तंविहायाप्रासङ्गिकंचसर्वस्योत्तरंमयाऽलेखि ।

२-नास्तिभवद्धेतूनांप्रामाण्यमपितुवेदमन्त्रानुदाहृत्यतैर्विरोधंदर्शयन्तु । पितरोनव्याप्ताअपितुसूक्ष्माःपरोक्षाश्चातोगमनागमनंसम्भवति ।।

३-नमयापितॄणांसार्वत्रिकीसत्तोल्लिखिताऽतःप्रतिलेखोव्यर्थएव । ४-एवमेवव्यर्थलेखनम् ।

५-आधत्तेति मध्यमंपिण्डंपत्नीप्राश्नातिपुत्रकामा । का० श्रौ० ४ ।१। २२ । इति कातीयश्रौतसूत्रम् । तत्रमनुवचनमपिमयापूर्वपत्रेलिखितम् । मन्त्रेपत्नीशब्दोनास्ति । परन्तुआर्षग्रन्थोक्तविनियोगादिनातदर्थःप्रतीयते। यथाचशन्नोदेवीरितिमन्त्रे-आचमनशब्दोनास्ति । तथापिशिष्टोक्तविनियोगाद्भवद्भिराचमनंप्रतीयते । एवमघमर्षणमार्जनादिष्वपिध्येयम् ।

६-ऊर्जं वहन्तीः-अत्रवहन्तीरितिबहुवचनस्त्रीलिङ्गपदेनयुष्माभिःकोऽर्थःक्रियते अपामभिमानिदेवतायास्तत्रप्रार्थनायुक्ता। अपांजडत्वेऽपिनदेवतायाजडत्वम्।।

७-ऊर्जंवहन्ती०-ऊर्जमित्यपोनिषिञ्चति । का० ४ । १ । १९ । इतिकातीयसूत्रप्रमाणात्पिण्डोपरिजलनिषेकेविनियोगः ।

८-वासःपदेनसूत्रस्यग्रहणमाच्छदनार्थत्वात्सम्भवति ।

९-मृतकर्मणि-आर्षग्रन्थकृतविनियोगान्मृताः प्रतीयन्ते जीविताः केन हेतुना प्रतीयेत ।। ह० भीमसेन शर्म्मा

अर्थ-१-आप के लिखे पुनरुक्त और अप्रासङ्गिक को छोड़ कर मैंने सब का उत्तर लिख दिया है ।

२-आप के हेतुओं को प्रमाणता नहीं है किन्तु वेदमन्त्रों को उदाहृत करके उन से विरोध दिखलाइये । पितर व्याप्त नहीं हैं किन्तु सूक्ष्म और परोक्ष हैं इस से जाना आना हो सकता है ।

३-मैंने पितरों की सर्वत्र सत्ता नहीं लिखी इस से उस का उत्तर लिखना व्यर्थ ही है । ४-इसी प्रकार व्यर्थ लेख है ।

५-(आधत्तेति) कात्यायन श्रौ० ४ । १ । २२ में पत्नी को मध्यमपिण्ड

खाना लिखा है और इस विषय का मनुवचन भी मैंने पूर्व पत्र में लिखा था। मन्त्र में पत्नी शब्द नहीं है परन्तु आर्षग्रन्थों में कहे विनियोगादि से उस का अर्थ प्रतीत होता है। जैसा कि शन्नोदेवीः० इस मन्त्र में आचमन शब्द नहीं है तथापि शिष्ट लोगों के कहे विनियोग से आप को आचमन प्रतीत होता है। ऐसा ही अघमर्षण मार्जनादि में भी जानिये ॥

६—(ऊर्जं वहन्तीः०) इस बहुवचन स्त्रीलिङ्ग पद से आप क्या अर्थ करते हैं। जलों के अभिमानी देवता की प्रार्थना वहां ठीक है। जल के जड़ होने पर भी देवता को जड़ता नहीं है।

७—"ऊर्जं वह० इस से जलसेचन करता है" कात्या० ४।१।१९ यह प्रमाण है। पिण्डों पर जलसेचन में विनियोग है।

८—वासस् शब्द से सूत्र का ग्रहण आच्छादनार्थ होने से बन सकता है।

९—मृतकर्म में आर्ष ग्रन्थों के विनियोग से मृतक प्रतीत होते हैं, जीवित किस हेतु से प्रतीत हो। ह० भीमसेन शर्मा

इस का उत्तर समाज ने दिया कि—

ओ३म्

१—नास्माभिःपुनरुक्तंकिमप्यलेखिअप्रासङ्गिकंच।यद्यलेखितर्हिदर्शनीयःसलेखः।

२—नास्माभिःस्वकल्पिताःहेतवो विन्यस्ताअपितुसांख्यवैशेषिकाद्यार्षग्रन्थवचनानिस्पष्टमुद्धृतानि। नचार्षवचनपरित्यागेकोपिहेतुर्भवद्भिरुद्घाटितः ॥

३—कात्यायनवचनप्रामाण्येसतिकिंश्रीमद्भिरिदंनालोच्यते—

वावकीर्णिनोगर्दभेज्या १।१।१३

भूमौपशुपुरोडाशश्रपणम्।१।१।१४

अप्स्ववदानहोमः १।१।१६ अवदानानांहृदयजिह्वाक्रोडादीनांहोमोप्सु उदकेषुभवतिनाग्नौ। वचनात्। इतितद्भाष्यम्। यद्धि (अग्निंदूतंपुरोदधे) इत्यादियजुर्वचनात्विरुध्यते। वेदेग्नेर्दूतत्वेनविहितत्वान्नचक्वापिजलस्यदेवदूतत्वेनवेदविहितत्वम् ॥

४—शिश्नात्प्राशित्रावदानम् १।१।१७ इति गर्दभशिश्नेनप्राशित्रादिरचनरूपजघन्यकर्मणांविहितत्वेनविन्यासः ॥ विंशतितमसूत्रभाष्येच (कात्यायनः

[कर्मप्रदीपे २ । ९ । १७ । १८] नस्वेग्नावन्यहोमःस्यादिति श्लोकरचनाद्दृश्यते । अस्तिचश्लोकरचना सूत्ररचनाकालतोनवीनकालीना । कर्मप्रदीपोऽपि कात्यायनकृतइतिचतत्रदृश्यते ।।

नचवयंकातीयसूत्रकृतमध्यमपिण्डप्राशनविनियोगसंमानमपमानंवामृतपितृनिमित्तकपिण्डदानसाधनाऽसाधनपरंपश्यामः । अस्तुविनियोगःकोपिपरं नास्तिजीवितश्राद्धविघातकोमृतश्राद्धविधायकश्च। वहन्तीरित्यादीनिपदानिस्वधाविशेषणानि।देवतायाश्चेतनत्वेतावत्साध्ये,असतिचतत्रदेवतापदेनतल्लेखोयुक्तः।

अर्थ–१–हमने कुछ पुनरुक्त नहीं लिखा, न अप्रासंगिक। यदि लिखा है तो वह दिखाइये ।

२–हमने निजकल्पित हेतु (दलीलें) नहीं लिखे किन्तु सांख्य वैशेषिकादि के वचन स्पष्ट उद्धृत किये हैं । और (उन) आर्ष वचनों (सूत्रों) के परित्याग (न मानने) में आप ने कोई हेतु प्रकट नहीं किया है।

३–यदि कात्यायन के वचन प्रामाणिक हों तो क्या आप इस को नहीं देखते हैं कि–

वावकीर्णिनो गर्दभेज्या १ । १ । १३ भूमौ पशुपुरोडाशश्रपणम् १ । १ । १४ अप्स्ववदानहोमः १ । १ । १६ अवदानानां हृदयजिव्हाक्रोडादीनां होमोप्सु उदकेषु भवति,नाग्नौ । वचनात् ।।

अर्थ–अथवा अवकीर्णी ब्रह्मचारी गधे से यज्ञ करे। १३ । भूमि में गधे के मांस का पुरोडाश पकावे । १४ । पानी में उस के हृदय जीभ पसली आदि का होम करे। अग्नि में नहीं। वचन से ।। यह उस का भाष्य है। जो कि–

अग्निं दूतं पुरोदधे०

इत्यादि यजुर्वेद (२२ । १७) के मन्त्र से विपरीत है । क्योंकि यहां वेद में अग्नि को देवदूत कहा है, और जल को कहीं देवदूत नहीं कहा ।

४–शिश्नात्प्राशित्रावदानम् १ । १ । ७

इस सूत्र में कहा है कि गधे के उपस्थेन्द्रिय से प्राशित्रावदान बनावे । ऐसे २ निन्दितकर्मों को विहितभाव से लिखा है।। और २०वें सूत्र के भाष्य में कात्यायनकृत कर्मप्रदीप का २ । ९ । १७ । १८ (नस्वेग्नावन्यहोमः०) इत्यादि श्लोक लिखा है और श्लोकरचना का समय सूत्ररचना के समय से नवीन है। और कर्म-

प्रदीप को भी इस भाष्य में कात्यायनकृत लिखा देखा जाता है (इस से यह कात्यायनकृत ग्रन्थ नूतनग्रन्थ जानाजाता है) और हम कात्यायनसूत्र के किये (पत्नी पिण्डप्राशन करे) इस विनियोग के मानने न मानने को इस विषय का साधक वा बाधक भी नहीं देखते कि मरे हुवे पितरों के निमित्त पिण्डदान किया जावे। किन्तु विनियोग कुछ क्यों न हो, परन्तु वह जीवितश्राद्ध का बाधक वा मृतश्राद्ध का साधक नहीं है। " वहन्तीः " इत्यादि पद " स्वधा " के विशेषण हैं। देवता का चेतन होना भी प्रथम तो साध्य है (सिद्ध नहीं) तिस पर भी वहां देवता शब्द नहीं आया। अतः देवता का लिखना ठीक नहीं है॥

रामप्रसाद—प्रधान आर्यसमाज ॥

समाज के इस लेख का और पूर्व (पृ० २० । २१ में छपे) लेख का उत्तर पं० भीमसेन जी ने यह लिखा किः—

ओ३म्

१—नैषा तर्केण०—इतिवचनंतर्केणबुद्धिश्चलतीतिज्ञापयितुम्। भारतवचनमपि धर्मपरम्। कर्मकाण्डंचसर्वंधर्ममूलमेवास्ति॥

२—योऽवमन्येतेतिपद्येहेतुशास्त्रवचनंतर्कशास्त्रपरम्। यस्तर्केणानुसंधत्ते—इत्यादिवचनानिवेदाद्यर्थस्यानुसन्धानार्थानि। ग्रन्थानुकूलोऽर्थःप्रत्येतव्यः। नतु प्रत्यक्षोऽर्थस्तर्केणनिराकरणीयइतियोवमन्येतेत्यादिनासूचितम्।

३—शतपथकातीयसूत्रादिभ्योभवत्कल्पनंवेदमन्त्रेषुविरुद्धंजीवतांश्राद्धमिति।

४—वैशेषिकवचनानांनकोऽपिश्राद्धेनसम्बन्धः।

५—श्रुत्यर्थोययारीत्यासम्यग्युक्तःप्रतीयतेसायुक्तिस्तुसर्वास्तिकाभिमतैवास्ति।

६—नहिपूर्वोक्तभवल्लिखितवेदवचनेषुजीवतांश्राद्धंभवति॥ जीवतांसेवाकार्यासैव श्राद्धपदवाच्येतिनक्वाप्यायातम्। तस्माद्युष्माभिर्नस्वपक्षःसमर्थितः।

७—जीवतां श्राद्धं भवत्पक्षोनास्माकं। यदि स्वपक्षोयुष्माभिर्नसाधयितुं शक्यते तर्हि निग्रहस्थानमायातम्॥

८—जीवितप्रमाणंनतत्रास्तिनजीवितशब्दस्तत्रविद्यते। कस्मिन्मन्त्रेजीवतां सेवनंश्राद्धमितिलिखितत्। तल्लेख्यम्॥

९—येअग्निष्वात्तायेअनग्निष्वात्तामध्येदिवःस्वधयामादयन्ते। य० १९। ६०।

यानग्निरेवदहन्त्स्वदयतितेपितरोअग्निष्वात्ताः । शतपथ २ । ६ । १ । ७ ।

अन्यवेदेषुतएवअग्निदग्धपदेनोक्ताअतःसिद्धंमृतपितॄणांश्राद्धंपितृयज्ञोवा।

(द्वितीयं पत्रम्)　　　ओ३म्　　　ह० भीमसेन शर्म्मा

१–वैशेषिकसांख्यशास्त्रयोःप्रमाणान्यप्रासङ्गिकान्येवसन्ति नचतेषांप्रमाणानां श्राद्धपितृयज्ञाभ्यां * विशिष्टःसम्बन्धोदृश्यते ।।

२–परमेश्वरस्यव्यापकत्वादयोहेतवोभवतांस्वकल्पिताएवसन्ति ।

३–कात्यायनवचनानांवेदानुकूलतयाऽस्त्येवप्रामाण्यम् । नचगर्दभेज्यादयोवेदाद्विरुद्धाः । अपितुवेदानुकूलाएव । सम्प्रतितेषांसमयोऽधिकारित्वाभावान्नास्ति वेदःसार्वकालिकोऽस्ति । नचसर्वंवेदोक्तंकर्मसर्वदाकर्त्तुं शक्यते । अग्नेर्दूतत्वमप्सुहोनेननैवविरुध्यते सामान्यविशेषन्यायेनद्वयोरेवसार्थकत्वात्। शिश्नात्प्राशित्रावदानमित्यलौकिकंभिन्नकालीनंच । कर्मप्रदीपग्रन्थोविशेषेण स्मार्त्तइदंचश्रौतं न तयोःसर्वांशेसाम्यम् । अर्वाचीनंयदिसर्वमप्रमाणंतर्हि सत्यार्थ*काशादीनामाधुनिकत्वादप्यप्रामाण्यमङ्गीकार्यम्। यस्यमन्त्रस्ययत्र विनियोगस्तादृशएवतदर्थोऽपिभवत्येवातोमृतपितृश्राद्धेनतस्यसम्बन्धः । स्वधापदंविशेष्यंकस्यवाचकं ? मन्त्रेकर्तृवाचकंपदंकिमस्ति । विशेष्यविशेषणयोःकिंलक्षणम् ? ।　　　ह० भीमसेन शर्मा

अर्थ–(नैषा तर्केण०) यह वचन यह जतलाने को है कि तर्क से बुद्धि चलती है । भारत का वचन भी धर्मविषयक है । और सब कर्मकाण्ड का मूल भी धर्म ही है ।।

२–(योवमन्येत०) इस श्लोक में हेतुशास्त्रकथन तर्कशास्त्रविषयक है । (यस्तर्केणानुसंधत्ते०) इत्यादि वचन वेदादि के अर्थ का अनुसंधान करने के लिये हैं । ग्रन्थानुकूल अर्थ समझना चाहिये न कि प्रत्यक्ष अर्थ का तर्क से खण्डन करना चाहिये । यह (योवमन्ये०) इत्यादि से सूचित है ।

३–शतपथ कातीयसूत्रादि से, आप की कल्पना जीवितों का श्राद्ध वेदमन्त्रों में विरुद्ध है ।।

४–वैशेषिकवचनों का श्राद्ध से कोई सम्बन्ध नहीं ।।

५–वेदार्थ जिस रीति से ठीक युक्त समझा जाता है वह युक्ति तो सब आस्तिकों की मानी हुई ही है ।।

६–पूर्वोक्त वेदमन्त्रों में जो आपने लिखे हैं,जीवितों का श्राद्ध नहीं है ।

* अक्षरभ्रंशोद्विवचनं च चिन्त्यम्

जीवतों की सेवा करनी चाहिये वही श्राद्ध कहाती है ऐसा कहीं भी नहीं आया । इस से आपने अपना पक्ष सिद्ध नहीं किया ॥

७–जीवतों का श्राद्ध होता है, यह आप का पक्ष है । हमारा नहीं । यदि आप अपने पक्ष को सिद्ध नहीं कर सकते तो निग्रहस्थान आया ॥

८–जीवित का प्रमाण वहां नहीं है, न जीवित शब्द है । किस वेद-मन्त्र में जीवतों का लिखा है, उसे लिखिये ॥

९–(ये अग्निष्वात्ताः०) इत्यादि यजुः १९ । ६० (यानग्निरेवदहन्त्स्व-दयति०) इत्यादि शतपथ २।६।१।७ अन्य वेदों में उन्हीं को अग्निदग्ध पद से कहा है । अतः मृतश्राद्ध वा पितृयज्ञ सिद्ध हुवा ॥ ह० भीमसेन शर्म्मा

पृ० २५ में छपे आर्यसमाज के पत्र का उत्तर पं० भीमसेन जी ने नीचे लिखे अनुसार दिया था:–

अर्थ–वैशेषिक और सांख्यशास्त्र के प्रमाण अप्रासङ्गिक ही हैं। और उन का १ श्राद्ध २ पितृयज्ञ से विशेष सम्बन्ध नहीं दीखता ॥

२–परमेश्वर के व्यापकत्वादि हेतु आप के निज कल्पित ही हैं ॥

३–कात्यायन के वचनों की वेदानुकूल होने से प्रामाणिकता है ही । और गर्दभेज्यादि यज्ञ वेदविरुद्ध नहीं हैं किन्तु वेदानुकूल ही हैं । और समस्त वेदोक्त कर्म सब काल में नहीं किया जा सकता । अग्नि का दूतपना जलों में होम से विरुद्ध नहीं है क्योंकि सामान्य विशेषन्याय से दोनों सार्थक हैं । (गधे के) उपस्थेन्द्रिय से प्राशित्रावदान बनाना, यह अलौकिक और भिन्न काल के लिये है । कर्मप्रदीपग्रन्थ विशेष करके स्मार्त्त है, और यह श्रौत है, इन दोनों में सर्वांश में समता नहीं है । यदि नवीनग्रन्थ सब अप्रमाण हैं तो सत्यार्थप्रकाशादि की भी नवीन होने से अप्रमाणता स्वीकार कीजिये । जिस मन्त्र का जिस में विनियोग है वैसा ही उस का अर्थ भी होता है। इस से मृतपितृश्राद्ध से उस का सम्बन्ध है । स्वधापद विशेष्य किस का वाचक है । मन्त्र में कर्तृवाचक पद क्या है । विशेष्य विशेषण का क्या लक्षण है ? ह० भीमसेन शर्म्मा

उक्त दोनों पत्रों के समाज की ओर से क्रमपूर्वक ये उत्तर गये थेः—

ओ३म्

१–नैषातर्कैणेत्यादिवचने (एषेतिपदं) प्रकरणगतब्रह्मविद्यापरंस्पष्टंनततो-ऽन्यत्कल्पनीयम् ॥

२–योऽवमन्यतेत्यादिमनुवचनंनास्मत्पक्षेविरुध्यते । यतोनवयंकेवलतर्कशास्त्राश्रयात्तन्निरादरंकुर्मोऽपितु तस्याऽवैदिकत्वात् । उक्तंच–यावेदबाह्याःस्मृतयो याश्चकाश्चकुदृष्टयः । सर्वास्तानिष्फलाःप्रेत्यतमोनिष्ठाहिताःस्मृताः । इति । यदाचदेवेषुमृतानांपिण्डदानादिनदृश्यते भवल्लिखितेषुमनुवचनेषु च दृश्यते तदातानिमनुवचनानिअवैदिकानीतिमन्वानावयं नतद्दोषभाजः ॥

३–अस्मिल्लिखितोऽर्थोनभवदुद्धृतब्राह्मणसूत्रादिभ्योऽपिविरुध्यते । अस्तिचेद्विरोधोदर्शनीयः । यानिचवदयमाणानिकातीयसूत्राणिअस्मत्पक्षविरुद्धानि नतानिमन्त्रविनियोगंपिण्डदानादौदर्शयन्ति अतोनास्मत्पक्षेविरोधस्तैः ॥

४–वैशेषिकवचनैर्नास्माभिःश्राद्धपक्षःसाध्यत्वाऽसाध्यत्वंनीयतेऽपितुवैशेषिकादिभिरभिमतेनार्षाम्नायेनभवत्पक्षविरोधोदर्श्यते ॥

५–असत्यपिजीवितशब्देगमनाऽऽगमनभाषणश्रवणादिव्यवहारदर्शनात् स्पष्टंजीवितत्वम् ॥

६–येअग्निदग्धायेअनग्निदग्धाः। अथवा–येअग्निष्वात्तायेअनग्निष्वात्ताः इत्यादीनिवेदवचनानि नभवदभिमतसूक्ष्मपरोक्षपितृपराणि,तेषांदाहादेरभावात्। किंचदेहाएवदह्यन्तेनवाऽग्निनादह्यन्ते । येपितरोस्मदादिपितृदेहाःअग्निनादग्धायेचकेनचित्कारणेन नदाहंप्राप्ताःतेदिवःआकाशस्यमध्येसूक्ष्माणुभावपरिणताः सन्तःस्वधयापितृनिमित्तदत्ताहुत्याऽन्नेनमादयन्तेसदऽवस्थां प्राप्नुवन्ति । तेभ्यः तज्जीवेभ्यःस्वराड् परमात्मायमोवायुर्वा (एतामसुनीतिं) प्राणप्राप्तिं (यथावशम्) स्वाधीनभावेनतन्वंकल्पयातिसमर्थयति। नात्रपिण्डदानविधानमपितुदेहान्तरप्राप्तिरेषाभवदभिमतार्थेनैवप्रतिपादिता ॥

७–शतपथवचनंचापिएतदर्थपरमेव । नानेनाऽपिमृतपिण्डदानंसिध्यति ॥

८–मृतपितृयज्ञफलादेशवाक्यंविधिवाक्यंचलेख्यम् । वाक्यंचवेदवाक्यंस्यात् ॥

(द्वितीयं पत्रम्) ओ३म्

१–वैशेषिकसांख्यवचनानांप्रासङ्गिकत्वंपूर्वपत्रेस्माभिरुदितम् ॥

२–गर्दभेज्यामूलंवेदेक्वास्ति । नास्तिचेत्स्पष्टाऽवैदिकता । अस्तुचभवदभिमतो गर्दभेज्यादिधर्मः । अग्नेर्देवदूतत्वंवेदविहितं परमपांदेवदूतत्वमपियदिवेदविहितंतर्हि वेदमन्त्रावक्तव्याः । नास्मदादयआर्याइममऽहिंसादिधर्मविरुद्धं धर्मं (धर्माभासम्) धर्मत्वेनमन्यामहे । "अग्नेयंयज्ञमध्वरंविश्वतः" (ऋ० १ । १ । ४) अत्रवेदमन्त्रेऽध्वरपदार्थेसायणेनाऽपिहिंसारहित्यस्यप्रतिपादनं स्पष्टंकृतं ततश्चहिंसाविशिष्टागर्दभेज्यास्पष्टैववेदविरुद्धा ॥

३—सत्यार्थप्रकाशादयोनस्वतन्त्रग्रन्था अपितुस्मृतिप्रतिपादितस्यश्रुतिप्रभृतिप्रतिपादितस्यचधर्मस्यव्याख्यानभूताः । अतएवनैतेषांनूतनतयाकापिहानिः। एषधापदंविशेष्यंजलवाचकमुदकवाचकंचनिघण्टुप्रोक्तम्। तदेवचकर्त्तृवाचकम्। व्यावर्त्तकत्वंविशेषणत्वं, व्यावर्त्यत्वंविशेष्यत्वम् । परंभगवन् नैतेनप्रकरणाऽसहायकेनवाक्यजातेनप्रश्नजातेनवाकिमपिहस्तगतंभविष्यति । प्रकरणमनुसरन्तु ॥

४—असंभवस्याऽपि वेदाऽर्थस्य यदिभवद्भिःप्रामाण्यंमन्यतेतर्हि—बुद्धिपूर्वावाक्प्रकृतिर्वेदे (वैशे० ६ । १ । १) इत्यतोविरुध्यते ॥

पृ० २६ । २७ में छपे पं० भीमसेन जी के पूर्व पत्र का उत्तर—

अर्थ—१—(नैषातर्केण०) इत्यादि वचन में (एषा) यह पद ब्रह्मविद्या का वाचक है जिस से ब्रह्मविद्या का प्रकरण स्पष्ट है । इस से अन्य कल्पना करनी नहीं चाहिये ॥

२—(योऽवमन्येत०) यह मनुवचन हमारे पक्ष से विरुद्ध नहीं पड़ता,क्यों कि हम केवल तर्कशास्त्र के ही आश्रय से (आप के लिखे मृतश्राद्धविषयक) श्लोकों का निरादर नहीं करते हैं किन्तु उस (मृतश्राद्ध विधि के, जो आपने मनु से प्रस्तुत की है) के वेदमूलक न होने से (हम निरादर करते हैं) । और कहा भी है कि—

यावेदबाह्याःस्मृतयो याश्चकाश्चकुदृष्टयः ।
सर्वास्ता निष्फलाःप्रेत्यतमोनिष्ठा हि ताःस्मृताः ॥

जब कि वेदों में मृतकों का पिण्डदानादि नहीं देखा जाता और आप के लिखे मनुवचनों में देखा जाता है तो वे मनुवचन अवैदिक हैं,तब उन को न मानने से हम पर वह (नास्तिकता का) दोष नहीं लगता ॥

३—बल्कि हमारा लिखा वेदमन्त्रार्थ आप के उद्धृत ब्राह्मण सूत्रादि से भी विरुद्ध नहीं है । यदि है तो विरोध दिखाइये । और जो आगे आप कात्यायनसूत्र (अनुमान) प्रस्तुत करेंगे, जो हमारे पक्ष के विरुद्ध भी हों तो वे सूत्र पिण्डदानादि में मन्त्र का विनियोग नहीं दिखलाते हैं । इस से उन के साथ हमारे साध्य (वेदार्थ) में विरोध नहीं (आवेगा) ।

४—वैशेषिकादि के वचनों से हमने श्राद्धपक्ष साध्य वा असाध्य नहीं बताया किन्तु वैशेषिकादि ऋषिपरिपाटीसे आपके पक्ष का विरोध दिखलाया है

५–जीवित शब्द न होने पर भी जाना आना बोलना सुनना आदि व्यवहार (वेद में) देखने से जीवता होना स्पष्ट है ।।

६–ये अग्निदग्धाः० इत्यादि अथवा–येऽग्निष्वात्ताः० इत्यादि वेदवचन आप के अभिमत सूक्ष्म परोक्ष पितरों के विषय में नहीं है क्योंकि वे (सूक्ष्म परोक्ष आप के माने हुवे पितर) दग्ध नहीं किये जाते । किन्तु देह ही अग्नि से फूंके जाते हैं वा नहीं फूंके जाने पाते । इस से उस का तात्पर्य यह है कि "जो (हमारे वा किसी के) पितृजनों के देह अग्नि से दग्ध किये गये वा जो (किसी कारण) दग्ध नहीं कर पाये गये वे देह आकाश में सूक्ष्म अणुभाव में बदले हुवे स्वधा=आहुति रूप अन्न से अच्छी अवस्था को प्राप्त होते (रोगादिकारक न रह कर सुधर जाते) हैं । उन के जीवों के लिये (स्वराट्) परमात्मा यम वा वायु स्वाधीनभाव से प्राणप्राप्ति और दूसरा देह प्राप्त कराता है ।" इस में पिण्डदान का विधान नहीं है किन्तु देहान्तरप्राप्ति है जो कि यह आप के माने हुवे (महीधरकृत) अर्थ से ही दिखलाई गई ॥

७–शतपथ का वचन भी इसी अर्थ में है, उस से भी मृतपिण्डदान सिद्ध नहीं होता ।।

८–मृतपितृयज्ञ में फलादेशवाक्य और विधिवाक्य लिखिये और वह वेदवाक्य हो ॥ रामप्रसाद–प्रधान आर्य्यसमाज ॥

दूसरे पत्र के पृ० २८ में छपे भाषानुवाद का उत्तर यह है:–

१–अर्थ–वैशेषिक और सांख्य के वचनों की प्रसंगानुकूलता हम पूर्व पत्र में कह चुके हैं ॥

२–गर्दभेज्या का मूल वेद में कहां है ? यदि नहीं है तो अवैदिक होना स्पष्ट है । आप चाहे गर्दभेज्यादि को धर्म माना करें । अग्नि का देवदूत होना (अग्निं दूतं० यजुः २२।१७) वेदविहित है । परन्तु यदि जलों का देवदूतत्व भी वेदविहित है तो वेदमन्त्र कहिये । हम आर्य लोग इस अहिंसादि धर्म के विरुद्ध धर्माभास को धर्म नहीं मानते ।।

अग्ने यं यज्ञमध्वरं विश्वतः (ऋ० १।१।४)

इस वेदमन्त्र में "अध्वरम्" पद के अर्थ में सायणाचार्य ने भी यज्ञ को हिंसारहित होना स्पष्ट प्रतिपादित किया है । जिस से कि हिंसाविशिष्ट गर्दभेज्या स्पष्ट वेदविरुद्ध है ।।

३–सत्यार्थप्रकाशादि स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं हैं किन्तु श्रुति स्मृति आदि से प्रतिपादित धर्म के व्याख्यानरूप हैं। इस से उन के नूतन होने से कोई हानि नहीं। " स्वधा " पद विशेष्य है और जल का नाम है जो निघण्टु में कहा है और वही कर्त्तृवाचक है। व्यावर्त्तक को विशेषण और व्यावर्त्त्य को विशेष्य कहते हैं। परन्तु भगवन् ! इस प्रकार के प्रकरण को सहायता न देने वाले वाक्यों वा प्रश्नों से कुछ हाथ न आवेगा, प्रकरण के साथ चलिये॥

४–यदि आप असंभव वेदाऽर्थ को भी प्रमाण करते हैं तो–

बुद्धिपूर्वा वाक्प्रकृतिर्वेदे (वैशे० ६ । १ । १)

इस से विरुद्ध पड़ता है॥ रामप्रसाद—प्रधान आर्यसमाज॥

पं० भीमसेन जी ने समाज के दोनों पत्रों के क्रम से ये उत्तर दिये कि:—

ओ३म्

१–नैषातर्केणेतिपदं विशेषतयाब्रह्मविद्याप्रकरणउक्तमपिसामान्येनसर्वत्रैवसंघटते। यथा-दृष्टिपूतंन्यसेत्पादमितिसंन्यासप्रकरणोक्तमपिसर्वाश्रम्यर्थंभवति। एवमत्रापिबोद्धव्यम् ॥

२–मृतपितृयज्ञस्यब्राह्मणश्रुतिवाक्यैःस्पष्टंसिद्धस्यभवद्भिरवमानंक्रियतेऽतोयोऽवमन्येतेतिमनुवचनानुकूलंभवतांपक्षोह्रासमापन्नएव। पितृयज्ञसाधकश्रुतीनांवेदानुकूलत्वंसिद्धमेव वेदबाह्यत्वंचसाध्यकोटिस्थम् ॥

३–ब्राह्मणसूत्रादिस्थपितृयज्ञविनियोगेनभवदर्थोविरुद्धएव। मध्यमपिण्डप्राशनमन्त्रार्थवत् ॥

४–वैशेषिकवचनैर्नोस्मत्पक्षेकोऽपिविरोधः ॥

५–गमनागमनादिव्यवहारोमृतेष्वपिसम्भवति। जीवितकल्पनाचसर्वार्षप्रमाणविरुद्धा ॥

६–आहुतिर्देवयज्ञोनतुपितृयज्ञः। मृतपित्रर्थमाहुतिस्तुभवद्भिःस्वीकृता तत्राहुतिफलं यदि तेभ्यः प्राप्नोतितदापिण्डदानपरिणामोऽपितेनैवप्रकारेणप्राप्स्यति॥ शरीरस्यायेपरमाणवोदह्यन्तेतएवपरिणताःपितृत्वमाप्नुवन्ति। मृतपिण्डदानार्थंयच्छतपथादिप्रमाणंतत्पोषकामन्त्रा मयोदाहृताः। नच तदर्थंब्राह्मणादिग्रन्थाभवदर्थानुकूलाअपितुमदर्थानुकूलाःस्पष्टाएव।

७–शतपथवचनेनमृतपितृभ्योऽग्निष्वात्तेभ्योदानंस्पष्टमेव ॥

८–यदा च सर्वएवमृतपितृयज्ञप्रतिपादकोग्रन्थसमुदायोविद्यते तदा किमुच्यते

विधिवाक्यंलेख्यमिति। असावेतत्तइत्येवयजमानस्यपित्रे। शत० २।४।३।१९। इत्यादीनिवाक्यानिविधिपराणि। युष्माभिर्जीवितपितृयज्ञविधिवाक्यंयत इच्छन्तिलेख्यमेव ॥ ह० भीमसेनशर्मा

(द्वि० पत्रम्)

१–मृतश्राद्धखण्डनंजीवितश्राद्धमण्डनं भवतांपक्षोनतेनकोऽपिवैशेषिकादिवचनानांसम्बन्धस्तस्मादप्रासङ्गिकम्* ।।

२–वेदेपाशुकंकर्मसर्वमेवगर्दभेज्यादिमूलं विहितादितरप्रसङ्गेसर्वएवहिंसानिषेधः

३–सत्यार्थप्रकाशादिषुगरीयान्लेखोमनोऽनुकूलस्तत्रभवतांनतस्यश्रुतिस्मृतिभ्यां कोऽपिसङ्गतिंदर्शयितुंशक्तइति।स्वधापदमुदकवाचकमयमेवार्थोमयापिपूर्वमुक्तः

४–नास्ति कोऽपिवेदार्थोऽसम्भवः। अपितुभवतांबुद्धावेवसर्वोऽसम्भवोऽस्ति। अतएव बुद्धिपूर्वावाक्यकृतिरितितथ्यमेव ।। ह० भीमसेनशर्मा

अथ पितृयज्ञप्रमाणानि

१–पितृयज्ञःस्वकालविधानादनङ्गःस्यात्। तुल्यवच्चप्रसंख्यानात्। प्रतिषेधे च दर्शनात्। यज्ञपरिभाषासूत्राणि। सू० ८३–८५। अमावास्यायांपिण्डपितृयज्ञेनपितॄन्प्रीणातीतिचब्राह्मणम्। अमावास्यायामेवपितृयज्ञःकिमर्थः किंभवत्पक्षेजीवितपितृभ्योमासिमासिसकृदेवान्नजलादिकंदेयम् ।।

२–शतपथेयत्पिण्डदानंपिण्डपितृयज्ञप्रकरणउक्तंतत्कस्माद्वेदमन्त्राद्विरुद्धंसवेदमन्त्रउदाहार्यः ।।

३–आश्वलायनगृह्यसूत्रेऽन्त्येष्टिकर्मानन्तरं यच्छ्राद्धानांपार्वणादीनांप्रतिपादनं तदप्रामाण्येकोहेतुः।तदुक्तमधुपर्कादिकर्मस्वीकारेचकिंवेदानुकूल्यमित्यालोच्य स्पष्टमुत्तरंसप्रमाणंददतुभवन्तइत्याशासे ॥ ह० भीमसेनशर्मा

पृ० २९ व३०–३१ में मुद्रित आर्यसमाज के प्रथम पत्र का उत्तर–

१–अर्थ– (नैषा तर्केण) यह पद विशेषतया ब्रह्मविद्या के प्रकरण में कहा हुआ भी सामान्य से सब जगह ही घटता है। जैसे (दृष्टिपूतं न्यसेत् पादम्) यह संन्यासप्रकरण में कहा हुवा भी सब आश्रमियों के लिये हो जाता है। ऐसे ही यहां जानिये ॥

२–मृतपितृयज्ञ का, जो ब्राह्मणश्रुतिवाक्यों से सिद्ध है, आप अपमान करते हैं। अतः (योऽवमन्येत०) इस मनुवचन के अनुसार आप का पक्ष

* एकवचनम् चिन्त्यम्

गिरता ही है। और पितृयज्ञप्रतिपादक श्रुतियों की वेदानुकूलता सिद्ध ही है। और वेदविरुद्धता साध्य कोटि में है॥

३–ब्राह्मणसूत्रादिस्थ विनियोग से आप का अर्थ विरुद्ध ही है। मध्यम पिण्डप्राशनमन्त्रार्थ के तुल्य॥

४–वैशेषिक के वचनों से हमारे पक्ष में कोई विरोध नहीं॥

५–जाना आना आदि व्यवहार मृतों में भी होसक्ता है। और जीवित की कल्पना सब आर्ष प्रमाणों से विरुद्ध है॥

६–आहुति देवयज्ञ है, न कि पितृयज्ञ। मृत पितरों के अर्थ आहुति तो आप ने मान ही ली, वहां यदि उन को आहुति का फल पहुंचता है, तो पिण्डदान का फल भी उसी प्रकार से पहुंच जायगा। शरीर के जो परमाणु फूंके गये वे ही बदल कर पितर बन जाते हैं। मृतपिण्डदानार्थ जो शतपथादि का प्रमाण है उस के पोषक मन्त्र मैंने दिखला दिये। और उन के अर्थ में ब्राह्मणादि ग्रन्थ आप के अर्थ के अनुकूल नहीं किन्तु मेरे अर्थ के अनुकूल ही स्पष्ट हैं॥

७–शतपथ के वचन से अग्निष्वात्त मृत पितरों को देना स्पष्ट ही है॥

८–जब कि समस्त ही मृतपितृयज्ञ का प्रतिपादक ग्रन्थसमुदाय विद्यमान है तब यह क्या कहा जाता है कि विधिवाक्य लिखिये।(असावेतत्ते०) शत० २। ४। २। १९ इत्यादि विधिविषयक वाक्य हैं। आप जहां से चाहैं जीवित पितृयज्ञ के विधिवाक्य लिखें॥ ह० भीमसेन शर्म्मा

पृ० २९। ३१ में मुद्रित आर्यसमाज के द्वि० पत्र का उत्तर–

१–मृतश्राद्धखण्डन और जीवितश्राद्धमण्डन आप का पक्ष है। उस से वैशेषिकादि के वचनों का कोई संबन्ध नहीं। इस से अप्रासङ्गिक है॥

२–वेद में सब ही पशुसम्बन्धी कर्म, गर्दभेज्यादि का मूल है। और हिंसा के निषेध, विहित (हिंसा) से अन्यत्र लगते हैं॥

३–सत्यार्थप्रकाशादिकों में बहुत सा लेख मनमाना है, आप में से कोईभी श्रुतिस्मृति के साथ उस की संगति नहीं लगा सकता। स्वधा पद जलवाचक है, यही अर्थ मैंने भी पूर्व कहा था॥

४–वेद का कोई भी अर्थ असंभव नहीं किन्तु आपकी बुद्धि में ही सब असंभव है। इसी लिये " बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिः" यह ठीक ही है॥ ह० भीमसेन शर्मा

अथ पितृयज्ञप्रमाणानि

पितृयज्ञःस्वकालविधानादनङ्गःस्यात् ।। तुल्यवच्चप्रसंख्यानात् ।। प्रतिषेधे च दर्शनात् ।। यज्ञपरिभाषासूत्र ८३—८५ " अमावास्या में पिण्डपितृयज्ञ से पितरों को तृप्त करता है" यह ब्राह्मण है। अमावास्या ही में पितृयज्ञ किस कारण ? क्या आप के पक्ष में जीवित पितरों को मासमास में एक वार ही अन्नजलादि देना चाहिये ?

२—शतपथ में जो पिण्डदान पिण्डपितृयज्ञ के प्रकरण में कहा है वह किस वेदमन्त्र से विरुद्ध है। वह मन्त्र उदाहरण में दीजिये ।।

३—आश्वलायन गृह्यसूत्र में अन्त्येष्टि कर्म के पश्चात् जो पार्वणादि श्राद्धों का प्रतिपादन है, उस के प्रमाण न मानने में क्या हेतु है। और उस में कहे मधुपर्कादि को स्वीकार करने में क्या वेदानुकूलता है,यह विचार कर आप प्रमाण सहित स्पष्ट उत्तर दीजिये। यह आशा करता हूं ।। ह० भीमसेन शर्मा

समाज ने इन दोनों पत्रों के ये दो उत्तर दिये किः—

ओ३म्

१—वैशेषिकादिवचनानांपूर्वपत्रेभवद्भिरप्रासङ्गिकत्वमुक्तमिदानींचप्रासङ्गिकत्वं स्वीकृत्यविरोधाऽभावोलिख्यतेऽतःपरस्परविरोधोऽपिभवल्लेखेविद्यते ।।

२—दृष्टिपूतंन्यसेत्पादमित्यस्याऽन्यत्रनिषेधोनास्तिअतःसर्वत्रकस्मिंश्चिदंशेसंघटनं युक्तम् । परंतर्काश्रयस्याऽन्यत्रप्रयुज्यमानत्वात्नैवतेनचास्यमस्याऽऽयाति ।

३—ब्राह्मणवाक्यानिवेदवाक्यानिवाकानितानिसन्तियैर्मृतपित्रादिभ्योदानंपिण्डस्यसिद्ध्यति ? विन्यस्यमानानांवचनानांव्यवस्थासंगतिर्वाजीवितपक्षेऽस्माभिस्साध्यतएव ॥

३—ब्राह्मणोक्तविनियोगेनकोस्मदर्थोविरुध्यतेकथं च ।।

४—सूत्रग्रन्थविहितगर्दभेज्यादीनां वेदविरुद्धताऽस्माभिर्वेदवचनमुद्धृत्य स्पष्टं प्रतिपादितैव ।।

५—जीवितपक्षेयागमनागमनभाषणश्रवणादिव्यवस्थासङ्गतिर्वास्माभिःक्रियतेसा ब्राह्मणवाक्येनकेनविरुध्यते ?

६—आहुत्यामृतशरीराणांवायौपरिणतानांपरिशोधोस्माभिर्लिखितः । नचतत्रैषा विचारणासौपितृयज्ञोनवेति । देवयज्ञोवा ।।

७—मृतपित्रर्थमाहुतिरस्माभिर्मृतशरीरदाहपरोक्ता, नान्या । साचाऽग्निद्वारा वेदविहिता, नपिण्डद्वारा ।।

८–मृतशरीरपरमाणवएवपरिणताःपितृत्वमाप्नुवन्तीत्यत्रकिंमानम् ।तेनचभवतां कापक्षसिद्धिः । पक्षस्तुतदर्थे पिण्डदानविधानदर्शनम् । नहितेषांमत्तामात्रसाधनम् ॥

९–शतपथेऽग्निष्वात्तेभ्यःपिण्डदानंक्वास्ति ।

१०–असावेतत्तइत्यादितुजीवितपरमेव ॥

(द्वि० पत्रम्) ओ३म्

१–यदिचवैशेषिकादिवचनानांभवत्पक्षेणविरोधोनास्तितर्हिसम्बन्धाभावादि कथनंकिमर्थम् ॥

२–वेदेस्मृतौवाहिंसाविशिष्टोयज्ञोनशिष्टसंमतः । किन्तुसर्वकर्मस्वहिंसांहिधर्मात्मा मनुरब्रवीत् । धूर्तैःप्रकल्पितंह्येतन्नैतद्वेदेषुकल्पितम् ॥ (भारतेशान्तिपर्वणि २६४ अध्याये) इतिभवद्भिमतभारतीयशिष्टवचनेनैवस्पष्टमायाति, यद्धिंसापरयज्ञादिकर्मविधिर्धूर्तकल्पितइति ॥

३–यदाचसत्यार्थप्रकाशादिग्रन्थोपरिशास्त्रार्थोभविष्यतिकदाचित् तदातद्विषयकशास्त्रार्थे वक्ष्यामःकिमपि ॥

४–यदिचश्राद्धविषयंपरित्यज्यसत्यार्थप्रकाशादिग्रन्थप्रामाण्याऽप्रामाण्ययोःशास्त्रार्थं चिकीर्षेत्कोपितर्हि तदंशेविचारःप्रवृत्तोभविष्यति । इदानींतूभयपक्षाभिमतग्रन्थप्रमाणसिद्धविषयविचारःप्रवर्त्तते ॥

५–यदिकोऽपिवेदार्थोऽसंभवोनास्तितर्हिदयादिस्वामिलिखितवेदार्थेऽसंभवःकथं मन्यतेभवता। नचेन्मन्यतेतदाजीवितार्थपरंपितृयज्ञसाधकंतद्भाष्यमेवप्रमाणमस्तु । नान्यार्थापेक्षाविद्यते ॥

६–पितृयज्ञपरिभाषासूत्राणिभवताविन्यस्तानि नमृतपितृयज्ञपराणिअपितुजीवितपराणिसंभवन्ति नास्तितत्रमृतशब्दः ॥

७–अमावास्यायांयोहिपितृयज्ञःसतुविशिष्टः।नानेनपितॄणांनित्यंसेवनंनिषिध्यते

८–शतपथोक्तंपिण्डदानंनमृतपरं किंचजीवितपरंततो नैवास्माभिर्वेदविरुद्धता तस्यदर्शनीया । नतेनास्माकंसिद्धान्तहानिः ॥

९–आश्वलायनादिप्रोक्तपार्वणादिश्राद्धस्यैवदशायाभवल्लिखितमनुवचनानामितिदिक् ॥ रामप्रसाद–प्रधान आ० स० आगरा

(पृ० ३२ व ३३ । ३४ में मुद्रित पं० भीमसेन जी के प्रथम पत्र का उत्तर–)

अर्थ–१–पूर्वपत्र (पृ० २८) में वैशेषिकादि के वचनों को आपने अप्रासङ्गिक कहा था, अब इस पत्र (पृ० ३४)में प्रासङ्गिक मान कर विरोध न होना लिखा है । इस कारण आप के लेख में परस्परविरोध भी है ॥

२–दृष्टिपूतं न्यसेत्० इस का अन्य आश्रमों में निषेध नहीं है। इस से अन्यत्र घटा लेना ठीक है। परन्तु तर्क का आश्रय (ब्रह्मविद्या को छोड़ कर) अन्यत्र (शास्त्रों में) काम में लाया गया है। इस कारण उस (दृष्टिपूतं०) की समता इस (नैषा तर्केण०) के साथ नहीं है॥

३–वे ब्राह्मणवाक्य वा वेदवाक्य कौन से हैं? जिन से मृत पित्रादिकों के लिये पिण्ड का दान सिद्ध होता है। जो वचन आपने अब तक लिखे हैं उन की व्यवस्था वा सङ्गति तो हम जीवितपक्ष में ही लगा रहे हैं॥

४–ब्राह्मणग्रन्थ में कहे विनियोग से हमारा कौन सा अर्थ विरुद्ध है और किस प्रकार विरुद्ध है?

५–सूत्रग्रन्थ में विधान की हुई गर्दभेज्या की वेदविरुद्धता हमने वेद-मन्त्र लिख कर (पृ० ३१ पं० २७ में) स्पष्ट दिखला दी है॥

॥ ५–हमने जो जीवितपक्ष में जाने आने बोलने सुनने आदि की व्यवस्था वा सङ्गति की है वह किस ब्राह्मणवाक्य से विरुद्ध है?

६–हमने वायु में परिणत मृत शरीरों की शुद्धि आहुति से (पृ० ३१ पं० ३ में) लिखी थी, वहां यह विचार नहीं है कि वह पितृयज्ञ वा देवयज्ञ है वा नहीं॥

७–मृतपित्रर्थ आहुति जो हमने लिखी है वह मृत शरीरों के दाहविषयक कही है। अन्य कोई नहीं। और वह वेद ने अग्निद्वारा कही है, न कि पिण्डद्वारा॥

८–इस विषय में क्या प्रमाण है कि मृत शरीर के परमाणु ही परिणत हो कर पितर बन जाते हैं। और उस से आप के पक्ष की क्या सिद्धि है। पक्ष तो (आप का) यह है कि उन के लिये पिण्डदान दिखलाना, न कि उन का होना मात्र सिद्ध करना॥

९–शतपथ में अग्निष्वात्तों के लिये पिण्डदान कहां है?

१०–"असावेतत्ते=यह आप के लिये है" यह तो जीवितों के लिये ही (शतपथ में) कहा है॥

रामप्रसाद–प्रधान आर्यसमाज

पृ० ३३। ३४ में छपे दूसरे पत्र का उत्तर–

अर्थ–यदि वैशेषिकादि के वचनों का आप के पक्ष से विरोध नहीं है तो "उन का सम्बन्ध कुछ नहीं" इत्यादि कथन आपने (पृ०३४) क्यों किया था?

२–वेद वा स्मृति में किसी शिष्ट ने हिंसाविशिष्ट यज्ञ नहीं माना। प्रत्युत–

सर्वकर्मस्वहिंसांहिधर्मात्मामनुरब्रवीत् ।
धूर्तैःप्रकल्पितंह्येतन्नैतद्देषु कल्पितम् ।

(महाभारत शान्तिपर्व अ० २६४) इस आप के माननीय भारत के वचन से ही स्पष्ट पाया जाता है कि हिंसायुक्त यज्ञादिकर्मविधि धूर्तों ने कल्पित की है (मनु वा वेद में नहीं थी) ॥

३—यदि कभी सत्यार्थप्रकाशादि ग्रन्थों पर शास्त्रार्थ होगा तो उस विषय के शास्त्रार्थ में कुछ (उस विषय में) कहेंगे ॥

४—यदि श्राद्ध विषय को छोड़ कर सत्यार्थप्रकाशादि ग्रन्थों के प्रामाण्याऽप्रामाण्य पर कोई शास्त्रार्थ करना चाहेगा तो उस अंश पर विचार चलेगा। अभी तो उभयपक्षसम्मत ग्रन्थों के प्रमाण से सिद्ध विषय का विचार प्रवृत्त है॥

५—यदि कोई भी वेदार्थ असंभव नहीं है तो स्वामीदयानन्द सरस्वती जी लिखित वेदार्थ में आप असम्भव क्यों मानते हैं । यदि नहीं मानते तो जीवितार्थविषयक पितृयज्ञसाधक उन का भाष्य ही प्रमाण हो ॥

६—आप ने जो (पृ० ३४ में) पितृयज्ञविषयक परिभाषासूत्र लिखे हैं वे मृतपितृयज्ञपरक नहीं हैं । किन्तु वे जीवितपितृयज्ञपरक हैं । उन में मृत शब्द नहीं है ।

७—अमावास्या का पितृयज्ञ विशेष है । उस से नित्य पितृसेवा का निषेध नहीं आता ॥

८—शतपथोक्त पिण्डदान भी मृतविषयक नहीं किन्तु जीवितविषयक है। इस लिये हम को उस की वेदविरुद्धता नहीं दिखलानी है। उस से हमारी सिद्धान्तहानि नहीं है ॥

९—आश्वलायनादि के कहे पार्वणादि श्राद्ध की वही दशा है जो आप के लिखे मनुवचनों की है । यह संक्षेप है॥ रामप्रसाद—प्रधान आर्यसमाज

इन पत्रों का पं० भीमसेन जी की ओर से उत्तर—

ओ३म्

१—वैशेषिका * वचनानामप्रासङ्गिकत्वमेवमयाप्रत्यपादि नप्रासङ्गिकत्वम् ॥

२—वस्त्रपूतंजलंपिबेदित्यस्यान्यत्रविधिनास्तितेनसामान्यतयासार्वत्रिकंवचोविशेषेणसंन्यासिनां।तर्कोऽप्रतिष्ठइतिवचोधर्मविषयक * एव—ब्रह्मज्ञानमपिधर्मे

* अक्षरभ्रंशः, लिङ्गस्याऽज्ञानं च चिन्त्यम् ।

एवास्ति ॥

३—सददाति—असावेतत्ते—इत्यादीनिब्राह्मणवाक्यानिपिण्डदानपराणि ॥

४—आयन्तपितरो० अत्रपितरो०—इत्यादिमन्त्रार्थोयथाविनियोगेनविरुध्यतेतथा मयाद्यःप्रदर्शितःस्वव्याख्याने ॥

५—नकोपिवेदमन्त्रेणगर्दभेज्यायाविरोधस्तदंशेविवादोऽपिनार्थसाधकः ।

६—जीवितपक्षेगमनागमनादिव्यवस्थोदकविधिनाब्राह्मणोक्तपिण्डदानेनविरुध्यते तद्यथाऽक्षुधेऽभिषिञ्चेदेवंतत ।श० २ । ४ । २ । २३ । इत्यादिवाक्यैर्विरुद्धएव जीविताग्रहः ॥

७—परिशेषएवफलाधाह्निस्तदेवागतम् ॥

८—मृतपित्रर्थेमाहुतिर्नदाहपरीक्षालेखस्तुविद्यतएवनतदन्याभवितुमर्हति ॥

९—येअग्निदग्धाइत्यादिमन्त्राएवदग्धानांपितृत्वेमानम् । मृतपितृभ्यःश्राद्धदान-मितिपक्षसिद्धिःस्पष्टैव ॥

१०—अग्निष्वात्तामृताःपितरस्तेभ्यआहुतिदानस्वीकारेभवतांविकल्पोऽस्तिनवा।

११—असावेतत्तइतिकथंजीवितपरम् ।। ह० भीमसेनशर्मा

(द्वि० पत्रम्)

१—वैशेषिकादिवचनानिनजीवितप्रतिपादकानिनच मृतश्राद्धनिषेधपराणिपुनर-नेनप्रकरणेनकःसम्बन्धः ॥

२—वेदविरुद्धंस्मृतिवचस्त्याज्यंनभारता * प्रमाणैर्वेदःखण्डयितुंशक्यः ॥

३—सत्यार्थप्रकाशादिवद्वैशेषिकवचनान्यपिभिन्नार्थपराणिनात्रप्रयोजयन्ति ॥

४—योवेदार्थोब्राह्मणसूत्रादिग्रन्थानुकूलःसएवसम्भवति स्वामिमतोऽन्यस्त्वमान्यः

५—पिण्डपितृयज्ञोजीवत्सुनकदापिसंघटतेऽपितुमृतेष्वेवसंघटतेनायंनियमोऽस्ति मृतशब्दमन्तरामृतार्थोनसम्भवतीति ॥

६—स्वपितृणांनित्यसेवनस्यश्राद्धंनामास्तिनवा। अस्तिचेत्तस्यकोविधिःकिंचलेख-प्रमाणम् ॥

७—पिण्डपितृयज्ञेपितरोमनुष्येभ्योभिन्नाइतिशतपथलेखात्तेभ्यएवपिण्डदानं न जीवद्भ्योमनुष्येभ्यइति ॥

८—आश्वलायनमन्वादिवाक्यानिश्राद्धप्रतिपादकानिवेदानुकूलानिसन्त्येव । यो ब्रूयाद्वेदविरुद्धानीति स विरोधंदर्शयेत् ॥

---

* अक्षरभ्रंशश्चिन्त्यः

९–भवतांमतेनित्यश्राद्धंकिमस्तिक्वलिखितंचलिखन्तु ॥ ह० भीमसेनशर्मा

पृ० ३७ में छपे समाज के पत्र का उत्तर–

अर्थ–१–वैशेषिकादि के वचनों की अप्रासङ्गिकता ही मैंने प्रतिपादन की थी। प्रासङ्गिकता नहीं ॥

२–(वस्त्रपूतं जलंपिबेत्०) इस का अन्यत्र विधान नहीं है। इस से सामान्य करके सर्वत्र के लिये जो वचन है वह विशेष करके संन्यासियों का। (तर्कोऽप्रतिष्ठः०) यह वचन धर्मविषयक ही है। ब्रह्मज्ञान भी धर्म ही है।

३–(सद्दाति–असावेतत्ते) इत्यादिब्राह्मणवाक्यपिण्डदान के विषय में हैं।

४–(आधत्त पितरः०) इस में मन्त्र का अर्थ जिस प्रकार विनियोग से विरुद्ध है सो मैं कल अपने (मौखिक) व्याख्यान में दिखा चुका हूं।

५–गर्दभेज्या का मन्त्र में कोई विरोध नहीं। इस अंश में विवाद भी अर्थसाधक नहीं ॥

६–जीवितपक्ष में गमनआगमन आदि व्यवस्था ब्राह्मणोक्त उदकविधि से विरुद्ध है (तद्यथाजक्षुषेभिषिञ्चेदेवंतत्०) श० २। ४। २। २३ इत्यादि वाक्यों से जीवित का पक्षपात विरुद्ध है ॥

७–शुद्ध होना ही फलप्राप्ति है, वही आगयर ॥

८–मृतपित्रर्थ आहुति दाहपरक नहीं कही,लेख तो विद्यमान है ही उस से अन्य नहीं होसक्ती ॥

९–येअग्निदग्धाः० इत्यादि मन्त्र ही दग्धों के पितृत्व में प्रमाण हैं। मृत पितरों के लिये श्राद्ध देना, यह स्पष्ट ही पक्ष की सिद्धि है ॥

१०–अग्निष्वात्त मृतपितरों के लिये आहुति देना स्वीकार करने में आप को विकल्प है वा नहीं ॥

११–असावेतत्ते० यह जीवितपरक किस प्रकार है ॥ ह० भीमसेन शर्मा

पृ० ३७। ३८ में मुद्रित समाज के द्वितीय पत्र का उत्तर–

अर्थ–१–वैशेषिकादि के वचन न तो जीवितश्राद्ध के विधायक हैं, न मृतश्राद्ध के निषेधक हैं, फिर इस प्रकरण से क्या सम्बन्ध है ?

२–वेदविरुद्ध स्मृति त्याज्य है नकि भारत के प्रमाणों से वेद का खण्डन किया जा सकता है ॥

३–सत्यार्थप्रकाशादि के तुल्य वैशेषिक के वचन भी भिन्न अर्थविषयक हैं, इस में काम नहीं आते ॥

४—जो वेद का अर्थ ब्राह्मण सूत्रादि ग्रन्थों के अनुकूल है वही सम्भव है। अन्य स्वामी वा अन्य किसी का नहीं ॥

५—पिण्डपितृयज्ञ जीवतों में कभी नहीं घट सकता किन्तु मृतों में ही घटता है। यह नियम नहीं है कि "मृत" शब्द के विना "मृत का अर्थ" नहीं लिया जा सके ॥

६—अपने पितरों की नित्य सेवा का नाम श्राद्ध है वा नहीं? यदि है तो उस की क्या विधि है और लेखप्रमाण क्या है?

७—शतपथ में पिण्डपितृयज्ञ में मनुष्यों से पितरों को भिन्न लिखा है। इस से उन्हीं के लिये पिण्डदान हैं, जीवते मनुष्यों के लिये नहीं॥

८—आश्वलायन मनुआदि के श्राद्धप्रतिपादक वचन वेदानुकूल ही हैं। जो वेदविरुद्ध बतावे वह विरोध दिखलावे ॥

९—आप के मत में नित्यश्राद्ध क्या है और कहां लिखा है, लिखिये ॥

ह० भीमसेन शर्मा

समाज ने दोनों के उत्तर ये दिये थेः—

ओ३म्

(पत्र सं० १ ता० २१ । २ । ०१)

१—वैशेषिकादिवचनानिनाऽप्रासङ्गिकानि। तत्र—अथातोधर्मंव्याख्यास्यामः (वैशे०) यतोभ्युदयनिःश्रेयससिद्धि स धर्मः। तद्वचनादाम्नायस्यप्रामाण्यम्। बुद्धिपूर्वावाक्प्रकृतिर्वेदे। बुद्धिपूर्वोददातिः। इत्यादीनिसूत्राणिबहुशोधर्मसम्बन्धपराणि वेदसम्बन्धपराणिचसन्ति। तस्मान्नैतद्वक्तुंशक्यंयत्तानिशास्त्राणि विज्ञान—(फ़िलासफ़ी) पराण्येवेति ॥

२—ददातिअसावेतत्तइत्यादिब्राह्मणवचनानिजीवतांशुश्रूषाभोजनादिदानपराण्येव न मृतपराणि। मृतशब्दाऽदर्शनात् ॥

३—आधत्तपितरइत्यस्यसूत्रोक्तो विनियोगोऽमूलकः ॥

४—गर्दभेज्याया हिंसादोषदुष्टत्वात्तद्धिंसायाश्चवेदविरुद्धत्वात्गर्दभेज्यावेदविरुद्धैव। यथाचपूर्वदिवसेऽस्माभिःप्रदर्शितो वेदमन्त्रः (अग्नेयंयज्ञमध्वरम्०) इति। अन्यच्च—यःपौरुषेयेणक्रविषासमङ्क्तेयोअश्व्येनपशुनायातुधानः। योअघ्न्याया भरति क्षीरमग्नेतेषांशीर्षाणिहरसापिवृश्च (ऋ० १० । ८७ । १६) तदीयं सायणकृतभाष्यमपिचसाधयतियन्मांसभक्षणपराराक्षसाभवन्ति, निवारणी-

याश्वतेइति। तथाचपशुहिंसायावर्ज्यत्वेसिद्धेगर्दभेज्यादिहिंसाविशिष्टा न धर्मो भवितुमर्हन्तिवेदविरुद्धत्वात् । जनुषेभिषिञ्चेदित्यादिनाजीवितपक्षे नकोपि दोषः । भवत्यत्रजीवात्मनांपरलोकगतानांपितृत्वंप्राप्तानांपितृत्वात् तदर्थं एवपिण्डदानादिसाध्यसाधनस्यकर्त्तव्यत्वात् मृतदेहपरिणतविकृतरोगादिहेतुभूताणुशोधनाभिप्रायदत्ताहुतिर्नभवदभिमतपितृपरा । असावेतत्तेइतिहि वाक्यंजीवितपरंतथैवयोजनीयं यथाविवाहादौपाद्यंप्रतिगृह्यतामित्यादिवचनानिविद्यमानवरायदीयमानजलादिपराणिसंगच्छन्ते ॥

आश्वलायनादयो न सर्वांशेप्रमाणीभूताः वेदविरुद्धांशेत्याज्यत्वात् ॥ आजमन्नाद्यकामः । २ । तैत्तिरंब्रह्मवर्चसकामः । ३ । (आश्व० १ । १६) इत्यादिषुवेदविरुद्धमांसभक्षणप्रतिपादनात् ॥

ओ३म्

(द्वितीयं पत्रम्)

१–वैशेषिकादिविषयेपूर्वपत्रेऽस्माभिर्लिखितंतत्पश्यन्तु । तेनास्माकंपक्षसिद्धिर्भवत्खण्डनंचतेनायाति ॥

२–भारतप्रमाणेनवेदोनास्माभिःक्वापिखण्डितःपुनस्तथाभवल्लेखोव्यर्थएव। किन्तुहिंसाप्रतिपादकमनुवाक्यानांप्रक्षिप्तताऽस्माभिःप्रतिपादिता ॥

३–अस्योत्तरंप्रथमपङ्क्तिवत् ॥

४–विवादास्पदीभूतमन्त्रार्थेशतपथब्राह्मणवचनैर्नास्माकंविरोधः । अस्तिचेद्दर्शनीयः ॥

५–किमयंनियमोऽस्ति? यन्मृतशब्दमन्तरापिमृतार्थोगृह्येत? जीवितशब्दमन्तराचजीवितार्थोनग्राह्यः? एवंचेन्महत्यव्यवस्थाऽऽपन्नाभविष्यति ॥

६–जीवतांश्रद्धापूर्वकंसेवनंश्राद्धंतच्चाऽस्माभिःपूर्वमेवमन्त्रैःप्रतिपादितं नचतत्रमृताऽऽशङ्कापिसंभवति । श्राद्धशब्दस्तुवेदेनदृश्यते ॥

॥६–पितॄणांजीवतांमनुष्यपदवाच्यत्वेऽपिविशिष्टसंबन्धार्थद्योतकत्वे, भिन्नपदेनपितृव्यवहारोनतेषांमनुष्यत्वबाधकः । यथालोकेऽपिपुत्रःस्वपितरंमनुष्यमेवजानन्नपिनमनुष्यपदेनसम्बोधयतिकिन्तुपितृशब्देनैव । एवमृषयोऽपि मनुष्याःसन्तोभिन्नेनर्षिशब्देनव्यवह्रियन्ते ॥

७–मनुवचनेषुश्राद्धप्रकरणेहिंसादृश्यते गोभिलीयेआश्वलायनसूत्रेमांसोहिंसाया वेदविरुद्धत्वाच्छ्राद्धस्यवेदविरुद्धताऽऽयाता। यथा—मांसाभिघाराःपिण्डाभविष्य-

न्तीति (गोभि० ४।२।१३) एवं मनुस्मृतौ–द्वौमासौमत्स्यमांसेनेत्यादिद्रष्टव्यम् ।।
८–अस्मन्मतेनित्यश्राद्धं वेदविहितंपूर्वंप्रतिपादितमेवयजुर्मन्त्रैः ॥

प्रधान आर्यसमाज–आगरा

पृ० ४० में मुद्रित पं० भी० के पत्र का उत्तर–

अर्थ–१–वैशेषिकादि के वचन अप्रासङ्गिक नहीं हैं। उन में–

अथातोधर्मंव्याख्यास्यामः (वैशे० १। १। १) यतोभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिःसधर्मः ॥ तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम् ॥ बुद्धिपूर्वावाक्प्रकृतिर्वेदे ॥ बुद्धिपूर्वोददातिः ॥

इत्यादि सूत्र बहुत हैं जो धर्म और वेद से सम्बन्ध रखते हैं। इस कारण यह नहीं कहा जा सकता कि वे केवल विज्ञान (फ़िलासफ़ी) के विषय में हैं ।।

२–(सददाति–असावेतत्ते) इत्यादि ब्राह्मणवचन–जीवितों की शुश्रूषा और भोजनादिदानविषय में ही हैं। मृत विषय में नहीं। क्योंकि वहां "मृत" शब्द नहीं दीखता ।।

३–(आधत्त पितरः) इस का सूत्रोक्त विनियोग अमूलक है ।।

४–गर्दभेज्या के हिंसादोषयुक्त दुष्ट होने से और हिंसा के वेदविरुद्ध होने से गर्दभेज्या वेदविरुद्ध ही है। जैसा कि हम कल वेदमन्त्र दिखला चुके हैं कि (अग्ने यं यज्ञमध्वरम्० देखो पृ० ३१) ।। और भी–

यः पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते यो अश्व्येन पशुना यातुधानः। यो अघ्न्याया भरति क्षीरमग्ने तेषां शीर्षाणि हरसापि वृश्च ॥

(ऋ० १० । ८७ । १६) इस मन्त्र का सायणकृतभाष्य भी सिद्ध करता है कि मांसभक्षी राक्षस होते हैं और वे निवारण करने योग्य हैं ।। जब इस प्रकार पशुहिंसा का वर्जनीय होना सिद्ध हुवा, तब वेदविरुद्ध होने से गर्दभेज्यादि हिंसाविशिष्टकर्म, धर्म नहीं हो सकते ॥

(जक्षुषेभिषिञ्चेत्०=भोजन करने वाले को जल दे) इत्यादि (शतपथ०) से जीवित पक्ष में कोई दोष नहीं आता ।। आप के पक्ष में परलोक को गये, हुवे पितृ बन चुके हुवे,जीवात्माओं का नाम पितृ होने से, और उन्हीं के निमित्त पिण्डदानादि साध्य (दावा=प्रतिज्ञा) को सिद्ध करना (आप का) कर्त्तव्य होने से, मृतक देह के परिणाम विकारयुक्त रोगादि के हेतु अणुओं की शुद्धि के अभिप्राय से दी हुई आहुति आप के माने हुवे पितरों

के विषय में नहीं है ।। (असावेतत्त०) इत्यादि वाक्य को जीवितपक्ष में उसी प्रकार समझना चाहिये, जिस प्रकार विवाहादि में वर को (प्रतिगृह्यताम्=लीजिये) कह कर विद्यमान वर के लिये दिये जाने वाले जलादि (पाद्य अर्घ्य आचमनीय मधुपर्क गोदानादि) के विषय में सङ्गत होते हैं।।

आश्वलायनादि सर्वांश में प्रमाण नहीं,क्योंकि वेदविरुद्धांश में त्याज्य हैं ।।

आजमन्नाद्यकामः ॥२॥ तैत्तिरंब्रह्मवर्चसकामः ॥३॥

(आश्वलायन० १ । १६) इत्यादि सूत्र वेदविरुद्ध मांसभक्षण का प्रतिपादन करते हैं॥ रामप्रसाद–प्रधान आर्यसमाज

पृ० ४०–४१ में छपे पं० भी० जी के द्वितीय पत्र का उत्तर–

अर्थ–१–वैशेषिकादि के विषय में हम पूर्व पत्र (पृ० ४१ व ४३) में लिख चुके हैं उसे देखिये । उस से हमारे पक्ष की सिद्धि और आप के पक्ष का खण्डन आता है ।।

२–भारत के प्रमाण से हमने वेद का खण्डन कहीं नहीं किया, फिर (आप का) वैसा लिखना व्यर्थ ही है । किन्तु हमने हिंसा प्रतिपादक मनुवाक्यों की प्रक्षिप्तता दिखलाई थी (देखो पृ० ३८ पं० १ से) ।।

३–इस (वैशेषिक के वचन भिन्नार्थपरक हैं) का उत्तर संख्या १ के समान (जानिये) ।।

४–जिस मन्त्र के अर्थ पर विवाद है, उस का शतपथब्राह्मण हमारे विरुद्ध नहीं । यदि है तो विरोध दिखलाइये ।।

५–क्या यह नियम है कि "मृत" शब्द के विना भी "मृतक का अर्थ" लिया जावे और "जीवित" शब्द के बिना "जीवितार्थ" न लिया जावे ? यदि ऐसा हो तो बड़ी भारी अव्यवस्था आवेगी ।।

६–जीवतों की श्रद्धापूर्वक सेवा श्राद्ध है । जो हमने प्रथम ही (पृ० १३ में) मन्त्रों से सिद्ध करदी है और उस में " मृत " की शङ्का तक भी नहीं बनती । परन्तु हां, श्राद्ध शब्द तो वेद में नहीं दीखता ।।

।। ६–जीवितपितृजन यद्यपि मनुष्यपदवाच्य हैं, परन्तु तथापि विशेष सम्बन्ध (रिश्ते) का अर्थ जतलाने वाला होने पर, भिन्न पद से पितृजनों में व्यवहार होना, उन के मनुष्यत्व का बाधक नहीं । जैसे लोक में भी पुत्र अपने पिता को " मनुष्य " जानता हुवा भी " मनुष्य " शब्द से नहीं पु-

कारता, किन्तु पिता शब्द से व्यवहार करता है। ऐसे ही ऋषि भी यद्यपि मनुष्य हैं, परन्तु भिन्न " ऋषि " शब्द से बोले जाते हैं ॥

७-मनु के श्राद्धप्रकरणस्थ वचनों में भी हिंसा देखी जाती है। और गोभिलीय तथा आश्वलायनसूत्र में भी। इस कारण हिंसा के वेदविरुद्ध होने से भी (आप के अभिमत) श्राद्ध को वेदविरुद्धता आई॥ जैसे कि-

मांसाभिघाराः पिण्डा भविष्यन्तीति (गोभि० ४। २। १३)

ऐसे ही मनुस्मृति में भी-

द्वौ मासौ मत्स्यमांसेन० (३। ६८)

इत्यादि को (हिंसापरायण) देखिये॥

८-हमारे मत में जो नित्यश्राद्ध वेदविहित है सो पूर्व (पृ० १३ में) यजुर्वेद के (२। ३२-३४) मन्त्रों से सिद्ध कर आये हैं॥

रामप्रसाद प्रधान आर्यसमाज-आगरा

पूर्व पत्र का उत्तर पं० भीमसेन जी की ओर से—

१-वैशेषिकादिवचांसिनश्राद्धंकर्मविदधतिनचप्रतिषेधन्ति। सन्तुसामान्येनधर्मपराणिविशेषतश्चमीमांसादीनिकर्मकाण्डंसमर्थयन्ति।

२-मनुष्येभ्योभिन्नाःपितरस्तेषामेवशतपथेपितृयज्ञोनचजीवन्तोमनुष्यामनुष्येभ्योभिन्नाभवितुमर्हन्ति।

३-गर्दभेज्यादिकर्माणिभिन्नकालार्थान्यपियथावेदानुकूलानितथापूर्वमेवास्माभिरुक्तम्।

४-विनियोगोनास्त्यमूलकोऽपितुभवतांसर्वमेवकथनमूलकमस्ति।

५-मांसभक्षिणोराक्षसाइतितुसर्वास्तिकसम्मतम्। तेननयज्ञोविरुध्यते नयज्ञेमांसभक्षणमुद्दिश्यतेनचभवदुदाहृतमन्त्राभ्यांतत्पाशुकंकर्मविरुध्यते।

६-तद्यथाजक्षुषेऽभिषिञ्चेदित्याकंमृतपरमेवपितरोमनुष्येभ्योभिन्नाइतिशतपथेदर्शनात्।

७-मृतदेहाणुशोधनायाहुतिरितिकिमत्रप्रमाणंकथमसमञ्जसंकल्प्यते।

८-मनुष्येतरत्वात्पितॄणामसावेतत्तइत्यादिपदानिमृतपराणिसिद्धान्येव।

९-आश्वलायनादिवाक्यानियदिवेदविरुद्धानितर्हिकस्माद्वेदाद्विरुद्धानीतिदर्शयत नोचेन्मौनमास्ताम्। सन्त्वन्तुप्रकरणान्तरकरणात्प्रतिज्ञासंन्यासदोषग्रस्ताभवन्तः। ह० भीमसेन शर्म्मा

पृ० ४३ में मुद्रित समाज के पत्र का उत्तर–

१–अर्थ–वैशेषिकादि के वचन न तो श्राद्ध को सिद्ध करते, न निषिद्ध करते हैं। सामान्य से धर्मविषयक हों, विशेषतः मीमांसादि कर्मकाण्ड का समर्थन करते हैं॥

२–मनुष्यों से पितर भिन्न हैं, उन्हीं का शतपथ में पितृयज्ञ है, और जीवते मनुष्य मनुष्यों से भिन्न नहीं होसक्ते।

३–गर्दभेज्यादि कर्म यद्यपि अन्य समयों के लिये हैं, और जैसे वे वेदानुकूल हैं वैसा हमने पहले कह दिया है।

४–विनियोग अमूलक नहीं है किन्तु आप का ही सब कथन अमूलक है।

५–यह सब आस्तिक मानते हैं कि मांसभक्षी राक्षस कहाते हैं, उस से यज्ञ को विरुद्धता नहीं, यज्ञ का उद्देश मांसभक्षण नहीं और आप के उदाहृत दोनों मन्त्रों से वह पशुसम्बन्धी कर्म विरुद्ध नहीं है।

६–(तद्यथा जक्षु०) यह मृतपरक ही है। क्योंकि शतपथ में पितर मनुष्यों से भिन्न हैं, ऐसा देखा जाता है।

७–मृतदेह के अशुशोधनार्थ आहुति है इस में क्या प्रमाण है। क्यों बेढंगी कल्पना की जाती है।

८–मनुष्यों से पितरों के भिन्न होने से (असावे०) इत्यादि वाक्य मृतपरक ही सिद्ध हैं।

९–आश्वलायन के वचन यदि वेदविरुद्ध हैं तो किस वेदमन्त्र से विरुद्ध हैं। यह दिखलाओ, नहीं तो चुप होजाओ। स्मरण करो कि प्रतिज्ञान्तर करने से प्रतिज्ञासंन्यास दोष में आप लोग फंस गये॥ ह० भीमसेन शर्म्मा

इस का उत्तर समाज ने दिया कि–

ओ३म्

१–मृतपितृभाषणसमर्थनंनक्वापिलेखेभवद्भिरद्यावधिकृतम्। नापिमृतेषुवस्त्र-परिधानादिकंसमर्थितंक्वापिलेखे॥

२–मनुष्येभ्योभिन्नत्वव्यवस्थापितॄणांकृतपूर्वास्माभिः॥

३–गर्दभेज्यादि (कर्माणि) किंकालार्थानि,यत्कालार्थानितस्मिन्कालेवेदाम्ना-तत्वा। आसंश्चेत्तद्विरोधवारणायतत्समयेऽपिकोहेतुरासीत्॥

४–अस्माकंकिंकल्पनंमूलवेदविरुद्धंपितृयज्ञविषये ?

५—यदिमांसभक्षिणोराक्षसाइतिस्वीकारे, अस्मल्लिखितमन्त्रद्वयप्रतिपादितमांसभक्षणनिषेधस्वीकारेचपाशुकंकर्मकथंनविरुद्धम् ?

६—येदह्यन्तेतेदेहाएवतएवचाग्निदग्धपदवाच्यास्तदर्थएवाहुतेर्विधानात्स्पष्टैव तैर्मन्त्रैरेवदेहदाहाहुतिः ।।

७—आश्वलायनमनुगोभिलादिवचस्सुश्राद्धप्रकरणोक्तं मांसंवेदाद्विरुध्यतेतस्मात्तदुक्तंश्राद्धंवेदविरुद्धमितिसिद्धम् । नचतत्रप्रकरणान्तरगमनम्। यदिमृतशब्दानुपादानेऽपिमृताभिप्रायोगृह्यतेभवद्भिस्तदानिम्नाङ्कितस्थलेकथंनमृताऽभिप्रायोगृह्यते ? :—

१—मानोवधीःपितरंमोतमातरम् (य० १६ । १५)

२—मानस्तोकेतनयेमानआयुषिमानोगोषुमानो अश्वेषुरीरिषः । (य० १६। १६)

३—प्रियंमाकृणुदेवेषु० (अथर्व० १९ । ७ । ६२ । १) इत्यादिषुमृतानांपितॄणां मातॄणां,तोकानां,तनयानां,गवाम्,अश्वानां,देवानां,राज्ञांचकस्मान्नग्रहणम् ?।

४—सम्भवाऽसंभवयोः संभवेकार्यसंप्रत्ययःकर्त्तव्यस्तस्मान्मृतपदानुपादानेजीवितार्थग्रहणंसुकरमेव ।।

अथ शूलगवः (आश्व० ४ । ९। १) इत्यादिषुतुगोहिंसापिभवदभिमताश्वलायनादिलिखितास्वीक्रियतेकिम् ? ह० प्रधान आर्यसमाज—आगरा

अर्थ—मृतपितरों के"बोलने"का समर्थन अभी तक आपने किसी लेख में भी नहीं किया है और न मुरदों में वस्त्रपहरने का समर्थन किसी लेख में किया है।।

२—मनुष्यों से पितरों के भिन्न होने की व्यवस्था हमने (पृ० ४४ पं० २६ से) कर दी है ।।

३—गर्दभेज्यादि कर्म किस काल के लिये हैं ? जिस काल के लिये हैं । उस काल में वेद थे या नहीं ? यदि थे तो उन वेदों से विरोध दूर करने का उस समय में भी क्या हेतु था ?

४—पितृयज्ञ विषय में हमारी कौनसी कल्पना मूलवेद के विरुद्ध है ?

५—यदि मांसभक्षियों का राक्षसत्व स्वीकृत है, और हमारे लिखे (पृ० ४३) दोनों मन्त्रों में प्रतिपादित मांसभक्षणनिषेध भी स्वीकृत है तो फिर पशुसम्बन्धी कर्म विरुद्ध कैसे नहीं है ?

६—जो दग्ध कियेजाते हैं, वे देह हैं, और वेही अग्निदग्ध पद के अर्थ हैं, तो उनही की शुद्धि के लिये आहुति का विधान होने से, उन्हीं मन्त्रों से देहदाहाऽऽहुति स्पष्ट सिद्ध है ।।

७–आश्वलायन मनु गोभिलादि के वचनों में श्राद्धप्रकरणोक्त मांस वेद से विरुद्ध है, इस कारण भी उन का कहा श्राद्ध वेदविरुद्ध सिद्ध हुवा। और प्रकरणान्तर में जाना भी नहीं हुवा॥ यदि आप मृत शब्द के विना भी मृतक का अर्थ लगाते हैं तो निम्नलिखित स्थलों में मृताऽभिप्राय क्यों नहीं ग्रहण करते?

१–मानोवधीः पितरम्० (यजुः० १६। १५) २–मानस्तो के तनये मानआयुषिमानो गोषु मानो अश्वेषु रीरिषः। इत्यादि (य० १६। १६) ३–प्रियंमाकृणुदेवेषु (अथर्व १९।७। ६२।१)

इत्यादि में मरे हुवे पितरों, माताओं, बच्चों, पुत्रों, गौवों, घोड़ों, देवों और राजाओं का ग्रहण किस कारण नहीं?

४–संभव असंभव में से संभव में कार्य मानना चाहिये, इस कारण मृत पद न होने पर जीवितार्थ ग्रहण करना सुगम ही है॥

अथ शूलगवः

(आश्व० ४। ९। १) इत्यादिकों में तो गोहिंसा भी आप के माने हुवे आश्वलायनादि में लिखी है सो क्या आप मानते हैं?

(रामप्रसाद) प्रधान आर्यसमाज–आगरा

पं० भीमसन जी ने पृ० ४४ में छपे पत्र का उत्तर दिया कि–

१–वैशेषिकादिविषयेमयापिस्पष्टमेवलिखितम्। येनयुष्माकंपक्षोनिगृहीतएव।

२–यज्ञियवेदेस्पष्टमेवपाशुकंकर्मास्तितेनास्त्येवविरोधः। असत्यपिप्रसङ्गत्यागे प्रतिज्ञाहानिर्दोषआयात्येवभवत्सु॥

३–अस्याऽप्युत्तरंप्रथमसंख्यावदेवास्ति॥

४–सूत्रग्रन्थस्यविनियोगपरित्यागेभवद्न्तिकेकिंप्रमाणम्।नास्तिचेत्सएवविरोधः

५–मनुष्येतरत्वात्पितृणांमृतग्रहणंसुस्पष्टमेवतेनागतएवमृतनियमः॥

६–जीवतांश्राद्धविषयेयत्पूर्वंभवद्भिरुक्तंतत्तथैवखण्डितमपिमया। बहवोभवद्भिमताअपिशब्दावेदे न दृश्यन्ते तेनकिम्॥

७–मनुष्याद्भिन्नाःपितरोनसन्तिचेन्मनुष्यपदेनकिमर्थं न स्वीकृताभिन्नत्वेनप्रतिपादनेकोऽपिहेतुर्भवद्भिर्नोक्त एव तस्मात्पितृणां भिन्नत्वेमृतश्राद्धंसिद्धमेव। नास्तिभवद्न्तिकेप्रमाणंकिमपि॥

८–यदिभवत्कथनमात्रान्मन्वादिवचांसिवेदविरुद्धानितर्हि मत्कथनात्सर्वंभवत्कथनंवेदविरुद्धमस्तु ।

९–पूर्वंभवद्भिः पिण्डपितृयज्ञमन्त्रादर्शितायत्करणममावास्यायांस्वीकृतमपि । नित्यश्राद्धप्रमाणं च भवत्सन्निधौनास्तीतिनिरस्तोभवत्पक्षइतिसावधानतयाप्रत्यगात्मनिविचारणीयमित्याशासे । ह० भीमसेन शर्मा

अर्थ—वैशेषिकादि के विषय में मैंने भी स्पष्ट ही लिखा है जिस से तुम्हारा पक्ष गिर ही गया है ।।

२–यजुर्वेद में स्पष्ट ही पशुकर्म है, उस से विरोध है ही । प्रसङ्ग न त्यागने पर भी आप में प्रतिज्ञाहानि दोष आता ही है ।।

३–इस का उत्तर प्रथम संख्या के तुल्य ही है ।।

४–सूत्रग्रन्थस्थ विनियोग के त्यागने में आप के समीप क्या प्रमाण है ? यदि नहीं है तो वही विरोध है ।।

५–पितर मनुष्यों से भिन्न हैं, इस से मृतों का ग्रहण स्पष्ट है ही, इस से मृत का नियम आ ही गया ।।

६–जीवतों के श्राद्धविषयमें जो आपने पूर्व कहा वह मैंने उसी प्रकार खण्डित भी किया । आपके अभिमत भी बहुतसे शब्द वेदमें नहीं दीखते, इससे क्या ।

७–यदि पितर मनुष्यों से भिन्न नहीं हैं तो मनुष्य पद से क्यों नहीं स्वीकार किये गये । भिन्नभाव से प्रतिपादन में आपने कोई हेतु नहीं कहा । इस से पितरों के भिन्नभाव में मृतश्राद्ध सिद्ध ही है । आप के पास कोई प्रमाण नहीं ।।

८–यदि आप के कथनमात्र से मनु आदि के वचन वेदविरुद्ध हैं तो मेरे कथन से आप का सब कथन वेदविरुद्ध हो ।।

९–प्रथम आपने पिण्डपितृयज्ञ के मन्त्र दिखलाये थे, जिस का करना अमावास्या में स्वीकार भी किया था । और नित्यश्राद्ध का प्रमाण आप के पास नहीं है, इस से आप का पक्ष गिर गया । यह सावधानता से अपने मन में विचार कीजियेगा, यह आशा करता हूं ।। ह० भीमसेन शर्मा

इति ॥

वक्तव्य–

आज २१ । २ । ०१ को तीसरे दिन का लेखबद्ध शास्त्रार्थ यहीं तक हुवा था, जिस में समाज का पत्र पृ० ४६ पं० २३ से लेकर पृ० ४८ पं० १५ तक में छपा हुवा अन्तिम पत्र था, इस का उत्तर पं० भीमसेन जी की ओर से नहीं हुवा था और ता० २२ को शास्त्रार्थ होता तो पं० जी उत्तर देते । तथा पृ० ४८ पं० १६ से पृ० ४९ तक छपे हुवे पं० भीमसेन जी के अन्तिम पत्र का उत्तर समाज से भी ता० २२ को ही मिलता, क्योंकि २१ ता० को शास्त्रार्थ का समय पूर्ण होगया था । सायंकाल को नित्य नियम के अनुसार दोनों पक्षवालों ने अपने २ पक्ष प्रतिपक्षों को व्याख्यान द्वारा स्पष्ट किया, श्रोताओं ने तीनों दिन के व्याख्यानों से स्वयं शास्त्रार्थ का परिणाम समझ लिया होगा । हम पं० भीमसेन जी के समान अपने मुख से अपने विजय और पराये पराजय की दुन्दुभि बजाना उचित नहीं समझते क्योंकि वादी वा प्रतिवादी के कहने से जय पराजय नहीं हो सक्ता किन्तु मध्यस्थ के कहने से होता है तदनुसार इस शास्त्रार्थ में एक पुरुष मध्यस्थ न था किन्तु सर्वसाधारण ही मध्यस्थ थे, अतः इस लेखबद्ध के पढ़ने और व्याख्यानों के सुनने वालों को ही जय पराजय के निर्णय का अधिकार है जो सब जानलेंगे और श्रोताओं ने जान लिया ॥

ता० २१ को लिखे समाज के अन्तिमपत्र का उत्तर जो ता० २२ के शास्त्रार्थ में पं० भीमसेन जी को देना था, सो २२ को शास्त्रार्थ न किया किन्तु अपने स्थान से ही उत्तर लिखलाये और सायंकाल को समाज में देदिया । यद्यपि यह उत्तर नियमविरुद्ध स्थान से लिखकर लाया हुवा इस शास्त्रार्थ का अङ्ग नहीं है और समाज को लेना भी आवश्यक न था परन्तु समाज ने पं० भीमसेन जी के सन्तोषार्थ लेलिया जिस को नीचे प्रकाशित भी किये देते हैं । पाठक देखेंगे कि उस से हमारे प्रश्नों का उत्तर कहां तक सन्तोषदायक होता है । यह पत्र लेना आवश्यक इस लिये न था कि वास्तव में ता० २२ को नियमानुसार दोनों पक्ष वाले बैठते तब वहीं नियमानुसार इस को पं० भीमसेन जी लिखते और पृ० ४८ । ४९ में छपे उन के पत्र का उत्तर समाज भी उसी समय देता । परन्तु पं० भीमसेन जी ने शास्त्रार्थ तो उस दिन न किया किन्तु स्थान से उत्तर लिख कर इस लिये भेजदिया कि ऐसा करने से ता० २१ के अन्तिम पत्र और इस अपने स्थान पर से लिखे पत्र (इन दोनों पत्रों)

का उत्तर समाज की ओर से शून्य रहे तौ समाज निरुत्तर समझा जावे । परन्तु सत्याऽसत्य के निर्णयार्थी को ऐसा करना उचित नहीं । इन दो पत्रों से क्या फल निकलेगा जब कि ३ दिन तक शास्त्रार्थ हुवा और तभी कुछ मृतश्राद्ध के वेदोक्त प्रमाण न मिल सके ॥

ता० २२ की कथा सुनिये—९ बजे से शास्त्रार्थ का नियत समय था ९ ॥ बजे पं० भीमसेन जी शास्त्रार्थ के स्थान अनाथालय में आये और अन्य दिनों के समान मकान के भीतर पुस्तक भी न लाये, गाड़ी में ही छोड़ आये, मानों अपने घरसे ही आज शास्त्रार्थ का विचार त्याग आये हों । आकर कहा कि तुम्हारे सभापति कहां हैं। उत्तर दिया गया कि पण्डित लोग हैं ही, सभापति जी के न आने से कोई हानि नहीं । कल और परसों भी तौ सभापति जी नहीं आये थे, आप के शास्त्रार्थ में क्या विघ्न पड़ा ? हस्ताक्षर वे सब परचों पर करदेते हैं, आज भी करदेंगे । परन्तु वे न माने तब पं० कृपाराम जी पं० भीमसेन जी आदि कई पुरुष समाज के सभापति के स्थान पर गये । पं० भीमसेन जी से बार २ पूंछा गया कि क्या विघ्न होजायगा, बताइये तौ सही । कुछ न बताया, तौ यह भी कहा गया कि आप जिस कारण से शास्त्रार्थ को रोकना ही उचित समझते हैं उसे लिख कर देदें, इसे भी स्वीकार न किया । अन्त में सभापति जी ने कह दिया कि आप हटते हैं तौ जाने दीजिये, विघ्न हम भी नहीं चाहते ॥

११ बजे पं० भीमसेन जी घर को लौटगये और दोपहर को ही १ छपा हुवा विज्ञापन धर्मसभा आगरा का निकला कि पं० भीमसेन जी मुहल्ला छिलीटूंट में व्याख्यान देंगे। इत्यादि जिस से पायागया कि ता० २१ की रात्रि में ही वे धर्मसभा में व्याख्यानादि का यह निश्चय कर चुके थे और उस समय में आर्यसमाजमन्दिर में शास्त्रार्थविषयक व्याख्यान नहीं देना पहले ही से मान लिया था । नहीं तौ ११ बजे जाकर थोड़ी ही देर में छपा छपाया विज्ञापन नहीं निकलता किन्तु बहुत जल्दी करते तौ सायंकाल तक छपता ॥

शास्त्रार्थ से बाह्य पं० भीमसेन जी का पत्र यह थाः—

१—मृतपितृभाषणं सम्भवतिप्राणभाषणवत् । छान्दोग्यलेखेनयथाप्राणोभाषते तत्समाहिताः शृण्वन्तितद्वदत्रापिसमाहिताःश्रद्धालवएवपित्रुपदेशंशृण्वन्ति मृतेषुमूत्रपरिधानमेववासःपरिधानंप्रमाणसिद्धम् । नचप्रमाणसिद्धंप्रत्यक्षादिनाबाध्यते ।

२–मनुष्याएवपितरइत्यत्रनकिमपिप्रमाणंभवद्भिरुदीरितम्। नचभवत्कथनंप्रमाणार्हंसाध्यत्वात्।

३–गर्दभेज्यादिकर्माण्यधिकारिकालार्थानि वेदाश्चासन् वेदानुकूलानि च तानि। परिहृतोमयाविरोधःपूर्वम्।

४–मूलवेदेअग्निष्वात्तमृतादिपितृयज्ञपरमन्त्रस्थपदैःसएवार्थःसूच्यतेयोब्राह्मणसूत्रादिषुस्पष्टीकृतस्तस्मात्सर्वस्माद्भवत्कल्पनंविरुद्धमस्त्येव।

५–पाशुकंकर्मधर्मोद्दिष्टंयज्ञान्तर्गतंनतत्रमांसभक्षणोद्देशः। यत्रमांसभक्षणोद्देशस्तद्राक्षसंकर्म॥

६–पितृपदवाच्यादेहसम्बद्धाएव। दग्धाःपरमाणवोयोन्यन्तरेपितृरूपेणपरिणता भवन्ति तएवपितरोऽग्निदग्धाअग्निष्वात्ता वा।

७–आश्वलायनादिसूत्रेषुश्राद्धप्रकरणस्थंमांसंवेदानुकूलंनविरुद्धंवेदेमांसप्रतिपादनस्यदृष्टचरत्वात्। तच्चान्ययुगार्थमतोनदोषाय। भवत्कथनमेववेदविरुद्धं श्राद्धन्तुवेदानुकूलमेवास्ति। दुर्जनतोषन्यायेनस्वीकृतेऽपिमांसरहितंश्राद्धंकिमङ्गीक्रियते॥

८–मानोवधीरित्यादीनिवचांसिनपितृयज्ञप्रकरणस्थान्यतोनमृतपित्रादिपराणि

९–तत्रमृतजीवितयोर्मृतेष्वेवार्थःसम्भवति सम्भवः।

१०–शूलगवादयोयज्ञावेदानुकूलाएवभिन्नकालीनाःकलिवर्ज्याःसंप्रत्यकर्त्तव्याएव॥

ह० भीमसेन शर्मा

अर्थ–मृत पितरों में बोलना हो सकता है। जैसे प्राण का बोलना। छान्दोग्य के लेख से जैसे प्राण बोलता है उसे एकाग्रचित्त वाले सुनते हैं वैसे ही यहां भी समाहित श्रद्धालु ही पितरों का उपदेश सुनते हैं। मृतों में सूत पहरना ही वस्त्र पहरना प्रमाणसिद्ध है और प्रमाणसिद्ध को प्रत्यक्षादि हटा नहीं सकते॥

२–मनुष्य ही पितर हैं, इस में आप ने कोई प्रमाण नहीं दिया। और साध्य होने से आप का कथन प्रमाण नहीं॥

३–गर्दभेज्यादि कर्म अधिकारी लोगों के समय के लिये थे, वेद भी थे और वे कर्म वेदानुकूल भी थे, मैं विरोध का परिहार पूर्व कर चुका हूं।

४–मूलवेद में अग्निष्वात्तमृतादि पितृयज्ञमन्त्रस्थ पदों से वही अर्थसूचित होता है जो ब्राह्मण सूत्रादिकों में स्पष्ट किया गया है। उस सब से आप की कल्पना विरुद्ध है ही॥

५–पशुवधसम्बन्धी कर्म का उद्देश धर्म है, जो यज्ञ के अन्तर्गत है, उस में मांसभक्षण उद्देश (मुख्य तात्पर्य) नहीं होता। जिस (पशुवध) में मांस खाना उद्देश हो वह राक्षस कर्म है।

६–देहसम्बन्धी परमाणु जो पितृ हैं, वे ही दग्ध होकर दूसरी योनि में पितृ बनते हैं, वे ही पितर अग्निदग्ध वा अग्निष्वात्त हैं।

७–श्राद्धप्रकरण में आश्वलायनादि सूत्रों में कहा मांस वेदानुकूल है, विरुद्ध नहीं, क्योंकि वेद में मांस का प्रतिपादन देखा जाता है। और वह अन्य युग के लिये है, इस लिये दोष नहीं। आप का कथन ही वेदविरुद्ध है, श्राद्ध तो वेदानुकूल ही है। दुर्जनतोष न्याय से स्वीकार भी किया जाय तो मांसरहित श्राद्ध को क्या मानियेगा॥

८–" मानोवधी०:" इत्यादि वचन पितृयज्ञप्रकरण के नहीं हैं। इस से वहां मृत अर्थ नहीं लिया जाता।

९–मरों और जीवतों में से मरों में ही सम्भव अर्थ है।

१०–"शूलगवादि" (गोहिंसायुक्त) यज्ञ भी वेदानुकूल हैं परन्तु अन्य काल के लिये हैं, कलियुग में वर्जित हैं, आज कल करने नहीं चाहियें॥

ह० भीमसेन शर्मा

धन्य हो ! अब भेद खुला कि आप तो श्राद्ध क्या, सभी पौराणिक और तान्त्रिक लीला को मानते हैं॥

१–वैशेषिकादि के वचनों का आपने अपने पक्ष में क्या अविरोध किया जब कि वे शास्त्र धर्मविषयक होने से न तो अप्रासङ्गिक हैं, न उन में कहे युक्ति और तर्क तथा बुद्धिपूर्वकत्व को ही आपने माना है, अलौकिक अर्थ कह कर टाल दिया है॥

२–यजुर्वेद का वह पशुवध कर्म किसी मन्त्र से दिखलाया होता तो उस पर विचार किया जाता।

३–सूत्रग्रन्थ के विनियोग का मूल से सम्बन्ध ही नहीं, सूत्र कहता है कि पिण्डों पर तागा चढ़ाओ, वेदमन्त्र कहता है कि " पितरो ! यह वस्त्र पहनिये " यह विनियोग ऐसा है, जैसा कि " शन्नोदेवी:० " इस मन्त्र के पदों (आपो भवन्तु पीतये)"जल होवें पीने के लिये"से आचमन में विनियोग तो सार्थक है परन्तु इस को अटकल पच्चू शनैश्चर का मन्त्र बताना ऊटपटांग

है। ऐसे ही " पत्नी मध्यम पिण्ड खावे " यह भी मूलमन्त्र से विरुद्ध है।

४–पिता को मनुष्य नाम से कोई व्यवहार नहीं करता सो आदरार्थ है, न कि पिता मनुष्य नहीं है। इसी प्रकार पितृयज्ञ मनुष्ययज्ञ के अन्तर्गत नहीं मानना आदरार्थ है। न कि पितर मनुष्यों से भिन्न हैं।

५–मनुस्मृति के मृतश्राद्ध को हम अपने कथनमात्र से अवैदिक नहीं बताते किन्तु आप उस का मूल वेद में नहीं दिखला सकते इस से अवैदिक ही रहा।

६–जो मन्त्र हमने पृ० १३ में नित्य पितृसेवा के दिखलाये थे, उन मन्त्रों का ब्राह्मण कहता है कि अमावास्या के नैमित्तिक पितृयज्ञ में उन मन्त्रों को अमुक २ अन्न जलादि देने के कार्य में पढ़ना होता है। इस से यह नहीं आया कि उन मन्त्रों का अर्थ यही है कि अमावास्या के ही दिन पितृजनों की श्रद्धापूर्वक सेवा की जावे। जिस प्रकार विवाह में (सह रेतो दधावहै=साथ वीर्य को रक्खें हम दोनों) इत्यादि मन्त्र का विनियोग विवाह संस्कार में होने पर भी यह तात्पर्य मन्त्र का नहीं है कि इसे विवाह में ही पढ़ दो, किन्तु स्त्री पुरुष के सदा के व्यवहार का भी वर्णन है। इसी प्रकार इन मन्त्रों का ब्राह्मणानुसार अमावास्या के पितृयज्ञ (विशेष कार्य) में विनियोग होने पर भी नित्य पितृसेवा का अर्थ दूर नहीं होता। इस से सिद्ध हुआ कि पृ० १३ में छपे हमारे दिये मूल मन्त्र प्रमाणों से नित्य पितृजनों का सत्कार विहित है। और ब्राह्मणानुसार विद्यमान पिता आदि को देवयज्ञ (अग्निष्टोमादि) के अन्तर्गत पितृयज्ञ में इस प्रकार मन्त्रविनियोगपूर्वक सत्कार विहित है कि (जक्षुषेभिषिञ्चेत्) "शतपथे" भोजन से पूर्व जल से हस्त पादादि धुलावे। (अमावेतत्ते) इस वाक्य को कह कर कि " आप के लिये यह भोजन है " भोजन दे। भोजन कर चुकने पर फिर जल से प्रत्यवनेजन=कुल्ला आदि को जल दे। इस सब ब्राह्मण में भी मृतकों को देना नहीं लिखा।

७–छान्दोग्य का वह पाठ आप ने प्रमाण में नहीं दिया जिस से प्राण के भाषण के तुल्य मृत सूक्ष्म परोक्ष=आंख आदि इन्द्रियों से न जानने योग्य आप के माने हुवे पितरों का बोलना सिद्ध होता। वर्णोच्चारण शिक्षा मात्र पढ़े लोग भी जानते हैं कि–

आत्मा बुद्ध्या समेत्यार्थान् मनोयुङ्क्ते विवक्षया

इत्यादि का तात्पर्य यही होसक्ता है कि बोलने से वक्ता का तात्पर्य श्रोता को समझाने का होता है। फिर आप के अभिमत सूक्ष्म पितर जब अन्य लोक और अन्य योनि के सूक्ष्म देहधारी अतीन्द्रिय हैं तो उन की भाषा मनुष्य की भाषा न होने से मनुष्य समझ नहीं सक्ता, फिर बोलना व्यर्थ हुआ। इस लिये वेद में मृत शब्द न होने पर भी जो आप ने मृत की कल्पना की सो आप की कल्पना वेद पर व्यर्थता का दोष लगाने वाली होने से भी वैशेषिकादि के ऋषिवचनों से विरुद्ध हुई। जिस के सुनने में जो असमर्थ है वह श्रद्धालु होने पर भी नहीं सुन सकता। सूत्रकार ने मन्त्र के "वस्त्र" को छोड़ कर सूत के तागे (धागे) को यदि इस लिये माना हो कि पितर सूक्ष्म हैं उन को हलका वस्त्र चाहिये तो सूत का डोरा कितना ही हलका होने पर भी अतीन्द्रिय सूक्ष्म पितरों से तो भारी ही रहेगा। अतः पितर उस से दब मरेंगे। और पिण्ड भी इतना बड़ा २ गोला न खा सकेंगे किन्तु एक पिण्ड से सहस्त्रों पितर दब कर चकनाचूर होजायंगे। और वस्त्र पितरों को पहनाना चाहिये न कि पिण्डों को ॥

८—गर्दभेज्या में गधा मारना वा शूलगव में गोवध करना वेद के किसी मन्त्र से विहित नहीं, न आपने कोई मन्त्र लिखा। कलियुग में वर्जित होना आदि भी आपने अन्यस्मृति वा पुराणों से लिया होगा। उन २ ग्रन्थों में तो कालभेद नहीं लिखा कि यह अमुक युग का धर्म है। और हमने जो (अग्ने यं यज्ञमध्वरम्०) इत्यादि दो मन्त्र लिख कर मांसभक्षण और यज्ञ में भी हिंसा न करना दिखलाया था, उस का आप के पास कोई उत्तर नहीं। अतः हिंसाशिविष्ट श्राद्ध वा अन्य यज्ञ वेदविरुद्ध सिद्ध हैं। मृतपितृयज्ञ के पिण्डदान का वेद वा शतपथ में प्रमाण न मिलने से आप का पक्ष सिद्ध नहीं हुवा। और कात्यायन आश्वलायन तथा मनु के वे २ वचन अवैदिक होने से माननीय नहीं ॥

९—आप का पशुकर्म यदि धर्मोद्दिष्ट है तो क्या उस में हुई वेदविरुद्ध हिंसा अधर्म होने से धर्मोद्देश का नाश करके अधर्म की प्रचारक नहीं हुई ?

१०—यह लिखना कैसा मनमाना है कि मृतक के शरीर के ही परमाणु दूसरी योनि में पितृशरीर बनजाते हैं। किञ्चित् सनातनधर्मी भी इस पर ध्यान देंगे। यदि वही परमाणु पितृयोनि का देह बनावें तो दशगात्र का

पिण्डदान आपके मत से विरुद्ध होगा। तथा यही स्थूलदेह पितरों के लक्षों देहों को परमाणु देने योग्य है, फिर १ स्थूलदेह को फूकने से अनेक पितृ-शरीरों के लिये अनेक जीव भी मानने पड़ेंगे। तथा भस्मादिरूप से अनेक परमाणुसमुदाय पृथिवी पर भी पड़े वा गड़े रहते हैं, उन के परिणाम से अन्यलोकस्थ पितर नहीं बनते ।।

इस शास्त्रार्थ में पं० भीमसेन जी ने वेदमन्त्र का केवल १ प्रमाण दिया था (येअग्निदग्धाः०) इत्यादि । जिस में देह को जलाने वा न जलाने पर भी दूसरा जन्म होनेमात्र का वर्णन है। पिण्डों का वहां नाम भी नहीं ।।

(२) शतपथ के सब प्रमाण मृतकशब्द से रहित हैं। वे विद्यमान पिता आदि को भोजनादि देने का प्रतिपादन करते हैं ।।

(३) बस मनुस्मृति के दो श्लोकों से अतिरिक्त आद्योपान्त पढ़ जाइये कोई प्रमाण मृतश्राद्ध का समर्थक नहीं मिलेगा । मनुवचन वेदमूलक न होने से माननीय नहीं । न मनु से मृतश्राद्ध पर विचार करने को यह शास्त्रार्थ हुवा था । किन्तु श्रोताओं को तो यह आशा थी कि इतने दिन तक आर्य-समाज के मुख्य पण्डित बने रहने और श्राद्धविषय पर मति परिवर्त्तन होने के कारणभूत यत्न के दीर्घकालीन विचार करने वाले पं० भीमसेन शर्मा जी अवश्य कोई अनूठे वेदमन्त्रों के प्रमाण देंगे।सो आशा निराशा होगई ।।

आर्यसमाज ने अपने पक्ष में—

५ वेदमन्त्र पृष्ठ १२ व १३ में,

१ मनुवचन पृ० १७ में,

२ वैशेषिकसूत्र पृ० १७ में,

२ सांख्यसूत्र पृ० १७ में,

१ निरुक्त० पृ० १८ में,

४ कात्यायनसूत्र परपक्षखण्डनार्थ पृ० २५ में,

१ वेदमन्त्र (अग्निं दूतं पु०) पृ० २५ में,

१ मनुवचन पृ० ३० में,

१ वेदमन्त्र पृ० ३१ में परपक्षोक्त हिंसा के खण्डन में,

१ महाभारत का प्रमाण पृ० ३८ में हिंसा की प्रक्षिप्तता में,

३ वैशेषिकसूत्र पृ० ४३ में,

१ वेदमन्त्र पृ० ४३ में मांसभक्षणनिषेध में,

२ आश्वलायन के २ सूत्र पृ० ४४ में,

१ गोभिलवचन पृ० ४५ में,

१ मनुस्मृति का श्लोक पृ० ४५ में,

२ यजुर्वेदमन्त्र और

१ अथर्ववेद का मन्त्र और

१ आश्वलायन का सूत्र पृ० ४८ में; ये सब ३१ वचन स्वपक्षमण्डन वा पर-

३१ पक्षखण्डन में दिये थे। पाठकलोग पढ़कर स्वयं परिणाम निकाल लेवेंगे।।

सं० १ ओ३म्

आर्य यन्त्री

तथा

दर्शयितृ

१९०३ ई०

पञ्जाबदेशान्तर्गत कर्णाल आर्य्यसमाजेन प्रकाशिता

—————*—————

विनिर्मिताऽप्यौतिषतन्त्रतत्त्वं, विभाठयपञ्चाङ्गमुरीत्यभावात् ।

त्रिखाङ्कभू(सन् १९०३)वर्षयथार्थवृत्तप्रबोधिकायन्त्रितयन्त्रिकेयम् ॥

हृद्याऽनवद्या बहुसारगर्भा, विलोकनीया च समैरवश्यम् ।

लोकोपकृत्यै प्रकटीकृताया अथार्यवर्गैः प्रगुणी कृता च ॥

[पं० भीमसेन शर्म्मा]

—————o—————

अजमेरस्थवैदिकयंत्रालये मुद्रिता

—————o—————

१००० प्रति] [मूल्य ।-) विना डाकव्यय

विषय सूचीपत्रम् ।

आर्य्ययंत्री

राजकार्य्यावकाश दिवसाः (अदालतों की छुट्टियों की सूची)

जनवरी

तिथि	दिन	छुट्टी
१	बृ	नौरोज़ व ईद छोटी
२-८	शु-बृ	दिल्ली दर्बार राज्याभिषेक
१२	चं	लोहड़ी

फ़र्वरी

२	चं	बसंत ५
२६	बृ	शिवरात्रि

मार्च

१०,११	मं, बु	बड़ीईद
११ १३	बु-शु	होली

अप्रेल

तिथि	दिन	छुट्टी
३१मा- से ९ अप्रेल	मं-बृ	मुहर्रम
४	श	दुर्गा ८
६	चं	राम ९
१०-१३	शु-चं	गुडफ्राइडे
१२	र	चंद्रग्रहण
१३	चं	वैशाखी
२७	चं	सो० अमावस

मई

२४	र	विक्टोरियाडे
२७	बु	आखिरीशम्बः
३०	श	एडवर्ड ७ जन्म दिन

आवश्यकता

:०:—

हम निम्नाङ्कित दो पुस्तक बनवाना चाहते हैं, रचयिता को योग्य पुरस्कार दिया जायगा

१ दयानन्ददिग्विजय—जिसमें संस्कृत गद्य पद्य रीति से महर्षि दयानन्द का जीवन चरित्र होगा पुस्तक रचना में परमोत्तम अत्युक्ति से रहित और सत्य वृत्त से पूरित होना चाहिये ॥

२ आर्य्य तेवहार—इसमें वर्तमान हिन्दू तेवहारों की व्युत्पत्ति प्राचीन तेवहारों का वर्णन नागरी भाषा में शास्त्रोक्त प्रमाणयुक्त किया जावेगा ॥

जून

६	श	निर्जला ११
९	मं	१२ वफात

जुलाई

९	बृ	व्यास पूजा

अगस्त

[illegible]	श	सलोनो
७	र	जन्म ८

सितम्बर

[illegible]	श	अनन्त १४
२१	चं	सो० अमावस

सूचना

आर्य्य यंत्री तथा दर्शयितृ का मूल्य विना डाकव्यय उर्दू ।) और नागरी ।-) और कमीशन १० से २५ प्रति तक १५) सैकड़ा ५० तक २०) और अधिक पर २५ सैकड़ा नियत है ॥

विज्ञापन देने के दाम एक पृष्ठ के उर्दू ४) और नागरी ५) हैं, १) से न्यून नहीं लिया जावेगा ॥

सम्पूर्ण पत्र व्यवहार निम्न पते पर करें:—

कृष्ण स्वरूप मन्त्री
आर्य्यसमाज करनाल
(पंजाब)

अक्तूबर

२८सि० १अक्टू	चं-बृ	दशहरा
७	बुध	चन्द्रग्रहण
१९, २०	चं,मं	दीवाली
२२	बृ	यमद्वितीया
३१	श	देवउठान

नवेम्बर

५	बृ	टुकड़ी
६	शु	शबबरात

डिसम्बर

१८	चं, मं	जुब्लविदा
२१,२२	शुक्र	छोटी ईद
२४से ३१	बु-बृ	बड़ादिन

☞ इन से अतिरिक्त प्रति रविवार और काम कम होने पर हरमास के अन्तिम शनिवार को भी छुट्टी होगी ॥ इस वर्ष में एक सूर्य्यग्रहण और दो चन्द्रग्रहण २९ मार्च २ अप्रेल, और ७ अक्तूबर को यथाक्रम होंगे ॥

(ख)

निवेदन

परम पिता परमात्मा का धन्यवाद है कि आज हम आर्य्य यंत्री को नागरी में अपने पाठकों के सन्मुख प्रस्तुत करते हैं। विदित हो कि आर्य्य यन्त्री उर्दू में १८९९ ई० से मुद्रित होती है परन्तु संयुक्त प्रदेश, बङ्गाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मुम्बई, गुजरात आदि प्रान्तों में अधिकतर नागरी का प्रचार होने से तत्रस्थ आर्य्य समाजों को इस से कुछ विशेष लाभ नहीं पहुंचा, अतएव बहुत से मित्रादिकों विशेष कर श्रीमान् सेठ श्यामलाल जी आगरा निवासी तथा लाला अमीचन्द दुसाज मन्त्री आर्य्य समाज बहरायच के अनुरोध से हम ने १९०२ की उर्दू आर्य्य यन्त्री में निवेदन किया था कि यदि कोई अन्य समाज नागरी यन्त्री का भार अपने ऊपर ले लेवे तो दोनों काम बहुत उत्तमता से पूरे हो सकेंगे और लिखा था कि इसकी तीन मास तक हम प्रतीक्षा करेंगे परन्तु नियत समय से भी एक मास व्यतीत हो जाने पर जब कोई समाज इस कार्य्य के लिये उद्यत नहीं हुआ तो नागरी यन्त्री का काम भी हमें ही करना पड़ा, बस यहही नागरी यन्त्री मुद्रित करने का मुख्य कारण है॥

(२) यह विचार है कि इस आवृत्ति में पिछली उर्दू यन्त्रियों के उत्तम२ लेख प्रकाशित कर दिये जावें, तथाच इस वर्ष भी "दिवस तथा मास" और "व्यायाम" विषयक लेख संग्रहीत कर के दिये गये हैं यही कारण है कि उर्दू यंत्री का "मनुस्मृति में प्रक्षिप्तता" और "डाकघर सम्बन्धी नियम" वाले लेख नागरी में नहीं छप सके शेष सब समान हैं परन्तु आगामी में एकसा करने का यत्न किया जावेगा॥

(३) यन्त्री में समाज के प्रसिद्ध पुरुषों की मरण तिथि संस्कृत गणित से लिखी गई है अतः पाठकों के सूचनार्थ तीन प्रसिद्ध पुरुषों की मरण तिथि नीचे लिखते हैं:—

महर्षि स्वा० दयानन्द सरस्वती—कार्तिक वदि अमावस सं० १९४० वि० (३० अकतूबर १८८३ ई०) पं० गुरुदत्त विद्यार्थी एम० ए० चैत्र वदि १४ (प्रविष्टा ८) १९४७ वि० बुधवार (१९ मार्च १८९०) पं० लेखराम आर्य्य मुसाफिर—फाल्गुन सुदि ३ सं० १९५३ वि० शनिवार (६ मार्च १८९७ ई०)

(४) व्यवहार सम्बन्धी विज्ञापनादि के हम उत्तरदाता नहीं हैं परञ्च यन्त्री विषयक अन्य किसी प्रकार की अप्रसन्नता यदि किसी को हो तो सीधा हम को लिखे॥

(५) अन्त में हम भारतवर्षीय समस्त आ० प्र० नि० सभाओं तथा आर्य्य समाजों के मन्त्री महाशयों और अन्य भद्रपुरुषों का जिन्होंने यन्त्री की पूर्त्ति में अनेक प्रकारसे सहायता दी है हार्दिक धन्यवाद देते हैं॥

कर्णाल (पञ्जाब)
मिति कार्तिक वदी ५
सं० १९५९ वि० मंगलवार

कृष्णस्वरूप मन्त्री
आर्य्य समाज

ओ३म्

दिवस तथा मास *

(महाशय शालिग्राम आर्य्य प्रयागनिवासी लिखित)

यदि दीर्घदृष्टि से देखा जाय तो किसी भाषा के शब्द ही उस के पूर्ण वा अधूरे होने वा उस जनपद की जिसकी वह भाषा है सभ्यता के आरम्भ को सूचित करते हैं। हम इस लेख में अन्य बातों पर दृष्टि न देकर केवल सप्ताह के दिनों तथा वर्षान्तर्गत महीनों को लक्ष्य में रख कर अपने पाठकों को दिखलावेंगे कि संस्कृत से अतिरिक्त अन्य मुख्य भाषाओं में जो साम्प्रत एतद्देश में प्रचलित हैं, सप्ताह के दिनों तथा वर्षान्तर्गत महीनों का जो प्रथम नामकरण संस्कार हुआ वह कहां तक उनकी भ्रान्ति और ज्योतिषविद्या (जिसका इस से विशेष सम्बन्ध है) अनभिज्ञता को प्रकट करते हैं और इस के विरुद्ध हमारी संस्कृत पवित्र देववाणी में जिसको सारे भूगोल की विद्याओं के स्रोत होने का सन्मान और प्रतिष्ठा-प्राप्त है, दिनों तथा महीनों के जो नाम रक्खे गए हैं वे कैसे विद्यासम्बन्धी नियम से युक्त हैं और किस उत्तमता के साथ अपने नाम ही से अपने वृत्तान्त की पूरी २ सूचना देते हैं॥

सप्ताहदिनविषयक अन्वेषण

इस विषय में आर्य्यों के नियम से केवल इतनी समानता पाई जाती है कि-
(१) प्रत्येक देशनिवासियों ने सात ही दिन माने हैं, कहीं छः वा आठ दिन नहीं होते।
(२) प्रत्येक दिन का एक २ ग्रह से सम्बन्ध है जिनके नाम उनके साथ आगे दिये जावेंगे। मानो संस्कृत नियमों का एक प्रकार से अधूरा अनुकरण किया गया है क्योंकि उनके यहां दिनों के जो नाम रक्खे गए हैं उनके अन्वेषण से उनके बनानेवालों के विचित्र विचारों का परिचय होता है जिसको हम पाठकों के ज्ञानार्थ कुछ स्फुटता से नीचे लिखते हैं॥

---

* यह लेख दो भाग में १९०१ और १९०२ की उर्दू आर्य्य गज़ट में प्रकाशित हो चुका है, यहां उसका उल्था कुछ न्यूनाधिक करके दिया गया है॥ सम्पादक

सब से पूर्व अङ्गरेज़ी दिनों के नाम और उनकी व्युत्पत्ति लिखी जाती है। ज्ञात हो कि इस का सप्ताह संस्कृत के सदृश आदित्यवार से आरम्भ होता है और सारे नाम सैक्सन † (Saxon) भाषा के नामों से ग्रहण किये गए हैं ॥

दिन का नाम	दिन सम्बन्धी ग्रह	व्युत्पत्ति
सण्डे (Sunday)	सन (सूर्य्य)	यह सन्सडे (Sun's day) का समास है अर्थात् सूर्य्य देवता की पूजा का दिन।
मण्डे (Monday)	मून (चन्द्र)	इस शब्द का प्राकृत स्वरूप मून्सडे (Moon's day) था चन्द्रमा देवता की पूजा का दिन।
ट्यूज़डे (Tuesday)	मार्स (मङ्गल)	युद्ध के देवता ट्यू की पूजा का दिन।
वेड्नेस्डे (Wednesday)	मर्क्युरी (बुध)	इस की प्रकृति वोडेन्सडे (Woden's day) है अर्थात् वायु के देवता वोडन नामक की पूजा का दिन। किसी २ ने इसे भी युद्ध का देवता लिखा है।
थर्सडे (Thursday)	ज्युपिटर (बृहस्पति)	यह शब्द थौर्सडे (Thor's day) है अर्थात् मरुत (तूफ़ान) देवता थौर की पूजा का दिन। यह देवता वोडेन का पुत्र है।
फ्राइडे (Friday)	वीनस (शुक्र)	प्राकृत स्वरूप से यह शब्द फ्रीगाज़डे (Friga's day) है अर्थात् विवाह की देवी फ्रीगा की पूजा का दिन। यह देवी वोडेन देवता की स्त्री है। कोई २ उस को फ्राया की पूजा का दिन कहते हैं जो वृक्षों में फल लाने वाली देवी कही जाती है।
सैटरडे (Saturday)	सैटर्न (शनैश्चर)	कृषी के देवता सेटर्न (Saturn) की पूजा का दिन। यह एक विशेष प्रधान देवताओं में है और कोइलस (आकाश) और टेरा (पृथिवी) के देवताओं का पुत्र है। और

† प्रचलित अंगरेज़ीभाषा (Modern English) उर्दू वा फ़ार्सी के सदृश बहुत सी प्राचीन भाषाओं से मिलकर बनी है, जिस में एङ्ग्लो सैक्सन (Anglo Saxon) भी सम्मिलित है ॥

ज्युपिटर का पिता कहा जाता है जो यूनानियों का देवता है ।

लेटिन, फ्रेञ्च, यूनानी, जर्मनादि सर्व पश्चिमी भाषाओं में कुछ २ अक्षर व्यत्यय करके प्रायः यही नाम हैं और ऐसे ही नियम पर निर्भर हैं ॥

पाठकगण ! इस व्युत्पत्ति से स्वतः ही निर्णय करलें कि इन नामों के रखनेवाले कैसे भ्रान्तमतावलम्बी थे और इस व्युत्पत्ति के अनुसार इन दिनों के नाम का ज्योतिष विद्या से जो उन का वास्तविक आधार है कहां तक सम्बन्ध प्रतीत होता है । इस के अतिरिक्त इन कल्पित देवता और देवियों में से कोई किसी का पिता, कोई किसी का पुत्र और कोई किसी का स्त्री कही गई है । यह ठीक इसी प्रकार है जैसे इस समय हिन्दुओं में शिव गणेश परस्पर पिता पुत्र तथा लक्ष्मी विष्णु दम्पती कहे जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि महाभारत युद्ध के पश्चात् जब आर्य्यसन्तान अविद्यावश होकर ३३ क्रोड़ कल्पित देवताओं की विश्वासी हुई तो उस समय बहुत सी असभ्य पश्चिमी जातियों पर भी इन के अनुकरण का प्रभाव पड़ा, जिन की स्वभाषा के शब्द ही मुक्त कण्ठ हमारे इस विचार की पुष्टि करते हैं ॥

अब अरबी दिनों की व्युत्पत्ति सुनिये

विदित हो कि किसी २ पुस्तक में इस के सप्ताह का प्रथम दिन फार्सी दिनों के अनुबन्ध से शनैश्चर लिखा है और आदित्यवार को अन्त में । परन्तु यह क्रम अयुक्त है क्योंकि इस में आदित्यवार का नाम ही "यौमुल अहद" अर्थात् "प्रथम दिवस" है॥

दिन का नाम	दिन सम्बन्धी ग्रह	व्युत्पत्ति
यौमुल अहद	शम्स (सूर्य्य)	सप्ताह का प्रथम दिन
,, अस्नैन	क़मर (चन्द्र)	,, ,, दूसरा ,,
,, सुल्स	मिर्रीख़ (मङ्गल)	,, ,, तीसरा ,,
,, अर्बः	अतारद (बुध)	,, ,, चौथा ,,
,, ख़म्स	मुशतरी (बृहस्पति)	,, ,, पांचवां ,,
,, जुमअः	ज़ोहरा (शुक्र)	जुम्मे का अर्थ जमा (एकत्र) होना है । इस दिन अरब निवासी एकत्र होकर इबादत (उपासना) किया करते थे तथा स्वमतसम्बन्धी व्याख्यान सुना करते थे इस कारण यह नाम रक्खा गया ।

यौमुल सब्त्	ज़ुहल (शनैश्चर)	सब्त के अर्थ अरबी कोश में जो पाए जाते हैं वह ऐसे असम्बद्ध हैं कि तदनुकूल इस नाम की व्युत्पत्ति का निश्चय करना अतिकठिन है। सब्त शब्द इब्रानी भाषा का है जिस का धात्वर्थ " विश्राम करना " है, जिस कारण ईश्वर ने ६ दिन में सृष्टि को रचकर सातवें दिन विश्राम किया था अतः उसको मुबारिक (शुभ) दिन समझा जाता है। यहूदी लोग सब्त का दिन शनिवार को समझते हैं, परन्तु ईसाई आदित्यवार को " योमुल सब्त " मानते हैं। जिस प्रकार मुहम्मद साहिब ने अपने पुस्तक (कुरान) के लिखने में बहुधा यहूदी लेखों से सहायता ली है उसी प्रकार अरबी दिनों में यौमुल-सब्त को शनैश्चर का दिन ठहराना यहूदियों के अनुकरण का दूसरा प्रमाण है। मैडम ब्लैवट्स्की (Madam Blavatsky) यौमुल-सब्त का अर्थ सातवां दिन नहीं मान्ती किन्तु सातों दिनों का नाम यौमुलसब्त कहती है अर्थात् विचारानुसार यदि इस सिद्धान्त को यथार्थ चरितार्थ किया जावे तो ७ दिन काम करके सात ही दिन विश्राम करना चाहिये॥

उपर्युक्त कथन से प्रकट है कि इन नामों के नियत करने वाले भी ज्योतिष विद्या से सर्वथा शून्य थे। केवल कार्य्यसिद्ध्यर्थ कुछ नाम तो यथासंख्य रखलिये थे और एक का नाम मनुष्यों के एकत्र होने पर रक्खा गया और अन्तिम दिन यहूदियों के अनुकरण में " विश्राम का दिन " शब्द मात्र रखलिया यद्यपि उसको चरितार्थ नहीं किया गया॥

अब फ़ार्सी दिनों पर विचार किया जाता है:—

फ़ारिसनिवासी समस्त भूगोल के नियम से विरुद्ध सप्ताह का आरम्भ शम्बः अर्थात् शनैश्चर से करते हैं। उनके दिनों के नाम और व्युत्पत्ति नीचे लिखी जाती है॥

दिन का नाम	दिन सम्बन्धी ग्रह	व्युत्पत्ति
शम्बः	कैवान (शनिश्चर)	शम्बः के धात्वर्थ का कोश में कहीं पता नहीं लगता, केवल इतना लिखा है कि सप्ताह का प्रथम दिन वा शनैश्चर। यह ज्ञात होता है कि यह शब्द संस्कृत के शनिवार का अपभ्रंश है जिसका अर्थ शनैश्चर का दिन है क्योंकि उभय शब्दों का उच्चारण प्रायः समान ही है अथवा कदाचित् इब्रानी भाषा के "सब्त" शब्द से बनाया गया हो।
यक शम्बः	खुर्शीद (सूर्य्य)	शम्बः अर्थात् शनिश्चर के अनन्तर प्रथम दिन।
दो शम्बः	माह (चन्द्र)	अनन्तर प्रथम दूसरा दिन
सेह ,,	बहराम (मङ्गल)	,, ,, तीसरा ,,
चहार ,,	तीर (बुध)	,, ,, चौथा ,,
पञ्ज ,,	बर्जीस (बृहस्पति)	,, ,, पांचवां ,,
अदीनः	नाहीद (शुक्र)	इस शब्द के धात्वर्थ का भी कोश में खोज नहीं मिलता अतः इसकी व्युत्पात्ति निश्चय न हो सकी।

गत यंत्र से प्रतीत होता है कि उन्हों ने भी अरबनिवासियों के अनुसार पांच दिन तो यथासंख्य रक्खे हैं, एक दिन संस्कृत अथवा इब्रानी से लिया है और एक की व्युत्पत्ति का पता नहीं॥

अब संस्कृत दिनों के नाम और व्युत्पत्ति वर्णन की जाती है॥

विदित हो कि संस्कृत में दिनों के नाम सात ग्रहों के नाम पर रक्खे गये हैं और यही कारण है कि सात दिन होते हैं, ६ वा ८ नहीं हो सकते। उन के नाम यह हैं:— (१) रवि, सूर्य्य, वा आदित्य (२) चन्द्र वा सोम (३) मङ्गल (४) बुध (५) बृहस्पति (६) शुक्र (७) शनि वा शनैश्चर॥

ज्योतिष विद्या के वेत्ताओं ने अपनी गणितप्रक्रियानुसार दिन और रात्रि के २४ घंटों में से प्रत्येक घण्टे* को क्रमपूर्वक इन सातों ग्रहों में से प्रत्येक ग्रह के साथ उनके

* घण्टे को संस्कृत में होरा कहते हैं, होरा राशि के अर्ध भाग का नाम है, दिन रात (६० घड़ी) में १२ लग्न (राशि) बीतते हैं। प्रत्येक राशि ५ घड़ी की हुई अतः होरा अर्धराशि अर्थात् ढाई घड़ी अथवा एक घण्टा हुआ॥

दैवी नियत गत्यनुसार सम्बद्ध किया है और उस समय वह ग्रह अधिपति वा स्वामी कहलाता है। इस गणित से प्रत्येक ६ घण्टे के पश्चात् पुनः वही ग्रह अधिपति होता है और यह श्रृङ्खला सदैव रात्रि दिवस चली जाती है। हम लोग दिन का आरम्भ सूर्य्य के उदय होने के काल से लेते हैं, इसलिये उस काल में जो ग्रह अधिपति होता है उसी के नाम से उस दिन का नाम पड़ता है। कल्पना करो कि आज सूर्य्योदय समय सूर्य्य ही अधिपति था तो इस कारण आज का दिन रविवार वा आदित्यवार कहलायगा। पुनः उस दिन के २५ वें घण्टे में अर्थात् कल सवेरे गणितानुसार (जिसको हम विस्तार पूर्वक आगे लिखेंगे) चन्द्र अथवा सोम अधिपति होगा, अतः कल का दिन चन्द्रवार वा सोमवार कहलायगा, इत्यादि।

प्रकट हो कि संस्कृत में ज्योतिष के विद्वानों ने इन ग्रहों का क्रम इस प्रकार नियत किया है।

मन्दामरेज्यभूपुत्र—सूर्य्यशुक्रेन्दुजेन्दवः।

(१) शनैश्चर (२) बृहस्पति (३) मङ्गल (४) सूर्य्य (आदित्य) (५) शुक्र (६) बुध (७) चन्द्र (सोम)

कल्पना करो कि आज के पहिले घण्टे में अर्थात् सूर्य्योदय समय सूर्य्य अधिपति था तो अब प्रत्येक घण्टे के क्रम से उन का निम्नलिखित विभाग होगा।

नाम ग्रह	दिन और रात के घण्टे				
आदित्यवार	पहले घण्टे में	८	१५	२२	आदित्यवार का पहिला घंटा अथवा दूसरे दिन का पहिला घण्टा ॥
शुक्र	२	९	१६	२३	
बुध	३	१०	१७	२४	
चन्द्र	४	११	१८	२५	
शनैश्चर	५	१२	१९		
बृहस्पति	६	१३	२०		
मङ्गल	७	१४	२१		

गत यंत्र से प्रकट है कि आदित्यवार को सूर्य्य पहिले आठवें पन्द्रहवें तथा २२ वें घण्टे में अधिपति रहता है। २३ वें शुक्र और २४ वें बुध होता है और दिन

रात्रि में २४ ही घण्टे होने के कारण २५ वें घण्टे अर्थात् आदित्यवार से अगला जो दिन आवेगा उसके पहिले घण्टे में चन्द्र वा सोम अधिपति होगा अतः आदित्यवारानन्तर दिन चन्द्रवार वा सोमवार कहलावेगा। अब इसी प्रकार चन्द्र को पहिले स्थित करो और पुनः क्रमपूर्वक अन्य ग्रहों को, यथा–(१) चन्द्र (२) शनि (३) बृहस्पति (४) मङ्गल (५) आदित्य (६) शुक्र (७) बुध; और इस में उपर्युक्त रीति से क्रमपूर्वक घण्टे के अङ्क स्थित करो तो २५ वें घण्टे में मङ्गल पड़ेगा। इसलिये उस (सोमवार) से अगला दिन मङ्गलवार कहलायगा। यदि समस्त ग्रहोंके लिये यही प्रक्रिया करते चले जाओ तो उन का भी वही क्रम स्थित होजायगा जैसा हमारे सप्ताह के दिनों का है।

अब पाठकगण विचारें कि संस्कृत में जो नाम दिनों के नियत किये गए हैं वह कैसे विद्यासम्बन्धी नियम पर स्थिर हैं और उनके नियत करनेवालों ने कैसे लघु और सारगर्भित नाम रक्खे हैं और इस के विरुद्ध अन्य भाषाओं के जो नाम हैं वह किस भाव को प्रकट करते हैं॥

वर्षान्तर्गत माससम्बन्धी विचार

प्रथम अङ्गरेज़ी महीनों के नाम तथा उनकी व्युत्पत्ति वर्णन की जाती है।

ज्ञात हो कि यह सब सौर मास कहलाते हैं और इन के नाम लेटिन भाषा से लिये गये हैं, जो रोमियों वा इटली देशनिवासियों की पूर्व भाषा है। उस देश में प्राचीन समय में वर्ष का आरम्भ मार्च मास से गिना जाता था अर्थात् उन के महीनों के नाम क्रमपूर्वक इस प्रकार थेः—

(१) मार्च (२) अप्रेल (३) मई (४) जून (५) जुलाई (६) अगस्त (७) सितम्बर (८) अक्टूबर (९) नवम्बर (१०) दिसम्बर (११) जनवरी (१२) फर्वरी॥

इस क्रम को मन में स्थिर कर लेने से निम्नलिखित यंत्र जिस में वर्तमान* क्रम रक्खा गया है भली भांति समझ में आजावेगा।

१ जनवरी—यह लेटिन भाषा के "जेनस" शब्द से बना है जो पूर्व रोमियों का सूर्य्य और वर्ष का देवता था, यह मास उस की प्रतिष्ठा के लिये नियत था।

२ फर्वरी—यह शब्द लेटिन भाषा के शब्द "फेब्रुवेरियस" से निकला है जिस का अर्थ "कफ़्फ़ारा" (प्रायश्चित्त) है, अर्थात् पापों का प्रतीकार करके उन से

* अंगरेजी महीनों का वर्त्तमान क्रम (जनवरी आदि दिसम्बरान्त) रोम (इटली) के प्रसिद्ध नृपति क़ैसर जूलियस ने ४६ वर्ष ख्रीष्टाब्द से पूर्व नियत किया था॥

शुद्ध होना। इटली के पूर्वनिवासी इस मास के मध्य में एक बड़ा उत्सव करके पापों के निवृत्त्यर्थ "कफ़्फ़ारा" दिया करते थे इस कारण इस मास का यह नाम हुआ।

३ मार्च—इस महीने का नाम पूर्व रोमियों के युद्ध सम्बन्धी देवता "मार्स" के नाम पर रक्खा गया है।

४ अप्रैल—यह नाम लेटिन भाषा के शब्द "एप्रिलिज़" से निकला है। एप्रिल का अर्थ उस महीने का है जिस में वनस्पति अपनी उद्भेदक शक्ति से ऋतु के परिवर्त्तन होने को सूचित करती है अर्थात् वसन्त (बहार) मास। एप्रिल (अप्रैल) वसन्त ऋतु की आदि में होता है, अतः यह नाम रक्खा गया।

५ मई—यह महीना रोमियों की देवी "मैया" के नाम पर आदरार्थ रक्खा गया है, जो "अटलस" देवता की कन्या और मर्क्युरी देवताकी माता मानी जाती थी।

६ जून—इस में अनेक मत हैं। लिखा है कि यह महीना या तो रोमियों के प्रसिद्ध सम्प्रदाय " जेन्ज़ " के नाम पर रक्खा गया है अथवा " जुनो " देवी के नाम पर।

७ जुलाई—यह महीना रोम के प्रसिद्ध नृपति "जूलियस कैसर" के नाम पर स्मारक रुप से रक्खा गया था, जिसका इसी मास में जन्महुआ था। इस से पूर्व इसका नाम लेटिन भाषा में "क्विन्टिलिस" था अर्थात् पांचवां महीना (देखो पूर्व रोमियों के महीनों का क्रम)

८ अगस्त—यहनाम रोम के प्रसिद्ध महाराजा "औगस्टस" ने जो ईसाई संवत् से कुछ पहिले और उसके आदि में हुआ है, अपने विजय और जूलियस के स्थापित " जूलियन कैलेण्डर " (यंत्री) के परिवर्तन के स्मरणार्थ अपने नाम पर रक्खा है। इस से पूर्व इस मास का नाम लेटिन भाषा में "सेक्स्टलिस" था अर्थात् पूर्व "रोमन कैलेण्डर" (यंत्री) का छटा महीना।

९ सितम्बर—यह शब्द लेटिन भाषा के "सेप्टेम" शब्द से निकला है जिसका अर्थ "सात" है अर्थात् प्राचीन इटलीवालोंका सप्तम मास (सातवां महीना)। अनुमान है कि यहशब्द संस्कृत शब्द "सप्तम" से लिया गया है जिसका अर्थ सातवां है।

१० अक्तूबर—यह शब्द लेटिन भाषा के शब्द "औक्टो" से बना है, जिस्का अर्थ आठ है, अर्थात् प्राचीन रोमियों का ८ वां महीना। अनुमान है कि यह शब्द संस्कृत के "अष्टम" से बना है।

११ नवेम्बर—यह लेटिन भाषा के "नवेम" शब्द से बना है जिसका अर्थ नौ है, अर्थात् प्राचीन इटली वालों का नवां महीना। यह शब्द भी संस्कृत "नवम" से बना अनुमान होता है।

१२ दिसम्बर—इस महीने का नाम लेटिन भाषा के "डिसेम" शब्द से बना है जिसका अर्थ १० है, अर्थात् प्राचीन रोमियों का दशवां महीना। यह शब्द भी संस्कृत "दशम" की प्रतिध्वनि है।

उपर्युक्त यंत्र से भली भांति प्रकट होगा कि कतिपय नामों का तो कल्पित देवताओं से सम्बन्ध है और कतिपय रोमियों के प्राचीन प्राकृत गणित क्रम पर। ज्योतिष् विद्या से इन नामों का किञ्चिन्मात्र सम्बन्ध नहीं है, तथापि किसी २ नाम से यह अवश्य सूचित होता है कि योरोप के अत्यन्त प्राचीन तथा "क्लासिकल लैङ्ग्वेज" (साहित्य) का भी अन्त में संस्कृत ही स्रोत है और इस कारण यह नाम उस (संस्कृत) की प्राचीनता को एक प्रकार प्रकाशित करते हैं॥

अब अरबी महीनों की व्युत्पत्ति सुनिये

यह सब चान्द्र मास कहलाते हैं और उनकी व्युत्पत्ति निम्नलिखित है:—

१ मुहर्रम— इस शब्द का अर्थ " हरामशुदा " त्याज्य है। प्राचीन अरबवालों में इस मास में बध वा घात करना हराम था इस लिये यह नाम रक्खा गया।

२ सफ़र—इस के विषय में विविध सम्मति हैं। लिखा है कि सफ़र(सादि) सिफर (सि आदि) से बना है, जिसका अर्थ ख़ाली (शून्य) है। इस से पूर्व मास (मुहर्रम) में बध हराम था, इस कारण इस मास में अरब वाले बधादि के लिये बाहर निकल जाया करते थे और अपने २ घरों को ख़ाली (निर्जन) छोड़ जाया करते थे, इसलिये इस महीने का सफ़र नाम हुआ। किसी का मत है कि इस मास का नाम सुफ़र (सुआदि) से बना है जिस का अर्थ ज़र्द (पीत) है, इस नाम के नियत करते समय शिशिरऋतु थी तथा वृक्षों के पत्ते ज़र्द (पीतवर्ण) थे इसलिये यह नाम रक्खा गया।

३ रबीउलअव्वल–इस महीने का नाम नियत करते समय वसन्तऋतु का आरम्भ था इस कारण यह नाम नियत हुआ।

४ रबीउलाखिर—इस का नाम वसन्तऋतु के अन्त में रक्खा गया, इसलिये यह नाम हुआ।

५ जमादिउल्अव्वल–"जमाद" का अर्थ "जमाहुआ" है, इस मास का नाम ऐसी ऋतु की आदि में रक्खागया था, जिस समय नदियोंका जल जम गया था अतः यह नाम हुआ।

६ जमादिउलाख़िर—यह महीना उपर्युक्त ऋतु के अन्त में नियत कियागयाथा, इसलिये यह नाम हुआ।

७ रजब—यह शब्द " तर्जीब " से बना है, जिसका अर्थ ताज़ीम (सत्कार) है। अरब वाले इस मास को खुदा (ईश्वर) का मास कहते हैं, इसालिये यह नाम हुआ। दूसरा हेतु इस का यह भी कहाजाता है कि मुहम्मद साहिब की ओर से यह कहावत है कि (रजब) स्वर्गलोक की एक नहर का नाम है जिसका जल बहुत उत्तम है, इस महीने के रोज़ेदारों (व्रतधारियों) को इस से जल मिलेगा।

८शाबान— यह शब्द "शाबा" से बना है जिसका रूढ्यर्थ हिस्सा (भाग) है। इस मास में अरब वालों के मन्तव्यानुसार वर्ष भर के लिये बन्दों (मनुष्यों)को रोज़ी (अन्नोदक) बांटी जाती है इस लिये यह नाम हुआ।

९रमज़ान— यह शब्द "रम्ज़" से बना है जिसका अर्थ " जलना " है। मुसलमानों के मन्तव्यानुसार इस महीने में पाप भस्म होते हैं और भूक तथा पिपासा से भी अपने प्राण को एक प्रकार से जलाया जाता है, इस कारण यह नाम रक्खा गया।

१०शव्वाल—यह शब्द अरब की "शवल" धातु से बना है जिसका अर्थ "उठना" है। इस मास में अरबवाले मृगयादि के लिये उठते थे इसलिये इस नामसे विख्यात हुआ।

११ज़िल्क़ाद— इस का प्राकृत अर्थ " बैठने वाला" है। अरबवालों में इस मास में भी मुहर्रम के सदृश लड़ाई झगड़ा हराम था और घरों में बैठे रहते थे, इस लिये यह नाम हुआ।

१२जिलहिज्ज–" हिज " का अर्थ " एक बार हज करना " है। इस मास में मुसलमानों के मतानुसार एक वार हज किया जाता है इस लिये यह नाम रक्खा गया। दूसरा हेतु यह भी कहा जाता है कि" हिज" (हि आदि) का अर्थ "वर्ष " भी है और वर्ष इस मास पर समाप्त हो जाता है, अर्थात् यह मास वर्ष का साहिबेसाल (शिरोमणि) है, इस लिये यह नाम रक्खा गया।

इन महीनों की व्युत्पत्ति का हमें कुछ विशेष विवरण करने की आवश्यकता नहीं है। पाठकगण स्वयं ही विचार सकते हैं कि कैसे ऊटपटांग नियम पर स्थापित है और उनका ज्योतिष विद्या से कुछ भी सम्बन्ध नहीं ॥

अब फ़ारसी महीनों के नाम और उन की व्युत्पत्ति लिखी जाती है।

यह सब सौर मास समझे जाते हैं ॥

महीनों के नामः---(१) फ़रवरदीन, (२) उर्दीबाहिश्त, (३) खुर्दाद, (४) तीर, (५) मर्दाद, (६) शहरयार, (७) महर, (८) आबान, (९) आज़र, (१०) दे, (११) बहमन, (१२)अस्फ़न्धार ॥

व्युत्पत्तिः- ज्ञात हो कि प्राचीन ईरान निवासियों ने प्रत्येक मास का नेता एक२ कल्पित फ़रिश्ता (देवता) नियत कररक्खा था, अतः यह १२ महीने भी उन्हीं देवताओं के नाम पर स्थापित हैं ॥

इन महीनों के नाम स्वयम् ही प्रकट हैं कि इन के नियत करने वाले कैसे असत्य सिद्धान्त के अनुयायी थे और वे सर्वथा अनभिज्ञ थे कि वस्तुतः महीने क्या हैं ? और उन का मूल किस नियम पर स्थिर होना चाहिये ? ॥

अब हम संस्कृत महीनों के नाम और उन की व्युत्पति लिखेंगे, जिस से पाठकगण स्वयमेव विचार लेंगे कि वे उपर्युक्त नामों की अपेक्षा कैसे उत्तम हैं।

ज्ञात हो कि काल विभाग भचक्र के आश्रित है। संस्कृत भाषा में यह विभाग प्रायः ४ प्रकार से है। (१) चन्द्रमान (२) सौरमान (३) सावन (४) नाक्षत्र मान, परन्तु सूर्य्यसिद्धान्त के मानाध्याय में काल विभाग नवप्रकार से वर्णित है। यथाः—

ब्राह्मं पित्र्यं तथा दिव्यं प्राजापत्यञ्च गौरवम्।
सौरञ्च सावनं चान्द्रमार्क्षं मानानि वै नव ॥ १ ॥

अर्थात् (१) ब्राह्म (२) पित्र्य (३) दिव्य (४) प्राजापत्य (५) बार्हस्पत्य (६) सौर (७) सावन (८) चान्द्र (९) नाक्षत्र वा आर्क्ष । पुनः लिखा है किः-

चतुर्भिर्व्यवहारोऽत्र सौरचान्द्रार्क्षसावनैः ।
बार्हस्पत्येन षष्ट्यब्दं ज्ञेयं नान्यैस्तु नित्यशः ॥ २ ॥

प्रायः ४ मानों से कार्य्य पड़ता है और बार्हस्पत्य मान से षष्ट्यब्द (६० वर्ष) समझना चाहिये । और इतर मानों के सर्वदा जानने की आवश्यकता नहीं है ।

प्रचलित ४ मानों में से (१) सौर मान वह है जो सूर्य्य के भ्रमण से लिया जाता है उसका एक पूर्ण चक्र वर्ष भर और उस के एक राशि में प्रवेश करने से नये महीने का आरम्भ होता है । यह मान संक्रान्ति वा प्रविष्ठा का हिसाब कहलाता है और इस विधि से १२ राशि ही १२ महीने हैं ॥

(२) चान्द्रमान चन्द्रमा के भ्रमण पर निर्भर है । चन्द्रमा का एक चक्र एक मास में पूर्ण होता है और उस के १२ चक्रों का एक चान्द्र वर्ष होता है । चन्द्रमा की कक्षा छोटी होने के कारण उसका एक चक्र सूर्य्य की एक राशि भोग काल से न्यून रहता है अतः इस न्यूनता को पूरा करने के लिये प्रति तीसरे वर्ष एक मलमास (लौंद का महीना) बढ़ाया जाता है ॥

(३) सावन मान में सूर्य्य के एक बार उदय होने से दूसरी वार उदय होने तक एक दिन माना जाता है और तदनुसार जो ३० दिन का महीना और ३६० दिन का वर्ष होता है वह सावन मास और सावन वर्ष कहलाता है ।

(४) नाक्षत्र मान नक्षत्र मण्डल के भ्रमण पर स्थिर है और इसी कारण पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा जिस नक्षत्र में होता है उस के नाम पर महीने का नाम रक्खागया है अर्थात् महीनों के नाम नक्षत्रों के नाम पर हैं ॥

इस से प्रकट है कि जिस ग्रह का चक्र पूरे एक मास में होता है वह चन्द्रमा है और इसी कारण उसे मासकृत अर्थात् मास बनाने वाला भी कहते हैं, अतः लोक में प्रचलित महीनों का चन्द्र मान के अनुकूल होना अत्यन्त बुद्धियुक्त नियम है क्योंकि यदि और मास लिया जाता और तिथि में एक दिन का भी संदेह हो जाता तो सर्व साधारण में उसकी शुद्धि अकस्मात् असम्भव थी और इसके विरुद्ध चन्द्रमा का एक नियत समय पर उदय, घटना, बढ़ना तथा अस्त हो जाना एक ऐसी प्रत्यक्ष बात है जिसके नियम पर

महीनों के नियत करने में गणितादि की अशुद्धि का संदेह दर्शन द्वारा सरलता से निवृत्त हो सकता है, मानो जगद्रूपी कार्य्यालय में आकाश एक बड़ी घड़ी के समान है और उस में चन्द्रमा एक ऐसी वस्तु है जो घड़ी की उभय सुइयों तथा अंकों का पूरा २ कार्य्य देता है अर्थात् प्रतिदिन अपने स्थान तथा रूप से सूचित करता जाता है कि हमारे तिथि पत्र की नियत की हुई तिथि शुद्ध हैं वा नहीं और आश्चर्य्य यह है कि यद्यपि यह प्राचीन घड़ी क्रोडों वर्षों से विना सुधारने तथा कूकने के चल रही है तथापि नियम विरुद्ध कदापि एक सेकण्ड मात्र फास्ट (आगे) अथवा स्लो (पीछे) नहीं होती। इसी कारण संस्कृत में समस्त महीनों का मूल चान्द्र मान पर निर्भर है जिसकी सिद्धि में गणित के अतिरिक्त उस के नाम ही प्रमाण हैं जो चन्द्रमा के उन स्थानों के नाम पर रक्खे गए हैं जो उसे पृथिवी के परिभ्रमण में भोगने पड़ते हैं और जो सङ्ख्या में २७ हैं । संस्कृत ज्योतिष विद्या में उनकी संज्ञा नक्षत्र है, किन्तु यदि महीनों को केवल चान्द्रमान पर ही निर्भर रक्खा जाता तो यह अनर्गल दोष आता कि वर्ष की ऋतु कदाचित् महीनों के अनुकूल न होतीं और वही डांवाडोल दशा होती जो अरबी महीनों की है । अतः संस्कृत में सौर मास भी माने जाते हैं और उनके वही नाम समझने चाहियें जो मेष वृषादि १२ राशियों के नाम हैं क्योंकि उन का आरम्भ संक्रान्ति से माना जाता है अर्थात् जिस दिन सूर्य्य एक राशि से दूसरी में प्रवेश करता है । उभय प्रकार के मास के दिनों की संख्या परस्पर समान न होने के कारण प्रायः आधे दिन का भेद रहता है इसलिये इन से जो दो प्रकार के छोटे बड़े चान्द्र तथा सौर वर्ष उत्पन्न होते हैं उन की परस्पर समानता के लिये प्रति तीसरे वर्ष एक महीना लौंद का बढ़ाकर न्यूनता पूरी कर लेते हैं । यही कारण है कि यद्यपि इन का मूल चन्द्रमा की गति पर है तथापि ऋतुं नियत महीनों से अनुकूल रहा करती हैं अर्थात् गणित की शुद्धि में सुगमता के कारण इनका मूल चान्द्रमान है किन्तु ऋतु की समानता के लिये सौरमान भी त्यागा नहीं जाता ॥

अब संस्कृत में १२ महीनों के जो नाम प्रसिद्ध हैं उन की व्युत्पत्ति लिखी जाती है।

यह सब महीने नक्षत्रों के नाम पर धरे गये हैं ।

चन्द्रमा पृथिवी का परिभ्रमण एकवार समाप्त करता हुआ जिस महीने में जिस नक्षत्र पर होता है उसी नक्षत्र के नाम से उस महीने का नाम रक्खा गया है, अर्थात्

पौर्णमासी के दिन जिस नक्षत्र में चन्द्रमा होता है उस नक्षत्र के नाम पर उस महीने का नाम होता है। यथा:-

चित्रा से चैत्र, विशाखा से वैशाख, ज्येष्ठा से ज्यैष्ठ, पूर्वा वा उत्तराषाढा से आषाढ, श्रवण से श्रावण, पूर्वा वा उत्तरा भाद्रपद से भाद्रपद, अश्विनी से आश्विन, कृत्तिका से कार्तिक, मृगशिरा से मार्गशीर्ष, पुष्य से पौष, मघा से माघ, पूर्वा वा उत्तराफाल्गुनी से फाल्गुन॥

संस्कृत में प्रत्येक मास की उस तिथि को जिस दिन प्रथम (कृष्ण) पक्ष समाप्त होता है अमावास्या वा दर्श कहते हैं। यह अमा (साथ) वस (रहना) इन दो शब्दों का समास है अर्थात् "दर्शः सूर्य्येन्दुसङ्गमः" सूर्य्य और चन्द्रमा के एक राशि में साथ रहने का दिन।

अब पाठकगण ध्यान देवें कि अन्य भाषाओं में महीनों तथा दिनों के नाम कैसे अनर्गल तथा भ्रान्तिमूलक हैं और संस्कृत के नाम कैसे विद्यासम्बन्धी नियम को प्रकट करते हैं जिस से यह निर्णय करना दुस्तर नहीं है कि अन्य भाषाओं के नामों के नियत करनेवाले सर्वथा ज्योतिष विद्या से अनभिज्ञ थे जिस के कारण उनकी सभ्य जनों में गणना नहीं हो सकती और पूर्वज आर्य्य जिन्हों ने संस्कृत नाम नियत किये थे निर्विवाद प्राचीन काल से सभ्यतायुक्त और इस गूढ़ तथा आवश्यक विद्या के नियमों से से यथावत् सुज्ञ थे और यही सिद्ध करना हमारे इस लेख का उद्देश था॥

॥ ओ३म् शम्॥

नक्षत्र तथा राशि

राशि वास्तव में क्रान्तिवृत्त के (जिस्में सूर्य्य भूमि की परिक्रमा करता दिखलाई देता है) १२ कल्पित भाग हैं। यथाहः–

अथ कल्प्या मेषाद्या अनुलोमक्रान्तिपाताङ्कात्।

(२८ सि० शिरोमणि० गो० अ०)

जैसे आकाश में बहुधा मेघों से मनुष्य, पर्वत, गज, अश्वादि के आकार बनजाते हैं, ऐसे ही तारों के समूह से भी मेष (मेंढा) वृष (बैल) आदि के आकार बनजाते हैं। इन ही भपञ्जरों के आकार पर राशियों के मेषादि नाम रक्खे गये हैं। परन्तु इनका किसी विशेष नामवाले प्राणि आदि से किञ्चिन्मात्र सम्बन्ध नहीं है॥

इसी प्रकार यह आकाशवृत्त २७ नक्षत्रों में भी विभक्त है जो राशियों के सदृश अनेक तारागणों के समूह से अश्वमुखादि आकारों में दृष्टिगोचर होते हैं, और जिन के तारों की संख्या भी नियत है॥

प्रत्येक राशि में २ १/४ नक्षत्र होते हैं और एक २ नक्षत्र के ४ भाग होते हैं, जिन्हें चरण कहते हैं। चन्द्रमा प्रतिदिन एक नक्षत्र चलता है।

राशि और नक्षत्रों के नाम तथा आकारादि निम्नलिखित हैं:—

राशि– मेष, (मेंढा) वृष, (बैल) मिथुन. (पुरुष स्त्री का जोड़ा) कर्क, (केकड़ा) सिंह, (शेर) कन्या, (लड़की) तुला, (तराजू) वृश्चिक, (बिच्छू) धन, (तीर चलाने वाला) मकर, (मगर मच्छ) कुम्भ, (घड़ा) मीन, (मछली)॥

नक्षत्र– अश्विनी [३ तारे] (घोड़े का मुख) भरणी [३ तारे] (त्रिकोण) कृत्तिका [६] (अग्निशिखा) रोहिणी [५] (गाडी) मृगशिरा [३] (हरिण) आर्द्रा [१] पुनर्वसु [२ वा ४] (घर) पुष्य [३] (तीर) अश्लेषा [५] (वर्तुल) मघा [५] (हल) पूर्वाफाल्गुनी [२] (शय्या) उत्तराफाल्गुनी [२] (शय्या) हस्त [५] (हाथ) चित्रा [१] (मोती) स्वाति [१] (मूंगा) विशाखा [२] (कमान)

अनुराधा/४ (सर्प) ज्येष्ठा/३ (शूकर) मूल/११ (शङ्ख) पूर्वाषाढा/२ (चौकी) उत्तराषाढा/१ (हाथी के दांत) श्रवण/३ (तीर) धनिष्ठा/४ (मृदङ्ग) शतभिषा/१०० (गोल) पूर्वाभाद्रपद/२ (दो शिरवाला मनुष्य) उत्तराभाद्रपद/२ (जहाज़ का लङ्गर) रेवती/३२ (मछली) ॥

कल्प वा सृष्टि संवत्

शतं तेऽयुतं हायनान्द्वे युगे त्रीणि चत्वारि कृण्मः ।
अथर्व काण्ड ८ अनु० १ मं० २१

अर्थ— इससे पूर्व सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन करते हुए परब्रह्म उपदेश करते हैं कि- "सृष्टि की स्थिति का हिसाब समझने के लिये इस प्रकार जानो कि वे वर्ष दशहज़ार सैंकड़ा अर्थात् दश लाख तक शून्य देने के पश्चात् २, ३, ४, क्रम से लगाने से प्राप्त होते हैं, ४३२००००००० ॥

इस से स्पष्ट सिद्ध है कि सृष्टि (दुनिया) चार अर्ब बत्तीस क्रोड़ वर्ष तक विद्यमान रहेगी । इसी को कल्प वा ब्राह्मदिन भी कहते हैं । एक कल्प में १४ मन्वन्तर होते हैं और एक मन्वन्तर ७१ चतुर्युगी (सत्ययुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग) का होता है, और प्रतिकल्प के आदि और प्रति मन्वन्तर के अन्त में १७२८००० वर्ष की एक संधि होती है, और प्रत्येक युग की आदि में संध्या और अन्त में संध्यांश होता है जिस्का सविस्तर गणित नीचे लिखा जाता है । जितना समय एक कल्प वा ब्राह्मदिन का होता है उतना ही एक ब्रह्मरात्रि का होता है, जिसके अन्त पर पुनः सृष्टि रची जाती है। इस कल्प के समय को सृष्टि के आदि से प्रचलित होने से " सृष्टि संवत् " और वेदों का ज्ञान भी चारों ऋषियों को आदि सृष्टि में होने के कारण " वैदिक संवत् " और आर्य्य धर्म्म के वेदोत्पत्ति समय अथवा आदि सृष्टि से प्रचलित होने से "आर्य्य संवत्" कहते हैं ॥

भुक्त काल

कल्पादि संधी ... ... =१७२८०००

१ स्वायम्भुवमनु सत् =संध्या १४४०००-।-मूल १४४००००+संध्यांश १४४००० =एकत्रमान १७२८०००

त्रेता =संध्या १०८० ००-।-मूल १०८००००+संध्यांश १०८००० =एकत्रमान १२९६०००

द्वापर =संध्या ७२०००-।-मूल ७२००००+संध्यांश ७२००० =एकत्रमान ८६४०००

कलि =संध्या ३६०००-।-मूल ३६००००+संध्यांश ३६००० =एकत्रमान ४३२०००

= एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + संधी १७२८००० =३०८४४८०००

२ स्वारोचिष ... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + संधी १७२८००० =३०८४४८०००

३ औत्तम ... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + संधी १७२८००० =३०८४४८०००

४ तामस ... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + संधी १७२८००० =३०८४४८०००

५ रैवत ... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + संधी १७२८००० =३०८४४८०००

६ चाक्षुष ... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + संधी १७२८००० =३०८४४८०००

७ वैवस्वत कीर२७वीं चतुर्युगी ४३२००००× २७ = ११६६४०००० ... ... =११६६४०००० }

इसकी ...२८वीं त्रियुगीके १७२८०००+ १२९६०००+८६४००० ... ... =३८८८००० } १२०५३३००४

इसके ...२८वां कलि शालिवाहन शक१८२४ विक्रमी १९५९ ईसवी १९०२ = ५००४ }

१९७२९४९००४

भोग्य काल

७ वैवस्वत	.... के २८वें भविष्य कलि ४२६९९९	....	१८७६१४९९९
इसकी	....४३ चतुर्युगी	४३२०००० × ४३ = १८५७६००००	
इसकी	....अंत संधी	१७२८०००	
८ सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२०००० × ७१ = ३०६७२००००+संधी १७२८००० = ३०८४४८०००	
९ दक्षसावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२०००० × ७१ = ३०१७२००००+संधी १७२८००० = ३०८४४८०००	
१० ब्रह्म सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२०००० × ७१ = ३०६७२००००+संधी १७२८००० = ३०८४४८०००	
११ धर्म्म सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२०००० × ७१ = ३०६७२००००+संधी १७२८००० = ३०८४४८०००	
१२ रुद्र सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२०००० × ७१ = ३०६७२००००+संधी १७२८००० = ३०८४४८०००	
१३ रौच्य	....एक चतुर्युगी	४३२०००० × ७१ = ३०६७२००००+संधी १७२८००० = ३०८४४८०००	
१४ भौत्य	....एक चतुर्युगी	४३२०००० × ७१ = ३०६७२००००+संधी १७२८००० = ३०८४४८०००	= २३४७०५०६९६
ब्राह्म दिन अर्थात् कल्प	....		....४३२००००००
ब्राह्म रात्री अर्थात् प्रलय काल	....		....४३२००००००
एक ब्राह्म अहोरात्र	....		....८६४००००००
महाकल्प = १ अहोरात्र × ३० × १२ × १०० =	....		३११०४००००००००००

ओ३म्

भूगोलस्यानेकखण्डेषु प्रचलितानां संवत्सराणां सूची

साम्प्रतिकसंवत्संख्यासहिता ॥

संख्या	नाम संवत्	कबसे प्रचलित है	वर्ष संख्या	संख्या	नाम संवत्	कब से प्रचलित है	वर्ष संख्या
१	सृष्टि	आदि सृष्टि से	१९७२९४९००४	१६	इब्राहीमी	इब्राहीम से	३८२३
२	वैदिक	"	"	१७	स्पार्टा	स्पार्टा नगर के समय से	३६०६
३	आर्य्य	"	"	१८	मूसवी	मूसा के समय से	३४७५
४	चीनी	चीन देशके प्रथम नृपति से	९६००२४०२	१९	दाऊदी	दाऊद के समय से	२९३७
५	ख़ताई	ख़ताके आदि पूर्वबसानेवालेसे	८८८४०२७५	२०	यूनानी	ओपमिया के अखाड़े से	२६७८
६	पार्सी	ईरान के प्रथम नृपति से	१८९८७२	२१	रूमी	रूमनगर के समय से	२६५५
७	काल्डिया	पूर्वज के नाम से	१५१९०२	२२	नाबोसारी	बाबल के प्रथम नृपति से	२६४९
८	मिस्री	मीनस नृपति से	२७५५६	२३	बौध	बुध के ५० वें वर्ष से	२४७६
९	कुस्तुन्तुन्या	०	७५११	२४	सिकन्दरी	सिकन्दर के समय से	२२५६
१०	अन्ताकिया	०	७३९५	२५	विक्रमी	महाराजा विक्रम के अभिषेक से	१९५९
११	ईसाई सृष्टि	०	५९०७	२६	ईसवी	ईसा की उत्पत्ति से ४ वर्ष पश्चात्	१९०३
१२	इब्रानी	आदम हव्वा की उत्पत्ति से	५९०७	२७	शालिवाहन	राजा शालिवाहन से	१८२५
१३	कलियुगी	कलि के आदि से	५००४	२८	मुहम्मदी	मुहम्मदके मक्केसे मदीने जाते समय	१३२०
१४	युधिष्ठिरी	महाराजा युधिष्ठिर से	४३५१	२९	नानकशाही	गुरु नानक के समय से	४३३
१५	नूह	नूह के समय से	५००४	३०	दयानन्दी	महर्षिदयानंदसरस्वती स्वर्गवाससे	२०

दिन ३१	जनवरी १९०३ई.	शव्वाल १३२०हि.	पौष १३१० फ़स्ली	पौष १९५९ वि० आर्य१९७२९४९००४ संक्रांतिमा वि०	वदि सुदि तिथि	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	चन्द्र राशि राशि	घड़ी पल	दिन मान घड़ी पल	ग्रह उदय अस्त तथा तेवहारादि
बृ	१	१	१७	१८	सु३	६०	०	श्र	५८	१०	मकर		२५ ५८	छोटीईद अंग्रेज़ी वर्षारम्भ दिन
शु	२	२	१८	१९	३	१	१९	ध	६०	०	कुम्भ	३० १७	२६ ०	
श	३	३	१९	२०	४	४	१६	ध	२	२५	कुम्भ		१	
र	४	४	२०	२१	५	५	१८	श	५	२२	मीन	५१ ३८	३	
चं	५	५	२१	२२	६	६	२२	पू	७	४	मीन		५	
मं	६	६	२२	२३	७	५	२४	उ	७	३१	मीन		६	
बु	७	७	२३	२४	८	३	१७	रे	६	५०	मेष	६ ५०	७	
बृ	८	८	२४	२५	९ १०	० ५६	१७	अ	४	५६	मेष		८	
शु	९	९	२५	२६	११	५१	१६	भ कृ	२ ५९	३१ १५	वृषभ	१६ ४२	९	
श	१०	१०	२६	२७	१२	४६	२	रो	५५	३०	वृषभ		१०	
र	११	११	२७	२८	१३	४०	१५	मृ	५१	२६	मिथुन	२३ २८	१२	
चं	१२	१२	२८	२९	१४	३४	२२	आ	४७	१६	मिथुन		१३	लोहड़ी
मं	१३	१३	२९	मा१	पू	२८	३५	पु	४३	७	कर्क	२९ ९	१४	संक्रांति मकर ३९.३२
बु	१४	१४	मा१	२	मा० व०१	२३	१	पु	३९	२४	कर्क		१६	
बृ	१५	१५	२	३	२	१७	५०	अ	३६	१०	सिंह	१६ १०	१७	
शु	१६	१६	३	४	३	१३	१८	म	३३	३८	सिंह		१८	
श	१७	१७	४	५	४	९	३३	पू	३१	५७	कन्या	४६ ४८	२०	शकट
र	१८	१८	५	६	५	६	४७	उ	३१	२०	कन्या		२१	
चं	१९	१९	६	७	६	५	७	ह	३१	५०	कन्या		२२	
मं	२०	२०	७	८	७	४	४२	चि	३३	३४	तुला	२ ४२	२४	
बु	२१	२१	८	९	८	५	३५	स्वा	३६	३१	तुला		२७	
बृ	२२	२२	९	१०	९	७	४६	वि	४०	४४	वृश्चिक	२४ ४१	३०	
शु	२३	२३	१०	११	१०	११	८	अ	४६	१	वृश्चिक		३३	
श	२४	२४	११	१२	११	१५	२९	ज्ये	५२	०	धन	५२ ०	३६	अस्त बुध १२.४
र	२५	२५	१२	१३	१२	२०	३२	मू	५८	२६	धन		४०	
चं	२६	२६	१३	१४	१३	२५	४९	पू	६०	०	धन		४३	
मं	२७	२७	१४	१५	१४	३१	२	पू	४	५२	मकर	२१ २३	४६	
बु	२८	२८	१५	१६	अमा	३५	४८	उ	१०	५७	मकर		४९	
बृ	२९	२९	१६	१७	सु१	३९	४३	श्र	१६	२४	कुम्भ	४८ ३५	५२	
शु	३०	३०	१७	१८	२	४२	३२	ध	२०	४६	कुम्भ		५६	चन्द्रदर्शन
श	३१	ज़ि१	१८	१९	३	४४	६	श	२४	०	कुम्भ		५९	

जनवरी १९०३ ई०	आन्हिकवृत्तान्त
१	
२	
३	
४	
५	
६	
७	
८	
९	
१०	
११	
१२	
१३	
१४	
१५	
१६	
१७	
१८	
१९	
२०	
२१	
२२	
२३	
२४	
२५	
२६	
२७	
२८	
२९	
३०	
३१	

व्यायाम*

कुर्वन्नेवेह कर्म्माणि जिजीविषे-च्छतꣳ समाः॥ य०अ०४०मं०२॥

परमेश्वर आज्ञा देता है कि "हे मनुष्यो ! तुम सौ वर्ष पर्यन्त अर्थात् जब तक जीवो तब तक कर्म करते हुए जीने की इच्छा करो, आलसी कभी न हो" ॥

शरीर की बनावट स्वयमेव उक्त वचन की साक्षी देती है और शरीर में संधियों के होने तथा अवयवों के स्थूल सूक्ष्म कठोर कोमल होने से यह सर्वथा सिद्ध है कि जगन्नियन्ता ने मानुष देह को प्रत्येक कार्य्य की पूर्त्ति के लिये यथोचित अनुकूल निर्माण किया है इसलिये शरीर से श्रमादि करना मनुष्य का मुख्य कर्तव्य है। जिस प्रकार कार्य्य में न लाने से महत्तीक्ष्ण शस्त्र भी कुण्ठित होकर कार्य्य साधन में अशक्त होजाता है। इसी प्रकार जो मनुष्य अपने शरीर से काम नहीं लेते उन का शरीर भी किसी काम का नहीं रहता जैसे बहुधा भिक्षुकों के हस्तादि शुष्क देखने में आते हैं। एतद्देशीय धनाढ्य पुरुष दुकानदार आदि जिनको बैठे वा लेटे रहने के विना कुछ अन्य कार्य्य नहीं कैसे भद्दे और बेडौल होजाते हैं, पेट बढ़जाता है।

* वार्जिश या कसरत। यह शब्द "वि" पूर्वक आयाम शब्द से बना है जिस के अर्थ फैलाव, तनाव, निग्रह, गठन और वृद्धि आदि हैं॥

दिन २८	फरवरी ई०	जिल्काद १३२० हि०	माघ १३१० फ०	माघ १९५९ वि० आर्य्य १९७२९४९००४ — सं० प्रविष्ठा	वदि सुदि — तिथि	घड़ी	पल	नक्षत्र — नक्षत्र	घड़ी	पल	चन्द्र राशी — राशि	घ० प०	दिन मान घ० प०	ग्रह उदय अस्त तथा तेवहारादि
र	१	२	१९	२०	सु ४	४४	२४	पू	२६	२	मीन	१० ३१	२७ २	उदय शनि ५७। १२
चं	२	३	२०	२१	५	४४	२३	उ	२६	४७	मीन		५	वसन्त पञ्चमी
मं	३	४	२१	२२	६	४१	१२	रे	२६	२३	मेष	२६ २३	९	
बु	४	५	२२	२३	७	३८	११	अ	२४	५२	मेष		१२	
बृ	५	६	२३	२४	८	३४	१	भ	२२	३०	वृषभ	३६ ४२	१५	उदय बुध प्रक ८७ अस्त गुरु ४६ २८
				१२	शेरकोट	०	०
१	मुरादाबाद	दुर्गाचरण	कंवरसेन	१३	नगीना	०	०
२	चंदौसी	गणेशीलाल	रामस्वरूप	१४	बढ़ापुरा	फ़कीरचन्द	नारायणदास
३	सम्भल	०	०	१५	नहटौर	अनूपसिंह	०
४	सुर्जननगर	०	०	१६	खटई	०	०
५	टांडाअफ़ज़ल	०	०	१७	ब्रह्मणवाला	०	बलदेवसिंह
६	सरकड़ा	०	०	१८	नजीबाबाद	हर्गुलालसिंह	बालमुकुन्द
७	ठाकुरद्वारा	०	०	१९	मुहम्मदपुर	प्रतापसिंह	लेखराजसिंह
८	दभार्सी	०	०	२०	चांदपुर	द्वारिकादास	शंकरलाल
९	कांठ	०	०	२१	बगरामपुर	०	०
		बिजनौर		२२	ताजपुर	हरदेवसिंह	वृजमोहनला.
१०	बिजनौर	शेरसिंह	द्वारिकाप्रसाद	२३	फीना	०	०

सं०	नामसमाज	प्रधान	मन्त्री
२४	वाष्टा	०	०
२५	गुहावर	०	०
२६	सिसौना	०	०
२७	स्योहारा	सीताराम	नन्दकिशोर
२८	नागल	०	०
२९	पुरैनी	०	०
	बरेली		
३०	बरेली	बलदवप्रसा.	बाबूराम
	पीलीभीत		
३१	पीलीभीत	डालचन्द	उमरावसिंह
	शाहजहांपुर		
३२	शाहज़हांपुर	बख़तावरसिंह	कामताप्रसाद
३३	खुदागंज	भोलानाथ	लक्ष्मीनारायण
३४	सिंघा	रामबिलास	बृजविलास
३५	तिलहर	श्यामसुन्दर	इन्द्रजीत
	बदायूं		
३६	बदायूं	जुगलकिशोर	मंगलसेन
३७	दहगबां	टीकाराम	अङ्गनलाल
३८	गुन्नौर	गौरीसहाय	सुखलाल
३९	गोंतरा	दयाकृष्ण	गुलज़ारीलाल
४०	दातागंज	बुधसेन	डालचन्द
४१	सेरहा	शिवराजसिंह	झाडूलाल
४२	नौनी	दुलारसिंह	रुकमदत्त
४३	उझियानी	सीताराम	चन्दालाल
४४	बिलसी	गंगाराम	गेंदनलाल
४५	बिसोली	कल्याणराय	सुखलाल
४६	इस्लामनगर	उमरावसिंह	नाथूराम
४७	महशमपुर	शिवसिंह	रघुवरदयाल
४८	खैलंपुर	नन्हामल	शालिग्राम
४९	सहसवां	बालमुकन्द	पीतम्बरदास
५०	शंशपुर बहूड़	कालिकाप्र.	केशवदेव

सं०	नामसमाज	प्रधान	मन्त्री
५१	करियालीखा	कंवरसेन	वासुदेव
५२	नदरौली	मोहनलाल	श्यामलाल
५३	स्म्रयी	गंगाराम	रामदयाल
५४	बहलोलपुर	घनश्यामदास	तिलोकसिंह
५५	सतेती	खेलसिंह	कढामल
५६	रसूलपुर	०	०
५७	करिया	०	०
५८	सैंजन्यां	टीकाराम	भोजराज
५९	सरतौल	टीकमसिंह	नित्यानन्द
६०	सोरहा	अयोध्याप्र.	तिलोकचन्द
६१	सारहपुर	मुकन्दसिंह	नौबतसिंह
६२	हरभरी	टीकाराम	वेदराम
६३	बहरावटी	दम्मड़सिंह	शिवसहाय
६४	असदपुर	नन्दराम	लक्ष्मीचंद
६५	सरावल	मथुराप्रसाद	बाबूराम
६६	पिप्पला	शिवसिंह	बलदेवसहाय
	नैनीताल		
६७	नैनीताल	रामप्रसाद	रमादत्त
६८	रामनगरमंडी	०	०
६९	बसीरामनगर	०	०
७०	कोटा	०	०
७१	जसपुर	०	०
७२	लोहाघाट	०	०
७३	हलध्वानी	भोलानाथ	मिट्ठनलाल
	मेरठ		
७४	मेरठशहर	नेहालसिंह	घासीराम
७५	„लालकुर्ती	केदारनाथ	भवानीप्रसा
७६	,, सदर	विश्वम्भरस.	भवानीसहाय
७७	सनौता	०	०
७८	फलावदा	०	०
७९	मवानाकलां	भगवान्दास	मथुरादास
८०	नगलाहेरु	मथुराप्रसाद	०
८१	बिसौला	०	०

सं०	नाम स०	प्रधान	मंत्री
८२	दौराला	०	०
८३	बड़ौत	०	०
८४	परीक्षितगढ़	०	०
८५	गाज़ियाबाद	०	०
८६	ढिकौली	०	०
८७	खिर्वा	०	०
८८	कपसाढ़	०	०
८९	लावड	०	०
९०	किठेल	०	०
९१	नरैना	०	०
९२	छुर	०	०
९३	सलावा	०	०
९४	हापुड़	०	०
९५	डोला	०	०

बुलन्द शहर

सं०	नाम स०	प्रधान	मंत्री
९६	बुलन्दशहर	गोपालनारा.	नारायणदास
९७	सिकन्द्राबाद	लखपतराय	मुरारीलाल
९८	मुहीयुद्दीन	०	०
९९	गुलावठी	०	०
१००	बुकलाना	गोर्धनदास	कृष्णदेव
१०१	बरतौली	०	०
१०२	सीकरा	०	०
१०३	दूहरा	०	०
१०४	सांखनी	०	०
१०५	जहांगीराबाद	०	०
१०६	डिबाई	लखपतसिंह	०
१०७	साबितगढ़	०	०
१०८	उदयभान	०	०
१०९	भदौरा	०	०
११०	वेलौन	०	केदारनाथ
१११	दानपुर	०	०
११२	पिण्ड्रावल	०	०
११३	पहासू	०	०

सं०	नाम स०	प्रधान	मंत्री
११४	कर्णवास	०	०
११५	आहार	०	भगवानदास
११६	मथुरावली	०	०
११७	घुंगरोली	०	०
११८	धूम	०	०
११९	छतारी	०	०
१२०	पाग्सौल	०	०
१२१	भऊं	०	हीरालाल
१२२	स्याना	०	०
१२३	रोही	०	०
१२४	उत्रावली	०	०

देहरादून

सं०	नाम स०	प्रधान	मंत्री
१२५	देहरादून	ज्योतिःस्व०	मदनसिंह
१२६	चकराता	गोमतीप्रसाद	०
१२७	चूहड़पुर	आसाराम	बनारसीलाल
१२८	मसूरी	रघुनाथसहा	हुकमसिंह
१२९	कालसी	नाथीराम	गेंदामल

मुज़फ्फ़रनगर

सं०	नाम स०	प्रधान	मंत्री
१३०	मुज़फ्फरनगर	खैरातीराम	दलीपसिंह
१३१	बनत	०	०
१३२	कुडाना	०	०
१३३	बलवाखेड़ी	जयपालसिंह	०
१३४	चौसाना	०	०
१३५	कैराना	०	०
१३६	लुहारी	०	०
१३७	खर्ड	०	०
१३८	बराल	टीकासिंह	मुसद्दीसिंह
१३९	एलम	०	बिहारीलाल
१४०	बुढाना	प्रभुदयाल	चांदनराम
१४१	छुलाना	०	०
१४२	जानसठ	बाबूलाल	०
१४३	गढीअब्दुल्ला	मुसद्दीलाल	उमरावसिंह

सं०	नाम स०	प्रधान	मंत्री
	सहारनपुर		
१४४	सहारनपुर	कुन्दनलाल	हरनामदास
१४५	तीतरौं	चन्द्रभान	केदारनाथ
१४६	खेड़ा अफ०	गणेशीलाल	सुखदेवराम
१४७	हर्पाल	०	०
१४८	रुड़की	शङ्करलाल	नाथूराम
१४९	गंगोह	रहतूलाल	रहतूलाल २
१५०	बेह्टट	०	०
१५१	रायपुर	०	०
१५२	बहेड़ी	०	०
१५३	लंढौरा	०	०
१५४	देवबन्द	हरपतराय	गिरजानन्द
१५५	डंघेड़ा	०	०
१५६	अम्बहटा	मंङ्गलसेन	रहतूलाल
	अलीगढ		
१५७	अलीगढ	शिवप्रसाद	छोटेलाल
१५८	,, बाल स०	रौशनसिंह	दयाशङ्कर
१५९	अत्रौली	०	०
१६०	काज़िमाबाद	०	०
१६१	हरनौट	०	०
१६२	छर्रा	०	०
१६३	कौड़ियागंज	०	०
१६४	जलाली	०	०
१६५	विजयगढ़	०	०
१६६	सिकन्द्राराऊ	०	०
१६७	नोकनेर	०	०
१६८	दादौं	०	०
१६९	बम्हनोई	०	०
१७०	दत्तावली	०	०
१७१	बिजौली	०	०
१७२	मुर्सान	०	०
१७३	बघराया	०	०

सं०	नाम स०	प्रधान	मंत्री
१७४	महंगौरा	०	०
१७५	छडावली मा	०	०
१७६	जरौलीडोर	०	०
१७७	छलेसर	०	०
१७८	कलाई	०	०
१७९	बरौठा	०	०
	आगरा		
१८०	आगरा	रामप्रसाद	कृपाशङ्कर
१८१	,, गोकुलपुरा	०	०
१८२	फीरोजाबाद	०	शंशेरबहादुर
१८३	एत्मादपुर	०	०
१८४	कागारौल	प्राणसुख	नारायणसिं
	मथुरा		
१८५	मथुरा	कृष्णलाल	परमानन्द
१८६	हसनपुर	प्रभुदयाल	आदिराम
१८७	चौमूहा	राजबहादुर	जवाहरलाल
	एटा		
१८८	एटा	०	०
१८९	सकीट	०	०
१९०	कासगंज	०	०
१९१	नधौनी	०	०
१९२	नरदौली	०	०
१९३	जलेसर	केदारनाथ	कृष्णलाल
१९४	रूपधनी	०	०
१९५	तृगवान	०	०
१९६	पटियाली	०	०
१९७	ऊंचागांव	०	०
१९८	अलीगंज	०	०
१९९	सरायअगहत	०	०
२००	धूमरी	०	०
२०१	बिलसड़कलां	द्वारिकाप्रसाद	राजाराम
२०२	गढी चकेरी	०	०

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	इटावा		
२०३	इटावा	दुर्गालाल	जगन्नाथ
२०४	जसवन्तनगर	गंगासहाय	रामचरण
२०५	फफूंद	मातादीन	हरदयालसिंह
२०६	मुढी	भद्रसेन	ज्वालाप्रसाद
२०७	जयतापुर	मातादीन	गौरीशंकर
	मैनपुरी		
२०८	मैनपुरी	०	०
२०९	गढियाछिङ्कोरी	०	०
२१०	शिकोहाबाद	०	०
२११	किशनी	०	०
२१२	करनाहल	०	०
२१३	मानकपुर	०	०
२१४	कर्हरा	०	०
	पवायां राजधानी		
२१५	पवांया	श्री.फतहसिंह	गार्गीदीन
	फर्रुखाबाद		
२१६	फर्रुखाबाद	सेवाराम	राजबहादुर
२१७	कायमगंज	संतराम	गिरिधारीलाल
२१८	पिलखना	०	०
२१९	रसीदाबाद	०	०
२२०	भलेपुर	झुन्नीलाल	रघुबरदयाल
२२१	बिहारीपुर	०	०
२२२	कन्नौज	०	०
२२३	फतहगढ़	०	०
२२४	जलालाबाद	०	०
२२५	सिरौली	०	०
२२६	शेहली	०	०
२२७	तेराजाकट	०	०
२२८	सकवां	नेतराम	मन्नूलाल
	अलाहाबाद		
२२९	अलाहाबाद.	सेवालाल	जगेश्वरप्रसाद
२३०	,, कटरा	रामलाल	नारायणदेव

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	बांदा		
२३१	बांदा	जुगलकिशोर	रामप्रसाद
	कानपुर		
२३२	कानपुर	देवीप्रसाद	आनन्दस्वरूप
२३३	बाढ़ा	०	०
	अकबरपुर	०	०
२३४	सचेंडी	०	०
२३५	मूसानगर	०	०
२३६	बिवनूं	०	०
२३७	सैदलीपुर	०	०
२३८	दर्हरा	०	०
	फतहपुर		
२३९	बिंदकी	०	०
२४०	असोथर	०	०
२४१	सिमौरी	०	०
	झांसी		
२४२	झांसी	शंकरसहाय	नानकचन्द
	जालान		
२४३	कालपी	शिवबख्शराय	शिवचर्णलाल
	बनारस		
२४४	बनारस	कालिकाप्रसाद	जगदेवप्रसाद
	मिर्ज़ापुर		
२४५	मिर्ज़ापुर	०	सन्तप्रसादसिंह
२४६	पचरावां	०	रामनाथ
२४७	रामगढ़	०	०
	गोरखपुर		
२४८	गोरखपुर	ठाकुरप्रसाद	हरिहरदत्त
२४९	देवरिया	घनश्यामदास	विन्ध्याचलप्र.
	बस्ती		
२५०	बस्ती	रामशंकरलाल	ललताप्रसाद
२५१	मंहदावल	०	शिवप्रसाद

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	लखनौ		
२५२	लखनौ गणेशगंज	रामदुलारे	लखपतराय
२५३	,, शहर	शीतलसहाय	रघुनन्दनप्रसाद
	हरदोई		
२५४	हरदोई	अयोध्या-प्रसाद	आशानन्द
२५५	नीर	रत्नसिंह	भवानीसिंह
२५६	शाहाबाद	हरिचन्द्र	रामबिलास
२५७	पिहानी	मिश्रीलाल	मूलचन्द
२५८	उधरनपुर	शिवसागर	देवीगुलाम
२५९	थमरवां	अवधविहा-रीलाल	किदारनाथ
	खीरी		
२६०	लखीमपुर	राजा नीलकं-ठध्वजशाह	सीताराम
२६१	मुहमदी	लक्ष्मणप्रसा.	कन्हैयालाल
	रायबरेली		
२६२	रायबरेली	०	०
	उन्नाव		
२६३	उन्नाव	जानकीप्रसा.	रामभरोस
२६४	नवाबगंज	रामगोपाल	०
२६५	पाठकपुर	०	०

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	सीतापुर		
२६६	सीतापुर	०	०
	ग़ाज़ीपुर		
२६७	ग़ाज़ीपुर	०	०
	फ़ैज़ाबाद		
२६८	फ़ैज़ाबाद	गोकलचंद	नौरङ्गमल
२६९	टांडा	बद्रीदत्त	सर्जूप्रसाद
२७०	कुम्भिया	रामेश्वरप्र०	हरप्रसादसिंह
	गोंडा		
२७१	गोंड़ा	०	ग्यासीलाल
	बहरायच		
२७२	बहरायच	हरगोविन्दप्र.	अमीचन्द
	जौनपुर		
२७३	मछलीशहर	लालबहादुर	भगवतीप्रसाद
२७४	हुर्हरी	०	०
	प्रतापगढ़		
२७५	प्रतापगढ	रघुवंशसहाय	श्यामसुन्दर

राजस्थान

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	अजमेर		
१	अजमेर	पद्मचन्द	मथुराप्रसाद
२	ब्यावर	०	०
३	नसीराबाद	०	०
	जयपुर		
४	जयपुर	जगन्नाथ	रामलाल
५	सेठोंका		
	रामगढ़	०	०

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	बहावलपुर		
६	ओच	सुखराम	परमानन्द
७	रोझावाली	रामेश्वरीदास	विशनसिंह
८	अहमदपुर	०	मोहनलाल
	जोधपुर		
९	जोधपुर	खेमकर्णदास	मुन्नीलाल
१०	खर्वा	०	०

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	बीकानेर		
११	चूरू	०	०
	मेवाड़		
१२	सोजत	गणपतिराम	बलदेवसिंह
१३	उदयपुर	मनोहरसिंह	शकुनचन्द
	शाहपुरा		
१४	शाहपुरा	श्रीमान् राजा नाहरसिंहव०	पं० हमीरमल
१५	नीमच	मुलतानमल	मांगीलाल
	इन्दौर		
१६	इन्दौर	०	जगन्नाथप्रसा०
१७	उज्जैन	०	०
१८	देवास	गोर्धनलाल	०
१९	धार	महीपतिराम	बिहारीलाल

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	कोटा		
२०	कोटा	श्रीमान् राजा विजयसिंहव.	गोविन्दप्रसाद
	ग्वालियर		
२१	ग्वालियर	गुलजारीला.	पन्नालाल
२२	मुरार	०	दीनदयाल
२३	बजरङ्गगढ	राधाराम	देवीचरण
२४	महू	शिवव्रतलाल	शिवदत्त
	भरतपुर		
२५	भरपुरत	कुंजलाल	हीरालाल
	जोबनेर		
२६	जोबनेर	कर्णसिंह	गुरुलाल

मध्य प्रदेश तथा विदर्भ

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	जबलपुर		
१	जबलपुर	रंगोरामचन्द्र भट्ट	गोविन्दस्वामी मुदल्यार
	नरसिंहपुर		
२	नरसिंहपुर	नन्हेसिंह	मोहनलाल
३	मुंहपानी	नारायणदास	चुन्नीलाल
४	पलोहाकलां	काशीराम	भोलानाथ
५	पिपरिया	मानसिंह	मुकुन्दीलाल
	होशंगाबाद		
६	होशंगाबाद	गणपतिराव	मुरलीधर
७	सुहागपुर	काशीराम	जयमंगल
८	अजनास	आनन्दराव	गणेशशर्म्मा
	भूपाल		
९	भूपाल	बिहारीलाल	गिरजाप्रसाद

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
	नीमाड़		
१०	खडुवा	सुखदेवगणपति	खुशहालसिंह
११	हर्सूद	अर्जुनसिंह	हीरालाल
१२	बुर्हानपुर	हरिकृष्ण बजाज	हरिकृष्ण अर्जीनवीस
१३	मूंदी	०	०
१४	रुस्तमपुर	०	बिहारीलाल
१५	सलुतानपुर	०	०
	सागर		
१६	सागर	रायबहादुर ठाकुर महाराज सिंह	कामताप्रसाद
	सीवनी		
१७	सीवनीछपारा	चन्दीप्रसाद	केवलप्रसाद

सं०	नाम समाज	प्रधान	मन्त्री
	रायपुर		
१८	रायपुर	भगवानदास	बिहारीलाल
१९	बलोदाबजार	सूर्य्यबलि	छेदीप्रसाद
	नागपुर		
२०	कामठी	देवीदीन	रामदयाल
२१	वर्धा	शिवविलास	गणपतिराव
	बालाघाट		
२२	बालाघाट	बलभद्र	बलदेव प्र०
	बरार (विदर्भ)		
२३	अमरावती	कुञ्जबिहारी	०
२४	चांदूर	चन्द्रभान	बैजनाथ
२५	अकोला	बिहारीलाल	धनजी गुप्त
२६	हाविरखेड़	राधाकृष्ण	वेंकटराव
	रूपराव		

दक्षिण प्रान्त निज़ाम राजधानी

सं०	नाम समाज	प्रधान	मन्त्री
१	हैदराबाद	केशवराव	कामताप्र०
२	सिकंद्राबाद	गोपालराव	रंगनाथ
३	धारूड़	गोकलप्र०	कुन्दनलाल

मुम्बई प्रदेश

सं०	नाम समाज	प्रधान	मन्त्री
	मुम्बई		
१	मुम्बई	जीवनदयाल	मंछाशंकर
	गुजरात		
२	सूरत	तिलोकचन्द्र	गणपतिराम
३	नागधारा	शिवाभाई	प्रयागजी
		रत्नजी	दाताभाई
४	बालोड़	०	नारायण शर्मा
५	येवला	०	०
६	उगत	हीराभाई	प्रयागजीमी०
७	अहमदाबाद	कल्याणमल	मोहनलाल
८	बड़ौदा	गणपतिसिंह	रूपसिंह
९	भड़ौच	हरिजीवनजी	हीरालाल
१०	बीजलपुर	कसनजी	जीनाभाई
		डासाभाई	भीमजी
११	खलीखच	०	०
१२	खेरसद	०	०
१३	दादरा	०	०
१४	डोकरा	०	०
१५	स्याम	०	०
	काठियावाड़		
१६	भावनगर	त्रिभुवन्दास	मुन्नीलाल
		भोलाभाई	रघुभाई
१७	वीरपुर	कुं० रामसिंह	०
१८	जामनगर	०	सेठपोपतलाल
१९	रणपुर	मोतीलाल	
		कुवेरदास	भवानशिंकर
२०	राजकोट	प्राणजीवन	कल्याणजी
		नारायण डा.	बनारसी

मद्रास प्रदेश

सं०	नाम समाज	प्रधान	मन्त्री
	मद्रास		
१	मसुलीपट्टम	दोरस्वामी	रामशास्त्र आलु
	मैसौर		
२	बङ्गलौर	ठकुरसिंह वर्मा	पी० एम० शेषगिरिशर्म्मा

सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री	सं०	नाम समाज	प्रधान	मंत्री
			बङ्गाल—विहार				
	कलकत्ता			६	हसनपुर	गौरीचरणसि.	शिवखिलावन
१	कलकत्ता	रायरलाराम	महावीरप्र०	७	नौबतपुर	०	सीताराम
	पटना			८	विहार	०	०
२	दानापुर	जनकधारी	ठाकुरप्रसाद	९	बाढ़	विशनप्रसाद	गणेशीलाल
३	खगोल	०	बिहारीलाल	१०	कोठवां	मिथिलाशरण	श्यामसुन्दर
४	पटना	नारायणसिंह	शिवनन्दन	११	मनेर	कृष्णलाल	ब्रजमोहन
५	बांकीपुर	नीलमप्रसाद	विष्णुदयाल	१२	बेला	अत्तवसिंह	नन्दलाल
	शाहाबाद				सारन		
१३	आरा	हरप्रसाद	हरसूप्रसाद	१८	सीवान	रामविहारी	रामकृष्ण
	मुंगेर				दार्जिलिङ्ग		
१४	मुंगेर	नन्दकुमार	तारणीप्रसाद	१९	दार्जिलिङ्ग	माधोप्रसाद	कालीचरण
	रांची				मुजफ्फरपुर		
१५	रांची	बालकृष्ण	जादोनन्दन	२०	हाजीपुर	मजलिस स०	शकुनलाल
	लुहारडगा				मेमनसिंह		
१६	लुहारडगा	सुग्रीवसहाय	हरिहरसिंह	२१	मेमनसिंह	०	०
	बदवान						
१७	रानीगंज	श्रावनसिंह	०				
			ब्रह्मदेश				
	उत्तरब्रह्मा			३	सैगांग	शतिग्राग	वधानामल
					दक्षिण ब्रह्मा		
१	मेमयो	गोपालदास	रामस्वरूपसिंह	४	रंगून	मक्खनलाल	०
२	मुक्तचिना	०	०	५	टाटमौ	सरनदास	रङ्गीलाल
			आसाम				
१	गोहाटी	मदनलाल	मधुसूदन		०	०	०
			चीनदेश				
१	इपोह *	रामजीदास	कृपाराम		०	०	०

* इलाका "पेराक" Via (मानसि) "पेनांग"

आर्य्यसामाजिकादीनां अनाथाश्रमाणां वृत्तान्तः ॥

(१) श्रीमद्दयानन्द अनाथालय

आर्य्यसमाज अजमेर

यह अनाथालय १८९५ से चल रहा है प्रबन्ध एक सभाधीन है जिसमें मेम्बर आर्य्यसमाज अजमेर के सभासद होते हैं। प्रधान बाबू मिट्ठनलाल जी बी० ए० वकील और मन्त्री पण्डित वंशीधर जी शर्म्मा एम० ए० वकील और गवर्नर महाशय केशबदेव जी है। सन् १९०२ में स्थान पूरा बनचुका है। कुमार और कन्याओं का पृथक् २ प्रबन्ध है निवास स्थान भी जुदे २ हैं। भूमि स्थानादि २००००) की है। नकद रुपया जून के अन्त तक १४०००) था। सम्प्रति २०५ अनाथ पुस्तकाङ्कित हैं जिन में से ७४ कन्यायें हैं पढना सब को परमावश्यक है दस वर्ष या न्यून वय वाले बालक केवल पढ़ते हैं उन के लिये एक अध्यापक और एक अध्यापिका नियुक्त है अधिक आयु वाली कन्यायें पाठशाला में भेजी जाती हैं। दश वर्ष से अधिक वय वाले बालक " कारख़ाने " में काम करते हैं इस के प्रबन्धकर्त्ता बा० रामविलास जी शारदा हैं। "कारख़ाने" में जुर्राब दरी बेल बूँटेदार बुनना, निवार तैय्यार करना, रुपयों की थैलियां, आसन आदि के अतिरिक्त बढ़ई का काम भी सिखाया जाता है, जिस में अलमारी, मेज, कुर्सी, स्टूल, फाटक आदि सर्व प्रकार का काष्ठ का काम तय्यार होता है। दरजी कक्षा में " फैशेनबिल " सब प्रकार के वस्त्र सिये जाते हैं।

"कारख़ाना सब कमेटी "का विचार है कि क़ालीन का काम आरम्भ कर दिया जावे। कन्याओं को अध्यापिका और उन की प्रबन्धकर्त्री दोनों के द्वारा सीना, पिरोना, गुलुबन्द बनाना और गोटा आदि लगाना सिखाया जाता है। अनाथालय के सबन्ध में एक औषधालय (हस्पताल) है जहां अनाथों के अतिरिक्त अन्य निर्धन पुरुषों की भी चिकित्सा की जाती है। व्यय ६००) मासिक है और आय ३००) मासिक है जिस में २००)जो राज धानियों से ३) प्रति बालक सहायतार्थ मिलता है सम्मिलित हैं ॥

अनाथालय में एक " अनाथोपदेशक पाठशाला " १८ एप्रिल सन् १९०२ से महाराजा शाहपुराधीश के बाग़ में खोली गई थी अभी तक इस में अनाथ बालक विद्योपार्जन करते हैं, बालक ब्राह्मणादि सब वर्णों के हैं विध्यनुकूल वेदारम्भ और उपन-

यन के पश्चात् विद्यार्थी प्रविष्ट किये जाते हैं, प्रबन्ध आ० स० अजमेर की एक "सब कमेटी" के आधीन है महाशय केशवदेव जी प्रबन्धकर्त्ता और पं० भक्तराम जी भेरानिवासी अध्यापक हैं इस का व्यय अभी तक समाजादि के द्वारा होता है कोई विशेष फ़एड (कोष) स्थापित नहीं किया गया । सम्प्रति ११ विद्यार्थी हैं गृह बड़े रमणीक स्थान पर है आनासागर ताल का दृश्य अधिक शोभा देता है ॥

(२) आर्य्यअनाथालय फ़ीरोज़पुर छावनी

प्रबन्धकर्तृसभा

यह अनाथालय आर्य्यसमाज फ़ीरोजपुर के उद्योग से सन् १८७८से चल रहा है और "राजिस्टर्ड" है, जुलाई १९०२ के अन्त में १२७ कुमार और १७५ कन्या सब ३०२ अनाथ उपस्थित थे। इस में एक कन्या पाठशाला है जिस के लिये पृथक् अध्यापक नियत है,स० गुरुमुखसिंह वकील इस के अधिष्ठाता हैं। एक "हस्पताल" बालकों की चिकित्सा के लिये है अनाथालय का प्रबन्ध एक कमेटी के आधीन है जिस के प्रधान बा० काशीराम जी वकील और मन्त्री ला० विष्णुसहाय जी हैं। गत दो वर्षों में १३०० के लगभग अनाथ दुर्भिक्ष से पीड़ित देशों से इस अनाथालय में प्रविष्ट हुए जिन के मार्ग व्यय, पालन पोषण, दवादारू में अनुमान ५४५००) व्यय हुआ, पंजाब के अन्य अनाथालयों में प्रायः यहीं के अनाथ हैं ॥

१९०१ में समस्त आय १६७८३≡)५ ½ और व्यय २३२०६॥=)८ हुआ। अनाथालय में यह "कारख़ाने" हैं जिन में बालक काम सीखते हैं, कपड़ा बुनना, गोटा बनाना, क़ालीन बुनना, जुर्राब बनाना दरीबनाना और बढ़ई का काम जिन पर ७००) के लगभग व्यय हो चुका है आय और पूंजी बहुत कम है देशनिवासियों को अनाथ बालकों की दशा पर दया करके अवश्य सहायता देनी चाहिये ॥

(३) आर्य्य अनाथालय बरेली

आर्य्य समाज बरेली

यह अनाथालय आ० स० बरेली के उद्योग से सन् १८८४ से चल रहा है। प्रबन्ध एक सभा और तीन गवर्नरों (अधिष्ठाता) के आधीन है जिस के प्रधान मुं० दामोदरदास जी और मन्त्री मिस्टर नन्दकिशोर जी बारिस्टर हैं। सरकार द्वारा प्रविष्ट अनाथों को सरकार २॥) मासिक प्रति अनाथ खानपानादि के लिये देती है। १ अगस्त

१९०२ को १३४ अनाथ थे। कर्मचारी २७ हैं। कन्याओं के लिये २७ अगस्त १८९९ से एक पाठशाला खोली हुई है और कन्याओं को हास्पिटल असिस्टेण्ट का परीक्षा के लिये आगरा और कुमारों को कलादि का काम सीखने के लिये लखनौ और रुड़की भी भेजा जाता है सम्प्रति राजपुरा ग्राम और एक गृह अपना होने के अतिरिक्त ९०० नक़द अनाथालय की पूंजी है। आय अनुमान ६०० मासिक और व्यय ५००) मासिक है॥

(४) आर्य्यअनाथालय आगरा

आ० स० आगरा

इस अनाथालय में ३२ कुमार और २ कन्या रहती हैं और दरी कालीन इत्यादि बनाना सिखाया जाता है। यह अनाथालय गत वर्ष से स्थापित है। व्यय १००) मासिक हैं। बाबू प्रयागनारायण बी० ए० वकील मन्त्री और बाबू शालिग्राम वकील अधिष्ठाता है॥

(५) कन्या अनाथालय

आ० स० जलन्धर शहर

यह अनाथालय २६ अगस्त १८९७ से स्थापित है जिस में जबलपुर की ओर की कन्याओं का पालन किया जाता है सम्प्रति २५ कन्या हैं। ला० नगीनामलजी प्र० कर्त्ता और ला० देवराज जी अधिष्ठाता हैं। सब कन्यायें महाविद्यालय में शिक्षा पाती हैं। शिक्षा के अतिरिक्त शिल्पकारी भी सिखाई जाती है। व्यय मासिक और अन्य चन्दों से चलता है। अनाथालय का निज का स्थान कोई नहीं है। अनाथ भाड़े के मकान में रहते हैं। ३ कन्या छटी कक्षा तक पहुंच गई हैं॥

(६) वैश्य अनाथालय मेरठ शहर

वैश्य महा सभा

यह अनाथालय वैश्यमहासभा के अधिकार में खुला हुवा है। ३० जून १९०२ को ५० अनाथ थे अर्थात् ४६ कुमार और ४ कन्या। ला० रामानुजदयाल साहू मन्त्री हैं। स्थान बन रहा है जिस की नीव २२ मार्च १९०२ को छोटे लाट साहिब ने रक्खी थी, अद्यपर्यन्त मकान के लिये ७६००) एकत्रित हो चुका है और बीस सहस्र की प्रतिज्ञा है अनुमान१००००) की और आवश्यकता है। ३० जून १९०२

जो ६८४० अनाथालय की पूंजी थी जिस में से ६०००) " अपर इण्डिया बैङ्क मेरठ " में व्याज पर जमा है नागरी और गणित के अतिरिक्त दरज़ी, दरी बुनने, चित्रकारी और बढई का काम भी अनाथों को सिखाया जाता है। इस में ऐसी जाति के अनाथ प्रविष्ट हो सकेते हैं जिन के हाथ का जल उच्च श्रेणी के हिन्दू पी सकते हैं ॥

नोट. इन से अतिरिक्त शाहपुरा राजधानी, कानपुर, अहमदाबाद (बरेली) अमृतसर, लाहोर, भिवानी, पटियाला, कोहाट, भरतपुर, डेरागाजीखां, और नमिच में भी अनाथालय स्थापित हैं जिन के वृत्तांत हस्त गत न होने से नहीं लिखे गये ॥

भारतवर्षस्थार्य्यसमाजसम्बन्धिनां संस्कृतपाठशालानां तथाऽन्याश्रमाणां वृत्तान्तः

——:०:——

(१) गुरुकुल—कांगड़ी (हरिद्वार)

आर्य्य प्रतिनिधि सभा पंजाब।

गुरुकुलस्थापन -गुरुकुल के नियम और उसका खुलना नवम्बर १८९८ ई० में श्रीमती आर्य्य प्रतिनिधि सभा के साधारण अधिवेशन में स्वीकृत हुआ। श्रीमान् महाशय मुंशीराम जी ने इस के लिये छः मास में तीस सहस्र रुपये एकत्र करने की प्रतीज्ञा की इस समय में जब प्रतिज्ञा से भी अधिक धन एकत्र होगया तो गुरुकुल के लिये भूमि की खोज ही थी कि परम उदार मुं० अमनसिंहजी साहूकार नजीबाबाद निवासी ने जून १९०१ ई० में काङ्गड़ी ग्राम गुरुकुल के लिये दान कर दिया। यह ग्राम कनखल के सामने गंगातट से अनुमान १०० गज़ के अन्तर से स्थित है। समस्त भूमि ११९६ बीघा पक्का १५०००) के मूल्य की है वार्षिक आय ९४१) है जलवायु अतिसुन्दर और गुरुकुल के लिये सर्वप्रकार से उचित है। अक्टूबर १९०१ में साहूकार बूड़ासिंहजी अजनाला (अमृतसर) निवासी ने एक टुकडा बोई हुई धरती का जिस का मूल्य ५०००) है प्रदान किया। बसन्त उत्सव के अवसर पर २४ मार्च १९०२ ई० को गुरुकुल खोला गया जो बालक विद्याग्रहणार्थ आये उनका यज्ञोपवीत संस्कार करके नाम का भी प्राचीन विध्यनुसार संस्कार किया गया, हवनादि के पश्चात् विद्यार्थियों को ६००) के लगभग भिक्षा मिली। धर्म्म वीर स्वर्गवासी पं० लेखराम जी की धर्मपत्नी ने २०००) गुरुकुल के लिये दान दिया और उसी समय ४००) के लगभग और

चन्दा होगया। प्रथम वार गुरुकुल में ५० विद्यार्थी प्रविष्ट हुए जिन में ३२ वह भी सम्मिलित हैं जो पूर्व कुछ कालके लिये गुजरानवाले में शिक्षा पाते थे। सम्प्रति ४ श्रेणी नियत की गई हैं प्रथम में ९ दूसरी में २५ तीसरी में ८ और चौथी में ६ ब्रह्मचारी हैं। दो छुट्टी पर हैं॥

स्थान–कनखल के बाज़ार से चलकर गङ्गा की नीलधारा के नौकासेतु से उतर कर नजीबाबाद की कच्ची सड़क पर एक मील अन्तर से पूर्व की ओर काङ्गड़ी ग्राम है जिस की बोई हुई भूमि पर्वत की तली तक फैली हुई है, पश्चिम की ओर एक उच्च स्थान पर गुरुकुल के मन्दिर दृष्टि आते हैं जहां से १०० गज़ की दूरी पर गंगा की धारा बहती है। तट पर खुला बालू का मैदान है जिस में ४०० बालक खेल सकते हैं धारा के परलेतट पर गुरुकुल भूमि से भी किञ्चित् उच्च स्थल है वर्षा काल में चहुं ओर जल फैल जाने से यह स्थान एक टापू सा बनजाता है और इसी कारण उस का नाम "आनन्द वाटिका" रक्खा गया है। जब गंगा उतर जाती है तो विद्यार्थी उसी ओर शौचादि जाते हैं और "आनन्द वाटिका" में खेलते हैं॥

जलवायु–इस स्थान का जलवायु अत्युत्तम है। अत्युष्ण दिनों में भी ४बजे अपराह्न से यहां का पवन शीतल हो जाता है वर्षाकाल में मशक (मच्छर) नहीं होते "मलेरिया" (एक प्रकार का ज्वर) यहां नाममात्र नहीं। सर्दार चन्दनसिंह स्थानापन्न सिविल सर्जन हरिद्वार लिखते हैं कि "वर्तमान गुरुकुल निवासियों की स्वस्थता बहुत अच्छी प्रतीत होती है और मेरी सम्मति में यह स्थान उस प्रयोजन के लिये सर्वरीत्यनुकूल है जिस के लिये वह इस समय काम में आरहा है"॥

कालविभाग-तीसरी और चौथी श्रेणी के विद्यार्थी ४ बजे और पहली और दूसरी के ४॥ बजे सवेरे उठकर अपने २ अधिष्ठाताओं के साथ शौच के लिये बाहर जाते हैं तत्पश्चात् सब विद्यार्थी और उनके अधिष्ठाता गंगातट पर व्यायाम करते हैं पुनः कुछ काल ठहर कर स्नान और संध्या करते हैं और ६॥ बजे आश्रम में वापिस आकर हवन करते हैं तदनु दूध पीकर ७ बजे सब अपनी २ श्रेणी में पढ़ने के लिये चले जाते हैं, ९॥ बजे तक पढ़ाई होती है तत्पश्चात् भोजन करके विद्यार्थी कुछ काल विश्राम करते हैं पुनः १॥ बजे से ५ बजे तक पढाई होती है ३ बजे ब्रह्मचारी पुनर्वार दूध पीते हैं जिस के लिये उनको २० मिनट का अवकाश दिया जाता है ५ बजे फिर शौच के लिये बाहर जाकर व्यायाम स्नान संध्या करते हैं और लौटकर हवन करते हैं और ७॥ बजे भोजन करके ९ बजे रात्रि को सो जाते हैं॥

अध्यापक और अधिष्ठाता–श्रीमान् पं० गंगादत्त जी शास्त्री मुख्य अध्यापक हैं और चौथी श्रेणी को पढ़ाते हैं, पं० विष्णुमित्र जी तीसरी श्रेणी के अधिष्ठाता और दूसरी और तीसरी श्रेणी के संस्कृत अध्यापक हैं, दूसरी श्रेणी के अधिष्ठाता पं० जयदेव शर्म्मा नजीबाबाद निवासी हैं प्रथम श्रेणी के अध्यापक और अधिष्ठाता पं० नारायणदत्त जी हैं इससे अतिरिक्त एक अंगरेज़ी पठित बी० ए० सायन्स (पदार्थ विद्या) और हिसाब (गणित) का अध्यापक है और पं० भीमसेन शर्म्मा आगरा निवासी विशेष अधिष्ठाता हैं जो गुरुकुल के लिये संस्कृत पुस्तक बनाने के अतिरिक्त संस्कृत साहित्य और धर्म शिक्षा में विशेष सहायता देते हैं। श्रीमान् महाशय मुन्शीरामजी जलन्धर निवासी मुख्य अधिष्ठाता हैं जो वहीं रहते हैं और सब काम की देखभाल करते हैं और गुरुकुल के सब प्रकार से उत्तरदाता हैं ॥

भोजन प्रबन्ध–प्रति दिन १२ छटांक पक्का दूध प्रत्येक ब्रह्मचारी को चाहे किसी आयु का हो दिया जाता है भोजन में एक दाल दो भाजी (शाकादि) हर एक ब्रह्मचारी को एक छटांक घृत डालकर दी जाती है, सप्ताह में एक वा दो वार मोहन भोग खीर अथवा मीठे चावल बनते हैं कभी २ सायं समय दूध के साथ कुछ मिठाई भी दी जाती है। लाल मिरच, खटाई, पलाण्डु (प्याज) और अन्य हानिकारक मसाले नहीं वर्ते जाते शुद्ध जल पीने को दिया जाता है निदान भोजन की प्रत्येक वस्तु और जल की भी पूरी २ सावधानी की जाती है ॥

चिकित्सा प्रबन्ध–प्रथम कनखल के डाक्टर लक्ष्मीचन्द्र जी विद्यार्थियों की आरोग्यता के रक्षक थे अब ४ जौलाई सन् १९०२ ई० से श्रीमान् डाक्टर बालमुकुन्द जी पेन्शनर असिस्टेण्ट सर्जन इस स्थान में कुछ काल के लिये आगये हैं और विद्यार्थियों के साथ बड़ा प्रेम रखते हैं उनको हर समय ऐसी शिक्षा देते रहते हैं कि जिस से उनको औषध सेवन की आवश्यकता न हो, एक छोटे से कमरे में "औषधालय" है जिस में सारा वह सामान जो हस्पतालों में होता है औजार (शस्त्र) और देशी औषध अर्क शर्बतादि सहित उपस्थित हैं ॥

***निवास स्थान**–दो बड़े अहाते बनाये गये हैं जिन के चारों ओर खम्भे लगे हैं एक अहाता २००×२५० फुट है जिसमें अतिथियों और गुरुकुल के सम्बन्धिजनों के परिवार के लिये छप्पर डाले गये हैं और इस से कुछ दूरी पर आगे की ओर गुरुकुल के

* गुरुकुल भूमि का पूर्ण चित्र (नक़शा) इस वर्ष तैयार न होसका अतः आगामी वर्ष की रपोर्ट में दिया जावेगा ॥

मन्दिर हैं जो ३००×२३० फुट के अहाते में हैं उन के बाहर एक नया कूप बनवाया गया है जिसका जल बहुत उत्तम और मीठा है इस में गुरुकुल के विद्यार्थियों, अधिष्ठाताओं, कर्मचारियों, डाक्टर और मुख्य अधिष्ठाता के रहने के मकान, पाठशाला, शयन करने के कमरे, भण्डारा, और पाकशालायें हैं। अहाते के मध्य में एक सुन्दर ४० फुट व्यास की अष्टकोणी यज्ञशाला है सारे मकान ऊंची कुर्सी देकर सम बनाये गये हैं और सब में बराम्दे हैं अभी बहुत से गृहों की आवश्यक्ता है इस काम के लिये दश सहस्र रुपये स्वीकार हुआ था जिस में से ६५००) के लगभग व्यय हो चुका है काम अति संयम से बनवाया गया है और इस के अतिरिक्त २०००) की लकड़ी केवल गुरुकुल भूमि के जङ्गल से लीगई है ॥

गुरु दक्षिणा—प्रथम समुदाय के ब्रह्मचारियों से (जिन की पढ़ाई १२ वर्ष की है) १०) मासिक और दूसरे समुदाय से (जिसकी १३ से १८ वर्ष तक पढ़ाई होती है १५) मासिक लिया जाता है, इस में भोजन, वस्त्र, दूध, असबाब, और सारा व्यय सम्मिलित है ॥

श्रीमती आर्य्य प्रतिनिधि सभा के पास इस निमित्त इतना धन होजाने पर कि जिस के व्याज से सम्पूर्ण व्यय पूरे होसकें किसी विद्यार्थी से कुछ नहीं लिया जावेगा, अतएव गुरुकल को सहायता देना सब सज्जन पुरुषों का काम है ॥

(२) वैदिक पाठशाला गुजरानवाला
आर्य्य प्रतिनिधि सभा पंजाब

यह शाला सन् १८९५ ई० से स्थापित है एक छात्रशाला (बोर्डिङ्ग हौस) भी खोली हुई है। सम्प्रति ८ विद्यार्थी शिक्षा पाते हैं । पं० रलाराम जी अध्यापक हैं, शिक्षा अधिकतर आर्ष ग्रन्थों की दी जाती है और विद्यार्थियों के आचार भोजन छादन और धार्मिक जीवन की ओर विशेष दृष्टि दी जाती है। मुं० नारायणकृष्ण जी प्रबन्धकर्ता और महाशय रलाराम जी अधिष्ठाता है। समस्त व्यय अनुमान१००) मासिक है कतिपय विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति (वज़ीफ़ा) भी दी जाती है।

(३) गुरुकुल सिकन्दराबाद ज़िला बुलन्दशहर
आर्य्यसमाज

यह गुरुकुल (वैदिक पाठशाला)मार्च १८९९ से सिकन्दराबाद रेलवे स्टेशन के निकट चल रहा है। शिक्षा संस्कृत में स्वामी जी कृत पाठविधि के अनुसार दी जाती है, भोजन छादन और पुस्तकादि का प्रबन्ध गुरुकुल की ओर से है (सविस्तर वृत्तान्त प्राप्त नहीं हुआ)

(४) बलदेवसंस्कृतार्य्यपाठशाला मुरादाबाद

आर्य्यसमाज मुरादाबाद

इस शाला में स्वामी जी कृत पाठविधि के अनुसार शिक्षा दी जाती है। इस के साथ एक बोर्डिङ्ग हौस भी है। जिस का प्रबन्ध अच्छा है। पं० जवाराम जी प्रथम अध्यापक हैं। निधि ७०००) है। आय व्याज सहित ५०) मासिक है और इतना ही व्यय है। १९०२ में विद्यार्थियों की मध्यम संख्या ११० थी अब तक १२, १२ विद्यार्थी प्राज्ञ, विशारद, प्रथम, मध्यम परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो चुके हैं। कुंवर भूपसिंह जी प्रधान और पं० नौबतराम शर्म्मा मंत्री हैं ॥

(५) वैदिक आश्रम आगरा

आर्य्यसमाज आगरा

इस आश्रम में कुछ २ विद्यार्थी आगरा कालेज, सेण्ट जान्स कालेज और मेडिकल स्कूल के रहते हैं। सम्प्रति संख्या ८ है, जिन को प्रतिदिन नियत समय पर सन्ध्या अग्निहोत्र करना और समाज के साप्ताहिक अधिवेशन में सम्मिलित होना मुख्य है ॥

(६) वैदिक पाठशाला कासगंज

आर्य्यसमाज

निधि ४०००) की जायदाद है, आय और व्यय ३५०) वार्षिक है। ला० हरप्रसाद, विहारीलाल और बदरीप्रसाद प्रबन्धकर्त्ता हैं ॥

(७) संस्कृत पाठशाला बदायूं

आर्य्यसमाज बदायूं

यह शाला १९०० से चल रही है। इस में अष्टाध्यायी आदि पढ़ाई जाती हैं। पं० रामप्रसाद जी अध्यापक हैं ॥

(८) संस्कृत पाठशाला शाहपुरा राजधानी

श्रीमान् राजाधिराज शाहपुराधीश

यह पाठशाला राज्य की ओर से कई वर्ष से जारी है। इस के साथ बोर्डिङ्ग भी है। सब विद्यार्थी प्रतिदिन सन्ध्या और अग्निहोत्र नियमानुसार करते हैं। यहां के समाज का एक बोर्डिङ्ग स्कूल है जिस में सम्प्रति ३५ विद्यार्थी शिक्षा पाते हैं। व्यय २००) मासिक है। दोनों शालाओं में आर्य्यधर्मसम्बन्धी पुस्तक पढ़ाये जाते हैं ॥

(९) संस्कृत हाई स्कूल जोबनेर (जयपुर)
आर्य्यसमाज

यह स्कूल अलाहाबाद यूनिवर्सिटी का स्वीकृत है। इस में १०० विद्यार्थी शिक्षा पाते हैं। इस के साथ एक बोर्डिङ्ग हौस भी है। व्यय १००) मासिक है और निधि १००००) है॥ प्रबन्धकर्त्ता ठाकुर कर्णसिंह वर्मा हैं॥

(१०)दयानन्दाश्रम वैदिक हाईस्कूल अजमेर
आर्य्यसमाज

यह स्कूल आर्य्यसमाज अजमेर के उद्योग से बहुत उन्नति पर है। सम्प्रति ५०० विद्यार्थी पढ़ते हैं। अलाहाबाद यूनिवर्सिटी के नियमानुसार शिक्षा दी जाती है। नागरी पढ़ना और एक घण्टा प्रतिदिन धार्मिक शिक्षा लेना सब को परम आवश्यक है। इस के साथ एक छात्र शाला भी है। निधि ५०००) है और ३५०) मासिक व्यय है॥

(११) दयानन्द एङ्गलो वैदिक कालिज लाहौर
प्रबन्धकर्तृ सभा

पंजाब यूनिवर्सिटी के नियमानुसार शिक्षा दी जाती है। निधि अनुमान चार लक्ष है। मासिक व्यय फ़ीस के आय से पूर्ण हो जाता है। ला० हंसराज बी० ए० प्रिन्सपिल हैं॥

(१२)वैदिक पाठशाला राञ्ची
आर्य्यसमाज

अनुमान तीन वर्ष से यह पाठशाला स्थापित है। संस्कृत और अङ्ग्रेज़ी आदि की शिक्षा दी जाती है। बाबू बालकृष्ण सहाय जी प्रधान आर्य्यसमाज प्रबन्धकर्त्ता हैं॥ व्यय ३२) मासिक है विद्यार्थी ५० के लगभग हैं॥

(१३)वैदिक पाठशाला नरसिंहपुर
आर्य्य प्रतिनिधिसभा मध्य प्रदेश

यह शाला कई वर्ष से स्थापित है। इस में १०० विद्यार्थी पढ़ते हैं। जिन में २ अनाथ हैं। जिन को भोजन छादन सभा की ओर से दिया जाता है। यह दोनों संस्कृत में अष्टाध्यायी पढ़ते हैं। १००) वार्षिक सर्कार से सहायार्थ मिलते हैं। पं० हरदत्त शर्म्मा अध्यापक हैं। व्यय ३०) मासिक है। ला० रामप्रसाद जी, पं० मोहनलाल तथा पं० बलदेव प्रसाद शर्म्मा के प्रबन्ध से पाठशाला का कार्य्य भले प्रकार चल रहा है। शाला के स्थान के बनने में २०००) से अधिक व्यय हो चुका है॥

(१४) मिठाभाई मुम्बई संस्कृत पाठशाला
आर्य्यसमाज मुम्बई

यह शाला आर्य्य समाज मुम्बई के प्रबन्ध में हैं। पं० नरहरि शास्त्री अध्यापक हैं इसमें ५० विद्यार्थी पढ़ते हैं ॥

(१५) संस्कृत पाठशाला
आर्य्यसमाज मुज़फ्फ़र्नगर

यह शाला आर्य्य समाज के प्रबन्ध में है। एक अध्यापक नियत है। ४० के लगभग विद्यार्थी हैं।

(१६) दयानन्द ऐङ्ग्लो वैदिक स्कूल मेरठ शहर
आर्य्यसमाज

यह स्कूल १८९७ से स्थापित है।२००विद्यार्थी हैं। पूंजी २१०००) और व्यय १५०) मासिक है। मुं०लक्ष्मणस्वरूप जी वकील प्रधान हैं। नागरी पढ़ना और धार्म्मिक शिक्षा मुख्य है। स्कूल आर्य्यसमाज मन्दिर में होता है।

(१७) वैदिक पाठशाला दक्षिण हैद्राबाद
आर्य्यसमाज

यह शाला वर्त्तमान वर्ष में ही जारी हुई है। १० विद्यार्थी हैं ॥

(१८) गुरुदत्त वैदिक स्कूल
धर्मशाला

यह स्कूल श्रीमान् महात्मा पं०गुरुदत्त जी एम्०ए० के स्मारक में १८६० से स्थापित है। ५० विद्यार्थी पढ़ते हैं ॥

(१६) विद्यार्थी आश्रम काशी
आर्य्यसमाज

काशी में एक विद्यार्थी आश्रम की आवश्यकता मान करके तत्रस्थ आर्य्यसमाज ने एक आश्रम खोलने का विचार कर रक्खा है। परन्तु धनाभाव से अद्यावधि नहीं खुलसका यदि समस्त समाजें ध्यान दें तो शीघ्र ही स्थापित हो जायगा ॥

(२०) वैदिक आश्रम अलीगढ
आर्य्यसमाज

यह आश्रम नवम्बर १८६६ से जारी है। ३० विद्यार्थी रहते हैं। ५०) मासिक व्यय होता है। विद्यार्थियों को साधारण आचार शिक्षा से अतिरिक्त आर्य्य धर्म्मोपदेशक बनने की शिक्षा भी दीजाती है ॥

भारतवर्षस्थार्यसामाजिकपुत्रीपाठशालानां वृत्तान्तः ॥

(१) कन्या महाविद्यालय जलन्धर शहर–

यह महाविद्यालय १८९६ से स्थापित है । १ अगस्त को ८२ कन्यायें उपस्थित थीं । कन्या अनाथालय की २५ कन्या भी इसी महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करती हैं, कन्याओं को ८ छात्रवृत्ति (वज़ीफ़ा) भी दिये जाते हैं जिन में से एक वज़ीफा सात रुपये मासिक का मिसेज़ चार्ल्स होवर्ड (शिकागो) पाताल देश निवासिनी देती हैं। कन्या महाविद्यालय में सब १३ कर्म्मचारी हैं जिनमें से ४ अध्यापक, ४ अध्यापिका, और ५ सेवक हैं । सारी कन्याओं को संस्कृत और नागरी में शिक्षा दी जाती है सामान्य पाठविधि से अतिरिक्त वेदपाठ,भजन, सन्ध्या, हवन, धर्मशिक्षा, सीना, जाली आदि का काम भी सिखाया जाता है, शारीरिक स्वस्थता का भी ध्यान रक्खा जाता है, ऐसे खेल चलाये जाते हैं जिनसे व्यायाम के अतिरिक्त शिक्षा भी प्राप्त होती है । आश्रमवासिनी कन्यायें लोहे के मुद्गरों से भी व्यायाम करती हैं । बाहर से आई हुई कन्याओं के लिये जो आश्रम १८९५ में खोला गया था १ अगस्त १९०२ को उसमें १७ कन्या थीं । आश्रम के खानपान का व्यय पुस्तक और वस्त्रादि के अतिरिक्त६) मासिक है। महाविद्यालय की पूंजी इस वर्ष अनुमान २७ सहस्र है, महाशय रामकृष्णजी वकील प्रबन्धकर्त्ता और लाला बद्रीदासजी एम० ए० मंत्री प्रबन्धकर्तृसभा हैं । विद्यालय में स्त्री शिक्षा सम्बन्धी पुस्तक बेचने के लिये एक पुस्तकालय भी है ॥

(२) भगवती पुत्रीपाठशाला हरियाना (होशियारपुर)

यह शाला माई भगवती जी के स्मरणार्थ (जो पंजाब में एक प्रसिद्ध आर्य्या विदुषी स्त्री हुई है) उस की जन्म भूमि में कई वर्षों से स्थापित है । प्रबन्ध एक सभा के आधीन है जिस के मंत्री लाला गिरिधारीलाल महता बी० ए० वकील होशियारपुर और प्रबन्धकर्त्ता ला० मेघामलजी हैं । कन्या ७६ हैं पांच श्रेणी हैं कन्याओं को वैदिकधर्मानुकूल शिक्षा दी जाती है और जाली आदि बनाने का काम भी सिखाया जाता है, तीन अध्यापिका काम करती हैं जिन में से २ अवैतनिक हैं शाला का स्थान निज का है । १०१५) नगद जमा हैं ॥

(३) अन्य कन्या पाठशालायें

जलन्धर छावनी, लाहौर, फ़ीरोज़पुर छावनी, कमालिया, श्रीगोविन्दपुर, शाहपुरा राजधानी, डेरा इस्माईलख़ां, गुजरात, पठानकोट, सहारनपुर, रुड़की, जम्पुर, मेरठ शहर, मेरठ छावनी, बरेली, दूका (बरेली) पिशावर, नजीबाबाद, अलीपुर, ख़ैरपुर (मुज़फ़्फ़रगढ़) मवाना बड़ा (मेरठ) में भी कन्या पाठशाला हैं और अच्छा काम कर रही हैं । कर्णाल आर्य्यसमाज की शाला की दशा पूर्ववत् है ॥

अजमेरस्थवैदिकयन्त्रालयः

यह यन्त्रालय श्री स्वामी दयानन्द सरस्वतीजी महाराज ने स्वनिर्मित तथा अन्य आर्ष ग्रन्थों के प्रचारार्थ माघ सुदि २ सं० १९३६ वि० को ५०००) की पूंजी से चलाया था। अद्यावधि स्वामी जी महाराज के समस्त ग्रन्थ इसी यंत्रालय में छपते हैं और यहीं से मिल सकते हैं। अब यह यंत्रालय श्रीमती परोपकारिणी सभा के अधिकार में है और प्रबन्ध आर्य्य समाज अजमेर के सात सभासदों की एक सभा के आधीन है जिसके प्रधान श्रीमान् बा० रामविलास शारदाजी और मन्त्री श्रीमान् बा० शिवप्रसाद जी हैं और प्रबन्धकर्त्ता महाशय केशवदेव जी हैं॥

स्वामी जी महाराज रचित ग्रन्थों में से १ नवम्बर १९०१ से १ मई १९०२ तक निम्नलिखित संख्या पुस्तकों की बिक चुकी है:—

सं०	नाम पुस्तक	आवृत्ति संख्या	वर्त्तमान वर्षमें विके पुस्तकों की सं०	आरम्भ से बिके पुस्तकों की संख्या
१	ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका	२	७३७	६१८१
२	सत्यार्थप्रकाश	६	८१०	१६५४४
३	संस्कारविधि	४	१८७२	१३२७०
४	पञ्चमहायज्ञविधि	५	१५१८	३००६९
५	आर्य्याभिविनय	६	१६६	८९६६
६	हवनमन्त्र	५	२५६३	१००६३
७	आर्य्योद्देश्यरत्नमाला	४	३११७	१८११७

३०जून१९०२ई० को उधार और विक्रयार्थ माल से अतिरिक्त नकद २३१७८≡)११ था। १७ सितम्बर १९०१ से प्रबन्धकर्तृ सभा ने सब पुस्तकों का मूल्य घटा-दिया है (देखो सूची टैटिल के दूसरे पृष्ठ पर) उक्ततिथि को सामान काग़ज़ उधार और विक्रयार्थ पुस्तक इत्यादि माल अनुमान डेढलक्ष रुपये की लागत का था॥

इस महर्षि स्थापित कार्य्यालय में अबतक साधारण हस्तकलाओं से कार्य्य चलता था परन्तु गतवर्ष से इन अमूल्य ग्रन्थों के अधिक प्रचार के विचार से यन्त्रालय की दशा को बहुत कुछ उन्नत किया गया है सम्प्रति प्रेसों से अतिरिक्त डबलक्रौन मशीन

अपने ग्रन्थों के छापनें के लिये चल रहीं है । हैण्डमशीन, नम्बरिङ्ग मशीन इत्यादि अन्य २ कला भीं आवश्यक्तानुसार मंगाई गई हैं । नागरी का टाइप कई प्रकार का बढ़ाया गया है और यन्त्रालय के स्थान में अधिकता की गई है ॥

चारों मूलवेद–जिनको यन्त्रालय ने बहुत सस्ते मूल्य पर छापने का भार अपने ऊपर लिया था अब तक १५०० के लगभग बिक चुके हैं । अब अनुक्रमणिका भी छपकर बिकरही है । शतपथ ४ काण्ड तक छप चुका १९०२ में पूर्ण हो जावेगा । इस से अतिरिक्त दशमूल उपनिषद्, ६ शास्त्र मूल, ब्राह्मण,(वैद्यक) चिकित्सा के पुस्तक भी शीघ्र इस यन्त्रालय में छापे जावेंगे ॥

स्वामी जी कृत पुस्तकों का नीचे लिखी भाषाओं में अनुवाद छप चुका है, छप रहा है अथवा छपवाने का विचार है:–

सत्यार्थप्रकाश का बङ्गला उर्दू और गुरुमुखी अनुवाद छपचुका, गुजराती और महाराष्ट्री अनुवाद हो चुका छपना विचाराधीन तैलंगु तैय्यार हो रहा है और अङ्गरेज़ी का प्रबन्ध हो रहा है ॥

आर्य्योद्देश्यरत्नमाला का महाराष्ट्री और तैलंगु अनुवाद और **भ्रमोच्छेदन, भ्रान्तिनिवारण, सत्यधर्मविचार** और **गोकरुणानिधि** का गुरुमुखी अनुवाद हो चुका है ॥

ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका का उर्दू अनुवाद छप चुका ।

वेदान्तिध्वान्तनिवारण और **गोकरुणानिधि** का अङ्गरेज़ी और पूर्व कथित का उर्दू अनुवाद भी छप चुका है ॥

आर्य्य समाचारपत्राणां पुस्तकविक्रेतृणां च नामावलिः ॥

स्थान	संख्या	समाचार पत्रादिक: नाम	भाषा*	प्रकाशित समय×	वार्षिक मूल्य
लाहौर	१	आर्य्यपत्रिका	अं	सा०	५)
	२	मासिक सर्क्युलर आ०प्र० निधि सभा	ना	मा०	।)
	३	भारत भगिनी	ना	,,	१॥)
जालन्धर शहर	४	सत्यधर्म प्रचारक	उ	सा०	४।)
	५	आर्य्य मुसाफिर मेगजीन	उ	मा०	२)
	६	पांचाल पंडि०	ना	,,	१॥)
मेरठ शहर	७	वेदप्रकाश	ना	,,	१)
	८	आर्य्य समाचार	उ	,,	२)
फर्रुखाबाद	९	भारतसुदशा प्रवर्तक	ना	,,	१।)
सिकंदराबाद	१०	गुरुकुल समाचार	उ	,,	॥)
बरेली	११	आर्य्य पत्र	उ	सा०	१।)
मुरादाबाद	१२	आर्य्य मित्र	ना	सा०	२)
अजमेर	१३	आर्य्य	ना	मा०	॥)
राञ्ची	१४	आर्यावर्त्त	ना	सा०	३॥)

*"अं०" से अंग्रेजी, "ना०" से नागरी, "उ" से उर्दू, "गु०" से गुजराती जानो ॥

×"सा०" से साप्ताहिक "मा०" से मासिक जानो ॥

स्थान	संख्या	आर्य्य पुस्तकविक्रेता
लाहौर	१	प्रबन्धकर्ता आर्य्यप्रिंटिंगपब्लिशिङ्ग जनरल ट्रेडिङ्ग कम्पनी
	२	पुस्तकाध्यक्ष आर्य्यसमाज बच्छोवाली
	३	कृष्णचन्द्र कम्पनी
	४	ला० शालिग्राम अध्यक्ष अरोडवंश प्रेस
जालन्धर शहर	५	प्रबन्धकर्त्ता सत्यधर्म प्रचारक यंत्रालय
मेरठ शहर	६	पं० तुलसीराम अध्यक्ष स्वामि यंत्रालय
	७	ला० केदारनाथ (बाजार बज्जाजा)
फर्रुखाबाद	८	पं० गणेशप्रसाद प्र० कर्त्ता गुर्जर प्रेस
बुलन्दशहर	९	ला० बिहारीलाल
इटावा	१०	पं० बाबूराम शर्म्मा
बरेली	११	पं० माता प्रसाद
मुरादाबाद	१२	पुस्तकाध्यक्ष आ० प्र० नि० सभा संयुक्त प्रदेश
	१३	,, आर्य्य समाज
आगरा शहर	१४	पुस्तकाध्यक्ष आर्य्य समाज

आर्य्य समाचार पत्राणां पुस्तकविक्रेतृणाञ्च नामावलिः ॥

स्थान	संख्या	समाचार पत्रादिक — नाम	भाषा	प्रकाशित समय	वार्षिक मूल्य
बम्बई	१५	आर्य्य*	गु	मा०	१॥)
	१६	ऋषिविद्या†	,,	,,	२।)
अलीगढ़	१७	वनिता हितैषी	ना	,,	४)
शाहजहांपुर	१८	आर्य्य दर्पण ×	उ ना	,,	२॥)

स्थान	संख्या	आर्य्य पुस्तकविक्रेता
अजमेर	१५	प्रबन्धकर्त्ता वैदिक यंत्रालय
	१६	पुस्तकाध्यक्ष आर्य्य समाज
सक्खर	१७	डाक्टर खानचन्द्र

*इस पत्र में आर्ष ग्रन्थों उपनिषदादि और अन्य सामाजिक पुस्तकों का गुजराती अनुवाद मुद्रित होता है ॥

†इस पत्र में सत्यार्थप्रकाश और वेदभाष्यभूमिका का गुजराती अनुवाद प्रकाशित होने के अतिरिक्त धार्मिक, सामाजिक सुधार सम्बन्धी लेख छपते हैं ॥

×अब इस पत्र का उद्देश्य बाल विधवा विवाह का प्रचार है ॥

आर्य्यसमाजमन्दिराणां पुस्तकागाराणाञ्च सूचिः ॥

तेषां मूल्यसूच्या सहिता ॥

सं०	आर्य्यसमाज	लागत मन्दिर	पुस्तकालय संख्या	पुस्तकालय मूल्य	सं०	आर्य्यसमाज	लागत मंदिर	पुस्तकालय संख्या	पुस्तकालय मूल्य
१	मुम्बई (काकोद्वारी)	५००००)	०	१०००)	१२	लखनौ शहर	६००)	०	५०)
२	मेरठ शहर ❋	१३०००)	८००	४००)	१३	बिजनौर	६०००)	०	०
३	लाहौर (बच्छोवाली)❋	१००००)	१००००	५०००)	१४	देहरादून❋	६०००)	०	०
४	मुलतान शहर	१००००)	०	१२५)	१५	बरेली	६०००)	२००	३००)
५	पिशावर शहर	१००००)	०	४००)	१६	भरतपुर	५०००)	१५०	१००)
६	हैदराबाद सिंध	१००००)	०	१००)	१७	उदयपुर	५०००)	०	५०)
७	डेरा इस्माईल खां ❋	८०००)	८००	१२००)	१८	शाहजहांपुर	४५००)	२००	७५)
८	शिमला ❋	८०००)	०	५००)	१९	सहारनपुर	४०००)	०	०
					२०	लखीमपुर	४०००)	१००	६०)
					२१	पुवायां	४०००)	१८०	८८)
९	क्वेटा (बिलूचिस्तान)	मन्दिर ३०००) भूमि५०००) योग८०००)	०	१००)	२२	मुकेरियां	४०००)	०	८०)
					२३	कोहाट	४०००)	०	२००)
१०	जय पुर	६०००)	०	६०)	२४	वज़ीराबाद	४०००)	०	१००)
११	लखनौ (गणेशगञ्ज)	५०००)	०	१५५)	२५	करांची	३०००)	०	३००)
					२६	जालन्धर शहर	४३००)	०	०)

सं०	आर्य्यसमाज	लागत मंदिर	पुस्तकालय संख्या	पुस्तकालय मूल्य	सं०	आर्य्यसमाज	लागत मंदिर	पुस्तकालय संख्या	पुस्तकालय मूल्य
२७	शाहपुरा राज्य	३०००)	८००	५००)	४५	तितरों	१२००) की भूमि और ३१३॥) नक़द	२४१	८३)
२८	बनारस	३०००)	०	१००)					
२९	मथुरा शहर *	३०००)	०	०	४६	करोड़	१५००)	०	०
३०	आगरा शहर*	३०००)	३५०	२००)	४७	कर्णाल	१२००)	४१६	५१५)
३१	रोपड़	३०००)	०	०	४८	नरसिंहपुर	१२००)	०	०
३२	जोबनेर राज्य	३०००)	०	०	४९	गङ्गोह *	११६०)	१३५	५६)
३३	दिल्ली शहर *	२६००)	०	०	५०	सोजत	१०००)	०	०
३४	अजमेर	है	०	०	५१	चकराता	१०००)	०	०
३५	जामपुर	२५००)	३००	१००)	५२	मुज़फ़्फ़रगढ़	१०००)	०	०
३६	झङ्ग मघियाना	२३००)	०	८०)	५३	हरदोई	१०००)	०	०
३७	लुधियाना	२२०६)	नक़द जमा है	०	५४	काल्पी	१०००)	०	०
३८	चन्दौसी	२०००)	८३	७०)	५५	मण्टगुमरी	१०००)	१५०	३००)
३९	जस्टर	२०००)	०	०	५६	बन्नू	१०००)	२७५	१५०)
४०	गुजरात	२५००)	०	०	५७	भिवानी	१०००)	०	०
४१	झांसी	२५००)	०	१५०)	५८	रावलपिण्डी	मन्दिर विवाद में है	१६८	१८०)
४२	कोटा राज्य	२०००)	०	२००)	५९	भेरा	८००)	१००	७५)
४३	डेरागाज़ीखां	१५००)	७४६	७००)	६०	मालेरकोटला	६५०)	०	०
४४	धर्मशाला	१५००)	०	५०	६१	शर्क़पुर	६००)	०	०

आर्य्यसमाजमन्दिराणां पुस्तकागाराणांच सूचिः ॥

सं०	आर्य्यसमाज	लागत मन्दिर	पुस्तकालय संख्या	पुस्तकालय मूल्य	सं०	आर्य्यसमाज	लागत मंदिर	पुस्तकालय संख्या	पुस्तकालय मूल्य
६२	हैदराबाद दाक्षिण	८०० नकद	२००	०	८०	फालिया	५००)	०	०
		जमा है		०	८१	जलेसर	७००)	०	०
६३	तिलहर	बन रहा हैं	०	०	८२	शाहाबाद (कर्णाल)	मन्दिर बन रहा है		०
६४	मुंगेर	६००)	७००	२००)	८३	" (हरदोई)	"	"	०
६५	दानापुर	है	०	०	८४	जबलपुर	३५०-)	०	०
६६	नागधारा	०	१४३	५०)	८५	होशंगाबाद	१२०)	०	०
६७	श्रीनगर	०	०	१००)	८६	भऊं	मन्दिर बन रहा है		०
६८	कायमगंज	५२५)	नगद जमा है०		८७	चकराता	भूमि क्रय की गई		०
६९	गढ़ी अब्दुल्लाखां	५००)	०	५०)	८८	श्रीगोविंदपुर	"	"	"
७०	सक्खर	८००)	०	२०)	८९	पटियाला	है	०	०
७१	लायलपुर	७००)	०	०	९०	टांडा	२५०)	०	०
७२	उन्नाव	५००)	०	०	९१	मस्जिद मोठ	३५०)	०	०
७३	नौशहरा	३५०)	०	०	९२	सीबी	२००)	०	०
७४	मर्दान	३५०)	०	०	९३	लुहारी	है	०	०
७५	सैदवाला	भूमि मोल ली गई		०	९४	नजीबाबाद	०	०	१५०)
७६	खुशाव	४५०)	११०)	०	९५	चांदूर	१२५)	०	०
७७	पीलिभिति	भूमि क्रय की गई		८०)	९६	अमरावती	०	२८५	१३५)
७८	खानगढ़	"		०	९७	खराडवा	०	६०	५०)
७९	इटावा	जमा ६००)	१५०	१००)	९८	अलीगढ़	०	०	२५०)

सं०	आर्यसमाज	लागत मन्दिर	पुस्तकालय संख्या	पुस्तकालय मूल्य
९९	बालसमाज अलीगढ़	०	०	१२५)
१००	ऐतमादपुर	भूमि क्रय की गई		०
१०१	फूसगढ	०	८०	६०)
१०२	अम्बाला (छावनी)	०	७८	५०)
१०३	मवाना कलां	०	२००	२०२)
१०४	बहरायच	०	२०३	७०)
१०५	भडौंच	०	१०६	१५०)
१०६	गोयिन्दकी	०	३३०	६०)
१०७	शेरकोट	भूमि क्रय की गई		
१०८	कुल्लू	०	२६०	६५)
१०९	खैरपुर सादात	०	४०	६०)
११०	बदायूं	१५४३)	२१२	२६६)
१११	हिसार	है	०	०
११२	मेमयो (ब्रह्मा)	१८०) चंदा लिखा गया अधिक हो रहा है		
११३	सिरसा	०	०	०
११४	स्यालकोट	५०००)	०	५०)
११५	नयनीताल	०	११३)	२००)
११६	जलालपुर	है	०	०

नोट–(१) इन से अतिरिक्त अन्य बहुत से स्थानों में भी आर्य्य मन्दिर और पुस्तकालय हैं परन्तु उन की सूचना न आने के कारण नहीं लिखे गए।

(२) जिन नामों पर❊ यह चिन्ह है वहां के मन्दिरों में आर्य पुरुषों के ठहरने का पूरा २ प्रबन्ध है।

(३) ५०) से कम लागत का पुस्तकालय इस सूची में नहीं लिखा गया ॥

अन्यविद्योद्धरणादिपरोपकारकाश्रमाणां वृत्तान्तः ॥

१नागरी प्रचारिणी सभा काशी—यह सभा१६ जुलाई सन् १८९३ ई० से नागरी भाषा प्रचारार्थ स्थापित है जिस उत्साह और प्रयत्न से अब तक कार्य होता रहा है उसका परिणाम भले प्रकार सब पर प्रकट है कि एप्रिल सन् १९०१ से भारत गवर्नमेण्ट की आज्ञासे संयुक्त प्रदेश के सब राजकार्य्यालयों और न्यायालयोंमें उर्दू से अतिरिक्त नागरी में भी पत्रव्यवहारकी स्वतन्त्रता होगई है। गत बर्ष में२९२ और वर्तमान में३९१सभासद् हैं जिनमें कई राजे महाराजे और बहुत से पदाधिकारी विद्वान् और धनिकजन सम्मिलित हैं। रा० ब०लक्ष्मीशंकर मिश्र एम० ए० सभापति और बा०श्यामसुन्दरदास मंत्री हैं। सभाको चिरस्थायिनी करने के लिये एकलक्ष रुपये का स्थायी कोष और बीस सहस्र रुपये का एक विशाल भवन बनवाने की इच्छा है जिसके लिये वर्ष के अन्त तक१४३७८॥।) चन्दा लिखा गया जिसमें९०९१॥)।प्राप्त होचुका है, इस्से भिन्न सभाका समग्र आय १२३७५॥-) और व्यय ३७३९।)। होकर ८६३६।)। वर्षान्त में शेष रहा। उक्त कोष (फण्ड) के प्रबन्धार्थ एक "बोर्ड आफ़ ट्रस्टी" नियत है जिसके प्रधान श्रीमान् अयोध्यानरेश हैं॥ सभा की ओर से प्रति३मास दो पत्र "नागरी प्रचारिणी पत्रिका" और "नागरी ग्रन्थमाला" प्रकाशित होते हैं जिनका मूल्य १) और २) यथाक्रम है, ३) वार्षिक देनेवालों को उभय पत्र विनामूल्य और शेष मुद्रित ग्रन्थ सारे सभासदोंको अर्धमूल्य पर दियेजाते हैं॥ उक्त सभा के प्रबन्ध से अब तक बहुतसी प्राचीन और नवीन रचित पुस्तकछप चुके हैं, "हिंदी विज्ञान कोश" और "पूर्ण व्याकरण" बनरहे हैं। नागरी गद्यपद्ययुक्त पुस्तक विक्रेताओं की एक सूची भी बनाईगई है। इस वर्ष में सभा ने संस्कृत और नागरी के २५० पुस्तक खोजे जिनमें से मारवाड़ी वा अन्य रद्दी पुस्तक निकालकर केवल १२६ रक्खे गये हैं, इनमें से १२४ पुस्तक ७३ ग्रन्थकारों की जो १२वीं, १४ वीं १६वीं, १७ वीं, १८ वीं और १९ वीं, शताब्दी में हुए बनाई हुई हैं, ५ के बनानेवालों का पता नहीं लगा इस्से अतिरिक्त सभा ने "बङ्गाल एशयाटिक सोसाइटी" और इण्डिया आफिस पुस्तकालय से भी प्रार्थना की है कि नागरी और संस्कृत के प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों की सूची (जो उनके पास उपस्थित हैं) छपवादेवें अथवा सभाको छपवाने के लिये देदेवें, इण्डिया आफिस वाला प्रार्थनापत्र भारत गवर्नमेंट ने सेक्रेटरी आफ स्टेट के पास विचारार्थ भेजदिया है और एशयाटिक सोसाइटी भी विचार कर रही है। सर्कार की ओर से इस कार्य्य की सहायता में ४००) वार्षिक मिलता है॥

सभा के पुस्तकालय में वर्षान्त पर२७७३पुस्तक थे और वर्षभर ३० समाचार पत्र आते रहे। प्रशंसित सभा ने अपनी ओर से सर्कारी मिडिल और प्राइमरी स्कूलों में नागरीभाषा की परीक्षा पर कई विद्यार्थियोंको ३२)का पारितोषक और१५विद्यार्थियों को प्रशंसापत्र दिये गए। नागरी में विद्या तथा शिक्षा सम्बन्धी सुन्दर लेख लिखनेवालों और स्पष्ट तथा स्वच्छ लेखक विद्यार्थियों को सर्कार द्वारा दो पदक

(तमगे) दियेजाते हैं, इस वर्ष यह भी निश्चय हुवा है कि अलाहाबाद यूनिवर्सिटी के ऐन्ट्रेन्स क्लास का जो विद्यार्थी अपने नगर का इतिहास और भूगोल का वृत्तान्त लिखकर सभाके पास भेजगा, स्वीकृत होने पर उसको एक स्वर्णमुद्रा दीजायगी। वर्तमान वर्ष में सारे भारतवर्ष में ६२२ पुस्तक नागरीमें गद्यपद्ययुक्त अनेक विषयों में लिखे गए जिनमें से ३७१ संयुक्त प्रदेश, ८१ मुम्बई ५५ पंजाब, १८ मध्यप्रदेश, ६३ बङ्गाल और ४ राजस्थान में बने इन से पृथक् ऐसे पुस्तक भी बने कि जिनकी भाषा तो उर्दू, पंजाबी, सिंधी, गुजराती. खसिया अरबी फार्सी वा सन्थाली आदि है परन्तु अक्षर नागरी में हैं जिससे नागरी प्रचार में अधिक सहाय की आशा है ॥

२–गान्धर्व महाविद्यालय लाहौर—यह महाविद्यालय दक्षिण देश के सुप्रसिद्ध और विख्यात गायनाचार्य्य पं०विष्णुदिगम्बरजी ने प्राचीन रीति पर गायन विद्या की शिक्षा देने के लिये ५ मई १९०१ ई० से लाहौर में स्थापित किया है। इस समय ३ श्रेणी 'सा', 'रे', और 'गा' हैं और यथावसर आगे भी खोली जावेंगी। पूर्ण शिक्षा का समय ३½ वर्ष है, शिक्षा ५ बजे सायं से ६ बजे रात्रि तक दी जाती है जिस्में गाना और तम्बूरा, सितार, मृदङ्ग और हार्मोनियम बजाना सिखाया जाता है, सम्प्रति शिक्षा देने को पं० विष्णुदिगंबर जी प्रिन्सिपल और पांच अन्य प्रोफ़ेसर नियत हैं जो बड़े प्रेम और उत्साहपूर्वक कार्य करते हैं, इस्में नीच जाति के मनुष्यों को जो केवल अन्नोदक अर्थात् रोज़ी के लिये सीखतेहैं। गाना आदि सिखलाने की कड़ी मनाईहै केवल प्रतिष्ठित औरउच्च जाति तथा श्रेष्ठ मनुष्य ही सीखसकते हैं।प्रविष्ट होने की फीस १) और मासिक फीस २) है। महाविद्यालय में समस्त सामान बाजा आदि उपस्थित है किसी को निज गृह से लाने की आवश्यकता नहीं एक वर्ष में प्रवेशिका,१½ वर्ष में मध्य, २½ वर्ष में संगीत विशारद, और ३½ वर्ष में संगीत तीर्थ की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर प्रशंसा पत्र दिये जाते हैं, अन्तिम दो परीक्षाओं में उपाधि (डिग्री) भी दी जावेगी और जो मनुष्य सर्व परीक्षोत्तीर्ण होनेपर दो वर्ष में गायन विद्या में निपुण होगा उसे गायनाचार्य्य की उपाधि दी जावेगी। गत वर्ष में महाराजा काश्मीर, कपूर्थला और अन्य प्रतिष्ठित महाशयों ने धनादि से बहुत सहायता की है, प्रतिष्ठित और विद्वज्जनों में से जिन्हों ने महाविद्यालय का निरीक्षण करके बड़ी प्रसन्नता प्रकट की है पं० बामनराव कृष्ण वैद्य मृदङ्गाचार्य्य निज़ाम हैद्राबाद ने यह भी लिखा है कि जैसी सुरीति पूर्वक शिक्षा से थोड़े काल में बहुत बड़ी उन्नति और अच्छा परिणाम इस महाविद्यालय में प्रकट हुआ है ऐसे अन्य किसी विद्यालय में जो कलकत्ता,मुम्बई, बड़ौदा, पूना और मद्रास में हैं कदापि प्रकट नहीं हुवे।

३–बालविधवाविवाहप्रचारिणी सभा भारतवर्ष-शाहजहांपुर–यह सभा १९०१ से श्रीमान् महाराजा सियाजी राव गायकवाड़ बड़ौदा नरेश की संरक्षकता में स्थापित है जिस्के उद्देश्य यह हैं (१) द्विज वर्ण की अक्षत योनि बिधवा

कन्याओं के पुनर्विवाह करने में सर्व प्रकार से यत्न और सहाय करना, (२) बाल-कों और वृद्धों के विवाह और निवाह पर शुल्कादि (लेन देन) का रोकना, (३) स्त्री-शिक्षा और बालविधवा विवाह का उपदेश और लेखद्वारा प्रचार करना, और (४) कंगाल विधवाओं के पालन का प्रबन्ध और जो पुनर्विवाह करना चाहें उ-नके लिये धनादि से उचित सहायता देना ॥ श्रोत्रिय शंकरलालजी रईस बिजनौर व संपादक अबलाहितकारी प्रधान और मुं० बखतावरसिंहजी अग्रवाल रईस शाहजहां-पुर व सम्पादक आर्य्यदर्पण मन्त्री हैं। पं० कृष्णलाल शर्म्मा, पं० गिरिधारीलाल, भ-गवानदत्त (अमरोहा,) ऊधेराम (बिजनौर) सभा के अवैतनिक उपदेशक हैं । जुलाई १६०२ तक सभाके प्रबन्ध से और इतर २३ अक्षतयोनि विधवा कन्याओं के वि-वाह मुजफ़्फ़रनगर, मेरठ, सहारनपुर, स्यालकोट, झांसी, आगरा, बिजनौर, जलन्धर, अमृतसर, फिल्लौर, पूंडरी, पेशावर, फ़ैज़ाबाद, ढाका आदि स्थानों में अनेक वर्णोंमें होचुके हैं जिनमें से ला० स्वरूपलाल अग्रवाल रईस मुजफ़्फ़रनगर ला० जियालाल अग्रवाल जैनी मेरठ और ला० गणपत राय स्टेशनमास्टर जगाधरी बहुतही प्रति-ष्ठित और उत्तमघराने के साहूकार हैं जिन्होंने अनेक अत्युग्र विरोधों के होते हुए भी पंडितों के साथ शास्त्रार्थ कराने और विज्ञापन देने के पश्चात् बड़ी वीरता और साहस से अपनी निर्दोषा कन्याओं का पुनर्विवाह बड़ी धूमधाम से किया ॥

जो महाशय अपनी बालविधवा कन्या का पुनर्विवाह वा जो महाशय अपना वि-वाह ऐसी कन्या से करना चाहें वह उक्त मन्त्री से छपा हुवा पत्र (फार्म) मंगाक-र भरकर वापिस भेजदें ताकि उक्त महाशय जोड़ा मिलाकर उभय पक्षको सूचना और सहायता देवें, प्रार्थियों का नाम उनकी इच्छा विना किसी को नहीं बताया जावेगा ॥*

(४) वैदिक धर्म प्रचारिणी सभा मुम्बई—यद्यपि यह सभा १८९५ से स्थापित है तथापि वार्षिकोत्सव तीन वर्ष से ही होता है, तृतीय उत्सवभी बड़े आ-नन्द और समारोह से समाप्तहुआ, मुम्बई प्रान्त में उक्त सभा के कारण वैदिक धर्म प्रचार बड़े ज़ोरसे होरहा है सभासद् १०० के लगभग हैं, मन्त्री श्रीमान् महा-शय मोतीलाल त्रिभुवनदास दलाल हैं, ब्रह्मचारी नित्यानंदजी महाराज के उक्त वा-र्षिकोत्सव में तीन व्याख्यान होने पर मुम्बई म्यूनिसिपल कार्पोरेशन के प्रधान और कतिपय अन्य प्रतिष्ठित महाशयों के अनुरोध से ब्रह्मचारीजी ने "परदेशगमन" विषय पर एक व्याख्यान दिया जिसकी बड़ी प्रशंसा हुई इसपर ब्रह्मचारी नारायण वैद्य और डा० पोपरा प्रभुराम ने गत दिसम्बर मास की हिन्दूधर्म सभा में चर्चित २६ प्रश्नों पर उक्त ब्रह्मचारीजी को अपने अभिप्राय देने की विन्ती की, यह धर्म सभा इन्हीं दोनों महाशयों के यत्न और व्यय से हुई थी, ब्रह्मचारीजी ने ६ व्या-

***नोट**—अभी काशी में एक बहुत बड़ा शास्त्रार्थ अक्षतयोनि कन्याओं के पुनर्विवाह के शास्त्रोक्त होने वा न होने के विषय में श्रोत्रिय शंकरलालजी प्रधान सभा और म० म० शिवकुमार शास्त्रीजी के मध्य होनेवाला है जिसमें चार महाराजे और तीन संस्कृतज्ञ अंग्रेज मध्यस्थ होने निश्चित हुए हैं ॥

ख्यान दिये और ३ वा ४ व्याख्यान देकर सारे प्रश्नों को समाप्त करनेवाले थे कि समस्त प्रतिष्ठित हिन्दू महाशयों ने मिलकर उनको स्वामी विश्वेश्वरानंद सरस्वती जी सहित "जापान प्रज्ञान प्रमिति सभा" में भेजने के लिये आनरेबल सर भालचन्द्र कृष्ण महोदय के स्थान पर सभा की और दोनों को अन्य दो महाशयों के साथ मुम्बइ प्रान्त का प्रतिनिधि निर्वाचन किया और व्यय के लिए ३०००) एकत्र किया है। ब्रह्मचारीजी के समस्त व्याख्यानों में बड़े २ प्रतिष्ठित महाशयों ने प्रमुख का पद ग्रहण किया था। यह सब कुछ प्रशंसित सभा के ही सुप्रयत्न का फल है। परमात्मा अधिक उन्नति करे॥

ओ३म्

श्रीमत्या महाराज्ञ्या मन्दालसाया जीवनचरितम् ॥

श्रीमान् पं० दौलतराम शर्म्मा मुख्योपदेशक श्रीमती आर्य प्र० नि० सभा पञ्जाब लिखित

हे प्रकाशस्वरूप परमात्मन् ! हमें शुभ मार्ग से ले चल,) जिस से भोगों की प्राप्ति हो। हे देव ! आप सब कर्मों को जानते हैं हम अज्ञानियों के हृदय में स्थित कपट रूपी पाप को दूर कीजिये। इन उपकारों के परिवर्तन में हम आपका कोई उपकार नहीं कर सकते अत एव वारंवार नमस्कार करते हैं ॥

महर्षि पतञ्जलि जी महाराज ने योग के अनेक उपाय बतलाए हैं उन में से एक उपाय महात्माओं के जीवन चरित्र का पाठ भी है। तथाच सूत्रम्-

"वीतरागविषयालम्बनं वा चित्तम्"॥

"वीतराग (विषयों में प्रीति नहीं है जिन की ऐसे) पुरुषों के चित्त के साथ चित्त मिलाने से योग होता है"

चित्त के साथ चित्त तभी मिलता है जब उन के चित्तों के भाव भले प्रकार अपने चित्त में बस जावें, उन के जीवन चरित्र के पाठ से उन में प्रीति उत्पन्न होने से उन के चित्तों के भाव अपने चित्त में बसते हैं, अत एव महात्मा पुरुषों का जीवन चरित्र का पाठ योग का साधन होने से जिज्ञासु जनों के पाठार्थ एक पवित्र स्त्री का जीवन चरित्र लिखते हैं ॥

इस विदुषी का नाम श्रीमती "मन्दालसा महाराज्ञी" है, इस देवी को किस समय वा किस से विद्या प्राप्त हुई इस विषय का परिचय नहीं मिलता? परन्तु इस के उपदेशों से प्रतीत होता है कि यह सर्व विद्याओं में निपुण थी। यह विश्वावसु नाम गन्धर्व की पुत्री थी। पातालकेतु नाम राक्षस पिता के घर से मन्दालसा को उठाकर लेगया। एक निर्जन वन में भूमि के भीतर गुप्त एक बड़ा दुर्ग (क़िला) बना रक्खा था उस में मन्दालसा को रख कर कुण्डला नाम कन्या को उस की रक्षा के लिये नियत कर दिया। यह पातालकेतु ऋषियों के यज्ञों को भ्रष्ट कर दिया करता था। सब ऋषियों ने दुःखित होकर गालव ऋषि से प्रार्थना की तब गालव जी ने राजा शत्रुजित् (जो उस समय चक्रवर्ती थे) के पास जाकर कहा कि आप अपने पुत्र कुमार ऋतध्वज को ऋषियों के अर्पण कर देवें ताकि वह राक्षसों का नाश करके ऋषियों के यज्ञवाट की रक्षा करे राजा ने प्रसन्नता पूर्वक अपना पुत्र देदिया। गालव जी ऋतध्वज को साथ ले आये। ऋषियों ने ऋतध्वज को कुवलय नाम एक घोड़ा दिया, यह घोड़ा बड़ा आशुगामी (तेज़ रफ़्तार) था, पृथिवी के पर्वत आदि विषम २ स्थानों में भी नहीं रुकता था, इसी लिये इस का नाम कुवलय*था। जब से ऋतध्वज को यह घोड़ा मिला तब से इस का नाम घोडे के नाम से कुवलयाश्व प्रसिद्ध

* कु नाम पृथ्वी का है और वलय नाम कंकण का है॥

हुआ। कुमार कुवलयाश्व इस घोड़े पर चढ़ा हुआ यज्ञों का रक्षा के लिये सर्वदा उद्यत रहा करता था॥ एक समय गालव आदि ऋषि यज्ञ कर रहे थे। पातालकेतु भी मांस रुधिर आदि की वर्षा करता हुआ यज्ञध्वंश के लिये आरहा था उस को देखते ही यज्ञवाट में हाहाकार की ध्वनि मचगई जिस को सुनते ही राजकुमार कुवलयाश्व अश्वारूढ़ हो उसके सन्मुख आकर ललकारा कि " अरे दुष्ट! सावधान हो जा इसी समय तेरे प्राणों को लेता हूं यदि प्राणरक्षा चाहता है तो मेरी शरण में होकर प्रतिज्ञा कर कि मैं आर्य्यावर्त्त को त्याग कर अन्य देश को चला जाऊंगा " कुमार के इन वचनों को सुनकर बड़े मद से युद्ध के लिये उद्यत हुआ और कुमार के ऊपर अनेक शस्त्रों की वर्षा की, उस के शस्त्रों को काट कुमार ने, उस की छाती में एक बाण इस ज़ोर से मारा कि उस के लगते ही पातालकेतु व्याकुल होकर भागा, कुमार ने भी उस का पीछा किया, भागते २ निर्जन वन में जाकर अपने दुर्ग में प्रवेश करगया कुमार सारे दुर्ग में फिरा परन्तु पातालकेतु का पता न लगा, प्रत्युत एक स्त्री दृष्टि गोचर हुई, कुमार उस से कुछ पूछना चाहता था कि इतने में यह स्त्री वेग से एक मंदिर के ऊपर चढ़ गई। कुमार भी घोड़े को एक ओर बांध उसी मंदिर पर चढ़ गया, ऊपर जाकर देखा कि एक स्वर्ण मञ्च पर सोलह वर्ष की युवती विराजमान है, कुमार को देखते ही युवती खड़ी हो गई, चित्तमें सोच रही थी कि इस गुप्त पुर में यह कुमार कहां से आगया, यह सोचते २ मूर्छित होकर गिर पड़ी। उसी समय दूसरी स्त्री जो उस की सखी थी उस को पंखा करने लगी। कुमार ने सान्त्वन कर के (तसल्ली देकर) कहा " कोई भय नहीं तुम व्याकुल मत होवो "। जब उसकी मूर्छा खुली तो कुमार ने इस की सखी से मूर्छा का कारण पूछा, उस ने कहा कि "यह विश्वावसु गन्धर्व की पुत्री मन्दालसा है, यह अपने पिता के बाग़ में खेल रही थी। दुराचारी पातालकेतु इस को उठा कर ले आया, अब जो त्रयोदशी आने वाली है उस दिन वह इस से विवाह करना चाहता है, कल यह बाला आत्महत्या करने लगी थी, एक ऋषि पत्नी ने इस से कहा 'तू आत्महत्या मत कर यह दुष्ट तुझे नहीं विवाह सकेगा, शीघ्र ही एक राजकुमार इस को बाणों से भेदन कर के तुझे विवाहेगा,' मैं इस की सखी हूं, मेरा नाम कुण्डला है, मैंने आज सुना था "ऋषियों के यज्ञ की रक्षा के लिये आए हुवे एक राजकुमार ने पातालकेतु को मार दिया, यह वार्त्ता मैं अभी सुना रही थी कि इतने में आप आगए, आप को देखते ही जो इस को मूर्छा हुई है, उसका कारण यह है कि तुम्हारे में इस के हृदय की प्रीति हो गई है और इस का पति अन्य बनेगा इसलिये यह जीवन पर्य्यन्त दुःखी रहेगी, मेरा इस के साथ बड़ा प्रेम है, जिस दिन से मेरा पति पुष्करमाली मरा मैं उसी दिन से तपस्या कर रही थी अबइस के दुःख को देख कर मेरी तपस्या में विघ्न हो रहा है मैं चाहती हूं कि यह अपने पति के घर चली जावे तो मैं भी एकान्त में जाकर तपस्या करूं। आप भी बतलावें आप कौन हैं और ऐसे कठिन स्थान में जो मनुष्यों के लिये अति दुर्गम है किस प्रकार आप का आगमन हुआ? मेरी सखी का चित्त अधर्म में कभी नहीं जाता इसलिये मेरा विश्वास है कि स्यात् आपने ही पाता-

लकेतु को मारा है"। कुवलयाश्व ने कहा "मैं राजा शत्रुजित् का पुत्र हूं पिता ने ऋषियों की रक्षार्थ वन में भेजा था, एक राक्षस यज्ञ में विघ्न करने के लिये आया मैं ने एक बाण उसकी छाती में मारा वह भागकर इस क़िले में छिप गया, मैं ने क़िले में बहुत अन्वेषण किया, अन्धकार के कारण वह मुझे नहीं मिल सका, इतने में आप को इस मंदिर पर चढ़ते देखा तो मैं भी यहां आगया, बस यह मेरा वृत्तांत है, मेरे से आप को किसी प्रकार की शङ्का नहीं होनी चाहिये"। इस बात को सुन कुण्डला बहुत प्रसन्न हुई, उसी समय अग्नि प्रज्वलित कर गान्धर्व विधि से दोनों का विवाह कर दिया। राजकुमार कुवलयाश्व मन्दालसा को अश्वारूढ कर गालव के आश्रम की ओर चला और कुण्डला तपस्या करने के लिये मञ्छादन पर्वत को प्रस्थित हुई और जाते हुए कुवलयाश्व को यह उपदेश दिया कि "पति का धर्म है कि भार्या की सदा रक्षा करे क्योंकि धर्म, अर्थ और काम इस त्रिवर्ग की सिद्धि में भार्या भर्त्ता की सहायक होती है जिस घर में भार्या और भर्ता एक दूसरे के वश में रहने वाले हों उस घर में धर्म अर्थ काम इन तीनों की संगति होती है भार्या के विना पुरुष धर्म नहीं कर सकता और धर्म के विना धन की प्राप्ति नहीं होती और धन विना काम नहीं होता इसलिये यह तीनों भार्या के आधीन हैं देवता, पितर और अतिथियों की पूजा भी भार्या के विना नहीं कर सकता, घर में लाया हुवा भी धन भार्या के विना नष्ट हो जाता है, इसी प्रकार पति के विना भार्या भी धर्मादि त्रिवर्ग को सिद्ध नहीं कर सकती यह जानकर तुम दोनों को गृहस्थ धर्म का पालन करना चाहिये"। यह कह कर मन्दालसा को आलिङ्गन कर और कुमार को अनेक आशीर्वाद दे कुण्डला चली गई और कुमार इधर मन्दालसा को ले गालव के आश्रम में पहुंचा। ऋषि को बहुत प्रसन्नता हुई, और उसने आज्ञा दी कि "मन्दालसा को लेकर अपने घर जाओ और माता पिता को प्रसन्न करो"। ऋषि से आज्ञा पाकर कुमार अपने पिता के घर पहुंचा और मन्दालसा के लाभ का सारा वृत्तांत सुनाया। यह सुनकर पित को बहुत प्रसन्नता हुई और पुत्र को आलिङ्गन कर कहा कि "हे वीर ? तुझ महात्मा सुपुत्र से जिसने धर्मात्मा ऋषियों की रक्षा की मेरा कुल बड़ी प्रसिद्धि को प्राप्त हुवा है, पिता के उपलब्ध किये हुए यश और धन को जो पुत्र नहीं बिगाड़ता है वह मध्यम नर कहा जाता है जो पिता से अधिक यश और धन पैदा करे तो विद्वज्जन उसको उत्तम नर कहते है तूने मेरे से अधिक पराक्रम किया है इसलिये तू पुरुषोत्तम है तुझ पुत्र को पाकर आज मैं महात्माओं की सभा में श्लाघा के योग्य हुवा हूं, उस पुत्र से पिता को प्रीति नहीं होती जो विद्या, दान और शूरता में पिता से बढ़कर न हो, वे पुरुष धन्य हैं जो अपने नाम से प्रसिद्ध होते हैं, पिता और पितामह के नाम से जो प्रसिद्ध हों वे मध्यम होते हैं और मामा के नाम से जो प्रसिद्ध हों वे अधम कहे जाते हैं तू उत्तम पुरुष है मैं तुझे आशीर्वाद देता हूं कि इस गन्धर्व पुत्री से तेरा कभी वियोग न हो ॥

इस प्रकार पिता से अनुमोदित कुमार कुवलयाश्व पिता की आज्ञा से प्रतिदिन वनों में जाकर राक्षसों को दण्ड देता हुवा यज्ञों की रक्षा किया करता था। पाताल-

केतु जो कुमार के बाणों से क्षत होकर भाग गया था वह मरा नहीं था उस ने एक वार कई राक्षसों समेत मुनि वेष धारण करके एक यज्ञशाला रची, कुमार भी मन्दालसा को साथ लेकर उस वन मे पहुंचा, मुनिवेषधारी पातालकेतु ने इनका स्वागत किया और यज्ञ के निमित्त कुछ धन मांगा उन्होंने सब भूषण उतार कर दे दिये, फिर उसने कुमार से प्रार्थना की कि "यज्ञ की समाप्ति पर्यन्त आप यहीं ठहरें इन आभूषणों को लेकर सामग्री लेने के लिये जो ऋषि नगर में जावेंगे, वे महाराज से आप का कुशलसमाचार कह देवेंगे,, "उसके इस वचन को स्वीकार करके जब कुमार वहां कतिपय दिनों के लिये ठहर गये, तब पातालकेतु ने नगर में जा शोक से राजा से कहा कि "हे राजन्! मेरे आश्रम के समीप राक्षसों ने कुमार कुवलयाश्व को मारदिया है पति के मरते ही मन्दालसा देवी ने भी योगधारणा से शरीरत्याग कर दिया यह उन के भूषण हैं हम ऋषियों को सुवर्ण से क्या प्रयोजन ? राक्षस के इस वचन को सुनते ही सारे नगर में हाहाकार मचगया परन्तु राजा शत्रुजित्के मन में किसी प्रकार का भी विकार न हुवा और चित्त की स्वस्थता से उपदेश किया॥

राजोवाचः—

न रोदितव्यं पश्यामि भवतामात्मनस्तथा।
सर्वेषामेव सञ्चिन्त्य सम्बन्धानामनित्यताम्॥ १॥
किन्नु शोचामि तनयं किन्नु शोचाम्यहं स्नुषां।
विमृश्य कृतकृत्यत्वान्मन्येऽशोच्यावुभावपि॥ २॥
मच्छुश्रूषुर्मद्वचनाद् द्विजरक्षणतत्परः।
प्राप्तो मे यः सुतो मृत्युं कथं शोच्यः स धीमताम्॥ ३॥
अवश्यं याति यद्देहं तद्द्विजानां कृते यदि।
मम पुत्रेण सन्त्यक्तं नन्वभ्युदयकारि तत्॥ ४॥
इयञ्च सत्कुलोत्पन्ना भर्त्तर्य्येवमनुव्रता।
कथं नु शोच्या नारीणां भर्तुरन्यन्नदैवतम्॥ ५॥
अस्माकं बान्धवानाञ्च तथान्येषां दयावताम्।
शोच्या ह्येषा भवेदेवं यदि भर्त्रावियोगिनी॥ ६॥
नासौ शोच्यो न चैवेयं नाहं तज्जननी न च।
त्यजता ब्राह्मणार्थाय प्राणान् सर्वेस्म तारिताः॥ ७॥
विप्राणां ममधर्मस्य गतः सहि महामतिः।
आनृण्यमर्धभुक्तस्य त्यागाद्देहस्य मे सुतः॥ ८॥
मातुःसतीत्वं मद्वंश वैमल्यं शौर्य्यमात्मनः।
सङ्ग्रामे सन्त्यजन् प्राणान् नात्यजद् द्विजरक्षणम्॥ ९॥

अर्थः–राजा ने कहा सब के सम्बन्धों की अनित्यता को सोचकर आप लोगों को और मुझे रोना नहीं चाहिये ॥ १ ॥

मैंपुत्र का क्यों शोक करूं और स्नुषा (पुत्रबधू) का क्यों ? कर्त्तव्य को पूरा कर के मरे हैं इसीलिये दोनों को अशोच्य (शोक के अयोग्य) समझता हूं ॥ २ ॥

मेरा सेवक मेरे वचन से ब्राह्मणों की रक्षा में तत्पर हो के जो मृत्यु को प्राप्त हुआ है बुद्धिमानों के निकट वह शोक के योग्य नहीं है ॥ ३ ॥

अवश्य नष्ट होने वाला देह ब्राह्मणों की रक्षा के लिये यदि मेरे पुत्र ने त्यागा तो वह उन्नतिका करने वाला है ॥ ४ ॥

सत्कुल में उत्पन्न हुई भर्त्ता की सेवाकारिणी मन्दालसा किस प्रकार शोक के योग्य हो सकती है ? क्योंकि भर्त्ता के विना स्त्री का अन्य देवता नहीं है ॥ ५ ॥

यदि उसका भर्त्ता से वियोग हो जाता तो मेरे वा अन्य सम्बन्धियों तथा दयावानों के निकट शोक के योग्य होती ॥ ६ ॥

न कुमार शोक के योग्य है न मन्दालसा, न मैं, न उसकी माता ब्राह्मणों के निमित्त प्राण त्यागकर हम सब को उसने तार दिया ॥ ७ ॥

मेरे बुद्धिमान् पुत्र ने आधे भोगे हुवे (युवावस्थामें) देह के त्याग से ब्राह्मणों का मेरा और धर्म का ऋण प्रदान कर दिया है ॥ ८ ॥

ब्राह्मणों की रक्षार्थ संग्राम में प्राणों को त्यागकर पुत्र ने माता का पातिव्रत्य, मेरे वंश की शुद्धि और अपनी शूरता प्रकट करदी ॥ ९ ॥

पुनः कुवलयाश्व की माता ने पुत्र की तादृश मृत्यु को सुनकर प्रसन्नचित्त पति से कहा ॥ राज्युवाचः—

न मे मात्रा न मे स्वस्रा प्राप्ता प्रीतिर्नृपेदृशी ।
श्रुत्वा मुनिपरित्राणे हतं पुत्रं यथा मया ॥ १ ॥
शोचतां बान्धवानां ये निःश्वसन्तोऽतिदुःखिताः ।
म्रियन्ते व्याधिना क्लिष्टास्तेषां माता वृथा प्रजा ॥ २ ॥
संग्रामे युध्यमाना येऽभीता गोद्विजरक्षणे ।
क्षुण्णाः शस्त्रैर्विपद्यन्ते त एव भुवि मानवाः ॥ ३ ॥
अर्थिनां मित्रवर्गस्य विद्विषाञ्च पराङ्मुखः ।
यो न याति पिता तेन पुत्री माता च वीरसूः ॥ ४ ॥
गर्भक्लेशः स्त्रियो मन्ये साफल्यं भजते तदा ।
यदारिविजयी वा स्यात् संग्रामे वा हतः सुतः ॥ ५ ॥

अर्थः– हे राजन् ! मुनियों की रक्षा के लिये मरे हुए पुत्र को सुन कर मुझे जो प्रीति हुई है माता और भगिनियों के दर्शन से भी वैसी प्रीति कभी नहीं हुई ॥ १ ॥

शोक करते हुए सम्बन्धियों के समीप निःश्वास लेते और दुःखित, रोगों से पीड़ित जो मरते हैं उन की माता वृथाप्रजा है ॥ २ ॥

गौ और ब्राह्मणों की रक्षा के लिये निर्भयता से संग्राम में लड़ते २ शस्त्रों से विक्षत होकर जो मरते हैं पृथिवी में वेही मनुष्य कहलाते हैं ॥ ३ ॥

याचकों और मित्रों तथा शत्रुवों से जो मुख नहीं फेरता उस पुत्र से पिता पुत्रवान् और माता वीरजननी कहलाती है ॥ ४ ॥

मैं समझती हूं कि स्त्री का गर्भक्लेश तभी सफल होता है जब पुत्र शत्रुवों को जीतकर आता है वा वहीं संग्राम में मर जाता है ॥ ५ ॥

इस प्रकार राजा और राणी के उपदेश से सब प्रजा चकित होरही थी कि इतने में कुमार और मन्दालसा ने वन से आकर माता पिता को प्रणाम कर राक्षसों की माया का सारा वृत्तान्त सुनाया। कुमारों को जीवित देख कर माता पिता तथा नगर वासियों को अत्यानन्द हुवा। राक्षसों के इस कपट को देखकर कुमार पूर्व से भी अधिक उनके नाश में तत्पर रहा। कुमार के धर्मभाव, शूरता और प्रजाप्रेम को देखकर उस को राज्य दे राजा शत्रुजित् पत्नी सहित वन को चले गये ॥

कुवलयाश्व भी राज्य को प्राप्त कर मन्दालसा के साथ अनेक यज्ञों को करते हुवे प्रजा का स्वपुत्रों के समान पालन किया करते थे ॥

एक समय जब मन्दालसा के प्रथम पुत्र उत्पन्न हुवा और ग्यारहवें दिन मन्दालसा के साथ होम करके राजा ने पुत्र का नाम "विक्रान्त" रक्खा तो सेवक सब प्रसन्न हुवे परन्तु मन्दालसा हंस पड़ी और उसी समय लालन के मिष से उपदेश करने लगीः—

शुद्धोसि रे तात! नतेऽस्ति नाम कृतं हि ते कल्पनयाऽधुनैव।
पञ्चात्मकं देहमिदं तवैतन्नैवास्य त्वं रोदिषि कस्य हेतोः ॥ १ ॥
न वा भवान् रोदिति वै स्वजन्मा शब्दोयमासाद्य महीशसूनुम्।
विकल्प्यमाना विविधागुणास्ते गुणाश्च भौताःसकलेन्द्रियेषु॥२॥
भूतानि भूतैः परिदुर्बलानि वृद्धिंसमायान्ति यथेह पुंसः।
अन्नाम्बुदानादिभिरेव कस्य न तेऽस्ति वृद्धिर्नच तेऽस्ति हानिः॥३॥
त्वं कञ्चुके शीर्य्यमाणे निजेऽस्मिंस्तस्मिंश्च देहे मूढतां मा व्रजेथाः।
शुभाशुभैः कर्मभिर्देहमेतन्मदादिमूढैः कञ्चुकस्ते पिनद्धः ॥ ४ ॥
तातेति किञ्चित्तनयेति किञ्चिदम्बेति किञ्चिद्दयितेति किञ्चित्।
ममेति किंचिन्न ममेति किंचित्त्वं भूतसंघं बहुमानयेथाः ॥ ५ ॥
दुःखानि दुःखोपशमाय भोगान् सुखाय जानाति विमूढचेताः।
तान्येव दुःखानि पुनः सुखानि जानात्यविद्वान् सुविमूढचेताः॥६॥

हासोऽस्थिसन्दर्शनमक्षियुग्ममत्युज्ज्वलं तर्जनमङ्गनायाः ।
कुचादिपीनं पिशितं घनं तत् स्थानं रतेः किं नरकं न योषित् ॥७॥
यानं क्षितौ यानगतञ्च देहं देहेपि चान्यः पुरुषो निविष्टः ।
ममत्वबुद्धिर्न तथा यथा स्वे देहेतिमात्रं वत मूढतैषा ॥ ८ ॥

अर्थः--हे पुत्र ! तू शुद्ध है, तेरा नाम नहीं है यह नाम अभी कल्पना से रक्खा गया है, यह देह पञ्चभूतों का है तेरा नहीं, न तू इसका है, तू किस लिये रोता है ?॥१॥

अथवा तू नहीं रोता है यह शब्द तो राजा का पुत्र जो देह है उसको बतला रहा है, इन्द्रियों में भूतों के गुण हैं तेरे नहीं ॥ २ ॥

जिस प्रकार बाह्य भूत भूतों के योग से वृद्धि को प्राप्त होते हैं उसी प्रकार अन्न जलादि के दान से पुरुष के शरीरस्थ भूतों ही की वृद्धि होती है, तेरी न वृद्धि है न हानि है ॥ ३ ॥

देह रूपी कपड़े के फटने से तू मूर्खता को मत प्राप्त हो शुभाऽशुभ कर्मों से यह देह रूपी कपड़ा बना है, मदआदिकों से इस में फंस गया है ॥ ४ ॥

किसी को पिता किसी को पुत्र किसी को माता किसी को स्त्री किसी को मेरा और किसी को पराया मत समझ यह सब भूतों का समूह है ॥ ५ ॥

मूर्ख पुरुष दुःख ही को दुःख की शान्ति का उपाय समझता है और भोगों को जो बार२ दुःख देने वाले हैं सुख का उपाय समझता है ॥ ६ ॥

हंसी हड्डियों का दिखाना है, सुन्दर नेत्रों का जोड़ा स्त्री का तर्जन (कोड़ा) है, मोटे स्तन मांस के लौंदे हैं, रति (समागम करने) का स्थान गन्दा है क्या स्त्री नरक नहीं है? ॥ ७ ॥

पृथिवी पर यान (सवारी) है सवारी में देह, देह में भी और पुरुष बैठा हुआ है ममता जैसी देह में ऐसी उनमें नहीं यह बड़ी भारी मूर्खता है ॥ ८ ॥

इस प्रकार उस राजपत्नी ने लालन करते२ ही पुत्र को निर्ममता का बोध करा दिया जैसे२ बालक में बल बढ़ता जाता था वैसे२ ही आत्मबोध बढ़ता जाता था । जब पिता ने उसको ब्रह्मचर्य्य के लिये भेजा वह वहीं संन्यासी होगया ॥

दूसरे पुत्रोत्पत्ति पर पिता ने उस का नाम " सुबाहु" रक्खा फिर भी मन्दालसा हंस पडी और उसी समय से इस को भी ऐसा ही उपदेश करने लगी, अन्त में वह पुत्र भी ब्रह्मचर्य्य ही से संन्यास को प्राप्त हुवा ॥

जब तीसरा पुत्र उत्पन्न हुआ उसका नाम पिता ने " शत्रुमर्दन " रक्खा फिर भी मन्दालसा हंस पड़ी और पुत्र को वैसा ही उपदेश करती रही जिस से वह भी संन्यासी होगया ॥

जब चतुर्थ पुत्र हुआ और राजा उसका नाम रखने लगा तो उसने मन्दालसा को मुसकाते देखकर कौतूहल से कहा कि हे "मन्दालसे! मैंने जो पुत्रों के नाम रक्खे हैं वेह क्षत्रियों के योग्य हैं और शूरता से युक्त हैं, तुम्हारे हंसने का क्या कारण है ? यदि वे सब नाम अयोग्य हैं तो इस चतुर्थ पुत्र का नाम तुम रक्खो " । यह सुनकर मन्दालसा बोली, आप की आज्ञा मुझे अवश्य पालनीय है इसलिये मैं इस पुत्र का नाम

" अलर्क " रखती हूं "। यह सुनकर राजा ने हंस कर कहा "हे मन्दालसे ! अलर्क नाम असंस्कृत है इस का कोई अर्थ नहीं"। मन्दालसा ने कहा " हे राजन् ! नाम केवल बुलाने आदि व्यवहार के लिये होता है सो व्यवहार प्रत्येक*नाम से हो सकता है वह सार्थक हो वा निरर्थक ; हे राजन् ! आप के रक्खे हुए नाम भी जिस प्रकार निरर्थक हैं सो आप सुनें:—

पंडित लोग कहते हैं कि आत्मा स्वभाव से ÷निष्क्रिय है और क्रान्ति नाम गति का है, गतिक्रिया है सो निष्क्रिय आत्मा में बन नहीं सकती इस लिये मेरी सम्मति में विक्रान्त नाम भी निरर्थक है और दूसरे पुत्र का नाम आप ने सुबाहु रक्खा है अमूर्त्त पुरुष की बाहें बन नहीं सकती इस लिये यह भी निरर्थक है। तीसरे पुत्र का नाम आपने शत्रुमर्दन रक्खा है यह जिस प्रकार निरर्थक है सो † आप सुनें, हे राजन्! सब शरीरों में अन्तर्यामी एक है पुनः कौन शत्रु और कौन मित्र ? भूतों से भूतों का मर्दन होता है अमूर्त्त को उस से क्या कष्ट ? कभी अपने ही दांत से अपनी जीभ कट जाती है इस से किस पर क्रोध करे ? यदि यह कहें कि निरर्थक नाम से भी व्यवहार हो सकता है तो आप अलर्क नाम पर निरर्थकता का आक्षेप क्यों करते हैं" ?। मन्दालसा के इस वचन को सुनकर राजा ने कहा " कृपा करके इस पुत्र को प्रवृत्ति मार्ग का उपदेश करो ताकि मेरे अनन्तर गृहस्थ धर्म में स्थित होकर राज्य पालन करे"। पति की आज्ञा को मान कर गोद में ही अलर्क को नीति शास्त्र का उपदेश करने लगी जब बालक बड़ा हुवा और समझने के योग्य होगया तो मन्दालसा ने कहा कि " हे पुत्र ! जब तू राज्य में स्थित हो अपने धर्म को न बिगाड़ कर प्रजा को प्रसन्न रखियो, और सब व्यसनों को त्यागियो, बाहर निकलने से मंत्र की रक्षा करके शत्रुओं से अपने आत्मा की रक्षा करियो, मित्र और सम्बन्धियों पर राजा को कभी भी विश्वास न करना चाहिये अपना काम निकालने के लिये शत्रु पर भी विश्वास कर लेवे, सब से प्रथम काम क्रोधादि को जीतकर अपने आत्मा को जीतना चाहिये पुनः मन्त्रियों और भृत्यों को वश में करके प्रजा को सुरक्षित करे तब शत्रुवों से युद्ध करे, इनको प्रथम न जीतकर जो शत्रु को जीतना चाहता है वह मूर्ख आप शत्रुओं से जीता जाता है ।

---

* यह निस्सन्देह ठीक है कि व्यवहार प्रत्येक नाम से हो सकता है यथा— छीतर, झाड़ू, गूदड़, कूड़ा इत्यादि बहुतसे नाम हैं जिन से प्रायः सब ही परिचित हैं परन्तु ऐसे नामों के रखने से अन्य दोषों के अतिरिक्त उस कुल में वैदिक विद्या तथा शास्त्रोक्त कर्मकाण्ड की अनुपस्थिति तथा अविद्यमानता सर्वथा स्पष्ट और प्रत्यक्ष है अतएव नित्य शास्त्रोक्त रीत्यनुसार ही सुन्दर, मनोहर और सार्थक नाम रखना चाहिये ॥ सम्पादक

÷ यह नवीन वेदान्तियों की कल्पना है जो जीवात्मा और परमात्मा को एक कहते हैं परन्तु प्राचीन वेदान्त इस प्रकार की शिक्षा नहीं देता, यदि जीवात्मा को निष्क्रिय माना जावे तो उसका किसी शरीर में गमनागमन किस प्रकार बन सकता है ? ॥ सं०

† यह भी नवीन वेदान्त है, अन्तर्यामी परमात्मा है जो शरीर में और उस से बाहर प्रत्येक स्थान में परिपूर्ण है, जीवात्मा नहीं ॥ सं०

शक्रार्कयमसोमानां तद्वद्वायोर्महीपतिः ।
रूपाणि पञ्च कुर्वीत महीपालनकर्मणि ॥ १ ॥
यथेन्द्रश्चतुरो मासान् तोयोत्सर्गेण भूगतम् ।
आप्याययेत्तथा लोकं परिहारैर्महीपतिः ॥ २ ॥
मासानष्टौ यथा सूर्य्यस्तोयं हरति रश्मिभिः ।
सूक्ष्मेणैवाभ्युपायेन तथा शुल्कादिकं नृपः ॥ ३ ॥
यथा यमः प्रियेद्वेष्ये प्राप्तकाले नियच्छति ।
तथा प्रियाप्रिये राजा दुष्टादुष्टे समो भवेत् ॥ ४ ॥
पूर्णेन्दुमालोक्य यथा प्रीतिमान् जायते नरः ।
एवं यत्र प्रजाः सर्वा निर्वृत्तास्तच्छशिव्रतम् ॥ ५ ॥
मारुतः सर्वभूतेषु निगूढश्चरते यथा ।
एवं नृपश्चरेच्चारैः पौरामात्यादिबन्धुषु ॥ ६ ॥
न लोभाद्वा न कामाद्वा नार्थाद्वा यस्य मानसम् ।
यथान्धः कृष्यते वत्स ! स राजा स्वर्गमृच्छति ॥ ७ ॥
उत्पथग्राहिणो मूढान् स्वधर्माचलतो नरान् ।
यः करोति निजे धर्मे स राजा स्वर्गमृच्छति ॥ ८ ॥
वर्णधर्मा न सीदन्ति यस्य राज्ये तथाश्रमाः ।
वत्स ! तस्य सुखं प्रेत्य परत्रेह च शाश्वतम् ॥ ९ ॥
एतद्राज्ञः परं कृत्यं तथैतत्सिद्धिकारकम् ।
स्वधर्मस्थापनं नृणां चाल्यते यत्कुबुद्धिभिः ॥ १० ॥
पालनेनैव भूतानां कृतकृत्यो महीपतिः ।
सम्यक् पालयिता भागं धर्मस्याप्नोति यत्नतः ॥ ११ ॥

अर्थ— पृथिवी की रक्षा के लिये राजा इन्द्र, सूर्य्य, यम, चन्द्रमा, वायु इन पांचों के रूपोंको धारण करे॥ १ ॥

जैसे इन्द्र (मेघ) चार मास वर्षा करने से पृथिवी को प्रसन्न करता है इसी प्रकार उपहारों से राजा प्रजा को प्रसन्न करे ॥ २ ॥

जैसे सूर्य्य आठ मास किरणों से जल हरता है इसीप्रकार सूक्ष्म उपाय से राजा कर लेवे।३।

जैसे यम पुण्यात्मा और पापी को समय पर मारता है इसी प्रकार दुष्ट और साधु को दण्ड देने में राजा सम होवे ॥ ४ ॥

जैसे पूर्ण चन्द्रमा के दर्शन से प्रजा को प्रसन्नता होती है इसी प्रकार जिस के दर्शन से प्रसन्न हो वह चन्द्रमा का व्रत है ॥ ५ ॥

जैसे पवन सबभूतों में गुप्त होकर विचरता है इसी प्रकार पौर, मन्त्री और सम्बन्धियों में गुप्त दूतों के द्वारा राजा विचरे ॥ ६ ॥

अन्धे के सदृश जिस राजा का मन लोभ से, काम से, वा धन से नहीं खिचता वह राजा स्वर्ग को प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

अपने धर्म को त्याग कर कुमार्ग में चलते हुए मनुष्यों को जो अपने२ धर्म में स्थित रखता है वह राजा स्वर्ग को प्राप्त होता है ॥ ८ ॥

जिस राजा के राज्य में वर्णों और आश्रमों के धर्म शिथिल नहा होते, हे पुत्र! उस को इस लोक और परलोक में निर्विघ्न सुख प्राप्त होता है ॥ ९ ॥

यही राजा के लिये परम कर्त्तव्य है यही सिद्धिकारक है जो मनुष्यों को अपने२ धर्म में स्थापन करना है क्योंकि मूर्ख पुरुष अपनी मूर्खता से इस को बिगाड़ते रहते हैं ॥ १० ॥

भूतों के पालन ही से राजा कृतकृत्य (कामयाब) होता है यत्न से भले प्रकार पालन करने वाला राजा प्रजा के धर्म का भागी होता है ॥ ११ ॥

अलर्क ने कहा हे माता ! आप ने कहा कि वर्णों और आश्रमों के धर्म का पालन करना क्षत्रिय का परम धर्म है आप कृपा करके मुझे वर्णों और आश्रमों के धर्म बतलावें ।

मातोवाच—

दानमध्ययनं यज्ञो ब्राह्मणस्य त्रिधा मतः ।
नान्यश्चतुर्थो धर्मोस्ति पुत्र ! तस्यापदं विना ॥ १ ॥
याजनाध्यापने शुद्धे तथा पूतपरिग्रहः ।
एषा सम्यक् समाख्याता त्रिविधा चास्य जीविका ॥ २ ॥
दानमध्ययनं यज्ञः क्षत्रियस्याप्ययं त्रिधा ।
धर्मः प्रोक्तः क्षितेरक्षा शस्त्राजीवञ्च जीविका ॥ ३ ॥
दानमध्ययनं यज्ञो वैश्यस्यापि त्रिधैवसः ।
वाणिज्यं पाशुपाल्यञ्च कृषिश्चैवास्य जीविका ॥ ४ ॥
दानं यज्ञोथ शुश्रूषा द्विजातीनां त्रिधा मता ।
व्याख्यातः शूद्रधर्मोपि जीविका कारुकर्म च ॥ ५ ॥
तद्वद्द्विजातिशुश्रूषा पोषणं क्रयविक्रयौ ।
वर्णधर्मास्त्विमे प्रोक्ताः श्रूयन्तां चाश्रमाश्रयाः ॥ ६ ॥
स्ववर्णधर्मात् संसिद्धिं नरः प्राप्नोति न च्युतः ।
प्रयाति नरकं प्रेत्य प्रतिषिद्धनिषेवणात् ॥ ७ ॥

यावत्तु नोपनयनं क्रियते वै द्विजन्मनः ।
कामचेष्टोतिभक्ष्यश्च तावद् भवति पुत्रक ! ॥ ८ ॥
कृतोपनयनः सम्यग् ब्रह्मचारी गुरोर्गृहे ।
वसेत्तत्र च धर्मोऽस्य कथ्यते तं निबोध मे ॥ ९ ॥
स्वाध्यायोऽथाग्निशुश्रूषा स्नानं भिक्षाटनं तथा ।
गुरोर्निवेद्य तच्चाद्यमनुज्ञातेन सर्वदा ॥ १० ॥
गुरोः कर्मणि सोद्योगः सम्यक् प्रीत्युपपादनम् ।
तेनाहूतः पठेच्चैव तत्परो नाऽन्यमानसः ॥ ११ ॥
एकं द्वौ सकलान् वापि वेदान् प्राप्य गुरोर्मुखात् ।
अनुज्ञातोऽथ वन्दित्वा दक्षिणां गुरवे ततः ॥ १२ ॥
गार्हस्थ्याश्रमकामस्तु गृहस्थाश्रममावसेत् ।
वानप्रस्थाश्रमं वापि चतुर्थं चेच्छयात्मनः ॥ १३ ॥
तत्रैव वा गुरोर्गेहे द्विजो निष्ठामवाप्नुयात् ।
गुरोरभावे तत्पुत्रे तच्छिष्ये तत्सुतं विना ॥ १४ ॥
शुश्रूषुर्निरभिमानो ब्रह्मचर्याश्रमं वसेत् ।
उपावृत्तस्ततस्तस्माद् गृहस्थाश्रमकाम्यया ॥ १५ ॥
ततः समां शुद्धकुलां तुल्यां भार्यामरोगिणीम् ।
उद्वहेन्न्यायतोऽव्यङ्गीं गृहस्थाश्रमकारणात् ॥ १६ ॥
स्वकर्मणा धनं लब्ध्वा पितृदेवातिथींस्तथा ।
सम्यक् सम्प्रीणयन् भक्त्या पोषयेच्चाश्रितांस्तथा ॥ १७ ॥
भृत्यात्मजान् जामयोथ दीनान्धपतितानपि ।
यथा शक्त्यन्नदानेन वयांसि पशवस्तथा ॥ १८ ॥
एष धर्मो गृहस्थस्य ऋतावभिगमस्तथा ।
पञ्चयज्ञविधानन्तु यथाशक्ति न हापयेत् ॥ १९ ॥
पितृदेवातिथिज्ञातिभुक्तशेषं स्वयं नरः ।
भुञ्जीत च समं भृत्यैर्यथाविभवमादृतः ॥ २० ॥
एषतूद्देशतः प्रोक्तो गृहस्थस्याश्रमो मया ।
वानप्रस्थस्य धर्मन्ते कथयाम्यवधार्यताम् ॥ २१ ॥
अपत्यसन्ततिं दृष्ट्वा प्राज्ञो देहस्य क्षीणताम् ।

वानप्रस्थाश्रमं गच्छेदात्मनः शुद्धिकारणात् ॥ २२ ॥
तत्रारण्योपभोगश्च तपोभिश्चानुकर्षणम् ।
भूमौ शय्या ब्रह्मचर्य्यं पितृदेवातिथिक्रिया ॥ २३ ॥
होमस्त्रिषवणस्नानं जटावल्कलधारणम् ।
योगाभ्यासः सदाचैव वन्यस्नेहनिषेवणम् ॥ २४ ॥
इत्येष पापशुद्ध्यर्थमात्मनश्चोपकारकः ।
वानप्रस्थाश्रमस्तस्माद् भिक्षोस्तु चरमोऽपरः ॥ २५ ॥
चतुर्थस्य स्वरूपन्तु श्रूयतामाश्रमस्य मे ।
यः स्वधर्मोऽस्य धर्मज्ञैः प्रोक्तस्तात ! महात्माभिः ॥ २६ ॥
सर्वसङ्गपरित्यागो ब्रह्मचर्यमकोपता ।
यतेन्द्रियत्वमावासे नैकस्मिन् वसतिश्चिरम् ॥ २७
अनारम्भस्तथाहारो भैक्षान्नेनैककालिना ।
आत्मज्ञानावबोधेच्छा तथाचात्मावलोकनम् ॥ २८ ॥
चतुर्थेत्वाश्रमे धर्मो मयायं ते निवेदितः ।
सामान्यमन्यवर्णानामाश्रमाणां च मे शृणु ॥ २९ ॥
सत्य शौचमहिंसा च अनसूया तथा क्षमा ।
आनृशंस्यमकार्पण्यं सन्तोषश्चाष्टमो गुणः ॥ ३० ॥
एते संक्षेपतः प्रोक्ता धर्मा वर्णाश्रमेषु ते ।
एतेषु च स्वधर्मेषु स्वेषु तिष्ठेत्समन्ततः ॥ ३१ ॥
यश्चोल्लङ्घ्य स्वकं धर्मं स्ववर्णाश्रमसंज्ञितम् ।
नरोन्यथा प्रवर्त्तेत सदण्ड्यो भूभृतो भवेत् ॥ ३२ ॥
ये च स्वधर्मसन्त्यागात्पापं कुर्वन्ति मानवाः ।
उपेक्षतस्तान्नृपतेरिष्टापूर्त्तं प्रणश्यति ॥३३ ॥
तस्माद्राज्ञा प्रयत्नेन सर्वे वर्णाः स्वधर्मतः ।
प्रवर्तन्तोऽन्यथा दण्ड्याः स्थाप्याश्चै वस्वकर्म ॥ ३४ ॥

अर्थ—दान, अध्ययन, यज्ञ यह तीन धर्म ब्राह्मण के हैं, हे पुत्र ! विपत्ति के विना ब्राह्मण का चौथा धर्म नहीं है ॥ १ ॥

यज्ञ कराना, शुद्ध पुरुषों को विद्या पढ़ाना पवित्र पुरुषों से दान लेना यह तीन जीविकार्थ हैं ॥ २ ॥

दान, अध्ययन, यज्ञ क्षत्रिय के भी यही तीन धर्म हैं शस्त्रधारण करके पृथिवी की रक्षा करनी जीविका है ॥ ३ ॥

वैश्य के भी यही तीन धर्म हैं, वाणिज्य, पशुरक्षा और खेती, यह तीन जीविकार्थ हैं ॥ ४ ॥

दान, यज्ञ और द्विजातियों की सेवा यह तीन शूद्र के धर्म हैं, कारुकर्म (शिल्प विद्या) इसकी जीविका है ॥ ५ ॥

इसी प्रकार द्विजातियों की सेवा, पशु पालना, क्रय विक्रय (मोल लेना बेचना) यह भी शूद्र के धर्म हैं। यह वर्णों के धर्म हैं, आश्रमों के धर्म सुन- ॥ ६ ॥

अपने वर्ण के धर्म से ही पुरुष सिद्धि को प्राप्त होता है वर्ण धर्म से गिरा हुआ पुरुष सिद्धि को नहीं प्राप्त होता है, प्रत्युत निषिद्ध वस्तुओं के सेवन से मर कर नरक को प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

हे पुत्र ! जबतक द्विजाति का उपनयन नहीं किया जाता है तब तक खेलने. खाने और बोलने में कामचार (स्वतन्त्र) हैं ॥ ८ ॥

उपनयन करके ब्रह्मचारी गुरुके घर में बसे। वहां पर उसका जो धर्म है वह तू सुन ॥ ९ ॥

स्वाध्याय, अग्निहोत्र, स्नान सदा भिक्षा करके गुरु के अर्पण करके गुरु की आज्ञा से भोजन करे ॥ १० ॥

यत्न से गुरु सेवा करे, गुरु को भली प्रकार प्रसन्न करे गुरु के बुलावे पर पढ़े, गुरु के चरणों में तत्पर रहकर अन्य विषयों से चित्त को हटाता हुवा-॥ ११ ॥

एक, दो वा सब वेदों को गुरुमुख से पढ़ आज्ञा ले गुरुदक्षिणा दे नमस्कार कर-॥१२॥

अपनी इच्छानुसार गृहस्थ वानप्रस्थ वा संन्यासाश्रम को ग्रहण करे ॥ १३ ॥

या गुरु ही के घर में ब्रह्मचर्य्य को पालन करता हुवा मृत्यु को प्राप्त होवे, गुरु के अभाव में उस के पुत्र के घर में और पुत्र के अभाव में गुरु के शिष्य के घर में शेष ब्रह्मचर्य्य को पूर्ण करे ॥ १४ ॥

अभिमान को त्याग कर सेवा करता हुवा ब्रह्मचर्य्याश्रम में बसे, गुरुकुल से समावर्तन करके गृहस्थाश्रम की इच्छा से अपने से पृथक् गोत्र और कुल वाली अपने सदृश रोग रहित पूर्णाङ्गी कन्या से गृहस्थ धर्म को पूर्ण करने के लिये विवाह करे ॥ १५, १६ ॥

अपने २ वर्णाश्रय के उचित कर्म से धन उपार्जन करके भक्ति से पितर, देवता, अतिथियों को भली प्रकार तृप्त करता हुवा अपने आश्रितों को पाले ॥ १७ ॥

भृत्य, पुत्र, जामि (मावसी, फूफी आदि) दीन, अन्ध, पतितों तथा पक्षि और पशुओं की यथाशक्ति अन्न दान से पालना करे ॥ १८ ॥

यह गृहस्थ का धर्म है वैसे ही ऋतु काल में स्त्रीसंग भी गृहस्थ का धर्म है, जहां तक सामर्थ्य हो पञ्च यज्ञ विधि को न त्यागे ॥ १९ ॥

पितर, देवता, अतिथि और सम्बान्धियों के भोजन कर चुकने पर नौकरों के सहित धनानुसार नाना प्रकार के भोजन करे ॥ २० ॥

यह गृहस्थाश्रम मैंने संक्षेप से कहा अब वानप्रस्थ का धर्म कहती हूं सो तू श्रवण कर॥ २१ ॥

पुत्र के पुत्र को देख कर और अपने देह की अवनति को देख कर मन की शुद्धि के लिये वानप्रस्थाश्रम में प्रवेश करे ॥ २२ ॥

वहां वन की वस्तुओं से निर्वाह करे, तप से शरीर को सुखावे, पृथिवी पर सोवे, ब्रह्मचर्य्य को पालन करता हुवा पितर, देवता, अतिथियों की सेवा करे ॥ २३ ॥

होम करे, तीन काल स्नान करे, जटा और वृक्षों की छाल को धारण करे, सदा योगाभ्यास करे और वनवासियों के साथ स्नेह करे ॥ २४॥

अपने पापों की शुद्धि के लिये और सर्वभूतों के उपकार के लिये यह वानप्रस्थ आश्रम है, इस से आगे अन्तिम आश्रम संन्यासी का है ॥ २५ ॥

अब चतुर्थ आश्रम का स्वरूप और धर्मज्ञ महात्माओं ने जो इस का धर्म कहा है सो तू सुन ॥ २६ ॥

सब के संग का त्याग, ब्रह्मचर्य्य, क्रोध न करना, इन्द्रियों को जीतना, एक स्थान में देर तक न रहना ॥ २७॥

किसी काम को आरम्भ न करना, एक काल भिक्षा के अन्न से भोजन करना, आत्मज्ञान की इच्छा और आत्मा का ध्यान ॥ २८ ॥

यह मैं ने तुझे चतुर्थ आश्रम का धर्म कहा है। अब वर्णों और आश्रमों के साधारण धर्म को तू सुन ॥ २९ ॥

सत्य, शौच, अहिंसा, अनसूया (हसद न करना), क्षमा, आनृशंस्य (किसी को दुःख न देना), अकार्पण्य (उदारता), आठवां सन्तोष, सब वर्णों और आश्रमों के यह संक्षेप से धर्म कहे हैं, इन धर्मों में और अपने २ वर्ण आश्रम के धर्मों में पुरुष सदा स्थित रहें ॥ ३० । ३१ ॥

अपने वर्ण आश्रम के धर्म को उल्लंघन करके जो पुरुष विरुद्ध आचरण करे उसको दण्ड देना राजा का धर्म है ॥ ३२ ॥

अपने धर्म का त्याग करके जो मनुष्य पाप करते हैं उन की उपेक्षा करने वाले राजा के यज्ञ, दान, आदि सब नष्ट होजाते हैं ॥ ३३ ॥

इसलिये अपने धर्म से विरुद्ध आचरण करने वाले पुरुषों को राजा यत्न से दण्ड देकर अपने २ कर्मों में स्थापन करे ॥ ३४ ॥

अलर्क ने कहा हे मातः! अब तुम मुझे गृहस्थ पुरुषों के वे कर्तव्य बतलाओ जिन के न करने से घर में दुःखों का बन्ध होता है और करने से मनुष्यों का उपकार होता है ॥

मन्दालसोवाच-

वत्स! गार्हस्थ्यमादाय नरःसर्वमिदं जगत् ।
पुष्णाति तेन लोकांश्च स जयत्यभिवाञ्छितान् ॥ १ ॥
पितरो मुनयो देवा भूतानि मनुजास्तथा ।
कृमिकीटपतङ्गाश्च वयांसि पशवोऽसुराः ॥ २ ॥
गृहस्थमुपजीवन्ति ततस्तृप्तिं प्रयान्ति च ।
मुखं चास्य निरीक्षन्ते अपि नो दास्यतीति वै ॥ ३ ॥
सर्वस्याधारभूतेयं वत्स ! धेनुस्त्रयीमयी ।
यस्यां प्रतिष्ठितं विश्वं विश्वहेतुश्च या मता ॥ ४ ॥
ऋक्पृष्ठासौ यजुर्मध्या सामवक्त्राङ्गिरोऽधरा ।
इष्टापूर्तिविषाणा च साधुसूक्ततनूरुहा ॥ ५ ॥
शान्तिपुष्टिक्षीरघृता वर्णपादप्रतिष्ठिता ।
आजीव्यमाना जगतां साक्षया नापचीयते ॥६ ॥
स्वाहाकारस्वधाकारौ वषट्कारश्च पुत्रक !।
हन्तकारस्तथाचान्यस्तस्याः स्तनचतुष्टयम् ॥ ७ ॥
स्वाहाकारस्तनं देवाः पितरश्च स्वधामयं ।
मुनयश्च वषट्कारमुपजीवन्ति तत्स्तनम् ॥ ८ ॥
हन्तकारं मनुष्याश्च पिबन्ति सततं स्तनम् ।
एवमाप्याययत्येषा वत्स ! धेनुस्त्रयीमयी ॥ ९ ॥
तस्या उच्छेदकर्त्ता च यो नरोऽत्यन्तपापकृत् ।
स तमस्यन्धतामिस्रे तामिस्रे च निमज्जति ॥ १० ॥
यश्चेमां मानवो धेनुं स्वैर्वत्सैरमरादिभिः ।
पाययत्युचिते काले स स्वर्गायोपपद्यते ॥ ११ ॥
तस्मात्पुत्र ! मनुष्येण देवर्षिपितृमानवाः ।
भूतानि चानुदिवसं पोष्याणि स्वतनुर्यथा ॥ १२ ॥

अर्थः-हे पुत्र ! गृहस्थाश्रम में स्थित होकर मनुष्य सारे जगत् को पालता है उस से वाञ्छित सुखों को प्राप्त होता है ॥ १ ॥

पितर, मुनि, देवता, अन्य जीव, मनुष्य, कृमि कीट, पतंग, पक्षि और पशु गृहस्थ ही से जीविका पाते हैं उसी से तृप्ति को प्राप्त होते हैं इस के मुख को देखते रहते हैं कि हमें देवेगा ॥ २, ३ ॥

हे पुत्र ! वेद रूपी गौ सब का आधार है जिस में सारा जगत् स्थित है और जो जगत् का कारण है ॥ ४ ॥

ऋग्वेद जिसकी पीठ, यजुर्वेद जिसका पेट है साम वेद मुख के स्थान और अथर्व वेद ओष्ठों के स्थान हैं, इष्ट पूर्त्त यज्ञ सींग हैं, सूक्त बाल (लोम) शान्ति दुग्ध और पुष्टि जिसका घृत है, वर्ण रूपी पादों पर स्थित है सारे जगत् को जीवन देती हुई भी दुर्बल नहीं होती ॥ ५ । ६ ॥

स्वाहाकार, स्वधाकार, वषट्कार, हन्तकार, यह चार उसके स्तन हैं ॥ ७ ॥

स्वाहाकार स्तन को देवता, स्वधाकार को पितर और वषट्कार को मुनि पीते हैं ॥ ८ ॥

हन्तकार रूपी स्तन को मनुष्य पीते हैं अर्थात् देव पूजा स्वाहा शब्द से, पितृ पूजा स्वधा शब्द से, मुनि पूजा वषट् शब्द से होती है अन्य सामान्य मनुष्यों को जो अन्नादि दिये जाते हैं वे हन्त शब्द से दिये जाते हैं इस प्रकार वेद रूपी धेनु सब को तृप्त कर रही है ॥ ९ ॥

जो पुरुष उसका उच्छेद (वेद मार्ग का भ्रंश) करता है वह अत्यन्त पापी है अन्धतामिस्र नाम नरक अर्थात् अज्ञान प्रधान योनियों को प्राप्त होता है ॥ १० ॥

जो पुरुष इस धेनु से देवादि बछड़ों को समय २ दूध पिलाता है वह स्वर्ग (सुख) को प्राप्त होता है ॥ ११ ॥

इसलिये हे पुत्र ! गृहस्थ को चाहिये कि प्रतिदिन देवता, ऋषि, पितर और मनुष्यों को अपने शरीर समान पाले ॥ १२ ॥

तथाच—एवं पुत्र ! गृहस्थेन देवताः पितरस्तथा ।
सम्पूज्या हव्यकव्याभ्यामन्नेनातिथिबान्धवाः ॥ १॥
भूतानि भृत्याः सकलाः पशुपक्षिपिपीलिकाः ।
भिक्षवो याचमानाश्च ये चान्ये वसता गृहे ॥ २ ॥
सदाचारवता तात ! साधुना गृहमेधिना ।
पापं भुङ्क्ते समुल्लङ्घ्य नित्यनैमित्तिकी क्रियाः ॥ ३ ॥

हे पुत्र ! घर में रहने वाले गृहस्थ को चाहिये कि सदाचारी और साधु (परोपकारी) बन कर नित्य उत्तमोत्तम अन्नों (भोजनों) से देवता, पितर, अतिथि, सम्बन्धि, सेवक, पशु, पक्षी, चींउटी पर्य्यन्त जीवों की और इस के घर में जो संन्यासी भिक्षा लेने आये हों उनकी नित्य पूजा करे जो गृहस्थ नित्य (सन्ध्या वन्दनादि) नैमित्तिक (गर्भाधानादि) कर्मों को त्याग कर भोजन करता है वह पाप करता है ॥ १, २, ३ ॥ अलर्क ने कहा हे मातः ! आप ने नित्य नैमित्तिक कर्म बतलाये अब मैं सदाचार सुनना चाहता हूं जिसके करने से पुरुष इस लोक और परलोक में सुख पाता है ॥ मातोवाच—

गृहस्थेन सदा कार्य्यमाचारपरिपालनम् ।
नह्याचारविहीनस्य सुखमत्र परत्र वा ॥ १ ॥

यज्ञदानतपांसीह पुरुषस्य न भूतये ।
भवन्ति यः सदाचारं समुल्लङ्घ्य प्रवर्त्तते ॥ २ ॥
दुराचारोहि पुरुषो नेहायुर्विन्दते महत् ।
कार्यो यत्नः सदाचार आचारो हन्त्यलक्षणम् ॥ ३ ॥
तस्य स्वरूपं वक्ष्यामि सदाचारस्य पुत्रक !।
तन्ममैकमनाः श्रुत्वा तथैव परिपालय ॥ ४ ॥
त्रिवर्गसाधने यत्नः कर्त्तव्यो गृहमेधिना ।
तत्संसिद्धौ गृहस्थस्य सिद्धिरत्र परत्र च ॥ ५॥
पादेनार्थस्य पारत्र्यं कुर्यात् सञ्चयमात्मवान् ।
अर्धेन चात्मभरणं नित्यनैमित्तिकान्वितम् ॥ ६ ॥
पादञ्चात्मार्थमायस्य मूलभूतं विवर्धयेत् ।
एवमाचरितः पुत्र ! अर्थः साफल्यमर्हति ॥७॥
तद्वत् पापनिषेधार्थं धर्मः कार्यो विपश्चिता ।
परत्रार्थं तथैवान्यः काम्योऽत्रैव फलप्रदः ॥ ८ ॥
प्रत्यपायभयात्काम्यस्तथान्यश्चाविरोधवान् ।
द्विधा कामोपि गदितस्त्रिवर्गस्याऽविरोधतः ॥ ९ ॥
परस्परानुबन्धांश्च सर्वानेतान्विचिन्तयेत् ।
विपरीतानुबन्धांश्च धर्मादींस्तान् शृणुष्व मे ॥ १० ॥
धर्मो धर्मानुबद्धार्थो धर्मो नात्मार्थबाधकः ।
उभाभ्यां च द्विधा कामस्तेन तौ च द्विधा पुनः ॥ ११ ॥
ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत् ।
समुत्थाय तथाचम्य प्राङ्मुखो नियतः शुचिः ॥ १२ ॥
पूर्वां संध्यां सनक्षत्रां पश्चिमां सदिवाकराम् ।
उपासीत यथान्यायं नैतां जह्यादनापदि ॥ १३ ॥
असत्प्रलापमनृतं वाक्पारुष्यं च वर्जयेत् ।
असच्छास्त्रमसद्वादमसत्सेवाञ्च पुत्रक ! ॥ १४ ॥
सायं प्रातस्तथा होमं कुर्वीत नियतात्मवान् ।
नग्नां परस्त्रियं नेक्षेत निन्दां कुर्यान्न कस्यचित् ॥ १५ ॥
पितृदेवमनुष्याणां भूतानां च तथार्चनम् ।

कृत्वा विभवतः पश्चाद् गृहस्थो भोक्तुमर्हति ॥ १६ ॥
उपघातादृते दोषं नान्यस्योदीरयेद्बुधः ।
प्रत्यक्षलवणं वर्ज्यमन्नमत्युष्णमेव च ॥ १७ ॥
गुरूणामासनं देयमभ्युत्थानादि सत्कृतम् ।
अनुकूलं तथालापमभिवादनपूर्वकम् ॥ १८ ॥
पन्था देयो ब्राह्मणानां राज्ञो दुःखातुरस्य च ।
विद्याधिकस्य गुर्विण्या भारार्त्तस्य यवीयसः ।
मूकान्धवधिराणाञ्च मत्तस्योन्मत्तकस्य च ॥ १९ ॥
उपानद्वस्त्रमाल्यादि धृतमन्यैर्न धारयेत् ।
उपवीतमलङ्कारं करकञ्चैव वर्जयेत् ॥ २० ॥
चतुर्दश्यां तथाष्टम्यां पञ्चदश्यां च पर्वसु ।
तैलाभ्यङ्गं तथा भोगं योषितश्च विवर्जयेत् ॥ २१ ॥
परदारा न गन्तव्याः पुरुषेण विपश्चिता ।
इष्टापूर्त्तायुषां हन्त्री परदारगतिर्नृणाम् ॥ २२ ॥
न हीदृशमनायुष्यं लोके किञ्चन विद्यते ।
यादृशं पुरुषस्येह परदाराभिमर्षणम् ॥ २३ ॥
अध्येतव्या त्रयी नित्यं भवितव्यं विपश्चिता ।
धर्मतो धनमाहार्यं यष्टव्यञ्चापि यत्नतः ॥ २४ ॥
यच्चापि कुर्वतो नात्मा जुगुप्सामेति पुत्रक ! ।
तत्कर्त्तव्यमशङ्केन यन्न गोप्यं महाजने ॥ २५ ॥
एवमाचरतो वत्स! पुरुषस्य गृहे सतः ।
धर्मार्थकामसम्प्राप्त्या परत्रेह च शोभनम् ॥ २६ ॥

अर्थ– हे पुत्र ! गृहस्थ को सदा आचार की पालना करनी चाहिये आचार हीन पुरुष को न इस लोक में सुख होता है और न परलोक में ॥ १ ॥

जो पुरुष सदाचार का त्याग करता है उस के किये हुवे यज्ञ, दान, तप कल्याणकारी नहीं होते ॥ २ ॥

दुराचारी पुरुष दीर्घायु नहीं होता एवं सदाचार में यत्न करना चाहिये सदाचार बुरे लक्षणों को दूर कर देता है ॥ ३ ॥

हे पुत्र ! मैं तुझे सदाचार का स्वरूप बतलाती हूं । तू एकमन होकर सुन और उसी प्रकार उनका पालन कर ॥ ४ ॥

गृहस्थ को धर्म, धन और काम इन तीनों की सिद्धि में यत्न करना चाहिये तीनों की सिद्धि से गृहस्थों को इस लोक और परलोक में सिद्धि है ॥ ५ ॥

अपने आय के चतुर्थांश से परलोक का साधन जो धर्म उसका सञ्चय करे और आधे से नित्य नैमित्तिक कर्म करता हुवा कुटुम्ब का पालन करे ॥ ६ ॥

आय के चतुर्थांश का सञ्चय करता हुवा उस सञ्चित मूल धन को बढ़ाता रहे। हे पुत्र ! इस प्रकार वर्त्तने वाले पुरुष का धन सफल होता है ॥ ७ ॥

उसी प्रकार पापों को दूर करने के लिये और परलोक में सहायता के निमित्त बुद्धिमान् पुरुष धर्म करे इस लोक में फल सिद्धि के लिये सकाम कर्म भी करने चाहियें ॥ ८ ॥

त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम) के साथ विरोध न होने से सकाम कर्मों को दो प्रकार का कहा है एक जो विरोध के भय से अर्थात् भीड़ पड़ने पर किया जावे और दूसरा जो विना विरोध के किया जावे ॥ ९ ॥

धर्म, अर्थ, काम, इन तीनों के परस्पर सम्बन्धी बातों को सोचे जिस प्रकार उनका परस्पर सम्बन्ध होना है वह तू सुन ॥ १० ॥

धर्म ऐसा करे जो धर्मानुकूल धन का पैदा करने वाला हो, ऐसा धर्म न करे जो अपने धन को हानि पहुंचाने वाला हो, धर्म और धन इन दोनों से युक्त काम को भोगे और काम से युक्त धर्म और धन को पैदा करे ॥ ११ ॥

ब्राह्म मुहूर्त्त में जागकर धर्म और अर्थ को सोचे तदनु उठकर स्नान कर पवित्र होकर पूर्व की ओर मुख करके आचमन करे ॥ १२ ॥

पूर्व सन्ध्या तारों के देखते हुए और पश्चिम सन्ध्या सूर्य्यास्त से आरम्भ करके नियम से उपासना करे, बड़े भारी दुःख के विना सन्ध्या का कभी त्याग न करे ॥१३॥

नीच पुरुषों से वार्त्तालाप न करे झूट और कठोर वचन न बोले, असत्य ग्रन्थ न पढ़े, झूठा झगड़ा और नीच पुरुषों की सेवा त्यागे ॥ १४ ॥

सायं प्रातः नियम से होम करे, परस्त्री को नग्न न देखे और किसी की निन्दा न करे ॥ १५ ॥

यथाशक्ति पितर, देवता और अन्य मनुष्यों की पूजा करके गृहस्थ को भोजन करना चाहिये ॥ १६ ॥

यावत् प्रबल कष्ट न पहुंचे तावत् दूसरे का दोष न बतलावे। केवल लवणमय (नमकीन) और उष्ण भोजन न करे ॥ १७ ॥

जब गुरु आवें तो उठकर आदर से आसन देवे और प्रणाम पूर्वक (अर्थात् "नमस्ते" कहकर) मृदु वचन बोले ॥ १८ ॥

ब्राह्मण, राजा और दुःखिया उनके लिये मार्ग छोड़देवे। विद्वान्, गर्भिणी और शिर पर भार लिये हुवे पुरुष, गूङ्गा, अन्धा, बधिर और उम्मत्त यह वय में छोटे भी हों तो उनके लिये रास्ता छोड़देवे ॥ १९ ॥

जूता, वस्त्र, माला, जनेऊ, आभूषण, घट, यह अन्य के वर्त्ते हुवे न वर्त्ते ॥ २० ॥

चतुर्दशी, अष्टमी, पौर्णमासी और अमावस्या में तैलमर्दन और स्त्रीसङ्ग त्याग देवे ॥ २१ ॥

बुद्धिमान् पुरुष कभी परस्त्री सङ्ग न करें, परस्त्री सङ्ग, पुरुषों के यज्ञ, दान और आयु का नाशक है ॥ २२ ॥

लोक में आयुनाशक ऐसा अन्य कर्म नहीं है जैसा परस्त्री सङ्ग ॥ २३ ॥

प्रतिदिन वेद को पढ़े, धर्म पूर्वक धन उपार्जन करे और यत्न पूर्वक यज्ञ करे ॥२४॥

जिस काम को करते हुवे आत्मा में जुगुप्सा (घृणा) न हो और जो कर्म महात्माओं के सन्मुख छिपाना न पड़े उसको निश्शङ्क होकर करे ॥ २५ ॥

हे पुत्र ! एवं विध सदाचार करते हुवे का धर्म, अर्थ और काम की प्राप्ति से इस लोक और परलोक में सदा यश होता है ॥ १६ ॥

इस प्रकार अलर्क की माता ने उसे अनेक धर्मशास्त्र और नीति शास्त्र पढ़ादिये ॥

माता से सुशिक्षित होकर पिता के सामने ही जब राज्य के बड़े २ काम करने लग गया तो राजा कुवलयाश्व अलर्क को राज्य दे तपोवन की यात्रा को उद्यत हुवे। पति के साथ मन्दालसा ने सोचा कि तीन पुत्रों को तो मैंने ब्रह्म विद्या का उपदेश किया जिस से वह मुक्ति को प्राप्त होंगे, अलर्क को गृहस्थ धर्म ही का उपदेश किया है जिस से वार २ जन्म मरण होते हैं, मन्दालसा का दूध पीकर क्या अलर्क अन्य माता का दूध पिवेगा, यह सोचकर एक पत्र पर एक उपदेश लिखकर बाजूबन्द में मढवाया और वन को चलते समय अलर्क को देकर कहा कि " हे पुत्र ! इस को भुजा में पहन लो, इस में एक सत् उपदेश है जब तुझे गृहास्थश्र में कोई असह्य कष्ट आवे तो इस में से पत्र निकाल कर पढ़लेना, तेरा कष्ट दूर हो जायगा, " यह कह कर मन्दालसा अपने पति के साथ वन को चली गई ॥

पिता के चले जाने पर, अलर्क ने भी न्याय से प्रजा का पालन किया, अनेक प्रकार के यज्ञ किये, धर्मात्मा और महात्मा पुत्र उत्पन्न किये, धर्म के अविरोध से अनेक विषयों को भोगते हुए अलर्क के वृद्धावस्था में भी वैराग्य उत्पन्न न हुवा ॥

पृथ्वी में भ्रमण करते हुए सुबाहु ने जब अलर्क की ऐसी दशा सुनी तो उस ने मन में सोचा, न जाने माता ने किस कारण इसे ब्रह्म विद्या का उपदेश नहीं किया, इस वृद्धावस्था में भी यदि इसने गृहस्थ का त्याग नकिया तो फिर उस को जन्म मरण के बन्धन में आना पड़ेगा। इस समय यह भोगों में आसक्त है उपदेश इस को फल नहीं करेगा, इसे कोई दुःख पहुंचाना चाहिये क्योंकि दुःख से वैराग्य होजाया करता है, यह सोचकर काशिराज से मिलकर कहा कि " हे राजन् ! मैं राजा कुललयाश्व का पुत्र हूं, पिता के वनवास समय मैं घर में नहीं था इसलिये पिता ने छोटे पुत्र अलर्क को राज्य दे दिया,राज्य का अधिकारी मैं हूं, तू मुझे सहायता देवे तो मैं युद्ध करके अपना राज्य प्राप्त करलूं " काशिराज ने सहायक होना स्वीकार करके अलर्क के पास अपना दूत भेजा।

दूत ने जाकर राजा अलर्क से कहा कि काशीराज की आज्ञा है कि " राज्य सुबाहु को देदे नहीं तो शस्त्रबल से राज्य दिलाया जावेगा" ॥

अर्लक ने कहा " कि मैं भय से राज्य नहीं दे सकता भाई को यदि राज्य की इच्छा है तो वह मेरे से आकर मांगे मैं उसकी जीविका के लिये राज्य का एक बड़ा भाग उस को दे दूंगा ॥

दूत ने कहा कि " सुबाहु क्षत्रिय है। वह मांग कर नहीं राज्य लेवेगा, इसलिये या तो युद्ध कर या उसकी शरणागत हो । राजा अलर्क ने युद्ध करना स्वीकार कर लिया। दोनो राजाओं की सेनाओं में चिर काल तक युद्ध होता रहा, एक वार राजा अलर्क सेना समेत दुर्ग (किले) में घिर गया, दुर्ग के भीतर जो अन्नादि सामग्री थी जब बहुत खर्च होगई तो अलर्क को बहुत शोक हुवा। एक दिन चिन्ता करते २ स्मरण आया कि माता ने मुझे जो भूषण दिया है उसको तोड़कर तो देखूं, जब देखा तो उस में से यह दो श्लोक निकले:—

सङ्गः सर्वात्मना त्याज्यः सचेत्त्यक्तुं नशक्यते ।
सद्भिः सह कर्त्तव्यः सतां संगो हि भेषजम् ॥ १ ॥
कामः सर्वात्मना हेयो हातुं चेच्छक्यते न सः ।
मुमुक्षां प्रति कर्त्तव्यः सैव तस्यापि भेषजम्॥ २ ॥

अर्थः— सर्वथा संग का त्याग करना चाहिये यदि नहीं कर सकते तो सत्पुरुषों का सङ्ग करना चाहिये क्योंकि सत्सङ्ग ही सङ्गरूपी रोग की औषधि है ॥ १ ॥

सर्वथा काम का त्याग करना चाहिये यदि नहीं कर सकते तो मुमुक्षा के प्रति काम करना चाहिये क्योंकि मुमुक्षा ही काम रोग की औषध है ॥ २ ॥

इन श्लोकों को पढ़कर अलर्क को निश्चय होगया कि दुःखों का मूल सङ्ग है और सङ्ग का त्याग सत्सङ्ग ही से होता है इसलिये सत्सङ्ग करना चाहिये यह निश्चय होते ही युद्ध का भार मन्त्रियों पर डाल महात्मा दत्तात्रेय जी के पास जा प्रणाम कर कहा कि " हे ब्राह्मण ! मैं संसार के दुःखों से दुखित होकर आप की शरण में आया हूं, कृपा करके मेरे दुःखों को दूर कीजिये । राजा के प्रश्न को सुन कर ऋषि ने कहा " मैं आज ही तेरे दुःखों को दूर कर देता हूं। तू बतला कि तुझे क्या दुःख है ?॥

इस वचन को सुनकर राजा बोला कि "हे भगवन् ! विचार कर देखता हूं तो कोई भी दुःख नहीं है केवल ममता ही से दुःख प्रतीत हो रहा है ॥

ऋषि ने कहा कि " निःसन्देह जिस २ वस्तु में मम (मेरा) भाव होता है उस२ वस्तु के वियोग वा वियोग की सम्भावना से पुरुष को दुःख होता है जिस २ वस्तु में मम भाव निवृत्त होता है उस २ वस्तु के वियोग से किसी प्रकार का भी दुःख नहीं होता इसलिये हे राजन् ! वस्तु मात्र से ममता का त्याग कर सर्व दुःख निवृत्त हो जावोगे" ।

वह कह कर ऋषि ने राजा को योग के साधन बतलाए, राजा के चित्त को शान्ति हुई उसी समय ऋषि को प्रणाम करके कहा "हे भगवन् ! काशिराज के बल और पराक्रम को धन्यवाद है जिस के भय से आज संग दोष के हरने वाला आप का संग मुझे मिला आप के चरणों को धन्यवाद है आप के वचन मेरे चित्तमें

स्थित हो गये हैं, सुबाहु, तथा काशिराज इन दोनों को उपकारी समझता हूं जिन की कृपा से आज आप का दर्शन मिला आप के वचनों से मेरा अज्ञान दूर होगया है आप की आज्ञा से दुःख रूपी वृक्षों के वन इस गृहस्थाश्रम को त्याग कर संन्यास आश्रम को धारण करना चाहता हूं"।

दत्तात्रेय महाराज ने कहा "हे राजन् ! ममता और अहंकार को त्याग करके विचर परमात्मा तेरी सहायता करेंगे"।

इस प्रकार ऋषि से आज्ञा पाकर राजा वहां पहुंचा जहां सुबाहु और काशिराज स्थित थे और कहा "हे काशिराज ! जिस राज्य के लिये तू युद्ध कर रहा है मैं ने उसको त्याग दिया है तू ग्रहण कर वा सुबाहु को देदे मुझे इस राज्य से कोई प्रयोजन नहीं है"

काशिराज ने विस्मित होकर कहा "हे अलर्क ! तेरी सेना का अभी पराजय नहीं हुवा क्या कारण है कि बल के होते हुवे भी तू राज्य का परित्याग करता है" अलर्क ने कहा महात्मा दत्तात्रेय जी के उपदेश से मेरे चित्त से शत्रु मित्र का भाव जाता रहा है मैं विना कारण युद्ध से प्रजा का नाश नहीं चाहता हूं मैं अब गृहस्थाश्रम को त्याग कर चतुर्थाश्रम को ग्रहण करके योगाभ्यास करूंगा"।

अलर्क के इस वचन को सुन सुबाहु, ने उठकर उसको छाती से लगालिया और काशिराज से कहा कि "हे राजन् ! मेरा प्रयोजन सिद्ध हुवा मैं अब वन को जाता हूं परमात्मा तेरा कल्याण करे तूने मेरा बड़ा भारी उपकार किया" काशिराज ने कहा "हे सुबाहो! तेरा कौनसा प्रयोजन सिद्ध हुवा तूने अलर्क से राज्य लेने के लिये यह युद्ध कराया था अब तू इस को क्यों नहीं ग्रहण करता" सुबाहु ने कहा "हे राजन् ! मेरी माता ने दूध के साथ ही अपने पुत्रों के मुख में ज्ञान डाला था मेरे दो भाई जीवन्मुक्त होगये हैं यह तीसरा भाई संसार के भोगों में फंसा हुवा था उसके छुडाने के लिये यह प्रयत्न किया था सो सिद्ध हुवा तू आनन्द से दोनों राज्यों को भोग मुझे राज्य की आवश्यकता नहीं है" दोनों भाइयो के इस चरित्र को देख कर सुबाहु, के सदुपदेशों से अहंता और ममता का त्याग कर अपने पुत्र को अपना राज्य और अलर्क के पुत्र को अलर्क का राज्य दे काशिराज भी वन को चला गया ॥

इस प्रकार मंदालसा देवी के सदुपदेशों से बहुत से पुरुषों का उद्धार हुवा ॥

इत्योम् ॥

प्राचीन वैद्यक सम्बन्धी शिक्षा तथा गुणकारी औषध

श्रीमान् कविराज कविरत्न पं० सीताराम जी शास्त्री वैद्यराज रावलपिण्डी शहर लिखित

चन्द्रप्रभा वटि

कचूर, वच, नागरमोथा, चिरायता, देवदारू, हलदी, अतीस, दारुहलदी, पिपलामूल, चित्ता, तिवी, दन्ती, तेजपत्र, दालचीनी, मोटी इलायची, वंसलोचन, सब दो २ तोले धानिया, (त्रिफला) हरड़ बहेड़ा, आंवला, चव्य, वायविडङ्ग, गजपीपल, सोहनमक्खी की भस्म, सोंठ, पिपली, काली मरिच, यवक्षार, सज्जीक्षार, सोंचललवण, सैंधालवण, बिडलवण, यह सब चार २ माशे लोह भस्म ४ तोला, कुंज्जा मिश्री ८ तोला * शुद्ध शिलाजीत १६ तोला, शुद्ध * गूगल १६ तोला।

* शिलाजीत को लोहे के पात्र में जल डालकर उष्ण करले और उस के मृत्तिकादि दोष दूर करके शुद्ध कर लें अर्थात् उसी जल में सुवेरे धूप में रखकर सायं समय ऊपर २ के जल को निथार लेवें कि जिस से शिलाजीत का जल निकल आवे और केवल मृत्तिका नीचे रह जावे, पुनः उसे दूसरे पात्र में डालें इसी प्रकार बारम्बार करें, एक मास में शिलाजीत बहुत अच्छी शुद्ध हो जावेगी ॥

* त्रिफले का काढ़ा बनाकर छानलेवें और फिर उस में गूगल उबालकर शुद्ध करलें ॥

(नोट) चन्द्र प्रभावटि वैद्यक की प्रसिद्ध प्रामाणिक औषधहै और उक्त शास्त्री जी के औषधालय से बनी बनाई एक मास के सेवन के लिये ३) में मिल सकती है ॥

इन सब औषधियों को मिलाकर कूट लेवे और एक एक माशे की गोली बना लेवे।

अनुपान—एक माशे से दो माशे तक केवल जल वा दूध के साथ खाई जाती है

गुण—यह वटि नियम पूर्वक सेवन करने से २० प्रकार के प्रमेहों, ८ प्रकार के मूत्र कृच्छ्र दोषों, ४प्रकार की पथरियों, १३ प्रकार के मूत्राघात दोषों को नाश करती है, अन्त्रवृद्धि, पाण्डुरोग, कामलारोग, स्वांस, खांसी, मन्दाग्नि, अरुचि रक्तदोष, वात पित्त कफ से उत्पन्न हुई व्याधि अर्थात् सन्निपात दोष के दूर करने में विशेषतया लाभदायक है। बलकारक और रसायन है। इस के सेवन से पुरुष रोगों से मुक्त होते हैं ॥

गर्भिणी का प्रतिमास कर्तव्य

प्रथम मास में गर्भिणी शुष्क पदार्थ न खावे, हलके और ठण्डे पदार्थों का सेवनकरे दोनों समयक्षुधानुसारठीकसमय पर जितना पचा सके उतना भोजनकरे, उष्ण दूध ठण्डा करके पीवे ॥

दूसरा मास—प्रथम मासानुसार वर्ते परन्तु दुग्ध का सेवन इस प्रकार करे कि दूध आध सेर जल डेढ पाव मुनक्का ६ दाने सौंफ़ जावत्री मुलहटी सब छः छः माशे डालकर दूध को उबाल ले ज-

व केवल दूध रह जाय तो मीठा मिलाकर पी लेवे बासी रोटी वा कोई बासी पदार्थ सर्वथा त्यागे ॥

तीसरा मास- प्रथम मासानुसार वर्ते, दूध में थोड़ा सा घी डालकर पीवे परन्तु जितना पचसके।

चौथा मास- दूध में मुलहटी डालकर पाव और पाचन शक्त्यनुसार मक्खन भी खावे।

पांचवां मास-घी और दूध का सेवन करे और विशेषकर पुराने चावलों का आहार अधिक उपयोगी है॥

छठे और सातवें मास- में दूसरे महीने के सदृश दूध औषधियों के साथ तैय्यार करके किञ्चित् घृत डालकर पीवे ॥

आठवां मास-दूध में घृत मिलाकर पीवे- इस में विशेषकर हलका भोजन और एकान्त में बैठकर ईश्वरका ध्यान करे ॥

नवां मास- इस मास के दूसरे दिन से दशवें मास तक प्रसव काल है, रूक्ष वातकारी, भारी, बहुत मरिच और अति लवणयुक्त पदार्थोंका त्याग करे और भोजन में बहुत मीठा भी न खावे, भयंकर कथाओं का सुनना विशेषकर हानिकारक है इस मास में अजीर्ण कभी न होना चाहिये ॥

गर्भिणीका सामान्य कर्त्तव्य ।

बहुत भारी और भयानक शारीरिक चेष्टाओं का परित्याग करे लाल वस्त्र न पहिने, घोड़े आदिक की विषम सवारी भी न करे, मादक द्रव्य तथा मांस का सर्वथा परित्याग करे यहांतक कि उन की गन्ध भी न लेवे, कुरूप और भयजनक रुपों से पृथक् रहे, श्वेत और स्वच्छ वस्त्र धारण करे, अति प्रसन्न और पवित्र रहे मैथुन, रात्रि में जागना, अत्यन्त शोक, खून निकलवाना मल मूत्रादि वेगों का रोकना, बहुत देरतक घुटनों के बल बैठना, इत्यादि क्रियाओंको सदा त्यागे, क्रोधजनक बातोंकासुनना, स्मशानमें एकला जाना, बहुत ऊंचा बोलना, नष्ट गर्भ की बातें सुनना, तैल मर्दन अथवा उबटन लगाना, बहुत ऊंची खाट पर सोना और मृत्तिका आदि खाना छोड़ देवे ॥

(नोट) आयुर्वेद शास्त्रानुसार जो महाशय किसी प्रकार की औषध अथवा सम्मति लेना चाहें तो उक्त पण्डित जी से पत्र व्यवहार करें ॥

प्रशंसापत्र ॥

बाबू मेहरचन्द जी बैरिस्टर गुरदासपुर—मैं तस्दीक़ करता हूं कि नन्दलाल निज्झड़ का मुरब्बा बनफ़शा सत्युत्तम है, अजीर्णता और दिमाग़ी रोगों के लिए अत्यन्त लाभदायक सिद्ध हुआ यह अति सावधानी से तैयार किया गया है ॥

बा० रामलाल जी बी० ए० वकील फ़ीरोजपुर—स्वादिष्ट, पाचन, और अन्य रोगों के लिये भी गुणकारी है, बहुत नफ़ीस है ॥

ला० आत्माराम जी भूतपूर्व मंत्री आ० प्र० नि० सभा पंजाब—नर्म जुल्लाब के लिये यह दिलपसंद औषध है ॥

बा० हरभजराय सहगल पेशावरी सेक्रेटरी लोकलफण्ड बन्नूं—दोनों लाभ तो इस में अवश्य हैं अजीर्णता दूर करता और थकान की दशा में दिमाग़ को बल देता है ॥

ला० भगवानदास जी वकील मुज़फ़्फ़रनगर—मुरब्बा बनफ़शा चित्त को आनन्द देता और कब्ज़ी दूर करता है ॥

बा० बिशाखीरामजी सबइन्सपेक्टर रेलवे बाबर कच्छ (बिलोचिस्तान) आप का बनाया हुआ मुरब्बा बनफ़शा अव्वल दर्जे का आनन्द देने वाला व दिमाग़ को पुष्ट करने वाला है ॥

ला० हरद्वारीलाल जी नारनौल (हांसी) वास्तव में आपका मुरब्बा लाभदायक है ॥

बा० चम्बाराम जी पोस्ट मास्टर जम्मूं—इस में उन से भी अधिक गुण हैं जो आप ने वर्णन किये ॥

हकीम काकाराम जी अफ़सर हिंदी दवाईख़ाना नाभा रियासत—इस कार्य्यालय सम्बन्धी हकीमों को दिखाया सब ने पसंद किया ॥

श्रीमान् राय श्याम बहादुर वकील चपरा—आप के मुरब्बा बनफ़शा से मुझे बड़ा लाभ हुआ ॥

पं० रूपलाल जी बी० ए० लाहौर—निहायत लाभदायक साबित हुआ, कब्ज़ी दूर करने वाला व सिर दर्द हटाने वाला है दिल को ताक़त देता है ॥

"कपास व तिजारत" लाहौर—दिल व दिमाग़ के लिये लाभदायक है ॥

"आर्य्य दर्पण" शाहजहांपुर—नज़र व दिमाग़ की कमज़ोरी और कब्ज़ी को दूर करने में बड़ा मुफ़ीद है ॥

नन्दलाल निज्झड़ चम्बा—पंजाब

सं॰ २

ओ३म्

आर्य यन्त्री

तथा

दर्शयित्री

१९०४ ई०

पञ्जाबदेशान्तर्गत

कर्णाल

आर्य्यसमाजेन प्रकाशिता

विविधैर्भिन्नाज्यौतिषतन्त्रतत्त्वं, विभाव्यपञ्चाङ्गसुरीत्यभावात् । पयोधि
खाङ्कैक (१९०४) शरद्दिनादि प्रबोधिकायन्त्रिकेयम् ॥
हृद्याऽनवद्या बहुसारगर्भा, विलोकनीया च
समैरवश्यम् । लोकोपकृत्यै प्रकटीकृताया
अथार्य्यवर्गैः प्रगुणी कृता च ॥

आई, टी, एफ, ऐंड
"मुम्बई"
प्रिंटिङ्ग प्रेस इलाहाबाद नामाख्य यंत्रालये मुद्रिता

८०० प्रति]

[मूल्य ।–) विना डाकव्यय

क

ओ३म्

आर्य्य यन्त्री उर्दू में छः वर्ष से प्रकाशित होती है। गत वर्ष से कतिपय महाशयों के अनुरोध से हमने नागरी एडीशन भी निकाला है जिस्का यह दूसरा अङ्क है॥ "मनुस्मृति पर विचार" तथा "बापूदेव शास्त्री का जीवन चरित्र" यह दोनों लेख पढ़ने योग्य हैं। उर्दू यन्त्री में इस वर्ष "महाभारत पर विचार" यह लेख अधिक है शेष सब दोनों यन्त्रियों में समान है॥

कृष्ण स्वरूप आर्य्य सभासद व
सम्पादक आर्य्य यन्त्री

चन्द्र तथा सूर्य ग्रहण

इस वर्ष में कोई चन्द्रग्रहण नहीं होगा किन्तु दो सूर्य्य ग्रहण होंगे, जिनमें से भारत वर्ष में केवल एक दिखाई देगा। यह ग्रहण १७ मार्च १९०४ ई० बृहस्पतिवार को मध्याह्न से पूर्व होगा और समस्त भारत वर्ष में सूर्य्य का एक भाग ग्रहण में आता हुवा दृष्टि आयगा॥

"मद्रास टाईम" अनुसार १७ मार्च को प्रातःकाल ८ बजे २·५३ मिनट पर स्पर्श, १०·३२ पर मध्य और १२।५.२३ पर मोक्ष होगा॥

इस प्रकार कलकत्ते में ०८·२० पर और कर्णाल में ६।२·३ पर स्पर्श और मध्य कलकत्ते में ९।६·५६ पर कर्णाल में १०.४१ पर और मोक्ष कलकत्ते में ११।१· ५१ पर और कर्णाल में १२।५.३६ पर होगा॥

॥ ओ३म् ॥

मनुस्मृति पर विचार÷

[महाशय नेहाल सिंह जी लिखित]

मनुर्वै यत्किञ्चिद वदत्तद् भेषजस्य भेषजम॥ छान्दोग्य ब्राह्मणे॥ वेदार्थो पनिवद्धत्वात्प्रामाण्यं हि मनोःस्मृतं। मन्वर्थ विपरीता तु यास्मृतिः सन शस्यते॥ तावच्छास्त्राणि शोभन्ते तर्क व्याकरणानिच। धर्मार्थ मोक्षो पदेष्टा मनुर्यावन्न दृश्यते॥ बृहस्पति॥ पुराणं मानवो धर्मः सांगोवेदश्चिकित्सितं। आज्ञा सिद्धानि चत्वारि न हंतव्यानि हेतुभिः॥ भारते॥

अर्थ :—जो कुछ मनुने कहा है वह औषधि की भी औषधि है (छान्दोग्य ब्राह्मण) वेदार्थ से बहुत निकट सम्बन्ध रखने के कारण मनु की प्रमाणता की गई है जो स्मृति मनु के अर्थ से बिरुद्ध है उस की प्रशंसा नहीं की जाती। तर्क और ब्याकरणादि शास्त्र तब ही तक शोभा देते हैं जब तक कि धर्म अर्थ और मोक्ष के उपदेश करने वाले मनु का दर्शन नहीं होता॥ (बृहस्पति)

पुराण (ब्राह्मण) और मानव धर्म (अर्थात् मनु का कहा हुआ धर्म) और अंगों सहित वेदों की आज्ञा सब को माननीय है क्योंकि इन चारों का बचन सिद्ध है हेतु (तर्क वितर्क) से उन को काटना नहीं चाहिये॥ (महाभारत)

—:०:—

(१) जो प्रशंसा और महिमा मनु की ऊपर के श्लोकों में की गई है उस में यत् किञ्चित भी शंका नहीं मनु महाराज इस से भी अधिक प्रशंसा के योग्य हैं परन्तु ऐसा मानने पर यह आवश्यकता नहीं है कि प्रसिद्ध मनुस्मृति को सर्वथा प्रमाणिक और शुद्ध मान लिया जावे। हमारे बिचार में इस समय अनेक पण्डितों का मन्तब्य है कि प्रसिद्ध मनुस्मृति का एक २ अक्षर मानने योग्य है और इस में किसी प्रकार का सन्देह करना पाप है। परन्तु जब पूर्वापर विचार कर देखा जाता है तो प्रसिद्ध मनुस्मृति में बहुत से श्लोक नवीन

÷ यह लेख सं० १९०३ ई० की उर्दू आर्य यन्त्री में प्रकाशित हो चुका है॥ सं०

बढे हुवे और कोई श्लोक छुटे हुवे या निकाले हुवे पाये जाते हैं और बहुधा एक ही विषय में इतना परस्पर विरोध पाया जाता है कि सत्य और शुद्ध विषय का निश्चय करना कठिन हो जाता है। और इस सन्देह के कारण जो धर्म की क्षति और उस से विमुखता इस समय हो रही है उसका अनुभव विचार शील पुरुष भली प्रकार कर सकते हैं। अत एव विद्वान सज्जन पुरुषों से निवेदन है कि हम ने जो प्रसिद्ध मनुस्मृत की प्रक्षिप्तता दिखाने के लिये निम्नस्थ अनेक लेखों का संग्रह किया है या तो उन का समाधान करें और यदि उन का समाधान न हो सके तो प्रसिद्ध मनुस्मृति के शोधन का प्रयत्न करें। कदाचित यह आशा नहीं हो सकती कि प्रसिद्ध मनुस्मृति पर जितने आक्षेप हो सकते हैं वह इन किञ्चिन्मात्र अंकों में सम्पूर्ण रीति से आ गये हैं परन्तु हमें निश्चय है कि यह संग्रह इसी प्रकार से भी पूर्ण नहीं और इसी कारण हमारा पाठकवृन्द से निवेदन है कि जो २ सन्देह इन से अतिरिक्त किन्हीं महाशयों को ज्ञात हों तो उन से सूचित करें जिस से कि उन को इस संग्रह में अपने २ स्थान पर संयुक्त कर दिया जावे॥

(२) इस देश में दो अढ़ाई सौ बर्ष से पूर्व सब पुस्तक हाथ से लिखे जाते थे और जिस कारण उस समय और उस से पूर्व मत मतान्तरों का वाद विवाद और सम्प्रदायों का युद्ध चल रहा था इस कारण जहां दूसरे दल पर जय पाने के निमित्त अनेक यत्न किये जाते थे उन में से परपक्ष को निग्रह स्थान में लाने के लिये एक यह प्रबन्ध भी किया जाता था कि प्राचीन पुस्तकों में अपने २ मत के पोषक श्लोक रच कर मिला दिये जाते थे। यद्यपि उस समय अनेक कुलों में शुद्ध और सर्ब प्रकार की प्रक्षिप्तता से रहित पुस्तकों के विद्यमान् होने के कारण उन का यत्न निष्फल रहता था तथापि अधिक काल के व्यतीत होने पर जब प्रक्षिप्त पुस्तक बहुत बढ़ गये और उन की प्राचीन शुद्ध लिपि युद्ध के प्रचार होने से प्रायः नष्ट हो जाने तथा उन की रक्षा के निमित्त भूमि के अन्दर अथवा गह्वर गुफाओं में छुपाये जाने के कारण उन का अभाव सा हो गया तो पश्चात् युद्ध के निवृत्त होने पर एतद्देशीय पुरुषों के मन में कपट आ जाने से जो हलचल का अकृत्रिम फल है शुद्ध पुस्तकों को वायु लगाना भी नीति के विरुद्ध समझा गया। और इसी कारण शुद्ध पुस्तकों के स्थान में प्रक्षिप्त पुस्तकें जिन की विद्वानों को अधिक ममता नहीं थी परदेशियों के हस्त में दे दी गईं और उन ही पुस्तकों का छप कर प्रचार होने लगा। महाभारत का प्रक्षिप्त होना तो इतना प्रसिद्ध है कि हमें उस के सिद्ध करने की भी

आवश्यकता नहीं। साम्प्रत जब महाभारत अनेकशः मुद्रित होने लगा तो भिन्न२ लिपि के मिलाने से यह प्रतीत हुआ कि दक्षिण प्रान्त में जो हस्त लिखित महाभारत मिलता है उस में १६००० श्लोक ऐसे हैं जो इस देश के उत्तर खण्ड की हस्त लिखित लिपि में नहीं मिलते और दक्षिण प्रान्त के १६००० श्लोक एक विशेष सम्प्रदाय से सम्बन्ध रखते हैं और उत्तर खण्ड की लिपि में उन के स्थान में एक विरोधी सम्प्रदाय के श्लोक पाये जाते हैं। कुछ सन्देह नहीं कि महाभारत को कवियों ने एक समुद्र माना था जिस में अनेक लेखों का नदी के समान मिल जाना या मिला देना कोई अनुचित अथवा अद्भुत वार्ता नहीं मानी जाती थी। कवियों के लेख का उत्साह महाभारत पर ही समाप्त न हुआ किन्तु उसका वेग इतना बढ़ा कि उसके लिये १८ दूनी ३६ पुराणों तथा उतने ही तंत्रों और अनेक आशयों को स्थान देना पड़ा। और जब उन से भी लेख रूपी जल फूट निकलता था तो प्राचीन नियत केदारों प्रसिद्ध जलाशयों और अनेक क्षेत्रों तथा कियारियों तक उसका वेग पहुंचता था। इसी प्रकार की द्वादश कियारियों का क्षेत्र रूप प्रसिद्ध मनुस्मृति पुस्तक है जिस में मतवाद और सम्प्रदाय सम्बन्धी कविता शक्ति का हस्तक्षेप पाया जाता है॥

(३) इस समय मुद्रणालयों के प्रचार से पुस्तकों के परस्पर मिलाने का अवकाश अधिक प्राप्त है इस कारण देखा जाता है कि मनुस्मृति के अध्यायों और श्लोकों की प्रसिद्ध संख्या के नियत हो जाने पर भी किसी २ हस्त लिखित या मुद्रित लिपि में संख्या से अधिक श्लोक मिलते हैं। प्रक्षेप और आरोपण का इससे अधिक अन्य क्या प्रमाण हो सकता है कि अब तक नियत श्लोकों से अतिरिक्त स्थल२ में ऐसे श्लोक बढ़े हुवे हैं जो किसी गिन्ती में नहीं आ सकते क्योंकि उनको बीच में डाल कर श्लोक का अङ्क लगाया जावे तो अङ्कों का क्रम टूट जाता है और जहां २ अनेकानेक पुस्तकों और लेखों में मनुस्मृति के श्लोकों का प्रमाण केवल अध्याय और श्लोक के अङ्कों में दिया है वह सब अशुद्ध हो जाते हैं और अत्यन्त अनवस्था प्राप्त होती है॥

(४) पं० तुलसीराम स्वामि मेरठ निवासी ने जो मनुस्मृति आर्या भाषानुवाद सहित छापी है उसमें ऐसे श्लोकों की संख्या जो गिन्ती में नहीं आते इस प्रकार दी है।

अध्याय	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	योग
श्लोक	१७	७	३	१६	२२	७	१८	२५	५	१	१३	८	१४२

इन श्लोकों पर पूर्ण विचार करनेका यहां अवकाश नहीं है परन्तु इतना कहना आवश्यक है कि इन में ऐसे श्लोक भी हैं जो शुद्ध और सुयुक्त है। परन्तु उनका स्थान बनावटी श्लोकों ने घेर लिया है और इस कारण उन के बैठने के लिये स्थान न रहने से वह अलग खड़े हैं और गिन्ती में नहीं आते ॥

(५) इसके अतिरिक्त जितने टीकाकार हैं वह सब प्रसिद्ध मनुस्मृति में अपनी २ बुद्धि अनुसार प्रक्षिप्त श्लोकों की संख्या नियत करते हैं। उदाहरणार्थं पं० भीमसेन इटावा निवासी तथा पं० तुलसीराम स्वामि के मतानुसार प्रसिद्ध श्लोकों की संख्या नीचे दी जाती है।

अध्याय	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	योग
प्रक्षिप्त श्लोक संख्या	पं० भीमसेन के मतानुसार												
	२६	२	९०	२५	३०	०	२	१०	१४	१७	१२	०	२२८
	पं० तुलसीराम स्वामि के मतानुसार												
	३४	४	१६७	२८	४१	०	३	१९	४९	१९	२२	४	३९०

(६) इनसे अतिरिक्त ऐसे श्लोक भी हैं जो अन्य पुस्तकों में मनु के नाम से आते हैं परन्तु प्रसिद्ध मनुस्मृति में अब उनका पता नहीं मिलता वह श्लोक यह हैं।

नाम पुस्तक	संख्या श्लोक	नाम पुस्तक	संख्या श्लोक
शूद्र कमलाकर	१४	धर्माब्धिसार	१
पाराशर माधव	४०	स्मृति चन्द्रिका	३२
निर्णय सिन्धु	१५	दान हेमाद्रि	११
मिताचरा	१३	व्रत हेमाद्रि	१
संस्कार कौस्तुभ	६	श्राद्ध हेमाद्रि	३१
विवाद भंगार्णव	१०	स्मृति रत्नाकर	५३
व्यवहार तत्व	१	नारायण भट्टकृत प्रयोग रत्न संस्कार मयूख	२
श्रीमद्भागवतटीका ३।१।३६	१	दाय कर्म संग्रह	२
संस्कार मयूख	४	शङ्कर दिग्विजय प्रथम प्रकरण	२
श्राद्ध मयूख	२	आचार मयूख	८
प्रायश्चित मयूख	१०	व्यवहार मयूख	२
बृहत् मनु के नाम से	१०	वृद्ध मनु के नाम से	१०४
योग	४०५	बृहत् संहिता	६

(७) पाठ भेदों की तो कुछ गिन्तीही नहीं है। बड़े २ टीकाकारों ने जो पाठ भेद दिखाये हैं वह यह हैं।

टीकाकार	मेधा तिथि	कुलूक	राघवानन्द	नन्दन	मध्यम संख्या
पाठभेदसंख्या	५००	६५०	३००	१००	३८०

पाठ भेदों का कुछ परिचय पं० तुलसीराम स्वामि ने अपनी मनुस्मृति भाषानुवाद में दिया है॥

(८) नारद स्मृति के आरम्भ में लिखा है कि मनुस्मृति में एक सहस्र अध्याय और एक लक्ष श्लोक थे नारद जी ने उनका संक्षेप १२ सहस्र श्लोकों में कर दिया। और सुमति ने उन को भी संक्षेप करके ४००० श्लोक रक्खे। इस प्रकार जो पुस्तक आज कल प्रसिद्ध है वह इस अन्तिम संक्षेप का भी संक्षेप है क्योंकि इसमें केवल २६८५ श्लोक हैं। कहते हैं कि अब भी कहीं २ ६४ वा ६५ अध्याय की मनुस्मृति मिलती है॥

(६) नारद स्मृति नारद ऋषि के नाम से प्रसिद्ध है और लिखा है कि यह पुस्तक मनु के दूसरे संक्षेप से जिसमें ४००० श्लोक थे संक्षेप की गई है। परन्तु प्रसिद्ध नारदस्मृति में जो मनु का संक्षेप हम देखते हैं वह प्रसिद्ध मनु से बहुत विरुद्ध है। इन दोनों पुस्तकों के परस्पर विरोधों की एक सूची डाक्टर व्यूलर और डाक्टर जौली साहिब ने बनाई है। एक बड़ा भारी विरोध यह है कि मनु दत्तक पुत्रों को पुत्रों की गणना में तीसरी कक्षा पर रखता है और नारद उसे नवीं कक्षा में रखता है। इस प्रकार नारद के मतानुसार दत्तक पुत्र सपिण्डी दाय भागियों में से निकल जाता है (देखो मनु० स्मृ० अ० ६ श्लोक १५६। नारद स्मृ० अ० १३ श्लोक ४६)। संभव है कि नारद पुराने मनु से संग्रहीत होने के कारण इस विषय में शुद्ध हो परन्तु एक इस बात को छोड़ कर शेष नारद प्रसिद्ध मनुस्मृति की अपेक्षा प्रायः नवीन प्रतीत होता है। यथा देखो नारद० अ० १ श्लो० ५०-५१ इसी प्रकार नारद याज्ञवल्क्य से भी नवीन तर है परन्तु मिताक्षरा से पुराना है क्योंकि मिताक्षरा में उस के प्रमाण बहुत दिये हुए हैं॥

(१०) मनुस्मृति अ० ८ श्लोक १४० में कुसीद के विषय में वासिष्ठ का प्रमाण दिया है और वासिष्ठ सूत्रों में अब तक वह नियम जिसका प्रमाण दिया है मिलता है। जिससे यह अनुमान होता है कि मनु याज्ञवल्क्य आदि प्रसिद्ध धर्म शास्त्र प्राचीन धर्मसूत्रों के श्लोकबद्ध उलथा हैं। और यह भी संभव है कि

मूल सूत्र उन सूत्रों से भी पुराने हों जो आज कल मिलते हैं परन्तु वासिष्ठ सूत्र में मनु का कहा हुवा कुसीद सम्बन्धी नियम विद्यमान होना और उसके नाम की स्मृति में उस का न होना प्रसिद्ध स्मृतियों के प्रमाणिक होने में सन्देह डालता है ॥

(११) फिर वासिष्ठ स्मृति में मनु के श्लोक प्रमाण रूप लिखे हैं। उन में से दो श्लोक तो प्रसिद्ध मनुस्मृति में मिलते हैं और दो का पता नहीं और इन पिछले दो श्लोकों में से एक ऐसे छन्द में है जो मनु के अनुष्टुप छन्द से विलक्षण है जिस से सिद्ध होता है कि उस मनु में जिसका प्रमाण वासिष्ठ ने दिया है और उस मनु में जो स्वयम् वासिष्ठ का प्रमाण देता है काल का बहुत बड़ा अन्तर होगा। इससे यह भी सिद्ध है कि प्रसिद्ध मनुस्मृति में प्राचीन स्मृति से बहुत काल पीछे तक के प्रक्षेप विद्यमान हैं ॥

(१२) डाक्टर व्यूलर की सम्मति है कि यद्यपि मानव स्मृति अति प्राचीन और वेदाश्रित है और उस में निःस्सन्देह अत्यन्त प्राचीन पुस्तकों के विषय संयुक्त हैं (उदाहरणार्थ देखो अ० २ श्लोक ११४-११६ जो निरुक्त अ० २ खं० ३, ४ के सर्वथा अनुकूल हैं) तथापि इसमें सन्देह नहीं कि भृगु संहिता धर्मशास्त्र का सब से प्रथम और अति प्राचीन संशोधन किया हुवा संक्षेप है जो मनु के नाम से प्रसिद्ध किया जाता है और वह धर्म शास्त्र जो प्रसिद्ध मानव स्मृति का मूल है मूल धर्म सूत्रों का संक्षेप था ॥

(१३) धर्म शास्त्रों में बहुत सी गाथाएं ज्यूं की त्यूं धर्मसूत्रों से ली गई हैं और कोई २ गाथाएं बदल कर लिखी गई हैं। वासिष्ठ, बौद्धायन, आपस्तम्भ और हिरण्यकेशी की गाथाओं को मनुस्मृति के साथ मिलाने से यह निश्चय हुवा है कि इनकी १०० से अधिक गाथाएं मनुस्मृति में विद्यमान हैं।

(१४) प्रसिद्ध मनुस्मृति में बहुत से श्लोक इस प्रकार के हैं कि उन में वासिष्ठ सूत्रों के आशय को केवल श्लोक में कह दिया है और एक स्थान पर स्पष्ट वासिष्ठ का प्रमाण दिया है (देखो अ० ८ श्लोक १४० जो अङ्क ६ में ऊपर आ चुका है) ॥

(१५) महाभारत और पुराणों में मनुस्मृति के श्लोकों का याथातथ्य वा शब्दान्तरों में पाया जाना मनुस्मृति का उन से प्राचीन होना सिद्ध करता है परन्तु अ० ३ श्लोक २३२ में धर्म शास्त्र, आख्यान, इतिहास, पुराण और खिल आदि शब्द इस प्रकार आये हैं कि मानो यह पुस्तकों के नाम हैं और कुल्लूक

अपने टीका में इतिहास से महाभारत तात्पर्य लेता है। इस से सिद्ध होता है कि प्रसिद्ध मनुस्मृति और उन पुस्तकों का जो मनु के नाम से श्लोक लिखते हैं आदि मूल कोई और ही है जो इस समय उपलब्ध नहीं॥

(१६) अ० ६ श्लोक ४२ में वायुगीता की गाथा लिखी है यह विदित नहीं कि यह ग्रन्थ कौनसा है और वह मनुस्मृति से पहिले का है या पीछे का?॥

(१७) इसी प्रकार अ० ६ श्लोक १२८, १२६ में भी दक्ष की कथा पीछे की बढ़ाई हुई प्रतीत होती है क्योंकि उस का धर्म शास्त्र के विषय से कोई सम्बन्ध नहीं॥

(१८) अ० ६ श्लोक ६५-६८ में राजावेणु की कथा नियोग की निन्दा में आती है और अ० ६ श्लोक ४४ में पृथु की कथा है। राजा वेणु और पृथु मनु से पूर्व नहीं हो सकते परन्तु मनुस्मृति में उन की कथा इस प्रकार आती है कि मानो वह बहुत काल पहिले हो चुके हैं॥

(१६) अ० ७ श्लोक ४१-४२ में नहुष, वेणु, सुदास, यवन, सुमुख, निमि, पृथु, और मनु के नाम आते हैं और अ० ६ श्लोक २३ में अक्षमाला, बसिष्ठ, चटका, मन्दपाल का भूतकाल में होना लिखा है। यह शोचनीय है कि क्या यह सब मनु से पुराने हैं?॥

(२०) अ० १२ श्लोक १, २, १२६ में मनु छोड़ भृगु जी भी वक्ता नहीं हैं किन्तु कोई और तीसरा पुरुष वक्ता है जिस से मनुस्मृति के प्रसिद्ध लिपि के शुद्ध होने में सन्देह होता है॥

(२१) यद्यपि सम्पूर्ण पुस्तक मनुके नाम से प्रसिद्ध किया जाता है तथापि प्रसिद्ध मनुस्मृति में ऐसे श्लोक पाये जाते हैं जिन में मनु का नाम प्रमाण की रीति से लिया जाता है अर्थात् "मनुरब्रवीत" ऐसा लिखा है जिससे यह पाया जाता है कि मानो पुस्तक भर में मनु का अभिप्राय केवल इनही श्लोकों में कहा गया है जो कदाचित सम्भव नहीं॥

यह अन्य पुरुषों के बढ़ाये हुये निर्बल बचन हैं जिन को अपनी पुष्टी के लिये मनु के प्रमाण की अपेक्षा है। ऐसे श्लोकों का अन्य पुरुषों की ओर से होना प्रकट है। जिन श्लोकों में इस रीति से मनु का नाम प्रमाण में दिया जाता है वह यह हैं।

अध्याय	५	६	८	९	१०	१२
श्लोकांक	४१ १३१	५४	१२४ १६८ २७९ ३३९	१५८ १८२ २३९	६३ ७८	१०७

इस प्रकार के श्लोकों का अन्य पुस्तकों का वा अन्य पुरुषों की ओर से होना स्वयम् सिद्ध है ॥

(२२) ऋषि लोग मनु से प्रार्थना करते हैं कि आप धर्म का व्याख्यान करें और मनु जी सृष्टि की उत्पत्ति और ब्रह्मा से स्वयम् अपना उत्पन्न होना वर्णन करके कहते हैं कि "मैं ने ब्रह्मा से धर्मशास्त्र सीख कर दश प्रजापतियों को सिखाया" फिर उनमें से एक अर्थात् भृगु से कहा कि उसी धर्म को शेष नव ऋषियों को सिखावे जिन को कदाचित वह विस्मरण हो गया था। पहिले अध्याय के ६०वें श्लोक से आगे शेष पुस्तक भृगु प्रोक्त है नकि मन्वोक्त (देखो अ० १ श्लोक १-६०, ११९ । अ० ३ श्लोक १६ । अ० ८ श्लोक २०४ । अ० १२ श्लोक १, १२६) ॥

(२३) मांस भक्षण के विधान और निषेध का अत्यन्त परस्पर विरोध मनु में ऐसा है कि उस का समाधान कठिन है उदाहरणार्थ देखो मनु० अ० ४ श्लो० २५० । अ० ५ श्लो० ७-५० । अ० ११ श्लो० १५६-१५९ ॥

(२४) हिंसा और अहिंसा विधायक परस्पर विरोधी श्लोकों की समालोचना* मास्टर दुर्गा प्रसाद जी ने इस प्रकार की है। वह लिखते हैं कि मनुस्मृति के ५ वें अध्याय के आरम्भ में ही इस प्रश्न का उत्तर कि वेद और शास्त्र का अभ्यास रखने वाले किस प्रकार मृत्युवश हो जाते हैं (अर्थात वह सौ वर्ष की पूर्ण आयु पाने से पूर्व ही क्यों मर जाते हैं) अ० ५ श्लो० ४ में इस प्रकार दिया है कि "वेद के अभ्यास न करने, सदाचार के छोड़ देने, आलस्य, और अन्न के दोष से मृत्यु विप्रों को मार लेता है"। इस से पाया जाता है कि इन चार कारणों में से जो कारण इस स्थान पर विशेष रीति से विवक्षित है वह अन्न का दोष है और अनुमान यह होता है कि इस से आगे इस बात का व्याख्यान होगा कि किन अन्नों में दोष है और किन में नहीं ॥

(२५) इस प्रकार ५ वें अध्याय में उन अन्नों का बिधान होना चाहिये जो आयु को बढ़ाने वाले हों और ऐसे अन्न, धान्य, औषधि और फल आदि

* यह समालोचना अङ्क २४ से ३२ तक चली गई है ॥

ही हैं। महाभारत अनुशासन पर्व अ० ११५ श्लो० १२ में कहा है कि "जो मांस नहीं खाता और जो किसी को नहीं मारता और न मारने देता उस को स्वयंभू मनु ने सर्व भूतों का मित्र कहा है"। इस से मनु का अभिमत नियम अन्य शास्त्र की साक्षी से नियत होता है। और भी देखो उसी अध्याय के श्लोक ४०, ४१, ४३, ४०, ५०, ५८ और शान्ति पर्व मोक्ष धर्म अ० ६२ श्लो० ४, ५, ६, ८, ६, ११ जिन में हिंसा का निषेध किया है। और शान्ति पर्व अ० ६२ श्लो० ५ में स्पष्ट लिखा है कि "धर्मात्मा मनु ने सब कर्मों में अहिंसा ही कही है"। और इस से ऊपर के श्लोक में कहा है कि "मर्य्यादा रहित मूढ़ नास्तिकों ने पीछे से हिंसा का विधान कर दिया"। और शान्ति पर्व अ० ६४।६ में लिखा है कि "मदिरा मत्स्य पशुओं का मांस और मनुष्यों का बलिदान धूर्तों ने चलाया है। वेदों में उन का विधान नहीं"। इस साक्षी की पुष्टी स्वयम् मनु के अ० ४।१००, २८६। अ० १२।८३। अ० २।१००। अ० ४ श्लो० ८, २४६। अ० ६।१४, ६०। अ० १०।६३। अ० ५।४, ५, ६, ८, ६, १०, २१, २४, २५, ४५--५१, ५३, ५४, से होती है॥

(२६) पांचवें अध्याय के ५६ श्लोकों में भक्ष्याभक्ष्य का विषय है इन में से ३४ श्लोक मांस विधायक हैं अर्थात श्लो० ७, ११--२०, २२, २३, २६--४४, ५२, ५६ अब इनका समाधान निम्नस्थ अङ्कों में युक्ति पूर्वक किया जाता है॥

(२७) श्लोक ११--१८ में उन चतुष्पदों तथा पक्षियों को गिनाया है जिन का खाना विवर्जित है परन्तु आश्चर्य्य है कि उन में कहीं गौ का नाम नहीं आता। वेदों में गौ का नाम "अघ्न्य" अर्थात् "न मारने के योग्य" आता है। शूकर को अभक्ष्य में और गौ को एक प्रकार से भक्ष्य पशुओं में गिनाना इन श्लोकों में यावनी प्रभाव को सिद्ध करता है॥

(२८) श्लोक ११ वें में कहा है कि सब ग्राम्य पक्षी वर्जित हैं। परन्तु १२ वें श्लोक में कुक्कुट और चटक (चिड़िया) को प्रथम गिनाया है जो वास्तव में ग्राम के रहने वाले पक्षी हैं। इस प्रकार की भूल का मनु कैसे विद्वान से होना असम्भव है। मनु का शुद्ध और सुयुक्त पशु विभाग जो प्रथम अध्याय में कहा गया है इस बात को सिद्ध करता है कि यह भक्ष्याभक्ष्य पशुओं का विभाग उन का किया हुआ नहीं है॥

(२६) मनुस्मृति में यह सामान्य नियम पाया जाता है कि जब कोई नवीन प्रसंग आरम्भ होता है तो उस को पूर्व ही से जता दिया जाता है कि अब

यह विषय चलेगा और जब विषय समाप्त होता है तो उस को भी बताया जाता है कि अब यह विषय समाप्त हो गया उदाहरणार्थ देखो अ० ५ । ५०, ११० इत्यादि । इस नियम को दृष्टि में रख कर इस अध्याय के श्लोक २६ वें को देखा जावे तो उस में लिखा है कि "यह द्विजों का भक्ष्याभक्ष्य पूरा कहा गया अब यहां से मांस खाने न खाने की विधि कही जाती है" । इस से पाया जाता है कि इस से ऊपर मांस का चर्चा कहीं नहीं आया । परन्तु आश्चर्य्य है कि मांस का विधान ऊपर श्लो० ७, ११–२०, २२, २३ में आ चुका है जिस से इन सब मांस विधायक श्लोकों का प्रक्षिप्त होना सिद्ध है । और जब इस श्लोक से ऊपर द्विजों के खाने न खाने के पदार्थों का विषय पूरा २ वर्णन कर चुके तो फिर आगे मांस के खाने न खाने का विषय कैसे शेष रह गया । इस का यह अर्थ है कि यातो वह सब श्लोक जो भक्ष्याभक्ष्य विषय के हैं सब पीछे के बढ़ाए* हुवे हैं या यह कि अब शूद्रों का भक्ष्याभक्ष्य कहा जाता है । परन्तु ऐसा होता तो मनु जी अवश्य कहते कि "ऊपर द्विजों का भक्ष्याभक्ष्य कहा गया अब शूद्रों का भक्ष्याभक्ष्य कहते हैं" । परन्तु मनु ने ऐसा नहीं कहा किन्तु मांस के खाने न खाने की विधि कहने की प्रतिज्ञा की जाती है । इस लिये यह प्रतिज्ञा और उस की पूर्त्ति दोनों ही बनावटी हैं क्योंकि मांस के खाने न खाने के विषय में अपना नियम ऊपर लिख कर फिर उसी विषय को दूसरी बार कहना स्पष्ट हस्तक्षेप है ॥

(३०) पूर्वापर संगति देखी जावे तब भी इन श्लोकों का पीछे से बढ़ाया जाना सिद्ध होता है यथा श्लोक ५, ६ में शाक फलादिक का वर्णन आरम्भ किया फिर श्लोक ३ के द्वितीय अर्द्ध भाग से दूधों का वर्णन चलता है और वह श्लोक ८, ९, १०, २४, २५ में मिलता है । परन्तु उन के बीच में श्लोक ७, ११–२३ इस प्रकार असंगत बढ़ाये गये हैं कि दुग्ध विषय का क्रम सर्वथा टूट गया और विषय असंगत और असमंजस हो गया । २२, २३ वें श्लोक में प्राचीन काल की रीति का वर्णन करना बनावटी साक्षी उत्पन्न करने की उद्यमता को प्रकट करता है । जो विषय १० वें श्लोक पर छुट गया था वह २४, २५ वें श्लोक में आकर फिर ठीक मिल जाता है जिस से बीच के श्लोकों का प्रक्षिप्त होना स्पष्ट सिद्ध है । इस प्रकार मनु की खाने की वस्तुवों में शाक, फल, फूल, और यव, गोधूम आदि धान्य, दूध और दूध से बनने वाले पदार्थ ही हैं अन्य कोई पदार्थ नहीं ॥

* अध्याय १ श्लो० ११३ पर विचार करने से यह निश्चय और भी दृढ़ होता है ॥

(३१) इससे आगे अन्य क्षुद्र हेतुओं से अतिरिक्त श्लोक ३० में एक हेतु मांस खाने के लिये यह दिया है कि "विहित पशुओं को नित्य प्रति खाने से भी मनुष्य अपराधी नहीं होता क्योंकि खाने वाले और खाये गये दोनों को ईश्वर ने बनाया है"। यह युक्ति बहुत तुच्छ है। युक्ति की निर्बलता और कपोल कल्पना इसी से प्रकट है कि इस श्लोक में नित्य प्रति खाने की आज्ञा देकर अगले श्लोक में केवल यज्ञ के मांस को विहित बताया है। सत्य है कि मिथ्यावादी की स्मृति शुद्ध नहीं होती॥ फिर ३२ वें श्लोक में कहा है कि "देव, पितर, और आचार्यों का अर्चन करके मांस खाने में कुछ दोष नहीं"। विरोधों का यह एक ऐसा अद्भुत समूह है कि जिसे साधारण बुद्धि का मनुष्य भी सहन नहीं कर सकता। परन्तु जब ३४ वें श्लोक को देखा जाता है तो यह विरोध और भी अनर्गल हो जाता है। उस में लिखा है कि "जो धन के लिये मृग अर्थात् पशु को मारे उस को इतना पाप नहीं होता जितना कि यज्ञ के बिना वृथा मांस खाने वाले को मरने के पश्चात् होता है"। यह श्लोक ५१ वें से सर्वथा विरुद्ध है। ३० वें श्लोक में लिखा है कि "वृथा पशु मारने की इच्छा न करे। खाने की इच्छा हो तो घी या आटे का पशु बना लेवे"। इसी प्रकार के और असमञ्जस श्लोक हैं। श्लोक ३८ और ३० का परस्पर विरोध है। श्लोक ४१ वें में आतिथ्य, यज्ञ, और पितृकर्म में पशु का मारना मनु के प्रमाण से कहा गया है जिससे सिद्ध होता है कि यह और इसी प्रकार के अन्य श्लोक किसी अन्य पुरुष के बनाए हुए हैं और निःसन्देह वह अन्य पुरुष भृगु जी नहीं है किन्तु कोई और ही है। ३९ वें श्लोक में सब पशुओं का यज्ञ के लिये पैदा किया जाना कहा है। यह व्याख्यान इन श्लोकों को असमञ्जस, अनर्गल, अयुक्त, और अनर्थकारी सिद्ध करने के लिये किया गया नहीं तो इन सब का बनावटी और प्रक्षिप्त होना ऊपर अङ्क २९, ३० में भली प्रकार सिद्ध हो चुका है॥

(३२) ४९वें श्लोक में सर्व मांस भक्षण का निषेध किया है। और ५३ वें श्लोक में कहा है कि "जो पुरुष सौ वर्ष तक प्रति वर्ष अश्वमेध यज्ञ करे और वह जो मांस न खावे इन दोनों के पुण्य का फल समान है"। जिस से सिद्ध होता है कि यज्ञ में भी हिंसा करना वा मांस खाना उचित नहीं। यदि अश्वमेध यज्ञ में पशु मारा जाता तो उस का अहिंसा वा मांस न खाने के साथ तुलना करना निरर्थक है। क्योंकि दो सर्वथा विरुद्ध कर्मों या कर्माङ्गों की सदृशता या समानता कोई बुद्धिमान पुरुष नहीं करता। अन्त के ५५ व ५६ श्लोक

भी प्रक्षिप्त हैं । ५६ वें श्लोक में अद्भुत रीति से मांस विधायक श्लोकों का बढ़ाने वाला निषेध करने वालों के साथ राज़ीनामा करना चाहता है क्योंकि वह दबे शब्दों में मांस के निषेध की उत्तमता को स्वीकार करता है ॥

(३३) अ० ५ श्लोक ५६ में लिखा है कि "सुरापान और मांस भक्षण में कोई दोष नहीं है" । परन्तु अ० ६ श्लोक २३७—२४० में सुरापान करने वाले के लिये दण्ड लिखा है । और अ० ११ श्लोक ६३, ६४, ६६, ६७, ६८ वें में सुरापान की निन्दा की है । अ० ११ श्लोक ६५ वें में सुरा और मांस को यक्ष राक्षस और पिशाचों का अन्न बतलाया है । और अ० ११ श्लोक १४६—१५५ में मांस खाने और सुरा पीने पर प्रायश्चित लिखे हैं जिन से सिद्ध होता है कि मनुस्मृति में जितने श्लोक मांसाशन और सुरापान विधायक हैं वह सब प्रक्षिप्त और पीछे के बढ़ाए हुए हैं ॥

(३४) अ० ३ श्लोक २६८—२७२ में श्राद्ध में मांस की हवि से पितरों की विशेष तृप्ति कही है परन्तु अ० ११ श्लोक १५६—१५८ में श्राद्ध में मांस खाने का प्रायश्चित कहा है ॥

(३५) स्त्री के पुनर्विवाह के विषय में भी प्रसिद्ध मनुस्मृति में परस्पर विरोध पाया जाता है उदाहरणार्थ देखो मनु० अ० ५ श्लोक १५७, १६०—१६५। अ० ६ श्लोक ६५, ७६, १०५, १०६, १६१ ॥

(३६) पुरुष के विषय में किसी २ श्लोक से पाया जाता है कि पहिली स्त्री के होते हुए पुरुष का पुनर्विवाह नहीं हो सकता और कहीं पुनर्विवाह की स्पष्ट आज्ञा और विधान पाया जाता है (देखो मनु० अ० ५ श्लो० १६७। अ० ८ श्लो० २०४ । अ० ६ श्लो० ७७—१०१, १०२) ॥

(३७) ब्राह्मण के शूद्रा स्त्री के साथ विवाह करने के विषय में भिन्न २ आशय के श्लोक पाये जाते हैं (देखो मनु० अ० ३ श्लोक १३—१६। अ० ६ श्लो० १४८—१५५, १७८ । अ० १० श्लोक ६४—६७) यह श्लोक प्राचीन प्रतीत होते हैं क्योंकि अब उनके अनुसार व्यवहार नहीं होता ॥

(३८) अ० ३ श्लोक १२—१६ अ० ६ श्लोक ४५, १०१ से प्रतीत होता है कि द्विज के लिये केवल एक विवाह करना उचित है । परन्तु अ० ६ श्लोक ८५, १२५, १४८—१५८, १८३ । अ० १० श्लोक १०। अ० ३ । १३ से पाया जाता है कि ब्राह्मण प्रतिवर्ण एक २ अर्थात् ४ स्त्रियां इसी प्रकार क्षत्रिय ३ और

वैश्य २ विवाह सकता है। इसे चाहे विरोध समझ लीजिये या दो प्रकार की विधि परन्तु यह स्पष्ट है कि एक से अधिक और अन्य वर्ण की स्त्रियों से विवाह करना किसी काल में भी अच्छा नहीं समझा गया क्योंकि स्वयम् मनुस्मृति में इसको आपद्धर्म कहा है (देखो अ० ३ श्लोक ३३६) अ० १० श्लोक ६--७३ में ऐसे सम्बन्धों और उनसे उत्पन्न हुई सन्तान की निन्दा की है। अ० ३ श्लोक १२ में अपने ही वर्ण की कन्या को श्रेष्ठ कहा है और अ० ३ श्लोक १४, १५ में इससे विरुद्ध कहा है और श्लोक १६ में कहा है कि ब्राह्मण शूद्रा से विवाह करने पर पतित हो जाता है॥

(३६) जब कोई ऊंचे वर्ण का द्विज नीचे वर्ण की स्त्रियों से विवाह करे तो दाय भाग में सब पुत्रों को समान भाग नहीं मिलता परन्तु मनु० अ० ६ श्लोक १४६—१५४ में माता के वर्णों के अनुसार न्यूनाधिक भाग नियत किया है। सूत्रकार ऊंचे वर्ण के पुरुष का नीचे वर्ण की स्त्री के साथ विवाह होना विहित बताते हैं परन्तु सन्तान में भेद रक्खा है। किसी का मत है कि नीचे वर्ण की माता का पुत्र बड़े वर्ण की माता के पुत्रों के साथ समान भाग पावे और किसी का मत है कि ऊंचे वर्ण की माता से सन्तान न हो तब उन को भाग मिले और एक मत यह है कि उनको केवल थोड़ा सा भाग दिया जावे और एक मत है कि नीचे वर्ण के पुत्रों को केवल आजीवका मात्र दिया जावे (देखो बौद्धायन सूत्र २। २। ६, ७, २१। गौतम २८। ३६। वासिष्ठ १०। २१, २५) परन्तु मनुस्मृति में इस विषय का बड़ा बिरोध पाया जाता है जिससे सिद्ध होता है कि प्रसिद्ध पुस्तक में भिन्न २ काल के बने हुए श्लोक संयुक्त हैं। कहीं तो विवाह का निषेध किया है और कहीं आज्ञा है। एक स्थान में ऐसे पुत्र को दायभागी बताया है और दूसरे स्थान में वर्जित कर दिया है(देखो मनु० अ० ३ श्लोक १२, १६ अ० ६ श्लोक ४३–१५५। इसी विषय में देखो नारदस्मृति अ० १२ श्लोक ४—६। याज्ञवल्क्य अ० १ श्लोक ५६, ५७। स्मृति चन्द्रिका २। २। ८) परन्तु इस प्रकार के विवाह का विहित होना मनु से सिद्ध है क्योंकि एक स्थान पर लिखा है कि ऐसी सन्तान ७ जन्मों में ऊंचे वर्ण में आ जाती है (मनु० अ० १० श्लोक ६४, ४२) और भी स्पष्ट लिखा है कि शूद्र पुरुष ऊंचे वर्ण की स्त्री से विवाह नहीं कर सकता देखो (मनु० अ० ३ श्लोक १३। अ० ६ श्लोक १५७)॥

(४०) अ० ६ श्लोक ७६ में लिखा है कि जिसका पति दूर देश में गया हो वह उसके बाहर जाने के प्रयोजन के अनुसार ८ या ६ या ३ वर्ष तक प्रतीक्षा

करे परन्तु यह नहीं लिखा कि इतने समय के व्यतीत होने पर फिर क्या करे कुल्लूक भट्ट ने टीका में लिखा है कि "इस काल के व्यतीत हो जाने पर स्त्री उस के पीछे ढूंढने के लिये चली जावे"। अनुमान है कि कुल्लूक ने यह बात वसिष्ठ स्मृति अ० १० श्लोक ७५—८० के अनुसार लिखी है। नारद स्मृति में जहां यह विषय आता है उस से प्रतीत होता है कि नारद के पास प्राचीन मनुस्मृति विद्यमान थी क्योंकि उस में ऐसी दशा प्राप्त होने पर लिखा है कि इन पांच दशाओं में स्त्री दूसरा पति कर सकती है अर्थात् (१) जब पहला पति मर जावे (२) या नष्ट हो जावे (३) या देशान्तर चला गया हो (४) या नपुन्सक हो (५) या पतित हो गया हो (देखो नारद स्मृति अ० १२ श्लोक ९७—१०१) फिर इस के पश्चात् प्रतिज्ञा काल नियत किया है और अन्त में यह लिखा है कि "इस काल के व्यतीत हो जाने पर स्त्री दूसरे पति को प्राप्त हो"। इस प्रकार यह नियम पूर्ण हो जाता है परन्तु प्रसिद्ध मनुस्मृति में यह नियम सर्वथा अपूर्ण है॥

(४१) यदि अ० ९ श्लोक ७६ के अनन्तर इस प्रकार का नियम होता जैसा कि ऊपर लिखा गया है तो श्लोक १०५, १०६ भी सार्थक हो जाते और उन का अभिप्राय भी स्पष्ट हो जाता और विरोध न रहता। परन्तु विदित होता है कि जब दूसरे विवाह की मर्य्यादा न रही तो दूसरे विवाह के विधान करने वाले श्लोक छोड़ दिये गये और उस के विरुद्ध निषेध करने वाले श्लोक संयुक्त कर दिये गये और इसी कारण श्लोक १०५, १०६ निरर्थक हो गये परन्तु उन को केवल "कानीन पुत्र" की संज्ञा के लिये रखना पड़ा क्योंकि पुत्रों की सूचि में पहले कानीन पुत्र* को गिना चुके हैं। इस प्राचीन नियम के विरुद्ध नवीन मर्य्यादा का प्रचार मनुष्य की स्वार्थ बुद्धि का फल है और इसी स्वार्थ साधक नियम के कारण ईसाइयों के दोनों सम्प्रदायों अर्थात् रोमन कैथलिक और प्रोटेस्टेण्ट में भी तलाक़ (स्त्री त्याग) के पश्चात् स्त्री के विवाह की आज्ञा वा निषेध के विषय में मत विरोध हो गया है॥

* मनुस्मृति ९। १२७–१४०, १५८–१८४। बौद्धायन १७। २, १०–२४। गौत्तम २८। ३२, ३३। वासिष्ठ १७। ९–२२। विष्णु० १५। १–२७। नारद० १३। १७–२०, ४५–४७। देवल ३। १५३। यम ३। १५४। याज्ञवल्क्य २। १२८–१३२। मिताक्षरा १। ११। कालिका पुराण ३। १५५। शंख व लिखित ३। १५१। हारेत ३। १५२। वृहस्पति ३। १६२–१७१। ब्रह्म पुराण ३। १७४॥ परन्तु आपस्तम्भ २। ४, १३, १–११ में केवल असली पत्र को माना है॥

(४२) स्त्री के दूसरे पुरुष के साथ नियोग करके अपने पति के लिये सन्तान उत्पन्न करने का विषय भी प्राचीन काल से सम्बन्ध रखता है जब कि उसका प्रचार था उसके अन्तिम उदाहरण महाभारत अर्थात् कलियुग के आरम्भ में मिलते हैं। यह और शूद्रा स्त्री से ब्राह्मण के विवाह का नियम सर्वथा भिन्न भिन्न कालों के प्रतीत होते हैं। मनु ने इसे आपद्धर्म कहा है अर्थात् यह धर्म नहीं है (देखो अ० ९ श्लोक ३३६)। दूसरे पुरुष से सन्तान उत्पन्न करने का विषय मनुस्मृति के अ० ९। ५९-६६, १२०, १४३, १६२-१६५, १६०, १९०, १९१, २०३ में पाया जाता है परन्तु इसके विरुद्ध भी नियम पाया जाता है (उदाहरणार्थ देखो अ० ५। १५९-१६६। अ० ९। २९, ३०*, ६४) विशेषता यह है कि अ० ९। १७५, १७६ में पुनर्विवाह की आज्ञा भी पाई जाती है॥

(४३) अ० ९। १८ अ० २। ६६ में स्त्री का संस्कार अमन्त्रक कहा है और अ० ३। १२१ में स्त्री को बलिवैश्व देव बिना मन्त्र करना लिखा है और अ० २। ६७ में स्त्री का वेदाध्ययन केवल पतिसेवा और उपनयन केवल विवाह और सायं प्रातः का हवन केवल गृहकृत्य कहा है परन्तु अ० ११। ३६ से सिद्ध होता है कि स्त्री यज्ञ में "होता" होती थीं क्योंकि उसमें कहा है कि युवति कन्या होता का काम न करे तो अर्थापत्ति से सिद्ध हुवा कि वृद्धा स्त्री ऐसा कर सकती है। अ० ६। ३ में स्त्री का वानप्रस्थ लिखा है और अ० ५। १६८ में स्त्री का दाह कर्म स्मार्त अग्नि और यज्ञ पात्रों सहित कहा है और प्रसिद्ध मनुस्मृति के अ० ११। ८७ से आगे एक श्लोक था जो अब भी किसी २ पुस्तक में मिलता है और जिस को किसी काल में स्त्री को निकृष्ट कोटि में रखने के लिये निकाल दिया गया वह श्लोक यह है।

जन्म प्रभृति संस्कारैः संस्कृता मन्त्र वाचया।
गर्भिणीत्वथवास्यात्ता मात्रेयीं च विदुर्बुधः॥

(अर्थात्) जो जन्म से लेकर संस्कारों से संस्कृत और मन्त्र पढ़ने वाली स्त्री वा गर्भिणी हो उसे विद्वान लोग आत्रेयी कहते हैं॥

(४४) स्त्री विषयक प्रसिद्ध मनुस्मृति में दो प्रकार के लेख पाये जाते हैं एक निन्दा परक जिन में स्त्रियों को निकृष्ट बताया है और दूसरे स्तुति परक

* अ० ९ श्लो० २९, ३० द्वितीय बार आये हैं यह श्लोक इसी प्रकार पहले अ० ५ में आ चुके हैं देखो श्लोक १६४, १६५॥

जिन में स्त्रियों की महिमा और उन का सन्मान किया है। स्तुति परक श्लोक इस प्रकार हैं यथा अ० २ । १४५ जिस में १० अध्यापक के तुल्य एक आचार्य्य और १०० आचार्यों के तुल्य पिता और १००० पिताओं के तुल्य माता का गौरव बताया है। अ० ६। २२—२५ में नीच वर्ण की स्त्रियों का भी ऋषियों के साथ सम्बन्ध होने से उत्तम गुण हो जाना लिखा है। अ० ६। २६-२९ में स्त्रियों की प्रशंसा की है। अ० ६। २८ में सब धर्म कार्य्य स्त्री आधीन कहे हैं। अ० ३। ५४—६६ में यह आज्ञा की गई है कि स्त्री को सदैव प्रसन्न रखना चाहिये। अ० ६। ६१, ६२ में सुयोग्य कन्याओं को स्वयम्बर की आज्ञा दी है। अ० २। २२३ में ब्रह्मचारी के लिये लिखा है कि स्त्री या शूद्र से भी कोई अच्छी गुण की बात सीखे। अ० ५। १३९ से स्त्री और शूद्र दोनों का सन्ध्योपासन करना पाया जाता है क्योंकि उस में स्त्री के लिये आचमन विधि लिखी है। अ० २। ३३ में स्त्री का नामकर्ण संस्कार पाया जाता है। और अ० २। १२९-१३३ में स्त्रियों के अभिवादन का नियम लिखा है। इस कारण इन श्लोकों के सन्मुख जो श्लोक स्त्री को अपने अधिकार से गिराने वाले अथवा उस का अनादर करने वाले हैं वह कदापि ठीक नहीं हो सकते यथा अ० ६। २, १२, १८, ६६। अ० ५। १५५ अ० ३। १२१। अ० २। ६७ इत्यादि॥

(४५) अ० ६। ९३-९७ में शुल्क अर्थात् रुपया लेकर बेटी के विवाह करने की आज्ञा पाई जाती है और अ० ३। २९, ३१ में कन्या को रुपया देकर मोल लेना भी विवाहों में माना गया है परन्तु अ० ६। ९८, १०० में कन्या पर शुल्क लेने का सर्वथा निषेध किया है और अ० ३। ५१ में कन्या के बेचने में बड़ा भारी दोष बताया है और अ० ३। ५२ में स्त्री वा कन्या का धन लेना बुरा कहा है और अ० ३। ५३ में बड़े बल पूर्वक कहा है कि वर से कुछ लेना नहीं चाहिये और अ० ३। ५४-५६ में कन्या को धन देने और स्त्री को भूषण तथा वस्त्रादि से भूषित करने की आज्ञा है॥

(४६) अ० ३। २९ में आठ प्रकार के विवाहों में से आर्ष विवाह का लक्षण इस प्रकार लिखा है कि "गो मिथुन अर्थात् एक गौ और एक बैल की जोड़ी अथवा दो जोड़ी धर्म से लेकर विधि पूर्वक कन्या का दान करना आर्ष धर्म्म कहलाता है"। फिर आगे चलकर अ० ३। ५३ में लिखा है कि "आर्ष विवाह में कोई कहते हैं कि एक गौ और बैल की जोड़ी शुल्क लेले सो यह मिथ्या ही है क्योंकि थोड़ा ले वा अधिक वह कन्या का बेचना ही है"। अब

विचारणीय यह है कि इस पिछले श्लोक में "कोई कहने वाला" कौन है यदि यह कहें कि पहले अर्थात् ५३ वें श्लोक में जो कथन कर आये हैं वह किसी दूसरे आचार्य्य का बचन है तो इसका उत्तर यह है कि मनुस्मृति में इस श्लोक को किसी अन्य आचार्य्य के नाम से नहीं लिखा जैसा कि अ० ८।१४० में कुसीद विषयक वासिष्ठ का बचन लिखते हुवे उस ऋषि का नाम स्पष्ट लिख दिया है। असुर विवाह का लक्षण भी यही लिखा है कि कन्या के सम्बन्धियों वा उस के पिता को वा स्वयम् कन्या को शक्ति अनुसार धन दे कर जो विवाह किया जाता है वह असुर विवाह है। विशेषता यह है कि आर्ष विवाह को उत्तम विवाहों में रक्खा है और उस को ब्राह्मणों के लिये विहित किया है। इस परस्पर विरोध के विद्यमान होते हुवे कदाचित साम्प्रत रुपया लेने की रीति को विहित करने के लिये एक श्लोक और मिलता है जिस में परस्पर विरोधी विधानों के बीच में "राज़ीनामा" कराने का उद्योग किया है वह (अध्याय ३ का श्लोक ५४) इस प्रकार है "जिन कन्याओं के लिये प्रीति कर के वर के दिये हुवे धन को पितादिक ग्रहण नहीं करते किन्तु कन्या ही को दे देते हैं वह बेचना नहीं है वह केवल उन कन्याओं का पूजन है कोई क्रूर कर्म्म (जुल्म) नहीं है"। न्यायशील धर्मज्ञ पुरुष स्वयम् व्यवस्था दे सकते हैं कि कन्या के नाम पर रुपया लेना कदाचित मनु जी विहित कर सकते थे जब कि उन्हों ने एक बार कन्या बेचने का सर्वथा निषेध कर दिया॥

(४७) अ० ९। ९४ वें में लिखा है कि "३० वर्ष का पुरुष १२ वर्ष की मनोहर कन्या से और २४ वर्ष का पुरुष ८ वर्ष की कन्या से विवाह करे इसके विरुद्ध करने से धर्म की हानि होती है"। परन्तु अ० ९।८९, ९० में लिखा है कि "ऋतु काल के पश्चात भी तीन वर्ष पर्य्यन्त अच्छे वर के मिलने की उदीक्षा करे और यदि गुणवान वर न मिले तो आयु भर कन्या कुमारी रहे तो कुछ शोच नहीं"। इससे अतिरिक्त सुश्रुत शरीर स्थान में ऋतु कालादि का विचार करके वर और कन्या का विवाह काल यथाक्रम २५ और १६ वर्ष नियत किया है॥

(४८) इसी प्रकार शूद्र के विषय में भी द्वैविध पाया जाता है। अ० ४। ६१ में शूद्र की निन्दा की है। अ० ४। ८० में कहा है कि शूद्र को धर्म न सुनावे। अ० ८। २० में कहा है कि शूद्र को न्याय का अधिकार न दे। अ० ८। २७०, २७१, २८१-२८३ में शूद्र के लिये अत्युग्र दण्ड रक्खा है विशेषतः जब कि वह ब्राह्मण का अनादर करे। परन्तु इनके विरुद्ध बहुत से श्लोक

पाये जाते हैं जिन में शूद्रों का सन्मान और उनके अधिकार को माना है यथा अ० ५। १४० में शूद्र के संस्कार करने की आज्ञा है। अ० २। ६२, ५, १३९ में शूद्र के लिये आचमन विधि लिखी है जिससे उसका संध्योपासन आदि करना भी सिद्ध है। अ० १०। १२१, २१८ में शूद्र को धर्म में अधिकार कहा है। अ० ९। ३३५ व अ० १०। ६५ में शूद्र का ऊंचे वर्ण को प्राप्त होना स्पष्ट लिखा है। अ० ८। ११३ में शूद्र को 'सर्व पातक' के शपथ दिलाने का विधान है। अ० ८। ३३७, ३३८ में चोरी का दण्ड शूद्र के लिये ब्राह्मण से द्वादशांश रक्खा है और आपत् काल में वैश्य को शूद्र वृत्ति करने की आज्ञा दी है और उसको बुरा नहीं समझा गया॥

(४९) अ० ४। २२३ में शूद्र के घर के पक्वान्न खाने को भी वर्जित किया है। और अ० ४। २५३, २५४ में शूद्र के अन्न के खा लेने की आज्ञा दी है निषेध नहीं किया और न उसको बुरा समझा गया है॥

(५०) अ० ८। ४१३, ४१४ में शूद्र का दासवत् क्रय विक्रय लिखा है जिस से "बरदा फ़रोशी" की गंध आती है परन्तु अ० ९। १०९ में शूद्र और दास का पृथक होना सिद्ध होता है। शूद्र के अधिकार और उसकी स्वच्छन्दता विषय में मनु के अन्य स्थलों में दृढ़ लेख विद्यमान हैं जिन से दास क्रय विक्रय विषयक श्लोकों के प्रक्षिप्त होने में कोई सन्देह नहीं हो सकता उदाहरणार्थ देखो अ० ११। ४२, ४३ व अ० १०। २७ जिनका प्रमाण आगे भी दिया जावेगा॥

(५१) अ० ८। ४१७ में लिखा है कि शूद्र दास से ब्राह्मण सब धन छीन लेवे क्योंकि अ० ८। ४१६, ४१८ में लिखा है कि शूद्र और दास का कुछ धन नहीं होता। और अ० १०। १२९ में लिखा है कि शूद्र धन सञ्चय न करे परन्तु अ० ११। ३४ व अ० ९। २२९, अ० ११। १३, अ० १०। २७, अ० ११। ४२, ४३ आदि से शूद्र का धनवान होना पाया जाता है जैसा कि आगे सिद्ध किया गया है॥

(५२) अ० ११। २४, ४२, ४३ में लिखा है कि यज्ञ के लिये शूद्र से धन न ले। और अ० ३। १०९ में लिखा है कि शूद्र से दान न ले क्योंकि निन्दित है परन्तु अ० ११। १३ में लिखा है कि शूद्र से यज्ञ के लिये जो वस्तु आवश्यक हो लेवे। और अ० १०। २७ में लिखा है कि वैश्वानरी इष्टि (यज्ञ) के लिये शूद्र से धन ले लेवे॥

(५३) अ० ८। ४१६ में दास तथा पुत्र और स्त्री को निर्धन कहा है। और अ० ९। १९३, १९४, १९५ में स्त्री धन की व्याख्या लिखी है। और अ० ९। २०६ में मधुपर्कादि के दान को पुत्र का धन बताया है और दास और शूद्र के विषय में हम ऊपर लिख चुके हैं॥

(५४) अ० ७। ४३ में तर्क विद्या की चर्चा है अ० २। १११ में परिषद में हैतुक और तर्की संयुक्त किये हैं। और अ० १२। १०६ में लिखा है कि वही मनुष्य धर्म को समझ सकता है जिसने वेद और शास्त्रानुकूल तर्क से उसका निश्चय किया हो परन्तु अ० २। ११ व अ० ४। ३० में तर्क की निन्दा की है। और अ० २। १० में स्पष्ट शब्दों में श्रुति और स्मृति दोनों को "अमीमांस्य" अर्थात् तर्क से परे कहा है॥

(५५) ब्राह्मणों के सन्मान, योग्यता और धर्मादि के विषय में प्रसिद्ध मनुस्मृति में दो प्रकार के लेख पाये जाते हैं एक वह जिन में अत्युक्ति और आक्षेप पाया जाता है और दूसरे वह जो समुचित न्याय युक्त और बुद्धि ग्राही हैं। इन में से प्रथम कक्षा के श्लोक यह हैं अ० १। ९७। अ० २। २८, १६२। अ० ११। ६, ३५, २०६, २०७, २३१। अ० ७। १३३, १४४। अ० १२। ७१। अ० ८। १०२। अ० १०। ७५--७७, ८०--८२, १०१, १०२। अ० २। २७--६७, ७६--८७, १२१, १५०, १५३--१८०, १८७--२४६। अ० ६। १२, २४। अ० ३। १--१५, ६७, ८१, १३३--१३७, १४२--१६६। अ० ६। ४५, १०१। अ० ४। १४७, १८६--२०० इत्यादि इत्यादि। और वह श्लोक जिनमें अत्युक्ति और ऊपर लिखे हुवे श्लोकों से विरोध पाया जाता है और जिनको इसी कारण से प्रक्षिप्त मानना अनुचित नहीं यह हैं अ० ९। ३१३--३१९। अ० ११। ८४, ३१--३३, ४०, २०६, २०७। अ० ४। १६५। अ० १। १००। अ० ३। २२१, २३१, २३३। अ० १०। १०१--१०८॥

(५६) अ० ९। १८८ में लिखा है कि जिस धन का कोई स्वामी न हो उसको ब्राह्मण लेवे परन्तु उससे अगले अर्थात् १८९ वें श्लोक में लिखा है कि ब्राह्मण को छोड़ कर शेष सब वर्णों के स्वामी रहित धन को राजा लेवे। अब विचारणीय यह है कि राजा और ब्राह्मण के बीच में इस विषय का किस प्रकार निर्णय होगा॥

(५७) अ० ११। १९३, १९४ में दान लेने की निन्दा और उसका प्रायश्चित लिखा है। और अ० ४। १८६ में भी दान लेने वाले की निन्दा की है

परन्तु अ० १ । १०० में लिखा है कि जो कुछ इस संसार में है वह सब ब्राह्मण का धन है। और अ० ११ । ४० में लिखा है कि जब तक बहुत सी दक्षणा देने को न हो तब तक यज्ञ न करे ॥

(५८) अ० ८ । १११ में मिथ्या शपथ का सर्वथा निषेध किया है परन्तु अ० ८ । ११२ में कई अवसर ऐसे गिनाये हैं कि जिन पर झूटे शपथ का निषेध नहीं ॥

(५९) अ० ५ । १५९, १६० में लिखा है कि पुत्र के बिना भी स्वर्ग में जा सकता है पुत्र का होना आवश्यक नहीं। परन्तु अ० ९ । १३८ में नरक से पार उतरने के लिये पुत्र का होना आवश्यक बताया है। और अ० ६ । ३६ में लिखा है कि बिना पुत्र सन्यास न लेवे परन्तु यह विदित नहीं होता कि जिस दशा में स्त्री भी वानप्रस्थ में साथ जाती थी तो उस अवस्था में पुरुष के सन्यास लेने पर स्त्री का क्या होता था ॥

(६०) अ० ११ । ६७ में पुरुष मैथुन को जाति भ्रंश कर लिखा है। परन्तु अ० ११ । १७४ में पुरुष मैथुन का प्रायश्चित स्नान मात्र लिखा है जो वास्तव में कुछ भी प्रायश्चित नहीं ॥

(६१) प्रसिद्ध मनुस्मृति में कितनाही हस्ताक्षेप हुवा हो परन्तु उस में शिव गणेशादिक की* मूर्ति, मन्दिरों, देवी, देवता, शक्तियों वा सति आदिकों का कहीं चर्चा नहीं है और उसमें ऐसे शब्द अलङ्कार और वचन भी पाये जाते हैं जो वेदों से भिन्न और कहीं नहीं मिलते यथा अ० १ । ८७—१०१, १६१ व अ० ६ । २४५, ३०३—३११ में वैदिक देवताओं के नाम आये हैं और निम्नस्थ श्लोकों में वेद का स्पष्ट रीति से चर्चा किया गया है अ० १ । २३ । अ० २ । १०, ८१ । अ० ६ । ८३ । अ० ४ । १२३—१२५ । ९५—९७, १०० । अ० ३ । १४५, १८८ । अ० १२ । ९४, १०३ । अ० ११ । ३३, २६४, २६५, ७७, २००, २५८, २६२ इत्यादि ॥

(६२) प्रोफेसर विलसन साहिब की सम्मति है कि अहिंसा विधायक श्लोक और वह श्लोक जिन में चीन का नाम आता है अनुमान से बुद्ध के

---

* मनु अ० ३ । १५२ में देवलक शब्द आता है जिसका अर्थ प्रतिमा प्रचारक है परन्तु उसमें उन को त्याग करने की आज्ञा है। अ० ९ । २८५ में प्रतिमाओं के तोड़ने वाले को दंड लिखा है। स्वामी जी ने इससे बट्टों के कम रखने का दंड अर्थ लिया है अ० २ । १७६ में देवार्चन से कुल्लूक ने प्रतिमा आदि में हरिहर आदि की पूजा अर्थ लिया है परन्तु वास्तव में उससे हवन यज्ञ तात्पर्य है ॥

पीछे बढ़ाये गये और धर्म के दश नियम जो मनुस्मृति में लिखे हैं उनका वह आदि सृष्टि से सम्बन्ध बताते हैं चाहे सृष्टि के आदित्व विषय में उनकी कुछ ही मति हो॥

(६३) अ० १० । ८—५१ में वर्ण संकरों की सूची दी है इस सूची में वैद्य, मत्स्य घातक, कूराचारी, बिलों में रहने वाले जन्तुओं का बध तथा बन्धन करने वाले, वणिक पथसेवी, अश्व शिक्षक, सार्थी, अन्तःपुर कर्मचारी, वाद्धिक, त्वष्टा, कुत्ते और गधे वाले, चर्म बिक्रेता, ग्रामबाह्य निवासी, गायक, बाजा बजाने वाले, भाण्ड वादिन, घड़ियाली, कैवर्त (खेवट), चर्मकार, अरण्य पशु हिंसक, सूप पंखादि बनाने वाले, वेत और नरसल का काम करने वाले, पापजीवी (जल्लाद), बन्दी गृहभृत्य, श्मशान सेवक, इत्यादि गिनाये हैं। परन्तु यह सूचि न तो उस समय की प्रतीत होती है जब कि मनु ने प्रथम धर्म का उपदेश किया और न इस समय की क्योंकि अब वर्ण संकरों की संख्या इससे भी अधिक हो गई है। इससे अतिरिक्त यह भी विचारणीय है कि आजीवका विशेष का संकर विशेष के साथ सम्बन्ध प्रकट करना कहां तक ठीक है॥ और जो शैली संकरों के अन्तर संकरों की इन श्लोकों में दिखाई है वह कुछ इस प्रकार की है कि उसका कहीं अन्त ही नहीं आसकता और फिर वह विषय धर्म शास्त्र के विषयों से निकल कर केवल इतिहास का विषय रह जाता है और यही कारण है कि इस वर्ण संकर के विषय को प्रथम महाभारत में और फिर उससे भी अधिक पुराणों में बड़े विस्तार के साथ लिखा है। उन के सन्मुख मनु की वर्ण संकर सूचि कुछ भी नहीं है। इससे सिद्ध है कि काल के साथ संकरों की वृद्धि होने से यह विषय कदापि धर्म शास्त्र का विषय नहीं हो सकता। पुराणों में ही उसकी शोभा है॥ इति शम्॥

नक्षत्र तथा राशि

राशि वास्तव में क्रान्तिवृत्त के (जिसमें सूर्य भूमि की परिक्रमा करता दिखलाई देता है) १२ कल्पित भाग हैं। इसी प्रकार उस्को २७ भागों में विभक्त करके नक्षत्र नाम रक्खा हुआ है। एक राशि में सवादो नक्षत्र होते हैं और एक २ नक्षत्र के ४ भाग होते हैं जिन्हें चरण कहते हैं। चन्द्रमा प्रतिदिन एक नक्षत्र चलता है। राशि और नक्षत्रों के नाम यह हैं:—

राशि;—मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ, मीन ॥

नक्षत्र:—अश्विनी, भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषक, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती ॥

कल्प वा सृष्टि संवत्

शतं तेऽयुतं हायनान्द्वे युगे त्रीणि चत्वारि कृण्मः ।

अथर्व काण्ड ८ अनु० १ मं० २१

अर्थ—इस से पूर्व सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन करते हुए परब्रह्म उपदेश करते हैं कि "सृष्टि की स्थिति का हिसाब समझने के लिये इस प्रकार जानो कि वे वर्ष दशहज़ार सैकड़ा अर्थात् दश लाख तक शून्य देने के पश्चात् २, ३, ४, क्रम से लगाने से प्राप्त होते हैं, ४३२०००००० ॥

इस से स्पष्ट सिद्ध है कि सृष्टि (दुनिया) चार अर्ब बत्तीस क्रोड़ वर्ष तक विद्यमान रहेगी। इसी को कल्प वा ब्राह्मदिन भी कहते हैं। एक कल्प में १४ मन्वन्तर होते हैं और एक मन्वन्तर ७१ चतुर्युगी (सत्ययुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग) का होता है, और प्रतिकल्प के आदि और प्रति मन्वन्तर के अन्त में १७२८००० वर्ष की एक संधि होती है, और प्रत्येक युग की आदि में संध्या और अन्त में संध्यांश होता है जिस्का सविस्तर गणित नीचे लिखा जाता है। जितना समय एक कल्प वा ब्राह्मदिन का होता है उतना ही एक ब्रह्मरात्रि का होता है, जिस के अन्त पर पुनः सृष्टि रची जाती है। इस कल्प के समय को सृष्टि के आदि से प्रचलित होने से "सृष्टि संवत्" और वेदों का ज्ञान भी चारों ऋषियों को आदि सृष्टि में होने के कारण "वैदिक संवत्" और आर्य्य धर्म्म के वेदोत्पत्ति समय अथवा आदि सृष्टि से प्रचलित होने से "आर्य्य संवत्" कहते हैं ॥

भुक्त काल

कल्पादि सन्धी १७२८०००

१ स्वायम्भुवमनुषत् =सन्ध्या १४४००० + मूल १४४०००० + सन्ध्यांश १४४००० =एकचमान १७२८०००

त्रेता =सन्ध्या १०८००० + मूल १०८०००० + सन्ध्यांश १०८००० =एकचमान १२९६०००

द्वापर =सन्ध्या ७२००० + मूल ७२०००० + सन्ध्यांश ७२००० =एकचमान ८६४०००

काल =सन्ध्या ३६००० + मूल ३६०००० + सन्ध्यांश ३६००० =एकचमान ४३२०००

.... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० = ३०८४४८०००

२ स्वारोचिष .... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० = ३०८४४८०००

३ औत्तम .... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० = ३०८४४८०००

४ तामस .... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० = ३०८४४८०००

५ रैवत .... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० = ३०८४४८०००

६ चाक्षुष .... एक चतुर्युगी ४३२००००× ७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० = ३०८४४८०००

७ वैवस्वत कोर२७वी चतुर्युगी ४३२००००× २७ = ११६६४०००० .... = ११६६४००००

इसकी ....२८वी त्रियुगीके १७२८००० + १२९६००० + ८६४००० .... = ३८८८०००

इसके ....२८वां कलिशालिवाहनशक १८२५ विक्रमी १९६० ईसवी १९०३ = ५००५

} १२०५३३००५

१९७२९४९००५

भोग्य काल

७ वैवस्वत	....के २८वें भविष्य कलि ४२६९६५	....	१८७९१४९६५
इसकी	....४३ चतुर्युगी ४३२००००×४३ = १८५७६००००	....	
इसकी	....अन्त सन्धी १७२८०००	....	
८ सावर्णि	= एक चतुर्युगी	४३२००००×७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० =	३०८४४८०००
९ दक्ष सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२००००×७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० =	३०८४४८०००
१० ब्रह्म सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२००००×७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० =	३०८४४८०००
११ धर्म्म सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२००००×७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० =	३०८४४८०००
१२ रुद्र सावर्णि	....एक चतुर्युगी	४३२००००×७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० =	३०८४४८०००
१३ रौच्य	....एक चतुर्युगी	४३२००००×७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० =	३०८४४८०००
१४ भौत्य	....एक चतुर्युगी	४३२००००×७१ = ३०६७२०००० + सन्धी १७२८००० =	३०८४४८००० = २३४७०५०९६५
ब्राह्म दिन अर्थात् कल्प	....		४३२०००००००
ब्राह्म रात्री अर्थात् प्रलय काल	....		४३२०००००००
एक ब्राह्म अहोरात्र	....		८६४००००००००
महाकल्प = १ अहोरात्र×३०×१२×१०० =	....		३११०४००००००००००

भूगोलस्यानेकखण्डेषु प्रचलितानां संवत्सराणां सूची वर्तमानसंवत्संख्यासहिता ॥

संख्या	नाम संवत्	कब से प्रचलित है	वर्ष संख्या	संख्या	नाम संवत्	कब से प्रचलित है	वर्ष संख्या
१	सृष्टि	आदि सृष्टि से	१९७२९४९००५	१६	इब्राहीमी	इब्राहीम से	३८२४
२	वैदिक	,,	,,	१७	स्पार्टा	स्पार्टा नगर के समयसे	३६०७
३	आर्य्य	,,	,,	१८	मूसवी	मूसा के समय से	२४७६
४	चीनी	चीन देशके प्रथम नृपति से	९६००२४०३	१९	दाऊदी	दाऊद के समय से	२९३८
५	खताई	खताके आदि पूर्व बसाने वाले से	८८८४०२७६	२०	यूनानी	ओलम्पिया के अखाडे से	२६७९
६	पार्सी	ईरान के प्रथम नृपति से	१८९८७३	२१	रूमी	रूमनगर के समय से	२६५६
७	कालिडया	पूर्वज के नाम से	१५१९०३	२२	नाबोसारी	बाबल के प्रथम नृपति से	२६५०
८	मिस्री	मीनस नृपति से	२७५५७	२३	बौध	बुध के ५० वें वर्ष से	२४७७
९	कुस्तुन्तुन्या	०	७५१२	२४	सिकन्दरी	सिकन्दर के समयसे	२२५८
१०	अन्ताकिया	०	७३९६	२५	बिक्रमी	महाराजा विक्रम के अभिषेक से	१९६०
११	ईसाई सृष्टि	०	५९०८	२६	ईसवी	ईसा की उत्पत्ति से ४ वर्ष पश्चात्	१९०४
१२	इब्रानी	आदम हव्वा की उत्पत्ति से	५९०८	२७	शालिवाहन	राजा शालिवाहन से	१८२६
१३	कलियुगी	कलि के आदि से	५००५	२८	मुहम्मदी	मुहम्मद के मक्केसे मदीने जाते समय	१३२१
१४	युधिष्ठिरी	महाराजा युधिष्ठिर से	४३५२	२९	नानकशाही	गुरु नानकके समय से	४६४
१५	नूह	नूह के समय से	५००५	३०	दयानन्दी	महर्षि दयानंद सरस्वती स्वर्गवाससे	२१

३१ दिन	जनवरी १९०४ ई०	शव्वाल १३२१ हि०	पौष माघ १३११ फ०	पौष माघ १९६० आर्य १९७२९४९००५ संक्रांति प्रवि०	वदि सुदि तिथि	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	चन्द्रराशि राशि	घड़ी	पल	दिन मान घड़ी	पल	ग्रह उदय अस्त तथा तेवहारादि
श	१	१२	२८	१८	१३	१७	१५	रो	१८	८	मिथुन	४६	५४	२५	५८	अंग्रेजी वर्षारम्भ दिन
श	२	१३	२९	१९	१४	१३	७	मृ	१५	४०	मिथुन			२६	०	
र	३	१४	३०	२०	पू	८	१७	आ	१२	२४	कर्क	५४	३५		१	
चं	४	१५	१	२१	माघ १ ब २	२ ५७	५६ १४	पु	८	३९	कर्क				३	अस्तं बुध पश्चिमे ९।४
मं	५	१६	२	२२	३	५१	११	पु	४	३५	कर्क				५	
बु	६	१७	३	२३	४	४५	२२	क्षे० म.	० ५६	३५ २३	सिंह	०	२५		६	शकट
बृ	७	१८	४	२४	५	३९	५०	पू	५२	३९	सिंह				७	
शु	८	१९	५	२५	६	३४	४३	उ	४९	२४	कन्या	६	५०		८	
श	९	२०	६	२६	७	३०	१३	ह	४६	५१	कन्या				९	
र	१०	२१	७	२७	८	२६	३२	चि	४५	९	तुला	१६	०		१०	
चं	११	२२	८	२८	९	२३	५०	स्वा	४४	३१	तुला				१२	अस्तं शनि ३५।२४
मं	१२	२३	९	२९	१०	२२	१७	वि	४५		वृश्चिक	२२	५३		१३	लोहड़ी
बु	१३	२४	१०	माघ	११	२१	५८	अ	४६	३६	वृश्चिक				१४	संक्रांति मकर ५५।४
बृ	१४	२५	११	२	१२	२२	५७	ज्ये	४९	३३	धन	४९	३३		१६	
शु	१५	२६	१२	३	१३	२५	१४	मू	५३	४६	धन				१७	
श	१६	२७	१३	४	१४	२८	४०	पू	५८	५२	धन				१८	
र	१७	२८	१४	५	अ०	३३	६	उ	६०	०	मकर	१५	३०		२०	
चं	१८	२९	१५	६	१सु	३८	८	उ	५	२	मकर				२१	
मं	१९	३०	१६	७	२	४३	२८	श्र	११	२८	कुम्भ	४४	११		२२	चन्द्र दर्शन
बु	२०	जि	१७	८	३	४८	४१	ध	१७	५४	कुम्भ				२४	
बृ	२१	२	१८	९	४	५३	२२	श	२३	५९	कुम्भ				२७	
शु	२२	३	१९	१०	५	५७	११	पू	२९	२६	मीन	१३	७		३०	उदयं बुध प्राक ५।१६ वसंतपं०
श	२३	४	२०	११	६	५९	५७	उ	३३	४८	मीन				३३	
र	२४	५	२१	१२	७	६०	०	रे	३७	२	मेष	३७	२		३६	
चं	२५	६	२२	१३	७	१	२४	अ	३९	४	मेष				४०	
मं	२६	७	२३	१४	८	१	३६	भ	३९	४९	वृषभ	४	४३		४२	
बु	२७	८	२४	१५	९ १०	० ५८	३१ १५	कृ	३९	२५	वृषभ				४६	
बृ	२८	९	२५	१६	११	५४	५६	रो	३७	५४	वृषभ				४९	
शु	२९	१०	२६	१७	१२	५०	४४	मृ	३५	३२	मिथुन	६	४३		५२	
श	३०	११	२७	१८	१३	४५	४७	आ	३२	२६	मिथुन				५६	
र	३१	१२	२८	१९	१४	४०	२३	पु	२८	४७	कर्क	१४	१०		५९	

जनवरी १९०४	आह्निक वृत्तान्त
१	
२	
३	
४	
५	
६	
७	
८	
९	
१०	
११	
१२	
१३	
१४	
१५	
१६	
१७	
१८	
१९	
२०	
२१	
२२	
२३	
२४	
२५	
२६	
२७	
२८	
२९	
३०	
३१	

ज्योतिष तत्ववेत्ता परम विद्वान् महामहोपाध्याय पण्डित बापुदेव शास्त्रीजी स्वर्गवासी सी० आई० ई० मेम्बर आफ़ रायल एशियाटिक सोसाइटी ग्रेट ब्रिटन ऐण्ड आयरलैण्ड व एशियाटिक सोसाईटी आफ़ बंगाल तथा फैलो आफ कलिकत्ता व इलाहाबाद यूनीवर्सिटी का संक्षिप्त जीवनचरित्र—

मुख बन्धन ।

पाठक वृन्द ! एक अग्र गण्य ज्योतिविद महाशय का जीवन वृत्तान्त जो इस लेख का विषय है आप के सन्मुख प्रस्तुत करने से पूर्व इस विद्या के विषय में कतिपय आवश्यक विचारों का संक्षेप से वर्णन करना उचित प्रतीत होता है ॥

प्रकट होकि ज्योतिष विद्या जिसके प्रथमाविष्कार होने का महत्व अन्य प्राचीन सत्य विद्याओं के सदृश आर्य्यवर्त्तही को प्राप्त है काल के परिवर्त्तन से इस समय प्रायः दो भागों में विभक्त पाई जाती है। जिसको सर्वसाधारण अपने व्यवहार में गणित और फलित के नाम से प्रसिद्ध करते हैं। ग्रहादि का ज्ञान, सूर्य्य पृथिवी तथा अन्य गगन चारियों के भ्रमण तथा भगण संस्थानादि का यथार्थ विज्ञा

२९ दिन	फरवरी १९०४ ई०	जिल्काद १३२१ हि०	फाल्गुन १३११ फ०	फाल्गुन सं० १९६० आर्य १९७२९४९००५ सं० प्रविष्ठा	बदि सुदि तिथि	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	चन्द्रराशि राशि	घड़ी	पल	दिनमान घड़ी	पल	ग्रह उदयास्त तथा तेवहारादि
चं	१	१३	२९	२०	पू०	३४	४०	पु	२४	४८	कर्क			२७	२	
मं	२	१४	फा.	२१	फा ब	२८	४८	अश्ले	२०	३८	सिं	२०	३८		५	
बु	३	१५	२	२२	२	२२	५९	म	१६	३६	सिंह				९	
बृ	४	१६	३	२३	३	१७	४२	पू	१२	४७	कं	२६	५७		१२	
शु	५	१७	४	२४	४	१२	३७	उ	९	२५	कन्या				१५	
श	६	१८	५	२५	५	८	१०	ह	६	४२	त	३५	४६		१८	
र	७	१९	६	२६	६	४	३४	चि	४	४९	तुला				२१	
चं	८	२०	७	२७	७ ८	१ ५९	५६ ५९	स्वा	३	५५	वृ	४९	५		२४	
मं	९	२१	८	२८	९	६०	०	वि	४	९	वृश्चिक				२८	
बु	१०	२२	९	२९	९	०	१५	अ	५	३२	वृश्चिक				३१	
बृ	११	२३	१०	३०	१०	१	१९	ज्ये	८	१७	ध	८	१७		३४	
शु	१२	२४	११	फा.	११	३	४१	मू	१२	१५	धन				३७	सं० कुम्भ २१।५१
श	१३	२५	१२	२	१२	७	१२	पू	१७	१५	म	२२	४२		४०	उदय शनि १२।१२
र	१४	२६	१३	३	१३	११	३९	उ	२३	७	मकर				४४	शिवरात्री
चं	१५	२७	१४	४	१४	१६	४२	श्र	२९	४८	मकर				४७	
मं	१६	२८	१५	५	अ०	२२	२	ध	३५	५२	कु	२	४४		५०	
बु	१७	२९	१६	६	सु	२७	११	श	४२	१३	कुम्भ				५३	
बृ	१८	३०	१७	७	२	३१	५०	पू	५७	४९	मी	३१	२५		५७	चन्द्र दर्शन
शु	१९	जि	१८	८	३	३५	३२	उ	५२	३०	मीन			२८	०	पं० लेखराम परलोक गमन
श	२०	२	१९	९	४	३८	१०	रे	५६	२	मे	५६	२		४	
र	२१	३	२०	१०	५	३९	३३	अ	५८	२०	मेष				८	
चं	२२	४	२१	११	६	३९	३६	भ	५९	२५	मेष				१२	
मं	२३	५	२२	१२	७	३८	२४	कृ	५९	१५	वृ	१४	२२		१६	
बु	२४	६	२३	१३	८	३६	३	रो	५८	२	वृषभ				२०	
बृ	२५	७	२४	१४	९	३२	३७	मृ	५५	५०	मि	२६	५६		२४	
शु	२६	८	२५	१५	१०	२८	२१	आ	५२	५४	मिथुन				२८	
श	२७	९	२६	१६	११	२३	२४	पु	४९	२३	कर्क	३५	२५		३२	आमला (खट्टा) एकादशी
र	२८	१०	२७	१७	१२	१७	५७	पु	४५	२८	कर्क				३६	बद्रीदइ
चं	२९	११	२८	१८	१३	१२	१२	ऽश्ले	४१	२२	सिं	४२	२२		४०	

फरवरी १९०४	आह्निक वृत्तान्त
१	
२	
३	
४	
५	
६	
७	
८	
९	
१०	
११	
१२	
१३	
१४	
१५	
१६	
१७	
१८	
१९	
२०	
२१	
२२	
२३	
२४	
२५	
२६	
२७	
२८	
२९	

प्रथम अर्थात् गणित भाग के अन्तर्गत है और द्वितीय भाग वह है जिस को अन्यभाषाओं में "नजूम" वा "अस्ट्रालोजी" कहते हैं उससे किसी पुरुष के जन्म समय के ग्रहों की स्थिति से उस उस के जीवन का आगामि वृत्तान्त विषयक शुभाशुभ फल कहा जाता है।

गणित ज्योतिष का आधार अङ्क विद्या पर है जो जगत में सब प्रकार की जातीय सामयिक देशीय साम्प्रदायिक विशेषता को त्याग कर एकमात्र सर्वतन्त्र सिद्धान्त है। यथा जब गणित से हम यह मानते हैं कि २ और २ मिलके ४ होते हैं तो किसी देश काल मत वा सम्प्रदाय विशेष के गणक ने कदापि सम्भव नहीं है कि २ और २ का संकलन फल ३ वा ४ माना हो संकलन विधि में चाहे प्रकारान्तर हो परन्तु सिद्धान्त में भेद नहीं हो सकता। इस विद्या में यह एक ऐसी विशेषता है जो अन्य विद्याओं तथा दर्शनों में प्रायः अनुपलब्ध है॥

अतएव गणित विद्या की उपपत्ति के निमित्त उसके ऐसे सुदृढ़ सत्य और सरल नियम के आधार होने के कारण हमें किसी हेतु वा युक्ति ढूढ़ने की आवश्यकता नहीं। वास्तव में हमें यह कहना चाहिये कि हम किसी रीति से उसके साथ विरोध नहीं कर सकते। यथा जब क्षेत्रमिति (ज्योमेट्री) ही में

३१ दिन	मार्च १९०४ ई०	जिलहिज १३२१ हि०	चैत्र १३११ फ०	चैत्र १९६१ वि० आय १९७२९४९००५ संक्रांति प्रवि०	वदि सुदि तिथि	घडी	पल	नक्षत्र	घडी	पल	चंद्रराशि राशि	घडी	पल	दिनमान घडी	पल	ग्रह उदयास्त तथा तेवहरादि
मं	१	१२	२९	१९	१४	६	१९	म	३७	१८	सिं			२८	४४	होली
ब	२	१३	३०	२०	पूर्ण	५५	२९	पू	३३	२५	कं	४७	३३		४८	
वृ	३	१४	चैत्र	२१	२	४९	५७	उ	२९	५७	कन्या				५२	
शु	४	१५	२	२२	३	४५	३९	ह	२७	५	तु	५६	३		५६	अस्तं बध प्राक् ८।५८
श	५	१६	३	२३	४	४२	२	चि	२५	१	तुला			२९	०	
र	६	१७	४	२४	५	३९	२७	स्वा	२३	५३	तुला				४	
चं	७	१८	५	२५	६	३८	१	वि	२३	५३	वृ	८	५३		८	
मं	८	१९	६	२६	७	३७	५२	अ	२५	१९	वृश्चिक				१२	
बु	९	२०	७	२७	८	३८	५४	ज्ये	२७	३८	ध	२७	३८		१६	
वृ	१०	२१	८	२८	९	४१	२०	म	३१	२१	धन				२०	
श	११	२२	९	२९	१०	४४	४९	पू	३६	९	म	५२	३४		२४	
श	१२	२३	१०	३०	११	४९	१६	उ	४१	५१	मकर				२८	अस्तं गुरु ५२।८
र	१३	२४	११	चैत्र	१२	५४	१७	श्र	४८	१०	मकर				३२	सं० मीन १०।४२।।अस्तं मंगल २९।४७
चं	१४	२५	१२	२	१३	५९	३१	ध	५४	४०	कु	२१	२५		३६	
मं	१५	२६	१३	३	१४	६०	०	श	६०	०	कुम्भ				४०	
बु	१६	२७	१४	४	१४	४	३८	श	२	१	मी	५०	२२		४४	पं० गुरुदत्त परलोकगमन
वृ	१७	२८	१५	५	अ०	९	९	पू	६	४८	मीन				४८	सूर्य्य ग्रहण
शु	१८	२९	१६	६	सु०	१२	४८	उ	११	४५	मीन				४८	चंद्र दर्शन। संवतसर प्रा०
श	१९	मु०	१७	७	२	१५	१९	रे	१५	३४	मे	१५	३४		५२	
र	२०	२	१८	८	३	१६	३४	अ	१८	११	मेष				५६	गण गौर तीज
चं	२१	३	१९	९	४	१६	२४	भ	१९	३३	वृ	३४	३५	३०	०	
मं	२२	४	२०	१०	५	१५	१२	कृ	१९	४०	वृषभ			३०	४	
बु	२३	५	२१	११	६	१२	४३	रो	१८	४१	मि	४७	४५		८	
वृ	२४	६	२२	१२	७	९	१२	मृ	१७	४९	मिथुन				१२	
श	२५	७	२३	१३	८ ९	४ ५९	५१ ५३	आ	१३	५६	क	५६	२३		१६	दुर्गाऽष्टमी रामनवमी
श	२६	८	२४	१४	१०	५४	२४	पु	१०	३३	कर्क				२०	
र	२७	९	२५	१५	११	४८	३०	पु	६	४४	कर्क				२४	मर्हम
चं	२८	१०	२६	१६	१२	४२	३४	श्ले० म.	५८	३९ ३९	सिंह	२	३९		२८	अस्तं बध २३।४९
मं	२९	११	२७	१७	१३	३६	३४	पू	५४	३५	सिंह				३२	
बु	३०	१२	२८	१८	१४	३९	१२	उ	५१	२	कं	८	४२		३६	
बृ	३१	१३	२९	१९	पू०	२६	८	ह	४८	२	कन्या				४०	

मार्च १९०४	आह्निक वृत्तान्त
१	
२	
३	
४	
५	
६	
७	
८	
९	
१०	
११	
१२	
१३	
१४	
१५	
१६	
१७	
१८	
१९	
२०	
२१	
२२	
२३	
२४	
२५	
२६	
२७	
२८	
२९	
३०	
३१	

हम इस वार्त्ता का उपपन्न देखते हैं कि यह रेखा उस रेखा से बड़ी वा छोटी है तो यद्यपि किसी मापक यन्त्र के अभाव होने पर भी उसकी युक्तियोंसे ही उपपन्न फल को सत्य स्वीकार करना पड़ता है जिसको अन्यथा सिद्ध करना सर्वथा असम्भव है। गणित ज्योतिष में इस प्रकार की उपपत्ति से अतिरिक्त सुप्रसिद्ध फलों (यथा ग्रहण, चन्द्रादि का उदय और अस्त इत्यादि) की सिद्धि प्रत्यक्ष दर्शनादि से भी हो सकती है।

अब रहा फलित ज्योतिष। उस के मानने वाले यह कहते हैं कि उसका आधार अनेक वर्षों के अनुभव पर है अर्थात्किसी वर्ष विशेष में ग्रहों की स्थिति विशेष से अनावृष्टि, जन पदोध्वंस अथवा सुकालादि फल किसीप्रान्त विशेष में हुए थे तो उससे यह अनुमान कर लिया जाता है कि यह उन ग्रहों का फल है। परन्तु जब उन से यह पूछा जावे कि ग्रहों के (जो जड़ पदार्थ हैं) किसी स्थान विशेष में होने से हमारी पृथिवी तथा उस के ऊपर रहने वालों को इस प्रकार का इष्टानिष्ट संयोग कैसे होता है यह बात किसी विद्या युक्ति से समझाओ तो कुछ उत्तर नहीं मिलता। फलित ज्योतिष के मानने वालों में दो पक्ष हैं जिनमें से एक का मत यह है कि किसी ग्रह का अवश्यम्भावी फल किसी प्रकार से नही टल सकता परन्तु दूसरा दल

३० दिन	अप्रैल १९०४ ई०	मुहर्रम १३२२ हि०	बैशाख १३११ फ०	बैशाख १९६१ वि० आर्य१९७२९४९००६				नक्षत्र			चन्द्रराशि			दिन मान		ग्रह उदयास्त तथा तेवहार दि
				संक्रान्ति प्र०	वदि सुदि तिथि	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	राशि	घड़ी	पल	घड़ी	पल	
गु	१	१४	१	२०	व०	२१	४४	चि	४५	४८	तुला	१६	५५	३०	४४	गड फ्राइडे
श	२	१५	२	२१	२	१८	११	स्वा	४४	२९	तुला				४८	ईस्टर
र	३	१६	३	२२	३	१५	२१	वि	४४	१६	वृश्चिक	२९	१९		५२	,,
चं	४	१७	४	२३	४	१३	५५	अ	४५	२०	वृश्चिक				५६	,,
मं	५	१८	५	२४	५	१३	४१	ज्ये	४७	२६	धन	४७	५६	३१	०	
बु	६	१९	६	२५	६	१४	४१	मू	५०	५३	धन			३१	४	
बृ	७	२०	७	२६	७	१७	१	पू	५५	२९	धन				८	उदयं बुध पश्चिमे
शु	८	२१	८	२७	८	२२	३०	उ	६०	०	मकर	११	५२		१२	
श	९	२२	९	२८	९	२६	५१	उ	१	२	मकर				१६	
र	१०	२३	१०	२९	१०	३१	५२	श्र	७	१४	कुम्भ	४०	२६		२०	
चं	११	२४	११	३०	११	३७	०	ध	१३	३७	कुम्भ				२४	उदयं गरु ३७।३८
मं	१२	२५	१२	वै१	१२	४२	१०	श	२०	२	कम्भ				२८	सं०मेष३२।८आद्यतथासौर
बु	१३	२६	१३	२	१३	४६	२५	पू	२५	५९	मीन	९	३०		३२	वर्ष प्रारम्भ बैशाखी स्नान
बृ	१४	२७	१४	३	१४	४७	२३	उ	३१	७	मीन				३६	
शु	१५	२८	१५	४	अ०	४९	४३	रे	३५	१८	मेष	३५	१८		४०	
श	१६	२९	१६	५	सु१	५०	३९	अ	३८	१२	मेष				४४	
र	१७	३०	१७	६	२	५०	३७	भ	३९	५१	वृषभ	५४	५६		४८	चन्द्र दर्शन
चं	१८	१स	१८	७	३	४९	१०	कृ	४०	१३	वृषभ				५२	अक्षय तीज
मं	१९	२	१९	८	४	४६	३३	रो	३९	३१	वृषभ				५६	
बु	२०	३	२०	९	५	४२	५४	मृ	३७	४५	मिथुन	८	३८	३२	०	
बृ	२१	४	२१	१०	६	३९	२५	आ	३५	१०	मिथुन				४	
शु	२२	५	२२	११	७	३३	१५	पु	३१	५३	कर्क	१७	४२		८	
श	२३	६	२३	१२	८	२७	३७	पु	२८	९	कर्क				१२	
र	२४	७	२४	१३	९	२१	४०	श्ले	२४	८	सिंह	२४	८		१५	
चं	२५	८	२५	१४	१०	१५	३६	म	१९	५७	सिंह				१८	
मं	२६	९	२६	१५	११	९	३८	पू	१५	५९	कन्या	३०	०		२१	
बु	२७	१०	२७	१६	१२ १३	३ ५८	५ ४६	उ	१२	२०	कन्या				२४	
बृ	२८	११	२८	१७	१४	५४	१४	ह	९	१२	तुला	४०	३५		२७	नृसिंह चौदश
शु	२९	१२	२९	१८	पू०	५०	३३	चि	६	४६	तुला				३०	
श	३०	१३	ज्ये	१९	ज्ये	४७	५१	स्वा	५	१३	वृश्चिक	४९	५१		३३	प्रथम ज्येष्ठ

अप्रैल १९०४

आह्निक वृत्तान्त

१
२
३
४
५
६
७
८
९
१०
११
१२
१३
१४
१५
१६
१७
१८
१९
२०
२१
२२
२३
२४
२५
२६
२७
२८
२९
३०

